प्रकाशक—भिक्षु एम० संघरत्न मंत्री महाबोधि सभा सारनाथ वाराणसी
मुद्रक—[illegible], ममता प्रेस, कबीरचौरा, वाराणसी।

आमुख

'धम्मपद' पालि-साहित्य का एक अमूल्य ग्रन्थरत्न है। बौद्ध-संसार में इसका उसी प्रकार प्रचार—है, जिस प्रकार कि हिन्दू-संसार में 'गीता' का। यद्यपि गीता का एक ही कथानक है और श्रोता भी एक ही, किन्तु 'धम्मपद' के विभिन्न कथानक और विभिन्न श्रोता हैं। गीता का उपदेश अल्पकाल में ही समाप्त किया गया था, किन्तु धम्मपद तथागत के पैंतालिस वर्षों के उपदेश से संगृहीत है।

'धम्मपद' में कुल ४२४ गाथायें हैं, जिन्हें भगवान् बुद्ध ने बुद्धत्व-प्राप्ति के समय से लेकर परिनिर्वाण-पर्यन्त समय-समय पर उपदेश देते हुए कहा था। 'धम्मपद' एक ऐसा ग्रन्थ है जिसकी प्रत्येक गाथा में बुद्ध धर्म का सार भरा हुआ है। जिन गाथाओं को सुनकर आज तक विश्व के अनुगिनती दुःख-सन्तप्त प्राणियों का उद्धार हुआ है। इन गाथाओं में शील, समाधि, प्रज्ञा निर्वाण आदि का बड़ी सुन्दरता के साथ वर्णन है, जिन्हें पढते हुए एक अद्भुत संवेग, धर्म रस, शान्ति, ज्ञान और संसार-निर्वेद का अनुभव होता है। आज की विषम-परिस्थिति में इस ग्रन्थ के प्रचार की बहुत बड़ी आवश्यकता है, जितना ही इसका प्रचार होगा, उतना ही मानव-जगत् का कल्याण होगा।

चीनी, तिब्बती आदि भाषाओं के पुराने अनुवादों के अतिरिक्त, वर्तमान काल की दुनिया की सभी सभ्य भाषावों में इसके अनुवाद मिलते है, अँग्रेजी में तो प्राय एक दर्जन हैं, हिन्दी भी इस विषय में पीछे नहीं

है। हमें यह लिखते हुए प्रसन्नता हो रही है कि हिन्दी में जितने 'धम्मपद' प्रकाशित हुए, उनकी प्रतियाँ हाथों हाथ बिक गई। इससे स्पष्ट है, कि हिन्दी जगत् 'धम्मपद' से अपरिचित नहीं है।

कुछ वर्ष पूर्व मैंने संक्षिप्त कथाओं के साथ धम्मपद का हिन्दी अनुवाद प्रस्तुत किया था, जो पाठकों को बहुत पसन्द आया। उसके पश्चात् धम्मपद के गुटका आकार में प्रकाशन का सुझाव मेरे विद्यार्थियों ने दिया। उसका भी प्रकाशन सन् १९५४ में हुआ, जो शीघ्र ही समाप्त हो गया। पाठकों के आग्रह पर अब उसी धम्मपद का यह पुस्तकाकार प्रकाशन हो रहा है। हमें इस रूप में प्रकाशित करने का परामर्श श्री शाक्यरत्न जी ने दिया और महाबोधि सभा सारनाथ के मंत्री पूज्य महास्थविर संघरत्न जी ने उक्त परामर्श का अनुमोदन करते हुए प्रकाशन की व्यवस्था भी कर दी। मैं इन दोनों कल्याणमित्रों का बड़ा ही आभारी हूँ।

इस संस्करण में पाठकों की सुविधा के लिए गाथाओं के अपरिष्ट स्थानों एवं व्यक्तियों के नामों को भी धम्मपदट्ठकथा से लेकर दे दिया गया है। अट्ठकथा का अनुसरण करने के कारण ही इस संस्करण में ४२४ गाथायें दी गई हैं जब कि अन्य सभी हिन्दी में अनूदित धम्मपद के संस्करणों में केवल ४२३ गाथायें ही हैं।

सारनाथ वाराणसी }
११-१ -५८ }

—भिक्षु धर्मरक्षित

वग्ग-सूचि

———

नमो तस्स भगवतो अरहतो सम्मासम्बुद्धस्स

धम्मपद

१—यमकवग्गो

स्थान—श्रावस्ती (जेतवन) व्यक्ति—चक्खुपाल (थेर)

१—मनो पुब्बङ्गमा धम्मा
मनो सेट्ठा मनोमया ।
मनसा चे पदुट्ठेन
भासति वा करोति वा ।
ततो न दुक्खमन्वेति
चक्कं'व वहतो पदं ॥ १ ॥

मन सभी प्रवृत्तियों का अगुआ है, मन उनका प्रधान है, वे मन से ही उत्पन्न होती हैं। यदि कोई दूषित मन से वचन बोलता है या काम करता है, तो दुःख उसका अनुसरण उसी प्रकार करता है, जिस प्रकार कि चक्का गाड़ी खींचनेवाले बैलों के पैर का ।

श्रावस्ती (नगर) मट्ठकुण्डली

२—मनो पुब्बङ्गमा धम्मा
मनो सेट्ठा मनोमया ।
मनसा चे पसन्नेन
भासति वा करोति वा ।

तवो न सुखमन्वेति

छाया'व अनपायिनी ॥ २ ॥

मन सभी प्रवृत्तियों का अगुआ है, मन उनका प्रधान है, वे मन से ही उत्पन्न होती हैं। यदि कोई प्रसन्न (स्वच्छ) मन से वचन बोलता है या काम करता है तो सुख उसका अनुसरण उसी प्रकार करता है, जिस प्रकार कि कभी साथ नहीं छोड़नेवाली छाया।

श्रावस्ती (जेतवन) थुल्लतिस्स (थेर)

३—अक्कोच्छि मं अवधि मं

अजिनि मं अहासि मे।

ये च तं उपनय्हन्ति

वेरं तेसं न सम्मति ॥ ३ ॥

उसने मुझे डाँटा, उसने मुझे मारा, उसने मुझे जीत लिया, उसने मेरा लूट लिया—जो ऐसा मन में बनाये रखते हैं, उनका वैर शान्त नहीं होता।

४—अक्कोच्छि मं अवधि मं

अजिनि मं अहासि मे।

ये तं न उपनय्हन्ति

वेरं तेसूपसम्मति ॥ ४ ॥

उसने मुझे डाँटा, उसने मुझे मारा उसने मुझे जीत लिया, उसने मेरा लूट लिया—जो ऐसा मन में नहीं बनाये रखते हैं, उनका वैर शान्त हो जाता है।

श्रावस्ती (जेतवन) काली (यक्षिणी)

५—न हि वेरेन वेरानि सम्मन्तीध कुदाचनं।
अवेरेन च सम्मन्ति एस धम्मो सनन्तनो ॥ ५ ॥

इस ससार में वैर से वैर कभी शान्त नहीं होते—अ-वैर (=मैत्री) से ही शान्त होते हैं—यही सदा का नियम है।

श्रावस्ती (जेतवन) कोसम्बक भिक्षु

६—परे च न विजानन्ति
मयमेत्थ यमामसे ।
ये च तत्थ विजानन्ति
ततो सम्मन्ति मेधगा ॥ ६ ॥

अनाड़ी लोग इसका ख्याल नहीं करते कि हम इस ससार में नहीं रहेंगे, जो इसका ख्याल करते हैं, उनके सारे कलह शान्त हो जाते हैं।

सेतव्य नगर चूलकाल, महाकाल

७—सुभानुपस्सिं विहरन्तं
इन्द्रियेसु असंवुतं ।
भोजनम्हि अमत्तञ्ञुं
कुसीतं हीनवीरियं ।
तं वे पसहति मारो
वातो रुक्खं'व दुब्बलं ॥ ७ ॥

शुभ ही शुभ देखते हुए विहार करने वाले, इन्द्रियों में असयत, भोजन में मात्रा न जाननेवाले, आलसी और उद्योग-हीन पुरुष को मार वैसे ही गिरा देता है, जैसे वायु दुर्बल वृक्ष को।

८—असुभानुपस्सिं विहरन्तं
इन्द्रियेसु सुसंवुतं ।
भोजनम्हि च मत्तञ्ञुं
सद्धं आरद्धवीरियं ।
तं वे नप्पसहति मारो
वातो सेलं'व पब्बतं ॥ ८ ॥

अशुभ देखते हुए विहार करने वाले, इन्द्रियों में संयत भोजन में मात्रा जानने वाले श्रद्धावान् और उद्योगी पुरुष को मार वैसे ही नहीं डिगा सकता जैसे वायु शिलामय पर्वत को।

श्रावस्ती (जेतवन) देवदत्त

९—अनिक्कसावो कासावं
यो वत्थं परिदहेस्सति ।
अपेतो दमसच्चेन
न सो कासावमरहति ॥ ९ ॥

जो बिना चित्तमलों को हटाये काषाय वस्त्र धारण करता है, वह संयम और सत्य से हीन काषाय वस्त्र का अधिकारी नहीं है।

१०—यो च वन्तकसावस्स
सीलेसु सुसमाहितो ।
उपेतो दमसच्चेन
स वे कासावमरहति ॥ १० ॥

जिसने चित्तमलों का त्याग कर दिया है, शील पर प्रतिष्ठित है, संयम और सत्य से युक्त है, वही काषाय वस्त्र का अधिकारी है।

राजगृह (वेणुवन) संजय

११—असारे सारमतिनो
सारे चासारदस्सिनो ।
ते सारं नाधिगच्छन्ति
मिच्छासङ्कप्पगोचरा ॥ ११ ॥

जो असार को सार और सार को असार समझते हैं, वे मिथ्या संकल्प में पड़े (व्यक्ति) सार को प्राप्त नहीं करते हैं।

१२—सारञ्च सारतो ञत्वा
असारञ्च असारतो ।
ते सारं अधिगच्छन्ति
सम्मासङ्कप्पगोचरा ॥ १२ ॥

जो असार को असार और सार को सार समझते हैं, वे सम्यक् संकल्प से युक्त (व्यक्ति) सार को प्राप्त करते हैं।

श्रावस्ती (जेतवन) नन्द (थेर)

१३—यथागारं दुच्छन्नं
वुट्ठी समतिविज्झति ।
एवं अभावितं चित्तं
रागो समतिविज्झति ॥ १३ ॥

जैसे ठीक से न छाये हुए घर में वृष्टि का जल घुस जाता है, वैसे ही ध्यान-भावना से रहित चित्त में राग घुस जाता है।

१४—यथागारं सुच्छन्नं
वुट्ठी न समतिविज्झति ।
एवं सुभावितं चित्तं
रागो न समतिविज्झति ॥ १४ ॥

जैसे ठीक से छाये हुए घर में वृष्टि का जल नहीं घुसता है, वैसे ही ध्यान-भावना से अभ्यस्त चित्त में राग नहीं घुसता है।

राजगृह (वेणुवन) चुन्द (सूकरिक)

१५—इध सोचति पेच्च सोचति
पापकारी उभयत्थ सोचति ।
सो सोचति सो विहञ्ञति
दिस्वा कम्मकिलिट्ठमत्तनो ॥ १५ ॥

इस लोक में शोक करता है और परलोक में जाकर भी; पापी दोनों जगह शोक करता है। वह अपने मैले कर्मों को देखकर शोक करता है पीड़ित होता है।

श्रावस्ती (जेतवन) धार्मिक (उपासक)

१६—इध मोदति पेच्च मोदति
कतपुञ्ञो उभयत्थ मोदति ।
सो मोदति सो पमोदति
दिस्वा कम्मविसुद्धिमत्तनो ॥ १६ ॥

इस लोक में मोद करता है और परलोक में जाकर भी; पुण्यात्मा दोनों जगह मोद करता है। वह अपने कर्मों की विशुद्धि को देखकर मोद करता है प्रमोद करता है।

श्रावस्ती (जेतवन) देवदत्त

१७—इध तप्पति पेच्च तप्पति
पापकारी उभयत्थ तप्पति।
पापं मे कतन्ति तप्पति
भीय्यो तप्पति दुग्गतिङ्गतो ॥ १७ ॥

इस लोक में सन्ताप करता है और परलोक में जाकर भी, पापी दोनों जगह सन्ताप करता है। 'मैंने पाप किया है' सोच सन्ताप करता है। दुर्गति को प्राप्त हो और भी अधिक सन्ताप करता है।

श्रावस्ती (जेतवन) सुमना देवी

१८—इध नन्दति पेच्च नन्दति
कतपुञ्ञो उभयत्थ नन्दति।
पुञ्ञं मे कतन्ति नन्दति
भीय्यो नन्दति सुगतिं गतो ॥ १८ ॥

इस लोक में आनन्द करता है और परलोक में जाकर भी, पुण्यात्मा दोनों जगह आनन्द करता है। "मैंने पुण्य किया है" सोच आनन्द करता है। सुगति को प्राप्त हो और भी अधिक आनन्द करता है।

श्रावस्ती (जेतवन) दो मित्र

१९—बहुम्पि चे सहितं भासमानो
न तक्करो होति नरो पमत्तो।
गोपो'व गावो गणयं परेसं
न भागवा सामञ्ञस्स होति ॥१९॥

चाहे कोई भले ही बहुत से ग्रन्थों का पाठ करने वाला हो, किन्तु प्रमाद में पड़ यदि उसके अनुसार आचरण न करे, तो वह दूसरों की गौवें गिनने वाले ग्वाले की भाँति, श्रामण्य का अधिकारी नहीं होता।

२०—अप्पम्पि चे सहितं भासमानो
धम्मस्स होति अनुधम्मचारी।
रागञ्च दोसञ्च पहाय मोहं
सम्मप्पजानो सुविमुत्तचित्तो।
अनुपादियानो इध वा हुरं वा
स भागवा सामञ्ञस्स होति ॥२०॥

चाहे कोई भले ही थोड़े ग्रन्थों का पाठ करने वाला हो, किन्तु धर्मानुकूल आचरण करता हो, राग द्वेष और मोह को छोड़ सचेत और मुक्तचित्त वाला हो तथा इस लोक या परलोक में कहीं भी आसक्ति न रखता हो तो वह श्रामण्य का अधिकारी होता है।

२—अप्पमादवग्गो

कौशाम्बी (घोषिताराम)　　　　　　　　सामावती (रानी)

२१—अप्पमादो　अमतपदं
पमादो　मच्चुनो　पदं ।
अप्पमत्ता　न　मीयन्ति
ये　पमत्ता　यथा　मता ॥ १ ॥

प्रमाद न करना अमृत-पद का साधक है और प्रमाद करना मृत्यु-पद का । अप्रमादी नहीं मरते, किन्तु प्रमादी तो मरे ही हैं ।

२२—एतं　विसेसतो　ञत्वा
अप्पमादम्हि　पण्डिता ।
अप्पमादे　पमोदन्ति
अरियानं　गोचरे　रता ॥ २ ॥

पण्डित लोग अप्रमाद के विषय में इसे अच्छी तरह जान, बुद्ध उपदिष्ट आचरण में रत हो, अप्रमाद में प्रमुदित होते हैं ।

२३—ते　झायिनो　साततिका
निच्चं　दल्ह-परक्कमा ।
फुसन्ति　धीरा　निब्बानं
योगक्खेमं　अनुत्तरं ॥ ३ ॥

सतत ध्यान का अभ्यास करनेवाले, नित्य दृढ पराक्रमी वीर पुरुष परमपद योग-क्षेम का लाभ करते हैं ।

राजगृह (वेणुवन)　　　　　　　　कुम्भघोषक

२४—उट्ठानवतो　सतिमतो
　　　　सुचिकम्मस्स निसम्मकारिनो।
　सञ्ञतस्स च धम्मजीविनो
　　　　अप्पमत्तस्स यसोभिवड्ढति ॥ ४ ॥

जो उद्योगी, सचेत, शुचि कर्मवाला तथा सोचकर काम करनेवाला है, और संयत, धर्मानुसार जीविका वाला एवं अप्रमादी है, उसका यश बढ़ता है।

राजगृह (वेणुवन)　　　　　　　　चूळपन्थक (थेर)

२५—उट्ठानेनप्पमादेन
　　　　संयमेन दमेन च
　दीपं कयिराथ मेधावी
　　　　यं ओघो नाभिकीरति ॥ ५ ॥

मेधावी पुरुष उद्योग अप्रमाद संयम और दम द्वारा (अपने लिए ऐसा) द्वीप बनावे, जिसे बाढ़ नहीं डुबा सके।

जेतवन　　　　　　　　बालनक्खत्तघुट्ठ (होली)

२६—पमादमनुयुञ्जन्ति
　　　　बाला दुम्मेधिनो जना ।
　अप्पमादञ्च मेधावी
　　　　धनं सेट्ठं व रक्खति ॥ ६ ॥

मूर्ख, मनाड़ी लोग प्रमाद में लगते हैं, बुद्धिमान् श्रेष्ठ धन की भाँति अप्रमाद की रक्षा करता है।

२७—मा पमादमनुयुञ्जेथ
मा कामरतिसन्थवं ।
अप्पमत्तो हि झायन्तो
पप्पोति विपुलं सुखं ॥ ७ ॥

मत प्रमाद में फँसो, मत काम-रति में लिप्त हो। प्रमादरहित पुरुष ध्यान करते महान् सुख को प्राप्त होता है।

जेतवन महाकस्सप (थेर)

२८—पमादं अप्पमादेन यदा नुदति पण्डितो ।
पञ्ञापासादमारुय्ह असोको सोकिनिं पजं ।
पब्बतट्ठो'व भूमट्ठे धीरो बाले अवेक्खति ॥ ८ ॥

जब पण्डित प्रमाद को अप्रमाद से हटा देता है, तब वह शोक रहित हो—शोकाकुल प्रजा को, प्रज्ञा रूपी प्रासाद पर चढकर—जैसे पर्वत पर खड़ा पुरुष भूमि पर स्थित वस्तु को देखता है, वैसे ही धीर पुरुष अज्ञानियों को देखता है।

जेतवन दो मित्र भिक्षु

२९—अप्पमत्तो पमत्तेसु सुत्तेसु बहुजागरो ।
अबलस्सं'व सीघस्सो हित्वा याति सुमेधसो ॥ ९ ॥

प्रमादी लोगों में अप्रमादी, तथा (अज्ञान की नींद में) सोये लोगों में (प्रज्ञा से) जागरणशील बुद्धिमान् उसी प्रकार आगे निकल जाता है, जैसे तेज घोडा दुर्बल घोड़े से आगे हो जाता है।

वैशाली (कूटागारशाला) महाली

३०—अप्पमादेन मघवा देवानं सेट्ठतं गतो।
अप्पमादं पसंसन्ति पमादो गरहितो सदा॥३०॥

अप्रमाद (= आलस्य रहित होने) के कारण इन्द्र देवताओं में श्रेष्ठ बना। सभी अप्रमाद की प्रशंसा करते हैं और प्रमाद की सदा निन्दा होती है।

जेतवन कोई भिक्षु

३१—अप्पमादरतो भिक्खु पमादे भयदस्सि वा।
संयोजनं अणुं थूलं डहं अग्गी'व गच्छति॥३१॥

जो भिक्षु अप्रमाद में रत है या प्रमाद से भय खाने वाला है, वह आग की भाँति छोटे-मोटे बन्धनों को जलाते हुए जाता है।

जेतवन (निगमवासी) तिस्स (थेर)

३२—अप्पमादरतो भिक्खु पमादे भयदस्सि वा।
अभब्बो परिहानाय निब्बानस्सेव सन्तिके॥३२॥

जो भिक्षु अप्रमाद में रत है, या प्रमाद से भय खाने वाला है, उसका पतन होना सम्भव नहीं, वह तो निर्वाण के समीप पहुँचा हुआ है।

३—चित्तवग्गो

चालिय पर्वत　　　　　　　　　　　　　　　　　　मेघिय (थेर)

३३—फन्दन　चपलं　चित्त
　　　　　　　　　　दुरक्ख　दुन्निवारय ।
　　　उजु　करोति　मेधावी
　　　　　　　　　　उसुकारो व　तेजन ॥ १ ॥

चित्त क्षणिक है, चञ्चल है, इसे रोक रखना कठिन है और इसे निवारण करना भी दुष्कर है। (ऐसे चित्त को) मेधावी पुरुष उसी प्रकार सीधा करता है, जैसे वाण बनाने वाला वाण को।

३४—वारिजो'व　थले　खित्तो
　　　　　　　　　　ओकमोकत-उब्भतो ।
　　　परिफन्दतिदं　चित्त
　　　　　　　　　　मारधेय्य　पहातवे ॥ २ ॥

जैसे जलाशय से निकाल कर स्थल पर फेंक दी गई मछली तड़फड़ाती है, उसी प्रकार यह चित्त मार के फन्दे से निकलने के लिए तड़फड़ाता है।

श्रावस्ती　　　　　　　　　　　　　　　　　　　कोई भिक्षु

३५—दुन्निग्गहस्स　लहुनो
　　　　　　　　　　यत्थकाम　निपातिनो ।
　　　चित्तस्स　दमथो　साधु
　　　　　　　　　　चित्त　दन्त　सुखावह ॥ ३ ॥

जिसका निग्रह करना बड़ा कठिन है, जो बहुत हल्के स्वभाव का है, जो जहाँ चाहे वहाँ झट चला जाता है—ऐसे चित्त का दमन करना उत्तम है। दमन किया हुआ चित्त सुखदायक होता है।

श्रावस्ती कोई उदासीन भिक्षु

३६—सुदुद्दसं सुनिपुणं
यत्थकाम निपातिनं ।
चित्तं रक्खेथ मेधावी
चित्तं गुत्तं सुखावहं ॥ ४ ॥

जिसे समझना आसान नहीं, जो अत्यन्त चालाक है, जो जहाँ चाहे झट चला जाता है—ऐसे चित्त की बुद्धिमान् पुरुष रक्षा करे। सुरक्षित चित्त सुखदायक होता है।

श्रावस्ती संघरक्खित (थेर)

३७—दूरङ्गमं एकचरं
असरीरं गुहासयं ।
ये चित्तं सञ्ञमेस्सन्ति
मोक्खन्ति मारबन्धना ॥ ५ ॥

दूरगामी, अकेले विचरने वाले, निराकार गुहाशयी इस चित्त का जो संयम करेंगे, वही मार के बन्धन से मुक्त होंगे।

श्रावस्ती चित्तहत्थ (थेर)

३८—अनवट्ठित चित्तस्स
सद्धम्मं अविजानतो ।
परिप्लवपसादस्स
पञ्ञा न परिपूरति ॥ ६ ॥

जिसका चित्त अ-स्थिर है, जो सद्धर्म को नहीं जानता, जिसकी श्रद्धा चचल है, उसकी प्रज्ञा पूर्ण नहीं हो सकती।

३९—अनवस्सुतचित्तस्स अनन्वाहतचेतसो।
पुञ्ञपापपहीणस्स नत्थि जागरतो भयं ॥ ७ ॥

जिसके चित्त में राग नहीं, जिसका चित्त द्वेष से रहित है, जो पाप पुण्य विहीन है, उस जागृत पुरुष को भय नहीं।

श्रावस्ती — पाँच सौ विपश्यक भिक्षु

४०—कुम्भूपमं कायमिमं विदित्वा
नगरूपमं चित्तमिदं ठपेत्वा।
योधेथ मारं पञ्ञायुधेन
जितं च रक्खे अनिवेसनो सिया ॥८॥

इस शरीर को घड़े के समान (अनित्य) जान, इस चित्त को नगर के समान (रक्षित और दृढ) ठहरा, प्रज्ञा रूपी हथियार से मार से युद्ध करे। जीत लेने पर अपनी रक्षा करे तथा आसक्ति रहित हो।

श्रावस्ती — पूतिगत्त तिस्स (थेर)

४१—अचिरं वत’यं कायो
पठविं अधिसेस्सति।
छुद्धो अपेतविञ्ञाणो
निरत्थ’व कलिङ्गरं ॥ ९ ॥

अहो! यह तुच्छ शरीर शीघ्र ही चेतना रहित हो निरर्थक काष्ठ की भाँति पृथ्वी पर पड़ रहेगा।

कोसल जनपद नन्द (गोप)

४२—दिसो दिसं यन्तं कयिरा
वेरी वा पन वेरिनं।
मिच्छापणिहितं चित्तं
पापियो नं ततो करे ॥१०॥

जितनी हानि शत्रु शत्रु की या वैरी वैरी की करता है, उससे अधिक बुराई झूठे मार्ग पर लगा हुआ चित्त करता है।

श्रावस्ती सोरेय्य (सेठ)

४३—न तं माता पिता कयिरा
अञ्ञे वापि च ञातका।
सम्मापणिहितं चित्तं
सेय्यसो नं ततो करे ॥११॥

जितनी भलाई माता-पिता या दूसरे भाई-बन्धु नहीं कर सकते हैं, उससे अधिक भलाई ठीक मार्ग पर लगा हुआ चित्त करता है।

४—पुप्फवग्गो

आवस्ती पाँच सौ भिक्षु

४४—को इम पठविं विजेस्सति

यमलोकञ्च इम सदेवक।

को धम्मपद सुदेसित

कुसलो पुप्फमिव पचेस्सति ॥ १ ॥

इस पृथ्वी को तथा देवताओं सहित इस यमलोक को कौन जीतेगा? कौन कुशल पुरुष पुष्प की तरह भली प्रकार से उपदिष्ट धर्म-पदों को चुनेगा?

४५—सेखो पठविं विजेस्सति

यमलोकञ्च इम सदेवकं।

सेखो धम्मपदं सुदेसित

कुसलो पुप्फमिव पचेस्सति ॥ २ ॥

शैक्ष्य इस पृथ्वी को तथा देवताओं सहित इस यमलोक को जीतेगा। कुशल शैक्ष्य पुष्प की तरह धर्म-पदों को चुनेगा।

आवस्ती मरीचि (कम्मट्ठानिक थेर)

४६—फेणूपम कायमिमं विदित्वा

मरीचिधम्म अभिसम्बुधानो।

छेत्वान मारस्स पपुप्फकानि

अदस्सन मच्चुराजस्स गच्छे ॥ ३ ॥

इस शरीर को फेन के समान तथा (मृग) मरीचिका के समान (असार) जान, मार के फन्दे को तोड़कर यमराज की दृष्टि से परे हो जाय ।

श्रावस्ती विड्डभ

४७—पुप्फानि हेव पचिनन्तं व्यासत्तमनसं नरं ।

सुत्तं गामं महोघो व मच्चु आदाय गच्छति ॥ ४ ॥

(काम-भोग रूपी) पुष्पों को चुनने वाले आसक्तियुक्त मनुष्य को मृत्यु उसी प्रकार पकड़ ले जाती है, जिस प्रकार कि सोये हुए ग्राम को बड़ी बाढ़ ।

श्रावस्ती पतिपूजिका

४८—पुप्फानि हेव पचिनन्तं व्यासत्तमनसं नरं ।

अतित्तं येव कामेसु अन्तको कुरुते वसं ॥ ५ ॥

(काम भोग रूपी) पुष्पों को चुनने वाले आसक्तियुक्त पुरुष को काम-भोगों में अतृप्त हुए ही मृत्यु अपने वश में कर लेती है ।

श्रावस्ती (कंजूस) कोसिय सेठ

४९—यथापि भमरो पुप्फं वण्णगन्धं अहेठयं ।

पलेति रसमादाय एवं गामे मुनी चरे ॥ ६ ॥

जैसे भ्रमर पुष्प के वर्ण और गन्ध को बिना हानि पहुँचाये रस को लेकर चल देता है, वैसे ही मुनि ग्राम में भिक्षाटन करे ।

श्रावस्ती पाठिक (आजीवक साधु)

५०—न परेसं विलोमानि

न परेसं कताकतं ।

अत्तनो'व अवेक्खेय्य
कतानि अकतानि च ॥ ७ ॥

न तो दूसरों के विरोधी (वचन) पर ध्यान दे, न दूसरों के कृत्या-कृत्य को देखे, केवल अपने ही कृत्याकृत्य का अवलोकन करे।

श्रावस्ती छत्तपाणि (उपासक)

५१—यथापि रुचिरं पुप्फं
वण्णवन्तं अगन्धकं ।
एवं सुभासिता वाचा
अफला होति अकुब्बतो ॥ ८ ॥

जैसे सुन्दर, वर्णयुक्त निर्गन्ध पुष्प होता है, वैसे ही (कथनानुसार) आचरण न करने वाले के लिए सुभाषित वाणी निष्फल होती है।

५२—यथापि रुचिरं पुप्फं
वण्णवन्तं सगन्धकं ।
एवं सुभासिता वाचा
सफला होति कुब्बतो ॥ ९ ॥

जैसे सुन्दर वर्णयुक्त सुगन्धित पुष्प होता है, वैसे ही (कथनानुसार) आचरण करने वाले के लिये सुभाषित वाणी सफल होती है।

श्रावस्ती (पूर्वाराम) विशाखा (उपासिका)

५३—यथापि पुप्फरासिम्हा
कयिरा मालागुणे बहू ।

एवं जातेन मच्चेन
कत्तब्बं कुसलं बहुं ॥ १० ॥

जैसे पुष्पराशि से बहुत-सी मालायें बनावे ऐसे ही उत्पन्न हुए प्राणी को बहुत पुण्य करना चाहिये।

श्रावस्ती आनन्द (थेर)

५४—न पुप्फगन्धो पटिवातमेति
न चन्दनं तगर मल्लिका वा।
सतञ्च गन्धो पटिवातमेति
सब्बा दिसा सप्पुरिसो पवाति ॥११॥

पुष्प, चन्दन तगर या चमेली किसी की भी सुगन्ध उलटी-हवा नहीं जाती, किन्तु सज्जनों की सुगन्ध उलटी-हवा भी जाती है, सत्पुरुष सभी दिशाओं में सुगन्ध बहाता है।

५५—चन्दनं तगरं वापि
उप्पलं अथ वस्सिकी।
एतेसं गन्धजातानं
सीलगन्धो अनुत्तरो ॥ १२ ॥

चन्दन या तगर, कमल या जूही, इन सभी की सुगन्धों से शील (=सदाचार) की सुगन्ध उत्तम है।

राजगृह (वेणुवन) महाकस्सप

५६—अप्पमत्तो अयं गन्धो यायं तगरचन्दनी।
यो च सीलवतं गन्धो वाति देवेसु उत्तमो ॥ १३ ॥

तगर और चन्दन की जो यह गन्ध फैलती है, वह अल्पमात्र है, और जो यह शीलवानों की गन्ध है, वह उत्तम (गन्ध) देवताओं में फैलती है।

राजगृह (वेणुवन) गोधिक (थेर)

५७—तेसं सम्पन्नसीलानं अप्पमादविहारिनं ।
सम्मदञ्ञा विमुत्तानं मारो मग्गं न विन्दति ॥ १४ ॥

जो वे शीलवान निरालस हो विहरने वाले, यथार्थ ज्ञान द्वारा मुक्त हो गये हैं, उनके मार्ग को मार नहीं पाता।

जेतवन गरहदिन्न

५८—यथा सङ्कारधानस्मिं उज्झितस्मिं महापथे ।
पदुमं तत्थ जायेथ सुचिगन्धं मनोरमं ॥१५॥
५९—एवं सङ्कारभूतेसु अन्धभूते पुथुज्जने ।
अतिरोचति पञ्ञाय सम्मासम्बुद्धसावको ॥१६॥

जैसे बड़ी सड़क के किनारे फेंके कूड़े के ढेर पर कोई सुगन्धित सुन्दर पद्म उत्पन्न होवे, ऐसे ही कूड़े के समान अन्धे पृथक्-जनों में सम्यक् सम्बुद्ध का श्रावक अपनी प्रज्ञा से अत्यधिक शोभित होता है।

———

५—बालवग्गो

श्रावस्ती (जेतवन) दरिद्र सेवक

६०—दीघा जागरतो रत्ति दीघं सन्तस्स योजनं।
दीघो बालानं संसारो सद्धम्मं अविजानतं॥ १॥

जागने वाले की रात लम्बी होती है। थके हुए के लिए योजन लम्बा होता है। सद्धर्म को न जानने वाले मूर्खों के लिए संसार (-चक्र) लम्बा होता है।

श्रावस्ती सार्द्धविहारी (=शिष्य)

६१—चरञ्चे नाधिगच्छेय्य
सेय्यं सदिसमत्तनो।
एकचरियं दळ्हं कयिरा
नत्थि बाले सहायता॥ २॥

विचरण करते यदि अपने से श्रेष्ठ या अपने समान व्यक्ति को न पावे, तो दृढ़ता के साथ अकेला ही विचरे। मूर्ख से मित्रता अच्छी नहीं।

श्रावस्ती आनन्द (सेठ)

६२—पुत्ता मत्थि धनम्मत्थि
इति बालो विहञ्ञति।
अत्ता हि अत्तनो नत्थि
कुतो पुत्ता कुतो धनं॥ ३॥

'मेरा पुत्र है' 'मेरा धन है'—इस प्रकार मूर्ख परेशान होता है, जब मनुष्य अपना आप नहीं है, तो पुत्र और धन उसके कहाँ तक होंगे ?

जेतवन गिरहकट चोर

६३—यो बालो मञ्ञति बाल्यं
पण्डितो वापि तेन सो।
बालो च पण्डितमानी
स वे बालो'ति वुच्चति ॥४॥

जो मूर्ख अपनी मूर्खता को समझता है, इस कारण वह पण्डित है। जो मूर्ख हो अपने को पण्डित समझता है, वही यथार्थ में मूर्ख है।

श्रावस्ती (जेतवन) उदायी (थेर)

६४—यावजीवम्पि चे बालो
पण्डितं पयिरुपासति ।
न सो धम्मं विजानाति
दब्बी सूपरसं यथा ॥५॥

यदि मूर्ख जीवन भर पण्डित के साथ रहे, तो भी वह धर्म को वैसे ही नहीं जान सकता है, जैसे कि कछुली दाल (=सूप) के रस को।

श्रावस्ती (जेतवन) भद्रवर्गीय (भिक्षुलोग)

६५—मुहुत्तमपि चे विञ्ञू
पण्डितं पयिरुपासति ।
खिप्पं धम्मं विजानाति
जिव्हा सूपरसं यथा ॥६॥

यदि विज्ञ पुरुष एक मुहूर्त भी पण्डित की सेवा में रहे, तो वह शीघ्र ही धर्म को जान लेता है, जैसे कि जिह्वा दाल के रस को।

राजगृह (वेणुवन) सुप्पबुद्ध (कोढ़ी)

६६—चरन्ति बाला दुम्मेधा अमित्तेनेव अत्तना।
करोन्तो पापकं कम्मं यं होति कटुकप्फलं ॥ ७ ॥

दुर्बुद्धि मूर्ख अपना ही शत्रु होकर पाप-कर्म करते विचरण करते हैं जिसका फल कड़ुआ होता है।

जेतवन कोई कृषक

६७—न तं कम्मं कतं साधु यं कत्वा अनुतप्पति।
यस्स अस्सुमुखो रोदं विपाकं पटिसेवति ॥ ८ ॥

वह काम करना ठीक नहीं, जिसे करके पीछे पछताना पड़े और जिसके फल को अश्रुमुख रोते हुए भोगना पड़े।

वेणुवन सुमन (माली)

६८—तञ्च कम्मं कतं साधु
यं कत्वा नानुतप्पति।
यस्स पतीतो सुमनो
विपाकं पटिसेवति। ९ ॥

वही काम करना ठीक है, जिसे करके पछताना न पड़े और जिसके फल को प्रसन्न मन से भोग करे।

जेतवन उप्पलवण्णा (थेरी)

६९—मधुवा मञ्ञती बालो
याव पापं न पच्चति।

यदा च पच्चती पापं

अथ बालो दुक्खं निगच्छति ॥ १० ॥

जब तक पाप का विपाक नहीं मिलता, तब तक मूर्ख उसे मधु के समान (मीठा) समझता है, किन्तु जब उसका फल मिलता है, तब मूर्ख दुःख को प्राप्त होता है।

राजगृह (वेणुवन) जम्बुक (आजीवक)

७०—मासे मासे कुसग्गेन

बालो भुञ्जेथ भोजनं।

न सो सखतधम्मान

कलं अग्घति सोलसिं ॥ ११ ॥

यदि मूर्ख महीने-महीने पर कुश की नोंक से भोजन करे, तो भी वह धर्म के जानकारों के सोलहवें भाग के भी बराबर नहीं हो सकता।

राजगृह (वेणुवन) अहिपेत

७१—न हि पापं कतं कम्मं

सज्जु खीर'व मुच्चति।

डहन्तं बालमन्वेति

भस्माच्छन्नो'व पावको ॥ १२ ॥

जैसे ताजा दूध शीघ्र ही जम नहीं जाता, ऐसे ही किया गया पाप-कर्म शीघ्र ही अपना फल नहीं लाता। राख से ढँकी आग की भाँति वह जलाता हुआ मूर्ख का पीछा करता है।

राजगृह (वेणुवन) सट्ठिकूट (पेत)

७२—यावदेव अनत्थाय ञत्तं बालस्स जायति।
हन्ति बालस्स सुक्कंसं मुद्धमस्स विपातयं ॥ १३ ॥

मूर्ख का जितना भी ज्ञान होता है, वह उसके ही अनर्थ के लिए होता है। वह मूर्ख की अच्छाई का नाश करता है और उसकी प्रज्ञा (= सिर) को नीचे गिरा देता है।

जेतवन सुधम्म (थेर)

७३—असन्तं भावनमिच्छेय्य
पुरेक्खारञ्च भिक्खुसु।
आवासेसु च इस्सरियं
पूजा परकुलेसु च ॥ १४ ॥

७४—ममेव कतमञ्ञन्तु
गिही पब्बजिता उभो।
ममेवातिवसा अस्सु
किच्चाकिच्चेसु किस्मिचि।
इति बालस्स सङ्कप्पो
इच्छा मानो च वड्ढति ॥ १५ ॥

भिक्षुओं के बीच अगुआ होना, मठों का अधिपति बनना, दूसरे परिवारों में पूजित होना, गृही और प्रव्रजित दोनों मेरा ही किया मानें, सभी प्रकार के काम में वे मेरे ही अधीन रहें—ऐसा मूर्ख का संकल्प होता है, जिससे उसकी इच्छा और अभिमान बढ़ते हैं।

श्रावस्ती (जेतवन) (वनवासी) तिस्स (थेर)

७५—अञ्ञा हि लाभूपनिसा

अञ्ञा निब्बानगामिनी ।

एवमेत अभिञ्ञाय

भिक्खु बुद्धस्स सावको ।

सक्कार नाभिनन्देय्य

विवेकमनुब्रूहये ॥ १६ ॥

लाभ का रास्ता दूसरा है और निर्वाण को ले जाने वाला दूसरा—इस प्रकार इसे जानकर बुद्ध का अनुगामी भिक्षु सत्कार का अभिनन्दन न करे, और विवेक (=एकान्तवास) को बढावे ।

———

६—पण्डितवग्गो

जेतवन राध (थेर)

७६—निधीनं'व पवत्तारं यं पस्से वज्जदस्सिनं।
निग्गय्हवादिं मेधाविं तादिसं पण्डितं भजे।
तादिसं भजमानस्स सेय्यो होति न पापियो॥ १॥

निधियों को बतलाने वाले की भाँति दोष दिखाने वाले ऐसे संयम-वादी मेधावी पण्डित का साथ करे, क्योंकि ऐसे का साथ करने से कल्याण ही होता है, बुरा नहीं।

जेतवन अस्सजी पुनब्बसु

७७—ओवदेय्यानुसासेय्य असब्भा च निवारये।
सतं हि सो पियो होति असतं होति अप्पियो॥ २॥

जो उपदेश दे, सुमार्ग दिखाये तथा कुमार्ग से निवारण करे, वह सज्जनों को प्रिय होता है, किन्तु दुर्जनों को अप्रिय।

जेतवन छन्न (थेर)

७८—न भजे पापके मित्ते न भजे पुरिसाधमे।
भजेथ मित्ते कल्याणे भजेथ पुरिसुत्तमे॥ ३॥

बुरे मित्रों का साथ न करे न अधम-पुरुषों का सेवन करे। अच्छे मित्रों का साथ करे, उत्तम पुरुष का सेवन करे।

जेतवन महाकप्पिन (थेर)

७९—धम्मपीती सुखं सेति विप्पसन्नेन चेतसा।
अरियप्पवेदिते धम्मे सदा रमति पण्डितो ॥ ४ ॥

धर्म-रस का पान करने वाला प्रसन्न चित्त से सुखपूर्वक सोता है, पण्डित बुद्ध के उपदिष्ट धर्म में सदा रमण करता है।

जेतवन पण्डित सामणेर

८०—उदकं हि नयन्ति नेत्तिका
उसुकारा नमयन्ति तेजनं।
दारुं नमयन्ति तच्छका
अत्तानं दमयन्ति पण्डिता ॥ ५ ॥

नहर वाले पानी को ले जाते हैं, बाण बनाने वाले बाण को ठीक करते हैं, बढई लकड़ी को ठीक करते हैं और पण्डितजन अपना दमन करते हैं।

जेतवन लकुण्टक भद्दिय (थेर)

८१—सेलो यथा एकघनो वातेन न समीरति।
एवं निन्दापसंसासु न समिञ्जन्ति पण्डिता ॥ ६ ॥

जैसे ठोस पहाड़ हवा से नहीं डिगता, वैसे ही पण्डित निन्दा और प्रशंसा से नहीं डिगते।

जेतवन काण-माता

८२—यथापि रहदो गम्भीरो विप्पसन्नो अनाविलो।
एवं धम्मानि सुत्वान विप्पसीदन्ति पण्डिता ॥ ७ ॥

धर्म को सुनकर पण्डित लोग गम्भीर, स्वच्छ, निर्मल जलाशय की भाँति शुद्ध हो जाते हैं।

जेतवन — पाँच सौ भिक्षु

८३—सब्बत्थ वे सप्पुरिसा वजन्ति
न कामकामा लपयन्ति सन्तो।
सुखेन फुट्ठा अथवा दुखेन
न उच्चावचं पण्डिता दस्सयन्ति ॥ ८ ॥

सत्पुरुष सभी (छन्द-राग आदि) का त्याग करते हैं, वे काम भोगों के लिए बात नहीं चलाते। सुख मिले या दुःख पण्डितजन विकार नहीं प्रदर्शित करते।

जेतवन — धम्मिक (थेर)

८४—न अत्तहेतु न परस्स हेतु
न पुत्तमिच्छे न धनं न रट्ठं।
न इच्छेय्य अधम्मेन समिद्धिमत्तनो
स सीलवा पञ्ञवा धम्मिको सिया ॥ ९ ॥

जो अपने लिए या दूसरों के लिए पुत्र, धन और राज्य नहीं चाहता और न अधर्म से अपनी उन्नति चाहता है वही शीलवान, प्रज्ञावान और धार्मिक है।

जेतवन — धर्मश्रवण

८५—अप्पका ते मनुस्सेसु ये जना पारगामिनो।
अथायं इतरा पजा तीरमेवानुधावति ॥ १० ॥

मनुष्यों में पार जाने वाले थोड़े ही हैं, यह दूसरे लोग तो किनारे ही किनारे दौड़ने वाले हैं।

८६—ये च खो सम्मदक्खाते धम्मे धम्मानुवत्तिनो।
ते जना पारमेस्सन्ति मच्चुधेय्यं सुदुत्तरं॥ ११॥

जो भली प्रकार उपदिष्ट धर्म में धर्मानुचरण करते हैं, वे ही दुस्तर मृत्यु के राज्य को पार करेंगे।

जेतवन पाँच सौ नवागत भिक्षु

८७—कण्हं धम्मं विप्पहाय सुक्कं भावेथ पण्डितो।
ओका अनोकं आगम्म विवेके यत्थ दूरमं॥ १२॥

८८—तत्राभिरतिमिच्छेय्य हित्वा कामे अकिञ्चनो।
परियोदपेय्य अत्तानं चित्तक्लेसेहि पण्डितो॥ १३॥

पण्डित बुरी बात को छोड़ अच्छी का अभ्यास करे। घर से बेघर हो एकान्त स्थान में रहे। भोगों को छोड़ अकिंचन हो वहीं रत रहने की इच्छा करे। पण्डित चित्त के मलों से अपने को शुद्ध करे।

८९—येसं सम्बोधि-अङ्गेसु
सम्मा चित्तं सुभावितं।
आदान पटिनिस्सग्गे
अनुपादाय ये रता।
खीणासवा जुतीमन्तो
ते लोके परिनिब्बुता॥ १४॥

जिनका चित्त सम्बोध्यंगों में अच्छी तरह अभ्यस्त हो गया है, जो अनासक्त हो परिग्रह के त्याग में रत, क्षीणाश्रव और द्युतिमान् हैं, वे ही लोक में निर्वाण पा चुके हैं।

———

७—अरहन्तवग्गो

राजगृह (जीवकम्ब आम्रवन) जीवक

९०—गतद्धिनो विसोकस्स
विप्पमुत्तस्स सब्बधि ।
सब्बगन्थप्पहीनस्स
परिळाहो न विज्जति ॥ १ ॥

जिसने मार्ग तय कर लिया है, जो शोक-रहित तथा सर्वथा विमुक्त है जिसकी सभी ग्रन्थियाँ प्रहीण हो गई हैं, उसे कोई कष्ट नहीं ।

राजगृह वेणुवन महाकस्सप

९१—उय्युञ्जन्ति सतीमन्तो
न निकेते रमन्ति ते ।
हंसा'व पल्ललं हित्वा
ओकमोकं जहन्ति ॥ २ ॥

राजगृह वेणुवन महाकस्सप

स्मृतिमान् (ध्यान-विपश्यना आदि) में लगे रहते हैं, वे आलय में रत नहीं होते । वे तो सरोवर को छोड़ चले जानेवाले हंस की भाँति आलय को त्याग देते हैं ।

जेतवन बेलट्ठि सीस

९२—येसं सन्निचयो नत्थि
ये परिञ्ञातभोजना ।

सुञ्ञतो अनिमित्तो च
विमोक्खो यस्स गोचरो।
आकासे'व सकुन्तान
गति तेसं दुरन्नया ॥ ३ ॥

जिन्हें कोई संग्रह नहीं, जो भोजन में संयत हैं, शून्य और अनिमित्त विमोक्ष (=निर्वाण) जिनका गोचर (=विचरण-स्थान) है, उनकी गति आकाश में पक्षियों की गति की भाँति अज्ञेय है।

राजगृह (वेणुवन) अनुरुद्ध (थेर)

९३—यस्सा'सवा परिक्खीणा
आहारे च अनिस्सितो।
सुञ्ञतो अनिमित्तो च
विमोक्खो यस्स गोचरो।
अकासे'व सकुन्तानं
पदं तस्स दुरन्नयं ॥ ४ ॥

जिसके आस्रव (=मल) क्षीण हो गये हैं, जो आहार में आसक्त नहीं, तथा शून्य और अनिमित्त विमोक्ष जिसका गोचर है, उसकी गति आकाश में पक्षियों की गति की भाँति अज्ञेय है।

श्रावस्ती (पूर्वाराम) महाकच्चायन

९४—यस्सिन्द्रियानि समथं गतानि,
अस्सा यथा सारथिना सुदन्ता।
पहीनमानस्स अनासवस्स,
देवापि तस्स पिहयन्ति तादिनो ॥ ५ ॥

सारथी द्वारा दमन किये गये अश्व के समान जिसकी इन्द्रियाँ शान्त हो गई हैं, जैसे अहंकार रहित अनास्रव ताय (=अर्हत्) की देवता भी स्पृहा (=चाह) करते हैं।

जेतवन सारिपुत्र (थेर)

९५—पठवीसमो नो विरुज्झति
इन्दखीलूपमो तादि सुब्बतो।
रहदो'व अपेतकद्दमो
संसारा न भवन्ति तादिनो॥६॥

सुव्रत अविकारी तादि (=अर्हत्) पृथ्वी के समान क्षुब्ध नहीं होने वाला और इन्द्रकील के समान अकम्प होता है। वैसे पुरुष को कीचड़ रहित जलाशय की भाँति संसार (=भव) नहीं होते हैं।

जेतवन कोसम्बिवासी तिस्स (थेर)

९६—सन्तं तस्स मनं होति सन्ता वाचा च कम्मञ्च।
सम्मदञ्ञा विमुत्तस्स उपसन्तस्स तादिनो॥७॥

यथार्थ रूप से जानकर मुक्त हुए, उपशान्त अर्हत् का मन शान्त होता है, वाणी और कर्म शान्त होते हैं।

जेतवन सारिपुत्र (थेर)

९७—अस्सद्धो अकतञ्ञू च सन्धिच्छेदो च यो नरो
हतावकासो वन्तासो स वे उत्तमपोरिसो॥८॥

जो (अन्ध) श्रद्धा से रहित है, अकृत (=निर्वाण) को जानने वाला है, (संसार की) सन्धि का छेदन करने वाला है और उत्पत्ति रहित है,

तथा जिसने सारी तृष्णा को वमन (=त्याग) कर दिया है, वही उत्तम पुरुष है।

जेतवन खदिरवनिय रेवत (थेर)

९८—गामे वा यदि वारञ्ञे निन्ने वा यदि वा थले।
यत्थारहन्तो विहरन्ति तं भूमिं रामणेय्यकं ॥ ९ ॥

गाँव में या जंगल में, नीचे या ऊँचे, जहाँ कहीं अर्हत् विहार करते हैं, वह भूमि रमणीय है।

जेतवन कोई स्त्री

९९—रमणीयानि अरञ्ञानि यत्थ न रमते जनो।
वीतरागा रमिस्सन्ति न ते कामगवेसिनो ॥ १० ॥

वह रमणीय वन, जहाँ साधारण लोग रमण नहीं करते, वहाँ काम (-भोगों) को न खोजने वाले वीतराग रमण करेंगे।

८—सहस्सवग्गो

वेळुवन — तम्बदाठिक (चोरघातक)

१००—सहस्समपि चे वाचा अनत्थपदसंहिता।
एकं अत्थपदं सेय्यो यं सुत्वा उपसम्मति ॥ १ ॥

अनर्थ के पदों से युक्त हजार वचनों से भी, सार्थक एक पद श्रेष्ठ है, जिसे सुनकर उपशान्त हो जाता है।

जेतवन — दारुचीरिय (थेर)

१०१—सहस्समपि चे गाथा अनत्थपदसंहिता।
एकं गाथापदं सेय्यो यं सुत्वा उपसम्मति ॥ २ ॥

अनर्थ पदों से युक्त हजार गाथाओं से भी एक गाथापद श्रेष्ठ है, जिसे सुनकर उपशान्त हो जाता है।

जेतवन — कुण्डलकेसी (थेरी)

१०२—यो च गाथासतं भासे अनत्थपदसंहिता।
एकं धम्मपदं सेय्यो यं सुत्वा उपसम्मति ॥ ३ ॥

जो अनर्थपदों से युक्त सौ गाथायें भी कहे, उससे धर्म का एक पद भी श्रेष्ठ है जिसे सुनकर उपशान्त हो जाता है।

→ १०३—यो सहस्सं सहस्सेन सङ्गामे मानुसे जिने।
एकं च जेय्यमत्तानं स वे सङ्गामजुत्तमो ॥ ४ ॥

जो संग्राम में हजारों मनुष्यों को जीत ले, उससे उत्तम संग्राम-विजयी वही है जो एक अपने स्वयं को जीत ले।

जेतवन अनर्थ-पुच्छक ब्राह्मण

१०४—अत्ता हवे जितं सेय्यो
या चायं इतरा पजा।
अत्तदन्तस्स पोसस्स
निच्चं सञ्ञतचारिनो ॥ ५ ॥

१०५—नेव देवो न गन्धब्बो
न मारो सह ब्रह्मुना।
जितं अपजितं कयिरा
तथारूपस्स जन्तुनो ॥ ६ ॥

इन अन्य प्रजाओं के जीतने की अपेक्षा अपने को जीतना श्रेष्ठ है। अपने को दमन करनेवाला, और नित्य अपने को संयम करनेवाला जो पुरुष है, उसके जीते को न देवता, न गन्धर्व, न ब्रह्मा सहित मार, बे-जीता कर सकते हैं।

वेणुवन सारिपुत्त के मामा

१०६—मासे मासे सहस्सेन यो यजेथ सतं समं।
एकञ्च भावितत्तानं मुहुत्तमपि पूजये।
सा येव पूजना सेय्यो यं चे वस्ससतं हुतं ॥ ७ ॥

जो महीने-महीने सौ वर्ष तक हजार (-रुपये) से यजन करे, और यदि परिशुद्ध मनवाले एक (पुरुष) को मुहूर्त भर भी पूजे, तो सौ वर्ष के हवन से वह पूजा ही श्रेष्ठ है।

वेणुवन सारिपुत्र का मामा

१०७—यो च वस्ससतं जन्तु अग्गिं परिचरे वने।
एकञ्च भावितत्तानं मुहुत्तमपि पूजये।
सा येव पूजना सेय्यो यं चे वस्ससतं हुतं॥८॥

जो प्राणी सौ वर्ष तक वन में अग्निहोत्र करे, और यदि परिशुद्ध मनवाले एक (पुरुष) को मुहूर्त भर भी पूजे, तो सौ वर्ष के हवन से वह पूजा ही श्रेष्ठ है।

वेणुवन सारिपुत्रका मित्र ब्राह्मण

१०८—यं किञ्चि यिट्ठं च हुतं च लोके
संवच्छरं यजेथ पुञ्ञपेक्खो।
सब्बम्पि तं न चतुभागमेति
अभिवादना उज्जुगतेसु सेय्यो॥९॥

यदि पुण्य को चाहनेवाला वर्ष भर लोक में यज्ञ और हवन करे, तो भी वह सब ऋजुभूत (व्यक्तियों) को किये गये अभिवादन के चौथाई फल के बराबर भी नहीं होता अतः अभिवादन ही श्रेष्ठ है।

दीघलम्बिक (नगर) दीर्घायु कुमार

१०९—अभिवादनसीलिस्स निच्चं वद्धापचायिनो।
चत्तारो धम्मा वड्ढन्ति आयु वण्णो सुखं बलं॥१०॥

जो अभिवादनशील है, जो सदा वृद्धों की सेवा करने वाला है, उसकी चार बातें बढ़ती हैं—(१) आयु (२) वर्ण (३) सुख और (४) बल।

जेतवन — पटाचारा (थेरी)

११३—यो च वस्ससतं जीवे अपस्सं उदयव्ययं।
एकाहं जीवितं सेय्यो पस्सतो उदयव्ययं ॥ १४ ॥

पंचस्कन्धों की उत्पत्ति और विनाश का मनन न करनेवाले के सौ वर्ष के जीवन से उत्पत्ति और विनाश का मनन करनेवाले का एक दिन का जीवन श्रेष्ठ है।

जेतवन — किसागोतमी

११४—यो च वस्ससतं जीवे
अपस्सं अमतं पदं।
एकाहं जीवितं सेय्यो
पस्सतो अमतं पदं ॥ १५ ॥

निर्वाण को न देखनेवाले के सौ वर्ष के जीवन से, निर्वाण को देखने वाले का एक दिन का जीवन श्रेष्ठ है।

जेतवन — बहुपुत्तिका (थेरी)

११५—यो च वस्ससतं जीवे
अपस्सं धम्ममुत्तमं।
एकाहं जीवितं सेय्यो
पस्सतो धम्ममुत्तमं ॥ १६ ॥

उत्तम धर्म को न देखनेवाले के सौ वर्ष के जीवन से उत्तम धर्म को देखनेवाले का एक दिन का जीवन श्रेष्ठ है।

९—पापवग्गो

जेतवन (चूल) एकसाटक (ब्राह्मण)

११६—अभित्थरेथ कल्याणे
पापा चित्तं निवारये।
दन्धं हि करोतो पुञ्ञं
पापस्मिं रमते मनो॥ १॥

पुण्य करने में शीघ्रता करे, पाप से चित्त को हटाये। पुण्य-कार्य को धीमी गति से करनेवाले का मन पाप में लग जाता है।

जेतवन सेय्यसक (थेर)

११७—पापञ्चे पुरिसो कयिरा
न तं कयिरा पुनप्पुनं।
न तम्हि छन्दं कयिराथ
दुक्खो पापस्स उच्चयो॥ २॥

मनुष्य यदि पाप कर दे तो उसे बार-बार न करे। उसमें रत न होवे, क्योंकि पाप का सचय दु ख-दायक है।

जेतवन (लाजा दायिका) देवकन्या

११८—पुञ्ञञ्चे पुरिसो कयिरा
कयिराथेनं पुनप्पुन।
तम्हि छन्दं कयिराथ
सुखो पुञ्ञस्स उच्चयो॥ ३॥

यदि मनुष्य पुण्य करे, तो उसे बार-बार करे। उसमें रत होवे, क्योंकि पुण्य का संचय सुखदायक होता है।

जेतवन

अनाथपिण्डिक (सेठ)

११९—पापोपि पस्सति भद्रं
याव पापं न पच्चति।
यदा च पच्चति पापं
अथ पापो पापानि पस्सति ॥ ४ ॥

जब तक पाप का फल नहीं मिलता है, तब तक पापी भी पाप को अच्छा ही समझता है किन्तु जब पाप का फल मिलता है, तब उसे पाप दिखाई पड़ने लगते हैं।

१२०—भद्रोपि पस्सति पापं
याव भद्रं न पच्चति।
यदा च पच्चति भद्रं
अथ भद्रो भद्रानि पस्सति ॥ ५ ॥

जब तक पुण्य का फल नहीं मिलता है तब तक पुण्यात्मा भी पुण्य को बुरा समझता है, किन्तु जब पुण्य का फल मिलता है, तब उसे पुण्य दिखाई पड़ने लगते हैं।

जेतवन

असंयमी (भिक्षु)

१२१—मावमञ्ञेथ पापस्स न मन्तं आगमिस्सति।
उदबिन्दुनिपातेन उदकुम्भोपि पूरति।
बालो पूरति पापस्स थोकथोकम्पि आचिनं ॥ ६ ॥

"वह मेरे पास नहीं आयेगा"—ऐसा सोचकर पाप की अवहेलना न करे। जैसे पानी की बूँद के गिरने से घड़ा भर जाता है, ऐसे ही मूर्ख थोड़ा थोड़ा सचय करते पाप को भर लेता है।

जेतवन बिलालपाद (सेठ)

१२२—मावमञ्ञेथ पुञ्ञस्स न मन्तं आगमिस्सति।
उदविन्दुनिपातेन उदकुम्भोपि पूरति।
धीरो पूरति पुञ्ञस्स थोकथोकम्पि आचिनं॥ ७॥

"वह मेरे पास नहीं आयेगा"—ऐसा सोच कर पुण्य की अवहेलना न करे। जैसे पानी की बूँद के गिरने से घड़ा भर जाता है, ऐसे ही धीर थोड़ा थोड़ा सचय करते पुण्य को भर लेता है।

जेतवन महाधन (वणिक्)

१२३—वाणिजो'व भयं मग्गं अप्पसत्थो महद्धनो।
विसं जीवितुकामो'व पापानि परिवज्जये॥ ८॥

थोड़े सार्थ (=काफ़िला) और महाधन वाला व्यापारी जैसे भययुक्त मार्ग को छोड़ देता है, (या) जैसे जीने की इच्छा वाला विष को छोड़ देता है, वैसे ही पुरुष पापों को छोड़ दे।

वेणुवन कुक्कुटमित्त

१२४—पाणिम्हि चे वणो नास्स
हरेय्य पाणिना विसं।
नाब्बणं विसमन्वेति
नत्थि पापं अकुब्बतो॥ ९॥

है, वह ससार मे यश प्राप्त करता है और अन्त (मृत्यु के उप-रान्त) मे सर्वदा आनन्द भोग करता है।

श्रुतिस्तु वेदो विज्ञेयो धर्मशास्त्रं तु वै स्मृतिः।
ते सर्वार्थेष्वमीमांस्ये ताभ्यां धर्मो हि निर्बभौ ॥१०॥

(१०) वेद-शास्त्रो पर व्यर्थ तर्क करके उनके उल्टे अर्थ नही लगाने चाहिये, क्योंकि इन्ही दोनो से धर्म निकला है।

योऽवमन्येत ते मूले हेतुशास्त्राश्रयाद्द्विजः।
स साधुभिर्बहिष्कार्यो नास्तिको वेदनिन्दकः ॥११॥

(११ जो मनुष्य झूठ और अनुचित तर्क द्वारा वेद और शास्त्रो का अनादर करता है, वह नास्तिक है, उसको साधु लोग अपनी मण्डली से बाहर करदे।

वेदः स्मृतिः सदाचारः स्वस्य च प्रियमात्मनः।
एतच्चतुर्विधं प्राहुः साक्षाद्धर्मस्य लक्षणम् ॥१२॥

(१२) वेद, शास्त्र, सदाचार और अच्छे पुरुषो की कार्य्य-प्रणाली, जिससे अपने चित्त को सत्य तथा पूर्ण विश्वास हो, यह चारो धर्म के लक्षण है।

अर्थकामेष्वसक्तानां धर्मज्ञानं विधीयते।
धर्मं जिज्ञासमानानां प्रमाणं परमं श्रुतिः ॥१३॥

(१३) अर्थ और काम जिसको इच्छा नही है, उसको धर्म और ज्ञान का अधिकार है। जिसको धर्म जानने की इच्छा है, उसको केवल वेद ही प्रमाण है।

श्रुतिद्वैधं तु यत्र स्यात्तत्र धर्मावुभौ स्मृतौ।
उभावपि हि तौ धर्मौ सम्यगुक्तौ मनीषिभिः ॥१४॥

(१४) जिस कार्य के करने मे वेद की दो प्रकार की

आज्ञायें हैं उसमें दोनों आज्ञाय मान्य हैं। इस बात को पंडितों ने भले प्रकार (उत्तम रीति) से कहा है।

उदितेऽनुदिते चैव समयाध्युषिते तथा ।
सर्वथा वर्तते यज्ञ इतीयं वैदिकी श्रुतिः ॥१५॥

(१५) सूर्य्योदय में सूर्य्यास्त में और सूर्य और नक्षत्र के न होने में इन तीनों समयों में हवन करने की वेद की आज्ञा है। प्रातः का यज्ञ सूर्य्योदय से प्रथम और सायंकाल का हवन सूर्य की उपस्थिति में करे यदि विलम्ब हो जावे तो नक्षत्रोदय से प्रथम करना चाहिये।

निषेकादिश्मशानान्तो मन्त्रैर्यस्योदितो विधिः ।
तस्य शास्त्रेऽधिकारोऽस्मिन्ज्ञेयो नान्यस्य कस्यचित्॥१६॥

(१६) जन्म से मरण पर्यन्त जिसका संस्कार मन्त्र से होता है अर्थात् ब्राह्मण क्षत्रिय और वैश्य इन्हीं तीनों वर्णों का अधिकार इस शास्त्र में जानना और किसी का अधिकार न जानना।

सरस्वतीदृषद्वत्योर्देवनद्योर्यदन्तरम् ।
तं देवनिर्मितं देशं ब्रह्मावर्त्तं प्रचक्षते ॥१७॥

(१७) देवताओं की नदी जो सरस्वती और दृषद्वती हैं उनके मध्य के देश को ब्रह्मावर्त्त कहते हैं।

तस्मिन्देशे य आचारः पारम्पर्य्यक्रमागतः
वर्णानां सान्तरालानां स सदाचार उच्यते ॥१८॥

(१८) इस देश में सब वर्णों और आश्रमों का आचार जो परम्परा से क्रमानुसार चला आता है और जिसे वर्णसंकरों से आचार निषेध कहा है, वह सदाचार कहलाता है।

कुरुक्षेत्रं च मत्स्याश्च पाञ्चालाः शूरसेनकाः ।
एष ब्रह्मर्षि देशो वै ब्रह्मावर्तादनन्तरः ॥१९॥

(१९) ब्रह्मावर्त के समीप कुरुक्षेत्र, मत्स्य ❀, पाचाल, शूरसेनक यह सब देश ब्रह्मर्षियो के हैं ।

एतद्देशप्रसूतस्य सकाशादग्रजन्मनः ।
स्वं स्वं चरित्रं शिक्षेरन् पृथिव्यां सर्वमानवाः ॥२०॥

(२०) सारी पृथ्वी के सब मनुष्य अपनी उत्पत्ति तथा आचार इस देश के वासी ब्राह्मणो से जाने ।

हिमवद्विन्ध्ययोर्मध्ये यत्प्राग्विनशनादपि ।
प्रत्यगेव प्रयागाच्च मध्यदेशः प्रकीर्त्तितः ॥२१॥

(२१) हिमाचल और विन्ध्याचल के मध्य + देश के पूर्व और प्रयाग के पश्चिम मध्यदेश कहलाता है ।

आसमुद्रात्तु वै पूर्वादासमुद्रात्तु पश्चिमात् ।
तयोरेवान्तरं गिर्योरार्य्यावर्त्तं विदुर्बुधाः ॥२२॥

(२२) पूर्वी समुद्र से पश्चिमी समुद्र पर्यन्त और हिमाञ्चल और विन्ध्याचल का मध्य आर्य्यावर्त कहलाता है ।

कृष्णसारस्तु चरति मृगो यत्र स्वभावतः ।
स ज्ञेयो यज्ञियो देशो म्लेच्छदेशस्त्वतः परः ॥२३॥

❀ भदावर ।

❀ थानेश्वर के उत्तर-पश्चिम हिमालय पहाड और चम्बल नदी के मध्य का देश ।

+ हिसार के समीप ।

आज्ञायें हैं उत्तम दोनों आज्ञायें मान्य हैं। इस बात को पण्डितों ने भले प्रकार (उत्तम रीति) से कहा है।

उदितेऽनुदिते चैव समयाध्युषिते तथा ।
सर्वथा वर्तते यज्ञ इतीयं वैदिकी श्रुतिः ॥१५॥

(१५) सूर्योदय में सूर्यास्त में और सूर्य और नक्षत्र के न होने में इन तीनों समयों में हवन करने की वेद की आज्ञा है। प्रातः का यज्ञ सूर्योदय से प्रथम और सायंकाल का हवन सूर्य को उपस्थित में करे यदि विलम्ब हो जावे तो नक्षत्रोदय से प्रथम करना चाहिये।

निषेकादिश्मशानान्तो मन्त्रैर्यस्योदितो विधिः ।
तस्य शास्त्रेऽधिकारोऽस्मिन्ज्ञेयो नान्यस्य कस्यचित् ॥१६॥

(१६) जन्म से मरण पर्यन्त जिसका संस्कार मन्त्र से होता है अर्थात् ब्राह्मण क्षत्रिय और वैश्य इन्हीं तीनों वर्णों का अधिकार इस शास्त्र में जानना और किसी का अधिकार न जानना।

सरस्वतीदृषद्वत्योर्देवनद्योर्यदन्तरम् ।
तं देवनिर्मितं देशं ब्रह्मावर्तं प्रचक्षते ॥१७॥

(१७) देवनाम्नी की नदी जो सरस्वती और दृषद्वती हैं उनके मध्य के देश को ब्रह्मावर्त कहते हैं।

तस्मिन्देशे य आचारः पारम्पर्यक्रमागतः ।
वर्णानां सान्तरालानां स सदाचार उच्यते ॥१८॥

(१८) उस देश में सब वर्णों और आश्रमों का आचार जो परम्परा से क्रमानुसार चला आता है और जिसे वर्णसंकर। का आचार नियम कहा है वह सदाचार कहलाता है।

(२८) वेद पढ़ना, व्रत, हवन, त्रैविध, नाम व्रत, देवर्षि, पितरो का तर्पण, पुत्रोत्पत्ति, महायज्ञ, यज्ञ—इन सब कर्मो से शरीर मोक्ष पाने के योग्य होता है।

प्राङ्नाभेर्वर्धनात्पुंसो जातकर्म विधीयते।
मन्त्रवत्प्राशनं चास्य हिरण्यमधुसर्पिषाम् ॥२९॥

(२९) नाल छेदन से पहले जातकर्म होता है उसमे मन्त्र पढकर सोने के वर्क व शहद तथा घी बालक को खिलाना चाहिये।

नामधेयं दशम्यां तु द्वादश्यां वाऽस्य कारयेत्।
पुण्ये तिथौ मुहूर्त्ते वा नक्षत्रे वा गुणान्विते ॥३०॥

(३०) जन्म से ग्यारहवे वा बारहवे दिन नामकरण करना चाहिये। यदि इन दिनो मे न हो सके तो और किसी उत्तम तिथि, नक्षत्र तथा दिन मे करना चाहिये।

मंगल्यं ब्राह्मणस्य स्यात्क्षत्रियस्य बलान्वितम्।
वैश्यस्य धनसंयुक्तं शूद्रस्य तु जुगुप्सितम् ॥३१॥

(३१) ब्राह्मण के नाम मे मगल शब्द (अर्थात् प्रसन्नता, आनन्द) और क्षत्रिय के नाम मे बल शब्द (अर्थात् शक्ति) और वैश्य के नाम मे धन शब्द (अर्थात् सम्पत्ति) और शूद्र के नाम मे नन्द शब्द (अर्थात् सेवक) सयुक्त करना चाहिये।

शर्मवद्ब्राह्मणस्य स्याद्राज्ञो रक्षा समन्वितम्।
वैश्यस्य पुष्टिसंयुक्तं शूद्रस्य प्रेष्यसंयुतम् ॥३२॥

(३२) ब्राह्मण,क्षत्रिय,शूद्र इनके नाम के अन्त मे शर्म्मा, रक्षा पुष्टि और प्रेष्य क्रमानुसार सयुक्त करना चाहिये।

(२३) काला मृग (हिरन) अपने स्वभाव से जिस देश में रहे वह देश यज्ञ करने के योग्य है। उसके आगे म्लेच्छ देश है।

एतान् द्विजातयो देशान् संश्रयरन् प्रयत्नतः ।
शूद्रस्तु यस्मिन्कस्मिन्वा निवसेद्वृत्तिकर्षित ॥२४॥

(२४) ब्राह्मण क्षत्रिय व वैश्य प्रयत्न सहित इस देश में रहें और शूद्र वृत्ति की कठिनता के कारण चाहें जिस देश में रहें।

एषा धर्मस्य वो योनि समासेन प्रकीर्तिता ।
संभवश्चास्य सर्वस्य वर्णधर्मा न्निबोधत ॥२५॥

(२५) भृगुजी कहते हैं कि हे ऋषि लोगो ! आप से सब की उत्पत्ति और धर्म को वर्णन किया । अब वर्णों का धर्म कहते हैं—

वैदिकै कर्मभि पुण्यैर्निषेकादिर्द्विजन्मनाम् ।
कार्य शरीरसंस्कार पावन प्रेत्य चेह च ॥२६॥

(२६) ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्यको गर्भाधान आदि शारीरिक संस्कार लोक और परलोक में पवित्र करने वाले हैं। इस हेतु इन संस्कारों को करना चाहिये।

गार्भैर्होमैर्जातकर्मचौडमौञ्जीनिबन्धनैः ।
बैजिकं गार्भिकं चैनो द्विजानामपमृज्यते ॥२७॥

(२७) गर्भसंस्कार जातकर्म मुण्डन उपनयन—इन संस्कारों से ब्राह्मण क्षत्रिय तथा वैश्य के बीज का दोष और गर्भ का दोष छूट जाता है।

स्वाध्यायेन व्रतैर्होमैस्त्रैविद्येनेज्यया सुतैः ।
महायज्ञैश्च यज्ञैश्च ब्राह्मीयं क्रियते तनुः ॥२८॥

(२८) वेद पढना, व्रत, हवन, त्रैविध, नाम व्रत, देवर्षि, पितरो का तर्पण, पुत्रोत्पत्ति, महायज्ञ, यज्ञ—इन सब कर्मों से शरीर मोक्ष पाने के योग्य होता है।

प्राङ्नाभेर्वर्धनात्पुंसो जातकर्म विधीयते ।
मन्त्रवत्प्राशनं चास्य हिरण्यमधुसर्पिषाम् ॥२९॥

(२९) नाक छेदन से पहले जातकर्म होता है उसमे मन्त्र पढकर सोने के वर्क व शहद तथा घी बालक को खिलाना चाहिये।

नामधेयं दशम्यां तु द्वादश्यां वाऽस्य कारयेत् ।
पुण्ये तिथौ मुहूर्त्ते वा नक्षत्रे वा गुणान्विते ॥३०॥

(३०) जन्म से ग्यारहवे वा बारहवे दिन नामकरण करना चाहिये। यदि इन दिनो मे न हो सके तो और किसी उत्तम तिथि, नक्षत्र तथा दिन मे करना चाहिये।

मंगल्यं ब्राह्मणस्य स्यात्क्षत्रियस्य बलान्वितम् ।
वैश्यस्य धनसंयुक्तं शूद्रस्य तु जुगुप्सितम् ॥३१॥

(३१) ब्राह्मण के नाम मे मगल शब्द (अर्थात् प्रसन्नता, आनन्द) और क्षत्रिय के नाम मे बल शब्द (अर्थात् शक्ति) और वैश्य के नाम मे धन शब्द (अर्थात् सम्पत्ति) और शूद्र के नाम मे नन्द शब्द (अर्थात् सेवक) सयुक्त करना चाहिये।

शर्मवद्ब्राह्मणस्य स्याद्राज्ञो रक्षा समन्वितम् ।
वैश्यस्य पुष्टिसंयुक्तं शूद्रस्य प्रेष्यसंयुतम् ॥३२॥

(३२) ब्राह्मण,क्षत्रिय,शूद्र इनके नाम के अन्त मे शर्म्मा, रक्षा पुष्टि और प्रेष्य क्रमानुसार सयुक्त करना चाहिये।

स्त्रीणां सुखोद्यमक्रूरं विस्पष्टार्थं मनोहरम् ।
मंगल्यं दीर्घवर्णान्तमाशीर्वादाभिधानवत् ॥३३॥

(३३) स्त्री का नाम ऐसा रखना चाहिये कि जो मनोहर हो और कोमल सरल प्रिय मङ्गल (आनन्द) और आशीर्वाद के अर्थ रखता हो और अन्त का वर्ण (अक्षर) दीर्घ हो।

चतुर्थेमासि कर्त्तव्यं शिशोर्निष्क्रमणं गृहात् ।
षष्ठेऽन्नप्राशनं मासियद्वेष्टं मङ्गलं कुले ॥ ३४ ॥

(३४) चौथे मास (महीने) लड़के को घर से बाहर निकालना चाहिये और छठे मास में या जिस महीने में अपने कुल की रीति हो अन्नप्राशन करना चाहिये।

चूडाकर्म द्विजातीनां सर्वेषामेव धर्मतः ।
प्रथमेऽब्दे तृतीये वा कर्त्तव्यं श्रुतिचोदनात् ॥३५॥

(३५) ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य इन सबका चूडाकर्म अर्थात् मुण्डन पहले या तीसरे वर्ष करना चाहिये यह वेदाज्ञा है।

गर्भाष्टमेऽब्दे कुर्वीत ब्राह्मणस्योपनायनम् ।
गर्भादेकादशे राज्ञो गर्भात्तु द्वादशे विशः ॥३६॥

(३६) गर्भाधान-तिथि अथवा जन्म-तिथि से आठवें ग्यारहवें या बारहवें वर्ष क्रमानुसार ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य का उपनयन (जनेऊ) करना चाहिये और जिसका जनेऊ न हो वह शूद्र कहलावेगा क्योंकि द्विज बनाने वाला संस्कार नहीं है।

ब्रह्मवर्चसकामस्य कार्यं विप्रस्य पञ्चमे ।
राज्ञो बलार्थिनः षष्ठे वैश्यस्येहार्थिनोऽष्टमे ॥३७॥

(३७) ब्रह्मतेज बल और धन की इच्छा हो तो ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य क्रमानुसार पाँचवें छठे और आठवें वर्ष जनेऊ करें

आषोडशाद्ब्राह्मणस्य सावित्री नातिवर्तते ।

आद्वाविंशात्क्षत्रबन्धोराचतुर्विंशतेर्विशः ॥ ३८ ॥

(३८) सोलह, बाइस, चौबीस वर्ष पर्य्यन्त क्रमानुसार ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य गायत्री (सावित्री) के अधिकारी रहते हैं।

अतः ऊर्ध्वं त्रयोऽप्येते यथाकालमसंस्कृताः ।

सावित्री पतिता व्रात्या भवन्त्यार्यविगर्हिताः ॥३९॥

(३९) इसके पश्चात् तीनो वर्ण उसके अधिकारी नही रहते । तब उनका नाम व्रात्य कहलाता है । और आर्य्य लोग उनको विगर्हित (बुरा) कहते हैं ।

नैतैरपूतैर्विधिवदापद्यपि हि कर्हिचित् ।

ब्राह्मान्यौनांश्च संबन्धानाचरेद्ब्राह्मणा सह ॥४०॥

(४०) जब तक ऐसे ब्राह्मण प्रायश्चित्त (अर्थात् विधिवत् पाप से मुक्त होने का पश्चाताप वा दण्ड) न करें तब तक उनके साथ पढने-पढाने, विवाहादि का व्यवहार न करे ।

कार्ष्णरौरववास्तानि चर्माणि ब्रह्मचारिणः ।

वसीरन्नानुपूर्व्येण शाणक्षौमाविकानि च ॥४१॥

(४१) अब तीनो वर्णों के ब्रह्मचारियो का चमडा आदि पहनना कहते हैं । कृष्णमृग (काला हिरन) रुरुनामक मृग (हिरन) बकरे का चमडा ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य क्रमानुसार शरीर के ऊपरी भाग मे और सन, तीसी और भेड के सूत का कपडा निम्न शरीर (शरीर के नीचे के भाग) मे धारण करें।

मौञ्जी त्रिवृत्समा श्लक्ष्णा कार्या विप्रस्य मेखला ।

क्षत्रियस्यतु मौर्वी ज्या वैश्यस्य शणतान्तवी ॥४२॥

(४२) ब्राह्मण को मूँज की तीन लड की मेखला,क्षत्रिय

को मूर्वा की दो लड़ की मेखला और वैश्य को सन की तीन लड़ की मेखला धारण करना चाहिये ।

मुञ्जालाभे तु कर्तव्या कुशाश्मन्तकबल्वजैः ।
त्रिवृता ग्रन्थिनैकेन त्रिभिः पञ्चभिरेव वा ॥४२॥

(४२) यदि मुञ्ज और मूर्वा और सन न मिले तो कुश मेड़ और बल्वज की तीन लड़ की मेखला करना चाहिये और एक वा तीन वा पांच गांठ की करना चाहिये । कुल की रीत्यानुसार करे । यह नहीं कि ब्राह्मण एक क्षत्रिय तीन और वैश्य पांच गांठ की रक्खे ।

कार्पासमुपवीतं स्याद्विप्रस्योर्ध्ववृतं त्रिवृत् ।
शणसूत्रमयं राज्ञो वैश्यस्याविकसौत्रिकम् ॥४४॥

(४४) ब्राह्मण को कपास का (जनेऊ) उपवीत क्षत्रिय को सन का उपवीत (जनेऊ) और वैश्य को भेड़ के बालों का जनेऊ पहनना चाहिये । सो इस प्रकार कि तिगुना करके फिर तिगुना करना ।

ब्राह्मणो बैल्वपालाशौ क्षत्रियो वाटखादिरौ ।
पैल्वोदुम्बरौ वैश्यो दण्डानर्हन्ति धर्मतः ॥ ४५ ॥

(४५) ब्राह्मण बेल या पलाश (ढाक) का दण्ड धारण करे, क्षत्रिय बड़ (बरगद) या खैर का दण्ड धारण करे और वैश्य उदुम्बर (गूलर) या पैलु का दण्ड धारण करे ।

केशान्तिको ब्राह्मणस्य दण्डः कार्यः प्रमाणतः ।
ललाटसम्मितो राज्ञः स्यात्तु नासान्तिको विशः ॥४६॥

(४६) सिर के बालों तक का ब्राह्मण ललाट (पेशानी मत्था) तक का क्षत्रिय वैश्य नाक तक के दण्ड को धारण करे ।

ऋजवस्ते तु सर्वे स्युरव्रणाः सौम्यदर्शनाः ।
अनुद्वेगकरा नृणां सत्वचो नाग्निदूषिताः ॥४७॥

(४७) सब दण्ड कोमल, शुद्ध, छिद्र-रहित (बिना छेद का) और सौम्य दर्शन (देखने मे सुन्दर) हो, भद्दे (कुरूप) और अग्नि से जले के दाग वाले न हो ।

प्रतिगृह्योप्सितं दण्डमुपस्थाय च भास्करम् ।
प्रदक्षिणं परीत्याग्नि चरेद्भैक्षं यथाविधि ॥४८॥

(४८) दण्ड धारण करके सूर्य के सम्मुख होकर अग्नि की प्रदक्षिणा (परिक्रमा) करके निम्नलिखित शास्त्र की विधि से भिक्षा मांगे ।

भवत्पूर्वं चरेद्भैक्षमुपनीतो द्विजोत्तमः ।
भवन्मध्यं तु राजन्यो वैश्यस्तु भवदुत्तरम् ॥४६॥

(४६) ब्राह्मण, क्षत्रि, वैश्य तीनो वर्णों के ब्रह्मचारी भिक्षा मागने के वाक्य मे क्रमानुसार आदि, मध्य और अन्त मे भवत् शब्द को कहेगे ।

मातरं वा स्वसारं वा मातुर्वा भगिनीं निजाम् ।
भिक्षेत भिक्षां प्रथमं या चैनं नावमानयेत् ॥ ५० ॥

(५०) पहले माता, बहन, मौसी से भिक्षा मागे, और जो ब्रह्मचारी का अपमान न करे उससे भी भिक्षा मांगे ।

समाहृत्य तु तद्भैक्षं यावदन्नममायया ।
निवेद्य गुरवेऽश्नीयादाचम्य प्राङ्मुखः शुचिः ॥५१॥

(५१) निश्चय होकर भिक्षा (भीख) मागकर गुरुजी के सम्मुख (पास) रखे । तत्पश्चात् उनकी आज्ञा पर आचमन करके पवित्र होकर पूर्वाभिमुख (पूर्व की ओर मुँह करके) बैठ कर भोजन करे ।

आयुष्यं प्राङ्मुखो भुङ्क्ते यशस्यं दक्षिणामुखः ।
श्रियं प्रत्यङ्मुखो भुङ्क्ते ऋतं भुङ्क्ते ह्युदङ्मुखः॥५२॥

(५२) पूर्व दक्षिण पश्चिम उत्तर की ओर मुंह करके भोजन करने से क्रमानुसार आयु, यश लक्ष्मी सत्यता की वृद्धि होती है।

उपस्पृश्य द्विजो नित्यमन्नमद्यात्समाहितः ।
भुक्त्वा चोपस्पृशेत्सम्यगद्भिः खानि च संस्पृशेत्॥५३॥

(५३) नित्य चित्त को एकाग्र करके आचमन करने के पश्चात् भोजन करे। भोजनोपरान्त (भोजन के पश्चात्) आचमन करे और इन्द्रियों को पानी से प्रक्षाले (छुए, धोये)।

पूजयेदशनं नित्यमद्याच्चैतदकुत्सयन् ।
दृष्ट्वा हृष्येत्प्रसीदेच्च प्रतिनन्देच्च सर्वशः ॥ ५४ ॥

(५४) नित्य अन्न की पूजा करे और अन्न का अपमान न करे और अन्न को देखकर प्रसन्न चित्त हो यह कह कर कि हमको सर्वंद ऐसा अन्न मिले भोजन करे।

पूजितं ह्यशनं नित्यं बलमूर्जं च यच्छति ।
अपूजितं तु तद्भुक्तमुभयं नाशयेदिदम् ॥ ५५ ॥

(५५) अन्न की पूजा करने से तेज और इन्द्रिय शक्ति दोनों की वृद्धि होती है। और पूजन न करने से इन्हीं दोनों का नाश हो जाता है।

नोच्छिष्टं कस्यचिद्दद्यान्नाद्याच्चैव तथान्तरा ।
न चैवात्यशनं कुर्यान्नचोच्छिष्टः क्वचिद्व्रजेत् ॥५६॥

(५६) जूठा किसी को न दे सन्धि समय (दिन रात

के मध्य के समय भोजन न करे, बहुत भोजन न करे, झूठे मुँह कही न जाये ।

अनारोग्यमनायुष्यमस्वर्ग्यं चाति भोजनम् ।
अपुण्यं लोकविद्विष्टं तस्मात्तत्परिवर्जयेत् ॥५७॥

(५७) बहुत भोजन करना, आयु, आरोग्यता, स्वर्ग और पुण्य के हेतु नही हैं और ससार मे अपयश का कारण है ।

ब्राह्मेण विप्रस्तीर्थेन नित्यकालमुपस्पृशेत् ।
कायत्रैदशिकाभ्यां वा न पित्र्येण कदाचन ॥५८॥

(५८) ब्राह्मण सदैव ब्रह्मतीर्थ से आचमन करे। देवतीर्थ, पित्रतीर्थ और प्रजापतृ-तीर्थ से आचमन न करे ।

अङ्गुष्ठमूलस्य तले ब्राह्मं तीर्थं प्रचक्षते ।
कायमङ्गुलिमूलेऽग्रे दैवं पित्र्यं तयोरधः ॥५९॥

(५९) १—अगूठा, २—तर्जनी, ३—कनिष्ठा, इन तीनो का मूल क्रम से ब्रह्म, देव, पितर, और प्रजापति तीर्थ कहलाता है।

त्रिराचामेदपः पूर्वं द्विः प्रमृज्यात्ततो मुखम् ।
खानि चैव स्पृशेदद्भिरात्मानं शिर एव च ॥६०॥

(६०) पहले तीन बार आचमन करे, पश्चात् दो बार मुह धोवे और नाक, कान, आख, मुह, छाती, सर को पानी से छुये ।

अनुष्णाभिरफेनाभिरद्भिस्तीर्थेन धर्मवित् ।
शौचेप्सुः सर्वदाचामेदेकान्ते प्रागुदङ्मुखः ॥६१॥

(६२) पूर्व मुह या उत्तर मुह होकर फेन रहित शीत जल से जलशून्य स्थानमे पवित्रता और शुद्धता से आचमन करे ।

हृद्गाभिः पूयते विप्रः कण्ठगाभिस्तु भूमिपः ।
वैश्योऽद्भिः प्राशिताभिस्तु शूद्रः स्पृष्टाभिरन्ततः ॥६२॥

(६) आचमन करने में ब्राह्मण छाती तक क्षत्रिय गले तक वैश्य जिह्वा (जीभ) तक और शूद्र म ठ तक जल पहुँचावें ।

उद्धृते दक्षिणे पाणावुपवीत्युच्यते द्विजः ।
सव्ये प्राचीनआवीती निवीती कण्ठसज्जने ॥६३॥

(६३) वाम (बायें) कन्धे पर जनऊ रहने से उपवीती अर्थात् सव्य कहलाता है और दक्षिण (दाहिने) कन्धे पर रहने से प्राचीन आवीती अर्थात् अपसव्य कहलाता है और कण्ठ (गले) म रहने से निवीती कहलाता है ।

मेखलामजिनं दण्डमुपवीतं कमण्डलुम् ।
अप्सु प्रास्य विनष्टानि गृह्णीतान्यानि च मन्त्रवत् ॥६४॥

(६४) मेखला चमड़ा दण्ड जनेऊ, कुण्डल ये सब टूट म च तो जल म वे और मन्त्र द्वारा नया धारण करले ।

केशान्तः षोडशे वर्षे ब्राह्मणस्य विधीयते ।
राजन्यस्य द्वाविंशे वैश्यस्य द्व्यधिके ततः ॥६५॥

(६५) ब्राह्मण का समावर्त कर्म गर्भ से सोलहवें वर्ष क्षत्रिय का बाइसवें वर्ष और वैश्य को चौबीसवें वर्ष करना चाहिये ।

'अमन्त्रिका तु कार्येयं स्त्रीणामावृदशेषतः ।
संस्कारार्थं शरीरस्य यथाकालं यथाक्रमम्' ॥६६॥

(६६) × स्त्रियों के यह सब संस्कार बिना मन्त्र के

× यह श्लोक बहुत थोड़े दिन का मिलाया हुआ है । क्योंकि स्त्रियों को वेदाधिकार है ।

करना चाहिये। परन्तु उनको जिस समय पर जैसा कहा है उसी प्रकार करना चाहिये।

"वैवाहिको विधिः स्त्रीणां संस्कारो वैदिकः स्मृतः।
पतिसेवा गुरौ वासो गृहार्थोऽग्निपरिक्रिया:" ॥६७॥

(६०) "स्त्रियो का विवाह शास्त्रानुसार होना यही मन्त्र द्वारा सस्कार है, पति की सेवा करना यही गुरु के घर मे रहना है और गृहकार्य ही अग्नि सेवा है।"

एष प्रोक्तो द्विजातीनामौपनायनिको विधिः।
उत्पत्तिव्यञ्जकः पुण्यः कर्मयोगं निबोधत ॥६८॥

(६८) तीनो वर्णों का जनेऊ कहा, यह बडे पुण्य का कार्य्य है। इससे दूसरा जन्म होता है। अब इसके पश्चात् कर्म योग कहते हैं।

उपनीय गुरुः शिष्यं शिक्षयेच्छौचमादितः।
आचारमग्निकार्यं च संध्योपासनमेव च ॥ ६९ ॥

(६९) गुरु पहले अपने शिष्य को पवित्रता, आचार, अग्नि-सेवा, सन्ध्योपासन इन सब बातो को सिखावे तत्पश्चात् विद्या पढना।

अध्येष्यमाणस्त्वाचान्तो यथाशास्त्र मुदङ्मुखः।
ब्रह्माञ्जलिकृतोऽध्याप्यो लघुवासा जितेन्द्रियः ॥७०॥

(७०) शास्त्रानुसार शिष्य पढते समय आचमन करके पूर्व मुह कर हाथ जोड कर जितेन्द्रिय होकर छोटा कपडा पहन कर रहे।

ब्रह्मारम्भेऽवमाने च पादौ ग्राह्यौ गुरोः सदा।
संहत्य हस्तावध्येयं स हि ब्रह्माञ्जलिः स्मृतः ॥७१॥

(७१) नित्य पाठारम्भ और पाठान्त पर दोनों हाथों से गुरु के चरण छुए और गुरु की आज्ञा का पालन करे।

व्यत्यस्तपाणिना कार्यमुपसङ्ग्रहणं गुरोः ।
सव्येन सव्यः स्प्रष्टव्यो दक्षिणेन च दक्षिणः ॥७२॥

(७२) गुरु के सामने जाकर दाहिने हाथ से दाहिने पाँव और बायें हाथ से बायें पाँव को छुए।

अध्येष्यमाणं तु गुरुर्नित्यकालमतन्द्रितः ।
अधीष्व भो इति ब्रूयाद्विरामोऽस्त्विति चारमेत् ॥७३॥

(७३) गुरु आज्ञा दे तब शिष्य पढ़े और जब चुप रहने को कहे तब चुप रहे। तात्पर्य यह है कि गुरु आज्ञा से पढ़े और चुप रहे अर्थात् गुरु की आज्ञा बिना कोई कार्य न करे।

ब्राह्मणः प्रणवं कुर्यादादावन्ते च सर्वदा ।
स्रवत्यनोङ्कृतं पूर्वं पुरस्ताच्च विशीर्यति ॥७४॥

(७४) पाठ के आरम्भ और अन्त में प्रणव [ओंकार] कहे यदि न कहे तो पढ़ा हुआ विस्मृत [भूल] हो जाता है।

प्राक्कूलान्पर्युपासीनः पवित्रैश्चैव पावितः ।
प्राणायामैस्त्रिभिः पूतस्तत ओङ्कारमर्हति ॥७५॥

(७५) पूर्वाभिमुख कुशासन पर बैठ कर पवित्र मन्त्र से पवित्र होकर तीन बार प्राणायाम करे तब ओंकार अपने [कहने] योग्य होता है।

अकारं चाप्युकारं च मकारं च प्रजापतिः ।
वेदत्रयान्निरदुहद् भूर्भुवः स्वरितीति च ॥ ७६ ॥

(७६) अकार उकार मकार, तीनों पदार्थों का और भूर्भुवःस्व इनको भी ब्रह्माजी ने तीनों वेदों से निकाला है।

त्रिभ्य एव तु वेदेभ्यः पादं पादमदूदुहत् ।
तदित्यृचाऽस्याः सावित्र्याःपरमेष्ठी प्रजापति ॥७७॥

(७७) इन्ही ❀ तीन वेदो से ब्रह्माजी ने गायत्री मन्त्र के तीन पाद निकाले है ।

एतदक्षरमेतां च जपन्व्याहृति पूर्विकाम् ।
सन्ध्योर्वेदविद्विप्रो वेदपुण्येन युज्यते ॥ ७८॥

(७८) ॐ भू भुंव स्व इसको और गायत्री के तीनो चरणो को दोनो समय की सध्या मे वेद पढने वाला ब्राह्मण जप ले तो सब धर्म के फल को प्राप्त कर लेता है ।

सहस्रकृत्वस्त्वभ्यस्य वहिरेतत्त्रिकंद्विजः ।
महतोऽप्येनसो मासात्त्वचेवाहिर्विमुच्यते ॥ ७९ ॥

(७९) बाहर जाकर इन्ही तीनो को अर्थ सहित एक हजार बार एक मास तक जप करे [पढे] तो वडे पाप अर्थात् अज्ञान से छूट जाता है—जैसे साँप कैचुली से छूटता है ।

एतयर्चा विसंयुक्तः काले च क्रियया स्वया ।
ब्रह्मक्षत्रियविट्योनिर्गर्हणां याति साधुषु ॥८०॥

(८०) जो ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य इन तीनो को अपने समय पर नही जपता है उसकी साधु लोग निन्दा करते हैं। क्योकि वह उस ज्ञान से शून्य है जो जीव का धर्म है ।

ओंकारपूर्विकास्तिस्रो महाव्याहृतयोऽव्ययाः ।
त्रिपदा चैव सावित्री विज्ञेयं ब्रह्मणोमुखम् ॥८१॥

❀ ऋग्वेद से अर्थ सतवती अर्थात् पदार्थ प्रशसा वर्णन से है, और यजुर्वेद मे यज्ञ अर्थात् पदार्थों के सयुक्त करने की विध और सामवेद मे यज्ञो की उच्चता को वताने वाली गायत्री है ।

(८१) यही तीनों अर्थात् 'ॐ भूर्भुवः स्वः' गायत्री वेद का सार है और परमात्मा की प्राप्ति का द्वार है। क्योंकि शुद्धबुद्धि विना ज्ञान नही हो सकता और इस गायत्री से ज्ञान होता है।

योऽधीतेऽहन्यहन्येतांस्त्रीणि वर्षाण्यतन्द्रितः ।
स ब्रह्मपरमभ्येति वायुभूतः खमूर्त्तिमान् ॥ ८२ ॥

(८२) जो मनुष्य आलस्य त्याग तीन वर्ष पर्य्यन्त इन तीनों को जपे वह दर्वापि की नाई यज्ञ के सत्य-सत्य ज्ञान को प्राप्त होता है।

एकाक्षरं परं ब्रह्म प्राणायामः परं तपः ।
सावित्र्यास्तु परं नास्ति मौनात्सत्यं विशिष्यते ॥८३॥

(३) ॐ यह परब्रह्म है प्राण याम परतप गायत्री से कोई उत्तम नही है। मूक [चुप] रहने से सत्य बोलना अच्छा है।

क्षरन्ति सर्वा वैदिक्यो जुहोतियजतिक्रियाः ।
अक्षरं दुष्करं ज्ञेयं ब्रह्मचैव प्रजापतिः ॥ ८४ ॥

(८४) वेद में लिखित सब क्रिया नाशवान् है। क्योंकि जब तक शरीर है तब तक क्रिया और उसका फल रहता है। केवल ॐ द्वारा उत्पन्न ज्ञान ही सर्वदा स्थिर है।

विधियज्ञाज्जपयज्ञो विशिष्टो दशभिर्गुणैः ।
उपांशुः स्याच्छतगुणः साहस्रो मानसः स्मृतः ॥ ८५ ॥

(८५) यज्ञ से दश गुणा अधिक फल जप मे है और जप से दश गुणा अधिक न्यून शब्द से जिसको कोई न सुन सके इस प्रकार के जप मे है और मन में किया हुआ जप सहस्र गुणा अधिक फल देने वाला है।

ये पाकयज्ञाश्चत्वारो विधियज्ञ समन्विताः ।
सर्वे ते जपयज्ञस्य कलां नार्हन्ति षोडशीम् ॥८६॥

(८६) और जो चार पाकयज्ञ हैं और विधियज्ञ यह सब जप-यज्ञ के सोलहवे भाग को भी नही पहुँचते ।

जप्येनैव तु संसिद्ध्येद्ब्राह्मणो नात्रसंशयः ।
कुर्यादन्यन्नवा कुर्यान्मैत्रो ब्राह्मण उच्यते ॥ ८७ ॥

(८७) ब्राह्मण सब जीवो से प्रेम [प्रीति] रक्खे और केवल जप ही को करे तो सब सिद्धि प्राप्त हो सकती है । क्योकि सब सिद्धियो का मूल मन की एकाग्रता और ज्ञान है ।

इन्द्रियाणां विचरतां विषयेष्वपहारिषु ।
संयमे यत्नमातिष्ठेद्विद्वान्यन्तेव वाजिनाम् ॥८८॥

(८८) जिस प्रकार सारथी रथके घोडो को अपने अधिकार से इच्छानुसार चलाता है उसी प्रकार ससार के मनुष्यो को चाहिये कि वह परिश्रम और प्रयत्न करके विषयो से इन्द्रियो का सयम करें [रोकें]—अर्थात् आँख को रूप से, कान को सुनने से और नाक को सुगन्ध से और इसी प्रकार और इन्द्रियो को ।

एकादशेन्द्रियाण्याहुर्यानि पूर्वे मनीषिणः ।
तानि सम्यक्प्रवक्ष्यामि यथावदनुपूर्वशः ॥८९॥

(८९) प्राचीन विद्वानो ने जो ग्यारह इन्द्रियाँ बतलाई है अब उनको विस्तार पूर्वक कहता हूँ तुम उनको ध्यान से सुनो ।

श्रोत्रं त्वक्चक्षुषी जिह्वा नासिका चैव पञ्चमी ।
पायूपस्थं हस्तपादं वाक् चैव दशमी स्मृता ॥९०॥

(९०) १—श्रोत्र [कान], २—त्वक [खाल], ३—चक्षु [नेत्र, आखे], ४-जिह्वा [जीभ], ५-नासिका [नाक़हत-६]

(१००) उसम रीति से प्रयत्न करके मन आदि इन्द्रियों को वश में करके मुक्ति मार्ग और सांसारिक कार्यों को प्राप्त करना चाहिये और इस मध्य शरीर को भी नाश न होने दे।

पूर्वां सन्ध्यांजप स्तिष्ठेत्सावित्रीमर्कदर्शनात्।
पश्चिमां तु समासीन सम्यगृक्षविभावनात् ॥१०१॥

(१०१) प्रातःकाल सूर्योदय से पहिले संध्या के पश्चात् गायत्री का जप तब तक करता रहे जब तक सूर्य का दर्शन न हो और इसी प्रकार सन्ध्या समय जब तक नक्षत्र दिखलाई न दे।

पूर्वां संध्यां जपंस्तिष्ठन्नैशमेनो व्यपोहति।
पश्चिमांतुसमासीनोमलंहन्तिदिवाकृतम् ॥ १०२ ॥

(१०२) प्रातःकाल की सन्ध्या करने से रात्रि के पापों से मुक्त हो जाता है। और सायंकाल की सन्ध्या करने से दिन के पापो से मुक्त हो जाता है।

न तिष्ठति तु यः पूर्वां नोपास्तेयश्चपश्चिमाम्।
स शूद्रवद्बहिष्कार्यः सर्वस्माद्द्विजकर्मणः ॥१०३॥

(१०३) जो मनुष्य दोनो समय की सन्ध्या नहीं करता है वह शूद्रवत् द्विज कर्मों से बहिष्कार (बाहर) करने योग्य है। क्योंकि उसमे द्विजों का धर्म उपस्थित नही।

अपांसमीपे नियतो नैत्यकं विधिमास्थितः।
सावित्रीमप्यधीयीत गत्वारण्यं समाहितः ॥१०४॥

(१०४) अरण्य (जंगल) मे पानी के समीप यथाविधि बैठकर सावित्री (गायत्री) का जप करे।

वेदोपकरणे चैव स्वाध्याये चैव नैत्यके।
नानुरोधोऽस्त्यनध्याये होममन्त्रेषु चैव हि ॥१०५॥

(१०५) वेद के ६ अङ्ग हैं—शिक्षा, काव्य, व्याकरण, निरुक्त, छन्द ज्योतिष, इनके पढने और नित्यकर्म के करने मे अनध्याय अर्थात् त्रुटि न करे।

नैत्यके नास्त्यनध्यायो ब्रह्मसूत्रं हि तत्स्मृतत्।

ब्रह्माहुतिहुतं पुण्यमनध्यायवषट्कृतम् ॥ १०६ ॥

(१०६) नित्यकर्म मे जो मन्त्र पढे जाते हैं वह अनध्याय के दिन भी पुण्य से रिक्त नही हैं अर्थात् पुण्य देने वाले हैं।

यः स्वाध्यायमधीतेऽब्दं विधिना नियतः शुचिः।

तस्य नित्यं चरत्येष पयोदधिघृतं मधु ॥ १०७ ॥

(१०७) जो मनुष्य एक वर्ष तक यथाविधि नियम से वेद का स्वाध्याय करता है उसको वेद कामधेनु की नाईं ॐ दूध घी देता है।

अग्नीन्धनं भैक्षचर्यामधः शय्यांगुरोर्हितम्।

आसमावर्तनात्कुर्यात्कृतोपनयनोद्विजः ॥ १०८ ॥

(१०८) जिसका जनेऊ हो गया हो वह जब तक वेद को आद्योपात न पढ ले तब तक हवन करता रहे, भिक्षा मांगे पृथ्वी पर सोवे और गुरू के हित मे रत (लगा) रहे।

आचार्यपुत्रः शुश्रूषुर्ज्ञानदोधार्मिकः शुचिः।

आप्तः शक्तोऽर्थदः साधुः स्वोध्याप्योदश धर्मतः॥१०९॥

(१०९) १—आचार्यपुत्र, २—सेवक, ३—ज्ञानदाता, ४—धर्म करने वाला, ५—पवित्र रहने वाला, ६—आप्त, ७—सामर्थ्यवान (समथ), ८, साधु, ९—धनदाता और १०—स्वजाति वाला, यह दस पढाने योग्य हैं।

ॐ दूध घी से तात्पर्य सुख, यश और निर्भयता से है।

[हाथ] ७—पाद [पाँव] ८—मूत्रेन्द्रिय ९—मलेन्द्रिय १०—वाक (वाणी) यह दस हैं।

बुद्धीन्द्रियाणि पञ्चैषां श्रोत्रादीन्यनुपूर्वशः ।
कर्मेन्द्रियाणि पञ्चैषां पाय्वादीनि प्रचक्षते ॥९१॥

(९१) इन दस से प्रथम की पाँच ज्ञानेन्द्रिय कहलाती हैं और अन्त की पाँच कर्मेन्द्रिय कहलाती है।

एकादशं मनो ज्ञेयं स्वगुणेनोभयात्मकम् ।
यस्मिन् जिते जितावेतौ भवतः पञ्चकौ गणौ ॥९२॥

(९२) ग्यारहवाँ मन है जो अपने गुणों के कारण द्वारा ज्ञानेन्द्रिय और कर्मेन्द्रिय के नाम से बोला जाता है। मन के जीतने (वश में करने) से शेष दसों इन्द्रियाँ जीती जाती हैं।

इन्द्रियाणां प्रसङ्गेन दोषमृच्छत्यसंशयम् ।
संनियम्य तु तान्येव ततः सिद्धिं नियच्छति ॥९३॥

(९३) इन्द्रियों के संसर्ग से जीव दुःखी होता है और इन्द्रियों के सम्बन्ध के परित्याग से जीव सिद्धि प्राप्त करता है।

न जातु कामः कामानामुपभोगेन शाम्यति ।
हविषा कृष्णवर्त्मेव भूय एवाऽभिवर्धते ॥ ९४ ॥

(९४) मनको जिस वस्तु की इच्छा होती है उसके प्राप्त हो जाने पर भी तृप्त नहीं होता किन्तु इच्छा में वृद्धि होती है। जैसे अग्नि में पड़ने से घृत उत्तरोत्तर प्रदीप्त होती (बढ़ती) है।

यश्चैतान्प्राप्नुयात्सर्वान्यश्चैतान्केवलांस्त्यजेत् ।
प्रापणात्सर्वकामानां परित्यागो विशिष्यते ॥ ९५ ॥

(९५) जिसके समीप प्रत्येक आवश्यकीय (इच्छित) वस्तु

उपस्थित हैं और जो मनुष्य प्राप्त वस्तुओ को परित्याग कर देता है, इन दोनो मे से परित्याग कर देने वाला वडा है ।

न तथैतानि शक्यन्ते संनियन्तुमसेवया ।
विषयेषु प्रजुष्टानि यथा ज्ञानेन नित्यशः ॥९६॥

(९६) इच्छित आवश्यकीय पदार्थों का परित्याग भोग किये विना नही होता । क्योकि भोग करने से जव उनके दोष ज्ञात हो जाते है तव उनके परित्याग करने की इच्छा करता है ।

वेदास्त्यागश्च यज्ञाश्च नियमाश्च तपांसि च ।
नविप्रदुष्टभावस्य सिद्धिंगच्छन्तिकर्हिचित् ॥ ९७ ॥

(९७) दुष्ट और दुराचारी मनुष्य वेद पढने त्याग, नित्य यज्ञ, तप आदि और धर्म के कर्म करने से शुद्ध नही होता ।

श्रुत्वा स्पृष्ट्वा चदृष्ट्वाच भुक्त्वाघ्रात्वाचयोनरः ।
न हृष्यति ग्लायति वा सविज्ञेयो जितेन्द्रियः ॥९८॥

(९८) जो मनुष्य सुनने, छूने, देखने, भोगने और सू घने से न प्रसन्न होता है और न इनके विना अप्रसन्न होता है, वह जितेन्द्रिय कहलाता है ।

इन्द्रियाणां तु सर्वेषां यद्येकं क्षरतीन्द्रियम् ।
तेनास्य क्षरतिप्रज्ञादृतेः पात्रादिवोदकम् ॥ ९९ ॥

(९९) इन्द्रियो मे से यदि एक भी इन्द्रिय अपने विषय मे लगी कि वुद्धि नाश हो जाती है, जैसे चलनी से जल छन जाता है ।

वशे कृत्वेन्द्रियग्रामं संयम्य च मनस्तथा ।
सर्वान्संसाधयेदर्थानक्षिण्वन्योगतस्तनुम् ॥ १०० ॥

(१००) उत्तम रीति से प्रयत्न करके मन आदि इन्द्रियों को वश में करके मुक्ति मार्ग और सांसारिक कार्यों को प्राप्त करना चाहिये और इस मध्य शरीर को भी नाश न होने दे।

पूर्वां सन्ध्यांजप स्तिष्ठेत्सावित्रीमर्कदर्शनात् ।
पश्चिमां तु समासीन' सम्यगृक्षविभावनात् ॥१०१॥

(१ १) प्रातःकाल सूर्योदय से पहिले सन्ध्या के पश्चात् गायत्री का जप तब तक करता रहे जब तक सूर्य का दर्शन न हो और इसी प्रकार सन्ध्या समय जब तक नक्षत्र दिखाई न दे।

पूर्वां सन्ध्यां जपस्तिष्ठन्नैशमेनो व्यपोहति ।
पश्चिमांतुसमासीनोमलंहन्तिदिवाकृतम् ॥ १०२ ॥

(१०२) प्रातःकाल की सन्ध्या करने से रात्रि के पापों से मुक्त हो जाता है। और सायंकाल की सन्ध्या करने से दिन के पापों से मुक्त हो जाता है।

न तिष्ठति तु य पूर्वां नोपास्तयश्चपश्चिमा (।
स शूद्रवद्बहिष्कार्य सर्वस्माद्द्विजकर्मण' ॥१०३॥

(१ ३) जो मनुष्य दोनों समय की सन्ध्या नहीं करता है वह शूद्रवत् द्विज कर्मों से बहिष्कार (बाहर) करने योग्य है। क्योंकि उसमें द्विजों का धर्म उपस्थित नहीं।

अपांसमीपे नियतो नैत्यक विधिमास्थितः ।
सावित्रीमप्यधीयीत गत्वारण्य समाहितः ॥१०४॥

(१०४) अरण्य (जंगल) में पानी के समीप यथाविधि बैठकर सावित्री (गायत्री) का जप करे।

वेदोपकरणे चैव स्वाध्याये चैव नैत्यके ।
॥ नानुरोधोऽस्त्यनध्याये होममन्त्रेषु चैव हि ॥१०५॥

(१०५) वेद के ६ अङ्ग हैं—शिक्षा, काव्य, व्याकरण, निरुक्त, छन्द ज्योतिष, इनके पढने और नित्यकर्म के करने मे अनध्याय अर्थात् त्रुटि न करे।

नैत्यके नास्त्यनध्यायो ब्रह्मसूत्रं हि तत्स्मृतत्।
ब्रह्माहुतिहुतं पुण्यमनध्यायवषट्कृतम् ॥ १०६ ॥

(१०६) नित्यकर्म मे जो मन्त्र पढे जाते हैं वह अनध्याय के दिन भी पुण्य से रिक्त नही हैं अर्थात् पुण्य देने वाले हैं।

यः स्वाध्यायमधीतेऽब्दं विधिना नियतः शुचिः।
तस्य नित्यं क्षरत्येष पयोदधिघृतं मधु ॥ १०७ ॥

(१०७) जो मनुष्य एक वर्ष तक यथाविधि नियम से वेद का स्वाध्याय करता है उसको वेद कामधेनु की नाई * दूध घी देता है।

अग्नीन्धनं भैक्षचर्यामधः शय्यांगुरोर्हितम्।
आसमावर्तनात्कुर्यात्कृतोपनयनोद्विजः ॥ १०८ ॥

(१०८) जिसका जनेऊ हो गया हो वह जब तक वेद को आद्योपात न पढ ले तब तक हवन करता रहे, भिक्षा मांगे पृथ्वी पर सोवे और गुरू के हित मे रत (लगा) रहे।

आचार्यपुत्रः शुश्रूषुर्ज्ञानदो धार्मिकः शुचिः।
आप्तः शक्तोऽर्थदः साधुः स्वोध्याप्योदश धर्मतः॥१०९॥

(१०९) १—आचार्यपुत्र, २—सेवक, ३—ज्ञानदाता, ४—धर्म करने वाला, ५—पवित्र रहने वाला, ६—आप्त, ७—सामर्थ्यवान (समर्थ), ८, साधु, ९—धनदाता और १०—स्वजाति वाला, यह दस पढाने योग्य है।

---

* दूध घी से तात्पर्य सुख, यश और निर्भयता से है।

ना पृष्टः कस्यचिद्ब्रूयान्न चान्यायेन पृच्छतः ।
जानन्नपि हि मेधावी जडवल्लोक आचरेत् ॥११०॥

(११०) बिना पूछे किसी से कोई बात न कहे छल से पूछे तो भी न कहे । बुद्धिमान् पुरुष प्रत्येक विषय से जानकार होने पर भी संसार में जड़वत् रहे ।

अधर्मेण च यः प्राह यश्चाधर्मेण पृच्छति ।
तयोरन्यतरः प्रैति विद्वेषं वाधिगच्छति ॥ १११ ॥

(१११) जो मनुष्य अधर्म से पूछता है और जो अधर्म से कहता है उन दोनों में से एक मर जाता है अथवा शत्रुता उत्पन्न हो जाती है ।

धर्मार्थौ यत्र न स्यातां शुश्रूषा वाऽपि तद्विधा ।
तत्र विद्या न वक्तव्या शुभं बीजमिवोषरे ॥११२॥

(११२) जहां धर्म अर्थ और सेवा शास्त्रानुसार नहीं है वहां विद्या न सिखाना । क्योंकि उत्तम और उपजाऊ बीज ऊसर भूमि मे नहीं बोया जाता ।

विद्ययैव समं कामं मर्तव्यं ब्रह्मवादिना ।
आपद्यपि हि घोरायां नत्वेनामिरिणे वपेत् ॥११३॥

(११३) विद्वान् मनुष्यों को चाहिये कि उनकी विद्या चाहे उनके साथ ही चली जाय किन्तु कुपात्र और दुराचारी मनुष्य को विद्या न पढ़ावे ।

विद्याब्राह्मणमेत्याह शेवधिस्तेऽस्मि रक्ष माम् ।
असूयकाय मां मादास्तथा स्यां वीर्यवत्तमा ॥११४॥

(११४) विद्या ब्राह्मणों से कहती है कि मैं तुम्हारी

सम्पत्ति हूँ, मेरी रक्षा करो और जो लोग वेद की इच्छा नही करते उनको मुझे न दो तो मैं पूर्ण कला से तुम्हारे पास रहूँगी।

यमेव तु शुचिं विद्यान्नियतब्रह्मचारिणम् ।
तस्मै मां ब्रूहि विप्राय निधिपायाऽप्रमादिने ॥११५॥

(११५) जिस ब्राह्मण को पवित्र ब्रह्मचारी, सम्पत्ति की रक्षा करने वाला, और बुद्धिमान् जानो उस ब्राह्मणको मुझे दो।

ब्रह्म यस्त्वननुज्ञातमधीयानादवाप्नुयात् ।
स ब्रह्मस्तेयसंयुक्तो नरकं प्रति पद्यते ॥ ११६ ॥

(११६)जो लोग बिना गुरु के वेद को सुन-सुना कर सीखते हैं वह वेद के चोर हैं । क्योकि वेद का सत्य अर्थ गुरु बिना नही जाना जा सकता है। और वेद का अशुद्ध अर्थ करने वाला नरकगामी होता है।

लौकिकं वैदिकं वापि तथाध्यात्मिकमेव च ।
आददीत यतो ज्ञानं तं पूर्वमभिवादयेत् ॥ ११७ ॥

(११७) जिससे लौकिक ज्ञान, वैदिक ज्ञान व ब्रह्मज्ञान सीखे उसको पहिले अभिवादन (प्रणाम) करे।

सावित्री मात्रसारोऽपि वर विप्रः सुयन्त्रितः ।
नायन्त्रितस्त्रिवेदोऽपि सर्वाशी सर्वविक्रयी ॥११८॥

(११८) जो पुरुष केवल सावित्री (गायत्री) को पढा हो और शास्त्रानुसार नियम से रहता हो वह मान्य और आदरणीय है। और तीनो वेदो को पढा हो परन्तु सब वस्तुओ को बेचने वाला, अपवित्र पदार्थ भक्षी और शास्त्र प्रतिकूल कर्म करने वाला हो, वह मान्य तथा आदरणीय नही है।

शय्यासनेऽध्याचरिते श्रेयसा न समाविशेत् ।
शय्यासनस्थश्चैवैनं प्रत्युत्थायाभिवादयेत् ॥११६॥

(११९) वृद्ध पुरुष जिस आसन (गद्दी) पर बैठे हों उस पर आप न बैठे और यदि बैठा हो तो उठ कर प्रणाम करे।

ऊर्ध्वं प्राणा ह्युत्क्रामन्ति यूनः स्थविर आयति ।
प्रत्युत्थानाभिवादाभ्यां पुनस्तान् प्रतिपद्यते ॥१२०॥

(१२) वृद्ध पुरुषों के आगे से छोटों के प्राण ऊपर को उठते हैं और छोटे लोग जब उठ कर प्रणाम करते हैं तो उससे वे प्राण स्थिर हो जाते हैं।

अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः ।
चत्वारि तस्य वर्द्धन्ते आयुर्विद्यायशोबलम् ॥१२१॥

(१२१) जो मनुष्य बड़े लोगों को सदैव प्रणाम करता है। उसकी आयु, यश विद्या और बलधारों की वृद्धि होती है।

अभिवादात्परं विप्रो ज्यायांसमभिवादयन् ।
असौनामाहमस्मीति स्वं नामपरिकीर्तयेत् ॥१२२॥

(१२२) प्रणाम करने के पश्चात् वृद्धों से यह कहे कि मैं अमुक नाम का मनुष्य हूँ।

नामधेयस्य ये केचिदभिवादं न जानते ।
तान्प्राज्ञोऽहमिति ब्रूयात्स्त्रियः सर्वास्तथैव च ॥१२३॥

(१२३) जो मनुष्य प्रणाम करने के शब्द या वाक्य को नहीं जानता है वह केवल अपने ही नाम को कहे और स्त्रियां भी ऐसा ही करें।

भोः शब्दं कीर्तयेदन्ते स्वस्य नाम्नोऽभिवादने ।
नाम्नां स्वरूपभावो हि भोभाव ऋषिभिः स्मृतः॥१२४॥

(१२४) प्रणाम करने के समय अपने नाम के अन्त मे 'भो' शब्द को कहे । "भो' शब्द नाम का वताने वाला है यह ऋषियो ने कहा है ।

आयुष्मान्भव सौम्येति वाच्यो विप्रोऽभिवादने ।
अकारश्चास्य नाम्नोऽन्ते वाच्यःपूर्वाक्षरःप्लुतः।।१२५।

(१२५) आशीर्वाद देने मे 'आयुष्मान भव' ऐसा कहना चाहिये । नाम के अन्त मे अकारादि स्वर को प्लुत अर्थात् त्रिमात्रात्मक कहना चाहिये ।

यो न वेत्त्यभिवादस्य विप्रः प्रत्यभिवादनम् ।
नाभिवाद्यः स विदुषा यथाशूद्रस्तथैवसः ।।१२६।।

(१२६) जो मनुष्य आशीर्वाद देने के वाक्य को नहीं जानता है उसको प्रणाम न करना चाहिये क्योकि वह शूद्रवत् है ।

ब्राह्मणं कुशलं पृच्छेत्क्षत्रवन्धुमनामयम् ।
वैश्यं क्षेमं समागम्यशूद्रमारोग्यमेव च ।।१२७।।

(१२७) ब्राह्मण से कुशल, क्षत्रिय से अनामय, वैश्य से क्षेम और शूद्र से आरोग्यता पूछना चाहिये ।

अवाच्यो दीक्षितो नाम्ना यवीयानपियो भवेत् ।
भोभवत्पूर्वकं त्वेनमभिभाषेत धर्मवित् ।। १२८ ।।

(१२८) जो पुरुष अपने से छोटा है और यज्ञ करता है उसको यज्ञ मे भो भवत् शब्द से वोलना (पुकारना) चाहिये नाम लेना अनुचित है ।

परपत्नी तु या स्त्री स्यादसंबन्धा च योनितः ।
तां ब्रूयाद्भवतीत्येवं सुभगे भगिनीति च ।।१२९।।

(१२९) जिस स्त्री से किसी प्रकार का सम्बन्ध नहीं है उसको सुभगे भवती भगिनी कह कर पुकारना चाहिये।

मातुलांश्च पितृव्यांश्च श्वशुरानृत्विजो गुरून्।
असावहमिति ब्रूयात्प्रत्युत्थाय यवीयस ॥१३०॥

(१३०) मातुलो (मामाओं) चचा श्वसुर (ससुर) यज्ञ करने वाला गुरु यह सब अपनी आयु से छोटे भी हों तो भी उनको यह कह र कि मैं अमुक हूँ उठकर प्रणाम करना चाहिये।

मातृष्वसा मातुलानी श्वश्रूरथ पितृष्वसा।
सपूज्या गुरुपत्नीवत् समस्ता गुरुभार्यया ॥१३१॥

(१३१) मोसी मातुलानी (माईं) सासु, फूफी (बुआ) यह सब गुरु पत्नी के समान हैं। अतएव इनकी पूजा व आदर गुरु-पत्नी की नाईं करना चाहिये।

भ्रातुभार्योपसंग्राह्या सवर्णाऽहन्यहन्यपि।
विप्रोष्य तूपसंग्राह्या ज्ञातिसम्बन्धियोषित ॥१३२॥

(१३२) बड़े भ्राता की भार्या (स्त्री पत्नी) या जो स्व जाति (बड़े) भाई की स्त्री हो सदैव उसका पांव छू कर प्रणाम करे और स्वजाति की सम्बन्धिनी (नातेदार रिश्तेदार) स्त्री का भी पांव छू कर प्रणाम करे। परन्तु जब विदेश से आकर अपने देश में निवास करे तब पांव न छुए केवल प्रणाम करे।

पितुर्भगिन्यांमातुस्स्वन्यायस्यांचस्वसर्यपि।
मातृवद्वृत्तिमातिस्ठेन्माताताभ्यांगरीयसी॥ १३३॥

(१३३) फूफी मोसी बड़ी बहन इन सब को माता के तुल्य जाने किन्तु माता उन सब से बड़ी अर्थात् मान्य व आदरणीय है।

दशाब्दाख्यं पौरसख्यं पञ्चाब्दाख्यं कलाभृताम् ।
त्र्यब्दपूर्वं श्रोत्रियाणां स्वल्पेनापि स्वयोनिषु ।१३४।।

(१३४) एक गाव अथवा एक शहर के निवासी गुण से रहित हों और दश वर्ष वडे हो तो उनके साथ मित्रता का व्यवहार होता है, और गुणी हो और पाच वर्ष वडे हो तो उनके साथ भी मित्रता का व्यवहार होता है और वेद पढे हो और तीन वर्ष वडे हो तो भी मित्रता का व्यवहार होता है। सम्बन्धी हो तो अल्प समय ही मे मित्रता होती है। यदि ऊपर लिखे आयु से अधिक अवस्था वाला हो तो वृद्ध और मान्य है।

ब्राह्मणं दशवर्षं तु शतवर्षं तु भूमिपम् ।
पितापुत्रौ विजानीयाद्ब्राह्मणस्तु तयोः पिता ।।१३६।।

(१३५) ❀दस वर्ष का ब्राह्मण और सौ वर्ष का क्षत्रिय दोनो आपस मे बाप-बेटे की नाई रहे । उनमे ब्राह्मण पितावत् और क्षत्रिय पुत्रवत् रहते ।

वित्तं बन्धुर्वयः कर्म विद्या भवति पञ्चमी ।
एतानि मान्यस्थानानि गरीयो यद्यदुत्तरम् ।१३६।।

(१३६) १–धन, २–बन्धु (सम्बन्धी), ३–आयु, ४–कर्म, ५–विद्या, यह पाचो मान्य तथा आदरणीय हैं । इनमे पहले से दूसरा, दूसरे से तीसरा इस ही प्रकार एक दूसरे से पूज्य (उत्तम) हैं।

❀ यह श्लोक मिलाया हुआ है क्योकि जब तक ब्रह्मचर्य आश्रम पूर्ण नही होता तब तक ब्राह्मण हो नही सकता । और दस वर्ष मे ब्रह्मचर्य किसी प्रकार भी पूर्ण नही हो सकता ।

पञ्चानां त्रिषु वर्णेषु भूयांसि गुणवन्ति च ।
यत्र स्यु: सोऽत्र मानार्हः शूद्रोऽपि दशमीं गतः ॥१३७॥

(१३७) ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य इनमें से जिसके पास पाँच वस्तुओं में से कोई भी वस्तु अधिक हो वही आदरणीय है और ६० वर्ष से अधिक शूद्र भी आदरणीय है।

चक्रियो दशमीस्थस्य रोगिणो भारिणः स्त्रियाः ।
स्नातकस्य च राज्ञश्च पन्था देयो वरस्य च ॥१३८॥

(१३८) रथारूढ़ ९० वर्ष से अधिक आयु वाला रोगी भार (बोझ) वाला स्त्री स्नातक (ब्रह्मचारी) राजा और वर (दूल्हा) इनमें से कोई एक आता हो उसको पथ (रास्ता) दे अर्थात् आप एक ओर हो जावे ।

तेषां तु समवेतानां मान्यौ स्नातकपार्थिवौ ।
राजस्नातकयोश्चैव स्नातको नृपमानभाक् ॥१३९॥

(१३९) उपरोक्त मनुष्य राजा को रास्ता देवें और राजा ब्रह्मचारी को आता देखकर रास्ते से हट जावे ।

उपनीय तु यः शिष्यं वेदमध्यापयेद्द्विजः ।
सकल्पं सरहस्यं च तमाचार्यं प्रचक्षते ॥१४०॥

(१४०) जो यज्ञोपवीत पहना कर वेद वेदांग और उसके व्याख्यान को सम्योचित रीति से पढ़ाता है वह आचार्य कहलाता है ।

एकदेशं तु वेदस्य वेदाङ्गान्यपि वा पुनः ।
योऽध्यापयति वृत्त्यर्थमुपाध्यायः स उच्यते ॥१४१॥

(१४१) वेद का एक देश और वेद के छः अङ्ग इन सब

की जीविका के लिए जो पढाता है वह उपाध्याय कहलाता है।

निषकादीनि कर्माणि यः करोति यथाविधि।
संभावयति चान्नेन स विप्रो गुरुरुच्यते ॥१४२॥

(१४२) जो गर्भाधानादि सस्कारो को यथा विधि करता है वह ब्राह्मण गुरु कहलाता है।

अग्न्याधेयं पाकयज्ञानग्निष्टोमादिकान्मखान्।
यः करोति वृतो यस्य स तस्यर्त्विगिहोच्यते ॥१४३॥

(१४३) जो मनुष्य अग्निहोत्र कर्म, पाक यज्ञ (अष्टका श्राद्ध अग्निष्टोम आदि मखो (यज्ञो) को कराता है वह ऋत्विज कहलाता है।

य आवृणोत्यवितथं ब्राह्मणः श्रवणावुभौ।
स माता स पिता ज्ञेयस्तं न द्रुह्येत्कदाचन ॥१४४॥

(१४४) जो दोनो कानो को वेद से भरता है वह माता-पितावत् है। उससे कभी शत्रुता न करनी चाहिये।

उपाध्यायाद्दशाचार्य आचार्याणां शतं पिता।
सहस्रं तु पितृन्माता गौरवेणातिरिच्यते ॥१४५॥

(१४५) उपाध्यायसे दशगुणा आचार्य मान्य है, आचार्य से सौ गुणा पिता मान्य है और पिता से सहस्र गुणी अधिक माता मान्य है।

उत्पादकब्रह्मदात्रोर्गरीयान्ब्रह्मदः पिता।
ब्रह्म जन्म हि विप्रस्य प्रेत्य चेह च शाश्वतम् ॥१४६॥

(१४६) जन्म दाता और वेद पढाने वाला दोनो मे से वेद पढाने वाला बडा है। वेद पढने से जो जन्म होता है वह जन्म अविनाशी है।

कामान्माता पिताचैनं यदुत्पादयतो मिथः ।
सम्भूतिं तस्य तां विद्याद्योनावभिजायते ॥१४७॥

(१४७) माता पिता काम वश होकर पुत्र उत्पन्न करते हैं । अतएव उत्पत्ति स्थान है ।

आचार्यस्त्वस्य यां जातिं विधिवद्वेदपारगः ।
उत्पादयति सावित्र्या सा सत्या साऽजरामरा ॥१४८॥

(१४८) जो जन्म गायत्री करके (द्वारा) आचार्य करता है वह जन्म सत्य (ठीक) और अजर अमर (अविनाशी) है ।

अल्पं वा बहु वा यस्य श्रुतस्योपकरोति यः ।
तमपीह गुरुं विद्याच्छ्रुतोपक्रियया तया ॥१४९॥

(१४९) अल्प वा बहुत वेद के पढ़ाने से जो उपकार करता है उसको भी गुरु समझना चाहिये ।

ब्राह्मस्य जन्मनः कर्ता स्वधर्मस्य च शासिता ।
बालोऽपि विप्रो वृद्धस्य पिता भवति धर्मतः ॥१५०॥

(१५०) वेद पढाने वाला ब्राह्मण आयु में चाहे जितना छोटा हो परन्तु वह गुरु ही कहलाता है । क्योंकि ज्ञान से ही जीवात्मा का (वृद्धत्व) बड़प्पन है आयु से नहीं।

अध्यापयामास पितॄन्शिशुराङ्गिरसः कविः ।
पुत्रका इति होवाच ज्ञानेन परिगृह्य तान् ॥ १५१ ॥

(१५१) अंगिरा के बेटे ने अपने चचा को पढ़ाया और बेटा कहा इस कारण से कि वह ज्ञान में बड़ा था ।

ते तमर्थमपृच्छन्त देवानागतमन्यवः ।
देवाश्चैतान्समेत्योचुर्न्याय्यं वः शिशुरुक्तवान्॥१५२॥

(१५२) इस कारण से चचा क्रुद्ध होकर देवताओ से पूछने गया। देवताओ ने उत्तर दिया कि उस वालक (शिशु) ने अच्छा कहा।

अज्ञो भवति वै बालः पिता भवति मन्त्र दः।
अज्ञं हि बालमित्याहुः पितेत्येव तु मन्त्रदम् ॥१५३॥

(१५३) क्योकि जो कुछ नही जानता वह बालक कहलाता है और जो मन्त्र देता है वह पिता कहलाता है।

न हायनैर्न पलितैर्न वित्तेन न वन्धुभिः।
ऋषयश्चक्रिरे धर्म योऽनूचानः स नो महान् ॥१५४॥

(१५४) वयोवृद्धि, धनवान्, और वहुत बान्धवो वाला होने से वडा नही कहलाता। वरन् सागोपाग वेद पढने वाला वडा है यह ऋषियो का वचन है।

विप्राणां ज्ञानतो ज्यैष्ठ्यं क्षत्रियाणां तु वीर्यतः।
वैश्यानां धान्यधनतः शूद्राणामेव जन्मतः ॥१५५॥

(१५५) ब्राह्मणो मे ज्ञान से ज्येष्ठता है, क्षत्रियो मे बल से, वैश्यो मे धन से और शूद्रो मे आयु से ज्येष्ठता (बडप्पन) मानी जाती है।

न तेन वृद्धो भवति येनास्य पलितं शिरः।
यो वै युवाप्यधीयानस्तं देवाः स्थविरं विदुः॥१५६॥

(१५६) केशो के श्वेत होने से वडा नही कहलाता, वरन् जो कोई युवा है और विद्वान् है उसीको देवताओ ने बडा कहा है।

यथा काष्ठमयो हस्ती यथा चर्ममयो मृगः।
यश्च विप्रोऽनधीयानस्त्रयस्ते नाम बिभ्रति ॥१५७॥

(१५७) काठ का हाथी चमड़े का मृग (हिरन) मूर्ख ब्राह्मण यह तीनों नाम मात्र को हैं। कुछ कार्य नहीं कर सकते।

यथा षण्ढोऽफलः स्त्रीषु यथा गौर्गवि चाफला।
तथा चाज्ञेऽफलं दानं तथा विप्रोऽनृचोऽफलः ॥१५८॥

(१५८) जिस प्रकार नपुंसक पुरुष स्त्रियों में और (बांझ) गऊ गउओं मे निष्फल है और जिस प्रकार मूर्ख ब्राह्मण को दान देना निष्फल है उसी प्रकार कुपढ़ ब्राह्मण निष्फल है।

अहिंसयैव भूतानां कार्यं श्रेयोऽनुशासनम्।
वाक्चैव मधुरा श्लक्ष्णा प्रयोज्या धर्ममिच्छता ॥१५९॥

(१५९) ऐसे काम की आज्ञा देनी चाहिये जिसमें किसी जीव को कष्ट न हो। और धर्मात्मा पुरुष को मीठी वाणी बोलनी चाहिये।

यस्य वाङ्मनसी शुद्धे सम्यग्गुप्ते च सर्वदा।
स वै सर्वमवाप्नोति वेदान्तोपगतम् फलम् ॥१६०॥

(१६) जिसकी वाणी और मन शुद्ध है सर्वदा माया से बचा हुआ है वह वेदान्त के फल को पाता है।

नारुंतुदः स्यादार्तोऽपि न परद्रोहकर्मधीः।
यस्यास्योद्विजते वाचा नालोक्यां तामुदीरयेत् ॥१६१॥

(१६१) दु:खी होने पर भी ऐसी बात न कहे कि जिससे किसी के चित्त पर आघात लगे (दुखी हो) और कभी डाह न करे।

सम्मानाद्ब्राह्मणो नित्यमुद्विजेत विषादिव।
अमृतस्येव चाकांक्षेदवमानस्य सर्वदा ॥ १६२ ॥

(१६२) ब्राह्मण सम्मान को विषवत् और अपमान को अमृत तुल्य समझता रहे ।

सुखं ह्यवमतः शेते सुखं च प्रतिबुध्यते ।
सुखं चरति लोकेऽस्मिन्नवमन्ता विनश्यति ॥१६३॥

(१६३) अपमानित पुरुष प्रसन्नता से सोता, जागता और फिरता है और अपमान करने वाला मर जाता है ।

अनेन क्रमयोगेन संस्कृतात्मा द्विजः शनैः ।
गुरौ वसन्संचिनुयाद्ब्रह्माधिगमिकं तपः ॥१६४॥

(१६४) इस प्रकार ससार को,पाकर धीरे-धीरे गुरुकुल मे वास करता हुआ ब्रह्म को प्राप्त करने वाले तप को करे जिस से शान्ति मिले ।

तपोविशेषैर्विविधैर्व्रतैश्च विधिचोदितैः ।
वेदःकृत्स्नोऽधिगन्तव्यःसरहस्यो द्विजन्मना ॥१६५॥

(१६५) भिन्न-भिन्न तप और व्रत को करके वेद को गुप्त विद्या सहित पढे क्योकि चैतन्य जीवात्मा ज्ञान बिना उन्नति नही कर सकता ।

वेदमेव सदाभ्यस्येत्तपस्तप्स्यन्द्विजोत्तमः ।
वेदाभ्यासो हि विप्रस्य तपः परमिहोच्यते ॥१६६॥

(१६६) ब्राह्मण तप करता हुआ वेद ही को पढे । यही उसका बडा तप है ।

आ हैव स नखाग्रेभ्यः परमं तप्यते तपः ।
यःस्रग्व्यपि द्विजोऽधीतस्वाध्यायंशक्तितोऽन्वहम्॥१६७॥

(१६७) नख से शिखा पर्य्यन्त परम तप वह करता है जो माला पहने हुए बलानुसार नित्य वेद को पढ़ता है (अर्थात ब्रह्मचारी को माला पहनाना वर्जित है अत वर्जित कार्य करने पर भी यदि वेद को पढ़ा करे तो वह भी तप ही है) ।

योऽनधीत्य द्विजो वेदमन्यत्र कुरुते श्रमम् ।
स जीवन्नेव शूद्रत्वमाशु गच्छति सान्वयः ॥१६८॥

(१६८) जो ब्राह्मण वेद का पढ़ना त्याग कर शास्त्रों के अध्ययन मे परिश्रम करता है वह जीवन पर्यन्त अपने कुल सहित शूद्र भाव को प्राप्त होता है ।

मातुरग्रेऽधिजननं द्वितीयं मौञ्जिबन्धने ।
तृतीयं यज्ञदीक्षायां द्विजस्य श्रुतिचोदनात् ॥१६९॥

(१६९) वेद मे ब्राह्मण के तीन जन्म लिखे है पहला जन्म माता से दूसरा जनेऊ होने से और तीसरा यज्ञ करने से ।

तत्र यद्ब्रह्मजन्मास्य मौञ्जीबन्धनचिह्नितम् ।
तत्रास्य माता सावित्री पिता त्वाचार्य उच्यते ॥१७०॥

(१७०) जिसमे जनेऊ होने से जो जन्म होता है उसमें गायत्री माता है और आचार्य पिता है ।

वेदप्रदानादाचार्यं पितरं परिचक्षते ।
नह्यस्मिन्युज्यते कर्म किंचिदामौञ्जिबन्धनात् ॥१७१॥

(१७१) वेद के पढ़ाने से आचार्य पिता कहलाता है। जब तक जनेऊ नही होता तब तक मनुष्य का उद्धार किसी द्विज कर्म मे नही होता क्योकि जनेऊ बिना प्रत्येक मनुष्य शूद्र है ।

नाभिव्याहारयेद्ब्रह्म स्वधानिनयनादृते ।
शूद्रेण हि समस्तावद्यावद्वेदेन जायते ॥ १७२ ॥

(१७२) विना जनेऊ हुए पुत्र का अधिकार श्राद्ध करने मे नही होता है । किन्तु शूद्र तुल्य होता है ।

कृतोपनयनस्यास्य व्रतादेशनमिष्यते ।
ब्रह्मण ग्रहणं चैव क्रमेण विधिपूर्वम् ॥ १७३ ॥

(१७३) जनेऊ के पश्चात् व्रत करना चाहिये और यथा विधि वेद पढना चाहिये । यही मनुष्य का जीवन-फल है ।

यद्यस्य विहितं चर्म यत्सूत्रं या च मेखला ।
यो दण्डी यच्च वसनं तत्तदस्य व्रतेष्वपि ॥१७४॥

(१७४) जिसकी जो मेखला, जो चर्म, जो सूत, जो दण्ड, जो कपडा है यही व्रत मे भी रहे ।

सेवतेमांस्तु नियमान्ब्रह्मचारी गुरो वसन् ।
सन्नियम्येन्द्रियग्रामं तपोवृद्धयर्थमात्मनः ॥१७५॥

(१७५) ब्रह्मचारी गुरुकुल वास कर इन्द्रिय-निग्रह (इन्द्रियो को वश मे) करके अपने तप की उन्नति के हेतु निम्न-लिखित विधि से कार्य करे ।

नित्यं स्नात्वा शुचिः कुर्याद्देवर्षिपितृतर्पणम् ।
देवताभ्यर्चनं चैव समिदाधानमेव च ॥ १७६ ॥

(१७६) नित्य स्नान कर शुचि (शुद्ध पवित्र) हो देवर्षि पितृ-तर्पण करके देवताओ का पूजन करे और अग्निमे हवन करे ।

वर्जयेन्मधुमाँसं च गन्धं माल्यं रसान्स्त्रियः ।
शुक्तानि यानि सर्वाणि प्राणिनां चैव हिंसनम् ॥१७७॥

(१७७) शराब मांस गन्ध माला रस स्त्री जीव हत्या ब्रह्मचारी को सदैव वर्जित है (कभी न करना चाहिये)।

अभ्यंगमञ्जनं चाक्ष्णोरुपानच्छत्रधारणम् ।
कामं क्रोधं च लोभं च नर्तनं गीतवादनम् ॥१७८।

(१७८) उबटन का अंग पूजा छतरी काम क्रोध लोभ वासना गाना बजाना।

द्यूतं च जनवादं च परिवादं तथानृतम् ।
दाराणां प्रेक्षणालम्भमुपघातं परस्य च ॥१७९॥

(१७९) द्यूत (जुआ) किसी का मिथ्या दोष वरणन करना स्त्री दर्शन स्त्री सम्भाषण दूसर की कुचेष्टा इन सब बातों से दूर रहे।

एकः शयीत सर्वत्र न रेतः स्कन्दयेत्क्वचित् ।
कामाद्धि स्कन्दयन्रेतो हिनस्ति व्रतमात्मनः ॥१८०॥

(१८०) अकेला सोवे वीर्य को न गिरावे और जो काई वीर्य को गिराता है वह अपना व्रत नाश कर देता है।

स्वप्ने सिक्त्वा ब्रह्मचारी द्विजः शुक्रमकामतः ।
स्नात्वार्कमर्चयित्वा त्रिः पुनर्मामित्यृचं जपेत्॥ १८१ ॥

(१८१) यदि स्वप्न मे बिना इच्छा शुक्र (वीर्य) गिर जाए तो स्नान करके सूर्य की पूजा करके 'पुनर्माम्' इस मन्त्र का तीन बार जप करे।

उदकुम्भं सुमनसो गोशकृन्मृत्तिकाकुशान् ।
आहरेद्यावदर्थानि भैक्षं चाहरहश्चरेत् ॥ १८२ ॥

(१८२) जल का घड़ा फूल गोबर मिट्टी कुश इन सबको आवश्यकतानुसार लावे और नित्य भीख मांग कर भोजन करे।

वेदयज्ञैरहीनानां प्रशस्तानां स्वकर्मसु ।
ब्रह्मचार्याहरेद्भैक्षं गृहेभ्यः प्रयतोऽन्वहम् ॥१८३॥

(१८३) जो मनुष्य वेद, यज्ञ और अपने शुभ कर्मो करके युक्त हो, उसके गृह (घर) से भिक्षा (भीख) लावे ।

गुरोः कुले न भिक्षेत न ज्ञातिकुलबन्धुषु ।
अलाभे त्वन्यगेहानां पूर्वं पूर्वं विवर्जयेत् ॥ १८४ ॥

(१८४) गुरु के कुल मे, जाति के कुल मे, भाई के कुल मे भिक्षा न मागे । यदि कही भिक्षा न मिले तो पूर्व पूर्व (प्रथम प्रथम) को त्याग कर दूसरे दूसरे से मागे ।

सर्वं वापि चरेद्ग्रामं पूर्वोक्तानामसंभवे ।
नियम्य प्रयतो वाचमभिशस्तांस्तु वर्जयेत् ॥१८५॥

(१८५) जो ऐसे घर न हो तो सारे गाव मे मौन धारण कर और इन्द्रियो को वश कर भिक्षा मागे, किन्तु पापियो का घर त्याग दे ।

दूरादाहृत्य समिधः संनिदध्याद्विहायसि ।
सायंप्रातश्च जुहुयात्ताभिरग्निमतन्द्रितः ॥ १८६ ॥

(१८६ दूर से लकडी लाकर पृथ्वी से ऊपर आकाश मे (ऊँचे पर) रक्खे उसी से प्रात साय हवन करे, आलस्य न करे ।

अकृत्वा भैक्षचरणमसमिध्य च पावकम् ।
अनातुरः सप्तरात्रमवकीर्णिव्रतं चरेत् ॥ १८७ ॥

(१८७) यदि सामर्थ्य हो तो सात दिवस तक भीख न मागे और अग्नि मे हवन न करे । अवकीर्णि नाम व्रत (जो आगे कहेगे) करे ।

मैचाया वर्तयेमित्य नैकान्नादी भवेद्व्रती ।
मैक्षेण व्रतिनो वृत्तिरुपवाससमा स्मृता ॥ १८८ ॥

(१८८) नित्य भिक्षा मांग कर भोजन करे । परन्तु एक ही गृह का अन्न न खाये । भिक्षा माग कर भोजन करना व्रत तुल्य है । और एक गृह का अन्न खाने से व्रत खण्डित हो जाता है ।

व्रतवद्देवदैवत्ये पित्र्ये कर्मण्यथर्षिवत् ।
काममभ्यर्थितोऽश्नीयाद्व्रतमस्य न लुप्यते ॥१८९॥

(१८९) यदि किसी मनुष्य ने विश्वदेव वा पितृकर्म के निमित्त नेवता दिया हो तो इच्छानुसार श्राद्ध में भोजन करे। परन्तु दोनों कर्मों में क्रमानुसार व्रती और ऋषि की भाई मुन्यन्नों को भोजन करे। ऐसा करने से व्रत नहीं टूटता।

ब्राह्मणस्यैव कर्मैतदुपदिष्टं मनीषिभिः ।
राजन्यवैश्ययोस्त्वेव नैतत्कर्म विधीयते ॥१९०॥

(१९०) श्राद्ध में भोजन करना ब्राह्मण ही का काम है। क्षत्रिय वैश्य और ब्रह्मचारियों का नहीं ।

चोदितो गुरुणा नित्यमप्रचोदित एव वा ।
कुर्यादध्ययने यत्नमाचार्यस्य हितेषु च ॥१९१

(१९१) गुरु आज्ञा हो या न हो परन्तु वेद पढ़ने और गुरु की भलाई करने का प्रयत्न करे ।

शरीरं चैव वाचं च बुद्धीन्द्रियमनांसि च ।
नियम्य प्राञ्जलिस्तिष्ठेद्वीक्षमाणो गुरोर्मुखम् ॥१९२॥

(१९२) शरीर वाणी बुद्धि इन्द्रिय, मन सब को वश

कर, कर जोड, गुरु की देखता हुआ गुरु के सामने स्थिर (खडा) रहे।

नित्यमुद्धृतपाणिः सत्याध्वाचारः सुसंयुतः।
आस्यतामिति चोक्तःसन्नासीताभिमुखं गुरोः ॥१६३॥

(१६३) दक्षिण कर को चादरे (वस्त्र) से सदैव बाहर रक्खे, साधु की नाई आचार से रहे, चचलता-विहीन रहे, और गुरु जब बैठने की आज्ञा दें तब उनके सन्मुख बैठे।

हीनान्नवस्त्रवेषः स्यात्सर्वदा गुरुसन्निधौ।
उत्तिष्ठेत्प्रथमं चास्य चरमं चैव संविशेत् ॥१६४॥

(१६४ गुरु के समीप इस विधि से रहना चाहिये कि जैसा गुरु भोजन करे उससे हीन दशा का आप भोजन करे, जैसा वस्त्र गुरु पहिने उससे हीन (घटका) वस्त्र आप पहिने, जैसे वेष मे गुरु रहे उससे हीन वेष मे आप रहे, और गुरु के जागने से प्रथम जागे और गुरु के सोने के पश्चात् सोवे।

प्रतिश्रवणसंभाषे शयानो न समाचरेत्।
नासीनो न च भुञ्जानो न तिष्ठन्नो पराङ्मुखः ॥१६५॥

(१६५) सोता हुआ, आसन पर बैठा हुआ, भोजन करता हुआ और मुख फेरे हुए गुरु से बातचीत न करे और न सुने।

आसीनस्य स्थितः कुर्यादभिगच्छंस्तु तिष्ठतः।
प्रत्युद्गम्य त्वाव्रजतः पश्चाद्धावंस्तु धावतः ॥१६६॥

(१६६) गुरु बैठे हो तो आप खडा होकर, गुरु खडे हो तो आप चल कर, गुरु चलते हो तो आप सन्मुख जाकर और गुरु दौडते हो तो आप भी पीछे दौडकर बात करे और सुने।

पराङ्मुखस्याभिमुखो दूरस्थस्यैत्य चान्तिकम् ।
प्रणम्य तु शयानस्य निदेशे चैव तिष्ठतः ॥१९७॥

(१९७) गुरु मुख फेरे खड़े हों तो सम्मुख जाकर दूर हों तो समीप जाकर और सोते हों तो प्रणाम करके गुरु के आदेश (आज्ञा) को सुने ।

नीचं शय्यासनं चास्य सर्वदा गुरुसन्निधौ ।
गुरोस्तु चक्षुर्विषये न यथेष्टासनो भवेत् ॥ १९८ ॥

(१९८) गुरु के समीप अपना शय्यासन नीचा रक्खे । अपने इच्छानुसार न रक्खे । क्योंकि ऐसा न करने से गुरु का अपमान होता है और विद्या नहीं आती ।

नोदाहरेदस्य नाम परोक्षमपि केवलम् ।
न चैवास्यानुकुर्वीत गतिभाषितचेष्टितम् ॥ १९९ ॥

(१९९) गुरु के पीछे भी केवल उनके नाम को न लेवे और गुरु की जैसी चाल ढाल बोली चेष्टा हो वैसी अपनी न रक्खे वरन् गुरु की आज्ञा पालन करे । उनकी चाल की (रीति की) नकल न करे ।

गुरोर्यत्र परीवादो निन्दा वापि प्रवर्तते ।
कर्णौ तत्र पिधातव्यौ गन्तव्यं वा ततोऽन्यतः ॥२००॥

(२) जहां गुरु को सत्य वा असत्य दोषारोपण होता हो वा निन्दा होती हो वहां अपने कान बन्द करले अथवा वहां से उठ जावे ।

परीवादात्खरो भवति श्वा वै भवति निन्दकः ।
परिभोक्ता कृमिर्भवति कीटो भवति मत्सरी ॥२०१॥

(२०१) गुरु का सत्य अनृत दोष कहने से गधा

और निन्दा करने से कुत्ता होता है। गुरु का अनुचित धन, भोजन करने से कृमि (छोटा कीडा) और मत्सर (गुरु की वडाई न सह सकने) से कीट (बडा कीडा) होता है।

दूरस्थो नार्चयेदेनं क्रुद्धो नांतिके स्त्रियाः।
या चासनस्थश्चैवैनमवरुह्याभिवादयेत् ॥ २०२ ॥

(२०२) गुरु की पूजा दूर से (अर्थात् किसी के द्वारा सामिग्री भेज कर) न करे और क्रोध भी न करे। यदि अपनी स्त्री के समीप बैठा हो वा सवारी या आसन पर बैठा हो तो सवारी से उतर कर वा आसन को त्याग कर वा स्त्री के समीप से उठ कर प्रणाम करे।

प्रतिवातेऽनुवाते च नासीत गुरुणा सह।
असंश्रवे चैव गुरोर्न किंचिदपि कीर्तयेत् ॥ २०३ ॥

(२०३) जो मनुष्य गुरु के देश से शिष्य के देश को आया हो अथवा शिष्य के देश से गुरु के देश को आया हो। इन दोनो के सम्मुख शिष्य गुरु के साथ न रहे। जो बात गुरु के सुनने मे न आवे ऐसी कोई बात गुरु की वा और किसी की न कहे अर्थात् गुरु से छिपा कर कोई बात न कहे।

गोऽश्वोष्ट्रयानप्रासादप्रस्तरेषु कटेषु च।
आसीत गुरुणा सार्धं शिलाफलकनौषु च ॥२०४॥

(२०४) बैल, घोडा, ऊँट वाले रथ, गाडी पर अथवा चटाई, पत्थर, लकडी और नाव पर गुरु के साथ बैठे।

गुरोर्गुरौ सन्निहिते गुरुवद्वृत्तिमाचरेत्।
न चानिसृष्टो गुरुणा स्वान्गुरूनभिवादयेत् ॥२०५॥

(२०५) गुरु के गुरु को भी अपने गुरु की भाई जाने और गुरु की आज्ञा के बिना अपने वंश से आये हुए बचा आदि को प्रणाम न करे।

विद्यागुरुष्वेतदेव नित्यावृत्तिः स्वयोनिषु।
प्रतिषेधत्सु चाधर्मान्हितं चोपदिशत्स्वपि ॥२०६॥

(२०६) इसी प्रकार आचार्य के अतिरिक्त उपाध्याय आदि सम्बन्धी अधर्म से रक्षा करने वाले उत्तम शिक्षा-दाता भी गुरु समान है।

श्रेयस्सु गुरुवद्वृत्तिं नित्यमेव समाचरेत्।
गुरुपुत्रेषु चार्येषु गुरोश्चैव स्वबन्धुषु ॥ २०७ ॥

(२०७) जो वृद्ध जन हैं गुरु का बड़ा पुत्र और गुरु के बान्धव इन सब को भी गुरु के समान जाने और सर्वव उनका आदर करे।

बालः समानजन्मा वा शिष्यो वा यज्ञकर्मणि।
अध्यापयन्गुरुसुतो गुरुवन्मानमर्हति ॥ २०८ ॥

(२०८) गुरु-पुत्र अपनी आयु से छोटा हो या बड़ा हो जो पढ़ाने की सामर्थ्य रखता हो और अपना यज्ञ देखने को आवे तो उसका भी आदर गुरु की भाईं करना चाहिये।

उत्सादनं च गात्राणां स्नापनोच्छिष्टभोजनम्।
न कुर्याद्गुरुपुत्रस्य पादयोश्चावनेजनम् ॥ २०९ ॥

(२०९) स्नान कराना उबटन लगाना जूठा भोजन कराना पांव धोना यह सब काम गुरु-पुत्र के न करे।

गुरुवत्प्रतिपूज्याः स्युः सवर्णागुरुयोषितः ।
असवर्णास्तु संपूज्या प्रत्युत्थानाभिवादनैः ॥२१०॥

(२१०) गुरु के सवर्ण स्त्री की पूजा गुरु की नाईं करे और जो स्वजाति की नही है तो उसकी पूजा यही है कि उठक केवल प्रणाम करे ।

अभ्यञ्जनं स्नापनं च गात्रोत्सादनमेव च ।
गुरुपत्न्याः न कार्याणि केशानां च प्रसाधनम् ॥२११॥

(२११) गुरु-पत्नी के शरीर मे तेल व उवटन न लगावे और न स्नान करावे, न वाल सुखावे ।

गुरूपत्नी तु युवतिर्नाभिवाद्येह पादयोः ।
पूर्णविंशतिवर्षेण गुणदोषौ विजानता ॥ २१२ ॥

(२१२) जो शिष्य पूर्ण २० वर्ष की आयु वाला औ गुण दोषो का ज्ञाता हो वह युवा गुरु-पत्नी के पाँव पकड क प्रणाम न करे ।

स्वभाव एष नारीणां नाराणामिह दूषणम् ।
अतोऽर्थान्न प्रमाद्यंति प्रमदासु विपश्चितः ॥२१३॥

(२१३) मनुष्यो को दोष लगाना स्त्रियो का स्वभाव है इस हेतु पण्डित जनो को स्त्रियो से चैतन्य रहना चाहिये ।

अविद्वांसमलं लोके विद्वांसमपि वा पुनः ।
प्रमदा ह्युत्पथं नेतु कामक्रोधवशानुगम् ॥२१४॥

(२१४) काम, क्रोध के वश हुआ पुरुष वहुत पण्डि हो वा मूर्ख हो, उसको बुरे रास्ते पर ले जाने के हेतु स्त्रिय सामर्थ्य रखती हैं ।

मात्रा स्वस्रा दुहित्रा वा न विविक्तासनो भवेत्।
बलवानिन्द्रियग्रामो विद्वांसमपि कर्षति ॥२१५॥

(२१५) माता भगिनी व कन्या इनके साथ जनशून्य घर [स्थान] में न रहे क्योंकि इन्द्रियाँ बहुत बलवान है। पण्डितों को भी कुमार्ग पर खींच ले जाती है।

कामं तु गुरुपत्नीनां युवतीनां युवा भुवि।
विधिवद्वन्दनं कुर्यादसावहमिति ब्रुवन् ॥ २१६ ॥

(२१६) युवा गुरु-पत्नी को शिष्य विधिवत [भली भाँति] यह कह कर कि मैं अमुक हूँ पृथ्वी पर गिर कर दण्डवत करे।

विप्रोष्य पादग्रहणमन्वहं चाभिवादनम्।
गुरुदारेषु कुर्वीत सतां धर्ममनुस्मरन् ॥ २१७ ॥

(२१७) यात्रा से आकर भले मनुष्यों के धर्म को स्मरण करके गुरु-पत्नी के पांव पकड़े और प्रणाम को नित्य ही करे।

यथा खनन्खनित्रेण नरो वार्यधिगच्छति।
तथा गुरुगतां विद्यां शुश्रूषुरधिगच्छति ॥ २१८ ॥

(२१८) जैसे कुदाली से खोदते-खोदते मनुष्य जल पाता है उसी प्रकार गुरु की सेवा-सुश्रूषा करते-करते शिष्य गुरु की सम्पूर्ण विद्या को पाता है।

मुण्डो वा जटिलो वा स्यादथवा स्याच्छिखाजटः।
नैनं ग्रामेऽभिनिम्लोचेत्सूर्यो नाभ्युदियात्क्वचित्॥२१९॥

(२१९) यद्यपि ब्रह्मचारी मुंड मुड़ाये जटाधारी व चोटी को जटा के तुल्य बनाये हो तथापि कभी भी सूर्योदय वा सूर्यास्त समय ग्राम में न रहे अर्थात् ब्रह्मचारी यह दोनों समय बाहर वा ग्राम से बाहर व्यतीत करे।

तं चेदभ्युदियात्सूर्यः शयानंकामचारतः ।
निम्लोचेद्वाप्यविज्ञानाज्जपन्नुपवसेद्दिनम् ॥ २२० ॥

(२२०) यदि सूर्योदय और सूर्यास्त समय ब्रह्मचारी घर से उपस्थित हो तो प्रायश्चित स्वरूप उस दिन जप करता हुआ उपवास करे ।

सूर्येण ह्यभिनिर्मुक्तः शयानोऽभ्युदितश्च यः ।
प्रायश्चित्तमकुर्वाणो युक्तःस्यान्महतैनसा ॥ २२१ ॥

(२२१) यदि उपरोक्त लिखित अथवा कथित प्रायश्चित न करे तो बड़ा पाप होता है ।

आचम्य प्रयतो नित्यमुभे संध्ये समाहितः ।
शुचौ देशे जपञ्जप्यमुपासीत यथाविधि ॥२२२॥

(२२२) आचमन कर नित्य दोनों संध्याओं में एकाग्र चित्त से उत्तम और पवित्र स्थान में यथाविधि गायत्री का जप करे ।

यदि स्त्री यद्यवरजः श्रेयः किंचित्समाचरेत् ।
तत्सर्वमाचरेद्युक्तो यत्र वास्य रमेन्मनः ॥२२३॥

(२२३) स्त्री व छोटा पुरुष कोई उत्तम बात करता हो तो उसको आप भी करे अथवा शास्त्रानुसार जिस कर्म मे मन को विश्वास हो वह कार्य्य करे ।

धर्मार्थावुच्यते श्रेयः कामार्थौ धर्म एव च ।
अर्थ एवेह वा श्रेयस्त्रिवर्ग इति तु स्थितिः ॥२२४॥

(२२४) किसी के मत मे धर्म और अर्थ और किसी के मत मे अर्थ और काम, और किसी के मत मे केवल धर्म-कल्याणकारी है । अब अपने मत को कहते हैं कि धर्म, अर्थ

और काम तीनों एकत्र हैं और इन्हीं तीनों से सब कुछ प्राप्त होता है ।

आचार्यश्च पिता चैव माता भ्राता च पूर्वजः ।
नार्तेनाप्यवमन्तव्या ब्राह्मणेन विशेषतः ॥ २२५ ॥

(२२५) आचार्य ब्रह्ममूर्ति [परमात्मा की मूर्ति] माता पृथ्वी की मूर्ति पिता ब्रह्मा की मूर्ति और सगा बड़ा भाई गुरु की मूर्ति है ।

आचार्यो ब्रह्मणो मूर्तिः पिता मूर्तिः प्रजापतेः ।
माता पृथिव्या मूर्तिस्तु भ्राता स्वोमूर्तिरात्मनः ॥२२६॥

(२२६) आचार्य पिता और सगा बड़ा भाई इन तीनों का अपमान दुःखी चित्त होने पर भी न करे । इस कार्य की पूर्ति ब्राह्मण को विशेष आवश्यकीय है ।

यन्मातापितरौ क्लेशं सहेते सम्भवे नृणाम् ।
न तस्य निष्कृतिः शक्या कर्तुं वर्षशतैरपि ॥ २२७ ॥

(२२७) मनुष्य के उत्पन्न होने में जो क्लेश माता पिता सहन करते हैं उसका प्रतिफल [बदला] सौ वर्ष में उपकार करने से भी नहीं हो सकता । यह सब देवता स्वरूप हैं इनका अपमान कभी न करना चाहिये ।

तयोर्नित्यं प्रियं कुर्यादाचार्यस्य च सर्वदा ।
तेष्वेव त्रिषु तुष्टेषु तपः सर्वं समाप्यते ॥२२८॥

(२८) माता पिता और आचार्य इन तीनों की सेवा शुभ रूप सदैव करनी चाहिये । इनके प्रसन्न रहने से सब तप सम्पूर्ण होते हैं ।

तेषां त्रयाणां शुश्रूषा परमं तप उच्यते ।
न तैभ्यननुज्ञातो धर्म मन्यं समाचरेत् ॥२२६॥

(२२६) इन तीनो की सेवा परम तप है। इनकी आज्ञा के विना कोई अन्य धर्म न करना चाहिये ।

त एव हि त्रयो लोकास्तएव त्रय आश्रमाः ।
त एव हि त्रयो वेदास्तएवोक्तास्त्रयोऽग्नयः ॥२३०॥

(२३०) ❀ यही तीनो पुरुप तीनो लोक, तीनो आश्रम, तीनो वेद और तीनो अग्नि हैं ।

पिता वै गार्हपत्योऽग्निर्माताग्निर्दक्षिणः स्मृतः ।
गुरुराहवनी यस्तु साग्नित्रेता गरीयसी ॥ २३१ ॥

(२३१) गार्हस्थ्य अग्नि पिता है, दक्षिण अग्नि माता है, आहवनीय अग्नि गुरू है, वही तीनो अग्नि सर्वमान्य [बहुत बडी] हैं ।

त्रिष्वप्रमाद्यन्नेतेषु त्रींल्लोकान्विजयेद्गृही ।
दीप्यमानः स्ववपुषादेववद्दिवि मोदता ॥ २३२ ॥

(२३२) इन तीनो शुश्रूषा मे रत रहने से मनुष्य तीनो लोको को जीत कर और तेजवान होकर देवताओ की नाई स्वर्ग मे आनन्द करता है ।

इमं लोकं मातृभक्त्या पितृभक्त्या तु मध्यमम् ।
गुरुशुश्रूषयात्वेवं ब्रह्मलोकं समश्नुते ॥ २३३ ॥

(२३३) माता की भक्ति करने से भूलोक, पिता की

❀ १—माता, २—पिता, ३—गुरू ।

भक्ति करने से अन्तरिक्ष लोक और गुरु की भक्ति करने से ब्रह्मलोक प्राप्त होता है।

सर्वे तस्यादृता धर्मा यस्यैते त्रय आदृताः ।
अनादृतास्तु यस्यैते सर्वास्तस्याफलाः क्रियाः ॥२३४॥

(२३४) जिस मनुष्य ने इन तीनों का आदर किया उसने मानो सब धर्मों का आदर कर लिया और जिसने इनका अनादर किया उसकी सब क्रिया निष्फल है।

यावत्त्रयस्ते जीवेयुस्तावन्नान्यं समाचरेत् ।
तेष्वेव नित्यं शुश्रूषां कुर्यात्प्रियहिते रतः ॥२३५॥

(२३५) जब तक वह तीनों जीवित रहें तब तक स्वतन्त्र होकर कोई दूसरा धर्म न करे। उन्हीं की सेवा भलाई करे और उनका ही अनुगामी रहे।

तेषामनुपरोधेन पारत्र्यं यद्यदाचरेत् ।
तत्तन्निवेदयेत्तेभ्यो मनोवचनकर्मभिः ॥ २३६ ॥

(२३६) उनकी सेवा करता हुआ दूसरा धर्म भी करे [मन वाणी कर्म द्वारा] उनसे कह देवे।

त्रिष्वेतेष्वितिकृत्यं हि पुरुषस्य समाप्यते ।
एष धर्मः परः साक्षादुपधर्मोऽन्य उच्यते ॥ २३७ ॥

(३७) इन्हीं तीनों में मनुष्य के बस की जो बात है वह हो जाती है। अतः उनकी सेवा के अतिरिक्त और धर्म जो है वह उपधर्म है।

श्रद्दधानः शुभां विद्यामाददीतावरादपि ।
अन्त्यादपि परं धर्मं स्त्रीरत्नं दुष्कुलादपि ॥ २३८ ॥

(३८) उत्तम विद्या श्रद्धा सहित नीच वर्ण से भी ग्रहण

परम धर्म चाण्डाल से भी लेवे, और सुन्दर स्त्री को दुष्ट कुल से भी ले लेना चाहिये।

विषादप्यमृतं ग्राह्यं बालादपि सुभाषितम् ।
अमित्रादपि सद्वृत्तममेध्यादपि कांचनम् ॥२३९॥

(२३९) विष, बालक, शत्रु, इन तीनो से क्रमानुसार अमृत, सुभाषण [प्रिय बोलना], सद्वृत्त (उत्त रीति) और काचन को लेना चाहिये ।

स्त्रियो रत्नान्यथो विद्या धर्मः शौचं सुभाषितम् ।
विविधानि च शिल्पानि समादेयानि सर्वतः ॥२४०॥

(२४०) स्त्री, रत्न, विद्या, धर्म, शोच (पवित्रता व उज्ज्वलता) सुभाषण, विविध शिल्प, इन सब को जहा से मिले लेना चाहिये।

अब्राह्मणादध्ययनमापत्काले विधीयते ।
अनुव्रज्या च शुश्रूषा यावदध्ययनं गुरोः ॥२४१॥

(२४१) यदि विपत्ति आ पडे तो ब्राह्मण, क्षत्रिय आदि से पढे और जब तक पढे तब तक उस गुरू का अनुगामी रहे और सेवा करे ।

नाब्राह्मणे गुरौ शिष्यो वासमात्यन्तिकं वसेत् ।
ब्राह्मणे चाननूचाने काङ्क्षन्गतिमनुत्तमाम् ॥२४२॥

(२४२) उत्तम गति के इच्छुक क्षत्रिय आदि गरु और मूर्ख ब्राह्मण के समीप अधिक वास न करे।

यदि त्वात्यन्तिकं वासं रोचयेत गुरोः कुले ।
युक्तः परिचरेदेनमाशरीरविमोक्षणात् ॥ २४३ ॥

(२४३) यदि गुरु के समीप अधिक वास करने का इच्छुक हो तो चतुरता से जीवन पर्यन्त सेवा करता हुआ वास करे परन्तु ब्राह्मण गुरु के समीप ।

आसमाप्तेः शरीरस्य यस्तु शुश्रूषते गुरुम् ।
स गच्छत्यञ्जसा विप्रो ब्रह्मणः सद्म शाश्वतम् ॥२४४॥

(२४४) जो ब्रह्मचारी शरीर का त्याग करने पर्यन्त गुरु की सेवा करता है वह बिना परिश्रम अविनाशी ब्रह्मलोक को प्राप्त करता है ।

न पूर्वं गुरवे किंचिदुपकुर्वीत धर्मवित् ।
स्नास्यंस्तु गुरुणाज्ञप्तः शक्त्या गुर्वर्थमाहरेत् ॥२४५॥

(२४५) धर्मज्ञाता ब्रह्मचारी विद्याध्ययन पर्यन्त गुरु सेवा के अतिरिक्त दूसरा उपकार गुरु का न करे, विद्याध्ययन समाप्त करने के पश्चात् * समावर्तन के निमित्त स्नान कर गुरु आज्ञा ग्रहण कर यथा-शक्ति दक्षिणा (गुरु-दक्षिणा) दे ।

क्षेत्रं हिरण्यं गामश्वं छत्रोपानहमासनम् ।
धान्यं शाकं च वासांसि गुरवे प्रीतिमावहेत् ॥२४६॥

(२४६) अर्थात् पृथ्वी सोना गऊ अश्व छतरी जूता आसन अन्न शाक वस्त्र आदि प्रीति पूर्वक गुरु को देवे ।

आचार्ये तु खलु प्रेते गुरुपुत्रे गुणान्विते ।
गुरुदारे सपिण्डे वा गुरुवद्वृत्तिमाचरेत् ॥ २४७ ॥

(२४७) गुरु की मृत्यु के पश्चात् यदि गुरु-पुत्र विद्वान् वा गुणवान् हो और गुरु-पत्नी व उसके दूसरे कुल के अन्य विद्वानों को भी गुरु तुल्य मानता रहे ।

---

* समावर्तन अर्थात् पितृकुल में आने के हेतु विवाहादि ।

एतेष्वविद्यमानेषु स्नानासनविहारवान् ।
प्रयुञ्जानोऽग्निशुश्रूषां साधयेद्देहमात्मनः ॥ २४८ ॥

(२४८) जो ब्रह्मचारी हवनेष्टिक है वह गुरु व गुरु-
ादि की अविद्यमानता मे (न होने पर) उनके घर और आसन
रह कर अग्नि-सेवा करता हुआ अपने को ब्रह्म मे लीन हो
ाने योग्य बनावे ।

एवं चरति यो विप्रोब्रह्मचर्यमविप्लुतः ।
स गच्छत्युत्तमंस्थानं न चेहाजायते पुनः ॥२४९॥

(२४९) इस प्रकार जो ब्रह्मचारी अखण्ड ब्रह्मचर्य को
रता है, वह उत्तम स्थान को लाभ करता है और ससार के
ावागमन से मुक्त हो जाता है ।

मनुजी के धर्मशास्त्र भृगुजी का दूसरा अध्याय
समाप्त हुआ ।

❀ अथ तृतीयोऽध्यायः ❀

षट्त्रिंशदाब्दिकं चर्यंगुरौत्रैवेदिकं व्रतम् ।
तदर्धिकं पादिकं वा ग्रहणान्तिकमेव वा ॥ १ ॥

(१) छत्तीस व अठारह वा नौ वर्ष पर्यन्त तीनो वेदो के
अध्ययनार्थ व्रत (इच्छा) से कार्य करना चाहिये । यहाँ पर तीनो
वेदो के अर्थ कर्म, उपासना, ज्ञान भी बहुत से विद्वान् लेते है ।

वेदानधीत्य वेदौ वा वेदं वापि यथाक्रमम् ।
अविप्लुतब्रह्मचर्यो गृहस्थाश्रममाविशेत् ॥ २ ॥

(२) तीनों विद्या दो वेद विद्या एक वेद क्रम से पढ़ कर प्रखण्ड व्रती मनुष्य गृहस्थाश्रम में आवे क्योंकि विना वेदाध्ययन किये और ब्रह्मचर्याश्रम के गृहस्थाश्रम नहीं कहला सकता।

तं प्रतीत स्वधर्मेण ब्रह्मदायहरं पितुः ।
स्रग्विणं तल्प आसीनमर्हयेत्प्रथमं गवा ॥ ३ ॥

(३) धर्म-कार्यों में प्रसिद्ध ब्रह्मचारी जिसने गुरु द्वारा वेदाध्ययन किया हो जब घर में आवे तो पिता को प्रथम आसन (गद्दी) पर बैठाकर गामी से पूजा करे । क्योंकि ब्रह्मचारी के पास पिता को देने योग्य कोई धन नहीं है।

गुरुणानुमतः स्नात्वा समावृत्तो यथाविधि ।
उद्वहेत द्विजो भार्यां सवर्णां लक्षणान्विताम् ॥ ४ ॥

(४) गुरु आज्ञा यथा विधि (स्नानादि करके) समावर्तन संस्कार करे और उसके पश्चात् अपने वर्ण के समान लक्षणों युक्त कन्या से विवाह करे ।

असपिण्डा च या मातुरसगोत्रा च या पितुः ।
सा प्रशस्ता द्विजातीनां दारकर्मणि मैथुने ॥ ५ ॥

(५) जो कन्या माता के सपिण्ड में न हो और पिता के गोत्र में न हो ऐसी कन्या तीनों वर्णों को भार्या बनाने के हेतु अच्छी है।

महान्त्यपि समृद्धानि गोजाविधनधान्यतः ।
स्त्रीसंबन्धे दशैतानि कुलानि परिवर्जयेत् ॥ ६ ॥

(६) यद्यपि गऊ, बकरी धन-धान्यादि को बहुलता (अधिकता) हो तथापि जो दश कुल जिन्हें आगे कहेंगे वर्जित किये हैं उनमें स्त्री सम्बन्ध (विवाह) कदापि न करे।

हीनक्रियं निष्पुरुषं निश्छन्दो रोमशार्शसम् ।
क्षय्यामयाव्यपस्मारिश्वित्रिकुष्ठिकुलानि च ॥ ७ ॥

(७) जिस कुल मे वेदोक्त सस्कार तथा नित्यकर्म न होते हो, जिस कुल मे केवल स्त्रिया ही स्त्रियाँ हो पुरुष न हो जिस कुल मे पुरुषो के शरीर पर अधिक लोम हो, जिस कुल मे वेदपाठ न होता हो, जिस कुल मे क्षयी, अपस्मार, कुष्ठ, मृगी, अग्निमाद्य आदि शारीरिक दूषित रोग हो, यदि ऐसे कुल धनी भी हो तो उनमे विवाह न करे ।

नोद्वहेत्कपिलां कन्यां नाधिकाङ्गी न रोगिणीम् ।
नालोमिकां नातिलोमां न वाचाटां न पिङ्गलाम् ॥८॥

(८) कपिल रङ्ग, अधिक अङ्ग वाली, रोगिणी, लोमरहिता, अधिक लोभ वाली, अधिक बोलने वाली, पिगला रङ्गकी ।

नर्क्षवृक्षनदीनाम्नीं नान्त्यपर्वतनामिकाम् ।
न पक्ष्यहिप्रेष्यनाम्नीं न च भीषणनामिकाम् ॥ ९ ॥

(९) नक्षत्र, वृक्ष, नदी, पक्षी, साप, म्लेच्छ, पर्वत, दास के नामो पर जिसका नाम हो वा भीषण नाम वाली हो, ऐसी कन्या को न वरे ।

अव्यङ्गाङ्गीं सौम्यनाम्नीं हंसवारणगामिनीम् ।
तनुलोमकेशदशनां मृद्वङ्गीमुद्वहेत्स्त्रियम् ॥ १० ॥

(१०) सर्वाङ्ग वाली, सुन्दर नाम वाली, हसगामिनी तथा हाथी के समान चाल वाली हो और तनु के लोम, केश और दात छोटे हो, ऐसी स्त्री का पाणिग्रहण करे ।

यस्यास्तु न भवेद्भ्राता न विज्ञायेत वा पिता ।
नोपयच्छेत तां प्राज्ञः पुत्रिकाधर्मशङ्कया ॥ ११ ॥

(११) जिस कन्या के भ्राता न हो जिसके पिता का नाम अज्ञात हो ऐसी कन्या को न वरे क्योंकि पुत्रिका धर्म की शंका रहेगी। पिता की विवाह समय यह अभिलाषा रहे कि कन्या का पुत्र मेरा होगा उसको पुत्रिका करण कहते हैं अतः वह बालक (पुत्र) नाना का पुत्र होगा।

सवर्णाग्रे द्विजातीनां प्रशस्ता दारकर्मणि ।

कामतस्तु प्रवृत्तानामिमाः स्युः क्रमशोवराः ॥१२॥

(१२) तीनों वर्णों को स्वजाति की कन्या ही से विवाह करना सर्वोत्तम है और यदि कामवश अन्य जाति की कन्या को वरे तो निम्नांकित रीति से पाणिग्रहण करना उत्तम होगा।

शूद्रैव भार्या शूद्रस्य सा च स्वा च विशः स्मृते ।

ते च स्वा चैव राज्ञश्च ताश्च स्वा चाग्रजन्मनः ॥१३॥

(१३) शूद्र केवल स्वजाति की कन्या का वैश्य स्वजाति और शूद्र की कन्या का क्षत्रिय स्वजाति वैश्य और शूद्र की कन्या का ब्राह्मण चारों वर्णों की कन्या का पाणिग्रहण करे।

न ब्राह्मण क्षत्रिययोरापद्यपि हि तिष्ठतो ।

कस्मिंश्चिदपि वृत्तान्ते शूद्रा भार्योपदिश्यते ॥१४॥

(१४) किसी इतिहास में यह नहीं पाया जाता कि विपत्ति समय में भी ब्राह्मण वा क्षत्रिय ने शूद्र की कन्या वरी हो।

हीनजातिस्त्रियं मोहादुद्वहन्तो द्विजातयः ।

कुलान्येव नयन्त्याशु ससन्तानानि शूद्रताम् ॥१५॥

(१५) ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य तीनों वर्ण यदि मोहवश हीन जाति की कन्या से विवाह करें तो सन्तान और स्वकुल को शीघ्र नाश कर देते हैं।

शूद्रावेदी पतत्यत्रेरुतथ्यतनयस्य च ।
शौनकस्य सुतोत्पत्त्या तदपत्यतया भृगोः ॥ १६ ॥

(१६) ॐ 'अत्रि और उतथ्य ऋषि का यह मत है कि शूद्र की कन्या को करने से तीनो वर्ण पतित (वेधर्म) हो जाते हैं, और शौनक ऋषि का यह मत है कि शूद्र कन्या मे उत्पन्न पुत्र पतित होता है । और भृगु ऋषि का यह मत है कि पौत्र (पोता) होने मे पतित होता है ।

शूद्रां शयनमारोप्य ब्राह्मणो यात्यधोगतिम् ।
जनयित्वा सुतं तस्यां ब्राह्मण्यादेव हीयते ॥ १७ ॥

(१७) शूद्र कन्या को अपने पलग पर विठाने से ब्राह्मण अधोगति पाता है (नरकवास करता है) और उससे पुत्रोत्पत्ति होने से धर्म-कर्म मे रहित हो जाता है, अर्थात् धर्म-कर्म का अधिकार नही रहता है ।

दैवपित्र्यातिथेयानि तत्प्रधानानि यस्य तु ।
नाश्नन्ति पितृदेवास्तन्नय च स्वर्गं स गच्छति ॥ १८ ॥

(१८) जिस ब्राह्मण के गृह पर शूद्र-कन्या देवकर्म और पितृकर्म करती है, उसके दिये हुए हव्य और कव्य को देवता और पितर नही लेते और ब्राह्मण स्वग नही पाता है ।

वृषलीफेनपीतस्य निःश्वासोपहतस्य च ।
तस्यां चैव प्रसूतस्य निष्कृतिर्न विधीयते ॥ १९ ॥

(१९) जो ब्राह्मण शूद-कन्या के ओठ से ओठ स्पर्श करे वा मुँह से मुँह अथवा उसके निश्वास (वायु) को अपने शरीर

ॐ अत्रि आदि ऋषि मनु के लाखो वर्ष पीछे हुए हैं, अत इससे यह स्पष्ट प्रकट होता है कि यह स्मृति धर्मशास्त्र के पीछे भृगुजी ने रची है ।

से स्पष्ट होने दे वा उससे सन्तानोत्पत्ति करे उसका प्रायश्चित्त नहीं है क्योंकि यह सब कार्य सत्सग से होते हैं ।

चतुर्णामपि वर्णानां प्रेत्य चेह हिताऽहितान् ।
अष्टाविमान्समासेन स्त्रीविवाहान्निबोधत ॥ २० ॥

(२) इहलोक और परलोक मे चारों वर्गों का हिता हित करने वाले आठ प्रकार के विवाह हैं इसको हमसे सुनिये। यह बात भृगुजी कहते हैं।

ब्राह्मो दैवस्तथैवार्षः प्राजापत्यस्तथासुरः ।
गान्धर्वो राक्षसश्चैव पैशाचश्चाष्टमोऽधमः ॥ २१ ॥

(२१) १—ब्राह्म २—दैव ३—आर्ष ४—प्राजापत्य, ५—आसुर ६—गान्धर्व ७—राक्षस ८—पैशाच । इनमें से आठवां विवाह अधम है।

यो यस्य धर्म्यो वर्णस्य गुणदोषौ च यस्य यौ ।
तद्वः सर्वं प्रवक्ष्यामि प्रसवे च गुणागुणान् ॥२२॥

(२२) जो विवाह जिस वर्ण का धर्म है, जिस विवाह का जो गुणदोष है जिस विवाह से पुत्रोत्पत्ति होती है, जो गुणा गुण है सो सब आप लोगो से कहेंगे ।

षडानुपूर्व्या विप्रस्य क्षत्रस्य चतुरोऽवरान् ।
विट्शूद्रयोस्तु तानेव विद्याद्धर्म्यानराक्षसान् ॥ २३ ॥

(२३) पूर्व के छ विवाह ब्राह्मण को चार विवाह क्षत्रिय को और वैश्य शूद्रों को भी यही चारो है पर राक्षस विवाह किसी को नहीं।

चतुरो ब्राह्मणस्याद्यान्प्रशस्तान्कवयो विदुः ।
राक्षसं क्षत्रियस्यैकमासुरं वैश्यशूद्रयोः ॥ २४ ॥

(२४) 'पूर्व के चार विवाह ब्राह्मण को, राक्षस विवाह क्षत्रिय को और आसुर विवाह वैश्यो व शूद्रो के लिए किसी-किसी ने निर्धारित किया है।'

पञ्चानां तु त्रयो धर्म्या द्वावधर्म्यौ स्मृताविह ।
पैशाचश्चासुरश्चैव न कर्तव्या कदाचन ॥ २५ ॥

(२५) 'अन्त के पाच विवाहो मे से तीन धर्म विवाह और दो अधर्म विवाह है, अत आसुर और पैशाच विवाह कदापि न करना चाहिये।'

पृथक्पृथग्वा मिश्रौ वा विवाहौ पूर्वचोदितौ ।
गान्धर्वो राक्षसश्चैवधर्म्यौ क्षत्रस्य तौ स्मृतौ ॥२६॥

(२६) गान्धर्व और राक्षस विवाह दोनो पृथक् २ हो वा एकत्र हो केवल क्षत्रिय के योग्य कहे हैं।

आच्छाद्य चार्चयित्वा च श्रुतिशीलवते स्वयम् ।
आहूय दानं कन्याया ब्राह्मो धर्मःप्रकीर्तितः ॥ २७ ॥

(२७) [अब आठो लक्षण कहते हैं] वर और कन्या को वस्त्रालङ्कार देकर वर को बुला कर कन्यादान देवे, वह ब्रह्म विवाह कहलाता है।

यज्ञे तु वितते सम्यगृत्विजे कर्म कुर्वते ।
अलंकृत्य सुतादानं दैवं धर्मं प्रचक्षते ॥ २८ ॥

(२८) यज्ञ मे ऋत्विजो को अलङ्कार सहित कन्यादान देवे, वह दैव विवाह कहलाता है।

एकं गोमिथुनं द्वे वा वरादादाय धर्मतः ।
कन्याप्रदानं विधिवदार्षो धर्मःस उच्यते ॥ २९ ॥

(२९) एक व दो गऊ अथवा बैल वर से लेकर कन्या प्रदान करे यह आर्ष विवाह कहलाता है।

सहनौ चरतां धर्ममिति वाचानुभाष्य च।
कन्याप्रदानमभ्यर्च्य प्राजापत्यो विधिः स्मृत ॥३०॥

(३०) वर और कन्या दोनो धर्म को करें यह बात कह कर वर-कन्या की पूजा करके कन्या देवे यह प्राजापत्य विवाह कहलाता है।

ज्ञातिभ्यो द्रविणं दत्वा कन्यायै चैव शक्तित।
कन्याप्रदानं स्वाच्छन्द्यादासुरो धर्म उच्यते ॥ ३१ ॥

(३१) कन्या अथवा कन्या की जाति वालों को धन देकर कन्या लेना आसुर विवाह कहलाता है।

इच्छयान्योन्यसंयोग कन्यायाश्च वरस्य च।
गान्धर्व स तु विज्ञेयो मैथुन्य कामसंभव ॥३२॥

(३२) वर और कन्या परस्पर स्वेच्छापूर्वक जो संयोग करे वह गान्धर्व विवाह कहलाता है। यह विवाह भोगके अर्थ है।

हत्वा छित्वा च भित्वा च क्रोशन्तीं रुदतीं गृहात्।
प्रसह्य कन्याहरणं राक्षसो विधिरुच्यते ॥ ३३ ॥

(३३) रोती पुकारती हुई कन्या को मार-पीट बलात् गृह से हरण करना राक्षस विवाह कहलाता है।

सुप्तां मत्तां प्रमत्तां वा रहो यत्रोपगच्छति।
स पापिष्ठो विवाहानां पैशाचश्चाष्टमोऽधम ॥३४॥

(३४) सोती स्त्री धन वा भोग मद से प्रमत्त (मस्त), रोगिणी व अज्ञान हो ऐसी स्त्री से एकान्त में सहवास करना

पिशाच विवाह कहलाता है । यह आठवा विवाह और सब से अधम है ।

अद्भिरेव द्विजाग्र्याणां कन्यादानं विशिष्यते ।
इतरेषां तु वर्णानामितरेतरकाम्यया ॥ ३५ ॥

(३५) ब्राह्मण को जल से कन्यादान करना उत्तम है और क्षत्रिय आदि का विना जल के पारस्परिक ❀ इच्छामात्र से केवल वाणी द्वारा कहने से विवाह हो सकता है ।

यो यस्यैषां विवाहानां मनुना कीर्तितो गुणः ।
सर्वं शृणुत तं विप्राः सर्वं कीर्तयतो मम ॥ ३६ ॥

(३६) जिस विवाह का जो गुण मनुजी ने कहा है, हे ब्राह्मणो ! वह हम भली प्रकार कहते है आप सब सुनें ।' (यह श्लोक स्पष्ट रूप से जतलाता है कि यह स्मृति मनुस्मृति नही) ।

दश पूर्वान्परान्वंश्यानात्मानं चैकविंशकम् ।
ब्राह्मीपुत्रः सुकृतकृन्मोचयेदेनसः पितॄन् ॥ ३७ ॥

(३७) यदि ब्राह्म विवाह से पुत्रोत्पत्ति हो और शुभ कर्मों को करे तो दस पुश्त ऊपर के और दस पुश्त नीचे के और इक्कीसवा अपने आप को पाप से छुडाता है ।

दैवोढजः सुतश्चैव सप्त सप्त परावरान् ।
आर्षोढजः सुतस्त्रींस्त्रीन्षट्षट् कायोढजः सुतः ॥३८॥

(३८) देव विवाह से पुत्र उत्पन्न होकर यदि शुभ

❀ इस विवाह के विषय मे बडी गडबडी है । क्योकि विना वेदोक्त सस्कार के विवाह मान्य नही है । यदि इसे मान लें तो सस्कार पन्द्रह ही रह जाते हैं ।

कर्मों वाला हो तो सात पुरुष (पीढी) ऊपर और सात पीढी नीचे की और पन्द्रहवां अपने आपका पापों से विमुक्त करता है और आर्ष विवाह से उत्पन्न पुत्र तीन पीढी ऊपर और तीन पीढी नीचे की और प्राजापत्य विवाह से उत्पन्न पुत्र छः छः पीढी ऊपर और नीचे की पापों से मुक्त करता है यदि शुभ कर्म हो।

आह्मादिषु विवाहेषु चतुर्ष्वेवानुपूर्वशः ।
ब्रह्मवर्चस्विनः पुत्रा जायन्ते शिष्टसम्मताः ॥ ३६ ॥

(३६) ब्राह्म विवाहादि पूर्व के चारो विवाहों से उत्पन्न पुत्र बड़ा तेजस्वी और शिष्ट (उत्तम पुरुष) मनुष्यों के समान होता है।

रूपसत्त्वगुणोपेता धनवन्तो यशस्विनः ।
पर्याप्तभोगा धर्मिष्ठा जीवन्ति च शतं समाः ॥४०॥

(४०) रूप और उत्तम गुण यश भाग्य धन और धर्म वाला होता है और सौ वर्ष पर्यन्त जीवित रह सकता है।

इतरेषु तु शिष्टेषु नृशंसानृतवादिनः ।
जायन्ते दुर्विवाहेषु ब्रह्मधर्मद्विषः सुताः ॥ ४१ ॥

(४१) और शेष चारों विवाहों से उत्पन्न पुत्र घातक होता है मिथ्याभाषी और ब्रह्म धर्म का शत्रु होता है।

अनिन्दितैः स्त्रीविवाहैरनिन्द्या भवति प्रजा ।
निन्दितैर्निन्दिता नृणां तस्मान्निन्द्यान्विवर्जयेत् ॥४२॥

(४२) [१] अनिन्दित विवाह से अनिन्दित सन्तान उत्पन्न होती है और [२] निन्दित विवाह से निन्दित सन्तान होती है। इस हेतु निन्दित विवाह सदैव वर्जित है।

१–निर्दोषी २–दूषित ३–रजोदर्शन अर्थात् मासिक धर्म क।

पाणिग्रहणसंस्कारः सवर्णासूपदिश्यते ।
असवर्णास्वयज्ञेयो विधिरुद्वाहकर्मणि ॥ ४३ ॥

(४३) 'स्वजाति की कन्या से पाणिग्रहण सस्कार जानना और दूसरी जाति की कन्या से विवाह करने की जो विधि है उसे आगे कहेगे ।

शरः क्षत्रियया ग्राह्यः प्रतोदो वैश्यकन्यया ।
वसनस्य दशा ग्राह्या शूद्रयोत्कृष्टवेदने ॥ ४४ ॥

(४४) 'क्षत्रिय की कन्या तीर को ग्रहण करे, वैश्य की कन्या चौपाया (घोडा, वैल आदि) के हाकने के अस्त्र को और शूद्र की कन्या कपडे के कौने को ग्रहण करे (पकडे) जब उसका विवाह उच्च जाति के पुरुष से होता हो ।'

ऋतुकालाभिगामी स्यात्स्वदारनिरतः सदा ।
पर्ववर्जं व्रजेच्चैनां यद्व्रतो रतिकाम्यया ॥ ४५ ॥

(४५) (३) ऋतुकाल मे स्त्री से भोग करे किन्तु पर-स्त्री से भोग न करे । परन्तु अपनी स्त्री (४) पर्व के दिन ऋतुकाल मे भोग न करे । यदि स्त्री की इच्छा हो तो विना ऋतुकाल के भी रति करे, यह नियम है । ऋतुकाल मे स्त्री के समीप सोवे और यदि सामर्थ्य हो तो भोग अवश्य करे, अन्यथा वडा दोष है ।

ऋतुःस्वाभाविकः स्त्रीणां रात्रयः शोडशः स्मृताः ।
चतुर्भिरितरैः सार्धमहोभिः सद्विगर्हितैः ॥ ४६ ॥

३—स्नान के पश्चात् । ४—अकृष्ण पक्ष की अष्टमी, चतुर्दशी, अमावस्या, पौर्णमासी, सक्रान्ति ।

(४६) ऋतुकाल अर्थात् गर्भधारण करने की स्त्रियों की स्वाभाविक सोलह रात्रि हैं इनमें से प्रथम चार दूषित व वर्जित हैं शेष बारह रात्रि रहीं।

तासामाद्याश्चतस्रस्तु निन्दितैकादशी च या ।
त्रयोदशी च शेषास्तु प्रशस्ता दशरात्रयः ॥ ४७ ॥

(४७) इनमें प्रथम की चार ग्यारहवीं और तेरहवीं रात्रि दूषित निन्दित हैं अन्य उत्तम हैं।

युग्मासु पुत्रा जायन्ते स्त्रियोऽयुग्मासु रात्रिषु ।
तस्माद्युग्मासु पुत्रार्थी संविशेदार्तवे स्त्रियम् ॥४८॥

(४८) सम्भवतः + सम रात्रि में भोग करने से पुत्र और × विषम रात्रि में भोग करने से कन्या उत्पन्न होती है। इस हेतु पुत्रार्थी (पुत्रोत्पत्ति की इच्छा रखने वाले) सम रात्रि में भोग करें।

पुमान्पुंसोऽधिके शुक्रे स्त्री भवत्यधिके स्त्रियाः ।
समेऽपुमान्पुंस्त्रियौ वा क्षीणेऽल्पे च विपर्ययः ॥४९॥

(४९) पुरुष का शुक्र (वीर्य) अधिक (बलवान) होने से विषम रात्रि में भी पुत्र उत्पन्न होता है और स्त्री का रज अधिक होने से सम रात्रि में भी कन्या उत्पन्न होती है। यदि स्त्री पुरुष दोनों का शुक्र तथा रज समान हो तो नपुंसक कन्या व पुत्र उत्पन्न होता है। यदि दोनों का शुक्र तथा रज न्यून हो तो गर्भ नहीं ठहरता।

+ सम अर्थात् जो दो से विभाजित हो सके यथा छठवीं आठवीं इत्यादि।

× विषम जो दो से विभाजित न हो सके यथा पांचवीं सातवीं इत्यादि।

निन्द्यास्वष्टासु चान्यासु स्त्रियो रात्रिषु वर्जयन् ।
ब्रह्मचार्ये व भवति यत्रतत्राश्रमे वसन ॥ ५० ॥

(५०) वर्जित आठ रात्रियो मे भोग करना परित्यक्तकर देने से प्रत्येक आश्रम मे भी ब्रह्मचारी ही रहता है ।

न कन्यायाः पिता विद्वाग्गृह्णीयाच्छुल्कमण्वपि ।
गृह्ण् श्छुल्कं हि लोभेन स्यान्नरोऽपत्यविक्रयी ॥५१॥

(५१) कन्या का पिता तनिक भी शुल्क (वदला, मुआवजा) न लेवे, लोभ से कुछ भी शुल्क ग्रहण करने वाला कन्या का विक्रय करने वाला कहलाता है ।

स्त्री धनानि तु ये मोहादुपजीवन्ति वान्धवाः ।
नारी यानानि वस्त्रं वा ते पापा यान्त्यधोगतिम् ॥५२॥

(५२) पत्नी (स्त्री) के धन, वस्त्र अथवा सवारी को लेकर जो वान्धव अपना कालयापन करते है वह वडे पापी होते हैं और नरकवास करते हैं ।

आर्षे गोमिथुनं शुल्कं केचिदाहुर्मृषैव तत् ।
अल्पोऽप्येवं महान्वापि विक्रयस्तावदेव सः ॥५३॥

(५३) किसी ऋषि ने आर्ष विवाह मे दो गऊ लेना नियत वा योग्य ठहराया है, परन्तु थोडा वा वहुत लेना कन्या विक्रय (वेचना) ही कहलाता है ।

यासां नाददते शुल्कं ज्ञातयो न स विक्रयः ।
अर्हणं तत्कुमारीणामानृशंस्यं च केवलम् ॥ ५४ ॥

(५४) जिस कन्या का शुल्क (पलटा) जाति वाले नही लेते वह कन्या-विक्रय नही कहलाता । शुल्क न लेना कन्या-पूजन है और अनृशस्य है ।

पितृभिर्भ्रातृभिश्चैताः पतिभिर्देवरैस्तथा ।
पूज्या भूषयितव्याश्च बहुकल्याणमीप्सुभिः ॥५५॥

(५५) बहुत कल्याण के इच्छुक पिता भाई पति और देवर भूषण (गहने) और वस्त्रों से स्त्री की पूजा करे अर्थात् स्त्री को सन्तुष्ट करे।

यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः ।
यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राऽफलाः क्रियाः ॥५६॥

(५६) जिस कुल में स्त्रियों की पूजा होती है उस कुल में देवता रमते (विहार करते) है। और जहां नारियों की पूजा नही होती वहाँ सब क्रियायें निष्फल होता है।

शोचन्ति जामयो यत्र विनश्यत्याशु तत्कुलम् ।
न शोचन्ति तु यत्रैता वर्धते तद्धि सर्वदा ॥ ५७ ॥

(५७) जिस कुल में स्त्रियों को कष्ट होता है वह कुल शीघ्र ही नाश हो जाता है। और जहाँ नारियों को सुख होता है वह कुल सर्वत्र फलता-फूलता है।

जामयो यानि गेहानि शपन्त्यप्रतिपूजिताः ।
तानि कृत्याहतानीव विनश्यन्ति समन्ततः ॥५८॥

(५८) मानसमकीय सुख और मान न पाकर जिस कुल की स्त्रियां शाप दे देती हैं वह कुल शीघ्र ही नाश हो जाता है क्योंकि वह निर्बल है।

तस्मादेताः सदा पूज्या भूषणाच्छादनाशनैः ।
भूतिकामैर्नरैर्नित्यं सत्कारेषूत्सवेषु च ॥ ५९ ॥

(५९) इस हेतु धनेच्छुक मनुष्यों को चाहिये कि वह

अपनी स्त्रियो को आवश्यकता से सन्तुष्ट रक्खे जिससे वे उत्तम सन्तान सुप्रसव करें ।

संतुष्टो भार्यया भर्ता भर्त्रा भार्या तथैव च ।
यस्मिन्नेव कुले नित्यं कल्याणं तत्र वै ध्रुवम् ॥६०॥

(६०) जिस कुल मे पति पत्नी परस्पर प्रसन्न रहते हैं वहाँ कलह के न होने से सुख मिलता है ।

यदि हि स्त्री न रोचेत पुमांसं न प्रमोदयेत् ।
अप्रमोदात्पुनः पुंसः प्रजनं न प्रवर्तते ॥ ६१ ॥

(६१) यदि पति पत्नी परस्पर प्रीति न करें तो किसी प्रकार सन्तान उत्पन्न नही हो सकती और विवाह का प्रयोजन ही निरर्थक हो जायेगा ।

स्त्रियां तु रोचमानायां सर्वं तद्रोचते कुलम् ।
तस्यां त्वरोचमानायां सर्वमेव न रोचते ॥ ६२ ॥

(६२) स्त्री के प्रसन्न रहने से सब कुल प्रसन्न रहता है और स्त्री के अप्रसन्न रहने से सब कुल अप्रसन्न रहता है ।

कुविवाहैः क्रियालोपैर्वेदानध्ययनेन च ।
कुलान्यकुलतां यान्ति ब्राह्मणातिक्रमेण च ॥६३॥

(६३) वर्जित विवाह, धर्म कार्य न करने, वेदाध्ययन न करने, ब्राह्मण अपमान, इन निन्दित बातो के करने से कुल नाश हो जाता है ।

शिल्पेन व्यवहारेण शूद्रापत्यैश्च केवलैः ।
गोभिरश्वैश्च यानैश्च कृष्या राजोपसेवया ॥ ६४ ॥

(६४) शिल्प वेद, व्यवहार, शूद्र कन्या से विवाह कर

सन्तान उत्पन्न करने गऊ आदि जीवों का क्रय विक्रय (मोल लेना और बेचना) करने से ब्राह्मण सकुल नाश हो जाता है।

अयाज्ययाजनैश्चैव नास्तिक्येन च कर्मणाम् ।
कुलान्याशु विनश्यन्ति यानि हीनानि मन्त्रत ॥६५॥

(६५) जो यज्ञ कराने के योग्य नहीं उसे लोभवश यज्ञ कराना बिना वेद-मन्त्रों में + केवल दुर्गा आदि के श्लोकों से कर्म कराना इनसे भी कुल नाश हो जाता है।

मन्त्रतस्तु समृद्धानि कुलान्यल्पधनान्यपि ।
कुलसंख्यां च गच्छन्ति कर्षन्ति च महद्यश ॥६६॥

(६६) जो कुल धनवान न हो किन्तु मन्त्र से सब कर्म होते हो वह कुल बड़ा कहलाता है और यश पाता है।

वैवाहिकेऽग्नौ कुर्वीत गृह्यं कर्म यथाविधि ।
पञ्चयज्ञविधानं च पक्ति चान्वाहिकीं गृही ॥६७॥

(६७) गृह्यसूत्र वर्णित कर्म पञ्चयज्ञ और नित्य भोजन पाक इन सबको विवाह समय की अग्नि में यथाविधि करना चाहिये।

पञ्च सूना गृहस्थस्य चुल्ली पेषण्युपस्कर ।
कण्डनी चोदकुम्भश्च बध्यते यास्तु वाहयन् ॥६८॥

(६८) गृहस्थ के घर में चूल्हा सिल बट्टा झाड़ू ओखली मूसल पानी का घड़ा इनसे काम लेने में जीव मरते हैं किन्तु जीव-हत्या की इच्छा न होने से यह हिंसा नहीं कही जाती। परन्तु जीवों को हानि अवश्य पहुँचती है इस हेतु उसका प्रायश्चित्त भ आवश्यक है।

+ यह केवल ब्राह्मणों के लिये है और वर्णों के लिये नहीं।

तासां क्रमेण सर्वासां निष्कृत्यर्थं महर्षिभिः ।
पञ्च क्लृप्ता महायज्ञाः प्रत्यहं गृहमेधिनाम् ॥६९॥

(६९) इन कर्मों के प्रायश्चित्त के निमित्त नित्य पचयज्ञ करना चाहिये जिससे जितनी हानि ससार को पहुँची है उतना ही लाभ पहुँच जावे ।

अध्यापनं ब्रह्मयज्ञः पितृयज्ञस्तु तर्पणम् ।
होमो दैवो बलिर्भौतो नृयज्ञोऽतिथिपूजनम् ॥७०॥

(७०) पञ्च महायज्ञ है कि १–वेद का स्वाध्याय करना और सध्या करना, २–पितृतर्पण ३–हवन करना ४–वलि देना, ५–अतिथि पूजन, इन सवको क्रमानुसार ब्रह्मयज्ञ, जप तृयज्ञ, भूतयज्ञ, और मनुष-यज्ञ (नरमेध) कहते हैं।

पञ्चैतान्यो महायज्ञान्नहापयति शक्तितः ।
स गृहेऽपि वसन्नित्यं सूनादोषैर्न लिप्यते ॥७१॥

(७१) जो कोई सामर्थ्यानुसार इन पाचो महायज्ञो को करता है वह नित्य ही हिंसा (जीवहत्या) के पाप से मुक्त होता रहता है ।

देवतातिथिभृत्यानां पितृणामात्मनश्च यः ।
न निर्वपति पञ्चानामुच्छ्वसन्न स जीवति ॥७२॥

(७२) जो मनुष्य देवता, अतिथि, भृत्य और पितरो (वृद्धो) को भोजन नही देता वह जीवित दशा मे भी मरे के तुल्य है ।

अहुतं च हुतं चैव तथा प्रहुतमेव च ।
ब्राह्मं हुतं प्राशितं च पञ्चयज्ञान्प्रचक्षते ॥७३॥

(७३) १—अहुत २—हुत ३—प्रहुत ४—ब्राह्म्यहुत ५—प्राशित यह पांच यज्ञ हैं।

अपोऽहुतो हुतो होमः प्रहुतो भौतिको बलिः ।
ब्राह्म्यं हुतं द्विजाग्र्यार्चा प्राशितं पितृतर्पणम् ॥७४॥

(७४) इन पांचों को क्रम से १—जप २—यज्ञ (हवन) ३—भूतबलि ४—अतिथि-पूजा और ५—पितृतर्पण कहते हैं।

स्वाध्याये नित्ययुक्तः स्याद्दैवे चैवेह कर्मणि ।
दैवकर्मणि युक्तो हि बिभर्तीदं चराचरम् ॥७५॥

(७५) अनध्याय किये बिना घर का स्वाध्यायी और अग्निहोत्री ब्राह्मण सारे संसार को अपना उपदेश और सदाचार से वश में कर सकता है जैसाकि शंकराचार्य और स्वामी दयानन्द के उदाहरण से प्रकट है।

अग्नौ प्रास्ताहुतिः सम्यगादित्यमुपतिष्ठते ।
आदित्याज्जायते वृष्टिर्वृष्टेरन्नं ततः प्रजाः ॥७६॥

(७६) अग्नि में जो आहुति पड़ती है वह सूर्य के समीप जाती है और सूर्य द्वारा जल बरसता है जिस से अनाज होता है अनाज से प्रजा उत्पन्न होती है।

यथा वायुं समाश्रित्य वर्तन्ते सर्वजन्तवः ।
तथा गृहस्थमाश्रित्य वर्तन्ते सर्व आश्रमाः ॥७७॥

(७७) जिस प्रकार वायु के आश्रय से सब जीव जीते हैं उसी प्रकार गृहस्थ आश्रम के आश्रय से सब आश्रम वाले रहते हैं।

यस्मात्त्रयोऽप्याश्रमिणो ज्ञानेनान्नेन चान्वहम् ।
गृहस्थेनैव धार्यन्ते तस्माज्ज्येष्ठाश्रमो गृही ॥७८॥

(७८) वेद के स्वाध्याय और अन्नदान देने से तीनो आश्रमो को गृहस्थाश्रमी नित्य धारण करता है। इस हेतु गृहस्थाश्रम ही बडा है।

स संधार्यः प्रयत्नेन स्वर्गमक्षयमिच्छता ।
सुखं चेहेच्छता नित्यं योऽधार्यो दुर्वलेन्द्रियैः ॥७६॥

(७६) आगामी जन्म मे अमिट सुख और यहा पर आनन्दित रहने का इच्छुक सदैव गृहस्थाश्रम को धारण करता है, जिस ग्रहस्थ आश्रम को दुर्बलेन्द्रिय धारण नही कर सकते।

ऋपयः पितरो देवा भूतान्यतिथयस्तथा ।
आशासते कुटुम्बिभ्यस्तेभ्यः कार्यं विजानता ॥८०॥

(८०) ऋषि, पितर, दवता, अतिथि यह सब गृहस्थो से भोजन की आश रखते हैं। इस हेतु इन सबको अन्न-जल देना चाहिये। क्योकि वानप्रस्थी और सन्यासी, विद्यादाता, विद्वान इनकी जीविका का द्वार गृहस्थ के अतिरिक्त अन्य नही है।

स्वाध्यायेनार्चयेतर्षीन्होमैर्देवान्यथाविधि ।
पितॄन्श्राद्धैश्च नानान्नैर्भूतानि बलिकर्मणा ॥८१॥

(८१) ऋषियो की पूजा स्वाध्याय (वेद पढने) से, देवता की पूजा अग्निहोत्र करने से, पितरो को पूजा श्रद्धा से उनकी सेवा करने से, मनुष्य की पूजा अन्नदान से, जीवो की पूजा बलिवैश्वदेव कर्म से करनी चाहिये।

कुर्यादहरहः श्राद्धमन्नाद्येनोदकेन वा ।
पयोमूलफलैर्वापि पितृभ्यः प्रीतिमावहन् ॥८२॥

(८२) अपने बडो (वृद्धो, पितरो) से प्रीति रखे और

भोजन दूध घी फल आदि से नित्य उनका श्राद्ध किया करे। क्योंकि यज्ञ बड़ा यज्ञ है।

एकमप्याशयद्विप्रं पित्रर्थे पाञ्चयज्ञिके।
न चैवात्राशयेत्किंचिद्वैश्वदेवं प्रतिद्विजम् ॥८३॥

(८३) पंच महायज्ञ में पितरों के निमित्त जो बलि कर्म कहा है वह यदि न हो सके तो एक या बहुत ब्राह्मणों का भोजन करावे पर वैश्वदेव निमित्त ब्राह्मण भोजन न करावे।

वैश्वदेवस्य सिद्धस्य गृह्येऽग्नौ विधिपूर्वकम्।
आभ्यः कुर्याद्देवताभ्यो ब्राह्मणो होममन्वहम् ॥८४॥

(८४) संस्कार सहित अवस्था नाम अग्नि में जो आगे देवता कहेंगे उनको नित्य यथाविधि आहुति देवे।

अग्नेः सोमस्य चैवादौ तयोश्चैव समस्तयोः।
विश्वेभ्यश्चैव देवेभ्यो धन्वन्तरय एव च ॥८५॥

(८५) अग्नि सोम—अग्निसोम वैश्वदेव धन्वन्तरि।

कुह्वै चैवानुमत्यै च प्रजापतय एव च।
सहद्यावापृथिव्योश्च तथा स्विष्टकृतेऽन्ततः ॥८६॥

(८६) कुहू अनुमायै प्रजापतये द्यावापृथिवी स्विष्टकृते इन सब के साथ स्वाहा लगाकर आहुति देवे।

एवं सम्यग्घविर्हुत्वा सर्वदिक्षु प्रदक्षिणम्।
इन्द्रान्तकाप्पतीन्दुभ्यः सानुगेभ्यो बलिं हरेत् ॥८७॥

(८७) उत्तम विधि से अग्निहोत्र करके प्रदक्षिण करने से इन्द्र वरुण यम चन्द्र आदि और उनके सेवकों को बलिदान देवे।

मरुद्भ्य इति तु द्वारि क्षिपेदप्स्वद्भ्य इत्यपि ।
वनस्पतिभ्य इत्येवं मुसलोलूखले हरेत् ॥८८॥

(८८) ❀ द्वारदेश मे मारुत को, जलस्थान मे जल को, मुसल ओखली के स्थान मे वनस्पति को ।

उच्छीर्षके श्रियै कुर्याद्भद्रकाल्यै च पादतः ।
ब्रह्मवास्तोष्पतिभ्यां तु वास्तुमध्ये वलिं हरेत् ॥८६॥

(८६) वास्तु के सर, पाद, मध्य मे कर्म से श्री, भद्रकाली, वास्तोष्पति इन सब को देवे ।

विश्वेभ्यश्चैव देवेभ्यो वलिमाकाश उत्क्षिपेत् ।
दिवाचरेभ्यो भूतेभ्यो नक्तंचारिभ्य एव च ॥६०॥

(६०) विश्वदेव निमित्त आकाश मे छोड दे और रात्रि दिन परिभ्रमण करने वाले भूतो को आकाश मे देवे ।

पृष्ठवास्तुनि कुर्वीत वलिं सर्वात्मभूतये ।
पितृभ्यो वलिशेषं तु सर्वं दक्षिणतो हरेत् ॥६१॥

(६१) वास्तुपृष्ठ (वस्तु की पीठ) मे सर्वात्म भूत को वलि देवे । वलि देने पश्चात् जो अन्न बचे उसे दक्षिण दिशा मे पितरों को देवे ।

शुनां च पतितानां च स्वपचां पापरोगिणाम् ।
वायसानां कृमीणां च शनकैर्निक्षिपेद्भुवि ॥६२॥

(६२) कुत्ता, पतित, डोम, पाप रोगी, कौआ, कृमि इन सब को धीरे से पृथ्वी मे देवे ।

❀ श्लोक ८८ से ६१ तक मिलावट ज्ञात होती है ।

एवं यः सर्वभूतानि ब्राह्मणो नित्यमर्चति ।
स गच्छति परं स्थानं तेजोमूर्तिः पथर्जुना ॥९३॥

(९३) जो ब्राह्मण सदैव इस विधि से सब भूतों को लाभ पहुँचाता है वह ज्ञानी होकर सरल पथ द्वारा मुक्ति प्राप्त करता है।

कृत्वैतद्बलिकर्मैवमतिथिं पूर्वमाशयेत् ।
भिक्षां च भिक्षवे दद्याद्विधिवद्ब्रह्मचारिणे ॥९४॥

(९४) बलि-वैश्व-कर्म के पश्चात् घर वालों के भोजन करने से प्रथम अतिथि और ब्रह्मचारी को भोजन खिला कर अतिथि-यज्ञ करे।

यत्पुण्यफलमाप्नोति गां दत्वा विधिवद्गुरोः ।
तत्पुण्यफलमाप्नोति भिक्षां दत्वा द्विजो गृही ॥९५॥

(९५) अपने गुरु को यथाविधि गोदान देने से जो फल होता है वही फल गृहस्थ को ✱ भिक्षुक को भिक्षा देने से प्राप्त होता है।

भिक्षामप्युदपात्रं वा सत्कृत्य विधिपूर्वकम् ।
वेदतत्त्वार्थविदुषे ब्राह्मणायोपपादयेत् ॥९६॥

(९६) जो ब्राह्मण वेदों के सिद्धान्त व तात्पर्य का ज्ञाता हो उसे यथाविधि प्रीतिपूर्वक भोजन और जल देवे।

✱ यह छ भिक्षुक कहलाते हैं —१-संन्यासी २—ब्रह्मचारी ३—विद्यार्थी ४—गुरुपालक ५-बटोही और ६-जिसका धन नाश हो गया हो। इनके अतिरिक्त जो मांगते हैं वह भिक्षा (भीख) के अधिकारी नहीं।

नश्यन्ति हव्यकव्यानि नराणामविजानताम् ।
भस्मीभूतेषु विप्रेषु मोहाद्दत्तानि दातृभिः ॥९७॥

(९७) जो मूर्खता के कारण देवता और पितर के अर्थ मूर्ख ब्राह्मण को भोजनादि देते वह सब निष्फल जाता है ।

विद्यातपः समृद्धेषु हुतं विप्रमुखाग्निषु ।
निस्तारयति दुर्गाच्च महतश्चैव किल्बिषात् ॥९८॥

(९८) विद्वान् तपस्वी ब्राह्मण को भोजन दिया जाता है वह भोजनदाता (अर्थात् ब्राह्मण के मुख की अग्नि मे हवन करने वाला) बडे पापो से विमुक्त हो जाता है ।

संप्राप्ताय त्वतिथये प्रदद्यादासनोदके ।
अन्नंचैव यथाशक्ति सत्कृत्य विधिपूर्वकम् ॥९९॥

(९९) जो स्वय ही अचानक आ गया हो उसको अपनी सामर्थ्यानुसार विश्रामहेतु आसन और अन्न (भोजन) जल देकर उसकी पूजा करे ।

शिलानप्युञ्छतो नित्यं पञ्चाग्नीनपि जुह्वतः ।
सर्वं सुकृतमादत्ते ब्राह्मणोऽनर्चितो वसन् ॥१००॥

(१००) * जो ब्राह्मण अतिथि विना पूजा पाये घर में रहता है तो उस गृहस्थ का—चाहे वह कितना ही नित्य पच महायज्ञ और तप व जप का करने वाला हो तथा नित्य जङ्गल से चावल चुन कर निर्वाह करता हो—सब धर्म नाश हो जाता हैं ।

---

* आचार्यगण इसी प्रकार अपने यज्ञ के व्यसनी थे कि यदि एक वार भी उनके गृह मे अतिथि (वटोही) को कष्ट हो तो वह अपना सारा धर्म नाश हुआ समझते थे । प्रत्येक जाति को अतिथि सत्कार आर्यों से सीखना चाहिये ।

तृणानि भूमिरुदकं वाक्चतुर्थी च सूनृता ।
एतान्यपि सतां गेहे नोच्छिद्यन्ते कदाचन ॥१०१॥

(१०१) तृण (घास पृथिवी जल वाकचातुर्य (मिष्ठ भाषण) से उत्तम पुरुषों का घर भी शून्य नहीं रहता।

एकरात्रं तु निवसन्नतिथिर्ब्राह्मणः स्मृतः ।
अनित्यं हि स्थितो यस्मात्तस्मादतिथिरुच्यते ॥१०२॥

(१०२) एक रात्रि के रहने वाले को अतिथि (पाहुना) कहते हैं। अतः अतिथि को एक रात्रि से अधिक न रहना चाहिये

नैकग्रामीणमतिथिं विप्रं सांगतिकं तथा ।
उपस्थितं गृहे विद्याद्भार्या यत्राग्नयोऽपि वा ॥१०३॥

— (१०३) *जिस गृहस्थ के गृह में स्त्री और अग्नि उपस्थित* हो उनके घर विश्वदेव के समय अतिथि आया हो तो अतिथि है। परन्तु एक ग्रामवासी और विचित्र हंसी कथा कहने वाला अतिथि नहीं कहाता है।

उपासते ये गृहस्थाः परपाकमबुद्धयः ।
तेन ते प्रेत्य पशुतां व्रजन्त्यन्नादिदायिनाम् ॥१०४॥

(१०४) जो गृहस्थ मूर्खतावश बिना उद्यम किये दूसरों का भोजन खाते हैं वह आगामी जन्म में उस अन्नदाता के पशु होते हैं।

अप्रणोद्योऽतिथिः सायं सूर्योढो गृहमेधिना ।
काले प्राप्तस्त्वकाले वा नास्यानश्नन्गृहे वसेत् ॥१०५॥

(१०५) सायंकाल को जब अतिथि घर आवे तो

उसे भोजनादि अवश्य देना चाहिये। अ वा समय असमय चाहे जब अतिथि आवे किन्तु भूखा न रहने देना चाहिये।

न वै स्वयं तदश्नीयादतिथिं यन्न भोजयेत्।
धन्यं यशस्यमायुष्यं स्वर्ग्यं वाऽतिथिपूजनम् ॥१०६॥

(१०६) जो वस्तु अतिथि को न खिलावे वह आप भी न खावे। अतिथि को भोजन देना धन, यश और स्वर्ग के हेतु (अर्थ) है।

आसनावसथौ शय्यामनुव्रज्यामुपासनाम्।
उत्तमेषूत्तमं कुर्याद्धीने हीनं समे समम् ॥१०७॥

(१०७) सेवा-शुश्रूषा, आज्ञा मानता, आसन, गृह और पूजा उत्तम पुरुषो की उत्तम, मध्यम पुरुषो की मध्यम, और अधम (नीच) पुरुषो की अधम करनी चाहिये।

वैश्वदेवे तु निर्वृते यद्यन्योऽतिथिराव्रजेत्।
तस्याप्यान्नं यथाशक्ति प्रदद्यान्न वलिं हरेत् ॥१०८॥

(१०८) वैश्वदेव कर्म करने के पश्चात् दूसरा अतिथि आवे तो उसको यथाशक्ति अन्न देवे वलि-कर्म न करे।

न भोजनार्थं स्ये विप्रः कुलगोत्रेनिवेदयेत्।
भोजनार्थं हि ते शंसन्वान्ताशीत्युच्यते बुधः ॥१०९॥

(१०९) भोजनार्थ ब्राह्मण को अपना कुल और गोत्र न कहना चाहिये। यदि कहे तो वमन करके खाने वाला कहता है।

न ब्राह्मणस्य त्वतिथिर्गृहे राजन्य उच्यते।
वैश्यशूद्रौ सखा चैवं ज्ञातयो गुरुरेव च ॥११०॥

(११०) ब्राह्मण के गृह मे क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र, भाई, बन्धु गुरु यह सब अतिथि नही कहलाते अर्थात् जो अपने से

बड़ा हो और सम्बन्ध और प्रभुता से विगत हो वह सब वर्णों का अतिथि कहलाता है।

यदि त्वतिथिधर्मेण क्षत्रियो गृहमाव्रजेत्।
भुक्तवत्स्वथ विप्रेषु कामं तमपि भोजयेत् ॥१११॥

(१११) यदि ब्राह्मण के गृह पर क्षत्रिय अतिथि आ जाय तो ब्राह्मण के पश्चात् उसका भी भोजनादि से सत्कार करना चाहिये।

वैश्यशूद्रावपि प्राप्तौ कुटुम्बेऽतिथिधर्मिणौ।
भोजयेत्सह भृत्यैस्तावानृशंस्यं प्रयोजयन् ॥११२॥

(११२) इसी प्रकार देवता करके वैश्य और शूद्र को भी भाई बन्धुओं के साथ भोजन देना चाहिये।

इतरानपि सख्यादीन्सम्प्रीत्या गृहमागतान्।
प्रकृत्यान्नं यथाशक्ति भोजयेत्सह भार्यया ॥११३॥

(११३) प्रीति के कारण मित्रादि प्रियजन गृह पर आये हों तो यथाशक्ति स्त्रियों के भोजन के समय उनको भी भोजन देना चाहिये।

सुवासिनीः कुमारीश्च रोगिणो गर्भिणीः स्त्रियः।
अतिथिभ्योऽग्र एवैतान्भोजयेदविचारयन् ॥११४॥

(११४) पुत्रवधू (बेटे की स्त्री) विवाहिता पुत्री छोटा बालक रोगी गर्भिणी स्त्री इन सबको अतिथि भोजन से प्रथम देना चाहिये कुछ सोच विचार न करना चाहिये।

अदत्त्वा तु य एतेभ्यः पूर्वं भुङ्क्तेऽविचक्षणः।
स भुञ्जानो न जानाति श्वगृध्रैर्जग्धिमात्मनः ॥११५॥

(११५) भोजन योग्य जितने पुरुषो को कह आये है उन सव को बिना भोजन कराये जो अज्ञानी आप भोजन करता है वह नही जानता कि हमारे शरीर को कुत्ते और गिद्ध खावेंगे।

भुक्तवत्स्वथ विप्रेषु स्वेषु भृत्येषु चैव हि।
भुंजीयातां ततः पश्चादवशिष्टं तु दम्पती ॥११६॥

(११६) ब्राह्मण, सम्बन्धी, और भत्य (सेवक) को भोजन देकर गृहस्वामी को अपनी पत्नी सहित भोजन करना चाहिये।

देवानृषीन्मनुष्यांश्च पितृन्गृह्याश्च देवताः।
पूजयित्वा ततः पश्चाद्गृहस्थः शेषभुग्भवेत् ॥११७॥

(११७) देवता, ऋषि, पितर, मनुष्य, और भूत इन सबके निमित्त यज्ञ करके और सब के भोजनोपरान्त जो शेष रहे उसे गृहस्थ भोजन करे।

अघं स केवलं भुङ्क्ते यः पचत्यात्मकारणात्।
यज्ञशिष्टाशनं ह्य तत्सतामन्नं विधीयते ॥११८॥

(११८) जो पुरुष केवल अपने ही लिये भोजन करता है वह पाप को भोजन करता है। यज्ञ का वचा हुआ अन्न उत्तम पुरुषो को भोजन करना चाहिये।

राजर्त्विक्स्नातकगुरून्प्रियश्वसुरमातुलान्।
अर्हयेन्मधुपर्केण परिसंवत्सरात्पुनः ॥११९॥

(११९) राजा, ऋत्विक् (यज्ञ कराने वाला) स्नातक (विद्या व व्रत मे पूर्ण ब्रह्मचारी) गुरु, प्यारा, ससुर, मामा इन सब की मधुपर्क से प्रतिवर्ष पूजा करनी चाहिये।

राजा च श्रोत्रियश्चैव यज्ञकर्मण्युपस्थितौ ।
मधुपर्केण सम्पूज्यौ नत्वयज्ञ इति स्थितिः ॥१२०॥

(१२०) राजा श्रोत्रिय (वेद पढ़ने वाला) इन दोनों की पूजा मधुपर्क से यज्ञकर्म में करनी चाहिये । अन्य समय में नहीं करनी यह शास्त्रविधि है ।

सायं त्वन्नस्य सिद्धस्य पत्न्यमन्त्रं बलिं हरेत् ।
वैश्वदेवं हि नामैतत्सायंप्रातर्विधीयते ॥१२१॥

(१२१) सन्ध्या समय पके हुये अन्न से बिना मंत्र के स्त्री बलि वश्य कर्म करे । गृहस्थियों को नित्य पंच महायज्ञ यथाविधि करने चाहिये ।

पितृयज्ञं तु निर्वर्त्य विप्रश्चन्द्रक्षयेऽग्निमान् ।
पिण्डान्वाहार्यकं श्राद्धं कुर्यान्मासानुमासिकम्।१२२।

(१२२) प्रत्येक मास की अमावस्या में पितृयज्ञ से अग्निहोत्री ब्राह्मण श्राद्ध कर ।

पितॄणां मासिकं श्राद्धमन्वाहार्यं विदुर्बुधा ।
तच्चामिषेण कर्त्तव्यं प्रशस्तेन प्रयत्नतः ॥१२३॥

(१२३) * प्रत्येक मास म पितरों का जो श्राद्ध किया जाता है वह ईश्वर वादी कहलाता है । और उसको उत्तम मांस से करना चाहिये ।

तत्र ये भोजनीयाः स्युर्ये च वर्ज्या द्विजोत्तमाः ।
यावन्तश्चैव यैश्चान्नैस्तान्प्रवक्ष्याम्यशेषतः ॥१२४॥

---

* यह श्लोक मुसलमानो के राज्य-काल में मिलाया गया है क्योंकि राजा कर्ण से प्रथम जो अलाउद्दीन खिलजी के समय मे हुआ है मृतक श्राद्ध प्रचलित न था ।

(१२४) इस श्राद्ध मे जो भोजन योग्य है और जो अयोग्य हैं जितने चाहिये और जो अन्न भोजन कराना चाहिये वह सब हम कहेगे।

द्वौ दैवे पितृकार्ये त्रीनेकैकमुभयत्र वा।
भोजयेत्सुसमृद्धोऽपि न प्रसज्जेत विस्तरे ॥१२५॥

(१२५) श्राद्ध मे दो कर्म है १—पितृकर्म, २—देवकर्म, तिसमे कैसा ही धनी हो परन्तु देवकर्म मे एक और पितृकर्म मे दो ही ब्राह्मण को भोजन करावे, अथवा दोनो कर्मों मे एक ही ब्राह्मण को भोजन करावे, अधिक विस्तार न वढावे।

सत्क्रियां देशकालौ च शौचं ब्राह्मणसंपदः।
पञ्चैतान्विस्तरो हन्ति तस्मान्नेहेत विस्तरम् ॥१२६॥

(१२६) सत्कार, देश काल, पवित्रता, श्रेष्ठ ब्राह्मण इन सव वातो का नाश विस्तार करने से होता है। अतएव विस्तार न करना चाहिये।

प्रथिता प्रेतकृत्यैषा पित्र्यं नाम विधुक्षये।
तस्मिन्युक्तस्यैति नित्यं प्रेतकृत्यैव लौकिकी॥१२७॥

(१२७) अमावस्या मे श्राद्ध करने से पितरो का उपकार होता है, क्योकि पितृलोग श्राद्ध करने वाले को गुण, वेटा, पोता, धनादि सव कुछ देते हैं अत श्राद्ध अवश्य करना चाहिये।

श्रोत्रियायैव देयानि हव्यकव्यानि दातृभिः।
अर्हत्तमाय विप्राय तस्मै दत्तं महाफलम् ॥१२८॥

(१२८) देवता और पितरो के निमित्त जो वस्तु देनी हो वह वेदपाठी बडे पूज्य ब्राह्मण को दे, किसी मूर्ख को न दे। क्योकि ऐसे ब्राह्मण को देने से महाफल होता है।

एकैकमपि विद्वांसं दैवे पित्र्ये च भोजयेत् ।
पुष्कलं फलमाप्नोति नऽमन्त्रज्ञान्बहूनपि ॥१२६॥

(१२६) देव व पितृकर्म में एक ब्राह्मण को भोजन कराने से भी बड़ा फल होता। और बहुत से मूर्ख ब्राह्मणों के भोजन कराने से वैसा फल नहीं होता।

दूरादेव परीक्षेत ब्राह्मणं वेदपारगम्
तीर्थं तद्धव्यकव्यानां प्रदाने सोऽतिथिः स्मृतः ॥१३०॥

(१३०) दूर से वेदपाठी ब्राह्मणकी परीक्षा करनी चाहिये क्योंकि देवता और पितरों की वस्तु की लेने वाला वही है।

सहस्रं हि सहस्राणामनृचां यत्र भुञ्जते ।
एकस्तान्मन्त्रवित्प्रीतः सर्वानर्हति धर्मतः ॥१३१॥

(१३१) दस लाख मूर्ख ब्राह्मणों के भोजन कराने के जो फल होता है, वही फल मन्त्रज्ञाता एक ब्राह्मण के भोजन कराने से होता है।

ज्ञानोत्कृष्टाय देयानि कव्यानि च हवींषि च ।
न हि हस्तावसृग्दिग्धौ रुधिरेणैव शुध्यतः ॥१३२॥

(१३२) देवता वा पितरों के देने की वस्तु ज्ञानी ब्राह्मण को देनी चाहिये। जिस प्रकार रुधिर से सना हुआ हाथो रुधिर ही से धोने से शुद्ध नहीं होता उसी भांति मूर्ख ब्राह्मण के सत्कार से मूर्खता नहीं जाती।

यावतो ग्रसते ग्रासान्हव्यकव्येष्वमन्त्रवित् ।
तावतो ग्रसते प्रेत्य दीप्तान्शूलानयोगुडान् ॥१३३॥

(१३३) + 'देवता या पितरो के अन्न के जितने ग्रास मूर्ख ब्राह्मण भोजन करता है उतने बार श्राद्ध करने वाला अग्नि से तृप्त लोहपिण्ड और दुधारे शस्त्र को भोजन करता है।

ज्ञाननिष्ठा द्विजाः केचित्तपोनिष्ठास्तथाऽपरे।
तपः स्वाध्यायनिष्ठाश्च कर्मनिष्ठास्तथापरे॥१३४॥

(१३४) ब्राह्मण चार प्रकार के हैं (१) ज्ञानी (२) तपस्वी (३) वेदपाठी (४) कर्मकाण्डी।

ज्ञाननिष्ठेषु कव्यानि प्रतिष्ठाप्यानि यत्नतः।
हव्यानि तु यथान्यायं सर्वेष्वेव चतुर्ष्वपि॥१३५॥

(१३५) 'पितरो के देने योग्य वस्तु ज्ञानी ब्राह्मण को देनी चाहिये और देवताओ के देने योग्य वस्तु चारो मे से जो मिले उसी को देना चाहिये।

अश्रोत्रियः पिता यस्य पुत्रः स्याद्वेदपारगः।
अश्रोत्रियो वा पुत्रः स्यात्पिता स्याद्वेदपारगः॥१३६॥

(१३६) 'जिसका पिता वेदपाठी और आप मूर्ख अथवा आप वेदपाठी और पिता मूर्ख हो तो—

ज्यायांसमनयोर्विद्याद्यस्यस्याच्छ्रोत्रियः पिता।
मन्त्रसपूजनार्थं तु सत्कारमितरोऽर्हति॥१३७॥

(१३७) 'इन दोनो मे जिसका पिता वेदपाठी हो वह बडा है और दूसरा भी वेद पढने के कारण सत्कार करने योग्य है। क्योकि वेदपाठी पिता से पुत्र मे सस्कार विधिपूर्वक होते हैं।

+ आजकल के हिन्दुओ और महामण्डल के पडितो को इसे बार-बार पढना चाहिये।

न श्राद्धे भोजयेन्मित्रं धनैः कार्योऽस्य संग्रहः ।
नारिं न मित्रं यं विद्यात्तं श्राद्धे भोजयेद्द्विजम्॥१३८॥

(१३८) श्राद्ध में मित्र ब्राह्मण को भोजन न करावे कुछ धनादि देकर सत्कार करे परन्तु जो ब्राह्मण न मित्र न शत्रु हो उसे भोजन करावे ।

यस्य मित्रप्रधानानि श्राद्धानि च हवींषि च ।
तस्य प्रेत्य फलं नास्ति श्राद्धेषु च हविःषु च ।१३९।

(१३९) जिस किसी के दैव वा पितृकर्म में मित्र ही भोजन करता है उसको भोजन कराने का फल परलोक में नहीं मिलता ।

यः संगतानि कुरुते मोहाच्छ्राद्धेन मानवः ।
स स्वर्गाच्च्यवते लोकाच्छ्राद्धमित्रो द्विजाधमः ॥१४०॥

(१४) जो ब्राह्मण श्राद्ध में भोजन करने के अर्थ ही मित्रता करता है वह स्वर्ग लोक से भ्रष्ट होता है और वह ब्राह्मणों में अधम है ।

सम्भोजनीयाभिहिता पैशाची दक्षिणा द्विजैः ।
इहैवास्ते तु सा लोके गौरन्धेवैकवेश्मनि ॥१४१॥

(१४१) ऐसा भोजन पिशाचों का है और इसी लोक में फलदायक है । जैसे अन्धी गऊ एक ही गृह में रह सकती है वैसे ही वह भोजन उसी लोक में रहता है परलोक में कुछ काम नहीं देता ।

यथेरिणे बीजमुप्त्वा न वप्ता लभते फलम् ।
तथाऽनृचे हविर्दत्त्वा न दाता लभते फलम् ॥१४२॥

(१४२) 'जैसे ऊपर भूमि मे बीज बोने वाला फल नही पाता वैसे ही देवता की वस्तु मूर्ख ब्राह्मण को भोजन कराने से दाता फल नही पाता ।

दातन्प्रतिग्रहीतृश्च कुरुते फलभागिनः ।
विदुषे दक्षिणां दत्वा विधिवत्प्रेत्य चेह च ॥१४३॥

(१४३) 'पण्डित ब्राह्मण को यथाविधि दक्षिणा देने से दाता और लेने वाला दोनो इस लोक और परलोक दोनो लोको मे फल को प्राप्त करते हैं ।

कामं श्राद्धेऽर्चयेन्मित्रं नाभिरूपमपि त्वऽरिम् ।
द्विषता हि हविर्भुक्तं भवति प्रेत्य निष्फलम् ॥१४४॥

(१४४) श्राद्ध मे मित्र को भोजन कराना कुछ हानिकारक नही, परन्तु शत्रु यदि पण्डित भी हो तो भी उसे भोजन न कराना । क्योकि उसके भोजन करने से परलोक मे दाता फल नही पाता है ।

यत्नेन भोजयेच्छ्राद्धे बह्वृचं वेदपारगम् ।
शाखान्तगमथाध्वर्युं छन्दोगं तु ममाप्तिकम् ॥१४५॥

(१४५) 'श्राद्ध मे प्रयत्न करके चारो वेदो मे पारगत को भोजन करावे अथवा जिसने वेद और उसके व्याख्यान (उपशाखाओ) को यथाविधि पढा हो उसको भोजन करावे ।

एषामन्यतमो यस्य भुञ्जीत श्राद्धमर्चितः ।
पितृणां तस्य तृप्तिःस्याच्छाश्वती साप्तपौरुषी ॥१४६॥

(१४६) 'इन वेद पाठियो मे से एक को भी यदि पूजा करके श्राद्ध मे भोजन करावे तो सात वर्ष पर्यन्त पितरो की तृप्ति होती है ।

एष वै प्रथमः कल्पः प्रदाने हव्यकव्ययोः ।
अनुकल्पस्त्वयं ज्ञेयः सदा सद्भिरनुष्ठितः ॥१४७॥

(१४७) हव्य और कव्य इन दोनों के दान में मुख्य पक्ष को कहा है अब कौन पक्ष को उत्तम पुरुषों ने आरम्भ किया है सो कहते हैं।

मातामहं मातुलं च स्वस्रीयं श्वशुरं गुरुम् ।
दौहित्रं विट्पतिं बन्धुमृत्विग्याज्यौ च भोजयेत् ॥१४८॥

(१४८) १—नाना २—मामा ३ मानजा ४—ससुर ५—विद्यागुरु ६—दौहित्र (नाती बेटी का बेटा) ७—दामाद (जामाता) ८—मौसी-पुत्र ९—यज्ञ कराने वाला १०—यजमान। इन दशों को मुख्य पक्ष न होने में भोजन कराना चाहिये।

न ब्राह्मणं परीक्षेत दैवे कर्मणि धर्मवित् ।
पित्र्ये कर्मणि तु प्राप्ते परीक्षेत प्रयत्नतः ॥१४९॥

(१४९) देवकर्म में ब्राह्मण की परीक्षा न लेनी चाहिये परन्तु पितृकर्म में पुरुषार्थ से ब्राह्मणोंकी परीक्षा लेनी चाहिये।

ये स्तेनपतितक्लीबा ये च नास्तिकवृत्तयः ।
तान्हव्यकव्ययोर्विप्राननर्हान्मनुरब्रवीत् ॥ १५० ॥

(१५) जिन ब्राह्मणों को मनुजी ने भोजन कराने से वर्जित किया है वह यह है—चोर महापापी क्लीव (नपुंसक नामर्द) नास्तिक।

जटिलं चानधीयानं दुर्बलं कितवं तथा ।
याजयन्ति च ये पूगांस्तांश्च श्राद्धे न भोजयेत् ॥१५१॥

(१५१) जटाधारी अनपढ़ दुर्बल कितव (दूषित

घमंडे वाला), स्वार्थ से प्रत्येक योग्य वा अयोग्य को यज्ञ कराने वाला, इनको श्राद्ध में न खिलाये ।

चिकित्सकान्देवलकान्मांसविक्रयिणस्तथा ।
विपणेन च जीवन्तो वर्ज्याः स्युर्हव्यकव्ययोः॥१५२॥

(१५२) वैद्य (चिकित्सक), धन लेकर तीन वर्ष पर्यन्त देवमूर्ति का पुजारी, मांस बेचने वाला, वैश्यों के कर्म से जीने वाला ।

प्रेष्यो ग्रामस्य राज्ञश्च कुनखी श्यावदन्तकः ।
प्रतिरोद्धा गुरोश्चैव त्यक्ताग्निर्वार्धुषिस्तथा ॥१५३॥

(१५३) राजा अथवा प्रजा का वेतन भोगी सेवक, कुनखी, जन्म से काले दांत वाला, गुरु के प्रतिकूल काम करने वाला, अधिकार होते हुए अग्निहोत्र न करने वाला, सूदव्याज से कालक्षेप करने वाला ।

यक्ष्मी च पशुपालश्च परिवेत्ता निराकृतिः ।
ब्रह्मद्विट् परिवित्तिश्च गणाभ्यन्तर एव च ॥१५४॥

(१५४) यक्ष्मा (क्षयरोग) वाला, पशु पालन करके निर्वाह करने वाला, परवेत्ता, पंच महायज्ञ न करने वाला, ब्राह्मणों से शत्रुता रखने वाला, परधन को अपहरण करने वाला, गणाभ्यन्तर ।

कुशीलवोऽवकीर्णी च वृषलीपतिरेव च ।
पौनर्भवश्च काणश्च यस्य चोपपतिर्गृहे ॥१५५॥

(१५५) नाज से निर्वाह करने वाला, स्त्री भोग से अपवित्र (पतित) ब्रह्मचारी, शूद्रा स्त्री का पति, दूसरे पति से स्त्री का काणा बेटा, और जिसकी स्त्री ने उपपति किया हो ।

मृतकाध्यापको यश्च मृतकाध्यापितस्तथा ।
शूद्रशिष्यो गुरुश्चैव वाग्दुष्टः कुण्डगोलकौ ॥१५६॥

(१५६) * वेतन भोगी अध्यापक वेतन देकर विद्याध्ययन करने वाला शूद्र का गुरु शूद्र का शिष्य कड़वी बात करने वाला पतित को विद्या पढ़ाने वाला कुण्ड गोलक ।

अकारणपरित्यक्ता मातापित्रोर्गुरोस्तथा ।
ब्राह्मैर्यौनैश्च सम्बन्धैः संयोगं पतितैर्गतः ॥१५७॥

(१५७) अकारण माता-पिता और गुरु को परित्याग करने वाला (अलग होने वाला) जो मनुष्य संयोग वश धर्म पतित हो गये हैं उनसे पढ़ने वा उनको पढ़ाने वाला और उनसे विवाहादि सम्बन्ध करने वाला ।

अगारदाही गरदः कुण्डाशी सोमविक्रयी ।
समुद्रयायी बन्दी च तैलिकः कूटकारकः ॥१५८॥

(१५८) घर में अग्नि लगाने वाला विषदाता कुण्ड का अन्न भक्षी सोमलता को बेचने वाला समुद्र में जाने वाला बन्दी तेल के अर्थ तेलादि पीसने वाला झूट बात कहने वाला ।

पित्रा विवदमानश्च कितवो मद्यपस्तथा ।
पापरोग्यभिशस्तश्च दाम्भिको रसविक्रयी ॥१५६॥

---

* मनुजी ने मूर्ति पूजा करने वाले पुजारी और मांस बेचने वाले को एक समान लिखा है परन्तु मूर्ख लोग पुजारी को अच्छा समझते हैं । और वेतन-भोगी अध्यापकी का कार्य करने वाला ब्राह्मण भी ब्राह्मण कहाने योग्य नहीं है । अब जो वेतन लेकर पढ़ाते हैं वे न जाने इन श्लोकों को देखते हैं या नहीं ।

(१५९) पिता से कलह विवाद करने वाला, आप पासा खेलना नही जानता और अपने अर्थ दूसरे को पासा खिलाने वाला ❀ शराब पीने वाला, कोढी, अभिशस्त, बहाने से धर्म करने वाला, रस बेचने वाला।

धनुःशराणां कर्ता च यश्चाग्रे दिधिषूपतिः।
मित्रध्रुग्द्यूतवृत्तिश्च पुत्राचार्यस्तथैव च ॥१६०॥

(१६०) धनुषबाणधारी, वडी सगी बहिन का विवाह हुए विना छोटी बहिन का पाणिग्रहण कराने वाला, मित्र से शत्रुता करने वाला, द्यूत (जुआ) वृत्ति वाला, पुत्र से विद्याध्ययन करने वाला।

भ्रामरी गण्डमाली च श्वित्र्यऽथो पिशुनस्तथा।
उन्मत्तोऽन्धश्च वर्ज्याः स्युर्वेदनिन्दक एव च॥१६१॥

(१६१) मृगी, गण्डमाला, श्वेतकुष्ट, इन रोगो मे से कोई एक रोग वाला, दुष्ट पुरुष उन्मत्त (पागल, दीवाना), अन्धा, वेदनिन्दक।

हस्तिगोश्वोष्ट्रदमको नक्षत्रैर्यश्च जीवति।
पक्षिणां पोषको यश्च युद्धाचार्यस्तथैव च ॥१६२॥

(१६२) हाथी, बैल, ऊँट, घोडा, इन सबको बधिया करने वाला × ज्योतिषी (ज्योतिष विद्या से कालक्षेप करने वाला), पक्षी पालने वाला युद्धार्थ अस्त्र-शस्त्र विद्या को सिखाने वाला।

❀ शराब पीने वाले ब्राह्मणो को ब्राह्मण कैसे कह सकते हैं, यहा पर मद्य से भाग, गाजा और शराब आदि मादक वस्तुओ का अर्थ लेना चाहिये।

× महात्मा मनुजी ज्योतिषी को ब्राह्मण की पदवी से गिराते है क्योकि ज्योतिषी स्वार्थपरता वश अनृत (झूठ) भाषण करते हैं।

स्रोतसां भेदको यश्च तेषां चावरणे रतः ।
गृहसंवेशको दूतो वृक्षारोपक एव च ॥१६३॥

(१६३) बँधे हुए पानी को दूसरे स्थान पर ले जाने वाला बहते पानी को अवरुद्ध करने वाला (बाँधने वाला) सर्वदा गृहसंवेश (मेमारीराज) वृत्ति वाला दूत वतन लेकर वृक्ष रोपने (लगाने) वाला ।

श्वक्रीडी श्येनजीवी च कन्यादूषक एव च ।
हिंस्रो वृषलवृत्तिश्च गणानां चैव याजकः ॥ १६४ ॥

(१६४) कुत्तों से क्रीडा खेल) करने वाला बाज आदि पक्षियों से जीवन निर्वाह करने वाला क्वारी कन्या से भोग करने वाला जीव हिंसा करने वाला शूद्रों से जीवन निर्वाह करने वाला बहुत से पुरुषों को यज्ञ कराने वाला ।

आचारहीनः क्लीवश्च नित्यं याचनकस्तथा ।
कृषिजीवी श्लीपदी च सद्भिर्निन्दित एव च ॥१६५॥

(१६५) आचारहीन नपुंसक ॐ नित्य भिक्षावृत्ति करने वाला कृषि से उदरपोषण करने वाला । मोटे पाँव वाला सत्पुरुषों से निन्दा पाने वाला ।

औरभ्रिको माहिषिकः परपूर्वापतिस्तथा ।
प्रेतनिर्यातकश्चैव वर्जनीयाः प्रयत्नतः ॥ १६६ ॥

(१६६) भेड़ भैंस से जीवन निर्वाह करने वाला निज पति को त्याग कर दूसरा पति करने वाली स्त्री का दूसरा पति धन लेकर शवदाह करने वाला ।

ॐ मनुजी भिक्षा वृत्ति वाले ब्राह्मण को ब्राह्मण नहीं मानते और क्लीवहिंसक के तुल्य बतलाते हैं ।

एतान्विगर्हिताचारानपाङ्क्तेयान्द्विजाधमान् ।
द्विजातिप्रवरो द्विजानुभयत्र विवर्जयेत् ॥ १६७ ॥

(१६७) वे अकारण निन्दिताचरणी है, ब्राह्मणो मे अधम हैं, पंक्ति मे बिठाने के अयोग्य हैं, इन सब को देवता या पितृ-कर्म के भोजन न करावे ।

ब्राह्मणस्त्वनधीयानस्तृणाग्निरिव शाम्यति ।
तस्मै हव्यं न दातव्यं न हि भस्मनि हूयते ॥१६८॥

(१६८) जैसे फूस की अग्नि झटपट बुझ जाती है, उसी प्रकार मूर्ख ब्राह्मण है । अतएव हव्य और कव्य उसको न देना चाहिये, क्योकि राख मे हवन नही हो सकता ।

अपाङ्क्तदाने यो दातुर्भवत्यूर्ध्वं फलोदयः ।
दैवे हविषि पित्र्ये वा तत्प्रवक्ष्याम्यशेषतः ॥१६९॥

(१६९) देवकर्म या पितृकर्म मे निन्दक ब्राह्मणो को भोजन कराने से जो फल परलोक मे मिलता है उसी को हम (अर्थात् भृगुजी) कहते हैं कि—

अव्रतैर्यद्द्विजैर्भुक्तं परिवेत्रादिभिस्तथा ।
अपाङ्क्तेयैर्यदन्यैश्च तद्वै रक्षांसि भुञ्जते ॥१७०॥

(१७०) उपरोक्त निन्दक ब्राह्मण जो भोजन करते वह राक्षस भोजन करते हैं, अर्थात् निष्फल होता है ।

दाराग्निहोत्रसंयोगं कुरुते योऽग्रजे स्थिते ।
परिवेत्ता स विज्ञेयः परिवित्तिस्तु पूर्वजः ॥१७१॥

(१७१) अविवाहिता सगे बडे भाई के होते हुए छोटा भाई विवाह करे और अग्निहोत्र कहे तो बडा भाई परिवित्त कहलाता है और छोटा भाई परिवेत्ता कहलाता है ।

परिवित्ति परीवेत्ता यया च परिविद्यते ।
सर्वे ते नरकं यांति दातृयाजकपंचमा ॥१७२॥

(१७२) परिवित्ति परिवेत्ता परिविता (अर्थात् जिस कन्या से विवाह हुआ है) सो उस कन्या को देने वाला और विवाह संस्कार कराने वाला ब्राह्मण यह पांचो नरकगामी होते है।

भ्रातुर्मृतस्य भार्यायां योऽनुरज्येत कामतः ।
धर्मेणापि नियुक्तायां स ज्ञेयो दिधिषूपतिः ॥१७३॥

(१७३) मृत भाई की स्त्री से भोग करने की विधि जो आगे कहेंगे उस विधि से भी स्वेच्छा पूर्वक भोग करने वाला दिधिषूपति कहलाता है।

परदारेषु जायेते द्वौ सुतौ कुण्डगोलकौ ।
पत्यौ जीवति कुण्डः स्यान्मृते भर्तरि गोलकः ॥१७४॥

(१७४) पर स्त्री में दो पुत्र होते है एक कुण्ड और दूसरा गोलक। इनमें से जीवित पति वाली का पुत्र कुण्ड कहलाता है और मृत पति वाली का पुत्र गोलक कहलाता है।

तौ तु जातौ परक्षेत्रे प्राणिनौ प्रेत्य चेह च ।
दत्तानि हव्यकव्यानि नाशयेते प्रदायिनाम् ॥१७५॥

(१७५) इन दोनों (अर्थात् कुण्ड या गोलक) को देव या पितृकर्म में भोजन कराने से और दान देने से दाता को परलोक में कुछ फल नहीं मिलता।

अपाङ्क्त्यो यावतः पाङ्क्त्यान्भुञ्जानाननुपश्यति ।
तावतां न फलं तत्र दाता प्राप्नोति बालिशः ॥१७६॥

(१७६) ब्राह्मणपंक्ती पतित ब्राह्मण जितने ब्राह्मणों

को भोजन करता हुआ देखता है उतने ब्राह्मणो के खिलाने का फल दाता को नही होता और यह दोनो बुद्धिहीन है ।

वीक्षयान्धो नवतेः काणः षष्टेः श्वित्री शतस्य तु ।

पापरोगी सहस्रस्य दातुर्नाशयते फलम् ॥१७७॥

(१७७) अन्धा, काणा, श्वेतकुष्ट वाला राजरोगी, इन सबके देखने से यथाक्रम ९०, ६०, १००, १०००, ब्राह्मण भोजन कराने का फल दाता को नही प्राप्त होता ।

यावतः संस्पृशदंगैर्ब्राह्मणाञ्छूद्रयाजकः ।

तावतां न भवेद्दातुः फलं दानस्य पौर्तिकम् ॥१७८॥

(१७८) शूद्र के वस्त्र मे यज्ञ कराने वाला ब्राह्मण अपने शरीर से जितने ब्राह्मणो को स्पर्श करता है उतने ब्राह्मणो को देने का फल दाता नही पाता और श्राद्ध मे उत्तम ब्राह्मणो की पक्ति मे बैठकर यदि यह भोजन करे तो जितने ब्राह्मण भोजन करते हैं, उन सब के भोजन करने का फल दाता नही प्राप्त कर सकता ।

वेदविद्चापि विप्रोऽस्य लोभात्कृत्वा प्रतिग्रहम् ।

विनाशं व्रजति क्षिप्रमामपात्रमिवाम्भसि ॥१७९॥

(१७९) शूद्र को यज्ञ कराने वाले ब्राह्मण से * लोभ वश वेद पढने वाला ब्राह्मण भी जो दान लेवे तो झटपट नाश हो जाता है, जैसे मिट्टी का कच्चा बरतन पानी मे ।

नोट—आजकल तो श्राद्ध मे भोजन करने वाले सभी ऐसे ही ब्राह्मण हैं ।

* लोभ से वेद-शास्त्र पढना महापाप है, क्योकि यह तो ब्राह्मणो का धर्म ही है । आजकल जितने वेदपाठी धनोपार्जन अर्थ पढते हैं वह मनुजी के कथनानुसार ब्राह्मणो मे से पतित हैं ।

सामविक्रयिणे विष्ठा भिषजे पूयशोणितम् ।
नष्टं देवलके दत्तमप्रतिष्ठं तु वार्धुषौ ॥ १८० ॥

(१८०) सोमलता के बेचने वाले ब्राह्मण को दान देने से दाता दूसरे जन्म में विष्ठाभक्षी पशु होता है और इसी प्रकार जीविकार्थ चिकित्सा करने वाले ब्राह्मण को दान देने से दाता आगामी जन्म में रुधिर और पीव पान करने वाला जीव होता है और तीन वर्ष पर्यन्त वेतन लेकर मूर्ति-पूजन करने वाले ब्राह्मण और ब्याज लेने वाले ब्राह्मण को दान देने से दाता को फल नहीं प्राप्त होता अर्थात् निष्फल होता है ।

यत्तु वाणिजके दत्तं नेह नामुत्र तद्भवेत् ।
भस्मनीव हुतं द्रव्यं तथा पौनर्भवे द्विजे ॥१८१॥

(१८१) वैश्य कर्म से निर्वाह करने वाले ब्राह्मण को दान देने से इस लोक और परलोक में दान का फल नहीं होता और प्रथम पति का त्याग पुनर्पति करने वाली स्त्री के दूसरे पति से उत्पन्न पुत्र को दान देना ऐसा है जैसे राख में हवन करना ।

इतरेषु त्वपाङ्क्त्येषु यथोद्दिष्टेष्वसाधुषु ।
मेदोसृङ्मांसमज्जास्थि वदन्त्यन्नं मनीषिणः ॥१८२॥

(१८२) जो ब्राह्मण पंक्ति में बैठने के अयोग्य हैं उनको दान देने से दाता आगामी जन्म में प्राणी का मांस रुधिर हड्डी आदि भक्षण करने वाला जीव होता है ।

अपाङ्क्त्योपहता पङ्क्तिः पाव्यते यैर्द्विजोत्तमैः ।
तान्निबोधत कार्त्स्न्येन द्विजाग्र्यान्पङ्क्तिपावनान्॥१८३

(१८३) जो पंक्ति चोर आदि ब्राह्मणों से दूषित हो उसे पवित्र करने वाले जो ब्राह्मण हैं उनको सुनो—

अग्र्याः सर्वेषु देवेषु सर्वप्रवचनेषु च ।
श्रोत्रियान्वयजाश्चैव विज्ञेयाः पंक्तिपावनाः ॥१८४॥

(१८४) जिस कुल मे दस पीढी से वेद का पढना-पढाना चला आता हो उस कुल मे उत्पन्न होकर चारो वेद अगसहित जो ब्राह्मण पढ सकता हो वह ब्राह्मण पक्ति पवित्र करने वाला है ।

त्रिणाचिकेतः पञ्चाग्निस्त्रिसुपर्णः षडङ्गवित् ।
ब्रह्मदेयात्मसंतानो ज्येष्ठसामग एव च ॥ १८५ ॥

(१८५) १–त्रिणाचिकेत, २–अग्निहोत्री, ३–त्रिसुपर्ण, ४–व्याकरणादि षडङ्गज्ञाता, ५–ब्राह्म विवाह से उत्पन्न, ६—सामवेद के उस भाग का ज्ञाता जिसमे ब्रह्मविचार है, वह छ पक्ति के पवित्र करने वाले हैं ।

वेदार्थवित्प्रवक्ता च ब्रह्मचारी सहस्रदः ।
शतायुश्चैव विज्ञेया ब्राह्मणाः पंक्तिपावनाः ॥१८६॥

(१८६) वेदार्थ-ज्ञाता, वेदार्थ-वक्ता, ब्रह्मचारी, सहस्र गोदानदाता, सौ वर्ष की आयु वाला, यह लोग पक्ति को शुद्ध करने वाले हैं ।

पूर्वेद्युरपरेद्युर्वा श्राद्धकर्मण्युपस्थिते ।
निमन्त्रयेतऽत्र्यवरान्सम्यग्विप्रान्यथोदितान ॥१८७॥

(१७७) श्राद्ध करने से एक दिन पहले वा उसी दिन तीन से अधिक अच्छे ब्राह्मण मिल सकें तो उनको निमन्त्रण देवे, यदि न मिल सकें तो एक वा दो वा तीन को भी नेवता देना चाहिये ।

निमन्त्रितो द्विजः पित्र्ये नियतात्मा भवेत्सदा ।
न च छन्दांस्यधीयीत यस्य श्राद्ध च तद्भवेत्॥१८८॥

(१८८) ❀ निमन्त्रित ब्राह्मण उस रात्रि दिन में स्त्री सम्भोग न करे और वेद पाठ भी न करे और श्राद्ध कर्ता भी स्त्री-सम्भोग और स्वाध्याय न करे।

निमन्त्रितान्हि पितर उपतिष्ठन्ति तान्द्विजान्।
वायुवच्चानुगच्छन्ति तथासीनानुपासते ॥ १८९ ॥

(१८९) निमन्त्रित ब्राह्मण के समीप पितृलोग खड़े रहते हैं और वायु वेश (रूप) से उस ब्राह्मण के अनुगामी रहते हैं।

केतितस्तु यथान्याय हव्यकव्ये द्विजोत्तमः।
कथंचिदप्यतिक्रामन्पापः सूकरतां व्रजेत् ॥१९०॥

(१९०) × नेव या पितृ कर्म में निमन्त्रण पाकर जो ब्राह्मण भोजन न करे वह उस पाप के कारण आगामी जन्म में सूकर (सुअर) होता है।

आमन्त्रितस्तु यः श्राद्धे वृषल्या सह मोदते।
दातुर्यद्दुष्कृतं किंचित्तत्सर्वं प्रतिपद्यते ॥ १९१ ॥

(१९१) श्राद्ध कर्म में नेवता पाकर जो ब्राह्मण शूद्र की स्त्री से भोग करता है वह श्राद्धकर्ता के सम्पूर्ण पाप को प्राप्त करता है।

अक्रोधनाः शौचपराः सततं ब्रह्मचारिणः।
न्यस्तशस्त्रा महाभागाः पितरः पूर्वदेवताः ॥१९२॥

❀ यह श्लोक राजा वर्ण के राज्यकाल के पश्चात् मिलाया गया है क्योंकि मृतक पितरों का श्राद्ध यहीं से प्रचलित हुआ है।

× आजकल तो ऐसा एक भी ब्राह्मण नहीं दीखता। वाम्मय में ऋषि श्राद्ध का वर्णन है इसको मिलावट करके पितृ श्राद्ध बताया गया है।

(१९२) ❀ पितृलोग भीतर-बाहर से एक, राग-द्वेष तथा क्रोध रहित, स्त्री भोग से रहित, कलह से परे, विद्यादि आठ गुणों से पूर्ण, महाभागी, अनादि देवता रूप हैं, इस कारण श्राद्ध-कर्ता तथा श्राद्ध भोजनकर्ता दोनो क्रोध से रहित हो ।

यस्मादुत्पत्तिरेतेषां सर्वेषामप्यशेषतः ।
ये च यैरुपचर्याः स्युर्नियमैस्तान्निबोधतः ॥१९३॥

(१९३) जिससे उन सबकी उत्पत्ति है और जिन नियमो से जिनका सेवन उन सबको सुनिये—

मनोहरण्यगर्भस्य ये मरीच्यादयः सुताः ।
तेषामृषीणां सर्वेषां पुत्राः पितृगणाःस्मृताः ॥१९४॥

(१९४) ब्रह्मा के पुत्र अर्थात् मनुजी के मरीचि आदि जो पुत्र है उनके जो पुत्र हैं सो पितृगण हैं।

विराट्सुता सोमसदः साध्यानां पितरः स्मृताः ।
अग्निष्वात्ताश्च देवानां मारीचा लोक विश्रुताः॥१९५॥

(१९५) साधुगण के पितर विराट् के पुत्र सोम सद हैं, देवतो के पितर अग्निष्वात हैं । यह सब मरीचि के पुत्र हैं और लोक प्रसिद्ध है ।

दैत्यदानवयक्षाणां गन्धर्वोरगरक्षसाम् ।
सुपर्णकिन्नराणां च स्मृता बर्हिष दोऽत्रिजाः ॥१९६॥

❀ श्राद्ध विषय मे बहुत कुछ मिलावट और यह सारी कथा महाभारत के पश्चात् उत्पन्न हुई है, अत इसका अधिक विस्तार नही किया गया ।

(१९६) + दैत्य दानव यक्ष गन्धर्व उरग राक्षस सुपर्ण किन्नर इन सबका पितर अत्रि का पुत्र वर्हिषद है।

सोमपा नाम विप्राणां क्षत्रियाणां हविर्भुजः ।
वैश्यानामाज्यपानाम् शूद्राणां तु सुकालिनः ॥१९७॥

(१९७) १-ब्राह्मण २-क्षत्रिय ३-वश्य ४-शूद्र इन सब के पितर क्रमानुसार १—सोमपा २—हविर्भुज ३-आज्यप और ४—सुकाली है।

सोमपास्तु कवेः पुत्रा हविष्मन्तोऽङ्गिरः सुताः ।
पुलस्त्यास्याज्यपाः पुत्रा वशिष्ठस्य सुकालिनः॥१९८॥

(१९८) १-कवि २-अंगिरा ३-पुलस्त्य ४-वसिष्ठ के पुत्र क्रमानुसार १-सोमपा २-हविर्भुज ३-आज्यप ४-सुकाली हैं।

अग्निदग्धानग्निदग्धान्काव्यान्वर्हिषदस्तथा ।
अग्निष्वात्तांश्च सौम्यांश्चविप्राणामेवनिर्दिशेत् ।१९९॥

(१९९) अग्निदग्ध अर्थात् वानप्रस्थ और गृहस्थी अनाग्निदग्ध सन्यासी काव्य वर्हिषद अग्नि ष्वात् सोमपा यह सब ब्राह्मण ही के पितर हैं।

य एते तु गुणा मुख्या पितृणां परिकीर्तिताः ।
तेषामपीह विज्ञेयं पुत्र पौत्रमनन्तकम् ॥ २०० ॥

(२) यह सब मुख्य पितृगण है इनके पुत्र और पौत्र अनन्त है।

ऋषिभ्यः पितरो जाताः पितृभ्यो देवमानवाः ।
देवेभ्यस्तु जगत्सर्वं चरं स्थाण्वनुपूर्वशः ॥२०१॥

+ श्लोक १९६ से २ १ तक पौराणिक कथा है और महाभारत के अनन्तर सम्मिलित की गई है।

(२०१) ऋपियो से पितरो की उत्पत्ति है, पितरो से देवता और मनुष्य उत्पन्न हुए हैं, देवतो से चर-अचर सारा जगत् उत्पन्न हुआ है।

राजतैर्भाजनैरेषामथो वा राजतान्वितैः ।
वार्यपि श्रद्धया दत्तमक्षयायोपकल्पते ॥ २०२ ॥

(२०२) चादी के वर्तनो मे अथवा चादी चढे हुए वर्तनो में सव पितरो को केवल जल ही देने से बहुत प्रसन्नता प्राप्त होती हैं।

देवकार्याद्द्विजातीनां पितृकार्यं विशिष्यते ।
दैवं हि पितृकार्यस्य पूर्वमाप्यायनं श्रुतम् ॥२०३॥

(२०३) ब्राह्मण, क्षत्रिय तथा वैश्य के द्विज-कार्य से पितृ-कार्य वडा है। इस कारण द्विज-कार्य पृथक होने से पितृकार्य पूर्ण होता है।

तेषामारक्षभूतं तु पूर्वं दैवं नियोजयेत् ।
रक्षांसि हि विलुम्पन्ति श्राद्धमारक्षवर्जितम् ॥२०४॥

(२०४) पितृकार्य के रक्षक द्विज-कार्य को प्रथम करना उचित है। रक्षा-रहित कार्य को राक्षस ले लेते हैं।

दैवाद्यन्तं तदीहेत पित्राद्यन्तं न तद्भवेत् ।
पित्राद्यन्तं त्वीहमानः क्षिप्रं नश्यति सान्वयः ॥२०५॥

(२०५) पितृकार्य के आदि-अन्त मे देव-कार्य करना चाहिये। देव-कार्य के आदि-अन्त मे पितृ-कार्य-कर्ता शीघ्र ही वश सहित नाश हो जाता है।

शुचिं देशं विविक्तं च गोमयेनोपलेपयेत् ।
दक्षिणाप्रवणं चैव प्रयत्नेनोपपादयेत् ॥ २०६ ॥

(२१५) हवन से शेष बचे द्रव्य के तीन पिण्ड बना कर दक्षिण दिशा को मुंह करके दाहिने हाथ से कुशों के ऊपर उन पिण्डों को एकाग्र चित्त हो देवे।

न्युप्य पिण्डांस्ततस्तांस्तुप्रतो विधिपूर्वकम् ।
तेषु दर्भेषु तं हस्तं निमृज्याल्लेपभागिनाम् ॥२१६॥

(२१६) जो विधि कर्मकाण्ड के सूत्र में लिखी है तदनुसार कुशों पर उन पिण्डों को देकर पिण्ड के नीचे का जो कुश है उसकी जड़में हाथ को पोंछे वृद्ध प्रपितामह आदि तीन पुरुषों के कर्मार्थ—

आचम्योदक्परावृत्य त्रिरायम्य शनैरसून् ।
षडृतूंश्च नमस्कुर्यात्पितॄनेव च मन्त्रवित् ॥२१७॥

(२१७) मन्त्रज्ञाता उत्तरमुख होकर आचमन और तीन प्राणायाम बलानुसार करके बसन्तादि छः ऋतुओं और पितरों को नमस्कार करे।

उदकं निनयेच्छेषं शनैः पिण्डान्तिके पुनः ।
अवजिघ्रेच्च तान्पिण्डान्यथान्युप्तान्समाहितः ॥२१८॥

(२१८) पिण्डदान से प्रथम पिण्ड स्थापन करने के स्थान की पृथ्वी को जो जल दिया जाता है उस पात्र में शेष जो जल है उसको पिण्डों के समीप क्रम से देवे। तत्पश्चात् उन पिण्डों को एकाग्र चित्त हो क्रम से सूंघे।

पिण्डेभ्यस्त्वल्पिकां मात्रां समादायानुपूर्वशः ।
तेनैव विप्रानासीनान्विधिवत्पूर्वमाशयेत् ॥२१९॥

नोट—गर्भसूत्र जिनमें कर्मविधि उल्लिखित है कृष्णयजुर्वेद के पश्चात् बने है और कृष्ण यजुर्वेद महाभारत के पश्चात् बना है। अतएव श्लोक २१६ से २२१ तक सम्मिलित किये हुए।

(२१६) पिण्डो से थोडा-थोडा अन्न यथाक्रम लेकर नमन्त्रित बैठे ब्राह्मणो को विधि पूर्वक भोजन करावे।

ध्रियमाणे तु पितरि पूर्वेषामेव निर्वपेत्।
विप्रवद्वापि तं श्राद्धे स्वकं पितरमाशयेत् ॥२२०॥

(२२०) पिता के गृह मे रहते हुए जो दादा, परदादा वानप्रस्थ और सन्यासी हैं उनका श्राद्ध करे अथवा पिता के ब्राह्मण के स्थान पर पिता ही को भोजन करावे और पितामह, प्रपितामह को पिण्ड देवे और दोनो के निमित्त ब्राह्मण-भोजन भी करावे।

पिता यस्य निवृत्तः स्याज्जीवेच्चापि पितामहः।
पितुः स नाम संकीर्त्य कीर्तयेत्प्रपितामहम् ॥२२१॥

(२२१) जिसके पिता की मृत्यु हो गई हो और पितामह जीवित हो वह पिता का नाम लेकर प्रपितामह का नाम लेवे।

पितामहो वा तच्छ्राद्धं भुञ्जीतेत्यब्रवीन्मनुः।
कामं वा समनुज्ञातः स्वयमेव समाचरेत् ॥२२२॥

(२२२) अथवा जिस प्रकार जीवित पिता को भोजन कराना कहा है उसी प्रकार जीवित पितामह को भोजन करावे पिता, प्रपितामह को पिण्ड देवे। इस बात को मनुजी ने कहा है, या पितामह की आज्ञा पाकर पिता, प्रपितामह, वृद्ध प्रपितामह को पिण्ड देवे, पितामह को भोजन करा देवे।

तेषां दत्त्वा तु हस्तेषु सपवित्रं तिलोदकम्।
तत्पिण्डाग्रं प्रयच्छेत स्वधैषामस्त्विति ब्रुवन् ॥२२३॥

(२२३) उन ब्राह्मणो के हाथ मे तिल, जल, कुश को

(२०६) दक्षिण दिशा में पृथ्वी को गाय के गोबर से लीप कर शुद्ध करे और उस स्थान पर श्राद्ध कर्म करे।

अवकाशेषु चोक्षेषु नदीतीरेषु चैव हि ।
विविक्तेषु च तुष्यन्ति दत्तेन पितरः सदा ॥२०७॥

(२०७) स्वभाव शुद्ध समाधि देश जो नदी तट पर जनशून्य हो ऐसे स्थान पर श्राद्ध करने से पितगण सदैव तृप्त रहते हैं।

आसनेषु पक्लृप्तेषु बर्हिष्मत्सु पृथक्पृथक् ।
उपस्पृष्टोदकान्सम्यग्विप्रांस्तानुपवेशयत् ॥ २०८ ॥

(२०८) पृथक-पृथक कुशासनों पर निमन्त्रित ब्राह्मणों को हाथ-पैर धुला कर और आचमन करके बिठलावे।

उपवेश्य तु तान्विप्रानासनेष्वजुगुप्सितान् ।
गन्धमाल्यैः सुरभिभिरर्चयेद्देवपूर्वकम् ॥ २०९ ॥

(२०९) प्रथम देवकार्य में निमन्त्रित ब्राह्मणों की पुष्प माला आदि से पूजा करे तत्पश्चात् पितृकार्य में निमन्त्रित ब्राह्मणों का भी पूजन करे।

तेषामुदकमानीय सपवित्रांस्तिलानपि ।
अग्नौ कुर्यादनुज्ञातो ब्राह्मणो ब्राह्मणैः सह ॥२१०॥

(२१०) कुश तिल सहित जल को ब्राह्मणों को देकर उनकी आज्ञा ग्रहण कर ब्राह्मणों सहित अग्नि में हवन करे।

अग्नेः सोमयमाभ्यां च कृत्वाप्यायनमादितः ।
हविर्दानेन विधिवत्पश्चात्संतर्पयेत्पितॄन् ॥ २११ ॥

(२११) प्रथन अग्नि, सोम, यम, इन सबको हव्य देवर तत्पश्चात् पितरो को अन्नादि देवे।

अग्न्यभावे तु विप्रस्य पाणावेवोपपादयेत् ।
योह्यग्निः स द्विजो विप्रैर्मन्त्रदर्शिभिरुच्यते ॥२१२॥

(२१२) अग्नि न हो तो ब्राह्मण के हाथ ही मे हवन करे। ब्राह्मण अग्नि समान है। इस बात को मन्त्रज्ञाता ब्राह्मणो ने कहा है। (इस स्थान मे केवल अग्निहोत्र की वस्तुओ को स्वार्थपरता से उदरस्थ करना बतलाया गया है)।

अक्रोधनान्सुप्रसादान्वदन्त्येतान्पुरातनान् ।
लोकस्याप्यायने युक्ताञ्छ्राद्धदेवान्द्विजोत्तमान् ॥२१३॥

(२१३) अक्रोधी, प्रसन्नचित्त, पुरातन और उन्नत ससार मे प्रयत्न करने वाले श्राद्ध के पात्र ब्राह्मण ही हैं। इस बात को मनु आदि ऋषियो ने कहा है, इस हेतु देवता रूप श्राद्ध को ब्राह्मण के हाथ मे देना सिद्ध है।

अपसव्यमग्नौ कृत्वा सर्वमावृत्य विक्रमम् ।
अपसव्येन हस्तेन निर्वपेदुदकं भुवि ॥ २१४ ॥

(२१४) हवन की अग्नि को दक्षिण दिशा मे करके जनेऊ को दाहिने कन्धे पर डाल कर दाहिने हाथ से पिण्ड रखने की पृथ्वी पर जल देवे।

त्रींस्तु तस्माद्धविः शेषात्पिण्डान्कृत्वा समाहितः ।
औदकेनैव विधिना निर्वपेद्दक्षिणामुखः ॥२१५॥

❀ देवतर्पण मे तो विद्वान् ब्राह्मणो का सत्य ही अधिकार है क्योकि विद्वान् ही देवता कहलाते हैं। किन्तु पितृ-तर्पण मे इनका अधिकार पीछे से बतलाया गया है।

(२१५) हवन से शेष बचे हव्य के तीन पिण्ड बना कर दक्षिण दिशा को मुंह करके दाहिने हाथ से कुशों के ऊपर उन पिण्डों को एकाग्र चित्त हो देवे।

न्युप्य पिण्डांस्ततस्तांस्तु प्रयतो विधिपूर्वकम्।
तेषु दर्भेषु तं हस्तं निमृज्याल्लेपभागिनाम् ॥२१६॥

(२१६) जो विधि कर्मकाण्ड के सूत्र में लिखी है तदनुसार कुशों पर उन पिण्डों को देकर पिण्ड के नीचे का जो कुश है उसकी जड़में हाथ को पोंछे वृद्ध प्रपितामह आदि तीन पुरुषों के कर्मार्थ—

आचम्योदक्परावृत्य त्रिरायम्य शनैरसून्।
षड्ऋतूंश्च नमस्कुर्यात्पितॄनेव च मन्त्रवित् ॥२१७॥

(२१७) मन्त्रज्ञाता उत्तरमुख होकर आचमन और तीन प्राणायाम बलानुसार करके वसन्तादि छः ऋतुओं और पितरों को नमस्कार करे।

उदकं निनयेच्छेषं शनैः पिण्डान्तिके पुनः।
अवजिघ्रेच्च तान्पिण्डान्यथान्युप्तान्समाहितः ॥२१८॥

(१८) पिण्डदान से प्रथम पिण्ड स्थापन करने के स्थान की पृथ्वी को जो जल दिया जाता है उस पात्र में शेष जो जल है उसको पिण्डा के समीप क्रम से दवे। तत्पश्चात् उन पिण्डा को एकाग्र चित्त हो क्रम से सूंघे।

पिण्डेभ्यस्त्वल्पिकां मात्रां समादायानुपूर्वशः।
तानेव विप्रानासीनान्विधिवत्पूर्वमाशयेत् ॥२१९॥

नोट—गर्भसूत्र जिनमें कर्मविधि उल्लिखित है कृष्णयजुर्वेद के पश्चात् बने हैं और कृष्ण यजुर्वेद महाभारत के पश्चात् बना है। अतएव श्लोक २१६ से २२१ तक सम्मिलित किये हुए।

(२१९) पिण्डो से थोडा-थोडा अन्न यथाक्रम लेकर नमन्त्रित बैठे ब्राह्मणो को विधि पूर्वक भोजन करावे।

ध्रियमाणे तु पितरि पूर्वेषामेव निर्वपेत्।
विप्रवद्वापि तं श्राद्धे स्वकं पितरमाशयेत् ॥२२०॥

(२२०) पिता के गृह मे रहते हुए जो दादा, परदादा वानप्रस्थ और सन्यासी हैं उनका श्राद्ध करे अथवा पिता के ब्राह्मण के स्थान पर पिता ही को भोजन करावे और पितामह, प्रपितामह को पिण्ड देवे और दोनो के निमित्त ब्राह्मण-भोजन भी करावे।

पिता यस्य निवृत्तः स्याज्जीवेच्चापि पितामहः।
पितुः स नाम संकीर्त्य कीर्तयेत्प्रपितामहम् ॥२२१॥

(२२१) जिसके पिता की मृत्यु हो गई हो और पितामह जीवित हो वह पिता का नाम लेकर प्रपितामह का नाम लेवे।

पितामहो वा तच्छ्राद्धं भुञ्जीतेत्यब्रवीन्मनुः।
कामं वा समनुज्ञातः स्वयमेव समाचरेत् ॥२२२॥

(२२२) अथवा जिस प्रकार जीवित पिता को भोजन कराना कहा है उसी प्रकार जीवित पितामह को भोजन करावे पिता, प्रपितामह को पिण्ड देवे। इस बात को मनुजी ने कहा है, या पितामह की आज्ञा पाकर पिता, प्रपितामह, वृद्ध प्रपितामह को पिण्ड देवे, पितामह को भोजन करा देवे।

तेषां दत्त्वा तु हस्तेषु सपवित्रं तिलोदकम्।
तत्पिण्डाग्रं प्रयच्छेत स्वधैषामस्त्विति ब्रुवन् ॥२२३॥

(२२३) उन ब्राह्मणो के हाथ मे तिल, जल, कुश को

देकर पिण्डों से निकाला हुआ जो थोड़ा-थोड़ा भाग है उसको पितादि तीनों के ब्राह्मणों को यथाक्रम दवे।

पाणिभ्यां तूपसङ्गृह्य स्वयमन्नस्य वर्द्धितम्।
विप्रान्तिके पितॄन्ध्यायञ्शनकैरुपनिक्षिपेत् ॥२२४॥

(२२४) आप दोनों हाथों से सब खाद्य पदार्थ भोजनालय से लेकर पितरों का ध्यान करता हुआ ब्राह्मणों के समीप धीरे से परोसे।

उभयोर्हस्तयोर्मुक्तं यदन्नमुपनीयते।
तद्विप्रलुम्पन्त्यसुराः सहसा दुष्टचेतसः ॥२२५॥

(२२५) एक हाथ से लाये हुए अन्न को असुर लोग छीन लेते हैं। अतः दोनों हाथों से लाना चाहिये।

गुणांश्च सूपशाकाद्यान्पयो दधि घृतं मधु।
विन्यसेत्प्रयतः पूर्वं भूमावेव समाहितः ॥२२६॥

(२२६) शहद दूध घी दधि आदि वस्तुओं से बना हुआ भोजन इस उत्तमता से कि जिसमें पृथ्वी पर न बिखर पावे भूमि पर रक्खे।

भक्ष्यं भोज्यं च विविधं मूलानि च फलानि च।
हृद्यानि चैव मांसानि पानानि सुरभीणि च ॥२२७॥

(२२७) मन प्रसन्न करने वाले उत्तम भोज्य पदार्थ और उत्तम फल मूल तथा स्वादिष्ट वा सुगन्धित वस्तुओं को रखे।

उपनीय तु तत्सर्वं शनकैः सुसमाहितः।
परिवेषयेत प्रयतो गुणान्सर्वान्प्रचोदयन् ॥२२८॥

(२२८) एकाग्र चित्त हो सब वस्तुओ को ब्राह्मणो के समीप लाकर यह कहकर कि यह मीठा है, यह खट्टा है, परोसे।

नाश्रुमापातयेज्जातु न कुप्येन्नानृतं वदेत्।
न पादेन स्पृशेदन्नं न चैतदवधूनयेत् ॥२२६॥

(२२६) रुदन करना, क्रोध करना, असत्य भाषण (अनृत) इन सब को त्याग दे, पाव से अन्न स्पर्श न करे और न उछाल कर अन्न को पात्र मे रक्खे।

अस्रं गमयति प्रेतान्कोपोऽरीनन्नृतं वदेत्।
पादस्पर्शस्तु रक्षांसि दुष्कृतीनवधूननम् ॥२३०॥

(२३०) + रुदन करने से प्रेत को, क्रोध करने से शत्रु को, अनृत भाषण से कुत्ते को, पग स्पर्श से राक्षस को, तथा उछालने से पापी को वह अन्न मिलता है।

यद्यद्रोचेतसांवेप्रेभ्यस्तत्तद्दद्योदमत्सरः।
ब्रह्मोद्याश्चकथाः कुर्यात्पितृणामेतदीप्सितम् ॥२३१॥

(२३१) क्षोभ तथा मत्सर परित्याग कर जो २ वस्तुयें ब्राह्मणो को रुचें सो २ वस्तुयें देवे और परमात्मा की कथा कहे, क्योकि यह कार्य पितरो का प्रिय है।

स्वाध्यायं श्रावयेत्पित्र्ये धर्मशास्त्राणि चैव हि।
आख्यानानीतिहासांश्चपुराणानिखिलानि च ॥२३२॥

नोट—श्राद्ध का सारा विषय पीछे से सम्मिलित किया गया है।

+ शोक प्रेत अर्थात् मृतक को अन्न पहुँचना श्राद्धका उद्देश्य बतलाया गया है और इन मिलावटी श्लोको से प्रेत को मिलना गर्हित बतलाया गया है।

+ इस श्लोक के सम्मिश्रण में किंचित् मात्र शका नही है।

(२३२) वेद धर्मशास्त्र पुराण तथा इतिहासों की कथा आदि प्रति समय ब्राह्मणो को सुनाया करे । इस स्थान पर पुराण से तात्पर्य ब्राह्मण ग्रन्थों से है क्योंकि जिस समय यह ग्रन्थ लिखा गया था उस समय अष्टादश पुराणो की रचना नही हुई थी।

हर्षयेद्ब्राह्मणांस्तुष्टो भोजयेच्च शनैः शनैः ।
अन्नाद्येनासकृच्चैतान्गुणैश्च परिचोदयेत् ॥२३३॥

(२३३) आप हर्षित होकर मिष्टभाषणादि से ब्राह्मणों को प्रसन्न करे और शीघ्रता न करे वरन् यह स्वादिष्ट खीर है यह उत्तम मद्दू है ऐसे सब वस्तुओं के गुण वर्णन कर ब्राह्मणों को सन्तुष्ट करे ।

व्रतस्थमपि दौहित्रं श्राद्धे यत्नेन भोजयेत् ।
कुतपं चासनं दद्यात्तिलैश्च विकिरेन्महीम् ॥२३४॥

(२३४) दौहित्र (नाती) यदि व्रतमें भी हो तो उसको किसी यत्न से श्राद्ध मे भोजन अवश्य करावे । नैपाली कम्बल का आसन द श्राद्ध को पृथ्वी पर तिल छिड़का दे ।

त्रीणि श्राद्धे पवित्राणि दौहित्रः कुतपस्तिलाः ।
त्रीणि चात्र प्रशंसन्ति शौचमक्रोधमत्वराम् ॥२३५॥

(२३५) श्राद्ध में तीन वस्तु पवित्र हैं, १—दौहित्र (नाती) २—नैपाली कम्बल ३—तिल तथा तीन ही वस्तुयें प्रशंसनीय हैं, १—पवित्रता २—शान्ति ३—धैर्य ।

अत्युष्णं सर्वमन्नं स्याद्भुञ्जीरंस्ते च वाग्यताः ।
न च द्विजातयो ब्रूयुर्दात्रा पृष्टा हविर्गुणान् ॥२३६॥

(२३६) ब्राह्मण लोग मौन धारण कर अति उष्ण

(गरम) भोजन करें। यदि भोजनदाता वस्तुओं का गुण पूछे तो भी कुछ न बोले।

यावदुष्णं भवत्यन्नं यावदश्नन्ति वाग्यताः।
पितरस्तावदश्नन्ति यावन्नोक्ता हविर्गुणाः ॥२३७॥

(२३७) जब तक भोजन उष्ण (गरम) रहता है और भोजनकर्ता मौन धारण किये रहते हैं तब तक पितर लोग भोजन करते हैं।

यद्वेष्टितशिरा भुङ्क्ते यद्भुङ्क्ते दक्षिणामुखः।
सोपानत्कश्च यद्भुङ्क्ते तद्वै रक्षांसि भुञ्जते ॥२३८॥

(२३८) दक्षिण दिशा को मुख करके और सिर बाधकर या जूता पहन कर जो भोजन करता है वह अनाचारी और राक्षस का भोजन कहलाता है।

चाण्डालश्च वराहश्च कुक्कुटः श्वा तथैव च।
रजस्वला च षण्ढश्च नेक्षेरन्नश्नतो द्विजान् ॥२३९॥

(२३९) चाण्डाल, वराह (सूकर, सुअर), कुक्कुट (मुर्गा), स्वान (कुत्ता), रजस्वला स्त्री, नपुंसक, यह सब लोग ब्राह्मण को भोजन करते हुए न देखे।

होमे प्रदाने भोज्ये च यदेभिरभिवीक्ष्यते।
दैवे कर्मणि पित्र्ये वा तद्गच्छत्ययथातथम् ॥२४०॥

(२४०) देवयज्ञ वा पितृयज्ञ करते समय निम्नलिखित जीवधारियों के दर्शन करने से सब कार्य नष्ट हो जाते हैं।

घ्राणेन सूकरो हन्ति पक्षवातेन कुक्कुटः।
श्वा तु दृष्टिनिपातेन स्पर्शेनाऽवरवर्णजः ॥२४१॥

(२४१) सूअर सूंघने से मुर्गा पर फड़फड़ाने से कुत्ता दर्शन से शूद्र स्पर्श से सब कार्य नष्ट कर देते हैं ।

खञ्जो वा यदि वा काणो दातुः प्रेष्योऽपि वा भवेत् ।
हीनातिरिक्तगात्रो वा तमप्यपनयेत्पुन ॥२४२॥

(२४२) काना गजा आदि एक अङ्गहीन वा एक अधिक अङ्ग रखने वाला चाहे अपना सेवक ही क्यों न हो परन्तु उसे श्राद्ध समय श्राद्ध-स्थान से निकाल दे ।

ब्राह्मणं भिक्षुकं वापि भोजनार्थमुपस्थितम् ।
ब्राह्मणैरभ्यनुज्ञातः शक्तित प्रतिपूजयत ॥२४३॥

(२४३) यदि ब्राह्मण वा भिक्षुक जो भोजनार्थ आए तो निमन्त्रित ब्राह्मणों की आज्ञा ग्रहण करके यथाशक्ति प्रत्येक का पूजन करे ।

सार्ववर्णिकमन्नाद्यं सन्नीयाप्लाव्य वारिणा ।
समुत्सृजेद्भुक्तवतामग्रतो विकिरन्भुवि ॥ २४४ ॥

(२४४) सब प्रकार के अन्न को व्यंजनादि से मिला कर जल डाल कर उस अन्न को भोजन किये हुए ब्राह्मणों के सम्मुख पृथिवी पर कुश पर डाल दे ।

असंस्कृतप्रमीतानां त्यागिनां कुलयोषिताम् ।
उच्छिष्टं भागधेयं स्याद्दर्भेषु विकिरश्च य ॥२४५॥

(२४५ (जो बालक अग्निदाह करने के अयोग्य हैं और उनकी मृत्यु हो गई है वा जो नर दूषित कुल स्त्रियों को त्याग कर मर गये हैं उन सब को यह अन्न जो कुश पर डाला गया है, मिलता है ।

उच्छेषणं भूमिगतमजिह्मस्याशठस्य च ।
दासवर्गस्य तत्पित्र्ये भागधेयं प्रचक्षते ॥ २४६ ॥

(२४६) पृथिवी पर जो जूठा अन्न है वह दास लोगो का है, परन्तु वह दास कुटिल वा नटखट न हो ।

आसपिण्डक्रियाकर्म द्विजाते संस्थितस्य तु ।
अदैवं भोजयेच्छ्राद्धं पिण्डमेकं तु निर्वपेत् ॥२४७॥

(२४७) ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य के मृत्यु दिन से सपिण्डी क्रिया पर्यन्त विश्वदेव के निमित्त ब्राह्मण भोजन न करावे । किन्तु प्रेत के निमित्त एक ब्राह्मण भोजन करावे और एक पिण्ड देवे ।

सहपिण्डक्रियायां तु कृतायामस्य धर्मतः ।
अनयैवावृता कार्यं पिण्डनिर्वपणं सुतैः ॥२४८॥

(२४८) सपिण्डी करने के पश्चात् अमावस्या के श्राद्ध के विधान से पुत्र पिण्ड को देवे ।

श्राद्धं भुक्त्वा य उच्छिष्टं वृषलाय प्रयच्छति ।
स मूढो नरकं याति कालसूत्रमवाक्शिराः ॥२४९॥

(२४९) + जो कोई श्राद्धान्न को भोजन कर जूठा अन्न शूद्र को देता है वह मूढ अधोशिर (नीचे शिर किये हुए) कालसूत्र नाम नरक मे आता है ।

+ यह श्लोक और इस प्रकार के और भी श्लोक सम्मिलित किये हुए हैं, जिनमे मृतक पितरो के श्राद्ध और मांस-भक्षण का विधान है । क्योकि श्राद्ध राजा कर्ण से प्रचलित हुआ है और मास-भक्षण वेद-विरुद्ध है ।

श्राद्धभुग्वृषलीतल्पं तदहर्योऽधिगच्छति ।
तस्याः पुरीषे तं मासं पितरस्तस्य शेरते ॥२५०॥

(२) श्राद्धान्न भोजन कर जो कोई उस रात्रि को स्त्री-सम्भोग करता है उसके पितर उसी स्त्री के मूत्र-स्थान में एक मास पर्यन्त पड़े रहते हैं।

पृष्ट्वा स्वदितमित्येवं तृप्तानाचामयेत्ततः ।
आचान्तांश्चानुजानीयादभि तो रम्यतामिति॥२५१॥

(२५१) भली भाँति भोजन किया है यह पूछ कर संतुष्ट और तृप्त जानकर आचमन कराके श्राद्धकर्ता ब्राह्मणों से कहे कि जायें।

स्वधास्त्वित्येव तं ब्रूयुर्ब्राह्मणास्तदनन्तरम् ।
स्वधाकारः परा ह्याशीः सर्वेषु पितृकर्मसु ॥२५२॥

(२५२) उसके प्रत्युत्तर में ब्राह्मण लोग स्वधास्तु कहें पितृकर्मों में स्वधा कहना बड़ा आशीर्वाद है।

ततो भुक्तवतां तेषामन्नशेषं निवेदयेत् ।
यथा ब्रूयुस्तथा कुर्यादनुज्ञातस्ततो द्विजैः ॥२५३॥

(२५३) तत्पश्चात् सब ब्राह्मणों के बचे हुए अन्न को निवेदन करे जैसा वह ब्राह्मण कहे वैसा करे।

पित्र्ये स्वदितमित्येव वाच्यं गोष्ठे तु सुश्रुतम् ।
सम्पन्नमित्यभ्युदये दैवे रुचितमित्यपि ॥ २५४ ॥

(२५४) एकोद्दिष्ट श्राद्ध में तृप्त और प्रसन्न के अर्थ—स्वदितम् कहना चाहिये। गोष्ठी श्राद्ध में सुश्रुतम् और अभ्युदयिक श्राद्ध में सम्पन्न कहना चाहिये। देवता के निमित्त जो श्राद्ध है उसमें रुचितम् कहना चाहिये।

नोट—२१ से २५५ श्लोक तक सम्मिलित किये हुए हैं।

अपराह्णस्तथा दर्भा वास्तुसम्पादनं तिलाः ।
सृष्टिमृष्टिर्द्विजाश्चाग्रयाः श्राद्धकर्मसु संपदः ॥२५५॥

(२५५) अपरान्ह काल (दोपहर पश्चात्) कुश गोवर आदि से भूमि को शोधना,तिल, उदारता, अन्न आदि का सस्कार, पक्ति के पवित्र कर्ता ब्राह्मण, यह सब पार्वण श्राद्ध मे सपद हैं ।

दर्भाः पवित्रं पूर्वाह्णो हविष्याणि च सर्वशः ।
पवित्रं यच्च पूर्वोक्तं विज्ञेया हव्यसम्पदः ॥ २५६ ॥

(२५६) मन्त्र, पूर्वान्हं काल (दोपहर से प्रथम) हविष्य, उपरोक्त विधि से भूमिका शोधना, यह सब देव कर्म की सम्पदा (धन) हैं ।

मुन्यन्नानि पयः सोमो मांसं यच्चानुपस्कृतम् ।
अक्षारलवणं चैव प्रकृत्या हविरुच्यते ॥ २५७ ॥

(२५७) मुनियो के अन्न, दूध, सोमलता का रस, वना वनाया मास, विन वना सेंधा लवण (नमक) आदि यह स्वाभाविक हव्य कहाते हैं ।

विसृज्य ब्राह्मणांस्तांस्तु नियतो वाग्यतः शुचिः ।
दक्षिणां दिशमाकांक्षन्याचेतेमान्वरान्पितॄन् ॥२५८॥

(२५८) गोष्ठी श्राद्ध मे 'सुश्रुतम्' कहना चाहिये । इन ब्रह्मणो को विदा करने पश्चात् श्राद्धकर्ता पवित्र हो मौन धारण कर दक्षिण दिशा की ओर होकर पितरो से यह वरदान मागे कि

नोट—श्लोक २५६ से २६१ पर्यन्त मिलाये हुए हैं । क्योकि मॉस तो यज्ञ भ्रष्ट कर देने वाली वस्तु है । यहा मृतक पितृ श्राद्ध आदि को बतलाने के हेतु यह सब सम्मिलित किये गये हैं ।

दातारो नोऽभिवर्धन्तां वेदाः सन्ततिरेव च ।
श्रद्धा च नो माव्यगमद्बहु देयं च नोऽस्त्विति॥२५६॥

(२५६) हमारे कुल में दाता वेद सदा सन्तति वृद्धि (उन्नति) हो श्रद्धा बनी रहे विपुल धनादि देने की वस्तुयें हों—

एवं निर्वपणं कृत्वा पिण्डांस्तांस्तदनन्तरम् ।
गां विप्रमजमग्निं वा प्राशयेदप्सु वाक्षिपेत् ॥ २६० ॥

(२०) इस भांति पिण्डों को देकर तत्पश्चात् उन पिण्डों को गऊ वा ब्राह्मण वा बकरे वा अग्नि को खिलावे अथवा जल मे प्रवाह कर दे ।

पिण्डनिर्वपणं केचित्पुरस्तादेव कुर्वते ।
वयोभिः खादयन्त्यन्ये प्रक्षिपन्त्यनलेऽप्सु वा ॥२६१॥

(२६१) कोई आचार्य कहते हैं कि ब्राह्मण भोजन के पश्चात् पिण्डदान होना चाहिये । कोई आचार्य उन पिण्डों को पक्षियों को खिलाना और कोई जल मे प्रवाह करना और कोई अग्नि में डालना कहते हैं ।

पतिव्रता धर्मपत्नी पितृपूजनतत्परा ।
मध्यमं तु ततः पिण्डमद्यात्सम्यक्सुतार्थिनी ॥२६२॥

(२६२) पतिव्रता स्त्री पितरों की पूजा करने वाले पुत्र उत्पन्न होने की अभिलाषा से पितामह के पिण्ड को भ ी भांति भोजन करे ।

आयुष्मन्तं सुतं सूते यशोमेधासमन्वितम् ।
धनवन्तं प्रजावन्तं सात्त्विकं धार्मिकं तथा ॥ २६३ ॥

(२६३) वो उस स्त्री के आयुष्मान् (दीर्घ आयु वाला),

यशस्वी, धनवान, मेधावान,सात्विकी (सतोगुणी) सन्तति वाला, तथा धार्मिक (धर्मात्मा) पुत्र उत्पन्न होता है।

प्रक्षाल्य हस्तावाचम्य ज्ञातिप्रायं प्रकल्पयेत् ।
ज्ञातिभ्यः सत्कृतं दत्वा बान्धवानपि भोजयेत् ॥२६४॥

(२६४) हाथ प्रक्षाल कर (धोकर) आचमन करके शेप भोजन अपने वंश वालों (कुटुम्बियो) को खिलावे तत्पचात् सम्बन्धियो को।

उच्छेषणं तु तत्तिष्ठेद्यावद्विप्रा विसर्जिताः ।
ततोगृहबलिं कुर्यादिति धर्मो व्यवस्थितः ॥२६५॥

(२६५) गृह मे ब्राह्मणो के उपस्थित रहने पर्यन्त उनके उच्छिष्ट (जूठे) भोजनादि को यथास्थान रहने दे । ब्राह्मणो के विदा होने पश्चात् उस झूंठे स्थान को धोवे तत्पश्चात् गृहबलि करे, यह धर्म है।

हविर्यच्चिररात्राय यच्चानन्त्याय कल्पते ।
पितृभ्यो विधिवद्दत्तं तत्प्रवक्ष्याम्यशेषतः ॥२६६॥

(२६६) जो हव्य वस्तु विधिपूर्वक देने से पितरो को अधिक समय पर्यन्त तृप्त रखती है और असख्य फल देने वाली है वह सब कहते है।

तिलैर्व्रीहियवैर्माषैरद्भिर्मूलफलेन वा ।
दत्तेन मासं तृप्यन्ति विधिवत्पितरो नृणाम् ॥२६७॥

(२६७) तिल, जौ, धान, उडद, जल, मूल, फल इनमे से कोइ एक वस्तु भी शास्त्रानुसार विधिपूर्वक दान करने से एक मास पर्यन्त मनुष्यो के पितर तृप्त रहते हैं।

द्वौ मासौ मत्स्यमांसेन त्रीन्मासान्हारिणेन तु ।
औरभ्रेणाथ चतुरः शाकुनेनाथ पञ्च वै ॥ २६८ ॥

(२६८) दो मास पर्यन्त मछली के मांस से तीन मास पर्यन्त हिरन के मांस से चार मास पर्यन्त भेड़ के मांस से पांच मास पर्यन्त पक्षियों के मांस से ।

षण्मासांश्छागमांसेन पार्षतेन च सप्त वै ।
अष्टावेणस्य मांसेन रौरवेण नवैव तु ॥ २६९ ॥

(२६९) षट (छ) मास पर्यन्त छाग (बकरा) के मांस से सात मास पर्यन्त चित्रमृग के मांस से आठ मास पर्यन्त ऐण नामक हिरण के मांस से नौ मास पर्यन्त रुरु नामक मृग के मांस से ।

दशमासांस्तु तृप्यन्ति वराहमहिषामिषैः ।
शशकूर्मयोस्तु मांसेन मासानेकादशैव तु ॥२७०॥

(२७) दस मास पर्यन्त वराह (अर्थात् सुअर) वा महिष (भैंसा) के मांस से एकादश (ग्यारह) मास पर्यन्त शशक (खरहा) वा कूर्म (कछुवा) के मांस से ।

संवत्सरं तु गव्येन पयसा पायसेन च ।
वार्ध्रीणसस्य मांसेन तृप्तिर्द्वादशवार्षिकी ॥ २७१ ॥

(२७१)गोदुग्ध वा गोदुग्ध की खीर से एक वर्ष पर्यन्त

---

(१) श्लोक २६८ से २७२ तक वाममार्गियों के सम्मिलित किये हुए हैं और वेद तथा प्रत्यक्ष के विरुद्ध हैं ।

(२) यह विषय सम्भवतः सम्मिलित किया हुआ है क्योंकि मृतक पुरुषों के पितरों का सम्बन्ध नहीं रहता और वह अपने कर्मानुसार योनि पा जाते हैं ।

ऐसे बकरे के मास से जिसके दोनो कान पानी पीते समय पानी को स्पर्श करे बारह वर्ष पर्यन्त ।

कालशाकं महाशल्काः खड्गलोहामिषं मधु ।
आनन्त्यायैव कल्प्यन्ते मुन्यन्नानि च सर्वशः ।२७२॥

(२७२) कालशाक, महाशल्क (एक प्रकार की मछली) गेडा तथा लाल बकरा, इनमे से किसी एक के मास से असख्य वर्ष पर्यन्त तथा मधु वा सपूर्ण मुन्यन्नो से भी असख्य वर्ष पर्यन्त तृप्त रहते हैं ।

यत्किंचिन्मधुना मिश्रं प्रदद्यात्तु त्रयोदशीम् ।
तदप्यक्षयमेव स्याद्वर्षासु च मघासु च ॥ २७३ ॥

(२७३) वर्षा ऋतु मे जिस त्रयोदशी तिथि को मघा नक्षत्र हो, उस दिन मीठी वस्तुओ को देने से अक्षय (नाश न होने वाला) फल होता है ।

अपि नः सकुले जायाद्यो नो दद्यात्त्रयोदशीम् ।
पायसं मधुसर्पिभ्यां प्राक्छाये कुञ्जरस्य च ॥ २७४ ॥

(२७४) पितृ लोग यह अभिलाषा किया करते हैं कि हमारे कुल मे ऐसा पुरुष उत्पन्न होवे जो भाद्रपद (भादो) कृष्ण पक्ष त्रयोदशी तिथि अथवा उस मास की किसी अन्य तिथि मे अपरान्ह (दोपहर पश्चात्) काल मे मधु और घी मिश्रित खीर देवे ।

यद्यद्ददाति विधिवत्सम्यक् श्रद्धासमन्वितः ।
तत्तत्पितॄणां भवति परत्रानन्तमक्षयम् ॥ २७५ ॥

(२७५) जो वस्तु यथाविधि उत्तम रीति से श्रद्धा सहित पितरो को दी जाती है उसका परलोक मे अनन्त फल होता है ।

विघसाशी भवेन्नित्यं नित्यं वामृत भोजनः ।
विघसो भुक्तशेषं तु यज्ञशेषं तथामृतम् ॥२८५॥

(२८५) श्राद्ध के पश्चात् जो कुछ भोजन शेष रहे उसे श्राद्धकर्ता स्वयं खावे यह यज्ञ से शेष रहा भोजन पवित्र करने वाला है ।

एतद्वोऽभिहितं सर्वं विधानं पाञ्चयाज्ञिकम् ।
द्विजातिमुख्यवृत्तीनां विधानं श्रूयतामिति ॥२८६॥

(२८६) भृगुजी कहते हैं कि हे ऋषि-वर्गो पञ्चमहायज्ञ की विधि कही अब ब्राह्मण की मुख्यवृत्ति (जीविका) को कहते हैं तिसको सुनो ।

मनुजीके धर्मशास्त्र भृगुजीकी संहिताका तृतीय अध्याय समाप्तहुआ

चतुर्थोऽध्याय ।

चतुर्थमायुषो भागमुषित्वाऽद्य गुरौ द्विजः ।
द्वितीयमायुषो भागं कृतदारो गृहे वसेत् ॥१॥

(१) अपनी आयु का प्रथम भाग वेदाध्ययनार्थ गुरुकुल में व्यतीत करे । आयु के द्वितीय भाग में तदनुसार कर्म करने के हेतु विवाह कर गृहस्थाश्रम में विचरे ।

अद्रोहेणैव भूतानामल्पद्रोहेण वा पुनः ।
या वृत्तिस्तां समास्थाय विप्रो जीवेदनापदि ॥२॥

* जो यज्ञ समाप्त कर भोजन करता है वह सदैव आनन्द लाभ करता है ।

(२) ब्राह्मण को अपनी वृत्ति ऐसी रखनी उचित है जिससे जीवों को नष्ट न हो। यदि यह असाध्य हो तो जिस कारण से अल्प कष्ट हो ऐसी विधि से कार्य करे।

यात्रामात्रप्रसिद्ध्यर्थं स्वैः कर्मभिरगर्हितैः।
अक्लेशेन शरीरस्य कुर्वीत धनसंचयम् ॥३॥

(३) शुभकर्मों तथा शरीर को क्लेश न पहुँचाने वाली विधि द्वारा अपने शरीर पोषण मात्र (उदर क्षुधा निवृत्यर्थ धन सचय करे।

ऋतामृताभ्यां जीवेत्तु मृतेन प्रमृतेन वा।
सत्यानृताभ्यामपि वा न श्ववृत्त्या कदाचन ॥४॥

(४) ऋत, अमृत, मृत, ※ प्रमृत तथा सत्य के ग्रहण और अनृत (असत्यभाषण) के परित्याग द्वारा जीवरक्षा करे।

ऋतमुञ्छशिलं ज्ञेयममृतं स्यादयाचितम्।
मृतं तु याचितं भैक्षं प्रमृतं कर्षणं स्मृतम् ॥५॥

(५) उञ्छशिल को ऋतु कहते हैं, अयाचन मिले उसे अमृत कहते हैं। याचना करने पर प्राप्त हो उसे मृत कहते हैं। कृषि को प्रमृत कहते हैं।

सत्यानृतं तु वाणिज्यं तेन चैवापि जीव्यते।
सेवा श्ववृत्तिराख्याता तस्मात्तां परिवर्जयेत् ॥६॥

(६) व्यापार का नाम सत्यानृत (सत्य तथा झूठ) है, सेवकाई को कुत्ता-वृत्ता कहते हैं। अतएव विपत्ति समय ब्राह्मण वाणिज्य को तो करले परन्तु सेवकाई कदापि न करे।

※ अन्य स्थल पर ब्राह्मण को कृषि करने का निषेध है तथा इस स्थल पर आज्ञा दी है अतएव यह श्लोक सशयात्मक है।

कृष्णपक्षे दशम्यादौ वर्जयित्वा चतुर्दशीम् ।
श्राद्धे प्रशस्तास्तिथयो यथैता न तथेतरा ॥ २७६ ॥

(२७६) कृष्णपक्ष में दशमी से लेकर चतुर्दशी के अतिरिक्त अमावस्या तिथि जैसी श्राद्ध में उत्तम है वैसी अन्य नहीं ।

युक्षु कुर्वन्दिनर्क्षेषु सर्वान्कामान्समश्नुते ।
अयुक्षु तु पितॄन्सर्वान्प्रजां प्राप्नोति पुष्कलाम् ॥२७७॥

(२७७) सम तिथि तथा सम नक्षत्र में श्राद्ध करने से सम्पूर्ण कामना सिद्ध होती है या विषम तिथि तथा विषम नक्षत्र में श्राद्ध करने से विद्वान् तथा धनवान् सन्तति होती है ।

यथा चैवापरः पक्षः पूर्वपक्षाद्विशिष्यते ।
तथा श्राद्धस्य पूर्वाह्णादपराह्णो विशिष्यते ॥२७८॥

(२७८) जैसे शुक्लपक्ष से कृष्णपक्ष उत्तम है वैसे ही पूर्वाह्न काल से अपराह्न काल श्राद्ध में उत्तम है ।

प्राचीनावीतिना सम्यगपसव्यमतन्द्रिणा ।
पित्र्यमानिधनात्कार्यं विधिवद्दर्भपाणिना ॥ २७९ ॥

(२७९) दक्षिण कन्धे पर जनेऊ रखकर आलस्य त्याग कुशा ग्रहण कर पितरों के अर्थ वेद शास्त्रानुसार कर्म करे ।

रात्रौ श्राद्धं न कुर्वीत राक्षसी कीर्तिता हि सा ।
सन्ध्ययोरुभयोश्चैव सूर्ये चैवाचिरोदिते ॥ २८० ॥

(२८) *रात्रि समय श्राद्ध करना उचित नहीं क्योंकि

---

* रात्रि को निषेध इस कारण कहा है कि उस समय मान्य (वृद्ध) लोग भूखे मर जावेंगे तथा उनको दारुण कष्ट होगा । अतः यह राक्षसी बतलाया गया और यहां पितृ से अर्थ पिता आदि है ।

वह राक्षसी समय है। दोनो सन्ध्या के समय तथा प्रात काल तीन घडी पर्यन्त भी श्राद्ध करना वर्जित है।

अनेन विधिना श्राद्धं त्रिरब्दस्येह निर्वपेत् ।
हेमन्तग्रीष्मवर्षासु पाञ्चयाज्ञिकमन्वहम् ॥२८१॥

(२८१) इस विधि से प्रत्येक वर्ष हेमन्त (जाडा), ग्रीम (गर्मी) वर्षा (बरसात) तीनो ऋतुओ मे श्राद्ध करे तथा पाच-महायज्ञ तो नित्य ही करे।

न पैतृयज्ञियो होमो लौकिकेऽग्नौ विधीयते ।
न दर्शेन विना श्राद्धमाहिताग्नेर्द्विजन्मनः ॥२८२॥

(२८२) अग्निहोत्री का पितृ-यज्ञ सम्बन्धी हवन लौकिक अग्नि मे नही होता तथा अमावस्या के अतिरिक्त अन्य तिथि मे श्राद्ध नही होता।

यदेव तर्पयन्त्यद्भिः पितृन्स्नात्वा द्विजोत्तमः ।
तेनैव कृत्स्नमाप्नोति पितृयज्ञक्रियाफलम् ॥२८३॥

(२८३) पच यज्ञ सम्बन्धी श्राद्ध न हो सके तो ब्राह्मण स्नान से निवृत्त हो जल द्वारा तर्पण करे। उसी से सब पितृ यज्ञ के फल को लाभ करते हैं।

वसून्वदन्ति तु पितृन्रुद्रांश्चैव पितामहान् ।
प्रपितामहांस्तथादित्याञ्छ्रुतिरेषा सनातनी ॥२८४॥

(२८४)पर सदैव सनातन से सुनते चले आये है कि पिता को वसु, पितामह (दादा) को रुद्र तथा प्रपितामह (परदादा) को आदित्य कहते है।

विघासाशी भवेन्नित्य नित्य वामृत भोजन ।
विघसो भुक्तशेष तु यज्ञशेष तथामृतम् ॥२८५॥

(२८५) * श्राद्ध के पश्चात् जो कुछ भोजन शेष रहे उसे श्राद्धकर्ता स्वयं खावे यह यज्ञ से शेष रहा भोजन पवित्र करने वाला है ।

एतद्वोऽभिहितं सर्वं विधान पाञ्चयाज्ञिकम् ।
द्विजातिमुख्यवृत्तीनां विधान श्रूयतामिति ॥२८६॥

(२८६) भृगुजी कहते हैं कि हे ऋषि-वर्गो पञ्चमहायज्ञ की विधि कही अब ब्राह्मण की मुख्यवृत्ति (जीविका) को कहते हैं तिसको सुनो ।

मनुजीके धर्मशास्त्र भृगुजीकी संहिताका तृतीय अध्याय समाप्तहुआ

चतुर्थोऽध्याय ।

चतुर्थमायुषो भागमुषित्वाऽद्य गुरौ द्विजः ।
द्वितोयमायुषो भाग कृतदारो गृहे वसेत् ॥१॥

(१) अपनी आयु का प्रथम भाग वेदाध्ययनार्थ गुरुकुल में व्यतीत करे । आयु के द्वितीय भाग में तदनुसार कर्म करने के हेतु विवाह कर गृहस्थाश्रम मे विचरे ।

अद्रोहेणैव भूतानामल्पद्रोहेण वा पुनः ।
या वृत्तिस्तां समास्थाय विप्रो जीवेदनापदि ॥२॥

---

* जो यज्ञ समाप्त कर भोजन करता है वह सर्वदा आनन्द लाभ करता है ।

(२) ब्राह्मण को अपनी वृत्ति ऐसी रखनी उचित है जिससे जीवो को नष्ट न हो। यदि यह असाध्य हो तो जिस कारण से अल्प कष्ट हो ऐसी विधि से कार्य करे।

यात्रामात्रप्रसिद्ध्यर्थं स्वैः कर्मभिरगर्हितैः।
अक्लेशेन शरीरस्य कुर्वीत धनसंचयम् ॥३॥

(३) शुभकर्मों तथा शरीर को क्लेश न पहुँचाने वाली विधि द्वारा अपने शरीर पोषण मात्र (उदर क्षुधा निवृत्यर्थ धन सचंय करे।

ऋतामृताभ्यां जीवेत्तु मृतेन प्रमृतेन वा।
सत्यानृताभ्यामपि वा न श्ववृत्त्या कदाचन ॥४॥

(४) ऋत, अमृत, मृत, * प्रमृत तथा सत्य के ग्रहण और अनृत (असत्यभाषण) के परित्याग द्वारा जोवरक्षा करे।

ऋतमुञ्छशिलं ज्ञेयममृतं स्यादयाचितम्।
मृतं तु याचितं भैक्षं प्रमृतं कर्षणं स्मृतम् ॥५॥

(५) उञ्छशिल को ऋतु कहते हैं, अयाचन मिले उसे अमृत कहते हैं। याचना करने पर प्राप्त हो उसे मृत कहते हैं। कृषि को प्रमृत कहते है।

सत्यानृतं तु वाणिज्यं तेन चैवापि जीव्यते।
सेवा श्ववृत्तिराख्याता तस्मात्तां परिवर्जयेत् ॥६॥

(६) व्यापार का नाम सत्यानृत (सत्य तथा झूठ) है, सेवकाई को कुत्ता-वृत्ता कहते हैं। अतएव विपत्ति समय ब्राह्मण वाणिज्य को तो करले परन्तु सेवकाई कदापि न करे।

---

* अन्य स्थल पर ब्राह्मण को कृषि करने का निषेध है तथा इस स्थल पर आज्ञा दी है अतएव यह श्लोक संशयात्मक है।

कुशूलधान्यको वा स्यात्कुम्भीधान्यक एव वा ।
त्र्यहैहिको वापि भवेदश्वस्तनिक एव वा ॥७॥

(७) नित्य नैमित्तिक धर्म्मादि के कर्त्ता को इतना अन्न संचय करना उचित है जितना तीन वर्ष को यथेष्ट हो वा एक वर्ष वा एक दिन मितव्यय करे।

चतुर्णामपि चैतेषां द्विजानां गृहमेधिनाम् ।
ज्यायान्परः परो ज्ञेयो धर्मतो लोकजित्तमः ॥८॥

(८) चार प्रकार के ब्राह्मण कहे गये हैं। उनमें से प्रथम से द्वितीय द्वितीय से तृतीय तथा तृतीय से चतुर्थ उत्तम है। वे धर्म द्वारा लोक को जीत सकते हैं।

षट्कर्मैको भवत्येषां त्रिभिरन्यः प्रवर्त्तते ।
द्वाभ्यामेकश्चतुर्थस्तु ब्रह्मसत्रेण जीवति ॥९॥

(९) इन चारों में १–प्रथम षटकर्म द्वारा जीवन निर्वाह करे २–द्वितीय तीन कर्म द्वारा ३–तृतीय दो कर्म द्वारा ४–चतुर्थ एक कर्म से शरीर रक्षा करे।

वर्तयंश्च शिलोञ्छाभ्यामग्निहोत्रपरायणः ।
इष्टीः पार्वायनान्तीयाः केवला निर्वपेत्सदा ॥१०॥

(१०) शिल तथा उञ्छ से जीवन व्यतीत करे अग्निहोत्र करे, तथा अमावस्या पौर्णमासी नवीनान्न उत्पत्ति समय इन तीनों समयों में यज्ञ करे।

न लोकवृत्तं वर्तेत वृत्तिहेतोः कथञ्चन ।
अजिह्मामशठां शुद्धां जीवेद्ब्राह्मणजीविकाम् ॥११॥

(११) असत्य भाषण मनोरञ्जन तथा निन्दा व दम्भ द्वारा जीविका ग्रहण करना उचित नहीं। ब्राह्मण को सत्य तथा

मिथ्याभाषण द्वारा आजीविका परित्यागकर शुभतथा सूक्ष्म-पकार द्वारा जीविका प्राप्त करनी चाहिये ।

सन्तोषं परमास्थाय सुखार्थी संयतो भवेत् ।
संतोषमूलं हि सुखं दुःखमूलं विपर्ययः ॥१२॥

(१२) इन्द्रियो के वश करने के हेतु सदैव मन मे सतोष धारण करे क्योकि ससार मे सुख का मूल सन्तोष और दु ख का मूल असन्तोष वा अधैर्य्य है ।

अतोऽन्यमनया वृत्त्या जीवस्तु स्नातको द्विजः ।
स्वर्गायुष्ययशस्यानि व्रतानीमानि धारयेत् ॥१३॥

(१३) कथित वृत्तियो मे से किसी एक द्वारा कालयापन करे । वेदाध्ययन (सम्पूर्ण समाप्त करने पश्चात् इन्द्रियो को वश कर समावर्त्तन करे । स्वग, आयु तथा यश के हेतु लाभदायक व्रत जो आगे कहेगे उसको करे ।

वेदोदितं स्वकं कर्म नित्यं कुर्यादतन्द्रितः ।
तद्धि कुर्वन्यथाशक्ति प्राप्नोति परमांगतिम् ॥१४॥

(१४) आलस्य त्याग वेदानुकूल कर्म करे । तथा वेदज्ञान के अनुसार कार्य करने से अवश्य मुक्ति लाभ करे ।

नेहेतार्थान्प्रसंगेन न विरुद्धेन कर्मणा ।
न विद्यमानेष्वर्थेषु नार्त्यामपि यतस्ततः ॥१५॥

(१५) गीत वाद्य (गाना वजाना), अयोग्य तथा अनधिकारी को यज्ञ कराना, इन कर्मों द्वारा कालक्षेप न करे । तथा जो मनुष्य पतित (अर्थात् अपने कर्ण से धर्मभ्रष्ट) हो गया है, उससे धनादि वस्तु ग्रहण न करे ।

इन्द्रियार्थेषु सर्वेषु न प्रसज्येत कामतः ।
अतिप्रसक्तिं चैतेषां मनसा सन्निवर्तयेत् ॥१६॥

(१६) इन्द्रिय निग्रह (इन्द्रियों को वश) कर उनकी अतिशय आसक्ति को मन से बहिष्कृत कर दे।

सर्वान्परित्यजेदर्थान्स्वाध्यायस्य विरोधिनः ।
यथातथाध्यापयंस्तु सा ह्यस्य कृतकृत्यता ॥१७॥

(१७) जिस धन द्वारा स्वाध्याय (वेदाध्ययन) में व्यतिक्रम हो उसका परित्याग कर दे। जिससे वेदाध्ययन में व्यतिक्रम न होवे ऐसी विधि से कार्य साधन करे।

वयसः कर्मणोऽर्थस्य श्रुतस्याभिजनस्य च ।
वेषवाग्बुद्धिसारूप्यमाचरन्विचरेदिह ॥१८॥

(१८) आयु, कर्म धन सुनी हुई बात तौकण मापण तथा बुद्धि इन सब के अनुसार आचरणों से ससार में जीवन व्यतीत करे।

बुद्धिवृद्धिकराण्याशु धन्यानि च हितानि च ।
नित्यं शास्त्राण्यवेक्षेत निगमांश्चैव वैदिकान् ॥१९॥

(१९) बुद्धि तथा धन की वृद्धि करने वाले वैदिक (वेदाङ्ग आदि) तथा निगम हितकारी वैद्यक शस्त्रविद्या (युद्ध विद्या) धर्मशास्त्र आदि विद्याओं का नित्य स्वाध्याय किया करे।

यथा यथा हि पुरुषः शास्त्रं समधिगच्छति ।
तथा तथा विजानाति विज्ञानं चास्यरोचते ॥२०॥

(२०) मनुष्य शास्त्र में जैसे २ परिश्रम तथा अभ्यास

-- करता है वैसे २ उसके अर्थ को समझता है ज्ञान को लाभ करता है।

ऋषियज्ञं देवयज्ञं भूतयज्ञं च सर्वदा।
नृयज्ञं पितृयज्ञं च यथाशक्ति न हापयेत् ॥२१॥

(२१) यथा शक्ति नित्यकर्म (अर्थात् पचमहायज्ञ का त्यागन न करे। पञ्च यज्ञ हैं—१—ब्रह्मयज्ञ, २—देवयज्ञ, ३—भूतयज्ञ, ४—पितृयज्ञ, तथा ५ अतिथि यज्ञ।

एतानेके महायज्ञान्यज्ञशास्त्रविदो जनाः।
अनीहमानाः सततमिन्द्रियेष्वेव जुह्वति ॥२२॥

(२२) जो मनुष्य यज्ञ शास्त्र के ज्ञाता हैं परच उन यज्ञो के करने की इच्छा नही करते वे सर्वदा इन्द्रियो मे हवन करते हैं।

वाच्येके जुह्वति प्राणं प्राणे वाचं च सर्वदा।
वाचि प्राणे च पश्यन्तो यज्ञनिर्वृत्तिमक्षयाम् ॥२३॥

(२३) जो मनुष्य वाणी से उपदेश कर, तथा प्राणो से परोपकार मे परिश्रम कर इस अक्षय को सिद्ध करना चाहते हैं वह वाणी को प्राणो मे हवन करते हैं।

ज्ञानेनैवापरे विप्रा यजन्त्येतैर्मखैः सदा।
ज्ञानमूलां क्रियामेषां पश्यन्तो ज्ञानचक्षुषा ॥२४॥

(२४) प्रत्येक कर्म का मूल 'ज्ञान' है अतएव बुद्धिमान पुरुष ज्ञान दृष्टि से देख इन यज्ञो (मखो) का यजन (देवताओ की पूजा) करे।

अग्निहोत्रं च जुहुयादाद्यन्ते द्युनिशोः सदा।
दर्शेन चार्धमासान्ते पौर्णमासेन चैव हि ॥२५॥

(२५) सूर्योदय तथा सूर्यास्त पर हवन करना प्रचलित है। पौर्णमासी तथा अमावस्या पर भी हवन करना उचित है।

सस्यान्त नवसस्येष्ट्या तथर्त्वन्ते द्विजोऽध्वरैः ।
पशुना त्वयनस्यादौ समान्ते सौमिकैर्मखैः ॥२६॥

(२६) नवीनान्न उत्पन्न होने के समय नवसस्येष्टि से हवन करे ऋतु के अन्त में चातुर्मासिक यज्ञ दोनों अयनों में पशु द्वारा हवन करे तथा वर्ष के अन्त में सोमयोग करे।

नानिष्ट्वा नवसस्येष्ट्या पशुना चाग्निमान्द्विजः ।
नवान्नमद्यान्मांसं वा दीर्घमायुर्जिजीविषुः ॥२७॥

(२७) जो अग्निहोत्री ब्राह्मण दीर्घायु की इच्छा रखता है वह नवीन अन्न जब तक उससे यज्ञ न कर ले तथा पशु मांस जब तक उससे यज्ञ न करले दोनों का भोजन न करे।

नवेनानर्चिता ह्यस्य पशुहव्येन चाग्नयः ।
प्राणानेवात्तुमिच्छन्ति नवान्नामिषगर्द्धिनः ॥२८॥

(२८) जो अग्नि नवीनान्न तथा मांस से तृप्त नहीं होती है वह उस पुरुष के प्राण भक्षण करने की इच्छा करती है जो नवीनान्न और पशुमांस से यज्ञ न करके प्रथम आप भक्षण करने लगा है।

आसनाशनशय्याभिरद्भिर्मूलफलेन वा ।
नास्य कश्चिद्वसेद्गेहे शक्तितोऽनर्चितोऽतिथिः ॥२९॥

(२९) बैठने के हेतु आसन खाने हेतु भोजन सोने के हेतु शय्या जल फल तथा मूल आदि से शक्त्यनुसार आतिथ्य पाये बिना किसी गृहस्थी के गृह पर कोई अतिथि न रहना चाहिये।

पाखण्डिनो विकर्मस्थावैडालव्रतिकाञ्छठान् ।
हैतुकान्बकवृत्तींश्च वाङ्मात्रेणापि नार्चयेत् ॥३०॥

(३०) यदि पाखण्ड, गर्हित, मास द्वारा उदर पोषण-कर्त्ता, विडालवृत्तिक, स्वाध्याय न करने वाले, कुतर्की, यह सब अतिथि काल मे आजावे तो वाणी (वाक्) मात्र से भी उनका आतिथ्य न करे किन्तु भोजन अवश्य दे ।

वेदविद्याव्रतस्नाताञ्श्रोत्रियान्गृहमेधिनः ।
पूजयेद्धव्यकव्येन विपरीतांश्च वर्जयेत ॥३१॥

(३१) गृहस्थ, वेद और वर्णों के आचरणी पुरुषो का पूजन हवन करे और भोजन योग्य पदार्थों से आतिथ्य-सत्कार करे, यदि वेद विरुद्ध आचरण व कर्म हो तो उसकी पूजा न करे

शक्तितोऽपचमानेभ्यो दातव्यं गृहमेधिना ।
संविभागश्च भूतेभ्यः कर्तव्योऽनुपरोधतः ॥३२॥

(३२) जो ब्रह्मचारी वा सन्यासी आदि स्वयमपाकी नही है गृहस्थ अपने शक्त्यनुसार उनको भोजनादि दे तत्पश्चात् बालको से जो अन्न जल बचे वह अन्य जीवो को दे ।

राजतो धनमन्विच्छेत्संसीदन्स्नातकः क्षुधा ।
याज्यान्तेवासिनोर्वापि न त्वन्यत इति स्थितिः ॥३३॥

(३३) यदि स्नातक गृहस्थ क्षुधा से अतीव पीडित हो तो राजा, यजमान, विद्यार्थी इन सब से धन लेवे अन्य से न लेवे यह शास्त्रमर्यादा है ।

न सीदेत्स्नातको विप्रः क्षुधा शक्तः कथंचन ।
न जीर्णमलवद्वासा भवेच्च विभवे सती ॥३४॥

(३४) जो गृहस्थ स्नातक तथा वैभव सम्पन्न हो वह क्षुधा से कभी भी आशक्त (नभी हृदय) न हो। और शक्त रहते जीर्ण (पुराने) तथा मैले वस्त्र धारण न करे।

क्लृप्तकेशनखश्मश्रुर्दान्तः शुक्लाम्बरः शुचिः।
स्वाध्याये चैव युक्तः स्यान्नित्यमात्महितेषु च ॥३५॥

(३५) स्वाध्याय और शुभकर्मो में सदैव रत रहे तथा केश (सर के बाल) नख दाढ़ी कटाकर छोटे रखे श्वेत वस्त्र धारण करे शुचि (पवित्र) रहे तथा आत्मा को इन्द्रियों के वशी भूत न होने दे वरन् इन्द्रियो को आत्मा का दास बनावे।

वैणवीं धारयेद्यष्टिं सोदकं च कमण्डलुम्।
यज्ञोपवीतं वेदं च शुभे रौक्मे च कुण्डले ॥३६॥

(३६) वेदाध्ययन के हेतु बास की लाठी जल से भरा कमण्डलु, यज्ञोपवीत तथा सोने के कुण्डलधारणार्थ सदैव अपने पास रक्खे।

नेक्षेतोद्यन्तमादित्यं नास्तं यान्तं कदाचन।
नोपसृष्टं न वारिस्थं न मध्यंनभसो गतम् ॥३७॥

(३७) सूर्योदय सूर्यास्त मध्याह्न तथा ग्रहण समय सूर्य का प्रतिबिम्ब जल मे न देखे।

न लङ्घयेद्वत्सतन्त्रीं न प्रधावेच्च वर्षति।
न चोदके निरीक्षेत स्वं रूपमिति धारणा ॥३७॥

(३८) जल बरसते मे न दौड़े जल मे निज रूप न देखे बच बछड़े की तन्त्री (रस्सी गरियावां वा जेवड़ा) को लांघे शास्त्र मे ऐसा लिखा है।

मृदं गां दैवतं विप्रं घृतं मधु चतुष्पथम् ।
प्रदक्षिणानि कुर्वीत प्रज्ञातंश्च वनस्पतीन् ॥३९॥

(३९) कहीं जाता हो और सन्मुख मिट्टी, गऊ, देवता ब्राह्मण, घृत, मधु (शहद) चौराहा, प्रज्ञाता (जानी हुई) वनस्पति मिले तो उनकी प्रदक्षिणा करके जाय अथवा उनको दाहिनी ओर करके जावे ।

नोपगच्छेत्प्रमत्तोऽपि स्त्रियमार्तवदर्शने ।
समानशयने चैव न शयीत तया सह ॥४०॥

(४०) यद्यपि अधिक कामातुर होवे तो भी रजोदर्शन वाली स्त्री से रति कदापि न करे तथा उसके बराबर शय्या पर स्त्री के सहित न सोवे ।

रजसाभिप्लुतां नारीं नरस्य ह्युपगच्छतः ।
प्रज्ञा तेजोबलं चक्षुरायुश्चैव प्रहीयते ॥४१॥

(४१) जो पुरुष रजोदर्शन वाली स्त्री से भोग करता है उसकी बुद्धि, तेज बल, चक्षु तथा आयु यह सब क्षीण हो जाते हैं

तां विवर्जयतस्तस्य रजसा समभिप्लुताम् ।
प्रज्ञा तेजो बलं चक्षुरायुश्चैव प्रवर्धते ॥४२॥

(४२) जो पुरुष रजोदर्शन वाली स्त्री से भोग नही करता है उसकी तेज, बल, चक्षु तथा आयु इन सब की वृद्धि होती है ।

नाश्नीयाद्भार्यया सार्धं नैनामीक्षेत चाश्नतीम् ।
क्षुभतीं जृम्भमाणां वा न चासीनां यथासुखम् ॥४३॥

(४३) स्त्री के सहित एक पात्र में भोजन न करे, तथा छींकने जम्भाई लेने तथा सुख से बैठन की दशा में न देखे।

नाञ्जयन्तीं स्वके नेत्रे न चाभ्यक्तामनावृताम्।

न पश्येत्प्रसवन्तीं च तेजस्कामो द्विजोत्तमः ॥४४॥

(४४) जो ब्राह्मण तेजवान होने की कामना रखतेहैं वह स्त्री का सुरमा वा उबटनादि लगाते वा नग्न अथवा प्रसवकाल (बालक जनते) की दशा में न देखें।

नान्नमद्यादेकवासा न नग्नः स्नानमाचरेत्।

न मूत्रं पथि कुर्वीत न भस्मनि न गोव्रजे ॥४५॥

(४५) एक वस्त्र धारण कर भोजन न करे नग्न हो स्नान न करे पथ (रास्ता) भस्म तथा गोस्थान पर मूत्र न त्यागे।

न फालकृष्टे न जले न चित्यां न च पर्वते।

न जीर्णदेवायतने न वल्मीके कदाचन ॥४६॥

(४६) जुते खेत जल अग्नि चिता पर्वत देवताओं के जीर्ण (पुराने) मन्दिर वल्मीक (छोटे २ कीड़ों द्वारा एकत्रित की हुई मिट्टी) इन सब पर भी कदापि मलमूत्र त्याग न करे।

न ससत्त्वेषु गर्तेषु न गच्छन्नापि च स्थितः।

न नदीतीरमासाद्य न च पर्वतमस्तके ॥४७॥

(४७) खड़े होकर चलते हुये उस गढे में जिसमें जीव रहते हों नदीतट तथा पर्वत की चोटी पर भी मलमूत्र न करे।

वाय्वग्निविप्रमादित्यमपः पश्यंस्तथैव गाः।

न कदाचन कुर्वीत विण्मूत्रस्य विसर्जनम् ॥४८॥

(४८) वायु, अग्नि, सूर्य, जल, ब्राह्मण, गऊ इन सबको देखते हुये भी मल वा मूत्र न त्यागे ।

तिरस्कृत्योच्चरेत्काष्ठलोष्टपत्रतृणादिना ।
नियम्य प्रयतो वाचं संवीतांङ्गोऽवगुण्ठितः ॥४६॥

(४६) सूखेपत्ते ,घास फूस,काष्ठ (काठ) आदि से पृथिवी को छुपाकर तथा शीश या अन्य अ गो को वस्त्राच्छादित (कपडे से ढक) कर मौन धारण कर मल व मूत्र विसर्जन करे ।

मूत्रोच्चारसमुत्सर्गं दिवा कुर्यादुदङ्मुखः ।
दक्षिणाभिमुखो रात्रौ संध्ययोश्च तथा दिवा ॥५०॥

(५०) दिवश, प्रात तथा साय को उत्तराभिमुख हो (उत्तर दिशा को मुख कर) तथा रात्रि को दक्षिणाभिमुख हो मल व मूत्र विसजंन करे ।

छायायामन्धकारे वा रात्रावहनि वा द्विजः ।
यथासुखमुखः कुर्यात्प्राणवाधाभयेषु च ॥५१॥

(५१ छाया, अन्धकार (अ धेरे) प्राणवाधा (प्राणो को कष्ट हो) तथा भय मे रात्रि हो वा दिन जिस ओर मुख करने से सुख प्राप्त हो उस ओर ही मु ह करके मल व मूत्र त्याग करे ।

प्रत्यग्निं प्रतिसूर्यं च प्रतिसोमोदकद्विजान् ।
प्रतिगां प्रतिवातं च प्रज्ञा नश्यति मेहतः ॥५२॥

(५२) अग्नि, सूर्य, सोम, जल, ब्राह्मण, गऊ, वायु के प्रति मुख करके मल व मूत्र त्याग करने से प्रज्ञा (वुद्धि) नष्ट हो जाती है ।

नाग्निं मुखेनोपधमेन्नग्नां नेक्षेत च स्त्रियम् ।
नामेध्यं प्रक्षिपेदग्नौ न च पादौ प्रतापयेत् ॥५३॥

(५३) ❀ अग्नि को मुख से न फूंकना अग्नि में अपवित्र वस्तु न डालना अग्नि में पांव को न तपाना तथा नग्न स्त्री को न देखना चाहिये।

अधस्तान्नोपदध्याच्च न चैनमभिलङ्घयेत् ।
न चैनं पादतः कुर्यान्नप्राणाबाधमाचरेत् ॥५४॥

(५४) अग्नि को शय्या (चारपाई) के नीचे न रक्खे अग्नि न नांघे अग्नि को पांव से स्पर्श न करे तथा प्राणों को कष्ट न दे।

नाश्नीयात्सन्धिवेलायां न गच्छेन्नापि संविशेत् ।
न चैव प्रलिखेद्भूमिं नात्मनोपहरेत्स्रजम् ॥५५॥

(५५) सन्धि वेला (प्रातः तथा सायं) में भोजन न करे न चले तथा न सोवे भूमि पर रेखायें (लकीर) न खींचे तथा जो फूलमाला अपने शरीर में धारण किये हो उसे आप न उतारे अन्य से उतरवा ले।

नाप्सु मूत्रपुरीषं वा न ष्ठीवनं न समुत्सृजेत् ।
अमेध्यलिप्तमन्यद्वा लोहितं वा विषाणि वा ॥५६॥

(५६) मल मूत्र खकार (थूक) अपवित्र वस्तु रुधिर, तथा विष इन सब को जल में विसर्जित वा प्रवाहित न करे।

नैकः सुप्याच्छून्यगेहे न गामं न प्रबोधयेत् ।
नोदक्ययाभिभाषेत यज्ञं गच्छेन्न चाऽवृतः ॥५७॥

❀ अग्नि को मुख से फूंकने से सिरोवेदना और अपवित्र वस्तुयें जलाने से वायु दूषित हो जाती है।

(५७) शून्य गृह मे एकाकी न सोवे, अपने से विद्यादि मे उच्च व श्रेष्ठपुरुष यदि सोता हो तो न जगावे मासिक धर्म वाली स्त्री से सम्भाषरण न करे तथा विना निमन्त्रण पाये यज्ञ मे न जावे।

अग्न्यागारे गवां गोष्ठे ब्राह्मणानां च सन्निधौ ।
स्वाध्याये भोजने चैव दक्षिणं पाणिमुद्धरेत् ॥५८॥

(५८) अग्निगृह, गोस्थान (सार), ब्राह्मण के समीप स्वाध्याय मे तथा भोजन मे दाहिना हाथ निकालना चाहिये ।

न वारयेद्गां धावन्तीं न चाचक्षीत कस्यचित् ।
न दिवीन्द्रायुधं दृष्ट्वा कस्यचिद्दर्शयेद्बुधः ॥५९॥

(५९) दुग्ध वा जल पीती हुई गऊ को कसे भी न हटावे, और इन्द्र धनुष के दर्शन कर किसी को न दिखावे ।

नाधार्मिके वसेद्ग्रामे नव्याधिबहुले भृशम् ।
नैकः प्रपद्येताध्वानं न चिरं पर्वत वसेत् ॥६०॥

(६०) अधर्मी ग्राम (जो गाव धर्म रहित हो) मे न वसे तथा व्याधिग्रस्त ग्राम (गाव) मे भी न रहे, एकाकी परिभ्रमण न करे (राह न चले), चिरकाल पर्यन्त पर्वत पर न वसे ।

न शूद्रराज्ये निवसेन्नाधर्मिकजनावृते ।
न पाखण्डिगणाक्रांते नोपसृष्टेऽन्त्यजैर्नृभिः ॥६१॥

(६१) जिस गाव मे शूद्र का राज्य हो वा ग्राम अधर्मी पाखण्डी,चाण्डाल मनुष्य के उपद्रव द्वारा पीडित हो उसमे न रहे

न भुञ्जीतोद्धृतस्नेहं नातिसौहित्यमाचरेत् ।
नातिप्रगे नातिसायं न सायं प्रातराशितः ॥६२॥

(६२) जिस वस्तु से तेल निकाल लिया गया हो उसे भक्षण न करे प्रातःकाल व सन्ध्या समय भोजन न करे तथा यदि प्रातः समय अधिक भोजन कर लिया हो तो सायंकाल को भोजन न करे।

न कुर्वीत वृथा चेष्टां न वार्यञ्जलिना पिबेत्।
नोत्सङ्गे भक्षयेद्भक्ष्यान्न जातु स्यात्कुतूहली ॥६३॥

(६३) जिस प्रकार से इहलोक तथा परलोक में कुछ लाभ न हो उसको न करे अञ्जलि (चुल्लू) जल न पीवे जांघ पर लड्डू आदि रख कर भक्षण न करे तथा बिना अभिप्राय किसी भेद के जानने की चेष्टा न करे।

न नृत्येदथवा गायेन्न वादित्राणि वादयेत्।
नास्फोटयेन्न च क्ष्वेडेन्न च रक्तो विरावयेत् ॥६४॥

(६४) नृत्य गीत वाद्य ताली ठोकना चुटकी ला हास्य गधा आदि के स्वर की प्रतिध्वनि (बोली बोलना) इन सब कार्यों से घृणा करे।

न पादौ धावयेत्कांस्ये कदाचिदपि भोजने।
न भिन्नभाण्डे भुञ्जीत न भावप्रतिदूषिते ॥६५॥

(६५) कांसे के पात्र में पांव कदापि न धोवे टूटे हुये वा दूषित पात्र में जिससे चित्त खिन्न होता हो वा अनिच्छा हो भोजन न करे।

उपानहौ च वासश्च धृतमन्यैर्न धारयेत्।
उपवीतमलङ्कारं स्रजं करकमेव च ॥६६॥

(६६) दूसरे पहने उपवीत (जनेऊ) आभूषण

फूलमाला, कमण्डलु, वस्त्र, इन सबको यदि किसी ने धारण किया हो तो आप धारण न करे।

नाविनीतैर्व्रजेद्धुर्यैर्नचक्षुद्व्याधिपीडितैः।
न भिन्नशृङ्गाक्षिखुरैर्न वालधिविरूपितैः ॥ ६७ ॥

(६७) जिस रथ मे ऐसा बैल जुता हो जिसे रथ मे न सिखाया गया हो वा क्षुधा पीडित, प्यासा, रोगी व जिसके सीग आँख खुर तथा पूँछ खण्डित हो गये हो ऐसे रथ पर न बैठे।

विनीतैस्तु व्रजेन्नित्यमाशुगैर्लक्षणान्वितैः।
वर्णरूपोपसंपन्नैः प्रतोदेनातुदन्भृशम् ॥ ६८ ॥

(६८) जिस रथ मे ऐसे बैल जुते हो जिनको रथ मे चलना सिखाया गया हो तथा लक्षण, रूप-रङ्ग जिसका उत्तम हो, उस रथ पर चढे परन्तु बैलो को पने से न मारे।

बालातपः प्रेतधूमो वर्ज्यं भिन्नं तथासनम्।
न छिन्द्यान्नखलोमानि दन्तैर्नोत्पाटयेन्नखान् ॥६९॥

(६९) प्रात समय तीन घडी पर्यन्त सूर्य की धूप, जलते शव का धुआ, टूटा आसन, इन सब से दूर (विलग) रहे, लोम तथा नाखून न नोचे तथा नखो को दातो से न काटे।

न मृल्लोष्ठं च मृद्नीयान्न छिन्द्यात्करजैस्तृणम्।
न कर्म निष्फलं कुर्यान्नायत्यामसुखोदयम् ॥७०॥

(७०) मिट्टी तथा ढेले को मर्दन न करे, नख से तृण (तिनका) न तोडे, व्यर्थ तथा निष्फल कार्य न करे, तथा जिस कार्य के करने से सुख न होवे उस कार्य को न करे।

लोष्ठमर्दी तृणच्छेदी नखखादी च यो नरः।
स विनाशं व्रजत्याशु सूचकोऽशुचिरेव च ॥७१॥

(७१) ढेला मर्दन करने वाला तृण तोड़ने वाला दाँतों से नख काटने वाला अपवित्र रहने वाला, चुगली करने वाला शीघ्र नाश हो जाता है क्योंकि यह सब दशायें निन्दा तथा अधर्म की है।

न विगर्ह्य कथां कुर्याद्बहिर्माल्यं न धारयेत् ।
गवां च यानं पृष्ठेन सर्वथैव विगर्हितम् ॥७२॥

(७२) लोकरीति या बवरीति से चित्त लगा कर कथा वार्ता न कहे बालों में माला न धारण करे बैल की पीठ पर चढ़कर न चले यह सब कार्य वर्जित है।

अद्वारेण च नातीयाद्ग्रामं वा वेश्म वावृतम् ।
रात्रौ च वृक्षमूलानि दूरतः परिवर्जयेत् ॥७३॥

(७३) गाँव या घर यह दोनो चारों ओर से घिरे हुए होवे तो द्वार छोड़ और ओर से लाँघ (फाँद) कर उसके भीतर न जावे तथा रात्रि समय वृक्ष की जड़ में न रहे।

नाक्षैर्दीव्येत्कदाचित्तु स्वयं नोपानहौ हरेत् ।
शयनस्थो न भुञ्जीत न पाणिस्थं न चासने ॥७४॥

(७४) पाँसा न खेले अपना जूता पावों के अतिरिक्त हाथों से एक स्थान से दूसरे स्थान पर न ले जावे शय्या पर बैठ कर और अधिक अन्न को हाथ में ग्रहण कर उसमें से थोड़ा-थोड़ा निकाल कर तथा आसन पर भोजन-पात्र को रखकर भोजन न करे।

सर्वं च तिलसम्बद्धं नाद्यादस्तमिते रवौ ।
न च नग्नः शयीतेह न चोच्छिष्टः क्वचिद्व्रजेत् ॥७५॥

(७५) रात्रि मे तिलमिश्रित वस्तु न खावे, नग्न न सोवे लूँठे मुह कही न जाये।

आर्द्रपादस्तु भुञ्जीत नार्द्रपादस्तु संविशेत्।
आर्द्रपादस्तु भुञ्जानो दीर्घमायुरवाप्नुयात् ॥७६॥

(७६) गीले पाव करके भोजन करना उत्तम है परन्तु गीले पाव सोना वर्जित है। जो मनुष्य पाव धोकर भोजन करता है वह दीर्घजीवी होता है।

अचक्षुर्विषयं दुर्गं न प्रपद्येत कर्हिचित्।
न विण्मूत्रमुदीक्षेत न बाहुभ्यां नदीं तरेत् ॥७७॥

(७७) ॐ जो देश आखो से नही देखा वा जिस देश मे मृत्यु भय है, उस देश व स्थान पर कभी न जावे, तथा अपने मल व मूत्र को न देखे तथा नदी को बाहुओ (हाथो) से न तैरे।

अधितिष्ठेन्न केशांस्तु न भस्मास्थिकपालिकाः।
न कार्पासास्थि न तुषान्दीर्घमायुर्जिजीविषुः ॥७८॥

(७८) दीर्घायु का इच्छुक पुरुष बाल, राख, हड्डी, मिट्टी के छिन्न पात्रो के टुकडे, बिनौले तथा भूसे पर खडा न रहे।

न संवसेच्च पतितैर्न चण्डालैर्न पुल्कसैः।
न मूर्खैर्नावलिप्तैश्च नान्त्यैर्नान्त्यावसायिभिः ॥७९॥

(७९) दूसरे ग्रामवासी पुरुष जो पतित, चाण्डाल,

ॐ ७७ वा श्लोक सम्मिलित किया गया है, इससे दूसरे देशो मे जाना वर्जित है क्योकि एक बार जाये बिना कोई आखो द्वारा नही देख सकता।

पुल्कस धनगर्वित मूर्ख धोबी आदि तथा अन्त्य व्यवसायी हों उनके संसर्ग (साथ) में एक वृक्ष की छाया में न रहे।

न शूद्राय मतिं दद्यान्नोच्छिष्टं न हविष्कृतम्।
न चास्योपदिशेद्धर्मं न चास्य व्रतमादिशेत् ॥८०॥

(८०) शूद्रा को निज सम्पत्ति न दे दास के अतिरिक्त अन्य शूद्र को जूठा अन्न न दे जो हव्य हवन करने पश्चात् शेष रहा है, वह शूद्र को न दे तथा धर्म व व्रत का उपदेश शूद्र को न दे।

यो ह्यस्य धर्ममाचष्टे यश्चैवादिशति व्रतम्।
सोऽसंवृतं नाम तमः सह तेनैव मज्जति ॥८१॥

(८१) × जो पुरुष शूद्र को धर्म तथा व्रतोपदेश करता है वह उस शूद्र सहित असंवृत नाम नरक को प्राप्त होता है।

न संहताभ्यां पाणिभ्यां कण्डूयेदात्मनः शिरः।
न स्पृशेच्चैतदुच्छिष्टो न च स्नायाद्विना ततः ॥८२॥

(८२) बद्ध करों से शिर न खुजलाय न जूठ हाथो से शिर स्पर्श करे तथा शिर को छोड़ कण्ठ से स्नान न करे अर्थात् शिर से पाद पर्यन्त स्नान करे।

केशग्रहान्प्रहारांश्च शिरस्येतान्विवर्जयेत्।
शिरःस्नातश्च तैलेन नाङ्गं किञ्चिदपि स्पृशेत् ॥८३॥

× ८१ का श्लोक पौराणिक काल में सम्मिलित किया गया है। जब शूद्रों को विद्याध्ययन वर्जित कर उनको धर्मोपदेश से विलग रक्खा गया।

(८३) क्रोधवश अपने व दूसरे के सिर मे न मारे, केश (वालो को) न खीचे, यदि शिर मे तेल लगा स्नान करे तो अन्य अङ्गो मे तेल न लगावे ।

न राज्ञः प्रतिगृह्णीयादराजन्यप्रसूतितः ।
सूनाचक्रध्वजवतां वेश्येनैव च जीवताम् ॥ ८४ ॥

(८४) जो राजा क्षत्रिय न हो तथा कसाई,तेली,कलाल वा ऐसे स्त्री पुरुष जो वेश्या बन कर जीवन व्यतीत करते हो, इनसे ब्राह्मण दान न लेवे ।

दशसूनासमं चक्रं दशचक्रसमो ध्वजः ।
दशध्वजसमो वेश्या दशवेश्यासमो नृपः ॥ ८५ ॥

(८५) दश सूना (कसाई) के समान तेली, दश चक्र (तेली) के समान कलाल, दश ध्वज (कलाल) के समान वेश्या तथा दश वेश्याओ के समान राजा है ।

दश सूनासहस्राणि यो वाहयति सौनिकः ।
तेन तुल्यः स्मृतो राजा घोरस्तस्य प्रतिग्रहः ॥ ८६ ॥

(८६) जो सौनिक (कसाई) अपने अर्थ दशसहस्र जीव हनन करता है उसके तुल्य वह राजा है, इस राजा का प्रतिग्रह घोर (सख्त) है ।

यो राज्ञः प्रतिगृह्णाति लुब्धस्योच्छास्त्रवर्तिनः ।
स पर्यायेण यातीमान्नरकानेकविंशतिम् ॥ ८७ ॥

(८७) जो राजा लोभी व शास्त्र प्रतिकूल आचरण वाला है उससे जो कोई दान ग्रहण करता है वह यथाक्रम २१ प्रकार के नरको (जो आगे कहेंगे) में जाता है ।

तमिस्रमन्धतामिस्रं महारौरवरौरवौ ।
नरकं कालसूत्रं च महानरकमेव च ॥ ८८ ॥

(८८) १—तामिस्र २—अन्धतामिस्र ३—महारौरव ४—रौरव ५—नरक ❀ ६—कालसूत्र ७—महानरक+ ।

सञ्जीवनं महावीचिं तपनं सम्प्रतापनम् ।
संघातं च सकाकोलं कुड्मलं प्रतिमूर्त्तिकम् ॥ ८९ ॥

(८९) ८-सञ्जीवन ९-महावीचि ×१ -तपन ११ प्रतापन, १२-संघात १३-काकोल १४-कुड्मल १५-प्रति मूर्ति ।

लोहशङ्कुमृजीषं च पन्थानं शाल्मलीं नदीम् ।
असिपत्रवनं चैव लोहदारकमेव च ॥ ९० ॥

(९०) १६-लोहशंकु १७-ऋजीष १८-पन्थाना १९-शाल्मलीनदी २० असिपत्रवन २१-लोहदारक ।

एतद्विदन्तो विद्वांसो ब्राह्मणा ब्रह्मवादिनः ।
न राज्ञः प्रतिगृह्णन्ति प्रेत्य श्रेयोऽभिकांक्षिणः ॥९१॥

(९१) नरक-स्थानीता परलोक में कल्याण के इच्छुक वेद स्वाध्यायी जो ब्राह्मण हैं वह राजा से दान नहीं लेते ।

❀ अज्ञान दशा में महादुःख हो जाना कष्ट, इच्छा होना और उसकी पूर्ति न होना इन दुःखों का नाम नरक है ।

+ गर्हित जीवन व्यतीत करना अति विषयी होना गिरने से कष्ट पाना अग्नि मे जल जाना संघात (चोट) पाना पुत्रमृत्यु, नीच जाति में उत्पन्न होना आदि महानरक है ।

× यह भी विविध प्रकार के कष्टों के नाम है ।

ब्राह्मे मुहूर्ते बुध्येत धर्मार्थौ चानुचिन्तयेत् ।
कायक्लेशांश्च तन्मूलान्वेदतत्त्वार्थमेव च ॥ ९२ ॥

(९२) ब्राह्म मुहूर्त्त (चार घडी रात्रि रहे) मे उठ कर धर्म और सुख के साधन का विचार करे, कायक्लेशो का मूल धर्म तथा अर्थ और वेद के तत्वार्थ अर्थात् ब्रह्मज्ञान का भी ध्यान करे ।

उत्थायावश्यकं कृत्वा कृतशौचः समाहितः ।
पूर्वां सन्ध्यां जपंस्तिष्ठेत्स्वकाले चापरां चिरम्॥९३॥

(९३) तत्पश्चात् शय्या त्याग कर आवश्यक कार्यों से निवृत्त होकर निश्चिन्तता से स्नान करे । प्रात तथा साय दोनो समय की सन्ध्या मे चिरकाल पर्यन्त जप करता रहे ।

ऋषयो दीर्घसंध्यत्वाद्दीर्घमायुरवाप्नुयुः ।
प्रज्ञांयशश्च कीर्त्तिं च ब्रह्मवर्चसमेव च ॥ ९४ ॥

(९४) चिरकाल पर्यन्त सन्ध्या, जप तथा प्राणायाम करने से ऋषि लोगो ने बुद्धि, विद्या, यश, कीर्त्ति तथा ब्रह्मतेज को प्राप्त किया है ।

श्रावण्यां प्रौष्ठपद्यां वाऽप्युपाकृत्य यथाविधि ।
युक्तश्छन्दांस्यधीयीत मासान्विप्रोऽर्धपंचमान् ॥९५॥

(९५) श्रावण वा भाद्रपद मास मे यथाविधि विचार सहित साढे चार मास पर्यन्त छन्दयुक्त वेदपाठ करता रहे ।

पुष्ये तु छन्दसां कुर्याद्बहिरुत्सर्जनं द्विजः ।
माघशुक्लस्य वा प्राप्ते पूर्वाह्णे प्रथमेऽहनि ॥ ९६ ॥

(९६) साढे चार मास पश्चात् पुष्य नक्षत्र मे ग्राम के बाहर जाकर छन्द का त्याग करे, और श्रावण व भादो मे

को उपाकर्म किया हो उसको म भ शुक्ल प्रतिपदा में पूर्वान्हि काल (दोपहर से प्रथम उत्सर्जन करे।

यथशास्त्र तु कृत्वैवमुत्सर्गं छन्दसां बहि ।
विरमेत्पक्षिणीं रात्रिं तदेवैकमहर्निशम् ॥ ९७ ॥

(९७) साढे चार मास पर्यन्त वेदपाठ करना इस कारण लिखा है कि वर्षा के कारण अन्य काय नही हो सकते हैं। उन दिनों में केवल वेद पाठ ही करना चाहिये अन्यथा अन्य काम यथाविधि करने चाहिये।

अत ऊर्ध्वं तु छन्दांसि शुक्लेषु नियत पठेत् ।
वेदाङ्गानि च सर्वाणि कृष्णपक्षेषु सपठेत् ॥ ९८ ॥

(९८) तत्पश्चात् शुक्ल पक्ष में वेद तथा कृष्ण पक्ष में अङ्गों का पाठ करे।

नाविस्पष्टमधीयीत न शूद्रजनसन्निधौ ।
न निशान्ते परिश्रान्तो ब्रह्माधीत्य पुन॰ स्वपेत् ॥९९॥

(९९) पाठ में स्पष्ट शब्द और स्वर सहित पढे शूद्र के समीप पाठ न करे और यदि रात्रि के चौथे पहर में वेदपाठ से [श्रमित हो जावे तो सोवे नही।

यथोदितेन विधिना नित्यं छन्दस्कृतं पठेत् ।
ब्रह्मछन्दस्कृतं चैव द्विजो युक्तोह्यनापदि ॥१००॥

(१००) यथोक्त विधि से नित्य वेद के दोनों भाग अर्थात् छन्द और ब्राह्मण का पाठ करे।

इमान्नित्यमनध्यायानधीयानि विवर्जयेत् ।
अध्यापनं च कुर्वाणः शिष्याणां विधिपूर्वकम् ॥१०१॥

(१०१) आगे जो अनध्याय कहेगे उनमे गुरु व शिष्य दोनो वेदपाठ न करे तथा वेद न पढावे।

कर्णश्रवेऽनिले रात्रौ दिवा पांसुसमूहने ।
एतौ वर्षास्वनध्यायावध्यायज्ञाः प्रचक्षते ॥१०२॥

(१०२) रात्रि के समय कान मे वायु शनसनाती हो वा दिन मे धूल वढती हो तो वर्षा ऋतु मे उसी दिन अनध्याय जाने, ऐसा अनध्याय ज्ञाताओ ने कहा है।

विद्युत्स्तनितवर्षेषु महोल्कानां च संप्लवे ।
आकालिकमनध्यायमेतेषु मनुरब्रवीत् ॥१०३॥

(१०३) विद्युत् (विजली) का चमकना, गरजना, वर्षा होने मे बिजली का टूटना, ऐसे समय मे दूसरे दिवस उसी समय तक अनध्याय है।

एतांस्त्वभ्युदितान्विद्याद्यदा प्रादुष्कृताग्निषु ।
तदा विद्यादनध्यायमनृतौ चाभ्रदर्शने ॥१०४॥

(१०४) विद्युत् (विजली) का चमकना, गरजना, जल-वर्षा, यह यदि तीनो सन्ध्या के समय हो. तो वर्षा ऋतु मे अनध्याय जानना । परन्तु सदैव अनध्याय न जाने क्योकि वर्षा ऋतु मे तो यह सब होते ही हैं। और यदि अन्य ऋतु मे मेघ दिखाई देवें तो भी अनध्य य समझे।

निर्घाते भूमिचलने ज्योतिषां चोपसर्जने ।
एतनाकालिकान्विद्यादनध्यायानृतावपि ॥१०५॥

(१०५) आकाश में उत्पात का शब्द हो, भूचाल, चद्रमा, सूर्य व नक्षत्रो का उपद्रव हो, यह सब जिस समय हो दूसरे दिवस उसी समय तक अनध्याय जाने।

प्रादुष्कृतेष्वग्निषु तु विद्युत्स्तनित निःस्वने ।
सज्योति स्यादनध्याय शेषे रात्रौ यथा दिवा॥१०६॥

(१ ६) प्रात काल के हवन के अर्थ काष्ट के सघर्षण से अग्नि उत्पन्न होने के समय बिजली का चमकना तथा मेघ-गर्जन हो परन्तु वर्षा न होवे तो केवल दिवस भर अनध्याय समझे। यदि यही तीनों बातें सन्ध्या हवन समय हो तो केवल रात्रि भर अनध्याय समझे ।

नित्यानध्याय एव स्याद्ग्रामेषु नगरेषु च ।
धर्मनैपुण्यकामानां पूतिगन्धे च सर्वदा ॥१०७॥

(१०७) जो पुरुष धर्म की पूर्ण कामना रखता हो वह चाहे ग्राम हो वा नगर हो जिस समय दुर्गन्धि फैली हो उस समय अनध्याय करावें ।

अन्तर्गतशवे ग्रामे वृषलस्य च सन्निधौ ।
अनध्यायो रुद्यमाने समवाये जनस्य च ॥१०८॥

(१ ८) जब तक गांव में शव पड़ा रहे तब तक अधर्मी के समीप रोदन समय तथा अन्य कार्यार्थ जन समुदाय में अनध्याय माने ।

उदके मध्यरात्रौ च विण्मूत्रस्य विसर्जने ।
उच्छिष्टः श्राद्धभुक्चैव मनसापि न चिन्तयेत् ॥१०९॥

(१ ९) जल मे अर्द्ध रात्रि में मल व मूत्र विसर्जन करते समय चित्त मे भी वेद का ध्यान न लावे जूठे मुह तथा श्राद्ध भोजन करके रखी स्वाध्याय न करे ।

प्रतिगृह्य द्विजो विद्वानेकोद्दिष्टस्य केतनम् ।
त्र्यहं न कीर्तयेद्ब्रह्म राज्ञो राहोश्च सूतके ॥११०॥

(११०) + एकोदिष्ट श्राद्ध का निमन्त्रण, ग्रहण करके निमन्त्रित दिवस से तीन दिवस पर्यन्त वेद पाठ न करे तथा राजा के सूतक मे व चन्द्र सूर्य्य ग्रहण मे भी वेद पाठ न करे।

यावदेकानुदिष्टस्य गन्धो लेपश्च तिष्ठति ।
विप्रस्य विदुषो देहे तावद्ब्रह्म न कीर्तयेत् ॥१११॥

(१११) जब तक एकोदिष्ट श्राद्ध का गन्धलेप शरीर मे रहे तब तक वेद पाठ न करे।

शयानः प्रौढपादश्च कृत्वा चैवावसक्थिकाम् ।
नाधीयीतामिषं जगध्वा सूतकान्नाद्यमेव च ॥११२॥

(११२) × मास व सूतक का अन्न, दोनो मे से किसी एक का अन्न, भोजन करके सोते हुए, आसन पर पाव रखे तथा दोनो टिहनो (घुट्टू) को नीचे किये हुए वेदपाठ करे।

नीहारे बाणशब्दे च संध्ययोरेव चोभयोः ।
अमावस्याचतुर्दश्योः पौर्णमास्यष्टकासु च ॥११३॥

(११३) कुहरा पडते समय बाण-शब्द, दोनो सध्या, अमावस्या, चतुर्दशी, पौर्णमासी, अष्टमी, इन सब में स्वाध्याय (वेदपाठ) न करे।

अमावस्या गुरुं हन्ति शिष्यं हन्ति चतुर्दशी ।
ब्रह्माष्टकापौर्णमास्यौ तस्मात्ताः परिवर्जयेत् ॥११४॥

+ एकादिष्ट श्राद्ध को ऐसा गर्हित बतलाया गया है कि सउकी गधमात्र शरीर मे आने से वेदपाठ का अधिकार नही है।

× मास भक्षी को वेदपाठ का अधिकार नही है, अत मास भक्षण का निषध ज्ञात होता है।

ऋग्वेदो देवदैवत्यो यजुर्वेदस्तु मानुषः ।
सामवेदः स्मृतः पित्र्यस्तस्मात्तस्याऽशुचिर्ध्वनिः॥१२४॥

(१२४) + ऋग्वेद के देवता देव है, यजुर्वेद के देवता मनुष्य है तथा सामवेद के देवता पितर है। इस कारण सामवेद का शब्द पवित्र नही है।

एतद्विदन्तो विद्वांसस्त्रयीनिष्कर्षमन्वहम् ।
क्रमतः पूर्वमभ्यस्य पश्चाद्वेदमधीयत ॥१२५॥

(१२५) वदविद्या की रीति के ज्ञाता जो पुरुष हैं वह प्रथम गायत्री तथा ॐ का जाप करते है और उससे जब बुद्धि स्थिर हो जावे तब वेद पाठ करे।

पशुमण्डूकमार्जारश्वसर्पनकुलाखुभिः ।
अन्तरागमने विद्यादनध्यायमहर्निशम् ॥१२६॥

(१२६) पशु मेढक बिल्ली कुत्ता सांप नेवला चूहा इन सब मे से कोई यदि गुरु और शिष्य के मध्य से निकल जावे तो एक रात्रि अनध्याय करना।

द्वावेव वर्जयेन्नित्यमनध्यायौ प्रयत्नतः ।
स्वाध्यायभूमिं चाशुद्धमात्मानं चाशुचिं द्विजः ॥१२७॥

(१२७) पाठशाला की भूमि या अपना शरीर अपवित्र होवे तो भी वद पाठ न करे। इन दोनों अनध्यायों में पवना यत्न से त्याग करे।

+इस श्लोक का अर्थ वेद विरुद्ध है वेदो मे सामवेद सर्वोत्तम माना गया है। यह गणना पौराणिक सम्प्रदायात्मक समय मे सम्मिलित की गई है जिसे शिक्षको ने अपने आराम के लिए नियत किया है।

नोट—अनध्याय भी बिना फल प्राप्त होते है।

अमावस्यामाष्टमीं च पौर्णमासीं चतुर्दशीम् ।
ब्रह्मचारी भवेन्नित्यमप्यृतो स्नातको द्विजः ॥१२८॥

(१२८) ब्राह्मण स्नातक ऋतुकाल मे भी अमावस्या, अष्टमी, पूर्णमासी, चतुर्दशी को स्त्री सम्भोग न करे ।

न स्नानमाचरेद्भुक्त्वा नातुरो न महानिशि ।
न वासोभिः सहाजस्रं नाऽविज्ञाते जलाशये ॥१२९॥

(१२९) भोजन करने के पश्चात् व आतुर हो तो स्नान न करे, वस्त्र पहने हुए भी बार-बार स्नान न करे । अर्द्ध रात्रि को या बिना जाने जल-स्थान मे भी स्नान न करे ।

देवतानां गुरो राज्ञः स्नातकाचार्ययोस्तथा ।
नाक्रामेत्कामतश्छायां बभ्रुणो दीक्षितस्य च ॥१३०॥

(१३०) देवता, गुरु, राजा, स्नातक, आचार्य, कपिल वर्ण, जो पुरुष यज्ञ करने को हैं इनमे से किसी की छाया को इच्छा से न लाघे ।

मध्यंदिनेऽर्धरात्रे च श्राद्धं भुक्त्वा च सामिषम् ।
संध्ययोरुभयोश्चैव न सेवेत चतुष्पथम् ॥१३१॥

(१३१) मध्यदिन, अर्द्धरात्रि, साय, प्रात समय, श्राद्ध मास भोजन कर चौराहे पर न जावे ।

उद्वर्तनमपस्नानं विण्मूत्रे रक्तमेव च ।
श्लेष्मनिष्ठ्यूतवान्तानि नाधितिष्ठेत्तु कामतः॥१३२॥

(१३२) उबटन की लोभी पर स्नान करने से जो पानी पृथिवी पर गिरे उस पर, मलमूत्र, रुधिर, खखार, थूक, वमन (कै), इन सब पर भी खडा न होवे ।

(११४) अमावस्या गुरु को चतुर्दशी शिष्य को अष्टमी व पूर्णमासी वेद को नाश करती है, इस कारण इन दिवसों में वेद पाठ न करे ।

पांसुवर्षे दिशां दाहे गोमायुविरुते तथा ।
श्वखरोष्ट्रे च रुवति पङ्क्तौ च न पठेद्द्विजः॥११५॥

(११५) जिस समय धूल उड़ती हो किसी ओर अग्नि लगी हो सियारनी व कुत्ता व गधा व ऊँट ये सब रोने का सा शब्द करते हों तथा पंक्ति में वेदपाठ न करें ।

नाधीयीत श्मशानान्ते ग्रामान्ते गोव्रजेपि वा ।
वासित्वा मैथुनं वासः श्राद्धिकं प्रतिगृह्य च ॥११६॥

(११६) श्मशान (मरघट) गोशाला ग्राम समीप तथा मैथुन समय के वस्त्र धारण किये हुए श्राद्ध का अन्न ग्रहण करके वेदपाठ न करे ।

प्राणि वा यदि वाऽप्राणि यत्किञ्चिच्छ्राद्धिकं भवेत् ।
तदालभ्याप्यनध्याय पाण्यास्यो हि द्विजःस्मृतः ११७

(११७) श्राद्ध की वस्तु प्राणी हो अथवा जड़ हो इसको ग्रहण करने के पश्चात् वेदपाठ न करे क्योंकि ब्राह्मण उसका मुख व हाथ है ।

चौरैरुपप्लुते ग्रामे सम्भ्रमे चाग्निकारिते ।
आकालिकमनध्याय विद्यात्सर्वाद्भुतेषु च ॥११८॥

(११८) जिस ग्राम में चोरी अधिक होती हो उसमें अग्निदाह में अद्भुत कर्म के देखने में उस समय से दूसरे दिवस के उसी समय तक अनध्याय जाने ।

उपाकर्मणि चोत्सर्गे त्रिरात्रं क्षेपणं स्मृतम् ।
अष्टकासु त्वहोरात्रमृत्वन्तासु च रात्रिषु ॥११९॥

(११९) उपाकरण (उपाकर्म) व उत्सर्ग मे तथा त्रिरात्र अष्टका मे एक रात्रि अनध्याय करना चाहिये ।

नाधीयीताश्वमारूढो न वृक्षं न च हस्तिनम् ।
न नाव न खरं नोष्ट्रं नेरिणस्थो न यानगः ॥१२०॥

(१२०) अश्व (घोडा), वृक्ष, हस्ति (हाथी), नाव, गधा, ऊँट, ऊसर भूमि, यान (सवारी), इन पर बैठ कर वेद-पाठ न करे ।

न विवादे न कलहे न सेनायां न संगरे ।
न भुक्तमात्र नाजीर्णे न वमित्वा न सूतके ॥१२१॥

(१२१) विवाद मे, कलह मे, सेना के सग्राम मे, अजीर्ण मे, वमन मे, सूतक मे, इन सब मे भी अनध्याय जानना, तथा भोजन करने के पश्चात् भी वेद प ठ न करना ।

अतिथि चाननुज्ञाप्य मारुते वाति वा भृशम् ।
रुधिरे च स्रुते गात्राच्छास्त्रेण च परिक्षते ॥१२२॥

(१२२) अति वायु के चलने मे, शरीर से रुधिर निकलने मे, शस्त्र से क्षत (घाव) हो जाने मे, अतिथि की अनाज्ञा व अरुचि मे भी अनध्य य करे ।

सामध्वनावृग्यजुषी नाधीयीत कदाचन ।
वेदस्याधीत्य वाप्यन्तमारण्यकमधीत्य च ॥१२३॥

(१२२) सामवेद को सुनकर ऋग्वेद व यजुर्वेद को न पढे वेद का अन्त और अनेक प्रकरण इन तीनो मे से किसी को पढ कर अनध्याय करे ।

ऋग्वेदो देवदैवत्यो यजुर्वेदस्तु मानुषः ।
सामवेदः स्मृतः पित्र्यस्तस्मात्तस्याऽशुचिर्ध्वनिः ॥१२४॥

(१२४) + ऋग्वेद के देवता देव हैं, यजुर्वेद के देवता मनुष्य हैं तथा सामवेद के देवता पितर हैं। इस कारण सामवेद का शब्द पवित्र नहीं है।

एतद्विदन्तो विद्वांसस्त्रयीनिष्कर्षमन्वहम् ।
क्रमतः पूर्वमभ्यस्य पश्चाद्वेदमधीयते ॥१२५॥

(१२५) वेदविद्या की रीति के ज्ञाता जो पुरुष हैं वह प्रथम गायत्री तथा ॐ का जाप करते हैं और उससे जब बुद्धि स्थिर हो जावे तब वेद पाठ करे।

पशुमण्डूकमार्जारश्वसर्पनकुलाखुभिः ।
अन्तरागमने विद्यादनध्यायमहर्निशम् ॥१२६॥

(१२६) पशु मेंढक बिल्ली कुत्ता सांप नेवला चूहा इन सब में से कोई यदि गुरु और शिष्य के मध्य से निकल जावे तो एक रात्रि अनध्याय करना।

द्वावेव वर्जयेन्नित्यमनध्यायौ प्रयत्नतः ।
स्वाध्यायभूमिं चाशुद्धमात्मानं चाशुचिं द्विजः ॥१२७॥

(१२७) पाठशाला की भूमि या अपना शरीर अपवित्र होवे तो भी वेद पाठ न करे। इन दोनों अनध्यायों में यत्न से त्याग करे।

+इस श्लोक का अर्थ वेद विरुद्ध है वेदों में सामवेद सर्वोत्तम माना गया है। यह गणना पौराणिक सम्प्रदायात्मक समय में सम्मिलित की गई है जिसे शिक्षकों ने अपने आराम के लिए नियत किया है।

नोट—अनध्याय भी बिना कम ज्ञात होते हैं।

अमावस्यामाष्टमीं च पौर्णमासीं चतुर्दशीम् ।
ब्रह्मचारी भवेन्नित्यमप्यृतो स्नातको द्विजः ॥१२८॥

(१२८) ब्राह्मण स्नातक ऋतुकाल मे भी अमावस्या, अष्टमी, पूर्णमासी, चतुर्दशी को स्त्री सम्भोग क करे ।

न स्नानमाचरेद्भुक्त्वा नातुरो न महानिशि ।
न वासोभिः सहाजस्रं नाऽविज्ञाते जलाशये ॥१२९॥

(१२९) भोजन करने के पश्चात् व आतुर हो तो स्नान न करे, वस्त्र पहने हुए भी बार-बार स्नान न करे । अर्द्ध रात्रिको या बिना जाने जल-स्थान मे भी स्नान न करे ।

देवतानां गुरो राज्ञः स्नातकाचार्ययोस्तथा ।
नाक्रामेत्कामतश्छायां बभ्रुणो दीक्षितस्य च ॥१३०॥

(१३०) देवता, गुरु, राजा, स्नातक, आचार्य, कपिल वर्ण, जो पुरुष यज्ञ करने को हैं इनमे से किसी की छाया को इच्छा से न लाघे ।

मध्यंदिनेऽर्धरात्रे च श्राद्धं भुक्त्वा च सामिषम् ।
संध्ययोरुभयोश्चैव न सेवेत चतुष्पथम् ॥१३१॥

(१३१) मध्यदिन, अर्द्धरात्रि, साय, प्रात समय, श्राद्ध मास भोजन कर चौराहे पर न जावे ।

उद्वर्तनमपस्नानं विण्मूत्रे रक्तमेव च ।
श्लेष्मनिष्ठ्यूतवान्तानि नाधितिष्ठेत्तु कामतः॥१३२॥

(१३२) उवटन की लोभी पर स्नान करने से जो पानी पृथिवी पर गिरे उस पर, मलमूत्र, रुधिर, खखार, थूक, वमन (कै), इन सब पर भी खडा न होवे ।

वैरिणं नोपसेवेत सहायं चैव वैरिणः ।
अधार्मिकं तस्करं च परस्यैव च योषितम् ॥१३३॥

(१३३) शत्रु, शत्रु का मित्र अधर्मी चोर परस्त्री, इन सबके संग में न रहे ।

न हीदृशमनायुष्यं लोके किंचन विद्यते ।
यादृशं पुरुषस्येह परदारोपसेवनम् ॥१३४॥

(१३४) परस्त्री से सम्भोग करने के सदृश्य (समान) संसार में कोई भी वस्तु आयु क्षीण करने वाली नहीं है ।

क्षत्रियं चैव सर्पं च ब्राह्मणं च बहुश्रुतम् ।
नावमन्येत वै भूष्णुः कृशानपि कदाचन ॥१३५॥

(१३५) जो पुरुष सब वस्तुओं में उन्नति पाने के इच्छुक हो वह क्षत्रिय साँप तथा विद्वान् ब्राह्मण यद्यपि बूढ़े तथा कृश भी हो तो भी अनादर न करे ।

एतत्त्रयं हि पुरुषं निर्दहेदवमानितम् ।
तस्मादेतत्त्रयं नित्यं नावमन्येत बुद्धिमान् ॥१३६॥

(१३६) यह तीनों अनादृत होने से नाश करते हैं । इस कारण बुद्धिमान पुरुष इन तीनों का अनादर न करे ।

नात्मानमवमन्येत पूर्वाभिरसमृद्धिभिः ।
आमृत्योः श्रियमन्विच्छेन्नैनां मन्येत दुर्लभाम् ॥१३७॥

(१३७) दरिद्रता (कङ्गाली) से अपनी अवमानना अवहेलना न करे । मृत्यु पर्यन्त धन की कामना रख व धन प्राप्ति दुर्लभ न जाने ।

सत्यं ब्रूयात्प्रियं ब्रूयात्मा ब्रूयात्सत्यमप्रियम् ।
प्रियं च नानृतं ब्रूयादेष धर्मः सनातनः ॥१३८॥

(१३८) सत्य और मिष्ट भाषण करे यदि सत्य हो किन्तु कटु हो तो न कहे, तथा यदि प्रिय हो परन्तु असत्य हो तो भी न कहे यह नित्य का धर्म है ।

भद्रं भद्रमिति ब्रूयाद्भद्रमित्येव वा वदेत् ।
शुष्कवैरं विवादं च न कुर्यात्केनचित्सह ॥१३९॥

(१३९) अभद्र को भी भद्र (अच्छा) कहना चाहिये, किसी से निरर्थक शत्रुता व विवाद न करे ।

नातिकल्यं नातिसायं नातिमध्यंदिने स्थिते ।
नाज्ञातेन समं गच्छेन्नैको न वृषलैः सह ॥१४०॥

(१४०) अति प्रात अति सन्ध्या, अति दोपहर (मध्यदिन) के समय अज्ञानपुरुष और शूद्र के साथ एकाकी कहीं न जाये ।

हीनाङ्गानतिरिक्ताङ्गान्विद्याहीनान्वयोधिकान् ।
रूपद्रव्यविहीनांश्च जातिहीनांश्च नाक्षिपेत् ॥१४१॥

(१४१) अङ्गहीन, अतिरिक्त (अधिक) अङ्ग वाला मूर्ख, कुरूप, नीच जाति, अल्प द्रव्य वाला इनको कटु भाषण न करे अर्थात् काने को काना न कहे ।

न स्पृशेत्पाणिनोच्छिष्टो विप्रो गोब्राह्मणानलान् ।
न चापि पश्येदशुचिः सुस्थो ज्योतिर्गणान्दिवि ॥१४२॥

(१४२) जूठे मुख ब्राह्मणों अपने हाथों से ब्राह्मण, गऊ अग्नि को स्पर्श न करे तथा अपवित्र व अस्वस्थ हो, तो वह ब्राह्मण चन्द्र, सूर्य व नक्षत्रों को न देखे ।

स्पृष्ट्वैतानशुचिर्नित्यमद्भिः प्राणानुपस्पृशेत् ।
गात्राणि चैव सर्वाणि नाभिं पाणितलेन तु ॥१४३॥

(१४३) जिनको छूना वर्जित है यदि उनको स्पर्श करे तो हाथ में जल लेकर उस जल से प्राण (नाक) कर्णादि इन्द्रियों व सब शरीर का स्पर्श करे तथा नाभि का पाणि (हथेली) से छुए।

अनातुरः स्वानि खानि न स्पृशेदनिमित्ततः ।
रोमाणि च रहस्यानि सर्वाण्येव विवर्जयेत् ॥१४४॥

(१४४) अनातुर बिना आवश्यकता अपनी इन्द्रियों को स्पर्श न करे तथा गुप्त स्थान (अर्थात् कांख मलमूत्र स्थान) के रोम (बाल) भी स्पर्श न करे।

मङ्गलाचारयुक्तः स्यात्प्रयतात्मा जितेन्द्रियः ।
जपेच्च जुहुयाच्चैव नित्यमग्निमतन्द्रितः ॥१४५॥

(१४५) मंगलाचार युक्त बाह्याभ्यन्तर पवित्रता सहित जितेन्द्रिय हो जप वा हवन करे आलस्य न करे।

मङ्गलाचारयुक्तानां नित्यं च प्रयतात्मनाम् ।
जपतां जुह्वतां चैव विनिपातो न विद्यते ॥१४६॥

(१४६) जो मनुष्य यह सर्व कर्म करता है वह शास्त्रोक्त सदाचारयुक्त होता है उसका देखा अन्य मनुष्य शुद्ध हो नित सदा पवित्र रहता।

वेदमेवाभ्यसेन्नित्यं यथाकालमतन्द्रितः ।
तं ह्यस्याहुः परं धर्ममुपधर्मोऽन्य उच्यते ॥१४७॥

(१४७) आलस्य परित्याग कर यथाकाल नित्य वेदों का अभ्यास करे यह परम धर्म है शेष सब उपधर्म हैं।

वेदाभ्यासेन सततं शौचेन तपसैव च ।
अद्रोहेण च भूतानां जाति स्मरति पौर्विकीम् ॥१४८॥

(१४८) नित्य वेदाभ्यास, पवित्रता, तप, जीवो पर दया यह सब कार्य करने से पूर्वजन्म अगले जन्म) की जाति स्मरण (याद) होती है।

पौर्विकीं संस्मरञ्जाति ब्रह्मेवाभ्यसते पुनः ।
ब्रह्माभ्यसेन चाजस्रमनन्तं सुखमश्नुते ॥१४९॥

(१४९) पूर्व जन्म की जाति को स्मरण करता हुआ वेदाभ्यास ही करता रहे। वेदाभ्यास द्वारा सदैव सुख प्राप्त होता है।

सावित्रीञ्चाग्निहोमांश्च कुर्यात्पर्वसु नित्यशः ।
पितृंश्चैवाष्टकास्वर्चेन्नित्यमन्वष्टकासु च ॥१५०॥

(१५०) पर्व मे नित्य गायत्री देवता का हवन और अरिष्ट, त्रास के निमित्त शान्ति हवन करे। अष्ट का अन्वष्ट का मे पित्रो की नित्य पूजा करे।

दूरादावसथान्मूत्रं दूरात्पादावसेचनम् ।
उच्छिष्टान्ननिषेकं च दूरादेव समाचरेत् ॥१५१ ॥

(१५१) अग्नि के गृह से दूर देश मे, मूत्र,पादप्रक्षालन, जूठा अन्न, वीर्य इन सब को त्य ग करे।

मैत्रं प्रासधनं स्नानं दन्तधावनमञ्जनम् ।
पूर्वाह्ण एव कुर्वीत देवतानां च पूजनम् ॥१५२॥

(१५२) विष्टात्याग (अर्थात् आवश्यकताओ की निवृत्ति) शृङ्गारादि, स्नान, दातन,अ जन, देवता का पूजन इन सब कामो को दोपहर (मध्यान्ह) से प्रथम करना चाहिये।

दैवतान्यभिगच्छेत्तु धार्मिकांश्च द्विजोत्तमान् ।
ईश्वरं चैव रक्षार्थं गुरूनेव च पर्वसु ॥१५३॥

(१५३) रक्षार्थ देवता धार्मि ब्राह्मण गुरु राजा इन सबका दर्शन पर्व में करे ।

अभिवादयेद्वृद्धांश्च दद्याच्चैवासनं स्वकम् ।
कृताञ्जलिरुपासीत गच्छतः पृष्ठतोऽन्वियात् ॥१५४॥

(१५४) यदि कोई वृद्ध अपने गृह पर आवे तो उसका अभिवादन करे और बैठने के हेतु आसन देवे तथा सामने करबद्ध खड़े रहे, जब वह चलने लगे तब आप भी पीछे होकर चले

श्रुतिस्मृत्युदितं सम्यङ्निबद्धं स्वेषु कर्मसु ।
धर्ममूलं निषेवेत सदाचारमतन्द्रितः ॥१५५॥

(१५५) वेद शास्त्रानुकूल जो उत्तम पुरुषों का सदाचार है वह धर्म का मूल है आलस्य परित्याग कर उसी आचार पर सदैव चले ।

आचाराल्लभते ह्यायुराचारादीप्सिताः प्रजाः ।
आचाराद्धनमक्षय्यमाचारो हन्त्यलक्षणम् ॥१५६॥

(१५६) आयु उत्तम सन्तति अक्षय धन यह सब आचार द्वारा सदा प्राप्त होते हैं । तथा शरीर में जो अवगुण बोध करने वाले होते हैं आचार उनको नाश कर देता है ।

दुराचारो हि पुरुषो लोके भवति निन्दितः ।
दुःखभागी च सततं व्याधितोऽल्पायुरेव च ॥१५७॥

(१५७) दुराचारी मनुष्य संसार में अपमान पाता है

और सदैव दु ख तया व्याधि ग्रसित रहने कार अल्प जीवित रहता है।

सर्वलक्षणहीनोऽपि यः मदाचारवान्नरः ।

श्रद्दधानोऽनसूयश्च शतं वर्षाणि जीवति ॥१५८॥

(१५८ जिसमे कोई लक्षण नही है, जो किसी का अप्रिय नही करता, तथा श्रद्धावान् और उत्तम पुरुषो की नाई दाचारी है वह सौ वर्ष जीता है।

यद्यत्परवशं कर्म तत्तद्यत्नेन वर्जयेत् ।

यद्यदात्मवशं तु स्यात्तत्तत्सेवेत यत्नतः ॥१५६॥

(१५६) जो कर्म परवश है उसका परित्याग तथा स्ववश कर्म का यत्न सहित सेवन करे।

सर्वं परवश दुःख सर्वमात्मवशं सुखम् ।

एतद्विद्यात्समासेन लक्षणं सुखदुःखयोः ॥१६०॥

(१६०) जो कर्म परवश है वह दु ख और जो कर्म स्ववश है वह सुख है। यह सुख दु ख का लक्षण है।

यत्कर्म कुर्वतोऽस्य स्यात्परितोषोऽन्तरात्मनः ।

तत्प्रयत्नेन कुर्वीत विपरीतं तु वर्जयेत् ॥१६१॥

(१६१) जिस कर्म करने से अन्तरात्मा को परितोष हो उसको सप्रयत्न करे जो इसके विपरीत हो उसका त्याग करे।

आचार्यं च प्रवक्तारं पितरं मातरं गुरुम् ।

न हिंस्याद्ब्राह्मणान्गाश्च सर्वांश्चैव तपस्विनः॥१६२।

(१६२) + आचार्य, वेदज्ञानदाता, पिता, माता, गुरु, ब्राह्मण, गऊ, तपस्वी इनमे से किसी को न मारे।

+ यज्ञोपवीत कराने वाला।

नास्तिक्यं वेदनिन्दां च देवतानां च कुत्सनम् ।
द्वेषं दम्भं च मानं च क्रोधं तैक्ष्ण्यं च वर्जयेत् ।।१६३

(१६३) नास्तिकता वेदनिन्दा देवता के प्रति कुत्सित भाषण शत्रुता द्वेष दम्भ मान क्रोध तैक्ष्ण्य तीव्र प्रकृति इन सबको परित्याग करे।

परस्य दण्डं नोद्यच्छेत्क्रुद्धो नैव निपातयेत् ।
अन्यत्र पुत्राच्छिष्याद्वा शिष्ट्यर्थं ताडयेत्तु तौ ।।१६४।।

(१६४) क्रोधवश किसी को ताडनार्थ (मारने को) दण्ड (डण्डा) न फेंके तथा किसी को शारीरिक हानि न पहुँचावे। परन्तु पुत्र तथा शिष्य को विद्या तथा शिक्षा के अर्थ शरीर पर ताडन (चोट) करना असङ्गत नहीं अर्थात् उचित है।

ब्राह्मणायावगुर्यैव द्विजातिर्वधकाम्यया ।
शतं वर्षाणि तामिस्रे नरके परिवर्तते ।।१६५।।

(१६५) ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य यदि ब्राह्मण की प्राण हत्या (मार डालने) की इच्छा करके केवल शस्त्र उठावे हनन न करें तो भी सौ वर्ष पर्यन्त तामिस्र नरक में पतित होते अर्थात् रहते हैं।

ताडयित्वा तृणेनापि संरम्भान्मतिपूर्वकम् ।
एकविंशतिमाजातीः पापयोनिषु जायते ।।१६६।।

(१६६) यदि क्रोध वश हनन इच्छा मात्र से एक तृण से भी ताडना करे तो इक्कीस जन्म पर्यन्त पापियों (कुत्ता गधा आदि की योनि) में उत्पन्न होता है।

अयुध्यमानस्योत्पाद्य ब्राह्मणस्यासृङ्गतः ।
दुःखं सुमहदाप्नोति प्रेत्याप्राज्ञतया नरः ॥१६७॥

(१६७) युद्ध न करने वाले ब्राह्मण के शरीर से जो रुधिर पात करता है वह अपनी अज्ञानता के कारण परलोक मे बडा दुःख भोगता है ।

शोणितं यावतः पांसून्संगृह्णाति महीतलात् ।
तावतोऽब्दानमुत्रान्यैः शोणितोत्पादकोऽद्यते ॥१६८॥

(१६८) युद्ध न करने वाले ब्राह्मण के शरीर से शस्त्र द्वारा रुधिर पात करने वाला परलोक मे महादुखी होता है । और उस रुधिर से भूमि के जितने कण भीग जाते हैं उतने ही वर्ष पर्यन्त परलोक मे वह रुधिर पात करने वाला कुत्ता, सियार आदि से भोजन किया जाता है ।

न कदाचिद्द्विजे तस्माद्विद्वानवगुरेदपि ।
न ताडयेत्तृणेनापि न गात्रात्स्रावयेदसृक् ॥१६९॥

(१६९) अतएव बुद्धिमान् पुरुष ब्राह्मण के ताडनार्थ कभी भी शस्त्र न उठावे । वरन् तृणमात्र से भी न मारे और न शरीर से रुधिर वहावे ।

अधार्मिको नरो यो हि यस्य चाप्यनृतं धनम् ।
हिंसारतश्च यो नित्यं नेहाऽसौ सुखमेधते ॥१७०॥

(१७०) जो अधर्म्मी, अनृत, अपवित्र, व अनुचित रीत्योपार्जित धन वाले, तथा हिंसक है वह इस लोक मे सुख नही पाते ।

न सीदन्नपि धर्मेण मनोऽधर्मे निवेशयेत् ।
अधार्मिकाणां पापानामाशु पश्यन्विपर्ययम् ॥१७१॥

(१७१) अधर्मी और पापियों के धनादि का शीघ्र नाश देखकर और धर्म में कष्ट पाने पर भी अधर्म न कर अर्थात् धर्म को परित्याग न करे।

नाधर्मश्चरितो लोके सद्यः फलति गौरिव ।
शनैरावर्तमानस्तु कर्तुर्मूलानि कृन्तति ॥१७२॥

(१७२) अधर्म्म शीघ्र फल नहीं देता है जैसे बीज बोने के पश्चात् पृथिवी शीघ्र फल नहीं देती थोड़े समय उपरान्त फल देती है।

यदि नात्मनि पुत्रेषु न चेत्पुत्रेषु नप्तृषु ।
न त्वेव तु कृतोऽधर्मः कर्तुर्भवति निष्फलः ॥१७३॥

(१७३) यदि अधर्म्म का फल अधर्मी को नहीं मिलता तो उसके पुत्र को मिलता है। यदि बेटे को न हो तो उसके पौत्र को मिलता है। यदि पौत्र (पोते) को न मिला तो दौहित्र (नाती) को मिलता तात्पर्य यह है कि अधर्म्म निष्फल नहीं होता।

अधर्मेणैधते तावत्ततो भद्राणि पश्यति ।
ततः सपत्नाञ्जयति समूलस्तु विनश्यति ॥१७४॥

(१७४) अधर्म्मी प्रथम तो अधर्म्म के कारण उन्नत होता है तत्पश्चात् कल्याण पाता है तदनन्तर शत्रु विजयी होता है। अन्त को समूल नष्ट हो जाता है।

सत्यधर्मार्यवृत्तेषु शौचे चैवारमेत्सदा ।
शिष्यांश्च शिष्याद्धर्मेण वाग्बाहूदरसंयतः ॥१७५॥

(१७५) भद्र पुरुषों का आचार सद्धर्म व पवित्रता है इसमें सदैव दत्तचित्त रहे सभी धर्म शास्त्र नित्य इन सबको

सम्मार्ग दर्शावे और ❀ वाणी, बाहु, तथा उदर का सयम करे।

परित्यजेदर्थकामौ यौ स्यातां धर्मवर्जितौ ।
धर्मंचाप्यसुखोदर्कं लोकविकुष्टमेव च ॥१७६॥

(१७६) अधर्म से उपार्जित जो अर्थ काम है उसका परित्याग धर्म है परन्तु जो लोक रीति के विरुद्ध है तथा भविष्य मुखदाई नही है उसका भी त्याग करना उचित है ।

न पाणिपादचापलो न नेत्रचापलोऽनृजुः ।
न स्याद्वाक्चापलश्चैव न परद्रोहकर्मधीः ॥१७७॥

(१७७) न तो परिनिन्दावाद मे सम्मिलित हो, न हाथ, पाव, वाणी व नेत्र की चपलता करे, क्योकि यह सव कार्य दुष्ट प्रकृति के प्रकठ करने वाले हैं ।

यनास्य पितरो यातायेन याताः पितामहाः ।
तेन यायात्सतां मार्गं तेन गच्छन्न रिष्यते ॥१७८॥

(१७८) जिस मार्ग द्वारा हमारे पूर्वजो ने मुक्ति लाभ किया है सत्पुरुषो के उसी मार्ग पर हमको भी वेदानुकूल कर्मो को चलना चाहिए और इसी प्रकार के कर्म करने से दुख नही होता है ।

ऋत्विक्पुरोहिताचार्यैर्मातुलातिथिसंश्रितैः ।
बालवृद्धातुरैर्वैद्यैर्ज्ञातिसम्बन्धिबान्धवैः ॥१७९॥

❀ वाणी का सयम सत्य बोलना, बाहु (हाथ) का सयम किसी जीव को क्लेश न पहुँचाना उदर का सयम यह है कि यूनाधिक जो कुछ प्राप्त हो उसी को भोजन करके रहे ।

(१७९) ऋत्विज पुरोहित आचार्य मामा अतिथि सश्रित (अपने आश्रय म रहने वाला) बालक वृद्ध आतुर वद्य ज्ञाति सम्बन्धी (कुटम्बी) बान्धव

मातापितृभ्यां जामीभिर्भ्रात्रा पुत्रेण भार्यया ।
दुहित्रा दासवर्गेण विवादं समाचरेत् ॥१८०॥

(१८०) माता पिता जामाता (दामाद) भ्राता पुत्र भार्या (पत्नी) दुहिता (पुत्री) तथा अपने दासवर्गों (दासों) से कभी लड़ाई न करे अन्यथा सुख की आशा त्याग द ।

एतैर्विवादान्संत्यज्य सर्वपापै प्रमुच्यते ।
एभिर्जितैश्च जयति सर्वान्लोकानिमान्गृही ॥१८१॥

(१८१) इन सब से विवाद (लड़ाई) न करने से पारस्परिक प्रीति बढ़ती है जिससे सब दुखो से छूट जाता है । तथा जो गृहस्थी इन सबसे हार मानकर सतोष सहित इनकी बात सहन करता है वह सारे ससार को जीत लेता है ।

आचार्यो ब्रह्मलोकेश प्राजापत्ये पिता प्रभु ।
अतिथिस्त्विन्द्रलोकेशो देवलोकस्य चर्त्विज ॥१८२॥

(१८२) आचार्य ब्रह्मलोक का ईश्वर अर्थात् ब्रह्मज्ञान का स्वामी (प्रभु) है उससे ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति हो सकती है, पिता राजा की नाई रक्षा व पालन करता है अतिथि इन्द्रवत सुख और वर्षा करता है अर्थात् उसके उपदेश द्वारा सुख प्राप्ति होती है । और ऋत्विज (यज्ञ कराने वाला) देवलोक अर्थात् अग्नि वायु आ दि देवतो के लोको को बता सकता है ।

जामयोऽप्सरसां लोके वैश्वदेवस्य बान्धवा ।
सबन्धिनोह्यपांलोके पृथिव्यां मातृमातुलौ ॥१८३॥

(१८३) भगिनी (वहिन) तथा पतोहू आदि, बान्धव, सम्बन्धी, माता तथा मामा यह सब क्रमानुसार अप्सरा लोक, वैश्वदेवलोक, वरुण लोक तथा मृत्युलोक के स्वामी है।

आकाशेशास्तु विज्ञेया बालवृद्धकृशातुराः ।

भ्राता ज्येष्ठःसमःपित्रा भार्या पुत्रःस्वकातनुः ॥१८४॥

(१८४) बाल, वृद्ध, कृश (दुबला, कमजोर) आतुर यह चारो आकाश लोक के स्वामी हैं। बडा भाई पिता के तुल्य है और स्त्री का पुत्र अपना शरीर है।

छाया स्वो दासवर्गश्च दुहिता कृपणं परम् ।

तस्मादेतैरधिक्षिप्तः सहेताऽसंज्वरः सदा ॥१८५॥

(१८५) दास (टहलुआ) अपनी छाया है, दुहिता बडी कगाल है, अत इन सबकी बात को सहन करे, चित्त मे दु खी न हो।

प्रतिग्रहंसमर्थोऽपि प्रसंगं तत्र वर्जयेत् ।

प्रतिग्रहेण ह्यस्याशु ब्राह्मं तेजः प्रशाम्यति ॥१८६॥

(१८६) दान लेने की सामर्थ्य रखता हो तो भी न लेवे क्योकि दान ग्रहण करने से ब्रह्मतेज जाता रहता है।

न द्रव्याणामविज्ञाय विधिं धर्म्यं प्रतिग्रहे ।

प्राज्ञः प्रतिग्रहं कुर्यादवसीदन्नपि क्षुधा ॥१८७॥

(१८७) यद्यपि विपत्ति (आपद समय) मे भूक के मारे व्याकुल होवे तो भी दान को उस दशा मे न लेवे जब कि उस दान लेने के विधान अर्थात् देवता और मत्र से अनभिज्ञ होवे।

हिरण्यं भूमिमश्वं गामन्नवासस्तिलानघृतम् ।

प्रतिगृह्णन्नविद्वांस्तु भस्मीभवति दारुवत् ॥१८८॥

(१८८) सोना भूमि अश्व गऊ अन्न वस्त्र तिल घी इनमें से किसी एक वस्तु के लेने से मूर्ख ब्राह्मण लकड़ी की नाईं जलकर भस्म हो जाता है।

हिरण्यमायुरन्नं च भूर्गौश्चाप्योषतस्तनुम्।
अश्वश्चक्षुस्त्वचं वासो घृतं तेजस्तिलाः प्रजाः॥१८९॥

(१८९) सोना और रत्न का दान ग्रहण करने से आयु क्षीण होती है गऊ तथा भूमिका दान शरीर को हानि पहुँचाता है अश्वदान लेने से नेत्रों को क्षति पहुँचती है वस्त्रदान से त्वचा (खाल) को घृत दान से तेज को तिलदान ग्रहण करने से मूर्ख ब्राह्मण की सन्तति को क्षति पहुँचती है।

अतपास्त्वनधीयानः प्रतिग्रहरुचिर्द्विजः।
अम्भस्यश्मप्लवेनेव सह तेनैव मज्जति॥१९०॥

(१९) जो ब्राह्मण तप तथा वेदाभ्यास नहीं करता है और दान लिया करता है वह दानदाता सहित डूब जाता है जैसे पानी में पत्थर की नाव।

तस्मादविद्वान्बिभियाद्यस्मात्तस्मात्प्रतिग्रहात्।
स्वल्पकेनाप्यविद्वान्हि पङ्के गौरिव सीदति॥१९१॥

(१९) अतः मूर्ख ब्राह्मण को थोड़ा दान लेने से भी भयभीत होना चाहिये अन्यथा कीचड़ में फँस कर जिस प्रकार गऊ कष्ट पाती है उसी प्रकार वह भी कष्ट भोगेगा।

न वार्यपि प्रयच्छेत्तु वैडालव्रतिके द्विजे।
न बकव्रतिके विप्रे नावेदविदि धर्मवित्॥१९२॥

(१९) (१) वैडालव्रतिक व (२) बक (बगुला) व्रतिक और (३) मूर्ख इन तीनों ब्राह्मणों को धर्मात्मा पुरुष जल तक न देवे।

त्रिष्वप्येतेषु दत्तं हि विधिनाप्यर्जितं धनम् ।
दातुर्भवत्यनर्थाय परत्रादातुरेव च ॥१९३॥

(१९३) उत्तम रीति से उपार्जित धन इन तीनो को देने से आगामी जन्म मे कुछ फल नही देता अर्थात् निष्फल होता है।

यथा प्लवेनौपलेन निमज्जत्युदके तरन् ।
तथा निमज्जतोऽधस्तादज्ञौ दातृप्रतीच्छकौ ॥१९४॥

(१९४) जिस प्रकार पत्थर की नाव पर चढ कर मनुष्य डूब जाता है उसी प्रकार * मूर्ख ब्राह्मण को दान देने वाला और ग्रहण कर्ता, दोनो नरक मे पडते है, अर्थात् दोनो नरकगामी होते हैं।

धर्मध्वजी सदालुब्धश्छाद्मिको लोकदम्भकः ।
वैडालव्रतिको ज्ञेयो हिंस्रः सर्वाभिसंधकः ॥१९५॥

(१९५) धर्मध्वजा को लिए हुए सदा लोभी, छद्मवेशी (बहुरूपिया) की नाई बहुवेशधारी लोक (ससार) मे कपट (धोके) का प्रचारक वैडालवृत्तिक (बिल्ली की तरह जीवक हिसा करने वाला) सबका निन्दक, हिंसक (जीवहत्या कर खाने वाला) ये बिल्ली की भ्रार होने वाले कहलाते हैं।

अधोदृष्टिर्नैष्कृतिकः स्वार्थसाधनतत्परः ।
शठोमिथ्याविनीतश्च बकव्रतचरो द्विजः ॥१९६॥

(१९६) नीचे देखने वाला, निर्दयी, स्वार्थ साधना मे

---

* मूर्ख ब्राह्मण को दान देने का मनुजी ने १९२ व १९३, १९४ श्लोकमे इस कारण निषेध किया हैकि कोई ब्राह्मण मूर्ख न रहे।

नोट—इस श्लोक के अनुसार आज कल के ब्राह्मण तो अवश्य ही नरकगामी होवेगे।

सदैव तत्पर (लगा हुआ) शठ निठुर धोका देने के लिये विनीत भाव दिखलाने वाले यह सब बिडालवृत्ति के गुण हैं। इन लक्षणों से युक्त पुरुष को वेडालवृत्तिक कहते हैं।

ये बकव्रतिनो विप्रा ये च मार्जारलिंगिनः।
ते पतन्त्यन्धतामिस्रे तेन पापेन कर्मणा ॥१९७॥

(१९७) बकवृत्तिक तथा वैडालवृत्तिक महाअन्धकार वाला जीव योनियों में जा गिरते हैं जिसमें अति ही दुःख प्राप्त होते हैं।

न धर्मस्यापदेशेन पापं कृत्वा व्रतं चरेत्।
व्रतेन पापं प्रच्छाद्य कुर्वन्स्त्रीशूद्रदम्भनम् ॥१९८॥

(१९८) पाप कर्म करके धर्म के मिस से व्रत को न करे अर्थात् पापकर्म तो करता है परन्तु स्त्री और शूद्र को शुभ दिख लाता है कि मैं धर्म करता हूँ।

प्रेत्येह चेदृशा विप्रा गर्ह्यन्ते ब्रह्मवादिभिः।
छद्मनाचरितं यच्च व्रतं रक्षांसि गच्छति ॥१९९॥

(१९९) जो पुरुष (लोग) वेद पाठी ब्राह्मणों की निन्दा करते हैं वह इस लोक तथा परलोक में दुख पाते हैं और जो कपटाडम्बर करके व्रत धारण करते हैं उनका व्रत राक्षस व्रत है।

अलिंगी लिंगिवेषेण यो वृत्तिमुपजीवति।
स लिंगिनां हरत्येनस्तिर्यग्योनौ च जायते ॥२००॥

नोट—जो वेशधारी केवल वेष ही को धारण करते हैं परन्तु वेदानुसार आचरण नहीं करते हैं वे संसार को धोका देने से महापाप के भागी होते हैं। और पाप मार्ग का बढ़ाना भी महा पाप है। अतएव जो लोग वेषधारियों की सेवा शुश्रूषा करते हैं वह भी पापी गिने जाते हैं।

(२००) जो ब्रह्मचारी व सन्यासी नही है किन्तु उनका वेष बनाये रहते वह ब्रह्मचारी तथा सन्यासी से पाप को प्राप्त होते है और कीट कृमि की योनि मे जन्म पाते है इसी प्रकार सब आश्रम वालो को जानना ।

परकीयनिपानेषु न स्नायाच्च कदाचन ।
निपानकर्तुः स्नात्वा तु दुष्कृतांशेन लिप्यते ॥२०१॥

(२०१) दूसरे के बनवाए हुए कुवा तालाव आदि, (जिनका सिद्धि अर्थात् प्रतिष्ठा न हुई हो) मे यदि स्नान करे तो उनमे स्नान करने से उनसे खुदवाने वाले के पापको प्राप्त होता है ।

यानशय्यासनान्यस्य कूपोद्यानगृहाणि च ।
अदत्तान्युपभुञ्जान एनसः स्यात्तुरीयभाक् ॥२०२॥

(२०२) सवारी, शय्या (चारपाई), कुवा, उद्यान (वाग) गृह (घर) यह सब जिससे हो उस स्वामी की आज्ञा विना जो निजकार्य मे लाता है वह पुरुष उसके स्वामी के पाप के चतुर्थांश को प्राप्त होता है ।

नदीषु देवखातेषु तडागेषु सरःसु च ।
स्नानं समाचरेन्नित्यं गर्तप्रस्रवणेषु च ॥२०३॥

(२०३) नदी, देवताओ के खान (गार) तथा तडाग (तालाब), वन्द, झरना तथा गढा इन सब मे नित्य स्नान करे।

यमान्सेवेत सततं न नित्यं नियमान्बुधः ।
यमान्पतत्यकुर्वाणो नियमान्केवलान्भजन् ॥२०४॥

(२०४) यम तथा नियम जिनका वर्णन आगे आवेगा उनमे यम को नित्य धारण करे नियम को नही। यमको परित्याग कर केवल नियम को धारण करने से पतित हो जाता है ।

करने के हेतु पंक्ति में से उठ कर कुल्ला करने लगे तो भी भोजन त्याग दे।

अनर्चितं वृथामांसमवीरायाश्च योषित'।
द्विषदन्नं नगर्यन्नं पतितान्नमवक्षुतम् ॥२१३॥

(२१३) पूज्य पुरुष को जो अन्न अनादर भाव से दिया जावे व्याधि उत्पादक अन्न जो अतिथि तथा विद्वानों को खिलाया हो दूषित गर्हित पतित इन लोगो का अन्न जिस पर छींक पडी हो।

पिशुनानृतिनोश्चान्नं क्रतुविक्रयिणस्तथा।
शैलूषतुन्नवायान्नं कृतघ्नस्यान्नमेव च ॥२१४॥

(२१४) चुगलखोर यज्ञ करने के पश्चात् उसको बेचने वाला नट दर्जी कृतघ्न।

कर्मारस्य निषादस्य रङ्गावतारकस्य च।
सुवर्णकर्तुर्वेणस्य शस्त्रविक्रयिणस्तथा ॥२१५॥

(२१५) लोहार निषाद नट गायक के अतिरिक्त इन दोनों की वृत्ति द्वारा जीवन निर्वाह करने वाला सोनार, शस्त्र बेचने वाला।

श्ववतां शौण्डिकानां च चैलनिर्णेजकस्य च।
रञ्जकस्य नृशंसस्य यस्य चोपपतिर्गृहे ॥२१६॥

(२१६) कुत्तों से क्रीडा कर जीवन व्यतीत करने वाला कलवार रजक (धोबी) रञ्जक (रंगरेज) नृशंस (जल्लाद) — ~ नी के घर पर उसका उपपति (दूसरा पति) हो।

—न्ति ये चोपपतिं स्त्रीजितानां च सर्वशः।
उत्पन्न है— प्रेतान्नमतुष्टिकरमेव च ॥२१७॥

(२१७) जो उपपति रहने से प्रसन्न हो, जो स्त्री के वश्य हो अर्थात् जो स्त्री का आज्ञाकारी हो, जिसकी मृत्यु का दसवा हुआ हो उसका अन्न, तथा जो अन्न तुष्टि न करे अर्थात् जिस अन्न से चित्त सन्तुष्ट न हो, इन सबका भोजन न करे।

राजान्नं तेज आदत्ते शूद्रान्नं ब्रह्मवर्चसम्।
आयुः सुवर्णकारान्नं यशश्चर्मावकर्तिनः ॥२१८॥

(२१८) १–राजा, २–शूद्र, ३–सोनार, ४–चमार, इन लोगो का अन्न यथाक्रम १–तेज २–ब्रह्मतेज, ३–आयु, ४–यश का नाश करता है।

कारुकान्नं प्रजां हन्ति बलं निर्णेजकस्य च।
गणान्नं गणिकान्नं च लोकेभ्यः परिकृन्तति॥२१९॥

(२१९) १–कारुक (नापित, नाई), २–निर्णेजक (धोबी) दोनो का अन्न क्रम से १–सन्तान तथा २–बल का नाश करता है, गण (पक्ति) तथा वेश्या (गणिका) का अन्न स्वर्गलोक को खोता है जो कर्मों द्वारा प्राप्त होने वाला है।

पूयं चिकित्सकस्यान्नं पुंश्चल्यास्त्वन्नमिन्द्रियम्।
विष्ठावार्धुषिकस्यन्नं शस्त्रविक्रयिणोमलम् ॥२२०॥

(२२०) १–चिकित्सक, २–पुंश्चली (विषयी), ३–ब्याज से निर्वाह करने वाला, ४–शस्त्र बेचने वाला, इनका अन्न क्रमानुसार १–पीव, २–वीज, ३–विष्ठा, ४–खखार के तुल्य है।

य एतेऽन्ये त्वभोज्यान्नाः क्रमशः परिकीर्तिताः।
तेषां त्वगस्थिरोमाणि वदन्त्यन्नं मनीषिणः ॥२२१॥

नोट—इन श्लोको मे मिलावट ज्ञात होती है क्योंकि प्रेत शब्द के अर्थ मृतक के हैं उसका अन्न कभी होता ही नही।

नाश्नीयात्तत यज्ञे ग्रामयाजिकृते तथा ।
स्त्रिया क्लीवेन च हुते भुञ्जीत ब्राह्मणः क्वचित् ।२०५।

(२०५) वेद न पढ़ा हुआ वैदिक रीति से गाव में यज्ञ कर्ता स्त्री नपु सक इन लोगो के यज्ञ में ब्राह्मण भोजन न करे।

अश्लीकमेतत्साधूनां यत्र जुह्वत्यमी हविः ।
प्रतीपमेतद्देवानां तस्मात्तत्परिवर्जयेत् ॥२०६॥

(२०६) इस प्रकार के कर्म करना साधुओं के अयोग्य है और विद्वान् पुरुष इसको घृणित दृष्टि से देखते हैं । अतएव ऐसे कर्मों से बचा रहे।

मत्तक्रुद्धातुराणां च नाश्नीयात् कदाचन ।
केशकीटावपन्नं च पदास्पृष्टं च कामतः ॥२०७॥

(२०७) मत्त (मदमस्त) क्रोधी आतुर इनके अन्न को या जिस अन्न में बाल वा कीड़ा पड़ा हो अथवा जो अन्न जान बूझकर पाव से स्पर्श किया गया हो इन सबका भोजन न करे।

भ्रूणघ्नावेक्षितं चैव संस्पृष्टं चाप्युदक्यया ।
पतत्रिणावलीढं च शुना संस्पृष्टमेव च ॥२०८॥

(२०८) भ्रूणहत्या करने वाली वा मासिक धर्म वाली स्त्री का छुआ हुआ अन्न अथवा पक्षियों की चोंच से फोड़ा हुआ अन्न वा कुत्ते का स्पर्श किया हुआ अन्न हो तो उसे न खावे।

(भ्रूणहत्या) गर्भ गिराने वाला।

नो —इस प्रकार का अन्न खाने से बहुत प्रकार के रोग उत्पन्न होते हैं।

गवां चान्नमुपघ्रातं घुष्टान्नं च विशेषतः ।
गणान्नं गणिकान्नं च विदुषां च जुगुप्सितम् ॥२०६॥

(२०६) गऊ का सूंघा हुआ, यज्ञादि मे वह अन्न जो उच्च स्वर मे यह कहकर कि कौन भोजन करेगा, दिया गया हो, व बहुत मनुष्यो का अन्न वा वेश्याओ का अन्न, इन सब अन्नो की पण्डित जन निन्दा करते हैं ।

स्तेनगायकयोश्चान्नं तक्ष्णो वार्धुषिकस्य च ।
दीक्षितस्य कदर्यस्य बद्धस्य निगडस्य च ॥२१०॥

(२१०) चोर, गायक (गाने वाला), बढई, व्याज से जीवन निर्वाह करने वाला, दीक्षित (जिसका यज्ञ अभी असमाप्त है), कृपण वन्दी (कैदी) वेडी पडा हुआ ।

अभिशस्तस्य षण्ढस्य पुंश्चल्या दाम्भिकस्य च ।
शुक्तं पर्युषितं चैव शूद्रस्योच्छिष्टमेव च ॥२११॥

(२११) दोषी व दुष्ट प्रकृति, षण्ढ (हिजडा), दम्भी आदि का अन्न, वासी अन्न (अर्थात् वह अन्न जो विना खटाई मिश्रित किये खट्टा हो जावे), तथा शूद्र का जूठा अन्न, इन सब को भोजन न करे ।

चिकित्सकस्य मृगयोः क्रूरस्योच्छिष्टभोजिनः ।
उग्रान्नं सूतिकान्नं च पर्याचान्तमनिर्दशम् ॥२१२॥

(२१२) चिकित्सक (वैद्य, हकीम), शिकारी, दुःखी, क्रूर, निर्दयी, जूठा खाने वाला, उग्र (कठिन) अन्न (सरलता से न पचने वाला अन्न), सूतिकागृह (जच्चाखाना) मे बना हुआ भोजन न खाना चाहिये । अथवा जिस स्थान पर लोग एक पंक्ति मे भोजन कर रहे हो और कोई मनुष्य अपमान

करने के हेतु पंक्ति में से उठ कर कुल्ला करने लगे तो भी मे
त्याग दे ।

अनर्चितं वृथामांसमवीरायाश्च योषितः ।
द्विषदन्नं नगर्यन्नं पतितान्नमवक्षुतम् ॥२१

(२१३) पूज्य पुरुष को जो अन्न अनादर भाव से f
जावे व्याधि उत्पादक अन्न जो अतिथि तथा विद्वानों
खिलाया हो दूषित गर्हित पतित इन लोगो का अन्न जिस
छींक पड़ी हो ।

पिशुनानृतिनाश्चान्नं क्रतुविक्रयिणस्तथा ।
शैलूषतुन्नवायान्नं कृतघ्नस्यान्नमेव च ॥२१

(२१४) चुगलखोर यज्ञ करने के पश्चात् उसको बे
वाला नट, दर्जी कृतघ्न ।

कर्मारस्य निषादस्य रङ्गावतारकस्य च ।
सुवर्णकर्तुर्वेणस्य शस्त्रविक्रयिणस्तथा ॥२१

(२१५) लोहार निषाद नट गायक के अतिरिक्त
दोनों की वृत्ति द्वारा जीवन निर्वाह करने वाला सोनार श
बेचने वाला ।

श्ववतां शौण्डिकानां च चैलनिर्णेजकस्य च ।
रञ्जकस्य नृशंसस्य यस्य चोपपतिर्गृहे ॥२१

(२१६) कुत्तों से क्रीडा कर जीवन व्यतीत करने वा
कलवार, रजक (धोबी) रञ्जक (रंगरेज) नृशंस (अत्याच
जिस स्त्री के घर पर उसका उपपति (दूसरा पति) हो ।

मृष्यन्ति ये चोपपतिं स्त्रीजितानां च सर्वशः ।
अनिर्दशं च प्रेतान्नमतुष्टिकरमेव च ॥ २१७ ॥

(२१७) जो उपपति रहने से प्रसन्न हो, जो स्त्री के वश्य हो अर्थात् जो स्त्री का आज्ञाकारी हो, जिसकी मृत्यु का दसवा हुआ हो उसका अन्न, तथा जो अन्न तुष्टि न करे अर्थात् जिस अन्न से चित्त सन्तुष्ट न हो, इन सबका भोजन न करे।

राजान्नं तेज आदत्ते शूद्रान्नं ब्रह्मवर्चसम्।
आयुः सुवर्णकारान्नं यशश्चर्मविकर्तिनः ॥२१८॥

(२१८) १–राजा, २–शूद्र, ३–सोनार, ४–चमार, इन लोगो का अन्न यथाक्रम १–तेज २–ब्रह्मतेज, २–आयु, ४–यश का नाश करता है।

कारुकान्नं प्रजां हन्ति बलं निर्णेजकस्य च।
गणान्नं गणिकान्नं च लोकेभ्यः परिकृन्तति॥२१९॥

(२१९) १–कारुक (नापित, नाई), २–निर्णेजक (धोबी) दोनो का अन्न क्रम से १–सन्तान तथा २–बल का नाश करता है, गण (पक्ति) तथा वेश्या (गणिका) का अन्न स्वर्गलोक को खोता है तो कर्मों द्वारा प्राप्त होने वाला है।

पूयं चिकित्सकस्यान्नं पुंश्चल्यास्त्वन्नमिन्द्रियम्।
विष्ठावार्धुषिकस्यन्नं शस्त्रविक्रयिणोमलम् ॥२२०॥

(२२०) १–चिकित्सक, २–पुंश्चली (विषयी), ३–ब्याज से निर्वाह करने वाला, ४–शस्त्र बेचने वाला, इनका अन्न क्रमानुसार १–पीव, २–बीज, ३–विष्ठा, ४–खखार के तुल्य है।

य एतेऽन्ये त्वभोज्यान्नाः क्रमशः परिकीर्तिताः।
तेषां त्वगस्थिरोमाणि वदन्त्यन्नं मनीषिणः ॥२२१॥

नोट—इन श्लोको मे मिलावट ज्ञात होती है क्योंकि प्रेत शब्द के अर्थ मृतक के हैं उसका अन्न कभी होता ही नही।

(२२१) जितने अन्न भोजन करने के अयोग्य हैं वह सब निम्नांकित हैं और त्वक (खाल) हड्डी तथा रोम (बाल) के तुल्य हैं। यह पण्डितों ने कहा है (अर्थात् बालादि खाने में जो कष्ट होता है वही इनके अन्न भोजन करने से होता है)।

भुक्त्वातोऽन्यतमस्यान्नममत्या क्षपणं त्र्यहम्।
मत्या भुक्त्वा चरेत्कृच्छ्रं रेतोविण्मूत्रमेव च ॥२२२॥

(२२२) यदि इनमें से किसी के अन्न को अज्ञानता में भोजन करे तो तीन दिवस उपवास करे। और यदि जान-बूझ कर भोजन करे तो कृच्छ्र व्रत जो आगे कहेंगे उसको करे तथा विष्ठा व मूत्र के भोजन में पृथक-पृथक यही व्रत करे।

नाद्याच्छूद्रस्य पक्वान्नं विद्वानश्राद्धिनो द्विजः।
आददीताममेवास्मादवृत्तावेकरात्रिकम् ॥ २२३ ॥

(२२३) विद्वान् ब्राह्मणों को शूद्र का बनाया हुआ भोजन न खाना चाहिये यदि घर में अन्न न हो तो एक रात्रि के भोजन भर कच्चा अन्न से लेने में कोई दोष नहीं है।

श्रोत्रियस्य कदर्यस्य वदान्यस्य च वार्धुषेः।
मीमांसित्वोभयं देवाः सममन्नमकल्पयन् ॥२२४॥

(२२४) कृपण वेदपाठी तथा दानी ब्याज लेने वालों के अन्न को देवताओं ने एक समान बतलाया है।

तान्प्रजापतिराहैत्य माकृध्वं विषमं समम्।
श्रद्धापूतं वदान्यस्य हतमश्रद्धयेतरत् ॥ २२५ ॥

(२२५) परन्तु ब्रह्मा जी देवताओं की सम्पत्ति से सहमत नहीं हैं बरन् व्याज द्वारा आजीविका वाले दानी के

अन्न को श्रद्धा व सहृदय होने के कारण उत्तम और कृपण के अन्न को विष के समान निकृष्ट बतलाते हैं।

श्रद्धयेष्टं च पूर्तं च नित्यं कुर्यादतन्द्रितः ।
श्रद्धाकृते ह्यक्षये ते भवतः स्वागतैर्धनैः ॥२२६॥

(२२६) आलस्य त्याग कर साहस सहित सदैव यज्ञ करे, कुआ बनवाये, तथा तालाव व बावली को बनवाये। उत्तम रीति से उपार्जित धन लगा कर साहस सहित यह दोनो कार्य करे तो अक्षय धन, सुख तथा यश को प्राप्त करता है।

दानधर्मं निषेवेत नित्यमैष्टिकपौर्तिकम् ।
परितुष्टेन भावेनपात्रमासाद्य शक्तितः ॥ २२७ ॥

(२२७) उत्तम ब्राह्मण को पाकर शक्त्यनुसार परितुष्ट करने के भाव से सदैव यज्ञ तथा कुआ आदि का दान करे, अर्थात् उत्तम ब्राह्मणो को अपनी शक्ति के अनुसार सन्तुष्ट करे।

यत्किंचिदपि दातव्यं याचितेनानसूयया ।
उत्पत्स्यते हि तत्पात्रं यत्तारयति सर्वतः ॥२२८॥

(२२८) अन्दिक भिक्षुको को निजबलानुसार दान दिया करे, क्योकि सदैव के देने मे किसी न किसी दिवस कोई पात्र (योग्य) धर्मात्मा आ जावेगा और ज्ञानोपदेश से तार देगा।

वारिदस्तृप्तिमाप्नोति सुखमक्षय्यमन्नदः ।
तिलप्रदः प्रजामिष्टां दीपदश्चक्षुरुत्तमम् ॥ २२९ ॥

(२२९) प्यासो (तृषितो) को पानी पिलाने वाला सन्तोष तथा तृप्ति, क्षुधातुरो को भोजन खिलाने वाला अक्षय

सुख तिस देने वाला उत्तम सन्तान और पथ में दीपक जलाने वाला उत्तम चक्षु (आँखों) को पाता है।

भूमिदो भूमिमाप्नोति दीर्घमायुर्हिरण्यदः ।
गृहदोऽग्र्याणि वेश्मानि रूप्यदो रूपमुत्तमम्॥२३०॥

(२३०) १—भूमि २—सोना ३—घर ४—रूपा इन का देने वाला क्रमानुसार १—भूमि २—दीर्घायु, ३—उत्तम घर तथा ४—उत्तम रूप को पाता है।

वासोदश्चन्द्रसालोक्यमश्विसालोक्यमश्वदः ।
अनडुहः श्रियं पुष्टां गोदो ब्रध्नस्य विष्टपम् ॥२३१॥

(२३१) १—वस्त्र २—अश्व ३—बैल ४—गऊ का देने वाला यथाक्रम १—चन्द्रलोक २—अश्वनी कुमारलोक ३—अक्षय धन ४—सूर्यलोक को पाता है।

यानशय्याप्रदो भार्यामैश्वर्यमभयप्रदः ।
धान्यदः शाश्वतसौख्यं ब्रह्मदो ब्रह्मसार्ष्टिताम्॥२३२॥

(२३२) १—यान [सवारी] २—शय्या, ३—अभय ४—वेद इनका देने वाला क्रमानुसार १—स्त्री २—धन ३—अक्षय सुख ४ ब्रह्मलोक के तुल्य पद को पाता है।

सर्वेषामेव दानानां ब्रह्मदानं विशिष्यते ।
वार्यन्नगोमहीवासस्तिलकांचनसर्पिषाम् ॥ २३३ ॥

(२३३) जल अन्न गऊ भूमि वस्त्र तिल सोना घी इन सब दानो म से वेद का दान सर्वोत्तम है।

येन येन तु भावेन यद्यद्दानं प्रयच्छति ।
तत्तत्तेनैव भावेन प्राप्नोति प्रतिपूजितः ॥ २३४ ॥

(२३४) जो दान जिस प्रकार दिया जाता है वह उसी विधि से दूसरे जन्म मे प्राप्त होता ।

योऽर्चितं प्रतिगृह्णाति ददात्यर्चितमेव च ।
तावुभौ गच्छतः स्वर्गं नरकं तु विपर्यये ॥२३५॥

(२३५) उत्तम वस्तु का दाता और ग्रहणकर्ता दोनो स्वर्गगामी होते हैं । इसके विपरीत निकृष्ट वस्तु के दान दाता व ग्रहणकर्ता दोनो नरकगामी होते हैं ।

न विस्मयेतः तपसा वदेदिष्ट्वा च नानृतम् ।
नार्तोऽप्यपवदेद्विप्रान्न दत्त्वा परिकीर्तयेत् ॥२३६॥

(२३६) तप करके अभिमान न करे, यज्ञ करके अनृत [असत्य] भाषण न करे, क्रोधयुक्त व दु खी चित्त होकर ब्राह्मण को अपशब्द न कहे, दान देकर प्रकट न करे ।

यज्ञोऽनृतेन क्षरति तपः क्षरति विस्मयात् ।
आयुर्विप्रापवादेन दानं च परिकीर्तनात् ॥२३७॥

(२३७) १—असत्य भाषण, २—अभिमान करना, ३—ब्राह्मण का अपमान व अनादर करना, ४—दान देकर प्रकट करना, इन सब कार्यों के करने से यथाक्रम १—यज्ञ, २—तप, ३ आयु ४—दान का नाश हो जाता है ।

धर्मं शनैः संचिनुयाद्वल्मीकमिव पुत्तिकाः ।
परलोकसहायार्थं सर्वभूतान्यऽपीडयन् ॥ २३८ ॥

(२३८) ऐसी विधि से जिसमे किसी भूत [जीवप्राणी] को कष्ट न होने पावे परलोक के सहायार्थ धीरे-धीरे धर्म सचय [इकट्ठा] करे जैसे बलमीक [चींटी] अन्न सग्रह करती है ।

नामुत्र हि सहायार्थं पिता माता च तिष्ठतः ।
न पुत्रदारा न ज्ञातिर्धर्मस्तिष्ठति केवलः ॥२३९॥

(२३९) माता पिता स्त्री आदि सम्बन्धी पुत्र यह सब परलोक में कुछ भी सहायता नहीं कर सकते हैं केवल धर्म ही वहां काम आता है।

एकः प्रजायते जन्तुरेक एव प्रलीयते ।
एकोऽनुभुङ्क्ते सुकृतमेक एव च दुष्कृतम् ॥२४०॥

(२४०) जीव अकेला ही जन्मता है और अकेला ही मृत्यु पाता है अकेला ही पुण्य-पाप करता है और अकेला ही उसका फल पाता है।

मृतं शरीरमुत्सृज्य काष्ठलोष्ठसमं क्षितौ ।
विमुखा बान्धवा यान्ति धर्मस्तमनुगच्छति ॥२४१॥

(२४१) लकड़ी और मिट्टी के ढेले की नाई बान्धव वा जाति सम्बन्धी मृत शरीर को जलाकर विमुख हो जाते अर्थात् चले आते हैं केवल धर्म ही साथ जाता है।

तस्माद्धर्मं सहायार्थं नित्यं सञ्चिनुयाच्छनैः ।
धर्मेण हि सहायेन तमस्तरति दुस्तरम् ॥ २४२ ॥

(२४२) अतएव अपने सहायतार्थ धर्म को सदैव करता रहे क्योंकि धर्म ही की सहायता से भवसागर से पार होता है।

धर्मप्रधानं पुरुषं तपसा हतकिल्बिषम् ।
परलोकं नयत्याशु भास्वन्तं खशरीरिणम् ॥ २४३ ॥

(२४३) जिस पुरुष का धर्म सहायक है और तप द्वारा जिसका पाप नाश हो गया है वही धर्म उसको स्वर्ग में ले जाता है

उत्तमैरुत्तमैर्नित्यं संबन्धानाचरेत्सतः ।
निनीषुः कुलमुत्कर्षमधमानधमांस्त्यजेत् ॥ २४४ ॥

(२४४) कुल को मान देने के हेतु उत्तम-उत्तम पुरुषो से सम्वन्ध करे और अधम पुरुषो का करना चाहिये ।

उत्तमानुत्तमान्गच्छन्हीनान्हीनांश्च वर्जयन् ।
ब्राह्मणः श्रेष्ठतामेति प्रत्यवायेन शूद्रताम् ॥ २४५ ॥

(२४५) उत्तम-उत्तम पुरुषो से सम्वन्ध करके तथा अधम-अधम पुरुषो का परित्याग करके ब्राह्मण मान-मर्यादा प्राप्त करता है और दोष लगने से शूद्र के समान होता है ।

दृढकारी मृदुर्दान्तःक्रूराचारैरसंवसन् ।
अहिंस्रो दमदानाभ्यां जयेत्स्वर्गं ततः व्रतः ॥२४६॥

(२४६) प्रारम्भ किये हुए कार्य को दृढ चित्त से समाप्त करने वाला,दयालु और क्रूर अत्याचारी के विरोधको सहनशीला इन्द्रिय निग्रह [इन्द्रियो को वश मे करना] और विषयो से उनको अवरुद्ध करने वाला, अधम पुरुषो का परित्याग कर उत्तम पुरुषो से सम्वन्ध करने वाला, आत्महत्या तथा जीवहत्या [किसी जीव का हनन करना] न करने वाला सुख को प्राप्त करता है ।

एधोदकं मूलफलमन्नमभ्युद्यतंचयत् ।
सर्वतः प्रतिगृह्णीयान्मध्वथऽभयदक्षिणाम् ॥ २४७ ॥

(२४७) लकडी, जल, मूल, फल, अन्न, मधु, अभय यह सब अयाचना [वेमागे] प्राप्त होवे तो इनको सबसे लेना चाहिये। [परन्तु विषयी, पतित, नपुसक तथा शत्रु से न लेवे] ।

आहृताम्युद्यतां भिक्षां पुरस्तात्प्रचोदिताम् ।
मेनेप्रजापतिर्ग्राह्यमपि दुष्कृतकर्मणः ॥ २४८ ॥

(४८) जब किसी वस्तु के दाता ने प्रथम से न कहा हो और ग्रहणकर्ता के समीप बैठकर बिना यांचे दे तो उस वस्तु को पतित के अतिरिक्त कुकर्मी से भी लेना चाहिये ब्रह्माजी ने ऐसा कहा है ।

नाश्नन्ति पितरस्तस्य दश वर्षाणि पञ्च च ।
न च हव्यं वहत्यग्निर्यस्तामभ्यवमन्यते ॥ २४९ ॥

(२४९) जो पुरुष ऐसी वस्तु को ग्रहण नहीं करता है उसके दिये हुए हव्य तथा कव्य को देवता तथा पितर भी पन्द्रह वर्ष पर्यन्त नहीं लेते ।

शय्यां गृहान्कुशान्गन्धानपः पुष्पं मणीन्दधि ।
धानामत्स्यान्पयो मांसं शाकं चैव न निर्नुदेत्॥२५०॥

(२५) शय्या गृह कुश गन्ध अन्न फूल मणि दधि [दही] धाना [लाई] मत्स्य [मछली] दुग्ध मांस शाक इन सबको त्याग न करे ।

गुरून्भृत्यांश्चोज्जिहीर्षन्नर्चिष्यन्देवतातिथीन् ।
सर्वतः प्रतिगृह्णीयान्न तु तृप्येत्स्वयं ततः ॥ २५१ ॥

(२५१) यदि माता पिता सेवक स्त्री आदि क्षुधा से पीड़ित हों तो उनके कष्ट निवारण की इच्छा से देवता व अतिथि का पूजन करता हो तो पतित के अतिरिक्त सब से लेवे परन्तु आप उसको न खावे ।

गुरुषु त्वभ्यतीतेषु विना वा तैर्गृहे वसन् ।
आत्मनोवृत्तिमन्विच्छन्गृह्ण यात्साधुतः सदा ॥२५२॥

(२५२) माता-पितादि की मृत्यु के पश्चात् अथवा जीवितावस्था मे दूसरे स्थान पर वस कर आत्मवृत्ति के हेतु उत्तम पुरुषो से लेवे ।

आधिकः कुलमित्रं च गोपालो दासनापितौ ।
एते शूद्रेषु भौज्यान्ना यश्चात्मानं निवेदयेत् ॥२५३॥

(५ः) जो शूद्र जिसकी कृषि करता है उस शूद्र का अन्न उसके भोजन योग्य है जो शूद्र कुलमित्र है, गोपाल, दास, नापित (नाई) अथवा जिस शूद्र ने सेवाकर्म धारण कर लिया हो उन सबका अन्न न खाना चाहिये ।

यादृशोऽस्य भवेदात्मा यादृशं च चिकीर्षितम् ।
यथा चोपचरेदेनं तयात्मानं निवेदयेत् ॥ २५४ ॥

(२५४) जिस शूद्र का जैसा कुल, जैसा रूप और जैसा करने की इच्छा हो व जिस प्रकार की सेवा करना चाह वैसा ही वह शूद्र अपने को कहे ।

योऽन्यथा सन्तमात्मानमन्यथा सत्सु भाषते ।
स पापकृत्तमोलोके स्तेन आत्मापहारकः ॥ २५५ ॥

(२५५) जो कोई उत्तम पुरुषो मे अपने को गुप्त रखता है अर्थात् जैसा है वैसा नही कहता वह महापापी है और अपनी आत्मा का चोर हैं ।

वाच्यर्था नियताः सर्वे वाङ्मूला वाग्विनिःसृताः ।
तांस्तु यः स्तेनयेद्वाचं स सर्वस्तेयकृन्नरः ॥ २५६ ॥

(२५६) जितने अर्थ है सो सब वाणी में रहते हैं और वाणी इन सबकी मूल है यह सब वाणी द्वारा निकलते हैं उस वाणी को जिसने चुराया वह सब वस्तुओं का चुराने वाला हुआ।

महर्षिपितृदेवानां गत्वाऽऽनृण्यं यथाविधि।

पुत्रे सर्वं समासज्य वसेन्माध्यस्थमाश्रितः ॥ २५७ ॥

(२५७) देव ऋषि पितर इन तीनों को ऋण से यथा विधि छूटकर सब वस्तुएं पुत्र को सौंप कर संसार त्यागी होकर सबको एक दृष्टि से एक सम न देखे और गृह ही में रहे।

एकाकी चिन्तयेन्नित्यं विविक्ते हितमात्मनः।

एकाकी चिन्तयानो हि परं श्रेयोऽधिगच्छति ॥२५८॥

(२५८) एकान्त में अकेला अपनी आत्मा के हित का नित्य ही ध्यान करे इसमें परम कल्याण होगा।

एषोदिता गृहस्थस्य वृत्तिर्विप्रस्य शाश्वती।

स्नातकव्रतकल्पश्च सत्त्ववृद्धिकरः शुभः ॥ २५९ ॥

(५९) गृहस्थ वृत्ति ब्राह्मण अर्थात् गृहस्थी ब्राह्मण का यह नित्य व्रत कहा तथा बुद्धि की वृद्धि करने वाला स्नातक व्रत भी कहा।

अनेन विप्रो वृत्तेन वर्तयन्वेदशास्त्रवित्।

व्यपेतकल्मषो नित्यं ब्रह्मलोके महीयते ॥ २६० ॥

(२६) वेद तथा शास्त्र का ज्ञाता ब्राह्मण उपरोक्त रीति से रहा करे तो सब पापों से छूटकर सर्वदा ब्रह्मलोक में पूजने योग्य है।

मनु जी के धर्मशास्त्र भृगु जी की संहिता का चतुर्थ अध्याय समाप्त हुआ।

❀ पञ्चमोऽध्यायः ❀

श्रुत्वैतानृषयो धर्मान्स्नातकस्य यथोदितान् ।
इदमूचुर्महात्मानमनलप्रभवं भृगुम् ॥ १ ॥

(१) स्नातक के धर्मों को सुनकर ऋषि लोगो ने महात्मा भृगु जी से (जो अग्नि से उत्पन्न हुए है) यह प्रश्न किया कि हे प्रभु !

एवं यथोक्तं विप्राणां स्वधर्ममनुतिष्ठताम् ।
कथं मृत्युः प्रभवति वेदशास्त्रविदां प्रभो ॥ २ ॥

(२) इस प्रकार ब्राह्मण लोग जो अपने यथोक्त धर्म-पर स्थित रहे और वेद तथा शास्त्र के ज्ञाता हो उनकी मृत्यु क्यो होती है ?

स तानुवाच धर्मात्मा महर्षीन्मानवो भृगुः ।
श्रूयतां येन तोषेण मृत्युर्विप्राञ्जिघांसति ॥ ३ ॥

(३) मनुजी के पुत्र धर्मात्मा भृगुजी ने उन ऋषियो को उत्तर दिया कि जिस दोष से ब्राह्मणो को मृत्यु मारती है, उसको सुनिये ।

अनभ्यासेन वेदानामाचारस्य च वर्जनात् ।
आलस्यादन्नदोषाच्च मृत्युर्विप्राञ्जिघांसति ॥ ४ ॥

(४) वेदाभ्यास न करने से, आलस्य करने से, आचार परित्याग से, भोजन-दोष से ब्राह्मणो को मृत्यु मारती है ।

लशुनं गृञ्जनं चैव पलाण्डुं कवकानि च ।
अभक्ष्याणि द्विजातीनाममेध्यप्रभवाणि च ॥ ५ ॥

(५) लहसुन गाजर (गृंजन) पलाण्डु (प्याज) कवक (कुकुरमुत्ता) विष्ठा आदि अपवित्र वस्तुओं से जिन वस्तुओं की उत्पत्ति है उन सबको ब्राह्मण भोजन न करे।

लोहितान्वृक्षनिर्यासान्वृश्चनप्रभवांस्तथा ।
शेलुं गव्यं च पेयूषं प्रयत्नेन विवर्जयेत ॥ ६ ॥

(६) वृक्ष का लासा लाल रंग का अथवा जो काटने से उत्पन्न हो चाहे जिस रंग का हो इन्द्र जौ, नई ब्याई हुई गऊ का दुग्ध पेयूषा इन सबको भोजन न करे।

वृथा कृसरसंयावं पायसापूपमेव च ।
अनुपाकृतमांसानि देवान्नानि हवींषि च ॥ ७ ॥

(७) *उत्तम वस्तुयें वृद्धों और विद्वानों को खिलाये बिना अकेले कभी न खावे तथा हवन योग्य पदार्थों को हवन किये बिना कभी भोजन न करे, तथा देवतों को दान दिये बिना मांस भक्षण न करे।

अनिर्दशाया गोः क्षीरमौष्ट्रमैकशफं तथा ।
आविकं सन्धिनीक्षीरं विवत्सायाश्च गोः पयः ॥८॥

(८) बच्चा उत्पन्न होने से दश दिवस पर्यन्त गऊ का दूध ऊंटनी एक खुर वाली (अर्थात् घोड़ी आदि) भेड़ गर्भिणी (गाभिन) गऊ अथवा वह गऊ जिसका बच्चा मर गया हो इन सबका दूध पीना वर्जित है।

---

† अग्नि भी मनुजी का नाम है देखो अध्याय १२—

* यह श्लोक मनगाय ग्रास के सन्निधरण के पश्चात् सम्मिलित किया गया है क्योंकि यहां के मांसाहारी को राक्षस यथा असुर कहा है। यह देवता का भोजन नहीं हो सकता।

आरण्यानां च सर्वेषां मृगाणां माहिषं विना ।
स्त्रीक्षीरं चैव वर्ज्यानि सर्वशुक्तानि चैव हि ॥ ९ ॥

(९) भैंस को छोडकर शेष बन जीवो तथा स्त्री का दूध वा वह वस्तुये जो किसी खटाई के मिश्रित किये विना खट्टी हो जायें कभी न खानी चाहिये । इनसे विविध प्रकार के रोग उत्पन्न होते हैं ।

दधि भक्ष्यं च शुक्तेषु सर्वं च दधिसंभवम् ।
यानि चैवाभिषूयन्ते पुष्पमूलफलैः शुभैः ॥ १० ॥

(१०) परन्तु खट्टे पदार्थों मे दही वा दही से बनी हुई वस्तुये वा जल से बना हुआ फूल, मूल, फल आदि का भोजन करना वर्जित नही है ।

क्रव्यादाञ्छकुनान्सर्वांस्तथा ग्रामनिवासिनः ।
अनिर्दिष्टांश्चैकशफांष्टिट्टिभं च विवर्जयेत् ॥ ११ ॥

(११) अपक (कच्चा) मासभक्षी, गधा आदि जीव, गाव मे रहने वाले कबूतर आदि पक्षी, एक खुर वाले पशु, इनके अतिरिक्त जो शास्त्र मे अभक्ष्य कहे गये हैं तथा भेड इन सबका भक्षण वर्जित है ।

कलविङ्कं प्लवं हंस चक्राङ्गं ग्रामकुक्कुटम् ।
सारसं रज्जुवालं च दात्यूहं शुकसारिके ॥ १२ ॥

(१२) स्वच्छ जल मे तैरने वाले हस, चकवा, गाव का रहने वाला कुक्कुट (मुर्गा), सारस, रज्जुवाल पक्षी, जलकौआ, तोता, मैना इनको भी न खाये ।

प्रतुदाञ्जालपादांश्च कोयष्टिनखविष्किरान् ।
निमज्जतश्च मत्स्यादाञ्शौनं वल्लूरमेव च ॥ १३ ॥

(१३) चोंच से खाने वाले मटफोड़ नाम पक्षी आदि पाड़ी आदि टिटिहरी आदि पञ्जे से नोंच कर खाने वाले बाज आदि पानी में डूब कर मछली खाने वाले जीव कसाई के घर का माँस सूखा माँस इन सबको भी न खावे।

बकं चैव बलाकां च काकोलं खञ्जरीटकम्।
मत्स्यादान्विड्वराहांश्च मत्स्यानेव च सर्वशः॥ १४॥

(१४) बगुला या बलाका (दूसरे प्रकार का बगुला) काकोल (प्रति स्याम कौआ) खञ्जरीट (खञ्जरेटा) मछली भक्षी पक्षी गांव का सूअर तथा मछली इन सबको भी न खाय।

यो यस्य मांसमश्नाति स तन्मांसाद उच्यते।
मत्स्यादः सर्वमांसादस्तस्मान्मत्स्यान्विवर्जयेत्॥१५॥

(१५) जो जीव जिसके मांस का भक्षण करता है वह उस जीव का भक्षी कहलाता है जैसे मछली सबका माँस भक्षण करती और उसको जिसने खाया उसने मानो सब माँस भक्षण कर लिये अत मछली न खानी चाहिये।

पाठीनरोहितावाद्यौ नियुक्तौ हव्यकव्ययोः।
राजीवान् सिंहतुण्डांश्च सशल्कांश्चैव सर्वशः॥१६॥

(१६) राजीव सिंह तुण्ड सशल्क पढ़ना रोहू इन सबको देवता और पितरों का भोग लगाकर खाना चाहिये।

न भक्षयेदेकचरानज्ञातांश्च मृगद्विजान्।
भक्ष्येष्वपि समुद्दिष्टान्सर्वान्पञ्चनखांस्तथा॥१७॥

(१७) जो जीव प्राय अकेले रहते हैं यथा साँप आदि और जो माने हुए नहीं हैं हिरन व पक्षी आदि पाँच नख वाले बन्दर आदि इन सबका भोजन न करे।

श्वाविधं शल्यकं गोधां खड्गकूर्मशशांस्तथा ।
भक्ष्यान्पञ्चनखेष्वाहुरनुष्ट्रांश्चैकतोदतः ॥१८॥

(१८) पाच नख वालो मे, शाली, गोह, सेही, गेंडा, कछुआ, खरहा खाने योग्य है और ऊंट को छोड़ एक ओर दात रखने वाले तथा इनके अतिरिक्त जिन २ को वर्जित किया है, वह भक्षण योग्य हैं।

छत्राकं विड्वराहं च लशुनं ग्राम कुक्कुटम् ।
पलाण्डुं गृञ्जनं चैव मत्या जग्ध्वा पतेद्द्विज ॥१९॥

(१९) १—कुकुरमुता, २—गाँव का रहने वाला सूअर, ३—लहसुन, ४—गाव का मुर्गा, ५—प्याज, ६—गाजर इन सब को जान कर भोजन करे तो पतित हो जाता है अर्थात् अपने धर्म वर्ण, आश्रम के पद से गिर जात है।

अमत्यैतानि षड्जग्ध्वा कृच्छ्रं सान्तपनं चरेत् ।
यतिचान्द्रायणं वापि शेषेषूपवसेदहः ॥२०॥

(२०) यदि इन छहो को अज्ञानतावस्था मे भोजन करे तो सन्तपन नाम कृच्छव्रत को करे वा यति चान्द्रायण व्रत को करे, शेष, वृक्षलासादि के भोजन करने मे एक दिन का उपवास करे।

संवत्सरस्यैकमपि चरेत्कृच्छ्रं द्विजोत्तमः ।
अज्ञातभुक्तशुद्ध्यर्थं ज्ञातस्य तु विशेषतः ॥२१॥

(२१) जो वस्तु खाने योग्य नही है उसको अनभिज्ञता मे खा जाने से जो दोष है उसके विनाशार्थ साल भर मे एक कृच्छ व्रत को करे। यदि जान कर खाया हो तो उसके हेतु विशेष कर कृच्छ व्रत करे।

यज्ञार्थं ब्राह्मणैर्वध्याः प्रशस्ता मृगपक्षिणः ।
भृत्यानां चैव वृत्यर्थमगस्त्यो ह्याचरत्पुरा ।२२।

(२२) यज्ञार्थ वा सेवकों के हेतु उत्तम हिरन तथा पक्षी मारना चाहिये ।+ अगस्त ऋषिने पूर्व समय में ऐसा किया है।

बभूवुर्हि पुरोडाशा भक्ष्याणां मृगपक्षिणाम् ।
पुराणेष्वपि यज्ञेषु ब्रह्मक्षत्रसवेषु च ।२३।

(२३) अगले समय में ऋषियों ने यज्ञार्थ भोजन योग्य हिरनों और पक्षियों को मारा है।

यत्किंचित्स्नेहसंयुक्तं भक्ष्यं भोज्यमगर्हितम् ।
तत्पर्युषितमप्याद्यं हविःशेषञ्च यद्भवेत् ।२४।

(२४) जो पदार्थ घी और तेल से बने और खाने योग्य हो वह बासी होवे तो भी भोजन करे तथा + हव्य भी यदि बासी हो तो भोजन करे।

चिरस्थितमपि त्वाद्यमस्नेहाक्तं द्विजातिभिः ।
यवगोधूमजं सर्वं पयसश्चैव विक्रिया ।२५।

(२५) जो वस्तु जौ व गेहूँ से बनी परन्तु घी न

नोट—यह प्रकरण भी सम्मिलित किया हुआ है क्योंकि ऋग्वेद के २१सूक्त में मांस भक्षण प्रत्येक मनुष्य के लिये वर्जित है।

+यह विषय भी सम्मिलित किया हुआ है क्योंकि अगस्त्य मनुजी के पश्चात् हुये हैं। अगस्त्य को मनु से प्रथम बतलाना सर्वथा असत्य है। क्योंकि मनु ब्रह्मा का नाम है, प्रायः लोग मानते हैं वा परमात्मा का पौत्र (पोता) बतलाते हैं।

१—हवन योग्य पदार्थ यथा मेवे हलुआ आदि।

ल से परिपक्क हुई हो और वासी हो अथवा जो वस्तु दुग्ध
ारा वनी हो किन्तु वासी हो तो उसको भोजन न करे।

एतदुक्तं द्विजातीनां भक्ष्याभक्ष्यमशेषतः।
मांसस्यातः प्रवक्ष्यामि विधि भक्षणवर्जने ॥२६॥

(२६) जो पदार्थ ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य के भोजन योग्य व जो अयोग्य हैं उनको कहा, अव मास भक्षण निषेध को कहते है।

प्रोक्षितं भक्षयेन्मांसं ब्राह्मणानां च काम्यया।
यथाविधि नियुक्तस्तु प्राणानामेव चात्यये ॥२७॥

(२७) प्रोक्षि नाम सस्कार द्वारा जो मास बना है, यज्ञ में हवन करने से मास शेप रहा है इन दोनो प्रकार माँस को भोजन करना चाहिये। जव ब्राह्मणो को मास भक्षण की इच्छा हो तव शास्त्र विधि से मास भक्षण करे, जव क्षुधा से मृत्यु की आशका हो तो उस समय भी मास भोजन करे।

प्राणस्यान्नमिद सर्वं प्रजापतिरऽकल्पयत्।
स्थावरं जंगमं चैत् सर्वंप्राणस्य भोजनम् ॥२८॥

(२८) स्थावर व जङ्गम जितनी वस्तुयें ससार हैं सव प्राण के भोजन हैं, इस वात को भी ब्रह्माजी ने कहा है।

चराणामन्नमचरा दंष्ट्रिणामप्यदंष्ट्रिणः।
अहस्ताश्च सहस्तानां शूराणां चैव भीरवः ॥२६॥

१–चर (चलने वाले) २–अचर (न चलने वाले)

नोट—यह सारा प्रकरण सम्मिलित किया हुआ है, क्योंकि मनुजी ने आगे चलकर मांस भक्षण को सुख से हटाने वाला कहा है। और सुख से प्रथक् करने वाला कर्म ही पाप है।

(२६) १–चर जीवों का भोजन २–अचर जीव हैं, दाड़ वालों का भोजन बिना दाड़ वाले हैं हाथ वालों का भोजन बिना हाथ वाले हैं शूर वीरों का भोजन (भीरु) (डरपोक) हैं।

नात्ता दुष्यत्यदन्नाद्यान्प्राणिनोऽहन्यहन्यपि ।
धात्रैव सृष्टा ह्याद्याश्च प्राणिनोऽत्तार एव च ॥३०॥

(३०) भोजन योग्य जीवोंको खाने से भक्षी को दोष नहीं होता क्योंकि भक्षण योग्य जीवों को और भक्षण करने वाला को दोनों को ही ब्रह्माजी ने ही उत्पन्न किया है।

यज्ञाय जग्धिर्मांसस्येत्येष दैवो विधिः स्मृतः ।
अतोऽन्यथा प्रवृत्तिस्तु राक्षसो विधिरुच्यते ॥३१॥

(३१) यज्ञ के निमित्त मांस भक्षण करना शास्त्र की विधि है इसके अतिरिक्त और मांस भक्षण करना राक्षसी विधि है।

क्रीत्वा स्वयंवाप्युत्पाद्य परोपकृतमेव वा ।
देवान्पितॄंश्चार्चयित्वा खादन्मांसं न दुष्यति ॥३२॥

(३२) मोल लिये हुये व दूसरे के लाये मांस को देवता तथा पितर को भोग लगा कर भक्षण करने से पाप नहीं होता।

नाद्यादविधिना मांसं विधिज्ञोऽनापदि द्विजः ।
जग्ध्वा ह्यविधिना मांसं प्रेत्य तैरद्यतेऽवशः ॥३३॥

(३३) ब्राह्मण शास्त्र-विधिज्ञाता है वह आपत्काल के अतिरिक्त अन्य दशा में यदि विधिविरुद्ध मांस भक्षण करे तो

परलोक मे उसके मास को वह भक्षरण करता है जिसके मास को उसने भक्षण किया है।

न तादृशं भवत्येनो मृगहन्तुर्धनार्थिनः ।
यादृशं भवति प्रेत्य वृथा मांसानि खादतः ॥३४॥

(३४) धनार्थं (धनोपार्जनार्थं) जो मृग (हिरन) को हनन करता है उसे वैसा पाप नही होता जैसा वृथा मासभक्षी को परलोक मे होता है ।

नियुक्तस्तु यथान्यायं यो मांसंनात्ति मानवः ।
स प्रेत्य पशुतां याति संभावनेकविंशतिम् ॥३५॥

(३५) शास्त्र विधि से जो मास विशुद्ध है उसको जो मनुष्य नही ग्रहण करता है वह परलोक मे २१ जन्म पर्यन्त पशु होता है।

असंस्कृतान्पशून्मन्त्रैर्नाद्याद्विप्रः कदाचन ।
मन्त्रैस्तु संस्कृतानद्याच्छाश्वतं विधिमास्थितः ॥३६॥

(३६) जिस मास का सस्कार नही हुआ उसको ब्राह्मण कदापि भोजन न करे तथा सदैव शास्त्रानुकूल मन्त्रो द्वारा सस्कार किये हुये मास को भक्षण किया करे।

कुर्याद्घृतपशुं सङ्गे कुर्यात्पिष्टपशुं तथा ।
न त्वेव तु वृथा हन्तुं पशुमिच्छेत्कदाचन ॥३७॥

(३७) जब पशु के मास भक्षण करने की तीव्र अभिलाषा हो तो घी अथवा मीठे का पशु बनाकर भोजन करे किन्तु पशु के हनन करने की इच्छा न करे।

यावन्ति पशुरोमाणि तावत्कृत्वो हि मारणम् ।
वृथापशुघ्नः प्राप्नोति प्रेत्य जन्मनि जन्मनि ॥३८॥

(३८) जो मनुष्य वृथा पशु हनन करता है वह परलोक में कई जन्म पर्यन्त उतनी ही बार मारा जाता है जितना बाल (रोम) उस मारे हुए पशु के शरीर पर हों।

यज्ञार्थं पशवः सृष्टाः स्वयमेव स्वयम्भुवा ।
यज्ञस्य भूत्यै सर्वस्य तस्माद्यज्ञे वधोऽवधः ।३९।

(३९) श्री ब्रह्माजी स्वयमेव यज्ञ निमित्त पशु को उत्पन्न किया इससे *यज्ञ में जो पशु वध (अर्थात् जीवहत्या) होती है वह वध नहीं कहलाता।

ओषध्यः पशवो वृक्षास्तिर्यञ्चः पक्षिणस्तथा ।
यज्ञार्थं निधनं प्राप्ताः प्राप्नुवन्त्युत्सृतीः पुनः ।४०।

(४०) अन्न पशु वृक्ष पक्षी कछुआ आदि यह सब यज्ञ निमित्त वध किये जाने से आगामी जन्म में उत्तम जाति को पाते हैं।

मधुपर्के च यज्ञे च पितृदैवतकर्मणि ।
अत्रैव पशवो हिंस्या नान्यत्रेत्यब्रवीन्मनुः ।४१।

(४१) १-मधुपर्क २-यज्ञ ३-देवकर्म ४-पितृकर्म इनमें पशुवध करना चाहिये अन्य कर्म में न करना चाहिये। यह भी मनुजी ने कहा है।

एष्वर्थेषु पशून्हिंसन्वेदतत्त्वार्थविद्द्विजः ।
आत्मानं च पशुं चैव गमयत्युत्तमां गतिम् ॥४२॥

---

*यज्ञ में पशुवध वाममार्गीयों ने सम्मिलित किया है अन्यथा वेदों में तो यज्ञ के अर्थ में अध्वर शब्द आता है जिसका अर्थ यह है कि जिसमें कहीं हिंसा न हो। उसका यही प्रमाण है कि विश्वामित्र ने हिंसा के भय से अपने यज्ञ में स्वयम् राक्षसों को नहीं मारा वरन् रक्षा के निमित्त रामचन्द्र को बुलाया।

(४२) ऐसे कर्मो मे पशु की हिंसाकर वेदज्ञाता ब्राह्मण अपने आप को तथा उस पशु की उत्तम गति को पहुँचाता है।

गृहे गुरावरण्ये वा निवसन्नात्मवान्द्विजः।
नावेदविहितां हिंसामापद्यपि समाचरेत् ॥४३॥

(४३) गृह मे, गुरु के स्थान मे व वन (जगल) मे वस कर ब्राह्मण वेदविरुद्ध जीव हिंसा आपद समय मे भी न करे।

या वेदविहिता हिंसा नियतास्मिंश्चराचरे।
अहिंसामेव तां विद्याद्वेदाद्धर्मो हि निर्वभौ ॥४४॥

(४४) जो हिंसा इस ससार मे वेदाज्ञानुसार है उसको हिंसा अर्थात् जीवहत्या न जानना चाहिये क्योंकि वेद ही से धर्म निकला है।

योऽहिंसकानि भूतानि हिनस्त्यात्मसुखेच्छया।
स जीवंश्च मृतश्चैव न क्वचित्सुखमेधते ॥४५॥

(४५) जो जीव वध योग्य नही है उसको जो कोई अपने सुख के निमत्त मारता है वह जीवित दशा मे भी मृतक तुल्य है वह कही भी सुख नही पाता है।

यो बन्धनवधक्लेशान्प्राणिनां न चिकीर्षति।
सस र्वस्य हितप्रेप्सुः सुखमत्यन्तमश्नुते ॥४६॥

(४६) जो मनुष्य किसी जीव को बन्धन मे रखने (पकडने) वध करने व क्लेश देने की इच्छा नही रखता है वह सबका हितेच्छुक है अतएव वह अनन्त सुख भोगता है।

यद्ध्यायति यत्कुरुते धृतिं बध्नाति यत्र च।
तदवाप्नोत्ययत्नेन यो हिनस्ति न किञ्चन ॥४७॥

(४७) मनुष्य किसी का ❀ वध नहीं करता वह जिस कार्य का ध्यान करता है अथवा जिस कार्य के करने की इच्छा करता है उसको बिना प्रयास ही पाता है।

नाऽकृत्वा प्राणिनां हिंसां मांसमुत्पद्यते क्वचित्।
न च प्राणिवधः स्वर्ग्यस्तस्मान्मांसं विवर्जयेत् ॥४८॥

(४८) जीवों की हिंसा बिना मांस प्राप्त नहीं होती और जीवों की हिंसा स्वर्ग प्राप्ति में बाधक है अतः मांस कदापि भक्षण न करना चाहिये।

समुत्पत्तिं तु मांसस्य वधबन्धौ च देहिनाम्।
प्रसमीक्ष्य निवर्तेत सर्वमांसस्य भक्षणात् ॥४६॥

(४१) मांस की प्राप्ति जीवों का बन्धन तथा उनकी हिंसा (हत्या) इन बातों को देख कर सब मांस का भक्षण त्याग करे।

न भक्षयति यो मांसं विधिं हित्वा पिशाचवत्।
स लोके प्रियतां याति व्याधिभिश्च न पीड्यते ॥५०॥

(५) जो मनुष्य विधि परित्याग कर पिशाच की तरह मांस भक्षण नहीं करता है वह लोक में सर्व प्रिय होता है और विपत्ति के समय कष्ट नहीं पाता।

❀ वेदों में नीच्कृष्ट जीवों को मनुष्यों के रक्षार्थ वध करना तो लिखा है परन्तु यज्ञादि के निमित्त पशुवध व जीवहत्या करना बाद को सम्मिलित किया गया है। राजा का धर्म है कि दस्यु आदि मनुष्यों को तथा सिंहादि जीवों को मनुष्यों के रक्षार्थ मारे (शिकार करे)।

श्लोक ४६ वां तथा ४७ वां अहिंसा का सर्वथा मानने वाला है।

अनुमन्ता विशसिता निहन्ता क्रयविक्रयी ।
संस्कर्ता चोपहर्ता च खादकश्चेति घातकाः ॥५१॥

(५१) १–जिनकी सम्मति विना जीव हिंसा न हो सके, २–शस्त्र से मांस काटने वाला, ३–मारने वाला, ४–वेचने वाला, ५–मोल लेने वाला, ६–वनाने वाला, ७–लाने वाला, ८–खाने वाला, यह आठो घातक (हिंसा करने वाले) ही कहलाते है ।

स्वमांसं परमांसेन यो वर्धयितुमिच्छति ।
अनभ्यर्च्य पितृन्देवांस्ततोऽन्यो नास्त्यपुण्यकृत् ॥५२॥

(५२) जो मनुष्य दूसरे के मास द्वारा अपने मास को वढाने की इच्छा मात्र करता है उससे अधिक दूसरा पापी नहीं है ।

वर्षे वर्षेऽश्वमेधेन यो यजेत शतं समाः ।
मांसानि च न खादेद्यस्तयोः पुण्यफलं समम् ॥५३॥

(५३) मनुष्य सौ वर्ष पर्यन्त प्रत्येक वर्ष एक वार अश्वमेघ यज्ञ करता है, तथा अन्य पुरुष जो मास भक्षी नही हैं इन दोनो के पुण्य का फल समान है ।

फलमूलाशनैर्मेध्यैर्मुन्यन्नानां च भोजनैः ।
न तत्फलमवाप्नोति यन्मांसपरिवर्जनात् ॥५४॥

(५४) फल मास परित्याग से होता है वह फल मनुजी के वतलाये हुए अन्य पदार्थो के भोजन करने से नही होता है । तात्पर्य यह कि सुख तथा बुद्धि जितनी भोजन द्वारा वढती है उससे कही अधिक मास परित्याग से वढती है ।

मांसभक्षयिताऽमुत्र यस्य मांसमिहाद्म्यहम् ।
एतन्मांसस्य मांसत्वं प्रवदन्ति मनीषिणः ॥५५॥

(५५) विद्वान मांस के यह लक्षण कहते हैं कि जिसके मांस को मैं इस जन्म में खाता हूँ वह आगामी जन्म में मेरे मांस को भक्षण करेगा ।

न मांसभक्षणे दोषो न मद्ये न च मैथुने ।
प्रवृत्तिरेषा भूतानां निवृत्तिस्तु महाफला ॥५६॥

(५६) मद्य (शराब आदि) पीने, मांस भक्षण करने तथा मैथुन करने (स्त्रियों से संभोग करने) में प्रायः जीवों की प्रवृत्ति है और वह अज्ञानवश इसमें दोष नहीं मानते हैं। परन्तु इन सबका परित्याग महाफल का देने वाला है ।

प्रेतशुद्धिं प्रवक्ष्यामि द्रव्यशुद्धिं तथैव च ।
चतुर्णामपि वर्णानां यथावदनुपूर्वशः ॥५७॥

(५७) अब यथाक्रम चारों वर्णों की प्रेत शुद्धि तथा द्रव्य शुद्धि को कहते हैं ।

दन्तजातेऽनुजाते च कृतचूडे च संस्थिते ।
अशुद्धा बान्धवाः सर्वे सूतके च तथोच्यते ॥५८॥

(५८) जिस घर में सूतक होता है उनके वह सम्बन्धी जिनके संस्कार हो चुके हैं शुद्ध गिने जाते हैं और संस्कार लेने चाहिये । चूडाकर्म यज्ञोपवीत इत्यादि ।

नोट—श्लोक ५१ व ५४ में मांस के परित्याग का उपदेश है । जो मांस भक्षण के पक्ष में मनुजी का श्लोक दिखलाते हैं वह सर्वथा भूल करते हैं ।

दशाहं शावमाशौचं सपिण्डेषु विधीयते ।
अर्वाक् संचयनादस्थ्नां त्र्यहमेकाहमेव च ॥५६॥

(५६) वेदपाठी व ब्रह्मज्ञानी ब्राह्मण को एक दिन जब तक शुद्धि का हवन न हो अशुद्धि रहती है। केवल वेदपाठी अग्नि होत्री को तीन दिन पर्यन्त और मूर्ख को दस दिन पर्यन्त सुतक रहता है।

सपिण्डता तु पुरुषे सप्तमे विनिवर्तते ।
समानोदकभावस्तु जन्मनाम्नोरवेदने ॥६०॥

(६०) सातवें पुरुष मे सपिण्डता की निवृत्ति होती है और अपनी मृत्यु के पश्चात् जब जन्म नामका ज्ञान नही रहना तब समानादकता की निवृति होती है।

यथेदं शावमाशौचं सपिण्डेषु विधीयते ।
जननेऽप्येवमेव स्यान्निपुणां शुद्धिमिच्छताम् ॥६१॥

(६१) जो पुरुष सपिण्डी मे हो और अधिक शुद्ध की इच्छा रखते हो उनका * सूतक पुत्रादि के उत्पन्न होने मे भी मतक के तुल्य होता है।

---

* यहाँ सूतक की अशुद्धि से यह तात्पर्य है कि सन्तानोत्पत्ति द्वारा उत्पन्न प्रसन्नता अथवा किसी कुटम्बी की मृत्यु द्वारा उत्पन्न शोक को नित्य कर्मों के करने मेविघ्न डाल देता है।

• ५६ वाँ श्लोक मासनिषेध को भी सिद्ध करता है। मासभक्षी लोग जो मनुस्मृति के श्लोक अपने पक्ष मे दिखलाते हैं यह उनकी भूल है, क्योकि मास भक्षण का पाप होता तो मनुस्मृति तथा वेद दोनो मे सिद्ध है और मांस भक्षण पक्ष के श्लोक वाममार्गियो ने सम्मिलित कर दिये हैं। मनु जैसा ऋषि न तो वेदो के विरुद्ध लिख सकता है तथा न अपनी पुस्तक को दो प्रकार

मर्वेषां शावम शौचं मातापित्रोस्तु सूतकम् ।
सूतकं मातुरेव स्यादुपस्पृश्य पिताः शुचि ॥६२॥

(६२) मृतक का सूतक सबको होता है किन्तु जन्म होने का सूतक केवल माता पिता ही को होता है। इन दोनों में से माता पिताको छूना न चाहिए और पिता स्नान करने के पश्चात् छूने योग्य होता है।

निरस्य तु पुमाञ्शुक्रमुपस्पृश्यैव शुद्ध्यति ।
बैजिकाद भसवन्धान्नुरन्ध्याद्ऽघं त्र्यहम् ॥६३॥

(६३) यदि स्त्री सम्भोग के अतिरिक्त पुरुष का वीर्य पतन हो जावे तो स्नान करके पवित्र हो जाता है व जिस स्त्री ने उपपति किया हो उस स्त्री में दूसरे पति से पुत्रोत्पन्न होने से दूसरे पति को तीन दिन सूतक होता है। एक दिन रात्रि में वा तीन दिन रातों में।

अह्ना चैकेन राज्या च त्रिरात्रैरेव च त्रिभिः ।
शवस्पृशो विशुद्ध्यन्ति त्र्यहादुदकदायिन ॥६४॥

(६४) मृतक के शव को स्पर्श करने वाले तथा मृतक के घर का जल पीने वाले अर्थात् जिनका जल एक ही हो तीन दिन मे शुद्ध होते हैं।

गुरो प्रेतस्य शिष्यस्तु पितृमेध समाचरन् ॥
प्रेतहारैः सम तत्र दशरात्रेण शुद्ध्यति ॥६५॥

(६५) गुरु की मृत्यु पर यदि शिष्य उसका शव-दाह करे तो वह भी दश दिन मे शुद्ध होता है।

जो ऐसी मामामा से जिसम मतावरोध हो निरर्थक (रही) कर सकता है।

रात्रिभिर्मासतुल्याभिर्गर्भस्त्रावे विशुध्यति ।
रजस्युपरते साध्वी स्नानेन स्त्री रजस्वला ॥६६॥

(६६) जब गर्भ पात हो जावे (गिर जावे) तो जितने मास का गर्भ हो उतने ही दिन अशौच (अशुद्ध) रहता है। मासिकधर्म मे रजोदर्शन के समाप्त होने पर स्नान करके वह स्त्री शुद्ध हो जाती है।

नृणामकृतचूडानां विशुद्धिर्नैशिकी स्मृता ।
निर्वृत्तचूडकानां तु त्रिरात्राच्छुद्धिरिष्यते ॥६७॥

(६७) जिसका चूडाकर्म (मुण्डन) न हुआ हो उसकी मृत्यु से एक रात दिन का सूतक होता है। और चूडाकम के हो जाने पर मृत्यु पश्चात् तीन रात्रि तक सूतक रहता है।

ऊनद्विवार्षिकं प्रेतं निदध्युर्बान्धवा बहिः ।
अलंकृत्य शुचौ भूमावस्थिसंचयनादृते ॥६८॥

(६८) जो लडका दो महीने का होकर मर जावे उसको अलकृत करके ग्राम से बाहर जगल मे गाडना चाहिये। उसकी अस्थि (हड्डिया) सञ्चय (इकट्ठा) न करनी चाहिये

नास्य कार्योऽग्निसंस्कारो न च कार्योदकक्रिया
अरण्ये काष्ठवत्त्यक्त्वा क्षपेयुस्त्र्यहमेव च ॥६९॥

(६९) अति छोटे बालको का अग्नि दाह करना व उनके शव को स्नान कराना यह दोनो कार्य्य न करने चाहिये। केवल जङ्गल मे लकडा की नाई छोड आना चाहिये, क्योकि इससे वायु मे दुर्गन्धि फैलने का भय नही होता।

नाऽत्रिवर्षस्य कर्तव्या बान्धवैरुदकक्रिया।
जातदन्तस्य वा कुर्युर्नाम्नि वापि कृते सति ।७०॥

(७०) जो तीन वर्षसे न्यून अवस्था का हो उसके शव को स्नान कराना पर अग्नि दाह न करना चाहिये। यदि दांत निकल आने पर मरा हो या नामकरण पश्चात् मरा हो तो दाह करना जल देना चाहिए। यह केवल चलन (रीति) की बात है इसके करने न करने में कोई फल अथवा दोष नहीं है।

सब्रह्मचारिण्येकाहमतीते क्षपणं स्मृतम्।
जन्मन्येकोदकानां तु त्रिरात्राच्छुद्धिरिष्यते ।।७१॥

(७१) सहपाठी के मरने पर एक दिन का सूतक होता है और जन्म में मानोदक को तीन रात्रि का सूतक होता है।

स्त्रीणामसंस्कृतानां तु त्र्यहाच्छुद्ध्यन्ति बान्धवाः।
यथोक्तेनैव कल्पेन शुद्ध्यन्ति तु सनाभयः।

(७२) विवाह के प्रथम वरदान के पश्चात् स्त्री के मरने मे पति आदि तीन दिन में शुद्ध होते हैं और विवाह के पश्चात् मरने मे पिता आदि सब तीन दिन में शुद्ध होते हैं।

अक्षारलवणान्नाः स्युर्निमज्जेयुश्च ते त्र्यहम्।
मांसाशनं च नाश्नीयुः शयीरंश्च पृथक् क्षितौ ।।७३॥

(७३) खारी नमक न खाना नदी आदि में तीन दिन पर्यन्त स्नान करना मांस भक्षण न करना पृथक पृथिवी पर सोना चाहिए।

सन्निधावेष वै कल्पः शावाशौचस्य कीर्तितः।
असन्निधावयं ज्ञेयो विधिः सम्बन्धिबान्धवैः ।।७४॥

(७४) जो सम्बन्धी समीप उपस्थित हो उनका सूतक

मरने मे वर्णन किया गया, अत्र जो सन्वन्धी व कुटुम्बी दूर देश (परदेश) मे ही उनका सूतक कहते हैं।

विगगं तु विदेशस्थं शृणुयाद्यो ह्यनिदर्शम्।
यच्छेषं दशरात्रस्य तावदेवाशुचिर्भवेत् ॥७५॥

(७५) जो सम्बन्धी व कुटुम्बी परदेश मे मर जावे यदि उसका सन्देश दश दिन के भीतर अवे तो जितने दिन दश दिन मे न्यून हो उतने दिन तक सूतक अर्थात् चिता आदि अशुद्धि रहती है।

अतिक्रान्ते दशाहे च त्रिरात्रमशुचिर्भवेत्।
सम्वत्सरे व्यतीते तु स्पृष्ट्वैवापो विशुद्धयति ॥७६॥

(७६) यदि मरने से दस दिन पश्चात् सुनने मे आवे तो तीन दिन रात पर्यन्तक सूतक मानना चाहिये। और यदि वर्ष पश्चात् सुनने मे आवे तो सुनने वाला स्नान करके शुद्ध हो जाता है।

निर्दशं ज्ञातिमरणं श्रुत्वा पुत्रस्य जन्म च।
सवासा जलमाप्लुत्य शुद्धो भवति मानवः ॥७७॥

(७७) दश दिन पश्चात् यदि कुटुम्बियो मे किसी का मरण और जन्म सुनने मे अवे तो वस्त्रो सहित स्नान करने से शुद्ध हो जाता है।

वाले देशान्तरस्थे च पृथक्पिण्डे च संस्थते।
सवासा जलमाप्लुत्य सद्य एव विशुद्धयति ॥७८॥

(७८) परदेश मे समानोदक बालक का मरण सुनने मे आवे तो वस्त्रो सहित स्नान करने से उसी समय शुद्ध हो जाता है।

अन्तर्दशाह स्यातां पत्सुनर्मरबाजन्मनी ।
तावस्त्यादशु चिविप्रो यावत्तत्स्यदनिर्दिशम ॥७६॥

(७९) एक जन्म पश्चात् दूसरे जन्म का फल दस दिन के भीतर होवे अथवा एक की मृत्यु के पश्चात् दूसरे की मृत्यु प्रथम के दस दिन के भीतर होवे तो प्रथम सूतक समाप्त होने से दूसरा सूतक भी समाप्त हो जाता है।

त्रिरात्रमाहुराशौचमाचार्ये सस्थिते सति ।
तस्य पुत्रे च पत्न्यां च दिवारात्रमिति स्थिति ॥८०॥

(८०) आचार्य की मृत्यु मे शिष्य को तीन रात्रि का सूतक होता है आचार्य की स्त्री व उसके पुत्र की मृत्यु में एक दिन रात्रि का सूतक होता है यह शास्त्र में उल्लिखित है।

श्रोत्रिये तूपसपन्ने त्रिरात्रमशुचिर्भवेत् ।
मतुल पक्षिणी रात्रिं शिष्यर्त्विग्बान्धवेषु च ॥८१॥

(८१) यदि वेद व शास्त्र का अध्ययन करने वाला मर जावे तो मित्रादि होकर उसके समीप रहने वाले अथवा उसके गृह मे रहने वाले का तीन रात्रि पर्यन्त सूतक रहता है तथा मामा शिष्य ऋत्विक भाई बन्धु इनके मरने में पक्षिणि रात्रि (अर्थात् प्रथम और अन्त के मध्य की रात्रि) पर्यन्त सूतक रहता है।

प्रते राजनि सज्योतिर्यस्य स्याद्विषये स्थित ।
अश्रोत्रिय त्वह कृत्स्नमनूचाने तथा गुरौ ॥८२॥

(८२) यदि राजा की मृत्यु दिन में हुई हो तो सारे दिन और यदि रात मे हुई हो तो सारी रात्रि उस राज में रहने वाली प्रजा को सूतक होता है। मूर्ख ब्राह्मण की मृत्यु में उस

गृह वासियो को एक दिन का मूतक होता है, अर्थात्-यदि दिवस मे मृत्यु हुई हो तो सारे दिन, और रात्रि मे मृत्यु हुई हो तो सारी रात्रि सूतक होता है। सहपाठी की मृत्यु मे तथा किंचित् वेदशाम्त्र पढाने वाले की मृत्यु मे ऊपर लिखे सूतक के अनुसार एक दिन सूतक होता है।

शुद्ध्येद्विप्रो दशाहेन द्वादशाहेन भूमिपः।
वैश्यः पञ्चदशाहेन शूद्रो मासेन शुद्धयत्ति ॥ ८३ ॥

(८३) ब्राह्मण दश दिन मे, क्षत्रिय बारह दिन मे, वैश्य पन्द्रह दिन मे, शूद्र तीस दिन मे शुद्ध होता है।

न वर्धयेदघाहानि प्रत्यूहेन्नाग्निषु क्रियाः।
न च तत्कर्म कुर्वाणः सनाभ्योऽप्यशुचिर्भवेत् ॥८४॥

(८४) पाप के दिन को न बढाना और अग्निहोत्र न छोडना चाहिये, अग्निहोत्री सामर्थ्य न रखता हो तो उसके पुत्रादि अग्निहोत्र को कर लेवें। इस कर्म के करने से उसको अपवित्रता नही रहती।

दिवाकीर्तिमुदक्यां च पतितं सूतिकां तथा।
शवं तत्स्पृष्टिनं चैव स्पृष्ट्वास्नानेन शुद्ध्यति ॥ ८४ ॥

(८५) चाण्डाल, मासिक धर्म वाली स्त्री, जिसने वेटा या वेटी जनी हो, मृतक के छूने वाले, इन सबको छूकर स्नान करने से पवित्र हो जाते हैं।

आचम्य प्रयतो नित्यं जपेदशुचिदर्शने।
सौरान्मन्त्रान्यथोत्साहं पावमानीश्च शक्तितः ॥८६॥

---

* यह श्लोक बतलाता है कि जितना अधिक ज्ञान होगा उतनी ही शीघ्र शोक से निवृत्त हो जावेगा।

(८६) अशुचिता के दर्शन करने में आचमन कर विधिवत् शक्ति अनुसार (जैसे अच्छा ज्ञात हो वैसे ही) सूर्य भगवान् के मन्त्र अथवा अन्य किसी पवित्रकर्त्ता के मन्त्र का जप करे।

नारं स्पृष्ट्वास्थिसस्नेहं स्नात्वा विप्रो विशुद्ध्यति।
आचम्यैव तु निःस्नेहं गामालभ्यार्कमीक्ष्य वा ॥८७॥

(८७) ब्राह्मण मनुष्य की सस्नेह (चिकनी) अस्थि को त्याग कर स्नान करने से शुद्ध होता है। शुष्क (सूखी) हड्डियों को छोड़कर आचमन करके गऊ स्पर्श अथवा सूर्य भगवान् के दर्शन से पवित्र होता है।

आदिष्टी नोदकं कुर्यादाव्रतस्य समापनात्।
समाप्ते तूदकं कृत्वा त्रिरात्रेणैव शुद्ध्यति ॥ ८८ ॥

(८८) ब्रह्मचारी किसी की मृत्यु मे जल न देवे जब तक उसका व्रत (ब्रह्मचर्य) सम्पूर्ण न हो जावे व्रत सम्पूर्ण होने पर जल देकर तीन रात्रि में पवित्र होता है।

वृथासङ्करजातानां प्रव्रज्यासु च तिष्ठताम्।
आत्मनस्त्यागिनां चैव निवर्तेतोदकक्रिया ॥ ८९ ॥

(८९) स्वधर्म त्यागी जो झूठा संन्यास धारण किये हो जो शास्त्र प्रतिकूल आत्मा का त्यागी हो इन सब की मृत्यु में जल न देना चाहिये।

पाषण्डमाश्रितानां च चरन्तीनां च कामतः।
गर्भभर्तृद्रुहां चैव सुरापीनां च योषिताम् ॥ ९० ॥

(९०) पाखण्ड धर्म (वेद विरुद्ध धर्म) करने वाली

स्वेच्छानुसार चलने वाली, गर्भिणी तथा अपने भर्ता से शत्रुता करने वाली, शराब पीने वाली, ऐसी स्त्री की मृत्यु मे जल न देना चाहिये ।

आचार्यं स्वमुपाध्यायं पितरं मातरं गुरुम् ।
निर्हृत्य तु व्रती प्रेतान्नव्रतेन वियुज्यते ॥ ९१ ॥

(९१) आचार्य, उपाध्याय, माता-पिता, गुरु इन सबो का दाह आदि करने से ब्रह्मचारी अपने व्रत से भ्रष्ट नही होता है ।

दक्षिणेन मृतं शूद्रं पुरद्वारेण निर्हरेत् ।
पश्चिमोत्तरपूर्वैस्तु यथायोगं द्विजन्मनः ॥ ९२ ॥

(९२) नगर के १–पश्चिम, २–उत्तर, ३–पूर्व, ४–दक्खिन द्वार से यथाक्रम (प्रथम, द्वितीय. तृतीय, चतुर्थ द्वार से) ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र का शव ले जाना चाहिये ।

न राज्ञमजदोषोऽस्ति व्रतीनां न च सत्रिणाम् ।
ऐन्द्रं स्थानमुपासीना ब्रह्मभूता हि ते सदा ॥ ९३ ॥

(९३) राजा वा ब्रह्मचारी, चान्द्रायणादि व्रतकर्त्ता, यज्ञकर्त्ता, इन तीनो को सूतक नही लगता क्योकि राजा तो राजा इन्द्र के स्थान पर बैठता है और ब्रह्मचारी, व्रतकर्त्ता यह सब सदैव ब्रह्स्वरूप हैं ।

राज्ञो महात्मिके स्थाने सद्यः शौचं विधीयते ।
प्रजानां परिरक्षार्थमासनं चात्र कारणम् ॥ ९४ ॥

(९४) राजा न्याय करने मे पवित्र रहता है अन्य कार्य में नही, क्योकि प्रजा को रक्षा, बिना सिंहासन पर बैठने के नही होती ।

डिम्बाहवहतानां च विद्युता पार्थिवेन च ।
गोब्राह्मणस्य चैवार्थे यस्यचेच्छति पार्थिवः ॥ ९५ ॥

(९५) राजा बिना जो युद्ध (लड़ाई) हुआ और उसमें जो मनुष्य मर गये बिद्युत्पात द्वारा जिन मनुष्यों की मृत्यु हो गई राजाज्ञा से मारने योग्य मनुष्य मारे गये तथा ब्राह्मण या गऊ के हेतु जो मनुष्य मर गये ऐसे मरण में सूतक नहीं होता तथा निज कार्य के हेतु राजा जिसे सूतक लगाना नहीं चाहता उसे भी सूतक नहीं लगता ।

सोमाग्न्यर्कानिलेन्द्राणां वित्ताप्पत्यार्यमस्य च ।
अष्टानां लोकपालानां वपुर्धारयते नृपः ॥ ९६ ॥

(९६) चन्द्रमा अग्नि सूर्य वायु इन्द्र कुबेर, वरुण यम इन सबके वर्णों को राजा धारण करता है ।

लोकेशाधिष्ठितो राजा नास्य शौचं विधीयते ।
शौचाशौचं हि मर्त्यानां लोकेशप्रभवाप्ययम् ॥९७॥

(९७) क्योंकि राजा सारे लोक का रक्षक है और उसका सबसे सम्बन्ध है अतएव राजा को किसी प्रकार का सूतक नहीं लगता और वह सब मनुष्यों की अपवित्रता हरण कर सकता है ।

उद्यतैराहवे शस्त्रैः क्षात्रधर्महतस्य च ।
सद्यः संतिष्ठते यज्ञस्तथा शौचमिति स्थितिः ॥ ९८ ॥

(९८) जो वीर क्षत्रिय युद्ध में शस्त्र द्वारा वीरगति को प्राप्त हो जाते हैं, वह अपने धर्मानुसार कर्म करने के कारण पवित्रता के यज्ञ को सम्पूर्ण कर चुके ।

विप्रः शुद्ध्यत्यपः स्पृष्ट्वा क्षत्रियो वाहनायुधम् ।
वैश्यः प्रतोदं रश्मीन्वा यष्टिं शूद्रः कृतक्रियः ॥ ९९ ॥

(९९) सारी क्रिया करके मृतक के अन्त मे ब्राह्मण जल, क्षत्रिय यान (सवारी) व शस्त्र, वैश्य पैना तथा शूद्र लाठी को स्पर्श कर पवित्र हो जाते है ।

एतद्वोऽभिहितं शौचं सपिण्डेषु द्विजोत्तमाः ।
असपिण्डेषु सर्वेषु प्रेतशुद्धिं निबोधत ॥१००॥

(१००) भृगुजी कहते है कि हे ऋषि लोगो ! आप से सपिण्डो का सूतक हमने कहा । अब उन लोगो की प्रेतशुद्धि को कहते हैं जो सपिण्डो मे नही हैं ।

असपिण्डं द्विजं प्रेतं विप्रो निर्हृत्य बन्धुवत् ।
विशुद्ध्यन्ति त्रिरात्रेण मातुराप्तांश्च बान्धवान्॥१०१॥

(१०१) जो ब्राह्मण सपिण्डो मे नही है उसको भ्राता-वत् श्मशान तक ले जाकर तीन रात्रि मे पवित्र हो जाता है तथा मामा, मौसी आदि का भी श्मशान तक ले जाकर तीन रात्रि मे पवित्र होता है ।

यद्यन्नमत्ति तेषां तु दशाहेनैव शुद्ध्यति ।
अनश्नन्नन्नमह्नैव न चेत्तस्मिन्गृहे वसेत् ॥१०२॥

(१०२) जब मृतक के सपिण्ड के अन्न को भोजन करे तो दश दिन मे शुद्ध होता है । यदि अन्न को भोजन न करे और न उसके गृह मे बसे तो एक दिन मे शुद्ध हो जाता है ।

अनुगम्येच्छया प्रेतं ज्ञातमज्ञातिमेव च ।
स्नात्वा सचैलः स्पृष्ट्वाग्निं घृतंप्राश्यविशुद्ध्यति॥१०३॥

(१०३) मृतक दाव (चाहे) जिस वर्ण का हो स्वेच्छा नुसार उसके साथ जाकर और घृत से वस्त्रों सहित स्नान करे घी खावे तथा अग्नि स्पर्श करे तब शुद्ध होता है ।

न विप्रं स्वेषु तिष्ठत्सु मृतं शूद्रेण नाययेत् ।
अस्वर्ग्या ह्याहुतिः सा स्याच्छूद्रसंस्पर्शदूषिता ॥१०४॥

(१०४) जो ब्राह्मण का सवर्णी उपस्थित हो तो उस मृतक ब्राह्मण को शूद्र न ले जावे क्योंकि शूद्र के स्पर्श से उसके शरीर की अग्नि में आहुति देना स्वर्ग के अर्थ नहीं होता।

ज्ञानं तपोऽग्निराहारो मृन्मनोवार्युपाञ्जनम् ।
वायुः कर्मार्ककालौ च शुद्धेः कर्तॄणि देहिनाम् ॥१०५॥

(१०५) ज्ञान तप अग्नि आहार मिट्टी मन जल लेप, वायु, सूर्य काम यह सब मनुष्यों को पवित्र करने वाले हैं ।

सर्वेषामेव शौचानामर्थशौचं परं स्मृतम् ।
योऽर्थे शुचिर्हि स शुचिर्न मृद्वारिशुचिः ॥१०६॥

(१०६) सब शौच अर्थात् पवित्रता में अर्थ-शौच (धन को सत्योचित रीति द्वारा प्राप्त करना) उत्तम है । जिस मनुष्य का धन पवित्र है वही पवित्र है तथा जो मनुष्य मिट्टी व जलके कारण पवित्र है परन्तु धन में पवित्र नहीं है वह पवित्र नहीं है ।

क्षान्त्या शुद्ध्यन्ति विद्वांसो दानेनाकार्यकारिणः ।
प्रच्छन्नपापा जप्येन तपसा वेदवित्तमाः ॥ १०७ ॥

नोट—क्योंकि यह स्मृति मानव-धर्म सूत्रों से स्वार्थ साधन के अर्थ बनाई गई है । और इसमें बहुत से श्लोक वेद तथा शास्त्र के विरुद्ध सम्मिलित किये गये हैं अतएव मिश्रित (क्षेपक) श्लोकों को विचार पूर्वक त्याग देना चाहिये ।

(१०७) जो पण्डित है वह क्षमा द्वारा शुद्ध होता है, तथा जो मनुष्य त्याग योग्य कार्य करता है वह दान करने से पवित्र हो जाता है और जो पाप करने मे सलग्न है वह जप करके पवित्र होता है, तथा वेदाध्ययनी तप करके पवित्र होता है।

मृत्तोयैः शुद्ध्यते शोध्यं नदी वेगेन शुद्ध्यति ।
रजसा स्त्री मनोदुष्टा संन्यासेन द्विजोत्तमः ॥१०८॥

(१०८) जो वस्तुये पवित्र करने योग्य हैं वह जल व मिट्टी द्वारा तथा नदी प्रवाह द्वारा, जिस स्त्री का चित्त अन्य पुरुष मे लगा रहता है वह रजोदर्शन द्वारा, तथा ब्राह्मण सन्यास धारण करने से पवित्र हो जाता है।

अद्भिर्गात्राणि शुद्ध्यन्ति मनः सत्येन शुद्ध्यति ।
विद्यातपोभ्यां भूतात्मा बुद्धिर्ज्ञानेन शुद्ध्यति॥१०९॥

(१०९) जल द्वारा शरीर की सारी इन्द्रिया पवित्र हो जाती हैं, सत्य से मन पवित्र हो जाता है, ब्रह्मविद्या यथा तप से भूतात्मा (लिंग शरीर जीवात्मा सहित पवित्र हो जाता है), तथा ज्ञान द्वारा बुद्धि शुद्ध होती है।

एष शौचस्य वः प्रोक्तः शारीरस्य विनिर्णयः ।
नानाविधानां द्रव्याणां शुद्धेः शृणुत निर्णयः ॥११०॥

(११०) भृगुजी कहते हैं कि हे ऋषियो ! शारीरिक पवित्रता (शुद्धता की विधि को बतला दिया, अब बहुत प्रकार के जो द्रव्य (पदार्थ हैं उनकी शुद्धता क विधि को सुनो) ।

तैजसानां मणीनां च सर्वस्यश्ममयस्य च ।
भस्मनाद्भिर्मृदा चैव शुद्धिरुक्ता मनीषिभिः ॥१११॥

(१११) सोने आदि के पात्र रत्नपात्र पत्थर-पात्र यह सब पात्र (बर्तन) भस्म (राख) मिट्टी जल से पवित्र हो जाते हैं इस बात को मनु आदि ऋषियों ने कहा है।

निर्लेपं काञ्चनं भाण्डमद्भिरेव विशुद्ध्यति।
अब्जमश्ममयं चैव राजतं चानुपस्कृतम् ॥११२॥

(११२) जिस सुवर्ण (सोने) शङ्ख मोती वा पत्थर के पात्र में जूठनादि नहीं लगी तथा जिस रूपे (चांदी) के पात्र में रेखा (लकीरें) नहीं हैं वह केवल जल ही द्वारा शुद्ध हो जाते हैं।

अपामग्नेश्च संयोगाद्धैमं रौप्यं च निर्बभौ।
तस्मात्तयोः स्वयोन्यैव निर्णेको गुणवत्तरः ॥११३॥

(११३) अग्नि जल के संयोग से स्वर्ण तथा रूपा (चाँदी) उत्पन्न होता है अतएव अपने मूल तत्त्व द्वारा दोनों की शुद्धता अत्युत्तम है।

ताम्रायःकांस्यरैत्यानां त्रपुणः सीसकस्य च।
शौचं यथार्हं कर्तव्यं क्षाराम्लोदकवारिभिः ॥११४॥

(११४) ताम्र (तांबा) लोहा कांस्य (कांसा) पीतल इन सब की पवित्रता भस्म खटाई तथा जल से यथाविधि करनी चाहिये।

द्रवाणां चैव सर्वेषां शुद्धिराप्लवनं स्मृतम्।
प्रोक्षणं संहतानां च दारवाणां च तक्षणम् ॥११५॥

(११५) जो द्रव (पदार्थ) यथा तेल घी आदि हैं उनको वस्त्र आदि से छान लेवे तथा जमे हुए पदार्थों को दो कुश लेकर उन पदार्थों में बसाने से पवित्र हो जाते हैं। यदि

शय्या (चारपाई) आदि पर जूठन गिर पडी हो तो वह जल के छीटे देने से पवित्र हो जाती है। काष्ठ (काठ) आदि का पात्र जब जूठनादि से अधिक लसा हो तो वह छीलने से पवित्र होता है।

मार्जनं यज्ञपात्राणां पाणिना यज्ञकर्मणि ।
चमसानां ग्रहाणां च शुद्धिः प्रक्षालनेन तु ॥ ११६ ॥

(११६) यज्ञ-पात्रो की शुद्धता हाथ से करनी चाहिये। यज्ञकर्म मे चमस (चमचा) तथा सण्डासी चिमटो की पवित्रता धोने से होती है।

चरूणां स्रुक्स्रुवाणां शुद्धिरुष्णेन वारिणा ।
स्फ्यशूर्पशकटानां च मुशलोलूखलस्य च ॥११७॥

(११७) + चरु, स्रुग, स्रुवा, सूप, गाली, मूसल, ओखली, इन सब की शुद्धता उष्ण (गरम) जल से होती है।

अद्भिस्तु प्रोक्षणं शौचं बहूनां धान्यवाससाम् ।
प्रक्षालनेन त्वल्पानामद्भिः शौचं विधीयते ॥११८॥

(११८) यदि वस्त्रो का बहुत बडा ढेर होवे तो वह जल के छीटे देने से पवित्र हो जाता है। यदि थोडा होवे तो जल से धोने से पवित्र हो जाता है।

चेलवच्चर्मणां शुद्धिर्वैदलानां तथैव च ।
शाकमूलफलानां च धान्यवच्छुद्धिरिष्यते ॥११९॥

(११९) जो पशु स्पर्श योग्य नही है उनके चमडे का पात्र (वर्तन) और माँस का वर्तन इन दोनो की पवित्रता वस्त्र

+ इस श्लोक मे लिखे सब यज्ञ पात्र हैं।

की पवित्रता की विधि के समान जानना। शाक मूल फल इनकी पवित्रता अन्न की पवित्रता की विधि के समान जाननी चाहिये।

कौशेयाविकयोरूषैः कुतपानामरिष्टकैः ।
श्रीफलैरंशुपट्टानां क्षौमाणां गौरसर्षपैः ॥१२०॥

(१२०) रेशमी तथा ऊनी वस्त्र खारी मिट्टी द्वारा नपाली कम्बल रीठ द्वारा पटवस्त्र बेल के फल द्वारा तथा तीसी का वस्त्र सफेद सरसो द्वारा पवित्र होता है।

क्षौमवच्छङ्खशृङ्गाणामस्थिदन्तमयस्य च ।
शुद्धिर्विजानता कार्या गोमूत्रेणोदकेन वा ॥१२१॥

(१२१) शङ्खपात्र स्पर्श योग्य पशु यथा हाथी आदि के दांत सींग तथा हड्डी के पात्र इनकी पवित्रता तीसी (क्षौमटी) के वस्त्रों की पवित्रता की विधि के समान जाननी अथवा गोमूत्र वा जल से समझनी चाहिये।

प्रोक्षणात्तृणकाष्ठं च पलालं चैव शुध्यति ।
मार्जनोपाञ्जनैर्वेश्म पुनः पाकेन मृण्मयम् ॥१२२॥

(१२२) जल छिड़कने से तृण काठ तथा पुआल झाड़ (बहारी सोहनी) देने से आंगन (गृह के भीतर का चौक) लीपने से घर तथा दूसरी बार पकाने से मिट्टी का पात्र शुद्ध होता है।

मद्यैर्मूत्रैः पुरीषैर्वा ष्ठीवनैः पूयशोणितैः ।
संस्पृष्टं नैव शुध्येत पुनः पाकेन मृण्मयम् ॥१२३॥

(१२३) मद्य (शराब) मूत्र विष्ठा खखार पीब

लेकिन इनमें से कोई गढ़ा बन गया हो तो वह पात्र दूसरी बार के पकाने से पवित्र नहीं हो सकता।

संमार्जनोपाञ्जनेन सेकेनोल्लेखनेन च ।
गवां च परिवासेन भूमिः शुद्ध्यति पञ्चभिः ॥१२४॥

(१२४) बुहारी लगाना (सोहनी मारना) लीपना, छिड़काव करना, ऊपर की मिट्टी छीलना, गऊ का वास (रहना) इन पाँचों से भूमि पवित्र होती है।

पक्षिजग्धं गवाघ्रातमवधूतमवक्षुतम् ।
दूषितं केशकीटैश्च मृत्प्रक्षेपेण शुद्ध्यति ॥१२५॥

(१२५) पक्षियों के खाने से जिस वस्तु का एक भाग झूठा हो गया हो वा जिस वस्तु पर छींक पडी हो या जिस वस्तु मे बाल अथवा कीट पड़ गये हो, यह सब मिट्टी व पानी के लगाकर धोने से शुद्ध हो जाते हैं।

यावन्नापैत्यमेध्याक्ताद्गन्धो लेपश्च तत्कृतः ।
तावन्मृद्वारि चादेयं सर्वासु द्रव्यशुद्धिषु ॥१२६॥

(१२६) जिस वस्तु मे अपवित्र वस्तु मिश्रित है जब तक उस अपवित्र वस्तु की दुर्गन्धि तथा वह अपवित्र वस्तु उससे पृथक न हो जब तक मिट्टी और जल से उसको पवित्र करना चाहिये। यही विधि सब वस्तुओ के पवित्र करने मे जानना।

त्रीणि देवाः पवित्राणि ब्राह्मणानामकल्पयन् ।
अदृष्टमद्भिर्निर्णिक्तं यच्च वाचा प्रशस्यते ॥१२७॥

(११७) देवताओ ने ब्राह्मणो के हेतु तीन वस्तुयें पवित्र

कही है—प्रथम बिना देखी हुई वस्तु दूसरे जल से धोई हुई वस्तु, तीसरे जो जल से श्रेष्ठ हो।

आप शुद्धा भूमिगता वैतृष्ण्यं यासु गोर्भवेत् ।
अव्याप्ताश्चेदमेध्येन गन्धवर्णरसान्विता ॥१२८॥

(१२८) जो जल एक गऊ की प्यास बुझाने योग्य हो अपवित्र वस्तु से मिश्रित न हो गन्ध व रंग में उत्तम हो तथा भूमि पर स्थित हो वह जल पवित्र है।

नित्य शुद्ध कारुहस्त पण्ये यच्च प्रसारितम् ।
ब्रह्मचारिगतं भैक्ष्यं नित्यं मध्यमिति स्थितिः॥१२९॥

(१२९) कारीगर का हाथ पसारी की दूकान की वस्तु तथा ब्रह्मचारी की भिक्षा सर्वदा पवित्र है। यह शास्त्र की मर्यादा है।

नित्यमास्य शुचि स्त्रीणां शकुनि फलपातने ।
प्रस्रवे च शुचिर्वत्सः श्वा मृगग्रहणे शुचिः ॥१३०॥

(१३) सम्भोग समय स्त्री का मुह फल गिराने में पक्षी दूध [illegible] समय [illegible] हिरन के पकड़ने के समय कुत्ता।

श्वभिर्हतस्य यन्मांसं शुचि तन्मनुरब्रवीत् ।
क्रव्याद्भिश्च हतस्यान्यैश्चण्डालाद्यैश्च दस्युभिः १३१

(१) + कुत्ता सिंह बाज तथा आखेट खेलने वाले से जो मांस प्राप्त होता है उस मांस को मनु ने पवित्र बतलाया है।

+यह श्लोक वाममार्गियों ने सम्मिलित किया है क्योंकि [illegible] म मनु ने स्वयम् इसकी व्याख्या की है।

ऊर्ध्वं नाभेर्यानि खानि तानि मेध्यानि सर्वशः ।
यान्यधस्तान्यमेध्यानि देहाच्चैव मलाश्च्युताः ।।१३२।।

(१३२) नाभि के ऊपर का सारा शरीर पवित्र है और नाभि से नीचे का भाग अपवित्र है और जो मल शरीर से पृथक् होता है वह भी अपवित्र है ।

मक्षिका विप्रुषश्छाया गौरश्वः सूर्यरश्मयः ।
रजो भूर्वायुरग्निश्च स्पर्शे मेध्यानि निर्दिशेत् ।।१३३।।

(१३३) मक्खी, जल बूँद, छाया, गऊ, घोडा, सूर्य्य-किरण, धूल, भूमि, वायु, अग्नि, यह सब छूने से पवित्र है ।

विण्मूत्रोत्सर्गशुद्ध्यर्थं मृद्वार्यादेयमर्थवत् ।
दैहिकानां मलानां च शुद्धिषु द्वादशस्वपि ।।१३४।।

(१३४) मल-मूत्र तथा अन्य बारहो अपवित्र वस्तुओ (जो शरीर से पृथक् होकर गिर जाती हैं) को छूकर जल मिट्टी द्वारा आवश्यकतानुसार धोने से पवित्र होता है ।

वसा शुक्रमसृङ्मज्जा मूत्रविट्घ्राणकर्णविट् ।
श्लेष्माश्रु दूषिका स्वेदो द्वादशैते नृणां मलाः।।१३५।।

(१३५) मनुष्य के शरीर मे यह बारह मल (अर्थात् निरर्थक अपवित्र वस्तु) होते है । १—वसा (चर्वी), २—शुक (वीर्य), ३–रुधिर, ४–मज्जा, ५–मूत्र, ६–विष्ठा, ७–नाक थूक ८–कान का मैल, ९–खखार, १०–आसू, ११–कीचड, १२–स्वेद (पसीना) ।

एका लिंगे गुदे तिस्रस्तथैकत्र करे दश ।
उभयोः सप्त दातव्या मृदः शुद्धिमभीप्सता ।।१३६।।

(१३६) मिट्टी द्वारा पवित्रता का इच्छुक मनुष्य मिट्टी को एक बार मूत्र-स्थान (लिंगेंद्रिय) पर और पांच बार मूल-द्वार पर दस बार बायें हाथ में सात बार दाहिने हाथ में लगावे।

एतच्छौचं गृहस्थानां द्विगुणं ब्रह्मचारिणाम्।
त्रिगुणं स्याद्वनस्थानां यतीनां तु चतुर्गुणम् ॥१३७॥

(१३७) यह शौच अर्थात् पवित्रता गृहस्थ मनुष्यों के लिए है ब्रह्मचारियों को इससे द्विगुण (दूनी) वानप्रस्थी अर्थात् वन में तप करने वालों को इससे त्रिगुण (तिगुनी) सन्यासियों को इससे चतुर्गुण (चौगुनी) करना चाहिये।

कृत्वा मूत्रं पुरीषं वा खान्याचान्त उपस्पृशेत्।
वेदमध्येष्यमाणश्च अन्नमश्नंश्च सर्वदा ॥१३८॥

(१३८) विष्ठा व मूत्र त्याग करके हाथ-पांव धोकर आचमन करे इन्द्रियों का छुए और भोजन करने के समय तथा व [illegible] समय भी आचमन करके इन्द्रियों को स्पर्श करे।

त्रिराचामेदपः पूर्वं द्विः प्रमृज्यात्ततो मुखम्।
शारीरं शौचमिच्छन्हि स्त्री शूद्रस्तु सकृत्सकृत् ॥१३६॥

([illegible] (शरीर की पवित्रता) के हेतु प्रथम [illegible] आचमन करे पश्चात् [illegible] बार मुंह धोवे तथा [illegible] बार मुंह धोवे तथा आचमन करे।

शूद्राणां मासिकं कार्यं वपनं न्यायवर्तिनाम्।
वैश्यवच्छौचकल्पश्च द्विजोच्छिष्टं च भोजनम् ॥१४०॥

[illegible] मार्ग में एक बार

क्षौर (हजामत) कराना चाहिये । उस शूद्र की पवित्रता वैश्य तुल्य है और ब्राह्मण की जूठन उसका भोजन है ।

नोच्छिष्टं कुर्वते मुख्या विप्रुषोऽङ्गे पतन्ति याः ।
न श्मश्रुणि गतान्यास्यं न दन्तान्तरधिष्ठितम्॥१४१॥

(१४१) थूक की बूंदे शरीर के किसी भाग मे गिर जावे तथा मोछ का बाल मुंह मे जाता रहे और दात मे जो वस्तु लगी हो यह सब अपवित्र नही हैं ।

स्पृशन्ति विन्दवः पादौ य आचामयतः परान् ।
भौमिकैस्ते समाज्ञेया न तैराप्रयतो भवेत् ॥१४२॥

(१४२) कोई मनुष्य किसी को आचमन कराता हो और आचमनकर्ता के मुंह से जल की बूंद जमीन पर गिर कर आचमन कराने वाले के पाव पर पडे तो वह बूंद भूमि के जल के तुल्य है, उससे अपवित्रता नही होती ।

उच्छिष्टेन तु संस्पृष्टो द्रव्यहस्तः कथंचन ।
अनिधायैव तद्द्रव्यमाचान्तः शुचितामियात्॥१४३॥

(१४३) यदि हाथ मे कोई वस्तु ग्रहण किये हुए किसी जूठे पुरुष से छू जावे तो वह वस्तु हाथ मे ग्रहण किये ही आचमन ग्रहण करने से शुद्ध हो जाता है ।

वान्तो विरिक्तः स्नात्वा तु घृतप्राशनमाचरेत् ।
आचामेदेव भुक्त्वान्नं स्नानं मैथुनिनःस्मृतम्॥१४४॥

(१४४) वमन करने वाला तथा विसूचिका वाला (दस्त का रोगी) स्नान करने के पश्चात् घी खावे और अन्नादि भोजन करके आचमन करे तथा स्त्री सम्भोग करके स्नान करे ।

सुप्त्वा क्षुत्वा च भुक्त्वा च निष्ठीव्योक्त्वानृतानि च।
पीत्वापोऽध्येष्यमाणश्चआचामेत्प्रयतोऽपिसन् ॥१४५॥

(१४५) निद्रा लेकर (सोकर) छींक कर, भोजन करके थूक कर असत्य भाषण करके तथा जल पीकर पवित्र होने पर भी आचमन करे।

एष शौचविधि कृत्स्नो द्रव्यशुद्धिस्तथैव च ।
उक्तो व सर्ववर्णानां स्त्रीणां धर्मान्निबोधत ॥१४६॥

(१४६) भृगुजी कहते हैं कि हे ऋषि लोगो ! यह सब वर्णों की शुद्धि की विधि कही तथा वस्तुओं की पवित्रता को भी कहा अब इसके पश्चात् स्त्रियों के धर्म को कहते हैं।

बालया वा युवत्या वा वृद्धया वापि योषिता ।
न स्वातन्त्र्येण कर्तव्य किञ्चित्कार्यं गृहेष्वपि ॥१४७॥

(१४७) स्त्री बाला (लड़की) युवा या वृद्ध हो गृह में कोई कार्य स्वतन्त्रता पूर्वक न करे।

बाल्ये पितुर्वशे तिष्ठेत्पाणिग्राहस्य यौवने ।
पुत्राणां भर्तरि प्रेते न भजेत्स्त्री स्वतन्त्रताम् ॥१४८॥

(१४८) स्त्री बाल्यावस्था (लड़कपन) में अपने पिता के अधीन रहे युवावस्था में अपने पति के अधीन रहे पति की मृत्यु के पश्चात् अपने पुत्रों की अधीनता में रहे। कभी स्वतन्त्र न रहे।

नोट— आचमन करने से कफ आदि की निवृत्ति होती है और सोने व भोजन आदि से जो कफ का बल ऊपर को बढ़ता है उसके शमन करने की औषधि आचमन है।

पिता तिभ सुतैर्वापि नेच्छेद्विरहमात्मनः ।
एषां हि विरहेण स्त्री गर्ह्ये कुर्यादुभे कुले ॥ १४९ ॥

(१४९) स्त्री को उचित है कि भाई, बाप और पुत्र से विलग होने की इच्छा स्वप्न मे भी न करे, क्योकि उक्त मनुष्यो से विलग होने मे स्त्री ❀ दोनो कुलो को कलकित करती है ।

सदा प्रहृष्टया भाव्यं गृहकार्येषु दक्षया ।
सुसंस्कृतोपस्करया व्यये चामुक्तहस्तया ॥ १५० ॥

(१५०) सदैव प्रसन्नचित्त और गृह-कार्य मे दक्ष (सलग्न) रहे, गृह-वस्तुओ को भली प्रकार यथाविधि रक्खे तथा अपव्यय न करे ।

यस्मै दद्यात्पिता त्वेनां भ्राताचानुमतेः पितुः ।
तं शुश्रूषेत जीवन्तं संस्थितं च न लङ्घयेत् ॥१५१॥

(१५१) पिता जिससे विवाह कर दे अथवा पिता की आज्ञा से भाई जिसके साथ विवाह कर दे उसकी सेवा-शुश्रूषा मे तत्पर रहे तथा पति की मृत्यु पश्चात् किसी अन्य पुरुष से सम्बन्ध न करे (अर्थात् सुहबत, रतिदान न ले) ।

मंगलार्थं स्वस्त्ययनं यज्ञश्चासां प्रजापतेः ।
प्रयुज्यते विवाहेषु प्रदानं स्वाम्यकारणम् ॥ १५२ ॥

(१५२) विवाह मे शान्ति-मन्त्र पढना वा श्री ब्रह्माजी के अर्थ यज्ञ करना, यह दोनो स्त्रियो के आनन्द के हेतु है तथा दान पति के स्वामी होने का कारण है ।

❀ दोनो कुल से तात्पर्य पति तथा पिता के कुल से है ।

अनृतावृतुकाले च मन्त्रसंस्कारकृत्पतिः ।
सुखस्य नित्यं दातेह परलोके च योषितः ॥ १५३ ॥

(१५३) ऋतुकाल अथवा अन्य समय में मन्त्र संस्कार करने वाला पति इस लोक (संसार) व परलोक में स्त्रियों को सुख देता है ।

विशीलः कामवृत्तो वा गुणैर्वा परिवर्जितः ।
उपचर्यः स्त्रिया साध्व्या सततं देववत्पतिः ॥१५४॥

(१५४) यदि पति निष्ठुर होवे तथा दूसरी स्त्री से प्रीति रखता हो अथवा गुणहीन हो तो भी पतिव्रता स्त्री सर्वत्र उसकी सेवा देवता की नाईं करती है ।

नास्ति स्त्रीणां पृथग्यज्ञो न व्रतं नाप्युपोषणम् ।
पतिं शुश्रूषते येन तेन स्वर्गे महीयते ॥ १५५ ॥

(१५५) क्योंकि स्त्रियां विवाहोपरान्त पति का आधा अङ्ग (शरीर) हो जाती हैं अतएव स्त्रियों को पृथक यज्ञ या व्रत करना पाप है । केवल पति की सेवा शुश्रूषा ही करनी उचित है ।

पाणिग्राहस्य साध्वी स्त्री जीवतो वा मृतस्य वा ।
पतिलोकमभीप्सन्ती नाचरेत्किंचिदप्रियम् ॥ १५६ ॥

(१५६) पतिलोक में जाने की इच्छा रखने वाली * पतिव्रता स्त्री पति के जीवित रहने व मृत्यु के उपरान्त अपने पति की इच्छा के विरुद्ध कोई कार्य न करे ।

---

* पतिव्रता शब्द पति+व्रता शब्दों से योगिक है । पति के अर्थ भर्ता तथा व्रत के अर्थ दृढ़ प्रतिज्ञा के हैं अतः जो स्त्री अपनी विवाह प्रतिज्ञा को दृढ़ नियम द्वारा निभाती है वह पतिव्रता कहलाती है ।

कामं तु क्षपयेद्देहं पुष्पमूलफलैः शुभैः ।
न तु नामापि गृह्णीयात्पत्यौ प्रेते परस्य तु ॥१५७॥

(१५७) अपने पति की मृत्यु पश्चात् दूसरे पति का नाम तक भी न लेवे । उत्तम मूल, फल-फूल, इच्छानुसार कल्प भोजन करके निर्दोष शरीर (कामेच्छा रहित) रह कर जीवन व्यतीत करे ।

आसीतामरणात्क्षान्ता नियता ब्रह्मचारिणी ।
यो धर्म एकपत्नीनां काङ्क्षन्ती तमनुत्तमम् ॥१५८॥

(१५८) जिस स्त्री का एक ही पति है वह पतिव्रता धर्म की इच्छा करती हुई, अपने मरण पर्यन्त नियम ब्रह्मचारिणी रह कर क्षीण शरीर से जीवन निर्वाह करे ।

अनेकानि सहस्राणि कुमारब्रह्मचारिणाम् ।
दिवं गतानि विप्राणामकृत्वा कुलसंततिम् ॥ १५९ ॥

(१५९) यदि कहो कि पुत्र विना स्वर्ग-प्राप्ति नही हो सकती अतएव दूसरे पति को वरण करना चाहिये । इसका उत्तर यह है कि कई सहस्र कुमार ब्रह्मचारी ब्राह्मण सन्तति विना स्वर्गारोहण कर गये । इस बात को समझ कर सन्तान के विना ही नियम मे रहे ।

मृते भर्तरि साध्वी स्त्री ब्रह्मचर्ये व्यवस्थिता ।
स्वर्गं गच्छत्यपुत्रापि यथा ते ब्रह्मचारिणः ॥ १६० ॥

(१६०) पति की मृत्यु के पश्चात् पतिव्रता स्त्री ब्रह्मचर्यावस्था मे स्थित रहे तो सन्तान न होने पर भी स्वर्ग मे जाती है, जैसे कुमार ब्रह्मचारी स्वर्ग को गये ।

अपत्यलोभाद्या तु स्त्री भर्तारमतिवर्तते ।
सेह निन्दामवाप्नोति पतिलोकाच्च हीयते ॥ १६१ ॥

(१६१) जो स्त्री सन्तानोत्पत्ति की इच्छा से दूसरे पति से सम्भोग करती है वह संसार में निन्दा पाती है और परलोक में पतिलोक को नहीं प्राप्त करती है ।

नान्योत्पन्ना प्रजास्तीह न चाप्यन्यपरिग्रहे ।
न द्वितीयश्च साध्वीनां क्वचिद्भर्तोपदिश्यते ॥१६२॥

(१६२) दूसरे पति से जो सन्तान उत्पन्न होती है वह शास्त्रानुसार अपनी सन्तान नहीं कहलाती क्योंकि पतिव्रता स्त्री को शास्त्र मे दूसरा पति नही लिखा है ।

पतिं हित्वापकृष्टं स्वमुत्कृष्टं या निषेवते ।
निन्द्यैव सा भवेल्लोके परपूर्वेति चोच्यते ॥१६३॥

(१६३) जो स्त्री अपने अल्पगुणी पति को त्याग कर दूसरे अधिक गुणी पति को वरण (ग्रहण) करती है वह संसार मे निन्दनीय होती है तथा दो पति वाली कहलाती है ।

व्यभिचारात्तु भर्तुः स्त्री लोके प्राप्नोति निन्द्यताम् ।
शृगालयोनिं प्राप्नोति पापरोगैश्च पीड्यते ॥ १६४ ॥

(१६४) दूसरे पति से सम्भोग करने से स्त्री संसार मे अपयश पाती है, गीदड़ का जन्म पाती है तथा पाप रोगों से दुःखी होती है ।

नोट—स्त्री का दूसरे पति की इच्छा करना कामवृत्ति के कारण है अतएव वह स्त्री तथा वह पुरुष जो विषयों की इच्छा से दूसरा विवाह करते हैं गीदड़ की योनि को प्राप्त होते हैं ।

पतिं या नाभिचरति मनोवाग्देहसंयता ।
सा भर्तृलोकमाप्नोति सद्भिः साध्वीति चोच्यते ॥१६५॥

(१६५) जो स्त्री दूसरे पति से सम्बन्ध (सम्भोग) नही करती तथा मन, वाणी व शरीर को अपने वश मे रखती है, वह परलोक मे पतिलोक प्राप्त करती है तथा उत्तम पुरुष उस स्त्री को साध्वी कहते हैं।

अनेन नारीवृत्तेन मनोवाग्देहसंयता ।
इहाग्र्यां कीर्तिमाप्नोति पतिलोकं परत्र च ॥ १६६ ॥

(१६६) + इस प्रकार मन, वाणी, शरीर का यम (वश मे) करके इस लोक मे अपार कीर्ति लाभ करती है और परलोक मे पतिलोक को प्राप्त करती है।

एवंवृत्तां सवर्णां स्त्री द्विजातिः पूर्वमारिणीम् ।
दाहयेदग्निहोत्रेण यज्ञपात्रैश्च धर्मवित् ॥ १६७ ॥

(१६७) धर्मज्ञाता ब्राह्मण क्षत्रिय, वैश्य ऐसी अपनी जाति की स्त्री की मृत्यु मे उसका शवदाह अग्निहोत्र की अग्नि व यज्ञपात्रो से धर्मानुसार करें।

भार्यायै पूर्वमारिण्यै दत्वाग्नीनन्त्यकर्मणि ।
पुनर्दारक्रियां कुर्यात्पुनराधानमेव च ॥ १६८ ॥

(१६८) तत्पश्चात् अन्त्येष्टी कर्म करके दूसरा विवाह करें तथा अग्नि को स्थापन करे।

+ यह श्लोक सर्वथा सम्मिलित किया हुआ है क्योंकि 'विवाह प्रकरण के मन्त्रो द्वारा जो प्रतिज्ञा होती है उसके सर्वथा विरुद्ध है और अन्याय मे सम्मिलित है।'

अनेन विधिना नित्यं पञ्चयज्ञान्न हापयेत् ।
द्वितीयमायुषो भागं कृतदारो गृहे वसेत् ॥ २६६ ॥

(१६९) इस विधि से सर्वदा पञ्चयज्ञ को करे उनको कभी परित्याग न करे तथा आयु के दूसरे भाग तक विवाह करके गृह में रहे।

मनु जी के धर्मशास्त्र भृगु जी की संहिता का
पंचमोऽध्याय समाप्त हुआ ।

❀ षष्ठोऽध्याय. ❀

एवं गृहाश्रमे स्थित्वा विधिवत्स्नातको द्विजः ।
वने वसेत्तु नियतो यथावद्विजितेन्द्रियः ॥ १ ॥

(१) इस रीति से गृहस्थाश्रम को पूर्ण करके स्नातक द्विज सांसारिक विषयों को छोड़ जितेन्द्रिय होकर वानप्रस्थ आश्रम के निमित्त वन में बस कर जीवन व्यतीत करे।

गृहस्थस्तु यदा पश्येद्वलीपलितमात्मनः ।
अपत्यस्यैव चापत्यं तदारण्यं समाश्रयेत् ॥ २ ॥

(२) गृहस्थ पुरुष अपने को वृद्धावस्था में देखे और पौत्र (पुत्र के पुत्र) को देखे तब वन में वास करे।

संत्यज्य ग्राम्यमाहारं सर्वं चैव परिच्छदम् ।
पुत्रेषु भार्यां निक्षिप्य वनं गच्छेत्सहैव वा ॥ ३ ॥

(३) गांव के आहार और घर की सामिग्री को त्याग करके तथा स्त्री को पुत्र को सौंप कर वन में जावे अथवा सपत्नीक वन को जावे ।

अग्निहोत्रं समादाय गृह्यं चाग्निपरिच्छदम् ।
ग्रामादरण्यं निःसृत्य निवसेन्नियतेन्द्रियः ॥ ४ ॥

(४) अग्निहोत्र को तथा सामिग्री सहित घर की अग्नि को लेकर और इन्द्रियजित होकर गाव का परित्याग कर वन मे रहे । सामर्थ्य भर (अर्थात् जहा तक हो सके) किसी नगर मे न जावे ।

मुन्यन्नैर्विविधैर्मेध्यैः शाकमूलफलेन वा ।
एतानेव महायज्ञान्निर्वपेद्विधिपूर्वकम् ॥ ५ ॥

(५) विविध प्रकार के मुनि अग्नि से तथा पवित्र शाक, मूल, फल इनसे शास्त्रानुसार यथाविधि पच महायज्ञो को करे ।

वसीत चर्म चीरं वा सायं स्नायात्प्रगे तथा ।
जटाश्च बिभ्रयान्नित्यं श्मश्रुलोमनखानि च ॥ ६ ॥

(६) चमडा व वस्त्र का टुकडा पहन कर साय, प्रात. स्नान करे, जटा, मोछ, बाल तथा नख बढावे अर्थात् क्षौर न करावे ।

यद्भक्ष्यं स्यात्ततो दद्याद्बलिं भिक्षां च शक्तितः ।
अम्मूलफलभिक्षाभिरर्चयेदाश्रमागतान् ॥ ७ ॥

(७) जो वस्तु भोजन के लिए उपस्थित हो उसी से बलि वैश्य कर्म करे और उसी को ब्रह्मचारी आदि को भिक्षा देवे तथा जो अतिथि घर पर आ जावे उसकी कन्द, मूल, जल, फल आदि से पूजन करे ।

नोट—श्राद्ध मे जहा पितरो को बुलाना लिखा है वही इन्ही पितरो से तात्पर्य है जो इस रीति से वानप्रस्थ तथा सन्यास मे उपस्थित होते हैं ।

स्वाध्याये नित्ययुक्तः स्याद्दान्तो मैत्रः समाहितः ।
दाता नित्य मनादाता सर्वभूतानुकम्पकः ॥ ८ ॥

(८) नित्य वेदपाठ कर मन को स्थिर रक्खे सबका मित्र होकर रहे । शीत घाम क्रोध आदि को सहन करे, किसी से कुछ न लेवे सब भूतों (जीवों) पर दया रक्खे ।

वैतानिकं च जुहुयादग्निहोत्रं यथाविधि ।
दर्शमस्कन्दयन्पर्व पौर्णमासं च योगतः ॥ ९ ॥

(९) शास्त्रोक्त विधि से अग्निहोत्र करे । दर्शन, पौर्णमास इन नियमित यज्ञों को भी करता रहे ।

ऋक्षेष्ट्याग्रयणं चैव चातुर्मास्यानि चाहरेत् ।
उत्तरायणं च क्रमशो दक्षिणायनमेव च ॥ १० ॥

(१०) नक्षत्र ग्रयण चातुर्मास उत्तरायण दक्षिणायन कर्मों को करे ।

वासन्तशारदैर्मेध्यैर्मुन्यन्नैः स्वयमाहृतैः ।
पुरोडाशांश्चरूंश्चैव विधिवन्निर्वपेत्पृथक् ॥ ११ ॥

(११) वसन्त तथा शरद् ऋतु में जो भोजन योग्य पवित्र अन्न (मुन्यन्न) उत्पन्न होता है उसे स्वयं लाकर शास्त्रोक्त विधि द्वारा पृथक्-पृथक् पुरोडाश व चरु देवताओं को यज्ञसिद्धि होने के निमित्त देवे ।

देवताभ्यस्तु तद्धुत्वा वन्यं मेध्यतरं हविः ।
शेषमात्मनि युञ्जीत लवणं च स्वयं कृतम् ॥ १२ ॥

(१२) अति शुद्ध तथा उत्तम हवन योग्य पदार्थ को हवन द्वारा अग्नि वायु आदि देवताओं को देवे । हवन के

पश्चात् जो शेष रहे उसे स्वयम् भोजन करे तथा अपने बनाये हुए *लवण पदार्थों को भी खावे ।

स्थलजौदकशाकानि पुष्पमूलफलानि च ।
मेध्यवृक्षोद्भवान्यद्यात्स्नेहांश्च फलसंभवान् ॥ १३ ॥

(१३) पृथ्वी, जल व पवित्र वृक्ष से जो शाक, मूल, फूल, फल उत्पन्न हुए हैं तथा फल से उत्पन्न तेल से भी भोजन करे ।

वर्जयेन्मधु मांसं च भौमानि कवकानि च ।
भूस्तृणं शिग्रुकंचैव श्लेष्मातकफलानि च ॥ १४ ॥

(१४) + शराब, मांस व पृथ्वी के क्षत्राकार व भूतृण जो मलावा देश मे प्रसिद्ध है व शकर शाक जो बाह्लीक देश मे प्रसिद्ध है व बहेडा इन सबका भोजन करना परित्याग करे ।

त्यजेदाश्वयुजे मासि मुन्यन्नं पूर्वसंचितम् ।
जीर्णानि चैव वासांसि साकमूलफलानि च ॥ १५ ॥

(१५) मुनियो का अन्न जो सूचित किया है, जीर्ण वस्त्र (पुराने वसन) शाक, मूल, फल इन सबको आश्विन मास मे त्याग दे ।

न फालकृष्टमश्नीयादुत्सृष्टमपि केनचित् ।
न ग्रामजातान्यार्तोऽपि मूलानि च फलानि च ॥१६॥

(१६) जो वस्तु हल द्वारा उत्पन्न हुई तथा जो क्षेत्र (खेत) के समीप हो चाहे उसे क्षेत्र स्वामी ने त्याग दिया हो

---

* लवणान्नि पृथक् करने से यह तात्पर्य है कि हवन मे लवण मिश्रित पदार्थ न डाले जावें ।

+ १४ वें श्लोक मे मद्य मास का निषेध है। अतएव जहा मास भक्षण लिखा है यह सब सम्मिलित किया हुआ है ।

परन्तु उसे भोजन न करे तथा दुःखी होने पर भी हल चलाये बिना गांव के भीतर जो फल मूल उत्पन्न हुए हों उनका भोजन न करे।

अग्निपक्वाशनो वा स्यात्कालपक्वभुगेव वा ।
अश्मकुट्टो भवेद्वापि दन्तोलूखलिकोऽपि वा ॥ १७ ॥

(१७) जो वस्तु अग्नि द्वारा अथवा समय पाकर परिपक्व [पकी] हुई हो उसको भोजन न करे। पत्थर से कूट कर अथवा दांतों की ओखली बनाकर भोजन करे।

सद्यःप्रक्षालको वा स्यान्मासस्चयिकोऽपि ।
षण्मासनिचयो वा स्यात्समानिचय एव वा ॥ १८ ॥

(१८) एक दिन के भोजन योग्य वस्तु का रखे अथवा एक मास व छः मास व एक वर्ष के भोजन योग्य पदार्थ [वस्तु] को रखे।

नक्तं चान्नं समश्नीयाद्दिवा वा हृत्य शक्तितः ।
चतुर्थकालिको वा स्यात्स्याद्वाप्यष्टमकालिकः ॥१९॥

(१९) अपने बलानुसार दिन में लाकर रात्रि में भोजन करे व एक दिवस उपवास करे दूसरे दिवस एक बार भोजन करे अथवा तीन दिवस उपवास करे चौथे दिवस एक बार ही भोजन करे।

चान्द्रायणविधानैर्वा शुक्लकृष्णे च वर्तयेत् ।
पक्षान्तयोर्वाप्यश्नीयाद्यवागूं क्वथितां सकृत् ॥ २० ॥

(२०) चान्द्रायण व्रत को करे अथवा अमावस्या व पौर्णमासी के दिवस चार जौ की लपसी खावे।

पुष्पमूलफलैर्वापि केवलैर्वर्तयेत्सदा ।
कालपक्वैः स्वयंशीर्णैर्वैखानस मते स्थितः ॥ २१ ॥

(२१) जो फल, फूल, कन्द मूल अर्थात् शकरकन्दी आदि स्वय काल पाकर पक गये हो उनको खाकर समय व्यतीत करे तथा यथासम्भव इन्द्रियो को विषयो से पृथक् रक्खे ।

भूमौ विपरिवर्तेत तिष्ठेद्वा प्रपदैर्दिनम् ।
स्थानासनाभ्यां विहरेत्सवनेषूपयन्नपः ॥ २२ ॥

(२२) वानप्रस्थ आश्रम मे रहकर केवल भूमि ही पर लोटा करे व पाव के अगले भाग के बल से सारे दिन खडा रहे तथा स्नान व आसन मे विहार करे, तीनो काल अर्थात् प्रात दोपहर, सायकाल को स्नान करे ।

ग्रीष्मे पञ्चतपास्तुः स्याद्वर्षास्वभ्रावकाशिकः ।
आर्द्रवासास्तु हेमन्ते क्रमशो वर्धयंस्तपः ॥ २३ ॥

(२३) शनै शनै [धीरे-धीरे] * तप को बढाता हुआ ग्रीष्म [गर्मी] मे पचाग्नि तापे, वर्षा मे बिना छत वाले घर मे रहे अर्थात् खुले मैदान मे रहे, हेमन्त [जाडे] मे गीला कपडा पहने रहे ।

उपस्पृशंस्त्रिषवणं पितॄन्देवांश्च तर्पयेत् ।
तपश्चरंश्चोग्रतरं शोषयेद्देहमात्मनः ॥ २४ ॥

(२४) तीनो काल मे स्नान करने के पश्चात् देवता तथा

---

* तप करना दुख के हेतु नही किन्तु सहनशीलता उत्पन्न करने के अर्थ वानप्रस्थ को आवश्यक है क्योकि उसे भविष्य मे ससार मे विजय प्राप्त करनी है ।

पितरों का तर्पण करे। उग्र तप को करता हुआ अपने शरीर को सुखावे।

अग्नीनात्मनि वैतानान्समारोप्य यथाविधि।
अनग्निरनिकेतः स्यान्मुनिर्मूलफलाशन ॥ २५ ॥

(२५) यथाविधि अग्नि होत्र की अग्नि को अपने गृह में स्थित करे। तत्पश्चात् अग्नि तथा स्थान से पृथक होकर मूल फल खाता हुआ शास्त्र को विचारे।

अप्रयत्नः सुखार्थेषु ब्रह्मचारी धराशयः।
शरणेष्वममश्चैव वृक्षमूलनिकेतन ॥ २६ ॥

(२६) सुख के लिये प्रयत्न न करे ब्रह्मचारी होकर धरती पर (न सोवे, वृक्ष मूल में वास करे तथा वासस्थान से प्रीति न करे।

तापसेष्वेव विप्रेषु यात्रिकं भैक्ष्यमाहरेत्।
गृहमेधिषु चान्येषु द्विजेषु वनवासिषु ॥ २७ ॥

(२७) तपस्वी ब्राह्मण से भिक्षा मांगे अथवा जो वन वासी द्विज गृहस्थ हैं उनसे भी भिक्षा याचन करे [मांगे]।

ग्रामादाहृत्य वाश्नीयादष्टौ ग्रासान्वने वसन्।
प्रतिगृह्य पुटेनैव पाणिना शकलेन वा ॥ २८ ॥

(२८) अथवा ग्राम से भिक्षा याचन करके आठ ग्रास खावे वन में बस कर दोनों हाथ व मिट्टी के पात्र के ठीकरे [टुकड़े] में भिक्षा ग्रहण करे।

एताश्चान्याश्च सेवेत दीक्षा विप्रो वने वसन्।
विविधाश्चौप निषदीरात्म संसिद्धये श्रुतिः ॥ २९ ॥

(२६) वन मे वस कर इस दीक्षा का तथा अन्य दीक्षा भी सेवन करे और विविध × उपनिषदो मे जो वेद की श्रुतिया है उनको आत्मा की भली प्रकार सिद्धि प्राप्त करने के लिए पढे तथा समझे ।

ऋषिभिर्ब्राह्मणैश्चैव गृहस्थैरेव सेविताः ।
विद्यातपोविवृद्ध्यर्थं शरीरस्य च शुद्धये ॥ ३० ॥

(३०) शरीर-शद्धि के लिये तथा तप वढाने के लिये उस विद्या का सेवन करे जिस विद्या का सेवन ऋषि तथा गृहस्थ ब्राह्मणो ने किया है ।

अपराजितां वास्थाय व्रजेद्दिशमजिह्मगः ।
आनिपाताच्छरीरस्य युक्तो वार्यनिलाशनः ॥ ३१ ॥

(३१) + चाहे एक स्थान पर बैठ कर समाधि द्वारा प्राकृत पदार्थों से पृथक्त्व प्राप्त करे अथवा किसी और को जल वालू खाता हुआ चलदे, जव तक कि शरीरका नाश न हो जावें ।

आसां महर्षिचर्याणां त्यक्त्वाऽन्यतमया तनुम् ।
वीतशोकभयो विप्रो ब्रह्मलोके महीयते ॥ ३२ ॥

(३२) वह सब आचरण जो बडे-वडे ऋषियो ने कहे

× उपनिषदो से तात्पर्य गुप्तलीला अर्थात् परोक्ष पदार्थ जीवात्मा परमात्मा का ज्ञान कराने वाली पुस्तकें हैं जिनमे वेद मत्रो के द्वारा ब्रह्मज्ञान क व्याख्या की गई है ।

+३१ वें श्लोक मे उनकी अवस्था वालो के अर्थ उपदेश हैं जिनको मुक्ति का उपकार हो गया है और अव किसी साधन की आवश्यकता नही है ।

है उनमें से किसी आचरण द्वारा शरीर को परित्याग करके शोक तथा भय को छोड़ कर ब्रह्मलोक में पूजित होता है।

वनेषु च विहृत्यैवं तृतीयं भागमायुषः ।
चतुर्थमायुषो भागं त्यक्त्वा सङ्गान्परिव्रजेत् ॥ ३३ ॥

(३३) इस प्रकार आयु का तीसरा भाग वन में व्यतीत करके संग को त्याग कर आयु के चतुर्थ भाग में संन्यास को धारण करे।

आश्रमादाश्रमं गत्वा हुतहोमो जितेन्द्रियः ।
भिक्षाबलिपरिश्रान्तः प्रव्रजन्प्रेत्य वर्धते ॥ ३४ ॥

(३४) जितेन्द्रिय हो यज्ञ को सम्पूर्ण कर यथाक्रम एक आश्रम के पश्चात् दूसरे आश्रम को ग्रहण कर भिक्षा तथा बलि कर्म से श्रमित थका हुआ संन्यास धारण कर परलोक में ब्रह्मपद को प्राप्त करता है।

ऋणानि त्रीण्यपाकृत्य मनोमोक्षे निवेशयेत् ।
अनपाकृत्य मोक्षं तु सेवमानो व्रजत्यधः ॥ ३५ ॥

(३५) तीनों ऋण जिन्हें देवऋण पितृऋण तथा ऋषि ऋण कहते हैं चुका कर मन को मोक्ष में लगावे। इन तीनों ऋणों के चुकाये बिना जो मोक्ष का सेवन करता है वह नरक में जाता है।

अधीत्य विधिवद्वेदान्पुत्रांश्चोत्पाद्य धर्मतः ।
इष्ट्वा च शक्तितो यज्ञैर्मनो मोक्षे निवेशयेत् ॥ ३६ ॥

(३६) विधि से वेद का अध्ययन करके धर्म से पुत्रोत्पन्न करके और शक्ति के अनुसार यज्ञ करता हुआ मोक्ष में मन को प्रवृत्ति करे अर्थात् चित्त ध्यान लगावे।

अनधीत्य द्विजो वेदाननुत्पाद्य तथा सुतान् ।
अनिष्ट्वा चैव यज्ञैश्च मोक्षमिच्छन्व्रजत्यधः ॥ ३७ ॥

(३७) जो ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य वेदाध्ययन न करके धर्म द्वारा पुत्र उत्पन्न न करे तथा यज्ञ का अनुष्ठान न कर मोक्ष की इच्छा करता है वह नरक मे जाता है, क्योकि मनुष्य जन्म केवल वेदाध्ययन कर जीवात्मा की अज्ञानता को दूर करने के निमित्त है।

प्राजापत्यां निरूप्येष्टिं सर्ववेदसदक्षिणाम् ।
आत्मन्यग्नीन्समारोप्य ब्राह्मणः प्रव्रजेद्गृहात् ॥३८॥

(३८) प्रजापत्य यज्ञ को करने पश्चात् सब को दक्षिणा देकर तथा अग्नि को अपनी आत्मा मे रख ब्राह्मण अपने गृह को परित्याग करे अर्थात् सन्यास धारण करे।

यो दत्त्वा सर्वभूतेभ्यः प्रव्रजत्यभयं गृहात् ।
तस्य तेजोमया लोका भवन्ति ब्रह्मवादिनः ॥ ३९ ॥

(३९) जो वेदाध्ययनी पुरुष सब भूतो [जीवो] को अभय प्रदान कर गृह त्याग करता है अर्थात् सन्यास धारण करता है वह ससार मे निडर होकर धर्मोपदेश कर सकता है

यस्मादण्वपि भूतानां द्विजान्नोत्पद्यते भयम् ।
तस्य देहाद्विमुक्तस्य भयं नास्ति कुतश्चन ॥ ४० ॥

(४०) जिस शक्ति-सम्पन्न [सामर्थ्यवान्] ब्राह्मण मे धर्मात्मा होने के कारण सब भूत [जीव] निडर हो अर्थात् किसी जीव को भय न हो तथा वह सब से प्रेम करता हो उसको आगामी जन्म मे कुछ भी भय नही रहता ।

अगारादभिनिष्क्रान्तः पवित्रोपचितो मुनिः ।
समुपोढेषु कामेषु निरपेक्षः परिव्रजेत् ॥ ४१ ॥

(४१) ससार त्यागी तथा स्नानादि से शुद्ध हो विचार करता हुआ और दूसरे के दिये हुए असनादि में अनिच्छुक हो सन्यास को धारण करे।

एक एव चरेन्नित्यं सिद्ध्यर्थमसहायवान् ।
सिद्धिमेकस्य सपश्यन्न जहाति न हीयते ॥ ४२ ॥

(४२) किसी की सहायता की इच्छा न करे सदैव इकाकी [अकेला] रहे जो सिद्धि के अर्थ एक ही की सिद्धि होती है इस बात को देखकर किसी को त्याग नही करता उनको भी कोई नहीं त्यागता ।

अनग्निरनिकेतः स्याद्ग्राममन्नार्थमाश्रयेत् ।
उपेक्षकोऽशङ्कसुको मुनिर्भावसमाहितः ॥ ४३ ॥

(४३) अग्निहोत्रादि सांसारिक कर्म तथा घर की इच्छा को परित्याग कर बुद्धि को स्थिर रख कर मुनिवृत्ति में मन लगाये तथा गाव से भिक्षा मांग कर निर्वाह करे । ब्रह्म मे चित्त वृत्ति लगाये हुए अन्नार्थ गाँव का आश्रय ले ।

कपालं वृक्षमूलानि कुचैलमसहायता ।
समता चैव सर्वस्मिन्नेतन्मुक्तस्य लक्षणम् ॥ ४४ ॥

(४४) मुक्त का लक्षण है कि भिक्षार्थ मिट्टी का पात्र रखे वृक्ष की जड़ मे निवास करे ऐसे वस्त्र रखे जो किसी कार्य के योग्य न हो किसी से सहायता की इच्छा न करे तथा सब जीवों को एक समान समझे ।

नाभिनन्देत मरणं नाभिनन्देत जीवितम् ।
कालमेव प्रतीक्षेत निर्देशं भृतको यथा ॥ ४५ ॥

(४५) मृत्यु वा जीवन इन दोनो मे से किसी की इच्छा न करे केवल समय का ही ध्यान रखे, जैसे सेवक अपने स्वामी की आज्ञा का ही ध्यान रखता है, क्योकि जीवन व मृत्यु की इच्छा का राग द्वेष विना नही हो सकती ।

दृष्टिपूतं न्यसेत्पादं वस्त्रपूतं जलं पिबेत् ।
सत्यपूतां वदेद्वाचं मनःपूतं समाचरेत् ॥ ४६ ॥

(४६) बाल तथा हड्डी से पृथक् रहने के हेतु भूमि पर देखकर पाँव रखे, छोटे २ जीवो के रक्षार्थ छान कर जल पीवे, सत्य वचनो ही को बोले, मन को इच्छा से रहित रखकर प्रत्येक समय पवित्रात्मा रहे ।

अतिवादांस्तितिक्षेत नावमन्येत कंचन ।
न चेमं देहमाश्रित्य वैरं कुर्वीत केनचित् ॥ ४७ ॥

(४७) लोगो के अपशब्दो को सहन करे, किसी का अपमान न करे, न किसी से शत्रुता करे, तथा अपने चित्त मे सासारिक मनुष्यो को नाशवान जानकर किसी से प्रीति व बैर (शत्रुता) का ध्यान भी न करे ।

क्रुध्यंतं न प्रतिक्रुध्येदाक्रुष्टः कुशलं वदेत् ।
सप्तद्वारावकीर्णां च न वाचमनृतां वदेत् ॥ ४८ ॥

(४८) यदि कोई सन्यासी पर क्रोध करे तो सन्यासी उस पर क्रोध न करे, और यदि सन्यासी से बुराई करे तो सन्यासी अपने उत्तम शब्दो द्वारा उसको प्रसन्न करे । पंच ज्ञानेन्द्रिय, व मन तथा बुद्धि इन सातो से जो वस्तु ग्रहण की

गई हो उसके विषय में वाणी द्वारा कथन करें सब इन्द्रियों को सम्बन्धित वस्तु के विषय में मूक (चुप) रहे परम् ब्रह्मवादी वार्तालाप करे।

अध्यात्मरतिरासीनो निरपेक्षो निरामिषः ।
आत्मनैव सहायेन सुखार्थी विचरेदिह ॥ ४६ ॥

(४६) आत्मा में प्रीति करता रहे प्रत्येक वस्तु का अनिच्छुक रहे। मांस भक्षण त्याग दे केवल अपनी आत्मा ही को सहायक जान कर सुख के अर्थ इस लोक में विचरे।

न चोत्पातनिमित्ताभ्यां न नक्षत्राङ्गविद्यया ।
नानुशासनवादाभ्यां भिक्षां लिप्सेत कर्हिचित् ॥५०॥

(५०) भूचाल आंख का फड़कना आदि नक्षत्र तथा हस्तरेखा (हाथ की रेखा) इनका फल कहकर नीतिशास्त्र का उपदेश करके कभी भिक्षा ग्रहण की इच्छा न करे।

न तापसैर्ब्राह्मणैर्वा वयोभिरपि वा श्वभिः ।
आकीर्णभिक्षुकैर्वान्यैरागारमुपसंव्रजेत् ॥ ५१ ॥

(५१) तपस्वी ब्राह्मण पक्षी कुत्ता भिक्षुक यह सब जिस घर में हो उस गृह को त्याग दे अर्थात् वहां से भिक्षायाचन न करे।

क्लृप्तकेशनखश्मश्रुः पात्री दण्डी कुसुम्भवान् ।
विचरेन्नियतो नित्यं सर्वभूतान्यपीडयन् ॥ ५२ ॥

(५२) बाल (केश) नख मोछ को छोटा रखे दण्ड कमण्डलु तथा पात्र को पास रखे किसी जीव को कष्ट व पीड़ा न देवे, सदैव अचिन्त्य (चिन्ता रहित) होकर विचरे।

अतैजसानि पात्राणि तस्य स्युर्निर्व्रणानि च ।
तेषामद्भिः स्मृतं शौचं चमसानामिवाध्वरे ॥ ५३ ॥

(५३) जो पात्र कासी व पीतलादि के हैं उनको परित्याग कर तूंबा आदि को रखे, जो अछिद्र हो और उनका जल व मिट्टी से पवित्र करे, जैसे यज्ञ मे चमस नाम पात्र को पवित्र करते हैं।

अलाबु दारुपात्रं च मृन्मयं वैदलं तथा ।
एतानि यतिपात्राणि मनुः स्वायंभुवोऽब्रवीत् ॥५४॥

(५४) लौकी, काठ, मिट्टी व बाँस का पात्र अपने पास रक्खे, सन्यासी के केवल उतने ही पात्र है जो उसके कायार्थ अत्यन्तावश्यकीय हैं और उन्ही को अपने समीप रक्खे, ऐसा मनुजी ने कहा है।

एककालं चरेद्भैक्षं न प्रसज्जेत विस्तरे ।
भैक्षे प्रसक्तो हि यतिर्विषयेष्वपि सज्जति ॥ ५५ ॥

(५५) केवल एक काल (समय) ही भिक्षा याचन करे, अधिक भिक्षा ग्रहण करने से सन्यासी सासारिक विषयो मे लिप्त होकर अपने सन्यासनामी व्रत को तोड देता है ।

विधूमे सन्नमुसले व्यङ्गारे भुक्तवज्जने ।
वृत्ते शरावसंपाते भिक्षां नित्यं यतिश्चरेत् ॥ ५६ ॥

(५६) जिस समय गृहस्थ के घर मे धुआ न हो, मूसल का शब्द न हो, अग्नि भी प्रज्वलित न हो तथा सब मनुष्य, भोजन से निवृत्त हो गये हो, जूठी पत्तलादि घर से बाहर फेंक दी गई हो नित्य उस समय ही सन्यासी भिक्षा-याचन को जावे ।

अलाभे न विषादी स्याल्लाभे चैव न हर्षयेत् ।
प्राणयात्रिकमात्रः स्यान्मात्रासङ्गाद्विनिर्गतः ॥५७॥

(५७) भिक्षा न प्राप्त हो तो विषाद न करे । (दु खी न हो) तथा भिक्षा प्राप्त हो जावे तो हर्षित न हो जिसम प्राणरक्षा हो वही करे तथा कपड़े आदि सामग्री भले बुरे की चिन्ता न करे, जैसा मिल जावे उसी से कार्य कर लेवे ।

अभिपूजितलाभांस्तु जुगुप्सेतैव सर्वशः ।
अभिपूजितलाभैश्च यतिर्मुक्तोऽपि बद्ध्यते ॥ ५८ ॥

(५८) जो वस्तु पूजा से प्राप्त हो उसकी निन्दा न करे अर्थात् उसे ग्रहण न करे तथा पूजा में प्रसन्न होने से मुक्तरूप सन्यासी बन्धन में पड़ जाता है क्योंकि लाभ की इच्छा बहुत बड़ा बन्धन है ।

अल्पान्नाभ्यवहारेण रहःस्थानासनेन च ।
ह्रियमाणानि विषयैरिन्द्रियाणि निवर्तयेत् ॥ ५९ ॥

(५९) अल्प भोजन कर एकान्त वास करे विषयों से इन्द्रियों को निवृत्त करे, अर्थात् मन को इच्छा तथा लोभ से रहित रक्खे ।

इन्द्रियाणां निरोधेन रागद्वेषक्षयेण च ।
अहिंसया च भूतानाममृतत्वाय कल्पते ॥ ६० ॥

(६) इन्द्रियों का निग्रह (रोकना , राग-द्वेष से पृथक रहना किसी जीव की हत्या न करना इन कर्मों से सन्यासी मोक्ष-प्राप्ति के योग्य हो जाता है ।

अवेक्षेत गतीर्नॄणां कर्मदोषसमुद्भवाः ।
निरये चैव पतनं यातनाश्च यमक्षये ॥ ६१ ॥

(६१) कर्म दोष के कारण मनुष्यो की दशा, उनका नरक मे पतन, तथा यम के यहा अति दु ख भोगना, इन सब बातो को देखे अर्थात् विच र करे।

विप्रयोगं प्रियैश्चैव संप्रोगं च तथाऽपियैः।
जरया चाभिभवनं व्याधिभिश्चोपपीडनम् ॥ ६२ ॥

(६२) प्रिय पदार्थों का वियोग, अप्रिय पदार्थो का सयोग, वृद्धावस्था मे अपमान और अनादर, पाप कर्मों से दु ख, शोक व व्याधि की यातनायें भोगना, इन सब दशाओ पर भी ध्यान देवे।

देहादुत्क्रमणं चात्मात्पुनर्गर्भे च संभवम्।
योनिकोटिसहस्रेषु सृतीश्चास्यान्तरात्मनः ॥ ६३ ॥

(६३) शरीर से प्राण का निकलना, पश्चात् गर्भ मे स्थित रहना, करोडो योनि मे उत्पन्न होना, इन बातो पर भी ध्यान करके मुक्ति-प्राप्ति के अर्थ साधन करे।

अधर्मप्रभवं चैव दुःखयोगं शरीरिणाम्।
धर्मार्थप्रथवं चैव सुखसंयोगमक्षयम् ॥ ६४ ॥

(५५) देहधारी मनुष्यो को अधर्म से दु ख होना, धर्म तथा अर्थ से अक्षय सुख होना, इसे विचार कर अधर्म का त्याग करे तथा धर्म का पालन करके सुख-प्राप्ति का प्रयत्न करे।

सूक्ष्मतां चान्ववेक्षेत योगेन परमात्मनः।
देवेषु च समुत्पत्तिमुत्तमेष्वधमेषु च ॥ ६५ ॥

(६५) योग तथा सूक्ष्म दृष्टि की विधि से परमात्मा के ज्ञान को लाभ करे, और देहधारियो मे उत्तम, मध्यम, अधम

दशा को पुण्य कर्म व पापकर्म अर्थात् धर्माधर्म का फल समझ कर ध्यान पूर्वक विचार करे ।

दूषितऽपि चरद्धर्म यत्र तत्राश्रमे रत ।
सम सर्वेषु भूतेषु न लिंग धर्मकारणम् ॥ ६६ ॥

(६६) यदि किसी आश्रम में रहकर उसकी सांसारिक विधि को कार्य में न लाता हो किन्तु सब जीवों से निज आत्मा तुल्य (समान) व्यवहार करे तो वह दूषित (बुरा) नहीं क्योंकि सांसारिक (१) दिखावटी चिन्ह धर्म का कारण नहीं ।

फल कतकवृक्षस्य यद्यप्यम्बुप्रसादकम् ।
न नामग्रहणादेव तस्य वारि प्रसीदति ॥ ६७ ॥

(६७) निर्मली फल यद्यपि जल को स्वच्छ करता है परन्तु उसके नाममात्र के लेने से जल स्वच्छ नहीं होता जब उसको घिस कर पानी में डालने तभी जल स्वच्छ होगा । इसी प्रकार केवल (२) भेष ही धारण कर लेना धर्म नहीं है वरन् उस धर्म पर चलना धर्म कहलाता है ।

संरक्षणार्थं जन्तूनां रात्रावहनि वा सदा ।
शरीरस्यात्यये चैव समीक्ष्य वसुधां चरेत् ॥ ६८ ॥

(६८) जीवों के रक्षार्थ दिवस व रात्रि प्रत्येक समय भूमि को देखकर चले जिससे जीवहिंसा न हो वरन् जीव के शरीर को भी कष्ट न हो ।

---

१ व २—जो मनुष्य केवल वेषधारी व सभा में नाम लिखाने से अपने को धर्मात्मा मानते हैं वह इस पर ध्यान देवें कि महात्मा मनुजी केवल दिखावटी चिन्हों को धर्म नहीं बतलाते ।

अह्नारात्र्या च याञ्जन्तून्हिनस्त्यज्ञानतो यतिः ।
तेषां स्नात्वा विशुद्ध्यर्थं प्राणायामान्षडाचरेत् ॥६९॥

(६९) सन्यासी अज्ञानता मे जो जीवहिंसा करता है उस पाप से मुक्त होने के अर्थ स्नान करके छ प्राणायाम करने से शुद्ध हो जाता है ।

प्राणायामा ब्राह्मणस्य त्रयोऽपि विधिवत्कृताः ।
व्याहृतिप्रणवैर्युक्ता विज्ञेयं परमं तपः ॥ ७० ॥

(७०) व्याहृत तथा प्रणव (ॐकार) करके विधिवत् तीन प्राणायाम भी करे तो उस ब्राह्मण का परम तप है ।

दह्यन्ते ध्मायमानानां धातूनां हि यथा मलाः ।
तथेन्द्रियाणां दह्यन्ते दोषाः प्राणस्य निग्रहात् ॥७१॥

(७१) जिस प्रकार अग्नि के तपाने से सब धातुओ का मैल दूर हो जाता है, उसी प्रकार प्रणायाम करने से इन्द्रियो के सब दोष दूर हो जाते है ।

प्राणायामैर्दहेद्दोषान्धारणाभिश्च किल्बिषम् ।
प्रत्याहारेण संसर्गान्ध्यानेनानीश्वरान्गुणान् ॥ ७२ ॥

(७२) प्राणायाम द्वारा इच्छा आदि दोषो को भस्मीभूत कर देना चाहिये, परमात्मा मे चित्तवृत्ति लगा कर पाप को इन्द्रिय-निग्रह (वश मे) करके विषयो का ध्यान द्वारा लोभ, मोह, क्रोधादि को दूर कर देना चाहिये, तथा अनीश्वर वाद, अर्थात् ईश्वर से पृथक्ता कराने वाले कार्य्य व तर्क को त्याग देना चाहिये ।

उच्चावचेषु भूतेषु दुर्ज्ञेयामकृतात्मभिः ।
ध्यानयोगेन सम्पश्येद्गतिमस्यान्तरात्मनः ॥ ७३ ॥

(७३) जीवों में उच्च व अधम (छोटा बड़ा) आत्मा के गुणों से होता है, उसका योग विधि से ध्यान करके उसकी आन्तरिक दशा का ज्ञान लाभ करे जिसे सांसारिक मनुष्य अर्थात् गृहस्थादि किंचित मात्र भी नहीं जान सकते हैं।

सम्यग्दर्शनसम्पन्नः कर्मभिर्न निबध्यते ।
दर्शनेन विहीनस्तु संसारं प्रतिपद्यते ॥ ७४ ॥

(७४) दर्शन शास्त्रानुसार प्रत्येक वस्तु (तत्व) की सत्य तथा वास्तविक दशा का ज्ञाता कर्म-बन्धन वश पुनर्जन्म नहीं लेता तथा जो तत्वज्ञान से रहित है वह बार-बार जन्म लेता और मृत्यु पाता है अर्थात् बार-बार शरीर धारण करता है।

अहिंसयेन्द्रियासङ्गैर्वैदिकैश्चैव कर्मभिः ।
तपसश्चरणैश्चोग्रैः साधयन्तीह तत्पदम् ॥ ७५ ॥

(७५) अहिंसा इन्द्रियों के विषय से विरक्ति वेदानुसार कर्म करना तप करना इसके द्वारा बुद्धिमान् पुरुष ब्रह्मपद को साधन करता है।

अस्थिस्थूणं स्नायुयुतं मांसशोणितलेपनम् ।
चर्मावनद्धं दुर्गन्धि पूर्णं मूत्रपुरीषयोः ॥ ७६ ॥

(७६) अब शरीर का वर्णन करते हैं। हड्डी का स्तम्भ (खम्भा) रगों द्वारा कसा हुआ तथा मांस व रुधिर से लिपा (लिसा) हुआ चमड़े (खाल) से बंधा हुआ दुर्गन्धिपूर्ण, मल मूत्र से भरा हुआ है।

जराशोकसमाविष्टं रोगायतनमातुरम् ।
रजस्वलमनित्यं च भूतावासमिमं त्यजेत् ॥ ७७ ॥

(७७) बुढापे तथा सासारिक चिन्ताओ के कारण रोग का घर, भूक,प्यास और अन्य अग्नियो के कष्ट मे दुखी (पीडित) मानापमान की चिन्ता से चिंतित तथा नाशवान अग्नि, वायु, जल, पृथ्वी, आकाश से बना हुआ घर है जिसमे जीवात्मा वास करता है। अतएव ईस नरक-कुण्ड (पुनः शरीर धारण करने) से बचाने वाले कर्मों को करे ।

नदीकूलं यथा वृक्षो वृक्षं वा शकुनिर्यथा ।
तथा त्यजन्निमं देहं कृच्छ्राद्ग्राहाद्विमुच्यते ॥ ७८ ॥

(७८) जैसे नदी के प्रवाह से नदी के किनारे के वृक्ष अपने स्थान को त्याग देते है तथा जैसे पक्षी अपने वृक्षो को त्याग देते हैं। वैसे परब्रह्म की भक्ति करने वाला भक्त शरीर को त्याग कर सासारिक कष्टो से मुक्त हो जाता है ।

प्रियेषु स्वेषु सुकृतमप्रियेषु च दुष्कृतम् ।
विसृज्य ध्यानयोगेन ब्रह्माभ्येति सनातनम् ॥ ७९ ॥

(७९) सुकृत (उत्तम) कार्यों मे प्रिय अर्थात् उत्तमता और दुष्कृत (अधर्म, बुरे कार्यों) अप्रिय अर्थात् बुराई के विचार को सर्वथा त्याग कर ब्रह्मज्ञानी को ब्रह्म के ध्यान मे निमग्न हो जाना चाहिये ।

यदा भावेन भवति सर्वभावेषु निःस्पृहः ।
तदा सुखमवाप्नोति प्रेत्य चेह च शाश्वतम् ॥ ८० ॥

(८०) जब सासारिक विषयो को धर्म के प्रतिकूल

(विरुद्ध) समझ कर तथा उनके दोषों का ज्ञान लाभ कर त्याग देता है वह इहलोक तथा परलोक मे सुख प्राप्त करता है।

अनेन विधिना सर्वास्त्यक्त्वा सङ्गाञ्छनैः शनैः ।
सर्वद्वन्द्वविनिर्मुक्तो ब्रह्मण्येवावतिष्ठते ॥ ८१ ॥

(८१) इस विधि से धीरे धीरे सब प्रकार के कर्मों का परित्याग कर क्रोध लोभ मोहादि से विमुक्त होकर ब्रह्म (परमात्मा) के स्वरूप में निमग्न हो जाता है।

ध्यानिकं सर्वमेवैतद्यदेतदभिशब्दितम् ।
न ह्यनध्यात्मवित्कश्चित्क्रियाफलमुपाश्नुते ॥ ८२ ॥

(८२) सन्तानादि के प्रतिबन्धन को तोड़ना मानापमान का विचार न होना आदि बातें जीवात्मा को परमात्मा के ध्यान से प्राप्त होती हैं तथा अनात्मज्ञानी (अर्थात् आत्मा को न जानने वाला) सांसारिक दुःखों से विमुक्त होकर मुक्ति लाभ नहीं कर सकता।

अधियज्ञं ब्रह्म जपेदाधिदैविकमेव च ।
आध्यात्मिकं च सततं वेदान्ताभिहितं च यत् ॥८३॥

(८३) जो वेद ससार मे यज्ञ देवता तथा जीव के स्वरूप को दर्शाकर ब्रह्मज्ञान को प्राप्त कराता है अर्थात् देता है जो वेद के अध्ययन (पढने) तथा अध्यापन (पढाने) में सदैव रत (लगा) रहे।

इदं शरणमज्ञानामिदमेव विजानताम् ।
इदमन्विच्छतां स्वर्गमिदमानन्त्यमिच्छताम् ॥ ८४ ॥

(८४) मूर्ख तथा विद्वान् जो सुख और मुक्ति की अभिलाषा रखते हैं उनको इष्ट लाभ (इच्छित वस्तु के प्राप्त करने)

का सत्य मार्ग बतलाने वाला केवल वेद ही है । अतएव वेद का स्वाध्याय सदैव करता रहे ।

अनेन क्रमयोगेन परिव्रजति यो द्विजः ।
स विधूयेह पाप्मानं परं ब्रह्माधिगच्छति ॥ ८५ ॥

(८५) जो ब्राह्मण, क्षत्रिय तथा वैश्य इस विधि से सन्यास धारण करता है वह इस लोक मे पाप से विमुक्त होकर परलोक मे परब्रह्म को पाता है ।

एष धर्मोऽनुशिष्टो वो यतीनां नियतात्मनाम् ।
वेदसंन्यासिकानां तु कर्मयोगं निबोधत ॥ ८६ ॥

(८६) भृगुजी ऋषियो से कहते हैं कि अब हम चारो प्रकार के सन्यासियो के साधारण धर्म बतला कर कुटीचर (मठाधीश) सन्यासियो के विशेष धर्म को आप लोगो को बतलाते हैं। चार प्रकार के सन्यासियो के यह नाम है—कुटीचर, भावुक, हस, परमहस ।

ब्रह्मचारी गृहस्थश्च वानप्रस्थो यतिस्तथा ।
एते गृहस्थप्रभवाश्चत्वारः पृथगाश्रमाः ॥ ८७ ॥

(८७) ब्रह्मचारी, गृहस्थ, वानप्रस्थ, यती विशेष अर्थात् सन्यासी, यह चारो आश्रम पृथक् गृहस्थ ही से उत्पन्न हैं ।

सर्वेऽपि क्रमशस्त्वेते यथाशास्त्रं निषेविताः ।
यथोक्त कारिणं विप्रं नयन्ति परमां गतिम् ॥ ८८ ॥

(८८) जो ब्राह्मण शास्त्र-विधि से इन चारो आश्रमो का सेवन करता है वह परमगति अर्थात् मोक्षपद को लाभ करता है ।

एष वाऽभिहितो धर्मो ब्राह्मणस्य चतुर्विधः ।
पुण्योऽक्षयफलः प्रेत्य राज्ञां धर्मं निबोधत ॥ ९७ ॥

(९७) भृगु जी कहते हैं कि हे ऋषिजनो ! आपसे ब्राह्मणों का चार प्रकार का धर्म कहा है । यह धर्म पवित्र है तथा परलोक में उसका फल अक्षय है । इसके पश्चात् राजाओं का धर्म कहते हैं ।

मनुजी के धर्मशास्त्र भृगु जी की संहिता का
छठा अध्याय समाप्त हुआ ।

❀ सप्तमोऽध्याय ❀

राजधर्मान्प्रवक्ष्यामि यथावृत्तो भवेन्नृप ।
संभवश्च यथा तस्य सिद्धिश्च परमा यथा ॥ १ ॥

(१) भृगुजी कहते हैं कि अब हम राजाओं के धर्म और उनकी उत्पत्ति को कहते हैं तथा जिस विधि से राजा लोग अपने जीवन को सफल कर सकते हैं उस विधि को भी वर्णन करते हैं ।

ब्राह्मं प्राप्तेन संस्कारं क्षत्रियेण यथाविधि ।
सर्वस्यास्य यथान्यायं कर्तव्यं परिरक्षणम् ॥ २ ॥

(२) क्षत्रिय यथाविधि यज्ञोपवीत (जनेऊ) धारण कर वेदारम्भादि संस्कारों को करके अपनी प्रजा के रक्षार्थ न्याय में निरत (लगा) रहे यथाचित अन्याय न करे ।

अराजके हि लोकेऽस्मिन्सर्वतो विद्रुते भयात् ।
रक्षार्थमस्य सर्वस्य राजानमसृजत्प्रभुः ॥ ३ ॥

(३) जो देश सब ओर से भयदायक है तथा जिसमे राजा नही है उस देश के रक्षार्थ श्री ब्रह्मा जी ने राजा को उत्पन्न किया।

इन्द्रानिलयमार्काणामग्नेश्च वरुणस्य च ।
चन्द्रवित्तेशयोश्चैव मात्रा निर्हृत्य शाश्वती ॥ ४ ॥

(४) *(१) इन्द्र, (२) यमराज, (२) वायु, (४) सूर्य. (५) अग्नि, (६) वरुण, (७) चन्द्रमा, (८) कुवेर, इन आठो के अश से श्री ब्रह्माजी ने राज को उत्पन्न किया।

यस्मादेषां सुरेन्द्राणां मात्राभ्यो निर्मितो नृपः ।
तस्मादभिभवत्येष सर्वभूतानि तेजसा ॥ ५ ॥

(५) क्योकि देवताओ के अश से राजा की उत्पत्ति है अतएव राजा सब भूतो (जीवो) को अपने तेज से वश मे करता है।

तपत्यादित्यवच्चैषां चक्षूंषि च मनांसि च ।
न चैनं भुवि शक्नोति कश्चिदप्यभिवीक्षितुम् ॥ ६ ॥

(६) देखने वाले के नेत्रो तथा मन को सूर्य की नाई तपाता है, कोई मनुष्य भूमि पर राजाओ के सन्मुख होकर उनको देख नही सकता, क्योकि उनका तेज सूर्य के समान है।

---

* राजा के आठ कार्य हैं—१-इन्द्र से पालन, २-यमराज से न्याय, ३-सूर्य से प्रकाश अर्थात् शिक्षोन्नति, ४-अग्नि से पवित्र वेद को पृथक करना, ५-चन्द्रमा से प्रजा को प्रसन्न करने का प्रयत्न करना, ६-वरुण से शान्ति स्थापित करना, ७-कुवेर से धन की रक्षा करना।

सर्वेषामपि चैतेषां वेदस्मृतिविधानतः ।
गृहस्थ उच्यते श्रेष्ठः स त्रीनेतान्बिभर्ति हि ॥ ८९ ॥

(८९) वेद तथा शास्त्रानुसार चारों आश्रमों से गृहस्थ आश्रम श्रेष्ठ है क्योंकि शेष तीनों आश्रमों में रहने वाले पुरुषों का भोजन तथा वस्त्र से गृहस्थ ही पालन करता है ।

यथा नदीनदाः सर्वे सागरे यान्ति संस्थितिम् ।
तथैवाश्रमिणः सर्वे गृहस्थे यान्ति संस्थितिम् ॥९०॥

(९०) जिस प्रकार नदी-नाले सब समुद्र में जाकर स्थित रहते हैं उसी प्रकार सब आश्रम वाले गृहस्थ ही में स्थित रहते हैं क्योंकि मनुष्य की उत्पत्ति तथा पालन गृहस्थ द्वारा होता है ।

चतुर्भिरपि चैवैतैर्नित्यमाश्रमिभिर्द्विजैः ।
दशलक्षणको धर्मः सेवितव्यः प्रयत्नतः ॥ ९१ ॥

(९१) चारों आश्रम वाले द्विज सदैव दश लक्षणों युक्त धर्म को प्रयत्न सहित ग्रहण करें ।

धृतिः क्षमा दमोऽस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः ।
धीर्विद्या सत्यमक्रोधो दशकं धर्मलक्षणम् ॥ ९२ ॥

(९२) धर्म के दश लक्षण यह हैं—धृति (दृढ़ता) क्षमा (हानि पहुँचाने वाले से प्रतिशोध व प्रतिकार न लेना) दम (मन को विषयों से रोकना) अस्तेय (किसी प्रकार की चोरी न करना) शौच (शरीर मन और बुद्धि को कुप्रवृत्तियों से पृथक रखना) इन्द्रिय निग्रह (इन्द्रियों को वश में रखना) धी (शास्त्राध्ययन व स्वाध्याय द्वारा बुद्धि बढ़ाना) विद्या (जीवात्मा परमात्मा प्रकृति के सत्य स्वरूप को जानना)

सत्य (निज ज्ञान विरुद्ध न कहना), अक्रोध (किसी पर अकारण क्रोध न करना) । यह धर्म के दश ऐसे लक्षण हैं जिनके हेतु किसी सासारिक सामग्री की आवश्यकता नही वरन् इनका सम्बन्ध केवल आत्मा से है ।

दशलक्षणानि धर्मस्य ये विप्राः समधीयते ।
अधीत्य नानुवर्तन्ते ते यान्ति परमां गतिम् ॥ ६३ ॥

(६३) जो मनुष्य धर्म के इन दश लक्षणो को जानकर इसके अनुसार आचरण तथा व्यवहार करता है वह परमगति अर्थात् मोक्ष पद को लाभ करता है ।

दशलक्षणकं धर्ममनुतिष्ठन्समाहितः ।
वेदान्तं विधिवच्छ्रुत्वा संन्यसेदनृणो द्विजः ॥ ६४ ॥

(६४) मन को चिन्ता रहित कर, इस दश लक्षण युक्त धम को पूर्ण कर यथाविधि वेदान्त शास्त्र को सुन तथा पढ कर तीनो ऋणो से मुक्त होकर सन्यास धारण करे ।

संन्यस्य सर्वकर्माणि कर्मदोषानपानुदन् ।
नियतो वेदमभ्यस्य पुत्रैश्वर्ये सुखं वसेत् ॥६५ ॥

(६५) इस प्रकार सब कर्मों को त्याग, कर्म दोषो से विमुक्त हो वेदाभ्यास करता हुआ सासारिक दुःखो से विमुक्त हो पुत्र के ऐश्वर्य से सुखी रहे ।

एवं संन्यस्य कर्माणि स्वकार्यपरमोऽस्पृहः ।
संन्यासेनापहत्यैनः प्राप्नोति परमां गतिम् ॥ ६६ ॥

(६६) इस प्रकार सब कर्मो को त्याग, आत्मज्ञान को ही विशेष मानकर स्वर्गादि की इच्छा को परित्याग कर सन्यास द्वारा पाप को दूर करके परम गति को पाता है ।

एष वोऽभिहितो धर्मो ब्राह्मणस्य चतुर्विधः ।
पुण्योऽक्षयफलः प्रेत्य राज्ञां धर्मं निबोधत ॥ ६७ ॥

(६७) भृगु जी कहते हैं कि हे ऋषिजनो ! आपसे ब्राह्मणों का चार प्रकार का धर्म कहा है। वह धर्म पवित्र है तथा परलोक में उसका फल अक्षय है। इसके पश्चात् राजाओं का धर्म कहते हैं।

मनुजी के धर्मशास्त्र भृगु जी की संहिता का
छठा अध्याय समाप्त हुआ।

❀ सप्तमोऽध्याय ❀

राजधर्मान्प्रवक्ष्यामि यथावृत्तो भवेन्नृपः ।
संभवश्च यथा तस्य सिद्धिश्च परमा यथा ॥ १ ॥

(१) भृगुजी कहते हैं कि अब हम राजाओं के धर्म और उनकी उत्पत्ति को कहते हैं तथा जिस विधि से राजा लोग अपने जीवन को सफल कर सकते हैं उस विधि को भी वर्णन करते हैं।

ब्राह्मं प्राप्तेन संस्कारं क्षत्रियेण यथाविधि ।
सर्वस्यास्य यथान्यायं कर्तव्यं परिरक्षणम् ॥ २ ॥

(२) क्षत्रिय यथाविधि यज्ञोपवीत (जनेऊ) धारण कर वेदारम्भादि संस्कारों को करके अपनी प्रजा के रक्षार्थ न्याय से विरत (अलग) रह अन्याय न करे।

अराजके हि लोकेऽस्मिन्सर्वतो विद्रुते भयात् ।
रक्षार्थमस्य सर्वस्य राजानमसृजत्प्रभुः ॥ ३ ॥

(३) जो देश सब ओर से भयदायक है तथा जिसमे राजा नही है उस देश के रक्षार्थ श्री ब्रह्मा जी ने राजा को उत्पन्न किया।

इन्द्रानिलयमार्काणामग्नेश्च वरुणस्य च।
चन्द्रवित्तेशयोश्चैव मात्रा निर्हृत्य शाश्वती ॥ ४ ॥

(४) *(१) इन्द्र, (२) यमराज, (२) वायु, (४) सूर्य (५) अग्नि, (६) वरुण, (७) चन्द्रमा, (८) कुवेर, इन आठो के अश से श्री ब्रह्माजी ने राज को उत्पन्न किया।

यस्मादेषां सुरेन्द्राणां मात्राभ्यो निर्मितो नृपः।
तस्मादभिभवत्येष सर्वभूतानि तेजसा ॥ ५ ॥

(५) क्योकि देवताओ के अश से राजा की उत्पत्ति है अतएव राजा सब भूतो (जीवो) को अपने तेज से वश मे करता है।

तपत्यादित्यवच्चैषां चक्षूंषि च मनांसि च।
न चैनं भुवि शक्नोति कश्चिदप्यभिवीक्षितुम् ॥ ६ ॥

(६) देखने वाले के नेत्रो तथा मन को सूर्य की नाई तपाता है, कोई मनुष्य भूमि पर राजाओ के सन्मुख होकर उनको देख नही सकता, क्योकि उनका तेज सूर्य के समान है।

---

* राजा के आठ कार्य है—१-इन्द्र से पालन, २-यमराज से न्याय, ३-सूर्य से प्रकाश अर्थात् शिक्षोन्नति, ४-अग्नि से पवित्र वेद को पृथक करना, ५-चन्द्रमा से प्रजा को प्रसन्न करने का प्रयत्न करना, ६-वरुण से शान्ति स्थापित करना, ७-कुवेर से धन की रक्षा करना।

सोऽग्निर्भवति वायुश्च सोऽर्कः सोमः स धर्मराट् ।
स कुबेरः स वरुणः स महेन्द्रः प्रभावतः ॥ ७ ॥

(७) वही राजा समयानुसार अपने बल से प्रत्येक देवता के काय को मनुष्य समूह के अर्थ करता है और उस समय वह (राजा) उसी देवता के तुल्य है ।

बालोऽपि नावमन्तव्यो मनुष्य इति भूमिप ।
महती देवता ह्येषा नररूपेण तिष्ठति ॥ ८ ॥

(८) यदि राजा बालक भी हो तो भी मनुष्य उसको तुच्छ न समझें क्योंकि राजा किसी पर मनुष्य रूप में देवता वत् स्थित है ।

एकमेव दहत्यग्निर्नरं दुरुपसर्पिणम् ।
कुलं दहति राजाग्निः सपशुद्रव्यसञ्चयम् ॥ ९ ॥

(९) अग्नि के समीप तथा सम्मुख जो कोई जाता है अग्नि केवल उसी को भस्म करती है परन्तु राजा रूपी अग्नि धनादि सामग्री तथा पशुओं सहित कुलों को भस्म कर देती है ।

कार्यं सोऽवेक्ष्य शक्तिं च देशकालौ च तत्त्वतः ।
कुरुते धर्मसिद्ध्यर्थं विश्वरूपं पुनः पुनः ॥ १० ॥

(१०) राजा अपने कार्य देश काल तथा अपनी शक्ति अनुसार तत्व को विचार अर्थात् सत्यासत्य निर्णय कर अपने तात्पर्य को सिद्ध करने के अर्थ प्रत्येक बार और प्रत्येक समय भिन्न भिन्न देवता के * रूप को धारण करता है ।

---

* श्लोक १ मे रूप धारण करने से यह तात्पर्य है कि राजा पालन करने के समय इन्द्र न्याय के समय धर्मराज तथा शिक्षा प्रचार के समय सूर्य आदि का रूप हो जाता है ।

यस्य प्रसादे पद्मा श्रीर्विजयश्च पराक्रमे ।
मृत्युश्च वसति क्रोधे सर्वतेजोमयो हि सः ॥ ११ ॥

(११) जिस राजा की प्रसन्नता मे लक्ष्मी रहती हैं और पराक्रम मे विजय तथा क्रोध मे मृत्यु वसती है वह राज सव तेजो का धारण करने वाला है।

तं यस्तु द्वेष्टि संमोहात्सविनश्यत्यसंशयम् ।
तस्य ह्याशु विनाशाय राजा प्रकुरुते मनः ॥ १२ ॥

(१२) जो मनुष्य मोहवश ऐसे राजा से शत्रुता करता है, उसका नाश अवश्यम्भावी है। ऐसे मनुष्य के नाश के हेतु राजा शीघ्र ही मन लगाता है।

तस्माद्धर्मं यमिष्टेषु स व्यस्येन्नराधिपः ।
अनिष्टं चाप्यनिष्टेषु तं धर्मं न विचालयेत् ॥ १३ ॥

(१३) अतएव योग्य वा अयोग्य कार्य जिस प्रकार राजा वेद के शिक्षानुसार नियत करे उससे कभी विचलित न होना चाहिये।

तस्यार्थे सर्वभूतानां गोप्तारं धर्ममात्मजम् ।
ब्रह्मतेजोमयं दण्डमसृजत्पूर्वमीश्वरः ॥ १४ ॥

(१४) ईश्वर ने सब कार्यों को राजा के द्वारा सत्य न्याय मुक्त कराने के लिये तथा जीवो के रक्षार्थ पहले ही दण्ड का प्रवन्ध (विधान) किया।

तस्य सर्वाणि भूतानि स्थावराणि चराणि ।
भयाद्भोगाय कल्पन्ते स्वधर्मान्न चलन्ति च ॥ १५ ॥

(१५) इस दण्ड के भय से चराचर जीव भोग करने

के हेतु समर्थ होते हैं और अपने धर्म से विचलित नहीं हो सकते।

स देश कालौ शक्तिं च विद्यां चावेक्ष्य तत्त्व ।
यथार्हत' सम्प्रणयेन्नरेष्वन्यायवर्तिषु ॥ १६ ॥

(१६) देश काल शक्ति विद्या को देखकर अपराधियों को उनके वित्तानुसार तथा कालानुसार यथाक्रम योग्य दण्ड देवे।

स राजा पुरुषो दण्डः स नेता शासिता च सः ।
चतुर्णामाश्रमाणां च धर्मस्य प्रतिभू' स्मृतः ॥ १७ ॥

(१७) संसार में दण्ड ही राजा है तथा दण्ड ही के कारण राजा पुरुष है और शेष सब लोग स्त्री हैं। दण्ड कार्यों का फल देने वाला चारों आश्रमों के धर्म का आज्ञादाता और उत्तरदाता है।

दण्ड' शास्ति प्रजा' सर्वा दण्ड एवाभिरक्षति ।
दण्ड' सुप्तेषु जागर्ति दण्ड धर्म विदुर्बुधा ॥१८॥

(१८) सबका रक्षक आज्ञा देने वाला तथा सोते हुओं को चैतन्य करने वाला वही दण्ड है। उसी दण्ड को पण्डित लोग धर्म कहते हैं।

समीक्ष्य स धृत सम्यक्सर्वा रञ्जति प्रजाः ।
असमीक्ष्य प्रणीतस्तु विनाशयति सर्वत' ॥ १६ ॥

(१६) जिस समय राजा ध्यान से विचार कर दण्ड देता है सब प्रजा को विश्राम व आनन्द मिलता है तथा जब वही दण्ड बिना विचार किये दिया जाता है तब सारी प्रजा का सब ओर विनाश कर देता है।

यदि न प्रणयेद्राजा दण्डं दण्ड्येष्वतन्द्रितः ।
शूले मत्स्यानिवाभक्ष्यान्दुर्बलान्बलवत्तराः ॥ २० ॥

(२०) दुर्बल मनुष्यो को बलवान जीना दुस्तर [कठिन] कर दें, यदि राजा के आलस्य तथा कुप्रबन्ध से अपराधी दण्ड न पावें ।

अद्यात्काकः पुरोडाशं श्वा च लिह्याद्धविस्तथा ।
स्वाम्यं च न स्यात्कस्मिंश्चित्प्रवर्तेताधरोत्तरम् ॥२१॥

(२१) ॐ यदि दण्ड न दिया जावे तो अच्छे पुरुषो का सारा धन धूर्त लोग अपहरण करलें ।

सर्वो दण्डजितो लोको दुर्लभो हि शुचिर्नरः ।
दण्डस्य हि भयात्सर्वं जगद्भोगाय कल्पते ॥ २२ ॥

(२२) जितने जीव है सब दण्डनीय हैं । पवित्र मनुष्य दुर्लभ हैं। दण्ड-भय से सारे जीव कार्य करने की सामर्थ्य रखते हैं ।

देवदानवगन्धर्वा रक्षांसि पतगोरगाः ।
तेऽपि भोगाय कल्पन्ते दण्डेनैव निपीडिताः ।२३॥

(२३) देव, दानव, गन्धर्व, राक्षस, पक्षी, साप यह सब दण्ड द्वारा ही कर्म करने का सामर्थ्य रखते हैं ।

दुष्येयुः सर्ववर्णाश्च भिद्येरन्सर्वसेतवः ।
सर्वलोकप्रकोपश्च भवेद्दण्डस्य विभ्रमात् ॥ २४ ॥

ॐ इस श्लोक मे काक शब्द धूर्तों के अर्थ मे आया है ।

+२५ वें श्लोक मे जिस दण्ड का वर्णन है यह अति भयानक है जिनका तात्पर्य पुलिस से है ।

(२४) दण्डनीय पुरुषों को दण्ड न देने से व अदण्ड नीय पुरुषों को दण्ड देने से सब वर्ण दुष्ट हो जावेंगे तथा मर्यादा टूट जावेगी सारा ससार कोपित हो जावेगा।

यत्र श्यामो लोहिताक्षो दण्डश्चरति पापहा।
प्रजास्तत्र न मुह्यन्ति नेता चेत्साधु पश्यति ॥ २५ ॥

(२५) जहा श्याम व अरुण (लाल काला) नेत्र-पाप नाशक दण्ड चक्कर लगाता है वहाँ प्रजा को मोह नहीं होता किन्तु यह उसी दशा में होता है जब दण्ड-दाता (दण्ड देने वाला) भली भांति विचार पूर्वक दण्ड देवे।

तस्याहुः सम्प्रणेतारं राजानं सत्यवादिनम्।
समीक्ष्यकारिणं प्राज्ञं धर्मकामार्थकोविदम् ॥ २६ ॥

(२६) जो राजा सत्यवादी दूरदर्शी धर्म-कर्म ज्ञाता चतुर तथा कार्य-तत्पर है उसी में दण्ड देने की सामर्थ्य है।

तं राजा प्रणयन्सम्यक् त्रिवर्गेणाभिवर्धते।
कामात्मा विषमः क्षुद्रो दण्डेनैव निहन्यते ॥ २७ ॥

(२७) इस दण्ड को देने से राजा धर्म काम अर्थ से बढ़ता है जितने मनुष्य कामी क्रोधी छली तथा नीच हैं वह सब दण्ड द्वारा ही मारे जाते हैं।

दण्डो हि सुमहत्तेजो दुर्धरश्चाकृतात्मभिः।
धर्माद्विचलितं हन्ति नृपमेव सबान्धवम् ॥ २८ ॥

(२८) दण्ड बहुत ही तेजवान् है। जो राजा शास्त्रज्ञाता नहीं है। वह दण्ड ही को धारण नहीं कर सकता। वही दण्ड अधर्मी राजा को उसके सम्बन्धी तथा बान्धवों सहित नष्ट कर देता है।

ततो दुर्गं च राष्ट्रं च लोकं च सचराचरम् ।
अन्तरिक्षगतांश्चैव मुनीन्देवांश्च पीडयेत् ॥ २९ ॥

(२९) वही दण्ड तो अधर्मी राजा द्वारा दिया जाता है दुर्ग (किला), राष्ट्र (राज्य), चर, अचर, लोक, अन्तरिक्ष (अर्थात् ऊपर के लोक) मे जो मनुष्य व देवता लोग हैं उनको पीडा पहुँचाता है ।

सोऽसहायेन मूढेन लुब्धेनाकृतबुद्धिना ।
न शक्यो न्यायतो नेतुं सक्तेन विषयेषु च ॥ ३० ॥

(३०) जो राजा शरणागत को शरण नही देता व मूढ (मूर्ख) लोभी तथा सासारिक विषय भोगो मे लिप्त है,वह न्याय शास्त्रानुसार दण्ड देने की सामर्थ्य नही रखता है ।

शुचिना सत्यसंधेन यथाशास्त्रानुसारिणा ।
प्रणेतु शक्यते दण्डः सुसहायेन धीमता ॥ ३१ ॥

(३१) जो राजा पवित्र, सत्यवादी, शास्त्रानुरोगी, शरणागत-पालक तथा बुद्धिमान् है वह निस्सन्देह दण्ड देने की सामर्थ्यं रखता है ।

स्वराष्ट्रे न्यायवृत्तः स्याद्भृशदण्डश्च शत्रुषु ।
सुहृत्स्वजिह्मः स्निग्धेषु ब्राह्मणेषु क्षमान्वितः ॥ ३२ ॥

(३२) अपने राज्य मे न्यायानुसार चले, शत्रु को कठिन दण्ड देवे, सुहृदो व शुभचिन्तको के साथ दया का बर्ताव करे तथा अल्प अपराधी ब्राह्मणो को क्षमा करे इससे अपने राज्यकी दृढता होती और शत्रुओ को भय रहता है ।

एवंवृत्तस्य नृपतेः शिलोञ्छेनापि जीवतः ।
विस्तीर्यते यशो लोके तैलबिन्दुरिवाम्भसि ॥ ३३ ॥

(३३) +इस रीति से रहकर शिलोञ्छ द्वारा जीवन व्यतीत कर तो उस राजा का यश लोक में फैल जाता है—जैसे तेल की एक बूंद जल पर फैल जाती है ।

अतस्तु विपरीतस्य नृपतेरजितात्मनः ।
सङ्क्षिप्यते यशो लोके घृतबिन्दुरिवाम्भसि ॥ ३४ ॥

(३४) जो राजा इसके प्रतिकूल कार्य करता है और जिसने अपनी आत्मा को वश नहीं किया उसका यश लोक में नहीं फैलता है—जैसे घी की बूंद पानी मे नहीं फैलती है ।

स्वे स्वे धर्मे निविष्टानां सर्वेषामनुपूर्वशः ।
वर्णानामाश्रमाणां च राजा सृष्टोऽभिरक्षिता ॥ ३५ ॥

(३५) जो वरण तथा आश्रम अपने अपने धर्म पर आरूढ़ है उनकी रक्षा के निमित्त राजा उत्पन्न किया गया है।

तेन यद्यत्सभृत्येन कर्त्तव्यं रक्षता प्रजाः ।
तत्तद्वोऽहं प्रवक्ष्यामि यथावदनुपूर्वशः ॥ ३६ ॥

(३६) भृगुजी कहते हैं कि हे ऋषि लोगो ! जो राजा अपने कर्मचारियों सहित प्रजा की रक्षा में सलग्न रहते हैं उनके करने योग्य कर्मों को हम लोगों से यथाक्रम कहेंगे ।

ब्राह्मणान्पर्युपासीत प्रातरुत्थाय पार्थिवः ।
त्रैविद्यवृद्धान्विदुषस्तिष्ठेत्तेषां च शासने ॥ ३७ ॥

(३७) राजा प्रातःकाल उठ कर ऐसे ब्राह्मणों का—जो

+नोट—मनुजी राजा को परोपकार के अर्थ राज्य की आज्ञा देते हैं स्वार्थपरता के लिये नहीं अतएव शिलोञ्छ वृत्ति जीवन निर्वाह करना चाहिये ।

ऋग्वेद, यजुर्वेद तथा सामवेद को अर्थ सहित सत्योचित रीति से जानते ही दर्शन और पूजन करे।

वृद्धांश्च नित्यं सेवेत विप्रान्वेदविदः शुचीन्।
वृद्धसेवी हि सततं रक्षोभिरपि पूज्यते ॥ ३८ ॥

(३८) अपने वृद्धो तथा वेद-ज्ञाता वृद्ध ब्राह्मणो की सेवा शुश्रूषा नित्य ही राजा को करनी चाहिये। इससे राजा को शत्रु लोग भी पूजते हैं।

तेभ्योऽधिगच्छेद्विनयं विनीतात्मापि नित्यशः।
विनीतात्मा हि नृपतिर्न विनश्यति कर्हिचित् ॥३९॥

(३९) स्वाभाविक वुद्धि तथा वेदाध्ययन से उत्पन्न बुद्धि द्वारा यदि विनीत हो तो भी अधिक विनय के अभिप्राय से ब्राह्मणो से विनय किया करे जिससे नष्ट न हो।

वहवोऽविनयान्नष्टा राजानः सपरिच्छदाः।
वनस्था अपि राज्यानि विनयात्प्रतिपेदिरे ॥ ४० ॥

(४०) वहुत से राजा विनीत न होने के कारण राज्य तथा धन सहित नष्ट हो गये और बनवासी राजाओ ने विनय द्वारा ही राज्य प्राप्त किया है।

वेनो विनष्टोऽविनयान्नहुषश्चैव पार्थिवः।
सुदासो यवनश्चैव सुमुखो निमिरेव च ॥ ४१ ॥

(४१) वेन, नहुष, यवन पुत्र सुदास, सुमुख तथा निमि यह सव राजा विनय न करने के कारण ही नष्ट हो गये।

पृथस्तु विनयाद्राज्यं प्राप्तवान्मनुरेव च।
कुवेरश्च धनैश्वर्यं ब्राह्मण्यं चैव गाधिजः ॥ ४२ ॥

(४२) विनय करने के कारण पृथु तथा मनु ने राज्य पाया कुबेर भगवान् के भण्डार के कोषाध्यक्ष हुए गाधि के पुत्र विश्वामित्र क्षत्रिय से ब्राह्मण हो गये।

त्रैविद्येभ्यस्त्रयीं विद्यां दण्डनीतिं च शाश्वतीम्।
आन्वीक्षिकीं चात्मविद्यां वार्तारम्भांश्च लोकतः ॥४३॥

(४३) तीन वेदों के ज्ञाताओं से तीनों वेद दण्डनीति ज्ञाताओं से नीतिशास्त्र ब्रह्मविद्या ज्ञाताओं से ब्रह्मविद्या को पढ़े तथा धन प्राप्ति के उपाय-ज्ञाताओं से कृषि व्यापार और पशु पालन व चिकित्सा आदि को सीखे।

इन्द्रियाणां जये योगं समातिष्ठेद्दिवानिशम्।
जितेन्द्रियो हि शक्नोति वशे स्थापयितुं प्रजाः॥४४॥

(४४) रात्रि दिवस इन्द्रियों को वश में करने का प्रयत्न करे जो राजा जितेन्द्रिय है वह सारा प्रजा को अपनी अधीनता में रख सकता है तथा जो इन्द्रियजित् नहीं है अर्थात् विषयी है वह अवश्य नष्ट होता है।

दश कामसमुत्थानि तथाष्टौ क्रोधजानि च।
व्यसनानि दुरन्तानि प्रयत्नेन विवर्जयेत् ॥ ४५ ॥

(४५) दश दोष काम से उत्पन्न होते हैं आठ दोष क्रोध से उत्पन्न होते हैं। इन अठारह दोषों को प्रयत्न करके परित्याग करना उचित है।

कामजेषु प्रसक्तो हि व्यसनेषु महीपतिः।
वियुज्यतेऽर्थधर्माभ्यां क्रोधजेष्वात्मनैव तु ॥ ४६ ॥

(४६) कामों द्वारा उत्पन्न व्यसनों में लिप्त होने से

राजा के धर्म तथा अर्थ का नाश हो ज ता है और क्रोधात्पन्न व्यसनो मे लिप्त होने से राजा स्वय नष्ट हो जाता है ।

मृगयाऽक्षो दिवास्वप्नः परिवादः स्त्रियो मदः ।
तौर्यत्रिकं वृथाट्या च कामजो दशको गुणः ॥ ४७ ॥

(४७) काम द्वारा उत्पन्न दस व्यसन यह हैं—१–मृगया (शिकार खेलना), २–पासा खेलना, ३–दिन मे सोना, ४–परिवाद (दूसरे का दोष प्रकट करना), ५–स्त्री की सेवा करना, ६–मद्य पीकर मस्त हो जाना, ७—नाचना, ८—गाना, ९—बजाना, १०–व्यर्थ घूमना ।

पैशुन्यं साहसं द्रोहं ईर्ष्या सूयार्थदूषणम् ।
वाग्दण्डजं च पारुष्यं क्रोधजोऽपि गणोऽष्टकः ॥४८॥

(४८) क्रोध द्वारा उत्पन्न आठ व्यसन यह हैं—१–बिना जाने दोष को कहना, २–निज बल द्वारा काम करना, ३–छल से किसी को मार डालना, ४–ईर्ष्या, ५–किसी के गुण मे दोष लगाना, ६–कटु भाषण, ७–अर्थ को चुराना अथवा देने योग्य पदार्थ को न देना ८–दण्ड से ताडन करना ।

द्वयोरप्येतयोर्मूलं यं सर्वे कवयो विदुः ।
तं यत्नेन जयेल्लोभं तज्जावेतावुभौ गणौ ॥ ४९ ॥

(४९) उपरोक्त त्याग योग्य दोषो का मूल लोभ है अर्थात् लोभ करने से इनकी उत्पत्ति होती है । अतएव लोभ का यत्न करके परित्याग कर देना उचित है । निर्लोभी होने से सब वश मे हो जाते हैं, यह बात बुद्धिमानो ने कही है ।

पानमक्षाः स्त्रियश्चैव मृगया च यथाक्रमम् ।
एतत्कष्टतमं विद्याच्चतुष्कं कामजे गणे ॥ ५० ॥

(५) काम द्वारा उत्पन्न दोषों में मद्य पीना पाँसा खेलना स्त्री वशीभूत होना +आखेट खेलना यह चारों यथाक्रम (एक दूसरे से) निकृष्ट हैं।

दण्डस्य पातनं चैव वाक्पारुष्यार्थदूषणे ।

क्रोधजे पि गणे विद्यात्कष्टमेतत्त्रिकं सदा ॥ ५१ ॥

(५१) १—क्रोध द्वारा उत्पन्न व्यसनों में दण्ड से हनन करना २—कटु भाषण ३—देने योग्य पदार्थ को न देना यह तीन सदैव निकृष्ट हैं।

सप्तकस्यास्य वर्गस्य सर्वत्रैवानुषङ्गिणः ।

पूर्वं पूर्वं गुरुतरं विद्याद्व्यसनमात्मवान् ॥ ५२ ॥

(५२) इन सातों का वासस्थान एक ही है इनमें यथा क्रम एक दूसरे से अधिक निकृष्ट है।

व्यसनस्य च मृत्योश्च व्यसनं कष्टमुच्यते ।

व्यसन्यधोऽधो व्रजति स्वर्यात्यव्यसनी मृतः ॥५३॥

(५३) व्यसन तथा मृत्यु में व्यसन निकृष्ट है, क्योंकि व्यसनी नरक में जाता है और जिसने व्यसन परित्याग कर दिये हैं वह मृत्यु के पश्चात् सुख पाता है। अतएव व्यसन से मृत्यु उत्तम है।

मौलाञ्छास्त्रविदः शूरांल्लब्धलक्षान्कुलोद्गतान् ।

सचिवान्सप्त चाष्टौ वा प्रकुर्वीत परीक्षितान् ॥ ५४ ॥

(५४) जो लोग शास्त्रज्ञाता शूरवीर लब्धलक्ष (अर्थात्

+ श्लोक ५ वें में मनुजी तो राजा के हेतु आखेट का निषेध करते हैं परन्तु कलियुगी राजा इसको अपना धर्म मानते हैं।

वात की तह को पहुँचे हुए), उत्तम कुलवान् हो, उनकी परीक्षा लेकर राजा उनका सचिव (मन्त्री) बनावे तथा वह सचिव सख्या मे ७ वा ८ हो ।

अपि यत्सुकरं कर्म यदप्येकेन दुष्करम् ।
विशेषतोऽसहायेन किं तु राज्यं महोदयम् ॥ ५५ ॥

(५५) जो कार्य सरल है वह भी एकाकी नही हो सकता और राज-काज तो बडा भारी काम है, वह किस प्रकार एकाकी हो सकेगा ?

तै सार्ध चिन्तयेन्नित्यं सामान्यं संधिविग्रहम् ।
स्थानं समुदयं गुप्तिं लब्धप्रशमनानि च ॥ ५६ ॥

(५६) इन मन्त्रियो से निम्न लिखित विषयो पर नित्य मन्त्रणा (परामर्श) करे अर्थात् सिन्ध, विग्रह, धन, नगर, राज्य, रथखाना आदि सेनापालन, अन्न,सोना,रूपादि की उत्पत्ति स्थान, अपनी तथा राज्य की रक्षा और प्राप्त धन को उत्तम लोगों को दान देना ।

तेषां स्वं स्वमभिप्रायमुपलभ्य पृथक् पृथक् ।
समस्तानां च कार्येषु विदध्याद्धितमात्मनः ॥ ५७ ॥

(५७) सचिवगण (मन्त्रिमण्डल) जो मन्त्रणा (सलाह) दे उसको पृथक-पृथक अथवा एक ही वार समझ कर उचित आज्ञा देवे जिसमे भला हो ।

सर्वेषां तु विशिष्टेन ब्राह्मणेन विपश्चिता ।
मन्त्रयेत्परमं मन्त्रं राजा षाड्गुण्यसंयुतम् ॥ ५८ ॥

(५८) सव मन्त्रियो मे जो अधिक विद्वान् तथागुण-

वान् हो उसके साथ छः गुण वाले परम मन्त्र को विचारे । छः गुण आगे कहेंगे ।

नित्यं तस्मिन्समाश्वस्तः सर्वकार्याणि निःक्षिपेत् ।
तेन सार्धं विनिश्चित्य ततः कर्म समारभेत् ॥ ५६ ॥

(५६) सदा उस पर विश्वास करके सारे कार्य करे तथा उसकी सम्मति लेकर कार्य को प्रारम्भ करे ।

अन्यानपि प्रकुर्वीत शुचीन्प्राज्ञानवस्थितान् ।
सम्यगर्थसमाहर्तॄनमात्यान्सुपरीक्षितान् ॥ ६० ॥

(६०) जो मनुष्य शुद्ध व सर्वज्ञाता है—उत्तम व उचित रीति से धन प्राप्त करने वाले हैं तथा उत्तम विधि से जिनकी परीक्षा हो चुकी है ऐसे और भी मन्त्री नियत करे ।

निर्वर्तेतास्य यावद्भिरितिकर्तव्यता नृभिः ।
तावतोऽतन्द्रितान्दक्षान्प्रकुर्वीत विचक्षणान् ॥ ६१ ॥

(६१) जितने मनुष्यों से कार्य सम्पादन हो सके उतने ही मनुष्यों को नौकर रक्खे परन्तु वह मनुष्य चतुर कार्य-कुशल तत्पर तथा दक्ष होवें ।

तेषामर्थे नियुञ्जीत शूरान्दक्षान्कुलोद्गतान् ।
शुचीनाकरकर्मान्ते भीरूनन्तर्निवेशने ॥ ६२ ॥

(६२) इन मन्त्रियों में चतुर कुलवान शुद्ध व पवित्र अनिच्छुक तथा धैर्यवान् हो उनको कार्य सौंप दे जिसमें धन प्राप्त हो तथा जो मनुष्य कायर व डरपोक हों उनको कोट (किला) के भीतर रक्खे ।

दूतं चैव प्रकुर्वीत सर्वशास्त्रविशारदम् ।
इङ्गिताकारचेष्टज्ञं शुचिं दक्षं कुलोद्गतम् ॥ ६३ ॥

(६३) जो मनुष्य शास्त्र-विशारद [ज्ञाता], सैन व आकर [रूप] को समझने वाला, शुद्ध व पवित्र, चतुर [दक्ष] तथा कुलवान् हो उनको दूत नियत करे।

अनुरक्तः शुचिर्दक्षः स्मृतिमान्देशकालवित् ।
वपुष्मान्वीतभीर्वाग्मी दूतो राज्ञः प्रशस्यते ॥ ६४ ॥

(६४) राजा के निमित्त ऐसे दूत की आवश्यकता है जो राजा का मित्र, स्वामी को प्रसन्न रखने व ला, शुचि, दक्ष, प्रत्येक बात स्मरण रखने वाला, देशकाल-ज्ञाता, सुरूपवान [सुन्दर] सुवार्तालाप करने वाला तथा निडर हो।

आमात्ये दण्ड आयत्तो दण्डवैनयिकी क्रियाः ।
नृपतौ कोशराष्ट्रे च दूते सन्धिविपर्ययो ॥ ६५ ॥

(६५) सचिव के अधीन दण्ड है, दण्ड के अधीन न्याय है, राजा के अधीन कोष व राज्य है, दूत के अधीन सन्धि तथा विग्रह है।

दूत एव हि संधत्ते भिनत्येव च संहतान् ।
दूतस्तत्कुरुते कर्म भिद्यन्ते येन मानवाः ॥ ६६ ॥

(६६) दूत ही विगडे हुए [शत्रु] को मिलाता है अथवा दूत ही मिले हुए [मित्र] को विगाडता है। जिसके द्वारा सन्धि [मिलाप] तथा विग्रह [विगाड] होता है वह दूत ही करता है।

स विद्यादस्य कृत्येषु निगूढेंगितचेष्टितैः ।
आकारमिंगित्तं चेष्टां भृत्येषु च चिकीर्षितम् ॥ ६७ ॥

(६७) सव अधिकारियो मे दूत ही राजा की वात, सैन आकार, चेष्टा तथा राजा के करने योग्य सव कार्य को जाने, अन्य सेवको को पूर्ण भेद ज्ञात न होना चाहिये।

बुबुध्या च सव तत्त्वेन परराजचिकीर्षितम् ।

तथा प्रयत्नमातिष्ठ यथात्मान न पीडयेत् ॥ ६८ ॥

(६८) अन्य राजाओं के चित्त का सत्य तत्त्व [वृत्तान्त] अपने प्रयत्न से ज्ञात करे तथा ऐसा उपाय करे जिससे अपनी आत्मा को पीड़ा [दुःख] न पहुँचे ।

जांगले सस्यसपन्नमार्यप्रायमनाविलम् ।

रम्यमानतसामन्त स्वाजीव्यं देशमावसेत् ॥ ६९ ॥

(६९) जिस देश में अल्प जल व घास हो तथा वायु, धूप व अन्न अधिक हो उसे जाङ्गल कहते हैं । उसमें तथा जिस देश में सज्जन पुरुष हों नीरोग हों, जो फल फूल व लतादि से मनोहर हो जहाँ की प्रत्येक दिशा के मनुष्य विनीत हों, जहाँ कृषि व्यापारादि धन प्राप्ति के साधन सरलता से प्राप्त हो सके ऐसे देश में राजा निवास करे ।

धन्वदुर्गं महीदुर्गमब्दुर्गं वार्क्षमेव वा ।

नृदुर्गं गिरिदुर्गं वा समाश्रित्य वसेत्पुरम् ॥ ७० ॥

(७०) १—जिसके चारों ओर पानी न हो २—जहाँ की भूमि ठण्डी हो ३—जिसके चारों ओर पानी हो ४—जिसके चारो ओर वृक्ष हों ५—जिसके चारो ओर वीर योद्धा बसते हों ६—जिसके चारों ओर पहाड़ हो । यह छः स्थान दुर्ग (कोट) के समान है एस स्थान पर राजा निवास करे जहां पर दूसरे की सेना न आ सके ।

सर्वेण तु प्रयत्नन गिरिदुर्गं समाश्रयेत ।

एषां हि बाहुगुण्येन गिरिदुर्गं विशिष्यते ॥ ७१ ॥

(७१) जिस देश के चारो ओर पहाड़ है उसमें निवास

करे, जहाँ तक ऐसा स्थान (देश) मिले अन्य स्थान मे निवास न करे। इन सबो मे ऐसा देश उत्तम है।

त्रीण्याद्यान्याश्रितास्त्वेषां मृगगर्ताश्रयाऽप्सराः ।
त्रीण्युत्तराणि क्रमशः प्लवंगमनरामराः ॥ ७२ ॥

(७२) प्रथम तीन दुर्गों (कोटो) मे, हिरन, चूहा, जल के जीव रहते हैं। पिछले तीन कोटो मे बन्दर, मनुष्य, देवता रहते हैं।

यथा दुर्गाश्रितानेतान्नोपहिंसति शत्रवः ।
तथारयो न पिंसन्ति नृपं दुर्गसमाश्रितम् ॥ ७३ ॥

(७३) जिस प्रकार हिरन आदि अपने कोट मे बसने से शत्रुओ से कष्ट नही पाते हैं, उसी प्रकार राजा दुर्ग मे बसने से शत्रुओ से पीडा नही पाता है।

एकः शतं योधयति प्राकारस्थो धनुर्धरः ।
शतं दशसहस्राणि तस्माद्दुर्ग विधीयते ॥ ७४ ॥

(७४) दुर्गवासी एक धनुर्धारी प्रकार (कोट की दीवार) के बाहर के सौ योद्धाओ से लड सकता है तथा दुर्गवासी सौ मनुष्य बाहर के दश सहस्र मनुष्यो से युद्ध कर सकते हैं। अत-एव दुर्ग बनाने का उपदेश करते हैं।

तत्स्यादायुधसंपन्नधनधान्येन वाहनैः ।
ब्राह्मणैः शिल्पिभिर्यन्त्रैर्यवसेनोदकेन च ॥ ७५ ॥

(७५) दुर्ग के भीतर यह सामग्री उपस्थित रहनी चाहिये—शस्त्र, धन, धान्य (अन्न), ब्राह्मण, शिल्पी (कारीगर) यन्त्र (कल), घास, पानी तथा ईधन आदि।

तस्य मध्ये सुपर्याप्तं कारयेद्गृहमात्मनः ।
गुप्तं सर्वर्तुकं शुभ्रं जलवृक्षसमन्वितम् ॥ ७६ ॥

(७६) उस दुर्ग में अपना प्रासाद (मकान) ऐसा बनावे कि जिसमे पृथक २ स्त्री देवता शस्त्र तथा अग्नि के गृह हों खाई भी हो सब ऋतुओं के फल फूल उपस्थित हो गृह श्वेत रंग का हो तथा उसमें बावली कूप व वृक्ष हों ।

तदध्यास्योद्वहेद्भार्यां सवर्णां लक्षणान्विताम् ।
कुले महति संभूतां हृद्यां रूपगुणान्विताम् ॥ ७७ ॥

(७७) उस गृह में बस कर अपनी जाति की उत्तम कुल की कन्या से विवाह करे जो हृदय को प्यारी हो रूपवती गुणवती व सहृदय हो ।

पुरोहितं च कुर्वीत वृणुयादेव चर्त्विजम् ।
तेऽस्य गृह्याणि कर्माणि कुर्युर्वैतानिकानि च ॥७८॥

(७८) पुरोहित व ऋत्विज इन दोनो को अधिकार दे यह दोनों राजा के अग्निहोत्र आदि गृह के कार्यों को करे ।

यजेत राजा क्रतुभिर्विविधैराप्तदक्षिणैः ।
धर्मार्थं चैव विप्रेभ्यो दद्याद्भोगान्धनानि च ॥७६॥

(७६) विविध यज्ञों को भले प्रकार दक्षिणा देकर करे। धर्मार्थ ब्राह्मणों का भोग (अर्थात् गृह शय्या आभूषण वस्त्रादि) व धन देवे।

सांवत्सरिकमाप्तैश्च राष्ट्रादाहारयेद्बलिम् ।
स्याच्चाम्नायपरो लोके स वर्तेतपितृवन्नृषु ॥ ८० ॥

(८) राजा अपने राज्य से अपना भाग प्रतिवर्ष लेवे वेदाज्ञानुसार कार्य करे, सारी प्रजा का अपनी सन्तान की

नाईं पालन करे तथा प्रजा उसको पिता के समान समझ कर उसकी आज्ञा माने ।

अध्यक्षान्विविधान्कुर्यात्तत्र तत्र विपश्चितः ।
तेऽस्य सर्वाण्यवेक्षेरन्नृणां कार्याणि कुर्वताम् ॥८१॥

(८१) प्रत्येक स्थान पर विविध कार्यों का एक-एक अध्यक्ष नियत करे, वह अध्यक्ष राजा के कर्मचारियो के काम का निरीक्षण करें ।

आवृत्तानां गुरुकुलाद्विप्राणां पूजको भवेत् ।
नृपाणामक्षयो ह्येषः निधिर्ब्राह्मोऽभिधीयते ॥ ८२ ॥

(८२) जो ब्राह्मण गुरुकुल से विद्याध्ययन समाप्त कर अपने पिता के गृह आवे, राजा उनका पूजन करे, वे ब्राह्मण अक्षय कोष हैं ।

न तं स्तेना न चामित्रा हरन्ति न च नश्यति ।
तस्माद्राज्ञा निधातव्यो ब्राह्मणेष्वक्षयो निधिः ॥८३॥

(८३) जो धन व सामग्री ब्राह्मण को दी जाती है वह अक्षय है, उसको चोर चुरा नही सकता । अतएव राजा अपने धन से ऐसे ब्राह्मणो की सेवा-शुश्रूषा तथा पूजा करे ।

न स्कन्दते न व्यथते न विनश्यति कर्हिचित् ।
वरिष्ठमग्निहोत्रेभ्यो ब्राह्मणस्य मुखे हुतम् ॥ ८४ ॥

(८४) * ब्राह्मण के मुख में जो हवन किया गया अर्थात् देवता व पितरो व ऋषियो के निमित्त जो उनको भोजन कराया जाता है) चाहे परमेश्वर के प्रसन्नार्थ भोजन

---

* ब्राह्मण से तात्पर्य पूर्णज्ञानी, जितेन्द्रिय, धर्मोपदेश करने वाले ब्राह्मण से है ।

कराया गया है वह गिरता नहीं न कष्ट होता है, न दुःख देता है तथा ऐसा हवन [अर्थात् ब्रह्मभोज] अग्निहोत्र से उत्तम है।

समममब्राह्मणे दानं द्विगुणं ब्राह्मणब्रुवे ।
प्राधीते शतसाहस्रमनन्तं वेदपारगे ॥ ८५ ॥

(८५) × ब्राह्मण के अतिरिक्त क्षत्रिय आदि को जितना देवे उतना ही मिलता है मूर्ख ब्राह्मण को देने से दूना मिलता है। वेद का एक शाखा पढ़े हुए को देने से लाख गुना मिलता है तथा समस्त वेदपारगामी [पढ़े हुए] को देने से अनन्त फल मिलता है।

पात्रस्य हि विशेषेण श्रद्दधानतयैव च ।
अल्पं वा बहु वा प्रेत्य दानस्य फलमश्नुते ॥ ८६ ॥

(८६) दाता की श्रद्धा तथा दानग्रहणकर्ता ब्रह्मज्ञानी ब्राह्मण की तपश्चर्या के तेज के कारण दान का अल्प वा बहुत फल आगामी जन्म में अवश्य मिलता है।

समोत्तमाधमै राजा त्वाहूतः पालयन्प्रजाः ।
न निवर्तेत संग्रामात्क्षात्रं धर्ममनुस्मरन् ॥ ८७ ॥

(८७) जो राजा प्रजा का पालन करता हुआ क्षात्रधर्म का ध्यान रखता है यदि उसे युद्ध निमित्त उससे बड़ा या छोटा राजा पुकारे तो वह उसके निमित्त युद्ध करे मुँह न मोड़े।

संग्रामेष्वनिवर्तित्वं प्रजानां चैव पालनम् ।
शुश्रूषा ब्राह्मणानां च राज्ञां श्रेयस्करं परम् ॥ ८८ ॥

× यह श्लोक सर्वथा सम्मिलित किया हुआ है क्योंकि मूर्ख कभी ब्राह्मण हो ही नहीं सकता।

(८८) १-युद्ध मे धीरता धारण करना, २-प्रजा पालन करना, ३-ब्राह्मणो की सेवा-शुश्रूषा करना । यह तीन कार्य राजा को सबसे अधिक आनन्द देने वाले है ।

आहवेषु मिथोऽन्योन्यं जिघांसन्तो महीक्षितः ।
युध्यमानाः परं शक्त्या स्वर्गं यान्त्यपराङ्मुखाः ॥ ८९ ॥

(८९) रण मे युद्ध से विमुख न होकर लडते हुए जो क्षत्रिय वीरगति पाता है वह स्वर्ग मे जाता है ।

न कूटैरायुधैर्हन्याद्युध्यमानो रणे रिपून् ।
न कर्णिभिर्नापि दिग्धैर्नाग्निज्वलिततेजनैः ॥ ९० ॥

(९०) जो शस्त्र विष बुझे हैं, जिनके उपर लकडी तथा भीतर से लोहा है, जिस तीर की गासी कर्णिरूप है तथा जो अग्नि मे तपाये हुए है ऐसे अस्त्रो से युद्ध मे शत्रुओ को न मारो ।

न च हन्यात्स्थलारूढं न क्लीबं न कृताञ्जलिम् ।
न मुक्तकेशं नासीनं न तवास्मीतिवादिनम् ॥ ९१ ॥

(९१) भूमि पर स्थित, क्लीव (नपुंसक), हाथ जोडने वाला, जिसके सिर के बाल खुले हो, बैठा हुआ, ऐसा कहने वाला कि मैं तुम्हारा हूँ इतने पुरुषो को न हनन करे ।

न सुप्तं न विसन्नाहं न नग्नं न निरायुधम् ।
नायुध्यमानं पश्यन्तं यः परेण समागतम् ॥ ९२ ॥

(९२) सोता मनुष्य सन्नाह (कवच) न धारण किये हो, नि शस्त्र, युद्धेच्छुक न हो, किसी के साथ तमाशा देखने आया हो, ऐसे मनुष्यो को भी न मारे ।

नायुधव्यसनप्राप्तं नार्तं नातिपरीक्षतम् ।
न भीतं न परावृत्तं सतां धर्ममनुस्मरन् ॥ ९३ ॥

(९३) छिन्न शस्त्र वाला पुत्रादि की मृत्यु के कारण शोकार्त कठिन घाव सहा हो भयातुर युद्ध से पराङ्मुख (भागा हुआ) इन सबको सज्जनों के धर्म को विचार कर न मारे ।

यस्तु भीतः परावृत्तः संग्रामे हन्यते परैः ।
भर्तुर्यद्दुष्कृतं किञ्चित्तत्सर्वं प्रतिपद्यते ॥ ९४ ॥

(९४) जो मनुष्य भय वश रण से पराङ्मुख होकर दूसरे के शस्त्र से घायल होकर मारा जाता है वह अपने स्वामी के पाप को पाता है ।

यच्चास्य सुकृतं किंचिदमुत्रार्थमुपार्जितम् ।
भर्ता तत्सर्वमादत्ते परावृत्तहतस्य तु ॥ ९५ ॥

(९५) जो क्षत्रिय युद्ध से पराङ्मुख होकर मारा जावे उसके पुण्य कर्मों का फल उसके स्वामी को प्राप्त होता है ।

रथाश्वं हस्तिनं छत्रं धनं धान्यं पशून्स्त्रियः ।
सर्वद्रव्याणि कुप्यं च यो यज्जयति तस्य तत् ॥९६॥

(९६) रथ घोड़ा हाथी छतरी धन धान्य पशु स्त्री तथा सारा द्रव्य सोना चाँदी के अतिरिक्त सीसा पीतल आदि इन सबको जो जीतता है वही उसका स्वामी है ।

राज्ञश्च दद्युरुद्धारमित्येषा वैदिकी श्रुतिः ।
राज्ञा च सर्वयोधेभ्यो दातव्यमपृथग्जितम् ॥ ९७ ॥

(९७) सोना चाँदी भूमि आदि जो उत्तम वस्तुयें जीत में प्राप्त हों उनका पाने वाला अपने राजा को देवे देह वेद में लिखा है तथा राजा उस वस्तु को उन सब शूरों को बाँट दे जिन्होंने वेश विजय किया है ।

एषोऽनुसंस्कृतः प्रोक्तो योधधर्मः सनातनः ।
अस्माद्धर्मान्न च्यवेत क्षत्रियोघ्नन् रणे रिपून् ॥९८॥

(९८) क्षत्रिय शूरवीरो का भी धर्म यही कहा है कि वे रण मे शत्रु को मारते हुए क्षात्र धर्म को न छोडें। यदि वे क्षात्र धर्म त्याग दें तो क्षत्रिय कहलाने योग्य नही हो सकते।

अलब्धं चैव लिप्सेत लब्धं रक्षेत्प्रयत्नतः ।
रक्षितं वर्धयेच्चैव वृद्धं पात्रेषु निःक्षिपेत् ॥ ९९ ॥

(९९) अप्राप्त वस्तु को प्राप्त करने का प्रयत्न करे, प्राप्त वस्तु की रक्षा करे, रक्षित की उन्नति करे तथा उन्नत वस्तु को ❀ शुभ कार्यो मे व्यय करे।

एतच्चतुर्विधं विद्यात्पुरुषार्थप्रयोजनम् ।
अस्य नित्यमनुष्ठानं सम्यक्कुर्यादतन्द्रितः ॥ १०० ॥

(१००) राजा के पुरुषार्थ का प्रयोजन भी चार प्रकार का है, उसको जाने और आलस्य त्याग उन चारो का सेवन करे जो उपरोक्त श्लोक मे कथित हैं।

अलब्धमिच्छेद्दण्डेन लब्धं रक्षेदवेक्षया ।
रक्षितं वर्धयेद्वृद्धया वृद्धं पात्रेषु निःक्षिपेत् ॥१०१॥

(१०१) अलब्ध वस्तु की प्राप्ति की इच्छा करे, जो दण्ड द्वारा प्राप्त हो उसकी रक्षा करे, जिस वस्तु की रक्षा देखने मात्र से होती है उसकी उन्नति देखने से करे, व्याज से बढे हुए धनादि को दान मे लगावे।

❀ विद्योन्नति, अनाथरक्षा, ब्रह्मचारी, वानप्रस्थ, संन्यासी आदि की सहायता मे व्यय करे।

नित्यमुद्यतदण्डः स्यान्नित्यं विवृतपौरुषः ।
नित्य संवृतसंवार्यो नित्यं छिद्रानुसार्यरेः ॥ १०२ ॥

(१०२) हाथी घोड़ा आदि की सवारी तथा युद्ध के नियम (रीति) सीखने का अभ्यास करे, अस्त्रविद्या द्वारा सर्वदा अपने पौरुष का यश प्राप्त करे मन्त्र (सलाह आचार चेष्टा आदि को प्रकट न करे तथा शत्रु के दोष को जानता रहे इन सब कार्यों को सदैव करता रहे ।

नित्यमुद्यतदण्डस्य कृत्स्नमुद्विजते जगत् ।
तस्मात्सर्वाणि भूतानि दण्डेनैव प्रसाधयत् ॥ १०३ ॥

(१०३) जिस राजा के राज्य में अपराध करके दण्ड से नहीं बच सकता है उस राजा से सब भयभीत रहते हैं अतएव राजा को उचित है कि अपराधी को दण्ड देकर सबको अपने अधीन रक्खे ।

अमाययैव वर्तेत न कथंचन मायया ।
बुद्ध्येतारिप्रयुक्तां च मायां नित्य स्वसंवृतः ॥१०४॥

(१ ४) स्वयं छल न करना शत्रु के छल को सदैव जानते रहना अपने आश्रितों की रक्षा उत्तम उपाय द्वारा करना राजा का मुख्य धर्म है ।

नास्य छिद्रं परो विद्याद्विद्याच्छिद्रं परस्य तु ।
गूहेत्कूर्म इवांगानि रक्षेद्विवरमात्मन ॥ १०५ ॥

(१ ५) राजा के दोष को दूसरा न जाने परन्तु राजा दूसरे के दोष को जान लेवे जैसे कछुवा अपने अङ्गों को छिपाता है वैसे ही राजा अपने दोषों को छिपावे ।

चकवच्चिन्तयेदर्थान्सिंहवच्च पराक्रमेत् ।
वृकवच्चावलुम्पेत शशवच्च विनिष्पतेत् ॥ १०६ ॥

(१०६) बगुले की नाईं अपने अर्थ [हित] का विचार करे, सिंह की नाईं पराक्रम करे, भेडिये की नाईं वस्तु प्राप्त करे, खरहे की नाईं भागे ।

एवं विजयमानस्य येऽस्य स्युः परिपन्थिनः ।
तानानयेद्वशं सर्वांसामादिभिरुपक्रमैः ॥ १०७ ॥

(१०७) इस प्रकार विजयी राजा १—साम, २—दाम, ३—दण्ड, ४—भेद । इन चार उपायो से शत्रु को अपने अधीन करे ।

यदि ते तु न तिष्ठेयुरुपायैः प्रथमैस्त्रिभिः ।
दण्डेनैव प्रसह्य तांश्छनकैर्वशमानयेत् ॥ १०८ ॥

(१०८) जब शत्रु साम, दाम, भेद से अपने वश मे न होवे तो दण्ड द्वारा ही शत्रु को अधीन करे ।

सामादीनामुपायानां चतुर्णामपि पण्डिताः ।
सामदण्डौ प्रशंसन्ति नित्यं राष्ट्राभिवृद्धये ॥१०९॥

(१०९) साम, दाम, दण्ड, भेद, चारो उपायो मे साम तथा दण्ड की प्रशसा राज्य की उन्नति के हेतु पण्डित लोग करते हैं ।

यथोद्धरति निर्दाता कक्षं धान्यं च रक्षति ।
तथा रक्षेन्नृपो राष्ट्रं हन्याच्च परिपन्थिनः ॥ ११० ॥

१—सन्धि व विग्रह (मेल व लड़ाई), २—धनादि देना, ३-सजा, ४—शत्रु की सेना मे फूट डालना ।

(११०) जिस प्रकार किसान अन्न की रक्षा करता है तथा घास आदि निकाल डालता है उसी प्रकार राजा राज्य की रक्षा करे और शत्रुओं को नष्ट करे।

मोहाद्राजा स्वराष्ट्रं यः कर्षयत्यनवेक्षया ।
सोऽचिराद्भ्रश्यते राज्याज्जीविताच्च सबान्धवः ॥१११॥

(१११) जो राजा बिना सोचे विचारे मोहवश प्रजा को कष्ट देता है वह थोड़े ही समय में अपना राज्य अपने प्राण भाई बन्धु सब को नष्ट-भ्रष्ट कर डालता है।

शरीरकर्षणात्प्राणाः क्षीयन्ते प्राणिनां यथा ।
तथा राज्ञामपि प्राणाः क्षीयन्ते राष्ट्रकर्षणात् ॥११२॥

(११२) जिस प्रकार शरीर को दुःख देने से प्राण को दुःख होता है, उसी प्रकार राज्य अर्थात् प्रजा के दुःखी होने से राजा का प्राण दुःख पाता है।

राष्ट्रस्य संग्रहे नित्यं विधानमिदमाचरेत् ।
सुसंगृहीतराष्ट्रो हि पार्थिवः सुखमेधते ॥ ११३ ॥

(११३) प्रजा की उन्नति के लिये नित्य नियम तथा नीति का पालन करे। जिस राजा की प्रजा ने भली भाँति उन्नति पाई हो उसी प्रकार के कार्य करने वाला राजा उन्नति पाता है।

द्वयोस्त्रयाणां पञ्चानां मध्ये गुल्ममधिष्ठितम् ।
तथा ग्रामशतानां च कुर्याद्राष्ट्रस्य संग्रहम् ॥ ११४ ॥

(११४) वह तीन पाँच गाँवों के मध्य में रक्षा का गृह बनावे और उसमें प्रबन्ध करने के हेतु अपने कर्मचारी रक्खे।

ग्रामस्याधिपतिं कुर्याद्दशग्रामपतिं तथा ।
विंशतीशं शतेशं च सहस्रपति मेव च ॥ ११५ ॥

(११५) योग्यतानुसार किसी को एक गाव का, किसी को दस गाव का, किसी को बीस गाव का, किसी को सौ गाव का तथा किसी को सहस्र गाव का स्वामी वनावे ।

ग्रामदोषान्समुत्पन्नान्ग्रामिकः शनकैः स्वयम् ।
शंसेद्ग्रामदशेशाय दशेशो विंशतीशिने ॥ ११६ ॥

(११६) गांव मे कुछ उपद्रव हो तो गाव का रक्षक (स्वामी) दस गांव के स्वामी से चुपके से कहे और वह बीस गाव के स्वामी से कहे ।

विंशतीशस्तु तत्सर्वं शतेशाय निवेदयेत् ।
शंसेद्ग्रामशतेशस्तु सहस्रपतये स्वयम् ॥ ११७ ॥

११७) बीस गाव का स्वामी सौ गाव के स्वामी से कहे और वह हजार गांव के स्वामी से कहे ।

यानि राजप्रदेयानि प्रत्यहं ग्रामवासिभिः ।
अन्नपानेन्धनादीनि ग्रामिकस्तान्यवाप्नुयात् ॥११८॥

(११८) नित्य राजा का भाग जैसे अन्न, पान, काष्ठ आदि जो ग्रामवासियो से लेने योग्य हैं उसको ग्राम का स्वामी लेवे ।

दशी कुलं तु भुञ्जीत विंशी पंच कुलानि च ।
ग्रामं ग्रामशताध्यक्षः सहस्राधिपतिः पुरम् ॥ ११९ ॥

(११९) दस गाव का स्वामी एक + कुल की भूमि का

+ बारह बैलो से जिस जमीन मे हल चलाये जावें उसे कुल कहते हैं ।

अपने निर्वाह के अर्थ लेवे बीस गांव का स्वामी पांच कुल की भूमि लेवे सौ गांव का स्वामी मध्य के एक गांव को लेवे तथा सहस्र गांव का स्वामी एक पुर को अपने निर्वाह के अर्थ लेवे।

तेषां ग्राम्याणि कार्याणि पृथक्कार्याणि चैव हि ।
राज्ञोऽन्यः सचिवः स्निग्धस्तानि पश्येदतन्द्रितः ॥१२०॥

(१२०) जो सचिव सब मन्त्रियों में प्रधान बुद्धिमान् तथा राजधानी में राजा के समीप निवास करने वाला है वह आलस्य त्याग कर गांव नगर तथा पुर के स्वामी के कार्यों का निरीक्षण करे अन्य कार्यों को भी देखता रहे और उनकी परीक्षा लेता रहे।

नगरे नगरे चैकं कुर्यात्सर्वार्थचिन्तकम् ।
उच्चैः स्थानं घोररूपं नक्षत्राणामिव ग्रहम् ॥१२१॥

(१२१) प्रत्येक नगर में एक मनुष्य जो सब अर्थों की चिन्तना (विचार) करने वाला हो नियत करे एक गृह अति ऊंचा तथा घोर (भयानक) रूप का बनवावे वह घर ऐसा सुन्दर हो जैसा नक्षत्रों में चन्द्रमा।

स ताननुपरिक्रामेत्सर्वानेव सदा स्वयम् ।
तेषां वृत्तं परिणयेत्सम्यग्राष्ट्रेषु तच्चरैः ॥ १२२ ॥

(१२२) वह प्रधान मन्त्री प्र म नगरादि के स्वामियों का बिना प्रयोजन भी सदय भ्रमणमय ग्राम–निरीक्षण करता रहे तथा चरों द्वारा सबके मन की बात जाने।

राज्ञो हि रक्षाधिकृताः परस्वादायिनः शठाः ।
भृत्या भवन्ति प्रायेण तेभ्यो रक्षेदिमाः प्रजाः ॥१२३॥

(१२३) राजा के कर्मचारी प्राय दूसरे की सम्पत्ति तथा धन अपहरण कर लेते हैं और निठुर होते हैं । अतएव उनके हाथ से प्रजा की रक्षा करना राजा व मन्त्री का मुख्य धर्म है ।

ये कार्यिकेभ्योऽर्थमेव गृह्णीयुः पापचेतसः ।
तेषां सर्वस्वमादाय राजा कुर्यात्प्रवासनम् ॥ १२४ ॥

(१२४) मन में पाप रखने वाले जो कर्मचारी प्रजा से धन लेते हैं, राजा उनकी सारी सम्पत्ति छीन ले तथा उनको राज्य से निकाल देवे, क्योंकि रिश्वत लेने वाले कर्मचारी राजा की निर्बलता के कारण हैं ।

राजा कर्मसु युक्तानां स्त्रीणां प्रेष्यजनस्य च ।
प्रत्यहं कल्पयेद्वृत्तिं स्थानं कर्मानुरूनुपतः ॥ १२५ ॥

(१२५) जो स्त्री व भृत्यु राजा का कार्य करते हैं उनका वेतन उनके नित्य के कार्य के अनुसार नियत करे ।

पणो देयोऽवकृष्टस्य षडुत्कृष्टस्य वेतनम् ।
षाण्मासिकस्तथाच्छादो धान्यद्रोणस्तुमासिकः ॥१२६॥

(१२६) जो गृह को शुद्ध करने वाला तथा पानी का लाने वाला है उसको एक पण नित्य देवे, एक मास मे एक द्रोण अन्न देवे, छठे मास मे दो वस्त्र देवे और जो पुरुष उत्तम कार्य करने वाला है उसको छ पण नित्य देवे तथा छ मास मे चार वस्त्र देवे, प्रत्येक मास मे छ द्रोण धान्य देवे । इसी प्रकार मध्यम दशा का कार्य करने वाले को तीन पण नित्य देवे, प्रति मास तीन द्रोण धान्य देवे, तथा छठे मास मे तीन वस्त्र देवे ।

क्रयविक्रयमध्वानं भक्तं च सपरिव्ययम् ।
योगक्षेमं च सम्प्रेक्ष्य वणिजो दापयेत्करान् ॥१२७॥

(१२७) इन सब बातों पर विचार कर व्यापारियों से कर लेवे अर्थात् किस मूल्य को माल लिया भोजनादि में क्या व्यय पड़ा कितनी दूर से लाया मार्ग की रक्षा में क्या व्यय पड़ा तथा कितना लाभ प्राप्त होगा ।

यथा फलेन युज्येत राजा कर्त्ता च कर्मणाम् ।
तथावेक्ष्य नृपो राष्ट्रे कल्पयेत्सततं करान् ॥ १२८ ॥

(१२८) जिस विधि से कार्यकर्त्ता तथा राजा को लाभ हो उसी विधि को देखकर राजा अपने कर नियत करे जो प्रत्येक मनुष्य पर एक समान हो ।

यथाल्पाल्पमदन्त्याद्यं वार्योकोवत्सषट्पदाः ।
तथाल्पाल्पो ग्रहीतव्यो राष्ट्राद्राज्ञाब्दिकः करः ॥१२९॥

(१२९) जैसे जोंक बछड़ा तथा भौंरा, यह सब अपने खाद्यपदार्थ को थोड़ा-थोड़ा खाते हैं वैसे ही राजा अपने राज्य से वार्षिक कर थोड़ा-थोड़ा लेवे ।

पञ्चाशद्भाग आदेयो राज्ञा पशुहिरण्ययोः ।
धान्यानामष्टमो भागः षष्ठो द्वादश एव वा ॥१३०॥

(१३) पशु व सोने के लाभ का पचासवाँ भाग लेवे धान्य के लाभ का छठा आठवाँ व बारहवाँ भाग लेवे । भूमि की उर्वरा आदि दशा को देख तथा जोतने आदि के परिश्रम को विचार कर नियत करे ।

आददीताथ षड्भागं द्रुमांसमधुसर्पिषाम् ।
गन्धौषधिरसानां च पुष्पमूलफलस्य च ॥ १३१ ॥

(१३१) वृक्ष, माँस, मद्य, घी, सुगन्धित वस्तुयें, औषधिया, रस, फल, फूल, मूल का छटा भाग राजा ग्रहण करे।

पत्रशाकतृणानां च चर्मणां वैदलस्य च।
मृण्मयानां च भाण्डानां सर्वस्याश्ममयस्य च ॥१३२॥

(१३२) पत्ता, शाक, तृण (घास), चमडा, बास का पात्र, मिट्टी-पात्र, पत्थर के लाभ का छठा अश राजा लेवे।

म्रियमाणोऽप्याददीत न राजा श्रोत्रियात्करम्।
न च क्षुधाऽस्य संसीदेच्छ्रोत्रियो विषये वसन् ॥१३३॥

(१३३) राजा यदि मरणासन्न भी हो, तो भी * वेदपाठी ब्राह्मण से कर न लेवे तथा राज्य मे इसकी सुव्यवस्था रक्खे कि कही भी वेदपाठी ब्राह्मण को खान-पान का कष्ट न होने पावे।

यस्य राज्ञस्तु विषये श्रोत्रियः सीदति क्षुधा।
तस्यापि तत्क्षुधा राष्ट्रमचिरेणैव सीदति ॥ १३४ ॥

(१३४) इस राजा के राज्य मे वेदपाठी क्षुधा से पीडित रहता है उसका राज्य शीघ्र ही नष्ट हो जाता है।

श्रुतवृत्ते विदित्वास्य वृत्तिं धर्म्यां प्रकल्पयेत्।
संरक्षेत्सर्वतश्चैनं पिता पुत्रमिवौरसम् ॥ १३५ ॥

(१३५) ब्राह्मण को विद्याभ्यास तथा आचरण को समझ कर उनकी ऐसी वृत्ति नियत करे जो उनके धर्म विरुद्ध न हो

---

* वेदपाठी ब्राह्मण का उतना मान करे जितना शरीर मे नेत्रों को करता है। जैसे नेत्र विना शरीर के सब काम विगड जाते हैं वैसे ही वेदपाठी विना राज्य के सब कार्य विगड जाते हैं।

और उनकी रक्षा सब ओर से इस प्रकार करे जैसे पिता पुत्र की रक्षा करता है।

सत्त्यमाशो राज्ञा यं कुरुते धर्ममन्वहम्।
तेनायुर्वर्धते राज्ञो द्रविणं राष्ट्रमेव च ॥ १३६ ॥

(१३६) राजा की रक्षा में ब्राह्मण नित्य जो धर्म करता है उसके प्रताप से राजा के धन तथा आयु की वृद्धि होती है।

यत्किंचिदपि वर्षस्य दापयेत्करसंज्ञितम्।
व्यवहारेण जीवन्तं राजा राष्ट्रे पृथग्जनम् ॥१३७॥

(१३७) राजा मे छोटे मनुष्यों से भी थोड़ा साक-पात आदि वर्ष के अन्त में कर रूप मे लेवे।

कारुकाञ्छिल्पिनश्चैव शूद्रांश्चात्मोपजीविनः।
एकैकं कारयेत्कर्म मासि मासि महीपतिः ॥ १३८ ॥

(१३८) पाचक (कारुक रसोई बनाने वाले) हर प्रकार के शिल्पी (कारीगर) शूद्र तथा शारीरिक कष्ट द्वारा जीवन निर्वाह करने वाले (पल्लेदार आदि) इन सब से प्रत्येक मास में एक दिन का कार्य करावे इनका यही कर है।

नोच्छिन्द्यादात्मनो मूलं परेषां चातितृष्णया।
उच्छिन्दन्ह्यात्मनो मूलमात्मानं तांश्च पीडयन्॥१३९॥

(१३९) यदि अधिक प्रीति वश प्रजा से कर नहीं लेता तो राजा अपनी जड़ उखाड़ता है तथा लोभ वश अधिक कर ले तो भी अपनी जड़ उखाड़ता है। अतएव इन दोनों कार्यो को त्याग दे। यदि करेगा तो वह अपने को और प्रजा को दुःखी करता है।

तीक्ष्णश्चैव मृदुश्च स्यात्कार्यं वीक्ष्य महीपतिः ।
तीक्ष्णश्चैव मृदुश्चैव राजा भवति संमतः ॥ १४० ॥

(१४०) राजा काय को देखकर उसके अनुसार मृदु वा तीक्ष्ण होवे (अर्थात् उत्तम कार्य मे मृदु तथा अधम कार्य को देख तीक्ष्ण होवे) ऐसा राजा सबको प्रिय है ।

अमात्यमुख्यं धर्मज्ञं प्राज्ञं दान्तं कुलोद्गतम् ।
स्थापयेदासने तस्मिन्खिन्नःकार्येक्षणे नृणाम् ॥१४१॥

(१४१) राजा यदि न्याय करने मे कष्ट पावे तो अपने स्थान पर ऐसे ब्राह्मण को नियत करे जो प्रधान मन्त्री, धर्मात्मा जितेन्द्रिय तथा कुलवान् हो ।

एवं सर्वं विधायेदमितिकर्तव्यमात्मनः ।
युक्तश्चैवाऽप्रमत्तश्च परिरक्षेदिमाः प्रजाः ॥ १४२ ॥

(१४२) इसी प्रकार अपने योग्य कार्यों को निश्चित करे तथा प्रमाद आदि दोषो को परित्याग कर दत्तचित्त हो परिश्रम के साथ प्रजा को रक्षा करे।

विक्रोशन्त्यो यस्य राष्ट्राद्ध्रियन्ते दस्युभिः प्रजा ।
संपश्यतः सभृत्यस्य मृतः स न तु जीवति ॥ १४३ ॥

(१४३) जिस राजा और राज-कर्मचारियो को देखते हुए राज्य मे चोरो द्वारा लुटी हुई प्रजा त्राहि-त्राहि पुकारती है, वह राजा जीवित ही मृतक के समान है ।

क्षत्रियस्य परो धर्मः प्रजानामेव पालनम् ।
निर्दिष्टफलभोक्ता हि राजा धर्मेण युज्यते ॥ १४४ ॥

(१४४) प्रजा का पालन करना क्षत्रियो का परम धर्म है, जो राजा शास्त्रानुसार कार्य करता है उसको धर्मात्मा कहते हैं ।

उत्थाय पश्चिमे यामे कृतशौचः समाहितः ।
हुताग्निर्ब्राह्मणांश्चार्च्य प्रविशेत्स शुभां सभाम् ॥१४५॥

(१४५) पहर रात्रि शेष रहे उठ कर शौचादि से निवृत्ति हो स्नान कर एकाग्र चित्त हो अग्निहोत्र तथा ब्राह्मण का पूजन करने पश्चात् राज्य-सभा में प्रवृत्ति हो ।

तत्र स्थितः प्रजाः सर्वाः प्रतिनन्द्य विसर्जयेत् ।
विसृज्य च प्रजाः सर्वा मन्त्रयेत्सह मन्त्रिभिः ॥१४६॥

(१४६) सभा में बैठ कर प्रजा को देखभाल कर तथा समयोचित वार्तालाप कर विदा करे, तत्पश्चात् राज्य प्रबन्ध के विषय में सचिव से मन्त्रणा करे ।

गिरिपृष्ठं समारुह्य प्रासादं वा रहोगतः ।
अरण्ये निःशलाके वा मन्त्रयेदविभावितः ॥ १४७ ॥

(१४७) पहाड़ प्रासाद या जङ्गल इत्यादि एकान्त स्थान पर बैठकर मन्त्रणा में विघ्न डालने वाले मनुष्यों को पृथक् करके मन्त्रणा करे ।

यस्य मन्त्रं न जानन्ति समागम्य पृथग्जनाः ।
स कृत्स्नां पृथवीं भुङ्क्ते कोशहीनोऽपि पार्थिवः ॥१४८॥

(१४८) मन्त्रियों के अतिरिक्त अन्य लोग मिलता करने पर भी जिस राजा की मन्त्रणा को नहीं जान सकते हैं वह राजा निर्धन होने पर भी पृथ्वी पर राज्य कर सकता है ।

जडमूकान्धबधिरांस्तैर्यग्योनान्वयातिगान् ।
स्त्रीम्लेच्छव्याधितव्यङ्गान्मन्त्रकालेऽपसारयेत् ॥१४९॥

(१४९) विक्षिप्त-(बावला) गूंगा, नेत्रहीन (अन्धा)

वधिर (वहिरा), पक्षी, वृद्ध (अर्थात् ८० वर्ष से अधिक आयु का), म्लेच्छ स्त्री, रोगी, अंगहीन, इन सबको मन्त्रणा के समय अपने समीप न रक्खे।

भिन्दन्त्यवमता मन्त्रं तैर्यग्योनास्तथैव च।
स्त्रियश्चैव विशेषेण तस्मात्तत्रादृतो भवेत् ॥ १५० ॥

(१५०) यह सब पूर्वजन्म के पाप से ऐसे हुए हैं, अतएव समय पाकर भेद को प्रकट कर देते हैं। पक्षी, वृद्ध तथा स्त्री, इनकी बुद्धि स्थिर नही रहती जिससे यह भी भेद को प्रकट कर देते हैं। अत यह लोग राज्य-प्रवन्ध की मन्त्रणा के समय समीप न रहने पावे।

मध्यंदिनेऽर्धरात्रे वा विश्रान्तो विगतक्लमः।
चिन्तयेद्धर्मकामार्थांसार्धं तैरेक एव वा ॥ १५१ ॥

(१५१) दोपहर दिन अथवा आधी रात्रि के समय निश्चिन्त तथा शान्ति से मन्त्रियो के साथ या स्वय (अकेला) ही कर्म और अर्थ का विचार करे।

परस्परविरुद्धानां तेषां च समुपार्जनम्।
कन्यानां संप्रदानं च कुमाराणां च रक्षणम् ॥१५२॥

(१५२) धन की प्राप्ति के लिए ऐसे उपाय सोचे कि जिसमे धर्म, अर्थ, काम जिनका परस्पर विरोध है—का सम्पादन हो। अपने कार्य की सिद्धि के लिए कन्या को दान व नीति-शास्त्रानुसार विद्याध्ययनार्थ कुमारो की रक्षा, इन बातो का भी विचार करे।

दूतसंप्रेषणं चैव कार्यशेषं तथैव च।
अन्तः पुरप्रचारं च प्रणिधीनां च चेष्टितम् ॥१५३॥

(१५३) दूत भेजना, शेष कार्य्यं, नगर के भीतर का

वृत्तान्त व व्यवहार राजाओं का वृत्तान्त लाने वाले की इच्छा जानना इन सब बातों पर भी विचार करे।

कृत्स्नं चाष्टविधं कर्म पञ्चवर्गं च तत्त्वतः।
अनुरागापरागौ च प्रचारं मण्डलस्य च ॥ १५४ ॥

(१५४) ❀ १—[illegible] कर्म तथा सिद्धान्त से २—पञ्च वर्ग को भी विचारे, दूसरे राजाओं और अपने मन्त्रियों की प्रीति व शत्रुता को जान कर उसका उपाय करे।

मध्यमस्य प्रचारं च विजिगीषोश्च चेष्टितम्।
उदासीनप्रचारं च शत्रोश्चैव प्रयत्नतः ॥ १५५ ॥

(१५५) शत्रु शत्रु से विजय प्राप्त करने का इच्छुक (१) मध्यम तथा (२) उदासीन इन चारों की हार्दिक इच्छा का ज्ञान प्राप्त करे और विचारे।

❀ आठ कर्म यह हैं—(१) प्रजा से कर लेना (२) कर्मचारियों को उचित समय पर वेतन देना (३) धर्म व संसार के करने योग्य कर्मों का करना (४) त्याग योग्य कर्मों का त्यागना तथा प्रत्येक कार्य के लिए मन्त्रियों को आज्ञा देना (५) व्यवहार देखना (६) जो व्यवहार विरुद्ध करे उससे शास्त्रानुसार अर्थदण्ड लेना (७) जिन लोगों ने अपने वर्ण आश्रम धर्म को परित्याग कर दिया है उनको फिर वर्ण आश्रम धर्म को ठीक व उचित रीति पर कराने के लिए प्रायश्चित्त कराना (८) यदि प्रायश्चित्त द्वारा पतित शुद्ध न किये जावें तो एक दिन सब मनुष्य वर्ण आश्रम धर्म से पतित होकर अनाचारी हो जावेंगे अतएव राजा को पतितोद्धार पर अधिक ध्यान देना चाहिये।

२—पञ्च वर्ग यह है—१ जो पुरुष दूसरों की हार्दिक बातों का ज्ञाता स्पष्ट वक्ता कपटी है यदि ऐसा पुरुष जीविकार्थ आवे तो उसकी योग्यतानुसार धन वस्त्रादि देकर एकान्त में उससे कहे

एताः प्रकृतयो मूलं मण्डलस्य समासतः ।
अष्टौचान्याःसमाख्याताद्वादशैव तु ताः स्मृताः ॥१५६॥

(१५६) राजमण्डल की यह चार मूल प्रकृति हैं, आठ शाखा प्रकृति हैं, यह सब मिला कर बारह होती है ।

अमात्यराष्ट्रदुर्गार्थदण्डाख्याः पञ्च चापराः ।
प्रत्येके कथिता ह्येताः संक्षेपेण द्विसप्ततिः ॥ १५७ ॥

(१५७) चार मूल प्रकृति तथा आठ शाखा प्रकृति इनमे प्रत्येक की जाच दिव्य प्रकृति है (यह सब मिल कर बहत्तर प्रकृति हैं), इनके नाम यह हैं—(१) अमात्य (मन्त्री), (२) राष्ट्र (राज्य), (३) दुर्ग (कोट), (४) अर्थ (धन), (५) दण्ड ।

कि जिसको कार्यभ्रष्ट देखो तुरन्त मुझसे कहो । २—सन्यासाश्रम से जो भ्रष्ट हो गये हैं उनका दूपरण ससार मे प्रसिद्ध है. उनका आदर व मान करके एकान्त में उपरोक्त बात कहे तथा जीवि-कार्थ अधिक धान्य उत्पन्न करने वाली भूमि उनको देवे वह भ्रष्ट सन्यासी राज-काज करने वाले अन्य सन्यासियो को भोजन-वस्त्र देवे । ३—जो पुरुप कृपि के अतिरिक्त दूसरी जीविका नही रखता उनको आदर-मान दे, उपरोक्त बात कहे तथा कृषि के लिए भूमि देवे । जिस वैश्य की जीविका नही है उससे उपरोक्त बात कहकर धन तथा दान देकर अपने अधीन करे तथा उससे व्यापार करावे । ५—मूंड मुंडाये व जटाधारी जीविका-विहीन पुरुप को गुप्तरूप से जीविका देकर उपरोक्त बात कहे तथा वह कपटी बहुत से मुण्डित और कपटी चेलो सहित तपस्या करे, मास दो मास सबके सम्मुख मुट्ठी भर करके आदि खावे । और रात को सबकी अनभिज्ञता मे सब तरह का भोजन करे, उसके शिष्य उसकी सिद्धि को प्रसिद्ध करें कि गुरुजी भूत, भविष्यत, वर्तमान तीनो कालो के ज्ञाता हैं अतएव अपने तात्पर्य को कहेगे ।

अनन्तरमरिं विद्यादरिसेविनमेव च ।
अरेरनन्तरं मित्रमुदासीनं तयोः परम् ॥ १५८ ॥

(१५८) अपने राज्य के सम्मुख का राजा शत्रु और उसका सेवक भी शत्रु है उस शत्रु राजा से परे के देश का राजा मित्र है तथा मित्र राजा के राज्य से परे के देश का राजा उदासीन है ।

तान्सर्वानभिसंदध्यात्सामादिभिरुपक्रमैः ।
व्यस्तैश्चैव समस्तैश्च पौरुषेण नयेन च ॥ १५९ ॥

(१५९) इन सब राजाओं को साम आदि चारों उपायों में से जैसा अवसर हो एक-एक या चारों के द्वारा तथा अपनी सेना व पौरुष द्वारा अपनी अधीनता में करना चाहिये ।

सन्धिं च विग्रहं चैव यानमासनमेव च ।
द्वैधीभावं संश्रयं च षड्गुणांश्चिन्तयेत्सदा ॥१६०॥

(१६) १–सन्धि २–विग्रह, ३–शत्रु पर चढ़ाई, ४–विश्राम ५–भेद तथा ६–बलवान् राजा का आश्रय ग्रहण करना इन छः बातों पर सदैव विचार करना चाहिये ।

यह पाँचों यथाक्रम कापटिक उदस्थित गृहपति वैश्य तथा तापस कहलाते हैं अतएव इन साधनों से अपना कार्य सिद्ध करे ।

१–जो राजा शत्रु तथा शत्रु पर विजय प्राप्त करने के इच्छुक राजाओं के मध्य में राज करता हो उसे मध्यम कहते हैं और इन दोनों राजाओं में सन्धि व विग्रह करा देने की सामर्थ्य रखता हो ।

२—उदासीन वह है जो शत्रु शत्रु, जय का इच्छुक तथा मध्यम इन तीनों राजाओं में सन्धि व विग्रह करा देने की सामर्थ्य रखता हो ।

आसनं चैव यानं च संधिं विग्रहमेव च ।
कार्यं वीक्ष्य प्रयुञ्जीत द्वैधं संश्रयमेव च ॥ १६१ ॥

(१६१) इन छहो कार्यों के अतिरिक्त कार्यों को देखकर समयानुसार कार्य करे ।

संधिं तु द्विविधं विद्याद्राजा विग्रहमेव च ।
उभे यानासने चैव द्विविधः संश्रयः स्मृतः ॥ १६२ ॥

(१६२) सन्धि, विग्रह, चढाई, विश्राम, भेद, शरण लेना यह छ बाते दो-दो प्रकार की हैं ।

समानयानकर्मा च विपरीतस्तथैव च ।
तदात्वायतिसंयुक्तः संधिर्ज्ञेयो द्विलक्षणः ॥ १६३ ॥

(१६३) उसी समय व भविष्य मे फल-प्राप्ति के अर्थ एक राजा के साथ दूसरे राजा पर चढाई करना यह समान-यान नाम सन्धि कहाती है और यदि परस्पर यह प्रतिज्ञा करके कि तुम वहा जावोगे तो हम भी जावेंगे सन्धि करे तो वह आकाश-यान नाम सन्धि है ।

स्वयंकृतश्च कार्यार्थमकाले काल एव वा ।
मित्रस्य चैवापकृते द्विविधो विग्रहः स्मृतः ॥ १६४ ॥

(१६४) समय पर व असमय पर अपनी इच्छा से बिगाड करना यह प्रथम विग्रह हुआ, तथा मित्र का अपमान देख अपमानकर्त्ता से विग्रह करना यह द्वितीय विग्रह हुआ ।

३—आठ शाखा प्रकृति यह है—१-शत्रु के राज्य के मित्र, २-शत्रु का मित्र, ३-मित्र का मित्र, ४-शत्रु के मित्र का मित्र, ५-पार्ष्णिग्राह, ६-क्रन्द्र पार्ष्णिग्राह, ७-असार, ८-क्रन्द्र असार ।

एकाकिनश्चात्ययिके कार्ये प्राप्ते यदृच्छया ।
संहतस्य च मित्रेण द्विविधं यानमुच्यते ॥ १६५ ॥

(१६५) ॐ आवश्यक कार्य प्राप्ति के समय स्वेच्छा से शत्रु पर चढ़ाई करना यह प्रथम चढ़ाई हुई तथा मित्र के सहायतार्थ चढ़ाई करना यह दूसरी चढ़ाई हुई।

क्षीणस्य चैव क्रमशो दैवात्पूर्वकृतेन वा ।
मित्रस्य चानुरोधेन द्विविधं स्मृतमासनम् ॥ १६६ ॥

(१६६) पूर्व जन्म के पाप से व इस जन्म के पाप से हाथी घोड़ा धनादि नष्ट हो जाने के समय दूसरे राजा पर चढ़ाई न करे चाहे धन हाथी घोड़ा आदि सामग्री अपने पास उपस्थित हो तथा जाने में मित्र की रक्षा नहीं हो सकती हो तो उसके हेतु न जाना चाहिये। यह दो प्रकार का विश्राम है।

बलस्य स्वामिनश्चैव स्थितिः कार्यार्थसिद्धये ।
द्विविधं कीर्त्यते द्वैधं षाड्गुण्यगुणवेदिभिः ॥१६७॥

(१६७) अपनी कार्य-सिद्धि के लिए हाथी घोड़ा आदि व सेनापति को शत्रु के किये हुए उपद्रव मिटाने के निमित्त एक स्थान पर स्थित रखना यह पहला भेद हुआ तथा दुर्ग में प्रधान कर्मचारियों और सब सेना सहित स्थित रहना यह दूसरा भेद हुआ।

अर्थसंपादनार्थं च पीड्यमानस्य शत्रुभिः ।
साधुषु व्यपदेशार्थं द्विविधः संश्रयः स्मृतः ॥ १६८ ॥

ॐ धर्मशास्त्र में आवश्यक से यह तात्पर्य है कि जब दूसरा राजा प्रजा को कष्ट दे तथा उसको नष्ट करना चाहे तब अपनी प्रजा के धर्म आदि की रक्षा करे।

(१६८) शत्रु से दुखी न हो व शत्रु से दुख न होने पावे, इन दोनो लाभो के अर्थ बलवान राजा की शरण लेना, यह दो प्रकार की शरण है।

यदागच्छेदायत्यामाधिक्यं ध्रुवमात्मनः।
तदात्वे चाल्पिकां पीडां तदा सन्धिं ॥ १६९ ॥

(१६९) सब यदि सन्धि करने मे ही अपनी निश्चित वृद्धि समझें तो थोडे ही धन–जन आदि की हानि सहकर सन्धि करे।

यदा प्रकृष्टा मन्येत सर्वास्तु प्रकृतीर्भृशम्।
अत्युच्छ्रितं तथात्मानं तदा कुर्वीत विग्रहम् ॥१७०॥

(१७०) जब अपनी प्रकृति को बलवती देखे और अपने को अति प्रतापी तथा ऐश्वर्यशाली जाने तब विग्रह करे।

यदा मन्येत भावेन हृष्टं पुष्टं बलं स्वकम्।
परस्य विपरीतं च तदा यायाद्रिपुं प्रति ॥ १७१ ॥

(१७१) जब अपनी सेना को पुष्ट व साहसी तथा पराक्रमी देख और शत्रु की सेना इससे विपरीत दशा मे होवे तब शत्रु पर चढाई करे।

यदा तु स्यात्परिक्षीणो वाहनेन बलेन च।
तदासीत प्रयत्नेन शनकैः सान्त्वयन्नरीन् ॥ १७२ ॥

(१७२) जब सवारी व सेना अपने पास न हो तो शत्रु को साम उपाय से अपनी अधीनता मे कर अपने स्थान पर रहे।

मन्येतारिं यदा राजा सर्वथा बलवत्तरम्।
तदा द्विधा बलं कृत्वा साधयेत्कार्यमात्मनः ॥१७३॥

(१७३) अब शत्रु को सब प्रकार बलवान जाने तब

अपनी सेना को दो भागो म विभाजित करे अर्थात् कुछ सेना लेकर आप दुर्ग म रहे व कुछ सेना को रण-क्षेत्र में युद्धार्थ भेजे, इस प्रकार अपना कार्य सिद्ध करे।

यदा परबलानां तु गमनीयतमो भवेत् ।
तदा तु संश्रयेत्क्षिप्रं धार्मिकं बलिनं नृपम् ॥ १७४ ॥

(१७४) जब जाने कि शत्रु से पराङ मुख होगे तब शीघ्रता में बलवान् धर्मात्मा राजा की शरण ग्रहण करे।

निग्रहं प्रकृतीनां च कुर्याद्योऽरिबलस्य च ।
उपसेवेत तं नित्यं सर्वयत्नैर्गुरुं यथा ॥ १७५ ॥

(१७५) जिस राजा को शत्रु की प्रकृति तथा सेना को अधीन कर बस में रखने की सामर्थ्य हो उसकी सेवा सदैव गुरु की भाति करे।

यदि तत्रापि संपश्येद्दोषं संश्रयकारितम् ।
सुयुद्धमेव तत्रापि निर्विशङ्कः समाचरेत् ॥ १७६ ॥

(१७६) जब शरण लेने में भी कुछ हानि समझे तब शंका को परे हटा कर युद्ध करे।

सर्वोपायैस्तथा कुर्यान्नीतिज्ञः पृथिवीपतिः ।
यथास्याभ्यधिका न स्युर्मित्रोदासीनशत्रव ॥ १७७ ॥

(१७७) लोगों की सम्मति के ज्ञाता राजा को चाहिये कि इस भाँति प्रबन्ध करे जिसमें मित्र शत्रु व सामान्य मनुष्य राजा से बलवान् न हो जावें।

आयतिं सर्वकार्याणां तदात्वं च विचारयेत् ।
अतीतानां च सर्वेषां गुणदोषौ च तत्त्वतः ॥ १७८ ॥

(१७८) जिन सब कार्यों का दोष, गुण भूत, भविष्यत्, वर्तमान काल से सम्बन्ध रखने वाला हो उन सबको उत्तम रीति से विचारे।

आयत्यां गुणदोषज्ञस्तदात्वे क्षिप्रनिश्चयः ।
अतीते कार्यशेषज्ञः शत्रुभिर्नाभिभूयते ॥ १७९ ॥

(१७९) भविष्य के गुण-दोषो को जानता है, उपस्थित कार्य को शीघ्र निश्चित कर पूर्ण करता है, बीती हुई बात के अवशिष्ट भाग को जानता है, ऐसा विचार करने वाला राजा शत्रुओ से कभी दुःख व पीडा नही पाता।

यथैनं नाभिसंदध्युर्मित्रोदासीनशत्रव ।
तथा सर्वं संविदध्यादेव सामासिको नयः ॥ १८० ॥

(१८०) सारी रीतिसे मुख्य तात्पर्य यहहै कि शत्रु मित्र तथा उदासीन यह सब पीडा व हानि न पहुँचा सके ऐसा उपाय करे।

यदा तु यानमातिष्ठेदरिराष्ट्रं प्रति प्रभुः ।
तदानेन विधानेन यायादरिपुरं शनैः ॥ १८१ ॥

(१८१) जब शत्रु-राज्य के ऊपर जाने की इच्छा हो तब आगामी श्लोक मे वर्णित उपाय के अनुसार धीरे-धीरे शत्रु के नगर जावे।

मार्गशीर्षे शुभे मासि यायाद्यात्रां महीपतिः ।
फाल्गुनं वाऽथ चैत्रं वा मासौ प्रति यथाबलम् ॥१८२॥

(१८२) राजा शुभ मास मार्गशीर्ष (अगहन) मे शत्रु पर चढाई करे अथवा फाल्गुन वा चैत्र मे अपनी सेना के बलानुसार चढाई करे।

अन्येष्वपि तु कालेषु यदा पश्येद् ध्रुवं जयम् ।
तदा यायाद्विगृह्यैव व्यसने चोत्थिते रिपोः ॥१८३॥

(१८३) दूसरे समय में भी जब विजय-प्राप्ति का पूर्ण निश्चय न हो तब चढ़ाई करे तथा जब शत्रु के ऊपर दुःख हो तब भी चढ़ाई करे।

कृत्वा विधानं मूले तु यात्रिकं च यथाविधि।
उपगृह्यास्पदं चैव चारान्सम्यग्विधाय च ॥ १८४ ॥

(१८४) अपने देश की रक्षा का प्रबन्ध करके यथाविधि चढ़ाई के समयिक कार्यों को करे (अर्थात् सवारी अस्त्र शस्त्र कवच आदि सामग्री को ठीक करके साथ लेकर शत्रु के देश में जाके जिससे अपनी स्थिति हो उसको लेकर शत्रु के सेवकों को अपने वश में कर शत्रु के देश का वृत्तान्त ज्ञात करने के अभिप्राय से चार प्रकार के चरों (दूतों) को भेजे।

संशोध्य त्रिविधं मार्गं षड्विधं च बलं स्वकम्।
सांपरायिककल्पेन यायादरिपुरं शनैः ॥ १८५ ॥

(१८५) *तीन प्रकार के जो मार्ग हैं (अर्थात् जांगल अनूप अवटक) इनका संशोधन करके (अर्थात् वृक्षादि काट कर तथा ऊँची नीची भूमि सम करके) छः प्रकार के जो बल हैं (अर्थात् हाथी घोड़ा रथ पैदल सेना शिल्पी) उनको भोजन व औषधि तथा शिल्पी आदि से सुसज्जित कर उत्तम रीति से शीघ्र ही युद्ध में शत्रु के नगर में जावे।

---

* उपरोक्त रीति से ज्ञात होता है कि भारतवर्ष में प्राचीन समय में युद्ध-विद्या में इतनी उन्नति थी कि प्रत्येक अवसरके लिए पृथक् २ व्यूह रचना होती थी। जो भारतवासी आजकल निर्बल हो गये हैं वे वैदिक धर्म-काल में युद्ध विद्याविशारद तथा शक्ति सम्पन्न थे। यद्यपि वर्तमान समय में अध पतित हो गये हैं, परन्तु वेद धर्म के प्रचार से फिर भी जगद्गुरु बन सकते हैं।

शत्रुसेविनि मित्रे च गूढे युक्ततरो भवेत् ।
गतप्रत्यागते चैव स हि कष्टतरो रिपुः ॥ १८६ ॥

(१८६) अपना मित्र जो गुप्त रीति ने शत्रु की सेवा करता है वा अपने सेवक आदि जो अपने यहा से निकल कर द्वितीय वार आकर कार्य सम्पादन करते हो उन दोनो से सचेष्ट (सावधान) रहना चाहिये, क्योकि वे बडे कठिन शत्रु होते है ।

दण्डव्यूहेन तन्मार्गं यायात्तु शकटेन वा ।
वराहमकराभ्यां वा सूच्या वा गरुडेन वा ॥ १८७ ॥

(१८७) दण्ड, शकट, वराह कमर, सूची व गरुड, व्यूह वना कर सेना का सचालन करे (अर्थात् जव चारो ओर से भय हो तव दण्ड व्यूह वनावे, जव पीछे से भय हो तव शकट व्यूह वना कर चले, जव एक व दोनो पक्ष मे भय है तव वराह तथा गरुड व्यूह वना कर सेना चलावे, जव सम्मुख व पृष्ठ भाग मे भय हो तव मगर व्यूह वनावे, जव सम्मुख भय हो तव सूची व्यूह वना कर सेना सचालित करे) ।

यतश्च भयमाशङ्केत्ततो विस्तारयेद् बलम् ।
पद्मेन चैव व्यूहेन निविशेत सदा स्वयम् ॥ १८८ ॥

(१८८) जिस ओर से भय हो उसी ओर सेना को बढावे, नगर से निकल कर पद्म व्यूह रच राजा सदैव गुप्त रहे ।

सेनापतिबलाध्यक्षौ सर्वदिक्षु निवेशयेत् ।
यतश्च भयमाशंकेत्प्राचीं तां कल्पयेद्दिशम् ॥१८९॥

(१८९) सेनापति तथा बलाध्यक्ष को चारो ओर ध्यान

रक्षमा न हिये और जिस ओर से भय की आशङ्का हो उसकी पूर्व दिशा जानो।

गुल्मांश्च स्थापयेदाप्तान्कृतसंज्ञान्समन्ततः ।
स्थाने युद्धे च कुशलानभीरूनविकारिणः ॥ १९० ॥

(१९) जो गुल्म (सेना का भाग) सेनापति सहित शूरवीर व रणधीर मनुष्यों से मयुक्त हो विश्राम करने भागने भागने व युद्ध करने के लिए भेरी शंख आदि विकारियों के सैन को समझाता हो और विश्राम व युद्ध में सचेष्ट तथा भय व राज द्रोह शून्य हो ऐसे सेना भाग को सब दिशाओं में दूर-दूर पर शत्रु को रोकने और उसकी हार्दिक इच्छा का ज्ञान प्राप्त करने के हेतु आज्ञा देवे।

संहतान्योधयेदल्पान्कामं विस्तारयेद्बहून् ।
सूच्या वज्रेण चैवैतान्व्यूहेन व्यूह्य योजयेत् ॥१९१॥

(१९१) सेना थोड़ी होवे तो सम्मुख युद्ध करे तथा अधिक हो तो इच्छानुसार सेना विभाजित करके युद्ध करे। (१) सूची व्यूह व (२) वज्र व्यूह रच कर युद्ध करे।

स्यन्दनाश्वैः समे युद्ध्येदनूपे नौद्विपैस्तथा ।
वृक्षगुल्मावृते चापैरसिचर्मायुधैः स्थले ॥ १९२ ॥

(१९२) सम भूमि मे रथ व घोड़ों द्वारा युद्ध करे जल पूरित भूमि मे नाव व हाथी द्वारा वृक्ष के झाड़ी वाली पृथिवी पर धनुष बाण द्वारा तथा सशोभित भूमि में ढाल तलवार द्वारा युद्ध करे।

---

(१९२) यह एक प्रकार की सैनिक कवायद है और पंक्ति बांधने की विधि है।

कुरुक्षेत्रांश्च मत्स्यांश्च पञ्चालाञ्शूरसेनजान् ।
दीर्घांल्लघूंश्चैव नरानग्रीनीकेषु योजयेत् ॥ १९३ ॥

(१९३) ❀ कुरुक्षेत्र, मत्स्य, पचाल, शूरसेन---इन देशो मे जो मनुष्य छोटे व बडे उत्पन्न हुए हो उनको सम्मुख करके युद्ध करे, क्योकि यह लोग साहसी होते हैं ।

प्रहर्षयेद्बलं व्यूह्य तांश्च सम्यक्परीक्षयेत् ।
चेष्टाश्चैव विजानीयादरीन्योधययतामपि ॥ १९४ ।

(१९४) व्यूह रच कर सेना को प्रसन्न करे तथा उस सैन्य-दल की भली भाति परीक्षा लेवे, शत्रु के सम्मुख युद्ध करते हुए सेना की दशा ज्ञात करे कि सेना शत्रु से मिल तो नही गई है ।

उपरुध्यारिमासीत राष्ट्रं चास्योपपीडयेत् ।
दूषयेच्चास्य सततं यवसान्नोदकेन्धनम् ॥ १९५ ॥

(१९५) शत्रु दुर्ग मे रहे वा बाहर रहे तथा युद्ध भी न करता हो, परन्तु उसे घेरे रहे और उसके + राज्य को पीडा पहुँचावे, घास, लकडी व जल, ईधन को नष्ट करे ।

भिन्द्याच्चैव तडागानि प्राकारपरिखास्तथा ।
समवस्कन्दयेच्चैनं रात्रौ वित्रासयेत्तथा ॥ १९६ ॥

(१९६) ताल, दुर्गप्राकार, परिखा (खाई), इन सब

❀ यह श्लोक वहुत समय पश्चात् सम्मिलित किया गया है क्योकि कुरुक्षेत्र मे कौरवो के पीछे वना है तथा मनुजी उस समय से पहले हुए हैं ।

+ यह उपदेश लालची राजाओ के हित से सम्मिलित किया गया है, वरन् राजा की लडाई मे प्रजा को दुःख देना बहुत वडा पाप है ।

को नष्ट भ्रष्ट कर दे तथा निर्भय शत्रु को भयभीत करे और बरछी लेकर रात्रि को डहका नाम बाजे के शब्द से अति दुःख दे ।

उपजप्यानुपजपेद्बुध्येतैव च तत्कृतम् ।
युक्ते च दैवे युध्येत जयप्रेप्सुरपेतभीः ॥ १९७ ॥

(१९७) जो लोग (सचिव आदि) राजा के कुल में राज्य प्राप्ति के इच्छुक हैं उनको तोड़-फोड़ से मिला कर अपने वश में करे तथा उनको निज अनुभव के द्वारा जाने कि वश में हुए वा नहीं । जय का इच्छुक राजा निःशंक हो जब सब ग्रह-दशा अच्छी हो तब युद्ध करे ।

साम्ना दानेन भेदेन समस्तैरथवा पृथक् ।
विजेतुं प्रयतेतारीन्न युद्धेन कदाचन ॥ १९८ ॥

(१९८) साम दाम भेद इनमें से पृथक् २ व तीनों द्वारा शत्रु को जीतने का प्रयास करे युद्ध कभी न करे ।

अनित्यो विजयो यस्माद्दृश्यते युध्यमानयोः ।
पराजयश्च संग्रामे तस्माद्युद्धं विवर्जयेत् ॥ १९९ ॥

(१९९) क्योंकि युद्ध में जय भी होती है और पराजय भी अतएव यथा साध्य युद्ध को टालना चाहिये ।

त्रयाणामप्युपायानां पूर्वोक्तानामसम्भवे ।
तथा युध्येत संपन्नो विजयेत रिपून्यथा ॥ २०० ॥

(२००) जब साम दाम भेद से काम न चले तब ऐसी विधि से युद्ध करे कि जिससे विजय अवश्यमेव प्राप्त हो ।

जित्वा संपूजयेद्देवान्ब्राह्मणांश्चैव धार्मिकान् ।
प्रदद्यात्परिहारांश्च ख्यापयेदभयानि च ॥ २०१ ॥

(२०१) विजय प्राप्त करने के पश्चात् देवताओ, धर्मात्मा ब्राह्मणो का पूजन करे, सोना आदि विजय द्वारा प्राप्त वस्तुओ को देवताओ व ऋषियो के लिए सकल्प करके उन देशवासियो का क्षमारूप देवे और सव मनुष्यो को निर्भय कर दे ।

सर्वेषां तु विदित्वैषां समासेन चिकीर्षितम् ।
स्थापयेत्तत्र तद्वंश्यं कुर्याच्च समयक्रियाम् ॥ २०२ ॥

(२०२) सव की सम्मति पाकर उस राजा के वश मे जो हो उसको उसी के स्थान पर राजा वनावे तथा उस राजा व उसके मन्त्रियो को वह उपदेश कर दे कि तुम ऐसा करना, ऐसा न करना ।

प्रमाणानि च कुर्वीत तेषां धर्म्यान्यथोदितान ।
रत्नैश्च पूजयेदेनं प्रधानपुरुषैः सह ॥ २०३ ॥

(२०३) उनका जो आचार शास्त्रानुसार धर्मानुकूल है उसको प्रदान करे तथा प्रधान पुरुषो सहित रत्नो से राजा का पूजन करे।

आदानमप्रियकरं दानं च प्रियकारकम् ।
अभीप्सितानामर्थानां काले युक्त प्रशस्यते ॥ २०४ ॥

(२०४) यद्यपि प्रिय वस्तुओ का लेना कष्ट देने वाला है, तथा देना इच्छित सुख का देने वाला है यह बात ससार-व्यापी है, तथापि विशेष समय पर देना व लेना अच्छा होता है, अत उस समय + दान ही करना चाहिये ।

+ क्षत्रिय लोग प्रत्येक हर्ष कार्य मे दान करें और धर्म का ध्यान रक्खें तो देश मे धर्म वरावर चल सकता है ।

सर्वकर्मेदमायत्त विधाने दैवमानुषे ।
तयोर्दैवमचिन्त्य तु मानुषे विद्यते क्रिया ॥ २०५ ॥

(२०५) १–दैवकर्म व २–मानुषकर्म इन दोनों कर्मों के अधीन करने योग्य जो पदार्थ हैं उनमें देवकर्म तो अचिन्त्य है परन्तु मानुष कर्म में विचार है अर्थात् इस जन्म में जो कार्य करे उसे पूर्ण तथा समझ कर करे।

सह वापि व्रजेद्युक्तः सन्धिं कृत्वा प्रयत्नतः ।
मित्रं हिरण्यं भूमिं वा सम्पश्यंस्त्रिविधं फलम् ॥२०६॥

(२०६) इस विधि से युद्ध करे तथा यदि वह राजा संधि करे तो यात्रा का फल अर्थात् सोना भूमि मित्र आदि की प्राप्ति देखकर उसके साथ मिलाप करे।

पार्ष्णिग्राहं च संप्रेक्ष्य तथाक्रन्दं च मण्डले ।
मित्रादथाप्यमित्राद्वा यात्राफलमवाप्नुयात् ॥ २०७ ॥

(२०७) राज-मण्डल में (३) पार्ष्णिग्राह तथा (४) केन्द्र इन दोनों राजाओं की सम्मति से यात्रा करे। इन दोनों की सम्मति बिना यात्रा करने से भय की आशंका है कि वे दोनों

---

(१) पूर्व [पिछले] जन्म में जो पाप व पुण्य किये हैं वह दैवकर्म कहाते हैं।

(२) इस लोक में जो पाप–पुण्य किये हैं वह मनुष्य कर्म कहाते हैं।

(३) पार्ष्णिगाह वह राजा है जो पीछे रहता है।

(४) क्रन्द वह राजा है जो उस पार्ष्णिगाह की सम्मति के अनुसार कार्य करता हो जो कि अपने निर्देश (इशारे) के विरुद्ध काम करता है।

उपद्रव करेंगे, अत. ससम्मति लेकर यात्रा करने से मित्र व शत्रु से यात्रा का फल मिलता है ।

हिरण्यभूमिसंप्राप्त्या पार्थिवो न तथैधते ।
यथा मित्रं ध्रुवं लब्ध्वा कृशमप्यायतिक्षमम् ॥२०८॥

(२०८) वर्तमान समय मे अल्प सामर्थ्य वाला मित्र तथा भविष्य मे उन्नत व स्थिर चित्त मित्र को पाकर जैसी उन्नति पाता है वैसी उन्नति सोना, भूमि के पाने से नही पाता ।

धर्मज्ञं च कृतज्ञं चतुष्टप्रकृति मेव च ।
अनुरक्तं स्थिरारम्भं लघु मित्रं प्रशस्यते ॥ २०६ ॥

(२०६) धर्मज्ञाता, कृतज्ञ, दूरदर्शी, उत्तम प्रकृति वाला अनुरक्त मित्र बहुत ही प्रशसनीय है, चाहे छोटा ही क्यो न हो ।

प्राज्ञं कुलीनं शूरं च दक्षं दातारमेव च ।
कृतज्ञं च धृतिमन्तं च कष्टमाहुररिं बुधाः ॥ २१० ॥

(२१०) जो शत्रु पण्डित, कुलवान्, शूरवीर, दक्ष (चतुर), दाता, उपकारज्ञाता तथा धीर है वह अति कठिन है अर्थात् वह वश मे नही आ सकता, यह पण्डितो ने कहा है ।

आर्यता पुरुषज्ञानं शौर्य करुणवेदिता ।
स्थौललक्ष्यं च सततमुदासीनगुणोदयः ॥ २११ ॥

(२११) जो राजा उदाशीन, साधु, बहुज्ञात, शौर्यशाली कृपालु तथा प्रत्येक समय अति दाता होवे, उसकी शरण मे शत्रु से युद्ध करे ।

क्षेम्यां सस्यप्रदां नित्यं पशुवृद्धिकरीमपि ।
परित्यजेन्नृपो भूमिमात्मार्थमविचारयन् ॥ २१२ ॥

(२१२) जो भूमि निर्दोष उपजाऊ तथा पशुओं की वृद्धि करने वाली है यदि उसको बिना परित्याग किये आत्मा की रक्षा न हो सकती हो तो उस भूमि को बिना सोच विचार किये निज आत्मा के रक्षार्थ परित्याग कर दे ।

आपदर्थे धनं रक्षेद्दारान्रक्षेद्धनैरपि ।
आत्मानं सततं रक्षेद्दारैरपि धनैरपि ॥ २१३ ॥

(२१३) + विपत्ति समय के निमित्त धन संचय करे, धन द्वारा स्त्री की रक्षा करे तथा स्त्री व धन द्वारा आत्मा की रक्षा करे ।

सह सर्वाः समुत्पन्नाः प्रसमीक्ष्यापदो भृशम् ।
संयुक्तांश्च वियुक्तांश्च सर्वोपायान्सृजेद्बुधः ॥२१४॥

(२१४) कोष का धन शून्य होना प्रकृति का कोप तथा मित्र से शत्रुता एक ही समय पर तीनों कार्य हों तो मोह त्याग साम आदि जो उपाय हैं उनमें से एक-एक को वा सब को करे।

उपेतारमुपेयं च सर्वोपायांश्च कृत्स्नशः ।
एतत्त्रयं समाश्रित्य प्रयतेतार्थसिद्धये ॥ २१५ ॥

(२१५) १–उपाय २–उपाय बताने वाला ३–उपाय के द्वारा प्राप्त वस्तु इन तीनों को आश्रय करके कार्य सिद्ध्यर्थ उपाय करे।

+ इस श्लोक मे यह बतलाया गया है कि स्त्री व धन आदि प्रत्येक वस्तु आत्मा के निमित्त है। अतएव आत्मा की रक्षा सबसे प्रथम आवश्यक है ।

एवं सर्वमिदं राजा सह संमंत्र्य मन्त्रिभिः ।
व्यायस्याप्लुत्य मध्यान्हे भोक्तमन्त.पुरंविशेत् ॥२१६॥

(२१६) इस प्रकार इन बातो को सचिवो सहित विचारे तत्पश्चात् व्यायाम करे तथा दोपहर समय स्नान करके भोजनार्थ राज-मन्दिर मे प्रवेश करे ।

तत्रात्मभूतैः कालज्ञै रहार्यैः परिचारकैः ।
सुपरीक्षितमन्नाद्यमद्यान्मन्त्रैर्विषापहैः ॥ २१७ ॥

(२१७) अपने समान कालज्ञाता, धनादि पाकर भेद न खोलने वाला ऐसा जो दूत है तथा विष हरण करने वाला जो मन्त्र है इन सबके द्वारा सुपरीक्षित अन्न को भोजन करे ।

विषघ्नैरगदैश्चास्य सर्वद्रव्याणि योजयेत् ।
विषघ्नानि च रत्नानि नियतो धारयेत्सदा ॥२१८॥

(२१८) विप तथा रोग हरण करने वाली औषधियो को प्रत्येक वस्तु मे मिलाना चाहिये । विषहारी रत्नों को सदैव धारण करना उचित है । विष मिश्रित अन्न को देखने से चकोर (नाम) पक्षी का नेत्र लाल हो जाता है । अतएव उसको खाद्य पदार्थ दिखला कर परीक्षा लेनी चाहिये ।

परीक्षिताः स्त्रियश्चैनं व्यजनोदकधूपनैः ।
वेषाभरणसंशुद्धाः स्पृशेयुः सुसमाहिताः ॥ २१९ ॥

(३१९) जो स्त्री सुन्दर आभूषणादि से अलंकृत, शुद्ध हृदय तथा परीक्षित हो, वह पखा, पानी, धूप तथा स्पर्श इन कार्यों को करे ।

एवं प्रयत्नं कुर्वीत यानशय्यासनाशने ।
स्नाने प्रसाधने चैव सर्वालंकारकेषु च ॥ २२० ॥

(२२०) इस विधि से सवारी शय्या गद्दी (आसन) स्नान और (हजामत) आदि प्रत्येक कार्य बुद्धिमानी से करे।

भुक्तवान्विहरेच्चैव स्त्रीभिरन्तःपुरे सह ।
विहृत्य तु यथाकालं पुनः कार्याणि चिन्तयेत्॥२२१॥

(२२१) भोजन करने के पश्चात् अन्तःपुर में स्त्रियों के साथ विहार करे, तत्पश्चात् समय पाकर फिर राज्य सम्बन्धी कार्यों की चिन्तना करे।

अलङ्कृतश्च संपश्येदायुधीयं पुनर्जनम् ।
वाहनानि च सर्वाणि शस्त्राण्याभरणानि च ॥२२२॥

(२२२) तत्पश्चात् अस्त्र-शस्त्र तथा राजा योग्य वस्त्रादि से अलंकृत हो मल्ल (पहलवान) सवारी मन्त्रणागृह, रत्नगृह, वस्त्रगृह का स्वयं निरीक्षण करे।

सन्ध्यां चोपास्य शृणुयादन्तर्वेश्मनि शस्त्रभृत् ।
रहस्याख्यायिनां चैव प्रणिधीनां च चेष्टितम् ॥२२३॥

(२२३) सायंकाल को सन्ध्योपासन करके शस्त्रों से अलंकृत हो मित्र तथा रहस्य (गुप्त) की वार्ता करने वालों के योग्य कार्यों को सुने व विचारे।

गत्वा कक्षान्तरं त्वन्यत्समनुज्ञाप्य तं जनम् ।
प्रविशेद्भोजनार्थं च स्त्रीवृतोऽन्तःपुरं पुनः ॥ २२४ ॥

(२२४) दूसरे स्थान पर जाकर वहाँ के पुरुषों के करने योग्य कार्य का निर्देश कर पुनः भोजन करने के हेतु अन्तःपुर (राजप्रासाद) में प्रवेश करे।

तत्र भुक्त्वा पुनः किंचित्तूर्यघोषै प्रहर्षितः ।
संविशेत्तु यथाकालमुत्तिष्ठेच्च गतक्लमः ॥ २२५ ॥

(२२५) पश्चात् अल्प भोजन कर सिंह गर्जन से। प्रसन्न होकर विश्रामगृह मे शयन करे तथा श्रम को दूर कर उचित समय पर निद्रा से उठे ।

एतद्विधानमातिष्ठेदरोगः पृथिवीपतिः ।
अस्वस्थः सर्वमेतत्तु भृत्येषु विनियोजयेत् ॥ २२६ ॥

(२२६) जो राजा निरोग हो वह इस विधि से कार्य करे । यदि रोग ग्रसित होवे तो इन सब कार्यों के करने की आज्ञा अपने मन्त्रियो को देवे ।

मनु जी के शास्त्र, भृगु जी की सहिता का
सातवा अध्याय समाप्त हुआ ।

❀ अष्टमोऽध्यायः ❀

व्यवहारान्दिदृक्षुस्तु ब्राह्मणैः सह पार्थिवः ।
मन्त्रज्ञैर्मन्त्रिभिश्चैव विनीतः प्रविशेत्सभाम् ॥ १ ॥

(१) राजा, बुद्धिमान मन्त्री व विद्वान् ब्राह्मणों को साथ लेकर सामान्य वस्त्राभूषण धारण करके न्यायालय मे प्रवेश करे ।

तत्रासीनः स्थितो वापि पाणिमुद्यम्य दक्षिणम् ।
विनीतवेषाभरणः पश्येत्कार्याणि कार्यिणाम् ॥ २ ॥

(२) सभा मे बैठ कर व खडे होकर, दाहिना हाथ उठाकर सामान्य वस्त्र व आभूषण धारण कर राज-कर्मचारियो के कार्य का निरीक्षण करे ।

प्रत्यहं देशदृष्टैश्च शास्त्रदृष्टैश्च हेतुभिः ।
अष्टादशसु मार्गेषु निबद्धानि पृथक्पृथक् ॥ ३ ॥

(३) देशरीति व शास्त्राज्ञा के अनुसार साक्षियों की साक्षी आदि भिन्न भिन्न विधि से पृथक्-पृथक् परीक्षा कर अठारह प्रकार के अभियोगों का निर्णय करे।

तेषामाद्यमृणादानं निक्षेपोऽस्वामिविक्रयः ।
संभूय च समुत्थानं दत्तस्यानपकर्म च ॥ ४ ॥

(४) अठारह प्रकार के अभियोग यह हैं—(१) लेन-देन (२) अमानत (३) उस वस्तु को बेचना जिसका कोई स्वामी न हो (४) साझा (५) ऋण लेकर इनकार करना।

वेतनस्यैव चादानं संविदश्च व्यतिक्रमः ।
क्रयविक्रयाऽनुशयो विवादः स्वामिपालयोः ॥ ५ ॥

(५) (६) वेतन तथा परिश्रम का फल न देना (७) प्रण भंग (८) क्रय-विक्रय में वाद विवाद होना (९) स्वामी व सेवक का वाद विवाद।

सीमाविवादधर्मश्च पारुष्ये दण्डवाचिके ।
स्तेयं च साहसं चैव स्त्रीसंग्रहणमेव च ॥ ६ ॥

(६) (१०) भूमि सीमा-विवाद (११) दूषण देना (१२) मारपीट (१३) गुप्त चोरी (१४) साहस करके धन आदि का अपहरण करना (१५) बल पूर्वक स्त्री हरण करना।

स्त्रीपुंधर्मो विभागश्च द्यूतमाह्वय एव च ।
पदान्यष्टादशैतानि व्यवहारस्थिताविह ॥ ७ ॥

(७) (१६) स्त्री—पुरुष का धर्म (१७) जुआ, (१८)

पशु-पक्षियों का लडना । इस पुस्तक मे यह अठारह विवाद मुख्य माने गये हैं ।

एषु स्थानेषु भूयिष्ठं विवादं चरतां नृणाम् ।
धर्मं शाश्वतमाश्रित्य कुर्यात्कार्यं विनिर्णयम् ॥ ८ ॥

(८) + राजा सदैव चित्त मे धर्म का ध्यान रखकर न्यायालय के कार्यकर्त्ताओ तथा राजक-कर्मचारियो के कार्य का ध्यान पूर्वक निरीक्षण करे जिससे वह लोग आलस्य तथा धनापहरण द्वारा अन्याय कर राजा के न्याय को दूषित न करे ।

यदा स्वयं न कुर्यात्तु नृपतिः कार्यदर्शनम् ।
तदा नियुञ्ज्याद्विद्वांसं ब्राह्मणं कार्यं दर्शने ॥ ९ ॥

(९) जब राजा स्वय उनका निरीक्षण न करे तब विद्वान् ब्राह्मण को उनके निरीक्षण की आज्ञा देवे ।

सोऽस्य कार्याणि संपश्येत्सभ्यैरेव त्रिभिर्वृतः ।
सभामेव प्रविश्याग्र्यामासीनः स्थित एव वा ॥ १० ॥

(११) वह ब्राह्मण न्यायालय मे बैठकर व खडा होकर तीन परामर्शदाताओ के साथ राज्य-कार्य का निरीक्षण करे ।

+ मनु के मतानुसार नारदस्मृति है कि राजा के सैनिक, सभासद, धर्मशास्त्र, सरक्षक, लेखक, सोना, अग्नि, जल, न्यायालय के कार्यकर्ता हैं, इस विषय मे वृहस्पति व व्यास का कथन और देवहार, वार्ष्णो, धर्मसूत्र, वृहद, पाराशर स्मृति, मिताक्षरा, शुक्र नीति, मत्स्य पुराण देखने योग्य हैं कि किस-किस कार्य पर कौन कौन कुल के मनुष्यो को नियत करना चाहिये ।

यस्मिन्देशे निषीदन्ति विप्रा वेदविदस्त्रयः ।
राज्ञश्चाधिकृतो विद्वान्ब्रह्मणस्तां सभां विदुः ॥११॥

(११) जिस देश में एक ब्राह्मण व पण्डित वेदज्ञाता तीन ब्राह्मणों के साथ विवाद निर्णय करने के हेतु राजाज्ञानुसार बैठता है, उस सभा को ब्रह्माजी की सभा जानना चाहिये ।

धर्मो विद्धस्त्वधर्मेण सभां यत्रोपतिष्ठते ।
शल्यं चास्य न कृन्तन्ति विद्धास्तत्र सभासदः ॥१२॥

(१२) अधर्म से बिधा हुआ (अर्थात् अधर्म मिश्रित) धर्म जिस सभा में रहता है तथा उस सभा के सभासद अधर्म को रोक नहीं सकते हों तो वे सभासद अधर्म से बिध गये हैं ।

सभां वा न प्रवेष्टव्यं वक्तव्यं वा समञ्जसम् ।
अब्रुवन्विब्रुवन्वापि नरो भवति किल्बिषी ॥ १३ ॥

(१३) सभा में जाना न चाहिये यदि जावे तो सत्य तथा उचित बात कहनी चाहिये । यदि जानकार सत्य न बोले वरन् उसके विपरीत कहे तो पापी होता है क्योंकि आत्मा के हनन करने का पाप उसे होता है ।

यत्रधर्मोह्यधर्मेण सत्यं यत्राऽनृतेन च ।
हन्यते प्रेक्षमाणानां हतास्तत्र सभासदः ॥ १४ ॥

(१४) जहाँ सत्य पर असत्य तथा धर्म पर अधर्म विजयी हो सके और देखने वाले इसका विरोध न कर सकते हों मानों उस सभा के सभासद स्वामी सहित मारे गये हैं ।

धर्म एव हतो हन्ति धर्मो रक्षति रक्षितः ।
तस्माद्धर्मो न हन्तव्यो मा नो धर्मोहतोऽवधीत् ॥१५॥

(१५) धर्म की रक्षा करने से हमारी रक्षा होती है तथा धर्म के नाश से हमारा नाश होता है। अतएव अपने धर्म को कभी नाश न करना चाहिये।

वृषो हि भगवान्धर्मस्तस्य यः कुरुते ह्यलम्।
वृषलं तं विदुर्देवास्तस्माद्धर्मं न लोपयेत् ॥ १६ ॥

(१६) भगवान् का जो धर्म है उसको वृष (बैल) कहते हैं, अत जो उसका नाश करता है उसे वृषल कहते हैं। अतएव धर्म का लोप (विनाश) न करना चाहिये।

एक एव सुहृद्धर्मो निधनेऽप्यनुयाति यः।
शरीरेण समं नाशं सर्वमन्यद्धि गच्छति ॥ १७ ॥

(१७) धर्म ही एक मित्र है जो मृत्यु के पश्चात् साथ जाता है। अन्य सब लोग शरीर के नाश के साथ ही सब सम्बन्ध परित्याग कर देते हैं (यद्यपि अधर्म भी मृत्यु के उपरान्त साथ जाता है परन्तु वह मित्र नही शत्रु है, हानि ही पहुँचाना उसका काम है)।

पादोऽधर्मस्य कर्तारं पादः साक्षिणमृच्छति।
पादः सभासदः सर्वान्पादो राजानमृच्छति ॥ १८ ॥

(१८) अधर्म के चार भाग होते हैं। प्रथम के भाग को अधर्मी, द्वितीय भाग को साक्षी, तृतीय भाग को प्रबन्ध न कर सकने वाले सभासद, तथा चतुर्थ भाग को स्वय राजा पाता है।

राजा भवत्यनेनास्तु मुच्यन्ते च सभासदः।
एनो गच्छति कर्तारं निन्दार्हो यत्र निन्द्यते ॥ १९ ॥

(१९) जहा निन्दनीय मनुष्य निन्दा पाते हैं वहा राजा

पाप से मुक्त होता है तथा सभासद लोग भी पापमुक्त रहते हैं। केवल अधर्मी को ही पाप लगता है।

जातिमात्रोपजीवी वा कामं स्याद्ब्राह्मणब्रुवः ।
धर्मप्रवक्ता नृपतेर्न तु शूद्रः कथंचन ॥ २० ॥

(२०) ⊛ जो जाति का ब्राह्मण हो परन्तु ब्राह्मण के कर्म न करता हो तथा मूर्ख हो तो भी वह राजा को धर्म उपदेश कर सकता है और शूद्र कैसा ही पण्डित हो परन्तु उपदेश नहीं कर सकता।

यस्य शूद्रस्तु कुरुते राज्ञो धर्मविवेचनम् ।
तस्य सीदति तद्राष्ट्रं पङ्के गौरिव पश्यतः ॥ २१ ॥

(२१) जिस राजा के धर्म का विचार शूद्र करता है उस राजा का राज्य उसके देखते ही देखते नाश हो जाता है। जैसे गऊ दलदल में फँस कर मर जाती है।

यद्राष्ट्रं शूद्रभूयिष्ठं नास्तिकाक्रान्तमद्विजम् ।
विनश्यत्याशु तत्कृत्स्नं दुर्भिक्षव्याधिपीडितम् ॥२२॥

(२२) जिस राज्य में शूद्र व नास्तिक अधिक हैं, ब्राह्मण क्षत्रिय तथा वैश्य नहीं हैं वह सारा राज्य दुर्भिक्ष (अकाल) व व्याधि से पीड़ित हो शीघ्र नाश हो जाता है।

धर्मासनमधिष्ठाय संवीताङ्गः समाहितः ।
प्रणम्य लोकपालेभ्यः कार्यदर्शनमारभेत् ॥ २३ ॥

⊛ २ वां श्लोक सम्मिलित किया हुआ है क्योंकि ब्राह्मण कोई जाति नहीं है वरन् एक वर्ण है और वर्ण कर्म से बदलते हैं यह मनुजी का सिद्धान्त है।

(२३) धर्मासन पर बैठकर वस्त्रो से शरीर ठीक एकाग्र चित्त हो लोकपालो को प्रणाम करके कार्य देखना आरम्भ करे।

अर्थानर्थावुभौ बुद्ध्वा धर्माधर्मौ च केवलौ ।
वर्णक्रमेण सर्वाणि पश्येत्कार्याणि कार्यिणाम् ॥२४॥

(२४) अर्थ व अनर्थ का प्रमाण लेकर केवल अधर्म का ध्यान करके वर्ण (ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य) के क्रमानुसार सब कार्य-अकार्य को देखे।

बाह्यैर्विभावयेल्लिङ्गैर्भावमन्तर्गतं नृणाम् ।
स्वरवर्णेङ्गिताकारैश्चक्षुषा चेष्टितेन च ॥ २५ ॥

(२५) स्वर, वर्ण, रूप, इङ्गित, आकार, नेत्र, चेष्टा आदि बाहरी चिन्हो को देखकर मनुष्यो के हृदय की बात को समझे।

आकारैरिङ्गितैर्गत्या चेष्टया भाषितेन च ।
नेत्र वक्त्रविकारैश्च गृह्यतेऽन्तर्गतं मनः ॥ २६ ॥

(२६) आकार, इङ्गित (इशारा), गति चेष्टा, नेत्र, रूप तथा वाणी—इनके द्वारा मनुष्यो के हृदय का भाव जाना जाता है।

बालदायादिकं रिक्थं तावद्राजानुपालयेत् ।
यावत्सस्यात्समावृत्तो यावच्चातीतशैशवः ॥ २७ ॥

(२७) यदि अनाथ बालक के धन को उनके चचा आदि लेते हो तो राजा उस धन को उस समय तक अपने पास रक्खे जब तक कि उस बालक का समावर्तन कर्म न हो तथा उसका शैशव (लडकपन) अतीत (व्यतीत) न हो।

ममायमिति यो ब्रूयान्निधिं सत्येन मानवः ।
तस्याददीत षड्भागं राजा द्वादशमेव वा ॥ ३५ ॥

(३५) जो वस्तु पृथ्वी में गड़ी है उसको राजा के समीप ले आवे यदि कोई अन्य पुरुष कहे कि यह वस्तु मेरी है तथा उसके रूप व संख्यादि को यथा तथ्य (ठीक-ठीक) सप्रमाण बतला दे तो वह वस्तु वही पावे और उस वस्तु का छठा व बारहवां भाग राजा लेवे । राजा उसके स्वामी के वित्त मुताबिक भाग निर्धारित करे ।

अनृतं तु वदन्दण्ड्यः स्ववित्तस्यांशमष्टमम् ।
तस्यैव वा निधानस्य संख्यायाल्पीयसीं कलाम् ॥३६॥

(३६) यदि असत्य बोले तो अपनी वस्तु का आठवां भाग दण्ड स्वरूप दे अथवा उस धन की संख्या के अल्प भाग के तुल्य निज धन दण्ड स्वरूप देवे तथा उपरोक्त धन का निर्धारित भाग उचित समझना चाहिये ।

विद्वांस्तु ब्राह्मणो दृष्ट्वा पूर्वोपनिहितं निधिम् ।
अशेषतोऽप्याददीत सर्वस्याधिपतिर्हि सः ॥ ३७ ॥

(७) यदि ब्राह्मण पण्डित उस गड़ी हुई वस्तु को पा जाय तो वह उस धन को लेवे क्योंकि वह सबका स्वामी है । मनुजी विद्वान् ब्राह्मण को सारे संसार का उपदेशक होने से सबका स्वामी समझते हैं ।

यं तु पश्येन्निधिं राजा पुराणं निहितं क्षितौ ।
तस्माद् द्विजेभ्यो दत्त्वार्धमर्धं कोशे प्रवेशयेत् ॥३८॥

(३८) यदि राजा स्वयं उस गड़ी हुई वस्तु को पावे तो

आधा भाग × ब्राह्मणो को देवे, शेष आधा भाग अपने कोष मे रक्खे ।

निधीनां तु पुराणानां धातूनामेव च क्षितौ ।
अर्धभाग्रक्षणाद्राजा भूमेरधिपतिर्हि सः ॥ ३९ ॥

(३९) गढे हुए धन के आधे भाग का लेने वाला राजा है, क्योकि वह रक्षक है तथा सबका स्वामी है ।

दातव्यं सर्ववर्णेभ्यो राज्ञा चौरैर्हृतं धनम् ।
राजा तदुपयुञ्जानश्चौरस्याप्नोति किल्विषम् ॥ ४० ॥

(४०) राजा चोर की चुराई वस्तु को लेकर सब वर्णों को देवे (अर्थात् जो उसका स्वामी है उसे देवे) । यदि राजा स्वय उस वस्तु को लेले तो जो पाप चोर को होता है वह राजा को होवे ।

जातिजांनपदान्धर्मान्श्रेणीधर्मांश्च धर्मवित् ।
समीक्ष्य कुलधर्मांश्च स्वधर्मं प्रतिपादयेत् ॥ ४१ ॥

(४१) जातिधर्म, वशधर्म, सम्प्रदाय आदि धर्म व कुलधर्म, इन सब धर्मों की ओर दृष्टिपात कर अपना धर्म निर्धारित करे ।

स्वानि कर्माणि कुर्वाणा दूरे सन्तोऽपि मानवाः ।
प्रिया भवन्ति लोकस्य स्वे स्वे कर्मण्यवस्थिताः॥४२॥

(४२) अपने धर्म-कर्म करने वाले मनुष्य यदि दूर भी रहते हो तो भी लोक (ससार) को प्रिय (प्यारे) होते हैं ।

× यहा ब्राह्मण से तात्पर्य वेदज्ञाता कहा है किसी जाति विशेष से नही ।

वशाऽपुत्रासु चैवं स्याद्रक्षणं निष्कुलासु च ।
पतिव्रतासु च स्त्रीषु विधवास्वातुरासु च ॥ २८ ॥

(२८) बांझ, निर्वंशी व कुल से बहिष्कृत (निकाली हुई) पतिव्रता विधवा व रोगिणी—इन सब की सम्पत्ति आदि की रक्षा राजा करे जिससे उसे कोई अपहरण न कर सके।

जीवन्तीनां तु तासां ये तद्धरेयु: स्वबान्धवा ।
ताञ्छिष्याच्चौरदण्डेन धार्मिकः पृथिवीपतिः ॥ २९ ॥

(२९) उपरोक्त सबों की जीवित दशा में उनके धन आदि का यदि उनके सम्बन्धी अपहरण कर लेवें तो धर्मात्मा राजा उस धनादि के हरण करने वाले को चोर की भांति दण्ड दे वे ।

प्रणष्टस्वामिकं रिक्थं राजा त्र्यब्दं निधापयेत् ।
अर्वाक् त्र्यब्दाद्धरेत्स्वामी परेण नृपतिर्हरेत् ॥ ३० ॥

(३०) जिस धन का कोई स्वामी नहीं है उस धन की राजा तीन वर्ष पर्यन्त (१) रक्षा करे। यदि इस समय के अन्तर्गत उसका स्वामी आ जावे तो उसकी धन सम्पत्ति उसे सौंप दे। तीन वर्ष की अवधि व्यतीत हो जाने पर उस स्वामी रहित धनादि का (२) स्वामी राजा है।

१—लोग यह समझते हैं कि कोर्ट आफ वार्डस् की रीति अंगरेजों ने प्रचलित की है परन्तु मनुजी ने इसे प्रथम ही लिख दिया है । २—जो लोग स्वामी-हीन धन को राजा के लेने से राजा को अपराधी कहते हैं वे भूल पर हैं। मनुजी के मत से राजा सारी प्रजा का स्वामी है ।

ममेदमिति यो ब्रूयात्सोऽनुयोज्यो यथाविधिः ।
संवाद्य रूपसंख्यादीन्स्वामी तद्द्रव्यमर्हति ॥ ३१ ॥

(३१) जो मनुष्य राजा के सम्मुख जाकर यह कहे कि 'यह वस्तु मेरी है' तो राजा उससे उस वस्तु का रूप तथा सख्या आदि पूछे । यदि वह सप्रमाण सत्य बतला दे तो वह वस्तु उस मनुष्य को दे दे ।

अवेदयानो नष्टस्य देशं कालं च तत्त्वतः ।
वर्णं रूपं प्रमाणं च तत्समं दण्डमर्हति ॥ ३२ ॥

(३२) जव उपरोक्त वस्तु की सख्या, रूप, वर्ण, देश व काल सत्य सप्रमाण न वतलावे तो उस वस्तु के समान दण्ड पावे क्योकि वह अपने असत्य दावे को प्रमाणित न कर सका ।

आददीताथ षड्भागं प्रणष्टाधिगतान्नृपः ।
दशमं द्वादशं वापि सतां धर्ममनुस्मरन् ॥ ३३ ॥

(३३) उस वस्तु के छठे, दसवे व वारहवे भाग को रक्षा के व्यवहार्थ राजा ले ले । सज्जन पुरुषो के धर्म का लक्ष्य कर राजा उस धनादि के स्वामी की अवस्थानुसार उस धनादि का भाग नियत करे ।

प्रणष्टाधिगतं द्रव्यं तिष्ठेद्युक्तैरधिष्ठितम् ।
यांस्तत्र चौरान्गृह्णीयात्तान्राजेभेन घातयेत् ॥ ३४ ॥

(३४) पडी हुई वस्तु पावे तो उसकी रक्षा सज्जन पुरुपो द्वारा कराके उसे रख तथा राजा उसके चुराने वालो को हाथी से मरवा दे ।

ममायमितियो ब्र् यान्निधिं सत्यन मानव ।
तस्याददीत षड्भाग राजा द्वाग्शमव वा ॥ ३५ ॥

(३५) जो वस्तु पृथ्वी मे गड़ी है उसको राजा के समीप से लावे यदि कोई अन्य पुरुष कहे कि यह वस्तु मेरी है तथा उसके रूप व सख्याद को यथा तथ्य (ठीक-ठीक) सप्रमाण बतला द तो वह व·तु वही पावे और उस वस्तु का छठा व बारहवां भाग राजा लेवे । राजा उसके स्वामी के वित्त मुसार भाग निर्धारित करे ।

अनृत तु वद दृराड्यः स्ववित्तस्यांशमष्टमम् ।
तस्यैव वा विधानस्य सख्यायाल्पीयसींकलाम् ॥३६॥

(३६) यदि असत्य बोले तो अपनी वस्तु का आठवां भाग दण्ड स्वरूप द अथवा उस धन की सख्या क अल्प भाग के तुल्य निज धन दण्ड स्वरूप दवे तथा उपरोक्त धन का निर्धारित भाग उचित समझना चाहिये ।

विद्वांस्तु ब्राह्मणो दृष्ट्वा पूर्वोपनिहित निधिम् ।
अशेषतोऽप्याददीत सर्वस्याधिपतिर्हि सः ॥ ३७ ॥

(७) यदि ब्राह्मण पण्डित उस गड़ी हुई वस्तु को पा जाय तो वह उस धन को लेवे क्योकि वह सबका स्वामी है। मनुजी विद्वान् ब्राह्मण को सारे ससार का उपदेशक होन से सबका स्वामी समझते है ।

यं तु पश्येन्निधि राजा पुराण निहित क्षितौ ।
तस्माद् द्विजेभ्यो दत्त्वार्धमर्ध कोशे प्रवेशयेत् ॥३८॥

(३८) यदि राजा स्वय उस गड़ी हुई वस्तु को पावे तो

आधा भाग × ब्राह्मणो को देवे, शेष आधा भाग अपने कोष मे रक्खे।

निधीनां तु पुराणानां धातूनामेव च क्षितौ।
अर्धभाग्रक्षणाद्राजा भूमेरधिपतिर्हि सः ॥ ३६ ॥

(३६) गढे हुए धन के आधे भाग का लेने वाला राजा है, क्योकि वह रक्षक है तथा सबका स्वामी है।

दातव्यं सर्ववर्णेभ्यो राज्ञा चौरैर्हृतं धनम्।
राजा तदुपयुञ्जानश्चौरस्याप्नोति किल्बिषम् ॥ ४० ॥

(४०) राजा चोर की चुराई वस्तु को लेकर सव वर्णों को देवे (अर्थात् जो उसका स्वामी है उसे देवे)। यदि राजा स्वय उस वस्तु को लेले तो जो पाप चोर को होता है वह राजा को होवे।

जातिजांनपदान्धर्मान्श्रेणीधर्मांश्च धर्मवित्।
समीक्ष्य कुलधर्मांश्च स्वधर्मं प्रतिपादयेत् ॥ ४१ ॥

(४१) जातिधर्म, वशधर्म, सम्प्रदाय आदि धर्म व कुलधर्म, इन सब धर्मों की ओर दृष्टिपात कर अपना धर्म निर्धारित करे।

स्वानि कर्माणि कुर्वाणा दूरे सन्तोऽपि मानवाः।
प्रिया भवन्ति लोकस्य स्वे स्वे कर्मण्यवस्थिताः॥४२॥

(४२) अपने धर्म-कर्म करने वाले मनुष्य यदि दूर भी रहते हो तो भी लोक (ससार) को प्रिय (प्यारे) होते हैं।

× यहा ब्राह्मण से तात्पर्य वेदज्ञाता कहा है किसी जाति विशेष से नही।

ए ऋण के विषय मे निवेदन किया तथा साक्षी व लेखादि प्रमाणो द्वारा उस ऋण को प्रमाणित कर दिया हो तो राजा उसके धन को ऋणी से दिला दे।

यैर्यैरुपायैरर्थं स्वं प्राप्नुयादुत्तमर्णिकः।
तैस्तैरुपायैः संगृह्य दापयेदधमर्णिकम् ॥ ४८ ॥

(४८) जिस-जिस उपाय से ऋणदाता अपने धन को प्राप्त कर सके, उस-उस उपाय से ऋणी को पकड कर राजा धन को दिला दे।

धर्मेण व्यवहारेण छलेनाचरितेन च।
प्रयुक्तं साधयेदर्थं पञ्चमेन बलेन च ॥ ४९ ॥

(४९) १—धर्म, २—व्यवहार [अर्थात् साक्षी लेखादि], ३—छल, ४—आचरण [अर्थात् व्रत उपवास] तथा ५—बल इन पाच उपायो मे से किसी भी उपाय द्वारा अपने दिये हुए धन को प्राप्त करे।

यः स्वयं साधयेदर्थमुत्तमर्णोऽधमर्णिकात्।
न स राज्ञाभियोक्तव्यः स्वकं संसाधयन्धनम् ॥५०॥

(५०) जो ऋणदाता अपने धन को ऋणी से अपने उपाय द्वारा स्वय प्राप्त करता है, राजा उसका विरोध न करे कि हमारे सम्मुख अपने ऋण के विषय मे निवेदन क्यो नही किया, स्वय अपने उपाय द्वारा क्यो प्राप्त करता है?

अर्थेऽपव्ययमानं तु करणेन विभावितम्।
दापयेद्धनिकस्यार्थं दण्डलेशं च शक्तितः ॥ ५१ ॥

(५१) वादी के निवेदित अभियोग से यदि प्रतिवादी इनकार करे तथा वादी साक्षी व लेख आदि साधनो द्वारा

अपने अभियोग को सत्य प्रमाणित कर दे तो राजा ऋणदाता के धन को ऋणी से दिलादे और इस असत्यभाषी ऋणी को उसकी शक्ति के अनुसार दण्ड भी देवे।

अपह्नवेऽधमर्णस्य देहीत्युक्तस्य संसदि ।
अभियोक्ता दिशेद्देश्यं करणं वान्यदुद्दिशेत् ॥ ५२ ॥

(५२) जो न्यायालय ऋणी से ऋण-परिशोध के अर्थ कहे और ऋणी उस ऋण का लेना न सकारे उस समय ऋण दाता साक्षी व लेख आदि प्रमाण साधनों को न्यायालय में उपस्थित करे।

अदेश्यं यश्च दिशति निर्दिश्यापह्नुते च यः ।
यश्चाधरोत्तरानर्थान्विगीतान्नावबुध्यते ॥ ५३ ॥

(५३) जिस नगर मे प्रतिवादी ने कभी भी वास नही किया है परन्तु वादी उस नगर को कहकर तत्पश्चात् कहे कि मैंने उस नगर का नाम नही लिया है तो वह वादी सर्वथा आद्यन्त असत्य भाषण करता है।

अपदिश्यापदेश्यं च पुनर्यस्त्वपधावति ।
सम्यक्प्रणिहितं चार्थं पृष्टः सन्नाभिनन्दति ॥ ५४ ॥

(५४) जो ऐसा कहकर कि इसने मेरे हाथ से इतना सोना लिया है, तत्पश्चात् यह कहे कि मेरे पुत्र के हाथ से लिया है तथा न्यायाधीश के प्रश्न का उत्तर नही देता है और उसे प्रमाणित नही करता है।

असंभाष्ये साक्षिभिश्च देशे संभाषते मिथः ।
निरुच्यमानं प्रश्नं च नेच्छेद्यश्चापि निष्पतेत् ॥५५॥

(५५) जो एकान्त में साक्षियों से सम्मति करता है

और न्यायाधीश के प्रश्न का उत्तर नही देता है, तथा एक बात पर स्थित नही रहता है।

ब्रूहीत्युक्तश्च न ब्रूयादुक्तं च न विभावयेत् ।
न च पूर्वापरं विद्यात्तस्मादर्थात्स हीयते ॥ ५६ ॥

(५६) न्यायाधीश के आज्ञा देने पर बोलता नही है, अप निवेदित अभियोग को साक्षी व लेख आदि द्वारा प्रमाणित नही करता है, जो आदि व अन्त की बात को नही जानता है, वह सब अपने तात्पर्य की हानि करते हैं।

साक्षिणः सन्ति मेत्युक्त्वा दिशेत्युक्तो दिशेन्न यः ।
धर्मस्थः कारणैरेतैर्हीनं तमपि निर्दिशेत् ॥ ५७ ॥

(५७) हमारे साक्षी हैं, ऐसा कहने पर भी जो साक्षियो को उपस्थित नही करता है, इन कारणो से न्यायाधीश उसको पराजित समझे।

अभियोक्ता न चेद्ब्रूयाद्बध्यो दण्डश्च धर्मतः ।
न चेत्त्रिपक्षात्प्रब्रूयाद्धर्मं प्रति पराजितः ॥ ५८ ॥

(५८) जो वादी न्यायाधीश के सम्मुख तो कहता है परन्तु प्रतिवादी के सम्मुख मूक रहता है, वह व्यवहार का झूठा प्रमाणित होकर प्राणदण्ड अथवा अर्थदण्ड के योग्य है।

यो यावन्निह्नुवीतार्थं मिथ्या यावति वा वदेत् ।
तौ नृपेणह्यधर्मज्ञौ दाप्यौ तद्द्विगुणं दमम् ॥ ५९ ॥

(५९) जो वादी वा प्रतिवादी जितने धन को मिथ्या बतलावे उतने धन का दुगुना दोनो से राजा दण्डस्वरूप लेवे तथा यह दोनो अधर्मज्ञाता हैं।

पृष्टोऽपव्ययमानस्तु कृतावस्थो धनैषिणा ।
त्र्यवरैः साक्षिभिर्भाव्यो नृपब्राह्मणसंनिधौ ॥ ६० ॥

(६०) जब प्रतिवादी न्यायालय में आकर कहे कि हमने इस ऋणवाला से धन नहीं लिया है तब वादी न्यायाधीश के सम्मुख उपस्थित किये हुए साक्षियों के अतिरिक्त अन्य तीन साक्षियों द्वारा अपने ऋण देने को प्रमाणित करे।

यादृशा धनिभिः कार्या व्यवहारेषु साक्षिणः ।
तादृशान्सम्प्रवक्ष्यामि यथावाच्यमृतच तैः ॥ ६१ ॥

(६१) जो मनुष्य धन व्यवहार सम्बन्धी अभियोगों में साक्षी स्वरूप नियत व उपस्थित होने चाहिये तथा साक्षी लोग जैसी सत्य साक्षी देवें उन सबको कहते हैं —

गृहिणः पुत्रिणो मौलाः क्षत्रविट्शूद्रयोनयः ।
अर्थ्युक्ता साक्ष्यमर्हन्ति न ये केचिदनापदि ॥६२॥

(६२) गृहस्थ सन्तान वाले व कुलीन क्षत्रिय वैश्य वा शूद्र जो वादी के पड़ोस में रहने वाले हों वे साक्षी होने चाहिये। अचानक आया हुआ तथा विपत्ति से सताया हुआ साक्षी ठीक नहीं।

आप्ताः सर्वेषु वर्णेषु कार्याः कार्येषु साक्षिणः ।
सर्व धर्मविदोऽलुब्धा विपरीतांस्तु वर्जयेत् ॥ ६३ ॥

(६३) जो मनुष्य सब वर्णों के कार्य में सत्यभाषी सब धर्मों के ज्ञाता और निर्लोभी हैं वही साक्षी देने योग्य हैं तथा जो उपरोक्त गुण न रखते हों उनको साक्षी न करना चाहिये।

नोर्थसम्बन्धिनो नाप्ता न सहाया न वैरिणः।
न दृष्टदोषाः कर्तव्या न व्याध्यार्ता न दूषिताः ॥६४॥

(६४) जिस विषय का वाद-विवाद होता है उससे सम्बन्ध रखने वाला, मित्र, सहायक, शत्रु और जिसका दोष सब स्थानो पर दृष्टिगत हुआ हो, व्याधि-पीडित तथा दुष्ट प्रकृति वाला।

न साक्षी नृपतिः कार्यो न कारुकुशीलवौ।
न श्रोत्रियो न लिङ्गस्थो न संगेभ्योविनिर्गतः ॥६५॥

(६५) राजा, कारुक (रसोई बनाने वाला), नष्ट आदि वेदपाठी तथा ब्रह्मचारी आदि जो सग से विलग किया गया है।

नाध्यधीनो न वक्तव्यो न दस्युर्न विकर्मकृत्।
न वृद्धो न शिशुर्नैको नान्त्यो न विकलेन्द्रियः॥६६॥

(६६) सेवक, नीचकर्मी, चोर, विरुद्ध कर्म करने वाला, अस्सी वर्ष से अधिक आयु वाला, सोलह वर्ष से न्यून आयु वाला, एकाकी, चाण्डाल आदि तथा अङ्गहीन।

नार्तो न मत्तो नोन्मत्तो न क्षुत्तृषोपपीडितः।
न श्रमार्तो न कामार्तो न क्रुद्धो नापि तस्करः ॥६७॥

(६७) दुःखी, भगादि से मदमत्त, उन्मत्त वा भूतादि से पीडित, क्षुधा-प्यास से आर्त, श्रमी, काम-पीडित, क्रोधी तथा तस्कर (चोर) इन सबको साक्षी न करना चाहिये।

स्त्रीणां साक्ष्यं स्त्रियः कुर्युर्द्विजानां सदृशा द्विजाः।
शूद्राश्च सन्तः शूद्राणामन्त्यानामन्त्ययोनयः ॥ ६८ ॥

(६८) स्त्रियों की साक्षिणी स्त्रिया, द्विजो (अर्थात्

ब्राह्मण क्षत्रिय, वैश्य) के साक्षी द्विज शूद्रों के शूद्र तथा चाण्डालों के साक्षी चाण्डाल हो।

अनुभावी तु यः कश्चित्कुर्यात्साक्ष्यं विवादिनाम्।
अन्तर्वेश्मन्यरण्ये वा शरीरस्यापि चात्यये ॥ ६६ ॥

(६६) जिन पुरुषों को वादी-प्रतिवादी के अभियोग की वास्तविकता से अनुभव प्राप्त हो वह साक्षी होवें घर की चोरी वन की लूट तथा प्राणहत्या के अभियोग में उपरोक्त गुण वाले साक्षियों की आवश्यकता नहीं है। वरन्—

स्त्रियाप्यसंभवे कार्यं बालेन स्थविरेण वा।
शिष्येण बन्धुना वापि दासेन भृतकेन वा ॥ ७० ॥

(७०) इन तीनो अभियोगो में उल्लिखित गुणों वाले साक्षी न होने पर स्त्री पुत्र सम्बन्धी वृद्ध शिष्य बन्धु, सेवक भृत्य (मजदूर) यह सब भी साक्षी होवें।

बालवृद्धातुराणां च साक्ष्येषु वदतां मृषा।
जानीयादस्थिरां वाचमुत्सिक्तमनसां तथा ॥ ७१ ॥

(७१) * साक्ष्य मे बालक वृद्ध आतुर (दुःखी) उन्मत्त आदि के कथन को मिथ्या जानना चाहिये।

साहसेषु च सर्वेषु स्तेयसंग्रहणेषु च।
वाग्दण्डयोश्च पारुष्ये न परीक्षेत साक्षिणः ॥ ७२ ॥

---

* साक्षी का सम्बन्ध स्मरण शक्ति तथा बुद्धि से है अत एव वृद्ध रोगी उन्मत्त (पागल) पुरुषो की बुद्धि तथा स्मरण शक्ति ठीक न होने के कारण उनकी गवाही विश्वास योग्य नहीं। बालक का साक्ष्य अल्प बुद्धि तथा न्यायालय में भयभीत हो जाने के कारण प्रमाणित नहीं।

(७२) साहस से कार्य करना, चोरी, स्त्री का बलात् अपहरण, कुवाक्य कहना (कटु भाषण वा वाग्दण्ड), लाठी आदि से मारना, इन अभियोगो मे साक्षियो की गवाही विश्वास योग्य नही ।

बहुत्वं परिगृह्णीयात्साक्षीद्वैधे नराधिपः ।

समेषु तु गुणोत्कृष्टान्गुणिद्वैधे द्विजोत्तमान् ॥ ७३ ॥

(७३) जहा साक्षियो की साक्ष्य दो प्रकार की हो वह एक प्रकार की एक गवाही के बहुत साक्षियो की गवाही ग्रहण योग्य है । यदि सख्या मे समान है और दो प्रकार की गवाहिया हैं तो वहा योग्य तथा उत्कृष्ट गुण वाले साक्षियो का साक्ष्य माननीय है तथा समान गुण वाले साक्षियो मे ब्राह्मण का साक्षय प्रमाणिक है ।

समक्षदर्शनात्साक्ष्यं श्रवणाच्चैव सिद्ध्यति ।

तत्र सत्यं ब्रुवन्साक्षी धर्मार्थाभ्यां न हीयते ॥ ७४ ॥

(७४) अपने नेत्रो द्वारा देखा तथा कानो द्वारा सुने हुए मे साक्ष्य देना उचित है तथा उसमे सत्य वोलने से धर्म व अर्थ की हानि नही होती ।

साक्षी दृष्टश्रुतादन्यद्विब्रुवन्नार्थ संसदि ।

अवाङ्नरकमभ्येति प्रेत्य स्वर्गाच्च हीयते ॥ ७५ ॥

(७५) जो मनुष्य सज्जनो की सभा मे देखे व सुने के विपरीत साक्ष्य देता है- वह आधा शिर किये हुए नरक मे जाता है, उसे स्वर्ग प्राप्त नही होता ।

यत्रानिबद्धोऽपीक्षेत शृणुयाद्वापि किंचन ।

दृष्टस्तत्रापि तद्ब्रूयाद्यथादृष्टं यथाश्रुतम् ॥ ७६ ॥

(७६) मुझे इसमें साक्षी हो—ऐसा नहीं कहा है तथा अपने अभियोग की वास्तविक दशा को देखा या सुना है यदि वह न्यायालय में बुलाया जावे तो उसने जैसा देखा या सुना है वैसा ही कहे ।

एकोऽलुब्धस्तु साक्षी स्याद्बह्व्यः शुच्योऽपि न स्त्रियः ।
स्त्रीबुद्धेरस्थिरत्वात्तु दोषैश्चान्येऽपि ये वृताः ॥७७॥

(७७) निर्लोभी एक पुरुष भी साक्षी हो सकता है। परन्तु बहुत सी लोभिरणी+स्त्रियां साक्षी नहीं हो सकतीं क्योंकि स्त्रियों की बुद्धि एक दशा में स्थिर नहीं रहती तथा जो मनुष्य दोषयुक्त है वह भी साक्षी होने योग्य नहीं है।

स्वभावेनैव यद्ब्रूयुस्तद्ग्राह्यं व्यावहारिकम् ।
अतो यदन्यद्विब्रूयुर्धर्मार्थं तदपार्थकम् ॥ ७८ ॥

(७८) अपने स्वभाव से जो बात कहे उसे व्यवहार में ग्रहण करना चाहिये (अर्थात् उस बात को मान्य समझ कर लेखबद्ध करना चाहिये) तथा जो बात सिखलाने से कहे वह व्यर्थ है वह मानने योग्य नहीं है ।

सभान्तः साक्षिणः प्राप्तानर्थिप्रत्यर्थिसंनिधौ ।
प्राड्विवाकोऽनुयुञ्जीत विधिना तेन सान्त्वयन् ॥७९॥

(७९) राजाज्ञा से अभियोग का निर्णयकर्ता ब्राह्मण

+ क्योंकि स्त्रियों में भय लज्जा आदि स्वाभाविक गुण हैं अतः वे गवाही देने में भी इन गुणों से पृथक नहीं रह सकतीं जिससे साक्षी की वास्तविकता में सन्देह है । अतएव स्त्रियों की गवाही अविश्वास योग्य निर्धारित व निश्चित की है ।

सभा मे वादी वा प्रतिवादी की उपस्थिति मे आगे लिखित विधि से साम उपाय द्वारा साक्षी को आज्ञा दे ।

यद्द्वयोरनयोर्वेत्थं कार्येऽस्मिश्चेष्टितं मिथः ।
तद्ब्रूत सर्वं सत्येन युष्माकं ह्यत्र साक्षिता ॥ ८० ॥

(८०) वादी तथा प्रतिवादी के उपस्थित अभियोग के सम्बन्ध मे अपने नेत्रो देखी हुई अवस्था व वृत्तान्त को जो कुछ तुम जानते हो सब सत्य-सत्य कहो, इस अभियोग मे तुम्हारी गवाही है ।

सत्यं साक्ष्ये ब्रुवन्साक्षी लोकानाप्नोति पुष्कलान् ।
इह चानुत्तमां कीर्त्तिं वागेषा ब्रह्मपूजिता ॥ ८१ ॥

(८१) साक्ष्य मे सत्य भाषण करने से ऊँचा लोक (ब्रह्मलोक आदि) प्राप्त करता है और इस लोक मे बडा यश पाता है तथा उसकी वाणी ब्रह्माजी द्वारा पूजित होती है अर्थात् ब्रह्माजी उसकी प्रशसा करते है ।

साक्ष्येऽनृतं वदन्पाशैर्बध्यते वारुणैर्भृशम् ।
विवशःशतमाजातीस्तस्मात्साक्ष्यं वदेदृतम् ॥ ८२ ॥

(८२) गवाही मे असत्य भाषण करने से विवश होकर १०० जन्म पर्यन्त वरुण देवता के समीप निठुरता से बाँधा जाता है । अतएव सत्य साक्ष्य देना उचित है ।

सत्येन पूयते साक्षी धर्मः सत्येन वर्धते ।
तस्मात्सत्यं हि वक्तव्यं सर्ववर्णेषु साक्षिभिः ॥ ८३ ॥

(८३) सत्य भाषण करने से साक्षी शुद्ध (पवित्र) होता है, उसके धर्म की वृद्धि होती है । अतएव सब वर्णो के साक्षियो को सत्य ही भाषण करना चाहिये ।

आत्मैव ह्यात्मनः साक्षी गतिरात्मा तथात्मनः ।
मावसंस्थाः स्वमात्मानं नृणां साक्षिणमुत्तमम् ॥८४॥

(८४) पाप तथा पुण्य भाव बताने के हेतु अपना आत्मा ही साक्षी है और आत्मा की गति अर्थात् ज्ञान, उत्पत्ति तथा मर्य प्राप्ति भी आत्मा द्वारा ही हो सकती है। अतः अपनी आत्मा को साक्षी न करना चाहिये।

मन्यन्ते वै पापकृतो न कश्चित्पश्यतीति नः ।
तांस्तु देवाः प्रपश्यन्ति स्वस्यैवान्तरपूरुषः ॥ ८५ ॥

(८५) पापी लोग अपने हृदय में यह विचारते हैं कि हमारे पाप को कोई नहीं देखता परन्तु यह उनका भ्रम है। क्योंकि उनके पाप देखता अर्थात् योगी लोग तथा परमात्मा जो सर्वान्तर्यामी व कर्म-फलदाता है देखते हैं।

द्यौर्भूमिरापो हृदयं चन्द्रार्काग्नियमानिलाः ।
रात्रिः सन्ध्ये च धर्मश्च वृत्तज्ञाः सर्वदेहिनाम् ॥८६॥

(८६) आकाश पृथिवी जल, जीवात्मा सूर्य चन्द्र अग्नि वायु रात्रि दो सन्ध्या तथा कर्म-फलदाता यमराज अर्थात् परमात्मा सारे कर्मों को देखता है।

देवब्राह्मणसान्निध्ये साक्ष्यं पृच्छेदृतं द्विजान् ।
उदङ्मुखान्प्राङ्मुखान्वा पूर्वाह्णे वै शुचिः शुचीन् ॥८७॥

(८७) न्यायाधीश प्रातःकाल में स्नान सन्ध्योपासन आदि से शुद्ध होकर आये हुए द्विज (ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य) साक्षियों का पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख करके खड़ा कर उनसे प्रश्न करे।

ब्रूहीति ब्राह्मणं पृच्छेत्सत्यं ब्रूहीति पार्थिवम् ।
गोबीजकाञ्चनैर्वैश्यं शूद्रं सर्वैस्तु पातकैः ॥ ८८ ॥

(८८) ब्राह्मण से कहे बतलाओ, क्षत्रिय से कहे सत्य बतलाओ, वैश्य से गऊ, बीज व सोने की सौगन्ध देकर तथा शूद्र से यह कह कर कि असत्य भाषण करने से सब पातो के अपराधी होगे, राजा साक्ष्य के विषय मे प्रश्न करे।

ब्रह्मघ्नो ये स्मृता लोका ये चस्त्रीबालघातिनः ।
मित्रद्रुहः कृतघ्नश्च ते ते स्युर्ब्रुवतो मृषा ॥ ८९ ॥

(८९) ब्राह्मण, स्त्री तथा बालक के घातक, मित्रद्रोही, कृतघ्न—इन सब को जो लोक मिलता है वही लोक असत्य भाषण से तुमको मिलेगा ।

जन्मप्रभृति यत्किंचित्पुण्यं भद्रं त्वया कृतम् ।
तत्ते सर्वं शुनो गच्छेद्यदि ब्रूयास्त्वमन्यथा ॥ ९० ॥

(९०) यदि तुम असत्य बोलोगे तो तुम्हारे जन्म भर के किये हुए पुण्य कर्म कुत्तो को प्राप्त हो जावेगे ।

एकोऽहमस्मीत्यात्मानं यत्त्वं कल्याण मन्यसे ।
नित्यं स्थितस्ते हृद्येष पुण्यपापेक्षिता मुनिः ॥ ९१ ॥

(९१) अपने को तुम एकाकी मानते हो सो ऐसा न समझो, क्योकि सदैव ही तुम्हारे हृदय मे पाप-पुण्य का देखने वाला परमात्मा स्थित है ।

यमो वैवस्वतो देवो यस्तवैष हृदि स्थितः ।
तेन चेदविवादस्ते मा गङ्गां मा कुरून्गमः ॥ ९२ ॥

(९२) यमराज अर्थात् आत्मा के पाप-पुण्य का देखने

उत्पन्न नही होता—क्योकि सन्देह व भ्रम सदैव असत्य भाषण के समय उत्पन्न होता है, विद्वान् लोग उससे बढकर किसी को नही जानते ।

यावतो बान्धवान्यस्मिन्हन्ति साक्ष्येऽनृतं वदन् ।
तावतः संख्यया तस्मिञ्छृणु सौम्यानुपूर्वशः ॥९७॥

(९७) भृगुजी कहने हैं कि हे ऋषि लोगो ! अनृत साक्ष्य देने से जितने बान्धवो को हनन करता है, हम तुम से उनकी सख्या को वर्णन करते हैं ।

पञ्च पश्वनृते हन्ति दश हन्ति गवानृते ।
शतमश्वानृते हन्ति सहस्रं पुरुषानृते ॥ ९८ ॥

(९८) यदि पशु के अभियोग मे असत्य बोले तो पाच पुश्त, गऊ के अभियोग मे असत्य बोले तो दश पुश्त, घोडे के अभियोग मे असत्य बोले तो सौ पुश्त, मनुष्य के अभियोग मे असत्य बोले तो सहस्र पुश्त को कलंकित कर देता है ।

हन्ति जातानजातांश्च हिरण्यार्थेऽनृतं वदन् ।
सर्वं भूम्यनृते हन्ति मा स्म भूम्यऽनृतं वदीः ॥९९॥

(९९) सोने के अभियोग मे असत्य भाषण करने से जात-अजात अर्थात् उत्पन्न हुए और उत्पन्न होने वाले बान्धवो का * हनन करना है । भूमि के अभियोग मे असत्य साक्ष्य देने से सबको नाश करता है, अत भूमि के विषय मे गवाही देने मे कभी असत्य न बोले ।

---

* मनुजी का तत्पर्य हनन करने से उनकी कीर्ति तथा मान नाश करना है ।

अप्सु भूमिवदित्याहु स्त्रीषु भोग च मैथुन ।
अब्जेषु चैव रत्नेषु सर्वेष्वश्ममयेषु च ॥ १०० ॥

(१) जल स्त्री भोग मैथुन मोती रत्न आदि के अभियोग में भी भूमि समान जानना ।

एतान्दोषानवेक्ष्य त्व सर्वाननृतभाषणे ।
यथाश्रुत यथादृष्ट सर्वमेवाञ्जसा वद ॥ १०१ ॥

(१ १) + असत्य भाषण में अपनी हानि का ज्ञान लाभ कर जैसा अपने को अनुभव तथा ज्ञान हो व जैसा देखा या सुना हो यथातथ्य बिना मिलाये सत्य २ बोलना चाहिये ।

गोरक्षकान्वाणिजिकांस्तथा कारुकुशीलवान् ।
प्रेष्यान्वार्धुषिकांश्चैव विप्रान्शूद्रवदाचरेत् ॥ १०२ ॥

(१ २) गो रक्षा द्वारा निर्वाह करने वाला वैश्य कर्म करने वाला अन्य कारुक (पाचक रसोई बनाने वाला) नायक दास-कर्म करने वाला तथा व्यवहार का ब्याज लेने वाला जो ब्राह्मण है उसको शूद्र के समान मानना चाहिये ।

+ मनुजी के मतानुसार असत्य भाषण तथा असत्य साक्ष्य देना सब से बड़ा पाप और इसके कर्ता अपने कुल की कीर्ति तथा मान को समूल नाश कर देते हैं । क्योंकि वर्तमान समय में झूठी गवाही देने वाले अधिक हो गये हैं अतः लोग झूठी गवाही का पाप नहीं समझते परन्तु इस अधम ही के कारण देश का सारा सुख व मान नष्ट हो गया ।

नोट—श्लोक १ १ १ ४ व १ १ पश्चात् के सम्मिलित किये हुए हैं । अन्यथा धर्मशास्त्र किसी भी अवस्था में असत्य बोलने की आज्ञा नहीं देता ।

तद्वदन्धमतोऽर्थेषु जानन्नप्यन्यथा नरः ।
न स्वर्गाच्च्यवते लोकाद्दैवीं वाचं वदन्ति ताम् ॥१०३॥

(१०३) देख व सुनकर भी दया के कारण असत्य भापण करने वाला स्वर्ग से पतित नही होता, उसकी वाणी मन आदि देवता की वाणी के समान समझते है ।

शूद्रविट्क्षत्रविप्राणां यत्रर्तोक्तौ भवेद्वधः ।
तत्र वक्तव्यमनृतं तद्धि सत्याद्विशिष्यते ॥ १०४ ॥

(१०४) जहां सत्य भापण से ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य का हनन होता हो वहा असत्य भापण सत्य से उत्तम है ।

वाग्दैवत्यैश्च चरुभिर्यजेरंस्ते सरस्वतीम् ।
अनृतस्यैनसस्तस्य कुर्वाणा निष्कृतिपराम् ॥ १०५ ॥

(१०५) असत्य भापण कर घर मे आकर सरस्वती देवी का यज्ञ करे तव असत्य भाषण के पाप से मुक्त होता है ।

कूष्माण्डैर्वापि जुहुयाद् घृतमग्नौ यथाविधि ।
उदित्यृचा वा वारुण्यात्र्यृचेनाब्दैवतेन वा ॥१०६॥

(१०६) अथवा कूष्माण्ड मन्त्र जो यजुर्वेद मे लिखा है उसको पडकर व 'उत्तमम्' 'आपोहिष्टा', इन दोनो मन्त्रो मे से किसी एक मन्त्र को पढकर घी से यथाविधि हवन करे ।

त्रिपक्षादब्रुवन्साक्ष्यमृणादिषु नरोऽगदः ।
तदृणं प्राप्नुयात्सर्वं दशबन्धं च सर्वतः ॥ १०७ ॥

(१०७) ऋणादि के अभियोग मे यदि आरोग्य साक्षी तीन पक्ष अर्थात् डेढ मास के भीतर कुछ न कहे तो जिस अभियोग मे वह साक्षी है, उस अभियोग के धन का दसवा भाग दण्ड स्वरूप देवे ।

यस्य दृश्यते सप्ताहादुक्तवाक्यस्य साक्षिणः ।
रोगोऽग्निर्ज्ञातिमरणं मृणं दाप्यो दमं च सः ॥१०८॥

(१०८) न्यायालय से जाई साक्षी अपनी गवाही देकर आवे और सात दिवसों के भीतर रोग अग्निदाह ज्ञाति सम्बन्धी की मृत्यु—इनमें से कोई एक दुःख साक्षी को हो तो वह साक्षी उस ऋण को तथा उसके दशमांश को दण्ड स्वरूप देवे।

असाक्षिकेषु त्वर्थेषु मिथो विवदमानयोः ।
अविन्दंस्तत्त्वतः सत्यं शपथेनापि लम्भयेत् ॥१०९॥

(१०९) जिस अभियोग में कोई साक्षी नहीं तथा विचार द्वारा न्यायाधीश उसकी वास्तविकता को नहीं पा सकता हो तब निम्नांकित सौगन्ध द्वारा यथार्थ व सत्य वृत्तांत को पूछे।

महर्षिभिश्च देवैश्च कार्यार्थं शपथाः कृताः ।
वसिष्ठश्चापि शपथं शेपे पैजवने नृपे ॥ ११० ॥

(११०) ऋषिगणों व देवताओं ने कार्यार्थ शपथ (सौगन्ध) खाई है, विश्वामित्र के झगड़े में वशिष्ठ ऋषि ने यवन के बेटे पिजवन नाम राजा के सम्मुख सौगन्ध खाई थी।

न वृथा शपथं कुर्यात्स्वल्पेऽप्यर्थे नरो बुधः ।
वृथा हि शपथं कुर्वन्प्रेत्य चेह न नश्यति ॥ १११ ॥

(१११) साधारण अवस्था में स्वल्प अर्थ हेतु वृथा सौगन्ध न खानी चाहिये तथा जो मनुष्य वृथा शपथ खाता है व थोड़ा-थोड़ी बातों में सौगन्ध खाता है वह नष्ट हो जाता है और उसका विश्वास नहीं रहता।

कामिनीषु विवाहेषु गवां भक्ष्ये तथेन्धने ।
ब्राह्मणाभ्युपपत्तौ च शपथे नास्ति पातकम् ॥११२॥

(११२) कन्या के विवाह मे यदि घर-पक्षी विश्वास न करे गऊ का भक्ष देने के समय. व ब्राह्मणके रक्षार्थ, अग्निहोत्रार्थ ईधन की आवश्यकता दिखलाने मे शपथ खाना पातक है तथा असगृत नही है ।

सत्येन शापयेद्विप्रं क्षत्रियं वाहनायुधैः ।
गोबीजकाञ्चनैर्वैश्यं शूद्रं सर्वैस्तु पातकैः ॥ ११३ ॥

(११३) ब्राह्मण को सत्य की, क्षत्रिय को वाहन तथा शस्त्रो की, वैश्य को गऊ, बीज तथा सोना (सुवर्ण) की तथा शूद्र को सारे पातको की शपथ दिलावे।

अग्निं वाहारयेदेनमप्सु चैनं निमज्जयेत् ।
पुत्रदारस्य वाप्येनं शिरांसि स्पर्शयेत्पृथक् ॥ ११४ ॥

(११४) सौगन्ध इसी विधि से खिलावे कि या तो अग्नि ग्रहण कराके वा जल मे खडा करके अथवा पुत्र के शिर पर हाथ रखवा कर।

यमिद्धो न दहत्यग्निरापो नो मज्जयन्ति च ।
न चार्तिं मृच्छति क्षिप्रं न ज्ञेयः शपथे शुचिः॥११५॥

(११५) जिसे आग न जलावे, जल न डुबावे, वा पुत्र व स्त्री का शीघ्र दुख न पावे, उसको सौगन्ध मे शुद्ध जानना चाहिये ।

वत्सस्य ह्यभिशस्तस्य पुरा भ्रात्रा यवीयसा ।
नाग्निर्ददाह रोमापि सत्येन जगतःस्पृशः ॥ ११६ ॥

(११६) पूर्व समय मे वत्स ऋषि के अनुज ने उनको दोष लगाया था तिस पर वत्स ऋषि ने अपनी शुद्धता दिखलाने के हेतु अग्नि को उठाया, परन्तु सार ससार के पाप-पुण्य की परीक्षक अग्नि ने ऋषि का एक रोम भी न भस्म किया ।

यस्मिन्यस्मिन्विवादे तु कौटसाक्ष्यं कृतं भवेत् ।
तत्तत्कार्यं निवर्तेत कृतं नाप्यकृतं भवेत् ॥ ११७ ॥

(११७) जो-जो काम साक्षियों के असत्य भाषण के कारण सत्य निर्णय हो गये हैं तत्पश्चात् उनका असत्य भाषण प्रमाणित हो गया है तो उस निर्णय किये हुए काम को असत्य (वृथा) समझना चाहिये ।

लोभान्मोहाद्भयान्मैत्रात्कामात्क्रोधात्तथैव च ।
अज्ञानाद्बालभावाच्च साक्ष्यं वितथमुच्यते ॥११८॥

(११८) लोभ मोह भय मैत्री काम क्रोध, अज्ञानता बालकपन यह कारण हैं कि जिनसे लोग असत्य साक्षी देते हैं। अतः ऐसे साक्षियों का विश्वास न करे ।

एषामन्यतमे स्थाने यः साक्ष्यमनृतं वदेत् ।
तस्य दण्डविशेषांस्तु प्रवक्ष्याम्यनुपूर्वशः ॥ ११९ ॥

(११९) इनके अतिरिक्त अन्य स्थानों में असत्य साक्षी देवे तो उसके हेतु विशेष दण्ड को क्रमानुसार कहेंगे ।

लोभात्सहस्रं दण्ड्यस्तु मोहात्पूर्वं तु साहसम् ।
भयाद्द्वौ मध्यमौ दण्डौ मैत्रात्पूर्वं चतुर्गुणम्॥१२०॥

(१२०) यदि लोभ वश अनृत बोले तो १ पण दण्ड से देवे मोहवश असत्य बोले तो पूर्वानुसार साहस दण्ड देवे भय से झूठ बोलने पर दो मध्यम साहस और मित्रता से झूठ बोलने पर प्रथम का चौगुना दण्ड दे ।

कामाद्दशगुणं पूर्वं क्रोधात्तु त्रिगुणं परम् ।
अज्ञानाद्द्वे शते पूर्णे बालिश्याच्छतमेव तु ॥ १२१ ॥

(१२१) यदि साक्षी काम वश असत्य बोले तो दशगुना पूर्व + साहस दण्ड देवे, यदि क्रोधवश अनृत साक्षी देवे तो तीन उत्तम साहस के अनुसार दण्ड देवे, यदि अज्ञानता वश मिथ्या बोले तो दो सौ (२) पण दण्ड देवे, तथा यदि बालकपन के कारण मिथ्या भाषण करे तो सौ पण दण्ड स्वरूप देवे।

एतानाहुः कौटसाक्ष्ये प्रोक्तान्दण्डान्मनीषिभिः।
धर्मस्याव्यभिचारार्थमधर्मनियमाय च ॥ १२२ ॥

(१२२) अधर्म के नाश (बन्द) होने तथा धर्म के प्रचलित होने के हेतु पण्डितो ने यह दण्ड साक्षियो के मिथ्या भाषण मे कहा है।

कौटसाक्ष्यं तु कुर्वाणांस्त्रीन्वर्णान्धार्मिको नृपः।
प्रवासयेद्दण्डयित्वा ब्राह्मणं तु विवासयेत् ॥१२३॥

(१२३) क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र यह तीनो वर्ण साक्षी होकर असत्य बोलें तो धर्मात्मा राजा उपरोक्त दण्ड देकर राज्य-सीमा से देश निकाला देदे, परन्तु ब्राह्मण को उपरोक्त अपराध में केवल राज-मण्डल से देश निकाला देदे, उसका धन-सम्पत्ति हरण न करे।

दश स्थानानि दण्डस्य मनुः स्वायंभुवोऽब्रवीत्।
त्रिषु वर्णेषु यानि स्युरक्षतो ब्राह्मणो व्रजेत् ॥ १२४ ॥

(१२४) क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र, इन तीनो वर्णों के दण्ड के दश स्थान * स्वयम्भू अर्थात् साकल्पिक सृष्टि के उत्पन्न ऋषि

+ १ व २ साहस व पण आदि किस लिए हैं जिनका वर्णन मनुजी ने अपने धर्मशास्त्र मे भी कर दिया है।

* स्वयम्भू के अर्थ यह हैं कि जो विना माता-पिता के

के बेटे मनुजी ने कहे । ब्राह्मण तो शारीरिक दण्ड बिना दिये देश से निकाल दें ।

उपस्थमुदर जिह्वा हस्तौ पादौ च पञ्चमम् ।
चक्षुर्नासा च कर्णौ च धनं देहस्तथैव च ॥ १२५ ॥

(१२५) उपस्थ (मूत्रस्थान) उदर (पेट) जिह्वा दोनों हाथ दोनों पांव कान दोनों आँखें नाक धन शरीर यह दस दण्ड स्थान हैं ।

अनुबन्धं परिज्ञाय देशकालौ च तत्त्वतः ।
सारापराधौ चालोक्य दण्डं दण्ड्येषु पातयेत् ॥१२६॥

(१२६) इच्छा से अथवा अपराध करना देश (स्थान) काल (समय) अपराध अपराधी का शरीर धन सम्पत्ति सामर्थ्य बड़ा छोटा अपराध इन सब को देखकर दण्डनीय पुरुषों को दण्ड देना चाहिये ।

अधर्मदण्डनं लोके यशोघ्नं कीर्तिनाशनम् ।
अस्वर्ग्यं च परत्रापि तस्मात्तत्परिवर्जयेत् ॥ १२७ ॥

(१२७) धर्म विरुद्ध जो दण्ड है वह यश तथा कीर्ति को नष्ट करता है तथा परलोक में स्वर्ग भी प्राप्त नहीं होता अतः धर्म विरुद्ध दण्ड न देवे ।

अदण्ड्यान्दण्डयन्राजा दण्ड्यांश्चैवाप्यदण्डयन् ।
अयशो महदाप्नोति नरकं चैव गच्छति ॥ १२८ ॥

उत्पन्न हुआ हो । क्योंकि आदि सृष्टि में ऋषि लोग परमात्मा के संकल्प से उत्पन्न होते हैं अतएव वह स्वयम्भू कहलाते हैं वेदों के ज्ञान को वही लोग प्रचार करते हैं तथा धर्मशास्त्र भी वही लोग स्थिर व नियत करते हैं ।

(१२८) जो अदण्डनीय है उसे दण्ड देने से तथा जो दण्डनीय है उसे दण्ड न देने से राजा इस जन्म मे अपयश पाता है तथा दु ख भी भोगता है ।

वाग्दण्डं प्रथमं कुर्याद्धिग्दण्डं तदनन्तरम् ।
तृतीयं धनदण्डं तु वधदण्डमतः परम् ॥ १२९ ॥

(१२९) प्रथम बार वाग्दण्ड दे अर्थात् तुमने अच्छा कार्य नही किया अब फिर ऐसा न करना । द्वितीय बार झिडक दे तथा धिक्कार देकर उस कार्य से हटावे, यदि तृतीय बार वैसा हो करे तो अर्थ-दण्ड दे । इस पर भी न माने तो कारागार तथा बध (शरीराङ्ग छिन्न करना) का दण्ड देवे ।

वधेनापि यदा त्वेतान्निग्रहीतुं न शक्नुयात् ।
तदैषु सर्वमप्येतत्प्रयुञ्जीत चतुष्टयम् ॥ १३० ॥

(१३०) यदि शरीराग छिन्न करने से भी न माने तो उसे चारो प्रकार दण्ड एक ही साथ देना चाहिये ।

लोकसंव्यवहारार्थं याः संज्ञाः प्रथिता भुवि ।
ताम्ररूप्यसुवर्णानां ताः प्रवक्ष्याम्यशेषतः ॥ १३१ ॥

(१३१) ससार के पारस्परिक व्यवहार के हेतु ताबा, चादी, सोने के सिक्के जिस तोल से बनाये जाते हैं, अब हम उनके नाम वर्णन करते हैं-।

जालान्तरगते भानौ यत्सूक्ष्मं दृश्यते रजः ।
प्रथमं तत्प्रमाणानां त्रसरेणुं प्रचक्षते ॥ १३२ ॥

(१३२) सूर्य की किरणें जो झरोखे के छिद्र द्वारा भीतर आती हैं, जो सूक्ष्म रज, कण दृष्टिगोचर होते हैं, वे नेत्रो द्वारा देखी जाने वाली वस्तुओ मे प्रथम है, उसका नाम त्रसरेणु है ।

त्रसरेणवोऽष्टौ विज्ञेया लिक्षैका परिमाणतः ।
ता राजसर्षपास्तिस्रस्ते त्रयो गौरसर्षपः ॥ १३३ ॥

(१३३) आठ त्रसरेणु का एक लिक्षा । तीन लिक्षा की एक राई । तीन राई की एक गौर सर्षप सरसों) होती है ।

सर्षपाः षट् यवो मध्यस्त्रियवं त्वेककृष्णलम् ।
पञ्चकृष्णलको माषस्ते सुवर्णास्तु षोडश ॥ १३४ ॥

(१३४) छ सरसो का एक मध्य यवा का जौ तीन जौ का एक कृष्णल (रत्ती) पाच रत्ती का एक माषा तथा सोलह माषों का एक सुवर्ण होता है ।

पलं सुवर्णाश्चत्वारः पलानि धरणं दश ।
द्वे कृष्णले समधृते विज्ञेयो रौप्यमाषकः ॥ १३५ ॥

(१३५) चार सुवर्ण का एक पल दस पल का एक धरण होता है । अब रुपया के तोल की संज्ञा को कहते हैं । कि दो रत्ती का एक माषा होता है ।

ते षोडश स्याद्धरणं पुराणश्चैव राजतः ।
कार्षापणस्तु विज्ञेयस्ताम्रिकः कार्षिकः पणः ॥१३६॥

(१३६) सोलह माषा का एक धरण होता है तथा धरण को पुराण भी कहते हैं । सोलह माषा तांबा को ताम्रिक तथा कार्षिकपण कहते हैं ।

धरणानि दश ज्ञेयः शतमानस्तु राजतः ।
चतुः सौवर्णिको निष्को विज्ञेयस्तु प्रमाणतः ॥१३७॥

(१३७) दस धरण का एक शतमान होता है तथा चार सुवर्ण का एक निष्क होता है ।

पणानां द्वे शते सार्धे प्रथमः साहसः स्मृतः ।
मध्यमः पञ्च विज्ञेयः सहस्रं त्वेव चोत्तमः ॥ १३८ ॥

(१३८) ढाई सौ पण का प्रथम साहस, पाँच सौ पणका मध्यम साहस तथा सहस्र पण का उत्तम साहस होता है ।

ऋणे देये प्रतिज्ञाते पञ्चकं शतमर्हति ।
अपह्नवे तद्द्विगुणं तन्मनोरनुशासनम् ॥ १३९ ॥

(१३९) न्यायालय मे जाकर ऋणी यदि कहे कि हमें ऋण-दाता का ऋण परिशोध करना है तो प्रति सैकडा पाच पण दण्ड व्याज) देवे । यदि कहे कि हम ऋणी नही है और साक्षी व लेख आदि प्रमाणो द्वारा वादी अपने अभियोग को सत्य प्रमाणित कर दे तो ऋणी प्रति सैकडा दश पण दण्ड देवे, यह मनुजी की आज्ञा है ।

वशिष्ठविहितां वृद्धि सृजेद्वित्तविवर्धिनीम् ।
अशीतिभागं गृह्णीयान्मास्माद्वाधु'षिकः शते ॥१४०॥

(१४०) वशिष्ट जी का कहा हुआ वृद्धि (व्याज) जो रुपया बढाने वाला है उतना व्याज ले, प्रति सैकडा अस्सी व अश अर्थात् सौ रुपया पर सवा रुपया मासिक वृद्धि (माहवारी व्याज) नियत करे ।

द्विकं शत वा गृह्णीयात्सतां धर्ममनुस्मरन् ।
द्विकं शतं हि गृह्णानो न भवत्यर्थकिल्बिषी ॥१४१॥

+ श्लोक १४० मे वशिष्ठ स्मृति के व्याज का वर्णन होने से यह प्रमाणित होता है कि यह स्मृति मनुस्मृति नही, वरन् भृगुजी ने बनाई है ।

(१४१) अथवा सज्जनों के धर्म को विचार प्रति सैकड़ा दो पण मासिक ब्याज लेने से द्रव्य व गो नहीं होता।

द्विकं त्रिकं चतुष्कं च पञ्चकं च शतं समम्।
मासस्य वृद्धिं गृह्णीयाद्वर्णानामनुपूर्वशः ॥ १४२ ॥

(१४२) ब्राह्मण से दो प्रति सैकड़ा क्षत्रिय से तीन प्रति सैकड़ा वैश्य से चार प्रति सैकड़ा तथा शूद्र से पांच रुपया प्रति सैकड़ा ब्याज लेवे।

न त्वेवाधौ सोपकारे कौसीदीं वृद्धिमाप्नुयात्।
न चाधेः कालसंरोधान्निसर्गोऽस्ति न विक्रयः ॥१४३॥

(१४३) अब रेहन की रीति को कहते हैं कि जो-जो वस्तु लाभ देने वाली हैं जैसे भूमि गऊ आदि यदि गिरवी (रेहन) रक्खी जावे तो उसमें ब्याज न लेवे। जब संरोध (रेहन) किये हुए अधिक काल हो जावे और रेहन रखकर जितना रुपया लिया गया था उससे कुछ रुपया अधिक स्वामी न पावे तो उस वस्तु को दे देवे अथवा बेच डाले। ऐसा न करे कि जब तक मूलधन न पावे तब तक उससे लाभ प्राप्त करता रहे।

न भोक्तव्यो बलादाधिर्भुञ्जानो वृद्धिमुत्सृजेत्।
मूल्येन तोषयेच्चैनमाधिस्तेनोऽन्यथा भवेत् ॥१४४॥

(१४४) बलात् उस रोधित (रेहन) वस्तु को कार्य में न लावे यदि ऐसा करे तो ब्याज छोड़ दे अथवा वस्तु के स्वामी को उसकी मूल्य देकर प्रसन्न करे. यदि ऐसा न करे तो रोधित (रेहन) वस्तु का चोर होता है।

× मनुजी की ब्याज की कड़ा करने से यह सिद्ध होता है कि लोग ऋण पास बचें।

आधिश्चोपनिधिश्चोभौ न कालात्ययमर्हतः ।
अवहार्यौ भवेतां तौ दीर्घकालमवस्थितौ ॥ १४५ ॥

(१४५) आधि वस्तु (रेहन की हुई वस्तु) तथा प्राप्ति वश कोई वस्तु किसी को मागे देना, इन दोनो प्रकार की वस्तु को उसका स्वामी जब मागे तुरन्त ही देना चाहिये । यह न कहे कि इतने दिन मे देंगे और बहुत काल तक रहने से यह दोनो वस्तुये दीर्घकाली नही हो जाती है वरन् वास्तविक स्वामी का स्वामित्व स्थित रहता है । जिसके पास रखी है वह स्वामी नही हो जाता है ।

सम्प्रीत्या भुज्यमानानि न नश्यन्ति कदाचन ।
धेनुरुष्ट्रो वहन्नश्वो यश्च दम्यः प्रयुज्यते ॥ १४६ ॥

(१४६) गऊ, ऊँट, घोड़ा, बैल, इन सब को स्वामी की आज्ञा से जो कोई बरते, तो जिसकी वह वस्तुयें है, उसका स्वामित्व नष्ट नही होता है ।

यत्किंचिद्दश वर्षाणि सन्निधौ प्रेक्ष्यते धनी ।
भुज्यमानं परैस्तूष्णीं न स तल्लब्धुमर्हति ॥ १४७ ॥

(१४०) उस वस्तु का स्वामी देखता है परन्तु बचता नही है । उस वस्तु को जो कोई दश वर्ष पर्यन्त बर्त ले तो उसका स्वामी उस वस्तु को नही पा सकता है । इसी प्रकार वर्तमान काल मे जबर्दस्ती (कब्जा मुखालिफानह) की अवधि है ।

अजडश्चेदपौगण्डो विषये चास्य भुज्यते ।
भग्नं तद्व्यवहारेण भोक्ता तद्द्रव्यमर्हति ॥ १४८ ॥

(१४८) क्योकि बरतने वाला कहता है कि वह उन्मत्त

तथा वासक नहीं है इसके देखते हुए हमने इसकी वस्तु को बर्ती है तब वह कुछ उत्तर नहीं दे सकता अतः व्यवहार से वह (भग्न सा।रज) होता है तथा भोक्ता (बर्तने वाला) उस वस्तु को पाता है ।

आधि सीमा बालधनं निक्षेपोपनिधि स्त्रिय ।
राजस्व श्रोत्रियस्व च न भोगेन प्रणश्यति ॥१४६॥

(१४६) आधि [रहन रखी हुई वस्तु] सीमा भूमि गृह आदि बाल सम्पत्ति व थाती धन जो गणना करके रखा गया हो वा सन्दूक म बन्द करके सौंपा गया हो स्त्री राजा व वेदपाठी का धन इन पर दस वष पर्यन्त भी यदि बिना आज्ञा निज कार्य में व्यय करे तो भी इनके वा तविक स्वामी का स्वामित्व नष्ट नहीं होता ।

य स्वामिनानऽनुज्ञातमार्धि भुङ्क्तेऽविचक्षण ।
तेनार्धवृद्धिर्मोक्तव्या तस्य भोगस्य निष्कृति ॥१५०॥

(१५) बिना स्वामी की आज्ञा के जो लोग आधि वस्तु को निजकार्य मे व्यय करे तो उसे अपने धन का व्याज छोड़ देना चाहिये । बिना आज्ञा स्वेच्छा से भोक्ता का यही दण्ड है ।

कुसीदवृद्धिद्व गुण्यं नात्यति सकृदाहृता ।
धान्य सद लव वाह्य नातिक्रामति पञ्चताम् ॥१५१॥

(१५१) मूलधन के तुल्य ही व्याज एक ही बार लेने में मिलता है । धान्य वृक्ष फल ऊन रेशम म दि इन सभी का व्याज मूलधन क पाच गुने से अधिक नहीं ।

कृतानुसाराऽधिका व्यतिरिक्ता न सिद्ध्यति ।
कुसीदपथमाहुस्त पञ्चक शतमर्हति ॥ १५२ ॥

(१५२) शास्त्रोल्लिखित व्याज से अधिक व्याज नही होता और जिस वर्ण से जो व्याज लेना कहा है उसके अस्त-व्यस्त (उलट-पुलट) करने से अनुचित विधि कहलाती है तथा यदि ❀ हथ उधार देकर फिर मागे और उसने न दिया तो उस दिन से पाच प्रति सैकडा व्याज लेना चाहिये ।

नातिसांवत्सरीं वृद्धि न चादृष्टं पुनर्हरेत ।
चक्रवृद्धिः कालवृद्धिः कारिता कायिका च या ॥१५३॥

(१५३) एक, दो वा तीन मास के पश्चात् हिसाब करके एक ही बार हिसाब देना इस रीति से वर्ष के अन्त तक ऋण-दाता व्याज लेता रहे तथा वर्षान्त पश्चात् उसका न लेवे, शास्त्र विरुद्ध व्याज न लेवे, यदि न लेवे तो अधर्म होता है । चक्रवृद्धि, कालवृद्धि, कारिताकायिका इन व्याजो को भी न लेवे, क्योकि यह शास्त्र मे उल्लिखित नही है ।

ऋणं दातुमशक्तो यः कर्तुमिच्छेत्पुनः क्रियाम् ।
स दत्त्वा निर्जितां वृद्धि करणं परिवर्त्तयेत् ॥ १५४ ॥

(१५४) जब ऋणी को ऋण परिशोध की सामर्थ्य न हो तो केवल मूलधन का व्याज देकर मूलधन के लिए पुन नया लेख (तमस्सुक) लिख देना चाहिये ।

❀ हथउधार [दस्तगरदा] लेकर ऋण-परिशोधन करने वाले के लिए पाँच रुपया प्रति सैकडा व्याज इसलिये रखा गया है कि उसने प्रतिज्ञा पालन नही की । प्रतिज्ञा भग करना ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, द्विजो का धर्म नही है वरन् ऐसे कार्य करने वाले (अर्थात् प्रतिज्ञा भगकर्ता) शूद्र कहलाते हैं तथा शूद्र से पाच रुपया प्रति सैकडा व्याज लेना मनुजी ने प्रथम ही कहा है ।

अदर्शयित्वा तत्रैव हिरण्यं परिवर्तयेत् ।
यावती सम्भवेद्वृद्धिस्तावतीं दातुमर्हति ॥ १५५ ॥

(१५५) यदि ब्याज भी देने की सामर्थ्य न हो तो मूलधन ब्याज सहित एकत्र कर एक नया लेख (तमस्सुक) लिख देना चाहिये ।

चक्रवृद्धिं समारूढो देशकालव्यवस्थितः ।
अतिक्रामन्देशकालौ न तत्फलमवाप्नुयात् ॥ १५६ ॥

(१५६) + जो मनुष्य सारथि का काम करता है और अपनी प्रतिज्ञा पालन नहीं करता है तो वह उसका सारा फल नहीं पा सकता जैसे यहाँ से अमुक स्थान तक बोझा पहुँचाने का इतना धन लेंगे या एक मास बोझा ले जाने का इतना धन लेंगे ऐसा कहकर कार्यारम्भ करे और मध्य ही में कार्य त्याग दे तो वह अपने परिश्रम फल के सारे धन को नहीं पा सकेगा ।

समुद्रयानकुशला देशकालार्थदर्शिनः ।
स्थापयन्ति तु यां वृद्धिं सा तत्राधिगमं प्रति ॥१५७॥

(१५७) समुद्र के पथ में कुशल तथा काल अर्थ इन चारों के जानने वाले जो वृद्धि ब्याज) निर्धारित करें उस स्थान पर वही ब्याज लेना ।

यो यस्य प्रतिभूस्तिष्ठेद्दर्शनायेह मानवः ।
अदर्शयन्स तं तस्य प्रयच्छेत्स्वधनादृणम् ॥ १५८ ॥

+ श्लोक १५६ मे ऐसे मनुष्यों के हेतु जो प्रतिज्ञानुसार कार्य पूरा न कर उनका सारा परिश्रम फल के न देने की आज्ञा इस हेतु दी है जिससे कोई मनुष्य जान-बूझ कर प्रतिज्ञा भंग करके परिश्रम फल प्राप्ति न करे जिससे संसार में अविश्वास और अधर्म प्रचारित हो सकता है ।

(१५८) जो मनुष्य जिस मनुष्य की उपस्थिति का प्रतिभू हो और उसे उचित समय पर उपस्थिति नही करता, वह अपनी सम्पत्ति से उसका ऋण परिशोध करे।

प्रतिभाव्यं वृथादानमाक्षिकं सौरिकं च यत्।
दंडशुल्कावशेषं च न पुत्रो दातुमर्हति ॥ १५६ ॥

(१५६) यदि पिता ने प्रतिभाव (जमानत) दिया हो वा ऋण लेकर पाखण्डी को दान दिया हो, वा द्यूत (जुआ) खेला हो वा मद्य पीने मे व्यय किया हो, वा अर्थदण्ड का धन दिया हो तो इस प्रकारके ऋणका परिशोध करने को उसका पुत्र वाध्य नही है।

दर्शनप्रातिभाव्ये तु विधिः स्यात्पूर्वचोदितः।
दानप्रतिभुवि प्रेते दायादानपि दापयेत् ॥ १६० ॥

(१६०) दर्शन प्रातिभावी (मालजामिन) की मृत्यु के उपरान्त उसका पुत्र उस ऋण को देवे जिस ऋण को परिशोधार्थ उसका पिता प्रतिभुवि है तथा दर्शन प्रातिभुवि मृत्यु के पश्चात् उसका पुत्र उसको उपस्थित करने के हेतु वाध्य नही है।

अदातरि पुनर्दाता विज्ञातप्रकृतावृणम्।
पश्चात्प्रतिभुवि प्रेते परीप्सेत्केन हेतुना ॥ १६१ ॥

(१६१) दर्शन प्रतिभू तथा विश्वास + प्रतिभू यह दोनो प्रकार के प्रतिभू ऋण के तुल्य धन को लेकर प्रतिभू हुए हो, तत्पश्चात् मृत्यु हो गई हो तो ऋणदाता अपने धन को प्राप्त करने की इच्छा से किससे धन प्राप्त करे प्रतिभू की तो मृत्यु हो

+ अर्थात् जिसने ऐसा कहा कि हमारे विश्वास से इसे ऋण दे दो यह तुमसे कपट न करेगा, भले का पुत्र है, अच्छा गाव का स्वामी है तथा उपजाऊ भूमि इसके पास है।

गई तथा उसके पुत्र से लेने की आशा नहो। यह तर्क करके उत्तर को कहते हैं।

निरादिष्टधनश्चेत्तु प्रतिभूः स्यादलंधन ।
स्वधनादेव तद्दद्यान्निरादिष्ट इति स्थितिः ॥ १६२ ॥

(१६२) कि उस धन से जो सम्पत्ति लेकर पिता प्रतिभू हुआ हो उसकी सम्पत्ति से प्रतिभू का पुत्र ऋण परिशोध करे।

मत्तोन्मत्तार्ताध्यधीनैर्बालेन स्थविरेण च ।
असम्बद्धकृतश्चैव व्यवहारो न सिद्ध्यति ॥ १६३ ॥

(१६३) मद गांजा आदि के मद से उन्मत्त व्याधि पीड़ित क्लेशित बालक वृद्ध सम्बन्धी सभों से गया हुआ व्योहार सत्य नहीं होता वरन् व्योहार का वही लेख सत्य है जो इसकी ज्ञानावस्था में बिना किसी प्रकार के बलात के लिखा जावे क्योंकि बुद्धि ठीक होने की दशा में कोई किसी प्रकार से बाध्य नहीं वरन् वह पशु समान है।

सत्या न भाषा भवति यद्यपि स्यात्प्रतिष्ठिता ।
बहिश्चेद्भाष्यते धर्मान्नियताद्व्यावहारिकात् ॥१६४॥

(१६४) × यदि लेख में ऐसी प्रतिज्ञायें लिखी गई हों जो शास्त्र तथा देश के विरुद्ध हों तो उन प्रतिज्ञाओं के पालन कराने का प्रयत्न न करना चाहिये।

× श्लोक १६४ म मनुजी ने बतलाया है कि यदि धर्मशास्त्र तथा देश व्यवहार (रिवाज) के विरुद्ध तथा विधि लेख लिखा जावे तथा दोनो पक्ष उसमें सहमत भी हों तो भी राजा को उसके अनुसार कार्य न करना चाहिये क्योंकि इससे नीति तथा देश व्यवहार मे अन्तर पड़ता है।

योगाधमनविक्रीतं योगदानप्रतिग्रहम् ।
यत्र वाप्युपधिं पश्येत्तत्सर्वं विनिवर्तयेत् ॥ १६५ ॥

(१६५) छल करके जो गहन, वेचना व व्यवहार है वह सब अनुचित है और जिस कार्य मे छल अनुभव होवे वह सब व्यर्थ समझना चाहिये ।

ग्रहीता यदि नष्टः स्यात्कुटुम्बार्थे कृतो व्ययः ।
दातव्यं बान्धवैस्तत्स्यात्प्रविभक्तैरपि स्वतः ॥१६६॥

(१६६) ऋणी की ऋण लेकर सन्तान के पालन-पोषण करने मे व्यय करने पश्चात् मृत्यु हो गई तो उस ऋण को उसके भ्राता पुत्र आदि सम्बन्धियो को परिशोध करना चाहिये, क्योकि वह धन उचित कार्य हेतु लिया गया है ।

कुटुम्बार्थेऽध्यधीनोऽपि व्यवहारं समाचरेत् ।
स्वदेशे वा विदेशे वा तं ज्यायान्न विचालयेत् ॥१६७॥

(१६७) स्वदेश व विदेश मे कुटुम्बार्थ गुमास्ता ने जो व्यवहार किया हो तो उस व्यवहार को स्वामी न छोडे वरन् उसको अङ्गीकार करे ।

बलाद्दत्तं बलाद्भुक्तं बलाद्यच्चापि लेखितम् ।
सर्वान्बलकृतानार्थानकृतान्मनुरब्रवीत् ॥ १६८ ॥

(१६८) बलात् देना, बलात् (बल पूर्वक) भोग करना, बलात् लेख लिखना आदि ऐसी बातो से जितने कार्य किये गये है वह सब सिद्धि नही होते ।

त्रयः परार्थे क्लिश्यन्ति साक्षिणः प्रतिभूः कुलम् ।
चत्वारस्तूपचीयन्त विप्र आढ्योवणिङ्नृपः ॥ १६९ ॥

(१६९) १-प्रतिभू २-*साक्षी ३-कुल यह तीनों केवल दूसरों के अर्थ क्लेश भोगते हैं । १-ब्राह्मण २-साहूकार ३-व्यवहारी तथा ४-राजा यह चारों धन्य से लाभ प्राप्त करते हैं। अर्थात् पूर्व तीनों को इस कार्य से कोई लाभ नहीं और इन चारों को लाभ है। अतः पहले तीन कार्यों में सम्मिलित न होना चाहिये तथा दूसरे चारों कार्यों में प्रयत्न करना चाहिये ।

अनादेय नादशीत परिक्षीणोऽपि पार्थिव ।
न चादेय समृद्धोऽपि सूक्ष्ममप्यर्थ मुत्सृजत ॥१७०॥

(१७) राजा यद्यपि निर्धन हो तो भी जो वस्तु अग्राह्य लेने के अयोग्य है उसे ग्रहण न करे, तथा यदि बहुत धनी भी हो तो भी ग्राह्य (लेने योग्य) वस्तु सूक्ष्म भी है तो उसे अवश्य ग्रहण करे ।

अनादयस्य चादानादादेयस्य च वर्जनात् ।
दौर्बल्य ख्याप्यते राज्ञ' स प्रत्येह च नश्यति ॥१७१॥

(१७१) ग्राह्य वस्तु को त्याग करने से तथा अग्राह्य वस्तु को ग्रहण करने से राजा की निर्बलता प्रकट होती है तथा वह राजा इस लोक में व परलोक में नाश को प्राप्त होता है ।

स्वादानाद्वर्णससर्गात्त्वबलानां न रक्षणात् ।
बल सजायते राज्ञ' स प्रत्येह च वर्धते ॥ १७२ ॥

(१७२) ग्राह्य वस्तु को ग्रहण करने अग्राह्य के त्यागने सवर्णों का शास्त्रानुसार परस्पर विवाह कराने निर्बल प्रजा की रक्षा करने से राजा बलवान होता है और वह राज्य इस लोक तथा परलोक मे बढ़ता है ।

---

* यद्यपि वर्तमान काल में साक्षी देने से लोग लाभ प्राप्ति करते हैं, परन्तु यह अनुचित लाभ है ।

तस्माद्यम इव स्वामी स्वयं हित्वा प्रियाप्रिये ।
वर्तेत याम्यया वृत्त्या जितक्रोधी जितेन्द्रियः ॥१७३॥

(१७३) अतएव प्रिय व अप्रिय अभिलाषाओ के ध्यान को परित्याग करके अक्रोधी तथा जितेन्द्रिय होकर रहे ।

यस्त्वधर्मेण कार्याणि मोहात्कुर्यान्नराधिपः ।
अचिरात्तं दुरात्मानं वशे कुर्वन्ति शत्रवः ॥ १७४ ॥

(१७४) जो राजा मोह व प्रीतिवश अधर्म कार्य को करता है उस दुरात्मा राजा को उसके शत्रु अपने वश मे कर लेते हैं। राजा के लिए पक्षपात तथा मोह व मूर्खता घृणित कार्य हैं।

कामक्रोधौ तु संयम्य योऽर्थान्धर्मेण पश्यति ।
प्रजास्तमनुवर्तन्ते समुद्रमिव सिन्धवः ॥ १७५ ॥

(१७५) जो राजा अक्रोधी, अकामी तथा जितेन्द्रिय होकर प्रजा के न्याय मे रत रहता है, उसी प्रजा सदैव उसकी आज्ञा पालन करती है तथा उसके वियोग की इच्छा नही करती जैसे समुद्र का वियोग नदी नही चाहती ।

यः साधयन्तं छन्देन वेदयेद्धनिकं नृपः ।
स राज्ञा तच्चतुर्भागं दाप्यस्तस्य च तद्धनम् ॥१७६॥

(१७६) यदि ऋणदाता ऋणी से अपने धन को निज बल से प्राप्त करने का साधन करे और ऋणी उस बलात् का निवेदन राजा से करे तो राजा ऋणी से उस ऋण का चतुर्थांश (चौथा भाग) दण्ड स्वरूप लेवे ।।

कर्मणापि समं कुर्याद्धनिकायाधमर्णिकः ।
समोऽवकृष्टजातिस्तु दद्याच्छ्रेयांस्तु तच्छनैः ॥ १७७ ॥

(१७७) यदि ऋणी ऋणदाता का स्वजाति व नीच जाति हो तथा ऋण परिशोध करने की सामर्थ्य न रखता हो तो ऋणदाता के कार्य को करके ऋण परिशोध करे । यदि ऋणी ऋणदाता से उच्च जाति का है तो वह ऋणदाता का कार्य न करे बरन् धीरे-धीरे देवे ।

अनेन विधिना राजा मिथो विवदतां नृणाम् ।
साक्षिप्रत्ययसिद्धानि कार्याणि समतां नयेत ॥१७८॥

(१७८) इस विधि से जो विवाह परस्पर प्रीति करने वाले मनुष्यों की साक्षियों द्वारा प्रमाणित है राजा उसमें विरुद्ध कार्यों को प्रमाण्य कर सत्य तत्व बलात्पर्य को ज्ञान करले ।

कुलजे वृत्तसम्पन्ने धर्मज्ञे सत्यवादिनि ।
महापक्षे धनिन्यार्ये निक्षेप निक्षिपेद्बुधः ॥ १७६ ॥

(१७९) कुलीन सदाचारी धर्मज्ञाता सत्यवादी सद्दान वाले धनी के समीप थाती रखना चाहिये तथा विपरीत गुणों वाले को थाती न सौंपे ।

यो यथा निक्षिपेद्धस्ते यमर्थं यस्य मानवः ।
स तथैव ग्रहीतव्यो यथा दायस्तथा ग्रहः ॥ १८० ॥

(१८) जो मनुष्य जिस विधि से ऋणी को धन देवे उसी विधि से अपना धन प्राप्त करे । क्योंकि जैसे देना वैसे ही ग्रहण करना चाहिये ।

यो निक्षेपं याच्यमानो निक्षेप्तुर्न प्रयच्छति ।
स याच्यः प्राड्विवाकेन तन्निक्षेप्तुरसन्निधौ ॥१८१॥

(१८१) यदि जिस पुरुष को थाती (निक्षेप, अमानत) सौंपी है वह मागने पर न देवे, तो राजा थाती रखने वाले से थाती के स्वामी के परोक्ष मे प्रश्नोत्तर द्वारा सत्य तत्त्व परिज्ञात कर ले।

साक्ष्यभावे प्रणिधिभिर्वयोरूपसमन्वितैः।
अपदेशैश्च संन्यस्य हिरण्यं तस्य तत्त्वतः॥ १८२॥

(१८२) साक्षी के अभाव मे यदि थाती रखने वाला स्वामी व धनी राजा से धर्मयुक्त बात न कहे तो दूसरे उसके समीप थाती सौंपवादे ।

स यदि प्रतिपद्येत यथान्यस्तं यथाकृतम्।
न तत्र विद्यते किंचिद्यत्परैरभियुज्यते॥ १८३॥

(१८३) तत्पश्चात् वह दूसरा मनुष्य अपनी थाती को उससे मांगे, यदि वह देदे तो उसे सत्यवादी जानना तथा इससे जो अन्य पुरुष (प्रथम थाती सोपने वाला) अपनी थाती मागता था उसे मिथ्याभाषी जानना।

तेषां न दद्याद्यदितु तद्धिरण्यं यथाविधि।
उभौ निगृह्य दाप्यः स्यादिति धर्मस्य धारणा॥१८४॥

(१८४) यदि वह धनी व मनुष्य दूसरी बार रखी हुई थाती को भी न देवे, जिस थाती का पूर्ण ज्ञान राजा को प्रथम से है तो राजा उससे दोनो थातियो के धन को उससे प्राप्त करे, धर्मानुकूल यह कार्य है।

निक्षेपोपनिधी नित्यं न देयौ प्रत्यनन्तरे।
नश्यतो विनिपाते तावनिपाते त्वनाशिनौ॥ १८५॥

(१८५) जो वस्तु जानी हुई थाती रखी जावे वा बिना

थाती रखी जावे इन दोनों प्रकार की थातियों को इनके स्वामी के अतिरिक्त उसके पुत्र आदि सम्बन्धियों को न देवे।

स्वयमेव तु यो दद्यान्मृतस्य प्रत्यनन्तरे ।
न स राज्ञा नियोक्तव्यो न निक्षेप्तुस्च बन्धुभिः॥१८६॥

(१८६) थाती सौंपने के थोड़े काल पश्चात् उसकी मृत्यु हो गई तो वह धनी वा मनुष्य जिसके समीप उसकी थाती रखी है स्वयं ही उस थाती को उस पुरुष को सौंप दे जिसने उसके धन को धर्मतः प्राप्त किया है। मृतक पुरुष का पुत्र तथा राजा उससे अन्य वस्तु न मांगे अर्थात् यह न कहे कि तुम्हारे पास अमुक वस्तु और थाती स्वरूप है उसे भी दो।

अच्छलेनैव चान्विच्छेत्तमर्थं प्रीतिपूर्वकम् ।
विचार्य तस्य वा वृत्तं साम्नैव परिसाधयेत् ॥१८७॥

(१८७) साम उपाय जो छल से पृथक है, के द्वारा प्रीति पूर्वक जिसको थाती सौंपी गई थी उसको आचरण की पीर भाव कर अपना अर्थ विचारे।

निक्षेपेष्वेषु सर्वेषु विधिः स्यात्परिसाधने ।
समुद्रे नाप्नुयात्किञ्चिद्यदि तस्मान्न संहरेत् ॥ १८८ ॥

(१८८) थाती की विधि वर्णन की तथा महयय वस्तु (बन्द) को जैसी से तैसी ही देवे। मोहर को तोड़ कर उसमें से कुछ न लेवे तो किञ्चित्मात्र दोष नहीं।

चौरैर्हृतं जलेनोढमग्निना दग्धमेव वा ।
न दद्याद्यदि तस्मात्स न संहरति किंचन ॥ १८९ ॥

(१८९) थाती चोरी गई हो वा जल द्वारा नष्ट हो गई

हो वा अग्नि द्वारा भस्म हो गई हो, तो जिसके समीप थाती रखी गई है वह न देवे, यदि उसमे से स्वय कुछ न लिया हो।

निक्षेपस्यापहर्तारमनिक्षेप्तारमेव च ।
सर्वैरुपायैरन्विच्छेच्छपथैश्चैव वैदिकैः ॥ १९० ॥

(१९०) थाती का अपहरण (खयानत) करने वाला वा थाती सौंपने का मिथ्या वादी इनकी (१) वेद विधि द्वारा परीक्षा लेकर सत्यासत्य को निर्णय करे।

यो निक्षेपं नार्पयति यश्चानिक्षिप्य याचते ।
तावुभौ चोरवच्छास्यौ दाप्यौ वा तत्समं दमम् ॥१९१॥

(१९१) जो मनुष्य थाती को नही देता है वा जो बिना थाती सौंपे मागता है, दोनो चोर के समान दण्डनीय हैं अथवा थाती के तुल्य धन दण्ड स्वरूप लेना चाहिये।

निक्षेपस्यापहर्तारं तत्समं दापयेद्दमम् ।
तथोपनिधिहर्तारमविशेषेण पार्थिव ॥ १९२ ॥

(१९२) गुप्त (अज्ञात, गोपनीय) तथा मुद्राकित (मोहर किये हुए) इन दोनो प्रकार की थातियो को जो नही देता है, उसको उन दोनो प्रकार की थाती के धन के तुल्य ही अर्थ दण्ड स्वरूप लेवे।

उपधाभिश्चयः कश्चित्परद्रव्यं हरेन्नरः ।
ससहायः स हन्तव्यः प्रकाशं विविधैर्वधैः ॥ १९३ ॥

(१९३) जो पुरुष छल द्वारा किसी धन को अपहरण करता है। सब मनुष्यो के सम्मुख उसको, उसके सब सहायको सहित शारीरिक व आर्थिक दण्ड देकर मारे।

निक्षेपो यः कृतो येन यावांश्च कुलसन्निधौ ।
तावानेव स विज्ञेयो विब्रुवन्दण्डमर्हति ॥ १९४ ॥

(१९४) कुल की उपस्थिति में जितनी थाती रक्खी है उस संख्या के विपरीत कहे तो थाती के तुल्य धन दण्ड स्वरूप है। क्योंकि वृथा भाषण और थाती को पचा जाने के अपराधों का अपराधी है।

मिथो दायः कृतो येन गृहीतो मिथ एव वा ।
मिथएव प्रदातव्यो यथा दायस्तथा ग्रहः ॥ १९५ ॥

(१९५) साक्षी बिना जिसने थाती रक्खी है वह उस धनी से बिना साक्षी के ही थाती प्राप्त करेगा। क्योंकि जैसा देना तैसा ग्रहण (प्राप्त) करना।

निक्षिप्तस्य धनस्यैवं प्रीत्योपनिहितस्य च ।
राजा विनिर्णयं कुर्यादक्षिण्वन्न्यासधारिणम् ॥१९६॥

(१९६) जो वस्तु गिना कर अथवा गिनवा कर किसी के पास धरोहर रक्खी जावे व जो वस्तु मुद्राङ्कित (गोपनीय) कर थाती रूप सौंपी गई व जो वस्तु प्रीति पूर्वक सौंपी गई है। राजा इन तीनों प्रकार की धरोहरों का इस प्रकार निर्णय करे कि धरोहरधारी को पीड़ा न पहुँचे।

विक्रीणीते परस्य स्वं योऽस्वामी स्वाम्यसम्मतः ।
न तं नयेत साक्ष्यंतु स्तेनमस्तेनमानिनम् ॥ १९७ ॥

(१९७) यदि कोई धरोहर धरी हुई वस्तु को उसके स्वामी की आज्ञा बिना बेचता है तो बेचने वाले को चोर समझना चाहिये तथा उसे साक्षी न समझे।

अवहार्यो भवेच्चैव गान्वयः पट्शतं दमम् ।
निरन्वयोऽनपसरः प्राप्तः स्याच्चौरकिल्विषम् ॥१९८॥

(१९८) यदि बेचने वाला उस स्वामी के कुल का हो तो छ सौ पण दण्ड देने योग्य है । तथा यदि वंश का न हो तो चोर के समान दण्डनीय है ।

अस्वामिना कृतो यस्तु दायो विक्रय एव वा ।
अकृतः स तु विज्ञेयो व्यवहारे यथा स्थितिः॥१९९॥

(१९९) स्वामी की आज्ञा विना जो वस्तु बेची, मोल ली व दी-ली जाती है । वह व्यवहार विधि मे अनुचित व अमान्य है अर्थात् वह वस्तु वेची हुई, मोल ली हुई, दी हुई वा ली हुई न समझना चाहिये ।

संभोगे दृश्यते यत्र न दृश्येतागमः क्वचित् ।
आगमः कारणं तत्र न संभोग इति स्थितिः ॥२००॥

(२००) जिस वस्तु मे उपयोग (व्यय) दीखता है किन्तु आने का प्रमाण (लेख) कही नही देख पडता । तो उसमे आगम (आने का प्रमाण, लेख) ही प्रमाण है सभोग ही ऐसी शास्त्र मर्यादा है ।

विक्रयाद्योधनं किंचिद्गृह्णीयात्कुलसन्निधौ ।
क्रयेण स विशुद्धं हि न्यायतो लुभते धनम् ॥२०१॥

(२०१) व्योहारी के समक्ष मे हाट (पैंठ) से किसी वस्तु को मोल लिया और मोल लेना प्रमाणित हो तो न्यायानुकूल वह उस वस्तु का मोल लेने वाले धन का दाता है ।

अथ मूलमनार्यं प्रकाशक्रयशोधितः ।
अदण्ड्यो मुच्यते राज्ञा नाष्टिको लभते धनम् ॥२०२॥

(२०२) यदि बेचने वाले को उपस्थित न कर सके और सबके प्रत्यक्ष में वस्तु खरीदना स्वीकारे तो राजा उसे दण्ड देवे और मोल ली हुई चीज को उसके स्वामी को जिसकी वस्तु चोरी गई है दिला दे तथा जिसने धन को यह वस्तु मोल ली गई उतना रुपया खरीदने वाले का गया ।

नान्यदन्येन संसृष्टरूपं विक्रयमर्हति ।
न चासारं न च न्यूनं न दूरेण तिरोहितम् ॥२०३॥

(२०३) अन्य वस्तु में मिश्रित कर न झूठा नाम लेकर न निकृष्ट वस्तु न बेचे न कम न तोले या किसी गर्हित वस्तु पर रूप रंग देकर न बेचे ।

अन्यां चेद्दर्शयित्वान्या वोढुः कन्या प्रदीयते ।
उभे ते एक शुल्केन वहेदित्यब्रवीन्मनुः ॥ २०४ ॥

(२०४) अन्य कन्या दिखला कर अन्य कन्या देवे तो विवाह करने वाला एक ही शुल्क से दोनों कन्याओं का विवाह करे, यह मनुजी ने कहा है ।

नोन्मत्ताया न कुष्ठिन्या न च या स्पृष्टमैथुना ।
पूर्वं दोषानभिख्याप्य प्रदाता दण्डमर्हति ॥ २०५ ॥

(२०५) जो कन्या व्याधि पीड़ित उन्मत्त कोढ़िन तथा मैथुन योग्य न हो उसका विवाह उसके दोष प्रकट किये बिना कर देवे तो उस कन्या का दान करने वाला दण्डनीय है ।

ऋत्विग्यदिवृतोयज्ञे स्वकर्मपरिहारयेत् ।
तस्य कर्मानुरूपेण देयोंऽशः सह कर्तृभिः ॥ २०६ ॥

(२०६) यज्ञ मे वर्ण लेकर जो ऋत्विज अपने को न करे, तो जितना कर्म किया है उतना अश ही कर्मकर्ता के साथ पावे ।

दक्षिणासु च दत्तासु स्वकर्म परिहापयन् ।
कृत्स्नमेव लभेतांशमन्येनैव च कारयेत् ॥ २०७ ॥

(२०७) पूर्व यज्ञ की दक्षिणा लेकर यदि रोग आदि के कारण उस कर्म को पूर्ण न कर सके तो उसको दूसरे के द्वारा करा देवे ।

यस्मिन्कर्मणि यास्तु स्युरुक्ता प्रत्यङ्गदक्षिणाः ।
स एव ता आददीत भजेरन्सर्व एव वा ॥ २०८ ॥

(२०८) व तो सारे यज्ञ करने वाले एकत्र हो, यज्ञ पूर्ण करने के पश्चात् दक्षिणा को परस्पर वाट ले व जिस कर्म की जो दक्षिणा निश्चित है वह कर्म करके वह दक्षिणा ले ले ।

रथं हरेत चाध्वर्युर्ब्रह्माधाने च वाजिनम् ।
होता वापि हरेदश्वमुद्गाता चाप्यनः क्रये ॥२०९॥

(२०९) अध्वर्यु रथ पावे, ब्रह्मा व होता घोडा पावे और उदगाता गाडी पावे ।

सर्वेषामर्धिनो मुख्यास्तदर्धेनार्धिनोऽपरे ।
तृतीयिनस्तृतीयांशाश्चतुर्थांशाश्च पादिनः ॥२१०॥

(२१०) जि यज्ञ की सौ गऊ दक्षिणा है उसके विभाग की विधि लिखते हैं—कि यज्ञ मे सोलह ऋत्विग होते हैं, उनमे

चार ऋत्विग् मुख्य हैं अर्थात् होता उध्वर्यु ब्रह्मा उद्गाता। यह चारों सब दक्षिणा का अर्ध भाग पावें और मित्रावर्ण प्रस्तोता ब्रह्माच्छन्सी प्रस्तोता—यह चारों मुख्य ऋत्विगों का आधा भाग पावें। इच्छायानय नविश्ता अग्निध्रीयर प्रतिहर्ता—यह चारों मुख्य ऋत्विगों का तृतीयांश पावें। ग्रावस्त अयन्ता पोता सुब्रह्मण्य—यह चारों मुख्य ऋत्विगों का चतुर्थांश पावें। इस स्थान पर सब को उपरोक्त विधि से दक्षिणा मिले अत सब का आधा यद्यपि पचास है तो ४८ ही लेना, तब प्रथम कही हुई संख्या पूर्ण होगी।

> संभूय स्वानि कर्माणि कुर्वद्भिरिह मानवैः ।
> अनन विधियोगेन कर्तव्यांशप्रकल्पना ॥ २११ ॥

(२११) अपने कर्म को एकत्र हो पूर्ण करने व से इस विधि से परस्पर विभाजित करें।

> धर्मार्थ यन दत्तं स्यात्कस्मैचिद्याचते धनम् ।
> पश्चाच्च न तथा तत्स्यान्न देयं तस्य तद्भवेत् ॥२१२॥

(२१२) किसी दाता ने किसी याचक को धर्मार्थ कुछ दान किया और वह उस धन को ग्रहण करके धर्म में कुछ नहीं लगाता है, तो उस धन को दानदाता उससे फेर लेवे।

> यदि संसाधयेत्तत्तु दर्पाल्लोभेन वा पुनः ।
> राज्ञा दाप्यः सुवर्णं स्यात्तस्य स्तेयस्य निष्कृतिः॥२१३॥

(२१३) यदि लोभ वश वह न देवे व दाता देने की प्रतिज्ञा कर फिर न देवे और याचक बलात् धन ग्रहण कर धर्म में नहीं लगाता तो राजा इन दोनों से चोरी के दण्ड में एक सुवर्ण सिक्का दण्ड स्वरूप लेकर दाता को देवे।

दत्तस्यैषोदिता धर्म्या यथावदनपक्रिया ।
अत ऊर्ध्वं प्रवक्ष्यामि वेतनस्यानपक्रियाम् ॥२१४॥

(२१४) दी हुई वस्तु को लौटा लेने की विधि को कहा तत्पचात् वेतन न देने की विधि को कहते हैं ।

भृतो नार्तो न कुर्याद्यो दर्पात्कर्म यथोदितम् ।
स दण्ड्यःकृष्णलान्यष्टौ न देयं चास्य वेतनम् ॥२१५॥

(२१५) बलवान् तथा निरोगी (हृष्ट-पुष्ट) मनुष्य ने एक कार्य करना स्वीकार किया और अहङ्कार वश नही करता है तो राजा उससे आठ रत्ती सोना दण्ड लेवे और वेतन उसको न दे ।

आर्तस्तु कुर्यात्स्वस्थः स न्यथाभाषितमादितः ।
स दीर्घस्यापि कालस्य तन्लभेतैव वेतनम् ॥ २१६ ॥

(२१६) कार्यकर्ता रोगग्रसित होने पर कार्य त्याग दे तथा निरोग होने पर पुन कार्य करे, तो वह पिछले दिनो का भी वेतन पावे ।

यथोक्तमार्तः सुस्थो वा यस्तत्कर्म न कारयेत् ।
न तस्य वेतनं देयमल्पोनस्यापि कर्मणः ॥ २१७ ॥

(२१७) अस्वस्थ हो व स्वस्थ-हो, कार्यकर्ता जिस कार्य को स्वीकार करे और वह काय थोडा ही शेष रह गया है, उस शेष कार्य को न तो वह स्वय ही पूर्ण करता है न अन्य के द्वारा पूर्ण कराता है, तो उसे शेष का कुछ न देना चाहिये ।

एष धर्मोऽखिलेनोक्तो वेतनादान कर्मणः ।
अत ऊर्ध्वं प्रवक्ष्यामि धर्मं समयभेदिनाम् ॥ २१८ ॥

(२१८) वेतन न दे की विधि को कहा तत्पश्चात् अब किसी कार्य के करने में सहमत होकर उसे न करे तो उसका धर्म कहते हैं।

यो ग्रामदेशसंघानां कृत्वा सत्येन संविदम्।
विसंवदेन्नरो लोभात्तं राष्ट्राद्विप्रवासयेत् ॥ २१९ ॥

(२१९) जो मनुष्य किसी शुभ कार्य के करने के अर्थ गांव नगर व देश सब द्वारा परामर्श करे तत्पश्चात् लोभ वश उस कार्य को न करे, ऐसे अधर्म पुरुष को राजा अपने राज्य से निकाल बाहर कर दे।

निगृह्य दापयेच्चैनं समयव्यभिचारिणम्।
चतुः सुवर्णान्षण्णिष्कांश्छतमानं च राजतम् ॥२२०॥

(२२०) पूर्वोक्त मनुष्य को पकड़ कर चार सौ नए छः निष्क तथा एक चांदी का शतमान दण्ड लेवे। इन सब की तोल प्रथम ही कह चुके हैं।

एतद्दण्डविधिं कुर्याद्धार्मिकः पृथिवीपतिः।
ग्रामजातिसमूहेषु समयव्यभिचारिणाम् ॥ २२१ ॥

(२२१) धर्मात्मा राजा ग्राम जाति व समूह में प्रतिज्ञा भङ्ग कर्ताओं को इन उपरोक्त विधि से दण्ड का विधान करे।

क्रीत्वा विक्रीय वा किंचिद्यस्येहानुशयो भवेत्।
सोऽन्तर्दशाहात्तद्द्रव्यं दद्याच्चैवाददीत वा ॥२२२॥

(२२२) × किसी द्रव्य के खरीदने व बेचने के पश्चात्

× २२२ वें श्लोक से विदित होता है कि व्योपार में फेर फार का नियम परमावश्यक है और नियम द्वारा कपट नहीं हो सकता। क्योंकि द्रव्य (वस्तु) की निकृष्टता (खराब हालत) में फेर देने का नियम है।

उसके विषय मे यह पश्चाताप हो कि यह व्यौपार ठीक ठीक नही हुआ तो दस दिन के बीच ही मे लौटा देना उचित है और वह ग्रहण कर लेवे।

परेण तु दशाहस्य न दद्यान्नापि दापयेत् ।
आददानो ददाच्चैव राज्ञा दण्डयः शतानि षट् ॥२२३॥

(२२३) दस दिन के व्यतीत हो जाने पर फेर-फार नही होती और यदि करे तो छ सौ पण दण्ड देवे ।

यस्तु दोषवतीं कन्यामनाख्याय प्रयच्छति ।
तस्य कुर्यान्नृपो दण्डं स्वयं षण्णवतिं पणान् ॥२२४॥

(२२४) जो मनुष्य दोषयुक्त कन्या का दोष न कह कर वर को कन्या-दान न देवे तो वह छयानवें पण दण्ड स्वरूप देवे।

अकन्येति तु यः कन्यां ब्रूयाद्द्वेषेण मानवः ।
स शतं प्राप्नुयाद्दण्डं तस्य दोषमदर्शयन् ॥२२५॥

(२२५) जो निर्दोषी कन्या को द्वेष से दोष लगावे और वह उस कन्या के उस लगाये हुए दोष को सिद्ध न कर पावे, तो वह पुरुष सौ पण दण्ड पाने योग्य है ।

पाणिग्रहणिका मन्त्राः कन्यास्वेव प्रतिष्ठिताः ।
नाकन्यासु क्वचिन्नृणां लुप्तधर्मक्रिया हि ताः ॥२२६॥

(२२६) पाणिग्रहण सम्बन्धी वैदिक मन्त्रो का उपयोग निर्दोषी (विशुद्ध) कन्याओ के विषय मे ही करना चाहिये । अकन्या (दोषयुक्त कन्या) के विषय मे कही भी नहीं उपयोग किये गये । क्योकि वैदिक संस्कारो मे जो प्रतिज्ञा की जाती है वह अटल होती है और दोषयुक्त कन्याओ से प्रतिज्ञा निवाहना असभव है क्योकि उसकी धर्मक्रिया लुप्त हो जाती है ।

पाणिग्रहणिका मन्त्रा नियतं दारलक्षणम् ।
तेषां निष्ठा तु विज्ञेया विद्वद्भिः सप्तमे पदे ॥ २२७ ॥

(२२७) यथाविधि पाणिग्रहण मन्त्रों द्वारा वर-वधू में जो प्रतिज्ञायें होती हैं वही विवाह का ठीक २ लक्षण है, सातवां भाँवर जो पड़ता है उसी द्वारा विवाह की पूर्णता होती है। तद मन्तर कन्या उस मनुष्य की पत्नी हो जाती है इससे पूर्व नहीं।

यस्मिन्यस्मिन्कृते कार्ये यस्येहानुशयो भवेत् ।
तमनेन विधानेन धर्म्ये पथि निवेशयेत् ॥ २२८ ॥

(२२८) जिस जिस कार्य के करने के पश्चात् जिसको उस कार्य में पश्चाताप हो उसको इस पूर्वोक्त विधान द्वारा धर्म मार्ग में नियुक्त करे।

पशुषु स्वामिनां चैव पालानां च व्यतिक्रमे ।
विवादं संप्रवक्ष्यामि यथावद्धर्मतत्त्वतः ॥ २२९ ॥

(२२९) पशुओं के विषय में पशु स्वामी और पशुपालकों अर्थात् अहीरादि इनके विवाद को यथार्थ धर्मानुकूल कहेंगे।

दिवा वक्तव्यता पाले रात्रौ स्वामिनि तद्गृहे ।
योगक्षेमेऽन्यथा चेत्तु पालो वक्तव्यतामियात् ॥२३०॥

(२३) दिन में पशु चराने वालों के समीप यदि स्वामी द्वारा सौंपे हुए पशु की रक्षा न हो सके तो वह पशु चराने वाला अपराधी होता है और रात्रि समय में स्वामी के घर में अहीर को सौंपे हुए पशु की रक्षा न हो सके तो अहीर अपराधी होता है।

गोपः क्षीरभृतो यस्तु स दुह्याद्दशतो वराम् ।
गोस्वाम्यनुमते भृत्यः सा स्यात्पालेऽभृते भृतिः ॥२३१॥

(२३१) जिस गोपाल (अहीर) का कुछ वेतन नियत नही हुआ वह स्वामी की अनुमति से दस गऊ चरावे तो उनमे से एक श्रेष्ठ गौ का दूध उसको वेतन मे लेना चाहिये ।

नष्टं विनष्टं कृमिभिः श्वहतं विषमे मृतम् ।
हीनं पुरुषकारेण प्रदद्यात्पाल एव तु ॥ २३२ ॥

(२३२) * जो गऊ वा पशु खो जाये, कीडो से नष्ट हो जाये, कुत्ते मार डालें, ऊँची-नीची भूमि मे पैर पडने से मर जाये, व पुरुषार्थ द्वारा सेवा न हो सकने से मर जाये, तो पशु-पालक (अहीर) ही उसका देने वाला है ।

विघुष्य तु हृतं चौरैर्न पालो दातुमर्हति ।
यदि देशे च काले च स्वामिनः स्वस्यशंसति॥२३३॥

(२३२) यदि बलात्कार चोर पशु ले जावे तो उस पशु को वह न देवे । यदि उसी समय पशु स्वामी को पशु-हरण का सम्पूर्ण वृत्तान्त ज्यो का त्यो कह देवे ।

कर्णौ चर्म च बालांश्च बस्तिं स्नायुं च रोचनाम् ।
पशुषु स्वामिनां दद्यान्मृतेष्वंमानि दर्शयेत् ॥ २३४ ॥

(२३४) पशु के स्वय मर जाने पर पशुपालक सीग, खुर आदि अश पशु-स्वामी को दिखा देवे तथा कान, चमडा, बाल, चर्बी, स्नायु (नसें) और गोरोचन स्वामी को लाकर देवे ।

---

* क्योंकि चरगाहे (अहीर) की गाय व पशु की रक्षार्थ नियत किया जाता है, अत २३२ वे श्लोक मे उल्लिखित हानि चरवाहे के आलस्य द्वारा होती है । उसका जिम्मेदार इसी कारण बनाया गया है तथा जो हानि प्राकृतिक अवस्था मे हो उसका जिम्मेदार पशु-स्वामी है ।

अजाविके तु संरुद्धे वृकैः पाले त्वनायति ।
यां प्रसह्य वृको हन्यात्पाले तत्किल्बिषं भवेत् ॥२३५॥

(२३५) भेड़ व बकरी को भेड़िया ने घेरा हो और चरवाहा उसे भेड़िये से न छुड़ावे वरन् भेड़िया बलात् उसे मार डाले तो उस पशु-वध का पाप चरवाहे को लगता है ।

तासां चेदवरुद्धानां चरन्तीनां मिथो वने ।
यामुत्प्लुत्य वृको हन्यान्न पालस्तत्र किल्बिषी ॥२३६॥

(२३६) * यदि चरवाहे की रक्षा में वन में चरती हुई भेड़ बकरी या गाय को शेर ने मार डाला हो तो चरवाहा उसके पाप का भागी नहीं हो ।

धनुःशतं परीहारो ग्रामस्य स्यात्समन्ततः ।
शम्यापातास्त्रयो वाऽपि त्रिगुणो नगरस्य तु ॥२३७॥

(२३७) गाय आदि पशुओं के चरने के अर्थ गांव के चारों ओर सौ धनुष (चार सौ हाथ) भूमि राजा त्याग दे (उसमें कृषि न करनी चाहिये) तथा हाथ से लाठी फेंकने से जहाँ गिरे-उतनी भूमि की तिगुनी में अन्नादि न बोये और नगर के चारो ओर ग्राम की गोचर भूमि की तिगुनी भूमि छोड़ दे ।

तत्रापरिवृतं धान्यं विहिंस्युः पशवो यदि ।
न तत्र प्रणयेद्दण्डं नृपतिः पशुरक्षिणाम् ॥ २३८ ॥

(२३८) यदि वहाँ छुटी हुई भूमि के समीप बाड़ से न घिरे हुए अन्न को पशु नष्ट कर दें तो राजा वहाँ के पशु रक्षक को दण्ड न देवे ।

---

* क्योंकि प्रथम से ही रक्षा करना चरवाहे की सामर्थ्य से परे है अतः चरवाहा उसका जिम्मेदार नहीं ।

वृतिं तत्र प्रकुर्वीत यामुष्ट्रो न विलोकयेत् ।
छिद्रं चारयेत्सर्वं श्वसूकरमुखानुगम् ॥ २३९ ॥

(२३९) उस क्षेत्र (खेत) के बचाने के अर्थ इतनी ऊंची बाड बनावे जिसको ऊंट देख न सके, सम्पूर्ण छिद्रो को बन्द करदे जिसमे कुत्ता व सूअर का मुंह उसमे न जा सके और वे अन्न को न खा सके ।

पथि क्षेत्रे परिवृते ग्रामान्तीयेऽथवा पुनः ।
स पालः शतदण्डार्हो विपलांश्चरयेत्पशून् ॥२४०॥

(२४०) मार्ग व ग्राम के समीपवर्ती बाड के घिरे हुए क्षेत्र के अन्न को यदि पशु उजाडें तो वह चरवाहा सौ पण दण्ड देवे तथा जिन पशुओ के साथ पशुपालक नही है उनको खेत का रक्षक स्वयं हटा दे ।

क्षेत्रेष्वन्येषु तु पशुः सपादं पणमर्हति ।
सर्वत्र तु सदो देयः क्षेत्रिकस्येति धारणा ॥ २४१ ॥

(२४१) यदि मार्ग, ग्राम आदि की समीपता से भिन्न अन्य स्थल के खेत को पशु खा जावें तो चरवाहा सौ पण दण्ड देवे और अपराधानुसार जितनी हानि हुई हैं उतनी पशुपालक व पशुस्वामी देदे, यह मर्यादा है ।

अनिर्दशाहां गां सूतां वृषान्देवपशूंस्तथा ।
सपालान्वा विपालान्वा न दण्ड्यान्मनुरब्रवीत् ॥२४२॥

(२४२) चरवाहा साथ हो व न हो, ऐसी गऊ जिसे व्याये हुए दश दिन नही हुए है और वह दश दिन के भीतर खेत नष्ट कर दे अथवा साड खेत को चर ले तो अदण्डनीय है यह मनुजी ने कहा है ।

च प्रियस्यात्यये दण्डो भागाद्दशगुणो भवेत् ।
ततोऽर्धदण्डो भृत्यानामज्ञानात्त्व प्रियस्य तु ॥२४ ॥

(२४३) कमाई के खेत के धान्य का यदि किसान के पशुओं ने खा लिया है तो वह राज-भाग की हानि का दशगुणा दण्ड देवे और यदि किसान के नौकरों की अज्ञानता से उसकी खेती पशु आदि द्वारा नष्ट हो जावे तो नौकर उस हानि का पंच गुणा दण्ड देवे ।

एतद्विधानमातिष्ठेद्धार्मिकः पृथिवीपतिः ।
स्वामिनां च पशूनां च पालनां च व्यतिक्रमे ॥२४४॥

(२४४) धर्मात्मा राजा स्वामी चरवाहा व पशु के विवाद में इस पूर्वोक्त विधान को करे ।

सीमां प्रति समुत्पन्ने विवादे ग्रामयोर्द्वयोः ।
ज्येष्ठे मासि नयेत्सीमां सुप्रकाशेषु सेतुषु ॥ २४५ ॥

(२४५) सीमा विषयक दो ग्रामों के झगड़े में ज्येष्ठ (जेठ) मास में जब उनके चिन्हादि प्रकट होवें तब राजा उसका निर्णय करे ।

सीमावृक्षांश्च कुर्वीत न्यग्रोधाश्वत्थकिंशुकान् ।
शाल्मलीन्सालतालांश्च क्षीरिणश्चैव पादपान् ॥२४६॥

(२४६) बरगद पीपल ढाक सेमल साल ताल (ताड़) और दूध वाले वृक्षों को सीमा के चिन्ह पर लगाना चाहिये ।

गुल्मान्वेणूंश्च विविधाञ्छमीवल्लीस्थलानि च ।
शरान्कुब्जकगुल्मांश्च तथा सीमा न नश्यति ॥२४७॥

(२४७) गुल्म (झाड़ी) बांस आदि भी बाईं मक्ष

अधिक व न्यून कटीले वृक्ष, शमी, वेल, मिट्टी के ऊँचे टीले और सरकण्डे तथा कुबड़े गुल्म वाले वृक्षो मे से किसी एक को लगाना चाहिये इससे सीमा नष्ट नही होती ।

तडागान्युदपानानि वाप्य प्रस्रवणानि च ।
सीमासंधिषु कार्याणि देवतायतनानि च ॥ २४८ ॥

(२४८) तालाव, कुआ, वावडी, झरना, देवस्थान, इनमें से किसी को सीमा की मेड पर वनवाना चाहिये ।

उपच्छन्नानि चान्यानि सीमालिंगानि कारयेत् ।
सीमाज्ञाने नृणां वीक्ष्य नित्यं लोके विपर्ययम् ॥२४९॥

(२४९) सीमा के ज्ञान मे मनुष्यो मे भ्रम देखकर और भी गुप्त सीमा चिन्ह सीमा पर स्थापित करना चाहिये ।

अश्मनोऽस्थीनि गोवालांस्तुषान्भस्मकपालिकाः ।
करीषमिष्टकांगारांश्छकरा बालुकास्तथा ॥ २५० ॥

(२५०) पत्थर, हड्डी, गऊ के बाल, भूसी, राख, कपडा, शुष्क गोवर, पक्की ईटो के कङ्कड, पत्थर की छोटी कङ्कडिया, कोयला, रेत आदि ।

यानि चैवं प्रकाराणि कालाद्भूमिर्न भक्षयेत् ।
तानि संधिषु सीमायामप्रकाशानि कारयेत् ॥ २५१ ॥

(२५१) * जिनको बहुत दिनो तक भूमि गला न सके, उन वस्तुओ को सीमा की सन्धियो मे गुप्त रीति से रखवा देवे । यही गुप्त चिन्ह हैं ।

---

* दो प्रकार के सीमा-चिन्ह १-प्रकट, २-गुप्त इससे आवश्यक है कि जिससे अधर्मी और धर्मात्मा की पहिचान हो जावे क्योकि प्रकट चिन्हो के विनष्ट होनेपर भी गुप्तचिन्ह सीमा को प्रकट कर सकते हैं ।

एतैर्लिंगैर्नयेत्सीमां राजा विवदमानयो ।
पूर्वभुक्त्या च सततमुदकस्यागमेन च ॥ २५२ ॥

(२५२) इन पूर्वोक्त चिन्हों और पूर्व समय के सेवन आदि तथा निरन्तर जल प्रवाह द्वारा राजा सीमा को ज्ञात करने का निर्णय करे ।

यदि संशय एव स्याल्लिङ्गानामपि दर्शने ।
साक्षिप्रत्यय एव स्यात्सीमावादविनिर्णय ॥ २५३ ॥

(२५३) यदि चिन्हों के दीखने पर भी संशय हो तब साक्षियों (गवाही) के विश्वास पर ही सीमा विषयक विवाद का निर्णय करे ।

ग्रामीयककुलानां च समक्ष सीम्नि साक्षिण ।
प्रष्टव्य सीमलिङ्गानि तयोश्चैव विवादिनो ॥२५४॥

(२५४) ग्राम निवासियों तथा वादी व प्रतिवादी के सामने राजा को साक्षियों से सीमा के चिन्ह पूछने चाहिये ।

ते पृष्ठास्तु यथा ब्रूयुः समस्ता सीम्नि निश्चयम् ।
निबध्नीयात्तथा सीमां सर्वांस्तांश्चैव नामत ॥२५५॥

(२५५) वे सब गवाह एक मत होकर जैसा निश्चय करें राजा उसीके अनुसार सीमा को बांधे तथा उन सब साक्षियों का नाम भी निर्णय लेख पर लिख ले ।

शिरोभिस्ते गृहीत्वोर्वीं स्रग्विणो रक्तवासस ।
सुकृतैः शापिताः स्वै स्वैर्नयेयुस्ते समञ्जसम् ॥२५६॥

(२५६) वह सब सीमा सम्बन्धी साक्षी फूलमाला व लाल वस्त्र धारण कर सिर पर मिट्टी का ढेला रख लें तथा यह

कह कर कि यदि हम असत्य भाषण करे तो हमारा सब सुकृत निष्फल हो, ठीक-ठीक ज्यो का त्यो कहे ।

यथोक्तेन नयन्तस्ते पूयन्ते सत्यसाक्षिणः ।
विपरीतं नयन्तस्तु दाप्याः स्युर्द्विशतंदमम् ॥ २५७ ॥

(२५७) सत्य साक्षी देने वाले वह लोग शास्त्रानुसार सत्य बोलने के कारण पवित्र हो जाते हैं और इसके विपरीत चलने वाले अर्थात् असत्यभाषी प्रत्येक जन दोसौ पण दण्ड देवे ।

साक्ष्यभावे तु चत्वारो ग्रामाः सामन्तवासिनः ।
सीमाविनिर्णयं कुर्युः प्रयता राजसन्निधौ ॥ २५८ ॥

(२५८) यदि साक्षी न मिले तो गाव के आस-पास के चार ग्रामो के जमीदार राजा के समीप बुद्धिमानी से तथा धर्मानुकूल सीमा का निर्णय करे।

सामन्तानामभावे तु मौलानां सीम्नि साक्षिणाम् ।
इमानप्यनुयुञ्जीत पुरुषान्वनगोचरान् ॥ २५९ ॥

(२५९) यदि आस-पास के ग्राम निवासी व जमीदार न मिलें तो उसी गाव के निवासी जो अन्य ग्राम मे वास करते हो उनसे पूछे, यदि ऐसे लोग भी अप्राप्त हो तो समीप के वन के वासी चरवाहो आदि पुरुषो से पूछे ।

व्याधाञ्छाकुनिकान्गोपान्कैवर्तान्मूलखानकान् ।
व्यालग्राहानुञ्छवृत्तीनामन्यांश्च वनचारिणः ॥२६० ।

(२६०) वे बनवासी यह हैं—व्याध (शिकारी), शाकुनिक (चिडीमार), गोपालक (चरवाहा), मछली पकडने वाला, उच्छवृत्ति वाला तथा वन के अन्य वासियो से पूछ कर सीमा-विवाद का निर्णय करे क्योकि यह सब अपने कार्यार्थ उस गाँव को जाते हुए उसकी सीमा को पहिचानते है ।

ते पृष्टास्तु यथा ब्रूयुः सीमासंधिषु लक्षणम् ।
तत्तथास्थापयेद्राजा धर्मेण ग्रामयोर्द्वयोः ॥ २६१ ॥

(२६१) उपरोक्त मनुष्य पूछने पर सीमा-सन्धि चिन्हों को जैसा बतावें राजा धर्म पूर्वक दोनों गांवों की सीमा पर वैसा ही चिन्ह स्थापित करे।

क्षेत्रकूपतडागानामारामस्य गृहस्य च ।
सामन्तप्रत्ययो ज्ञेयः सीमासेतुविनिर्णयः ॥२६२ ॥

(२६२) खेत कूप तालाब बाग घर—इन सब की सीमा का निर्णय समीपस्थ ग्राम-वासियों के कथनानुसार करना चाहिये ।

सामन्ताश्चेन्मृषा ब्रूयुः सेतौ विवदतां नृणाम् ।
सर्वे पृथक्पृथग्दण्ड्या राज्ञा मध्यमसाहसम् ॥२६३॥

(२६३) यदि विवादी मनुष्यों के सीमा-निर्णय में ग्राम निवासी व पड़ोसी सब मिथ्या बोलें तो राजा प्रत्येक से पृथक् पृथक् मध्यम साहस दण्ड लेवे और उन असत्य भाषण करने वालों के कथन पर निश्चय (भरोसा) न करे।

गृहं तडागमारामं क्षेत्रं वा भीषया हरन् ।
शतानि पञ्च दण्ड्यः स्यादज्ञानाद्द्विशतो दमः ॥२६४॥

(२६४) घर, तालाब बाग खेत इन सबको बलपूर्वक अपहरण करने वाले को पांच सौ पण दण्ड देवे और अज्ञान से हरण करने वाले को दो सौ पण दण्ड देवे ।

सीमायामविषह्यायां स्वयं राजैव धर्मवित् ।
प्रदिशेद्भूमिमेतेषामुपकारादिति स्थितिः ॥ २६५ ॥

(२६५) चिन्ह व साक्षी आदि सीमा का पर्याप्त प्रमाण न मिलने पर धर्मात्मा राजा स्वय ही न्याय पूर्वक उस भूमि को उस मनुष्य को देवे जिसका उससे अधिक उपकार होता हो, यह शास्त्र की मर्यादा है।

एषोऽखिलेनाभिहितो धर्मः सीमाविनिर्णये ।
अतः ऊर्ध्वं प्रवक्ष्यामि वाक्पारुष्यविनिर्णयम्॥२६६॥

(२६६) यह सब सीमा-निर्णय विषयक धर्म कहे गये। अब इससे आगे कटुभाषण (गाली देना) व कटुभाषी (गाली देने वाला) के अपराध व दण्ड विधान को कहेगे।

शतं ब्राह्मणमाक्रुश्य क्षत्रियो दण्डमर्हति ।
वैश्योऽप्यर्धशतं द्वे वा शूद्रस्तु वधमर्हति ॥ २६७ ॥

(२६७) × अगर क्षत्रिय किसी ब्राह्मण को चोरादि लपशब्द कहे तो सौ पण दण्ड देवे। यदि वैश्य अपशब्द कहे तो डेढ सौ वा दो सौ पण दण्ड देवे। यदि शूद्र किसी ब्राह्मण को अपशब्द (गाली) कहे तो शारीरिक दण्ड पाने के योग्य है।

पञ्चाशद्ब्राह्मणो दण्ड्यः क्षत्रियस्याभिशंसने ।
वैश्ये स्यादर्धपञ्चाशच्छूद्रे द्वादशको दमः ॥ २६८ ॥

(२६८) यदि ब्राह्मण किसी क्षत्रिय को अपशब्द कहे तो पचास पण दण्ड देवे, वैश्य को कहे तो पच्चीस पण दण्ड देवे और यदि शूद्र को कहे तो बारह पण दण्ड देवे।

नोट—२६७वें व २६८वे श्लोक से मानहानि का निर्णय विधान किया है परन्तु मनुजी के मत मे मान वर्ण से लिया गया है जो गुण व कर्म के कारण होता है और धन सम्पत्ति आदिके कारण मान का ध्यान रखना मनुजी के विचार के प्रतिकूल है।

समवर्णे द्विजातीनां द्वादशैव व्यतिक्रमे ।
पादेष्ववचनीयेषु तदेव द्विगुणं भवेत् ॥ २६९ ॥

(२६९) द्विजातियों में कोई अपने सवर्णों में एक दूसरे पर मिथ्या दोषारोपण करे तो बारह ही पण दण्ड देवे और यदि सवर्ण से अन्य को अपशब्द (गाली) कहे तो चौबीस पण दण्ड देवें ।

एकजातिर्द्विजातींस्तु वाचा दारुणयाक्षिपन् ।
जिह्वायाः प्राप्नुयाच्छेदं जघन्यप्रभवो हि सः ॥२७०॥

(२७०) यदि शूद्र अर्थात् मूर्ख सेवक विद्वान् सैनिक (क्षत्रिय) व व्यापारी को अपशब्द कहे तो उसकी जीभ छेदन करने योग्य है क्योंकि वह जिन लोगों की सेवा के हेतु नियत हुआ है उनकी सेवा के स्थान पर उनकी मानहानि (अपमान) करता है ।

नामजातिग्रहं त्वेषामभिद्रोहेण कुर्वतः ।
निक्षेप्योऽयोमयः शङ्कुर्ज्वलन्नास्ये दशाङ्गुलः ॥२७१॥

(२७१) जो शूद्र 'अरे तू कम्माने ब्राह्मण से नीच' ऐसा अपशब्द ब्राह्मणों आदि द्विजातियों के नाम तथा जाति का सदम्भ उच्चारण कर कहे, उसके मुंह में तप्त लोहे की दश अंगुल की कील ठोकनी चाहिये ।

धर्मोपदेशं दर्पेण विप्राणामस्य कुर्वतः ।
तप्तमासेचयेत्तैलं वक्त्रे श्रोत्रे च पार्थिवः ॥ २७२ ॥

(२७२) जो अहङ्कार वश ब्राह्मणों को धर्म का उपदेश करे राजा उसके मुख और कान में तप्त (गरम) तैल भराबे ।

श्रुतं देशं च जातिं च कर्म शारीरमेव च ।
वितथेन ब्रुवन्दर्पाद्दाप्यः स्याद्द्विशतं दमम् ॥२७३॥

(२७३) अब सवर्ण वालो के दण्डो को कहते हैं कि जो मनुष्य किसी से अहकार वश यह कहे कि तुम्हारा यह स्थान नही है, तुम इस देश मे उत्पन्न नही हुए, तुम्हारी यह जाति नही है, तुम्हारे यज्ञोपवीत आदि कर्म नही हुए, राजा ऐसे दोसौ पण दन्ड देवे ।

काणं वाप्यथवा खञ्जमन्यं वापि तथाविधम् ।
तथ्येनापि ब्रुवन्दाप्यो दंडं कार्षापणावरम् ॥ २७४ ॥

(२७४) जो काना व लगडा या इसी प्रकार कोई अन्य अङ्गहीन है उसको सत्य भाषण मे भी अङ्गहीन न कहना चाहिये और यदि कहे तो एक कार्षापण तक दण्डनीय है ।

मातरं पितरं जायां भ्रातरं तनयं गुरुम् ।
आक्षारयञ्छतं दाप्यः पन्थानं चाददद्गुरोः ॥२७५॥

(२७५) माता, पिता, स्त्री, भाई, बेटा, गुरु, इन सबसे यदि ऐसा कहे कि तुम पातकी हो, तथा गुरु के लिए मार्ग न छोडने वाले हो, तो सौ पण दण्ड देवे ।

ब्राह्मणक्षत्रियाभ्यां तु दंडः कार्यो विजानता ।
ब्राह्मणे साहसः पूर्वः क्षत्रिये त्वेव मध्यमः ॥ २७६ ॥

(२७६) ब्राह्मण को क्षत्रिय या क्षत्रिय को ब्राह्मण अप-शब्द कहे तो ब्राह्मण को पूर्व साहस दण्ड देवे और क्षत्रिय को मध्यम साहस दण्ड देवे ।

विट्शूद्रयोरेवमेव स्वजातिं प्रति तत्त्वतः ।
छेदवर्जं प्रणयनं दंडस्येति विनिश्चयः ॥ २७७ ॥

(२७७) इसी प्रकार वैश्य वा शूद्र अपनी स्वजाति में अपशब्द व कठोर भाषण करे तो जीभ में छेद करने के अतिरिक्त शेष सब दण्ड प्रयोग करना यह शास्त्राज्ञा है।

एष दण्डविधिः प्रोक्तो वाक्पारुष्यस्य तत्त्वतः ।
अतः ऊर्ध्वं प्रवक्ष्यामि दन्डपारुष्यनिर्णयम् ॥२७८॥

(२७८) यह कठोर भाषण व अपशब्द विषयक दण्ड विधि का यथार्थ तथा वर्णन किया । अब तत्पश्चात् मार-पीट विषयक दण्ड विधान को कहते हैं कि—

येन केनचिदङ्गेन हिंस्याच्चेच्छ्रेष्ठमन्त्यजः ।
छेत्तव्यं तत्तदेवास्य तन्मनोरनुशासनम् ॥ २७९ ॥

(२७९) अन्त्यज (चाण्डाल आदि) लोग जिस किसी अङ्ग द्वारा द्विजातियों को मारे उनका वह ही अङ्ग काट डालना चाहिये यही मनुजी की आज्ञा है।

पाणिमुद्यम्य दण्डं वा पाणिच्छेदनमर्हति ।
पादेन प्रहरन्कोपात्पादच्छेदनमर्हति ॥ २८० ॥

(२८) हाथ व लाठी द्वारा मारे तो उसका हाथ कटवाना चाहिये यदि क्रोध वश पाँव द्वारा मारे तो पाँव कटवाना चाहिये।

सहासनमभिप्रेप्सुरुत्कृष्टस्यापकृष्टजः ।
कट्यां कृताङ्को निर्वास्यः स्फिचं वास्यावकर्तयेत्॥२८१॥

(२८१) नीच पुरुष श्रेष्ठ पुरुषों के साथ एक आसन पर बैठने की इच्छा करे तो उसकी कमर को चिन्हित कर दाग देकर निकाल दे अथवा इस प्रकार उसके चूतड़ को कुछ कटवावे जिससे चिन्ह तो बन जावे परन्तु मरने न पावे।

अवनिष्ठीवतो दर्पाद्द्वावोष्ठौ छेदयेन्नृपः ।
अवमूत्रयतो मेढ्रमवशर्धयतो गुदम् ॥ २८२ ॥

(२८२) अहंकार से नीच पुरुष श्रेष्ठो के ऊपर थूके तो उसके दोनो ओठ छेद डाले, मूत्र डाले तो लिग (मूत्रेन्द्रिय) को काट डाले और ऊपर से अपना वायु (प द) निकाले तो गुदा छेद डाले ।

केशेषु गृह्णतो हस्तौ छेदयेदऽविचारयन् ।
पादयोर्दाढिकायां च ग्रीवायां वृषणेषु च ॥ २८३ ॥

(२८३) ब्राह्मण के बाल, पाँव, डाढी, ग्रीवा (गर्दन) अण्डकोष (फोतो) को पकडने वाले शूद्र के दोनो हाथो को कटवा दे । उसको कष्ट होने का विचार न करे ।

त्वग्भेदकः शतं दंड्यो लोहितस्य च दर्शकः ।
मांसभेत्ता तु षण्निष्कान्प्रवास्यस्त्वस्थिभेदकः॥२८४॥

(२८४) त्वचा को छेदने वाला, रक्त निकालने वाला, इन दोनो को सौ पण दण्ड देवे तथा मास पृथक् करने वाला छ निष्क दण्ड पावे, हड्डी तोडने वाले को देश-निकाला देवे । यह दण्ड एक सामान जानना चाहिये ।

वनस्पतीनां सर्वेषामुपभोगं यथा यथा ।
दथा तथा दमः कार्यो हिंसायामिति धारणा ॥२८५॥

(२८५) सब वृक्षो व वनस्पतियो का जैसा-जैसा उपयोग करे वैसा-वैसा ही उनकी हानि पर दण्ड पावे । मार-पीट के विषय मे ऐसा ही दण्ड-विधान जानना यह शास्त्र मर्यादा है ।

मनुष्याणां पशूनां च दुःखाय प्रहृते सति ।
यथा यथा महद्दुःखं दण्डं कुर्यात्तथा तथा ॥२८६॥

(२८६) मनुष्यों तथा पशुओं को जैसा-जैसा दुःख देवे वैसा-वैसा ही दण्ड पावे ।

अङ्गावपीडनायां च व्रणशोणितयोस्तथा ।

समुत्थानव्ययं दाप्य सर्वदण्डमथापि वा ॥ २८७ ॥

(२८७) हाथ पाँव आदि अङ्गों में छेद करने और रक्त निकालने द्वारा पीड़ा पहुँचाने वाला मनुष्य उस दुःखित मनुष्य के स्वास्थ्य लाभ करने तक का सम्पूर्ण (अर्थात् भोजन आदि का) व्यय देवे । यदि उस व्यय को न देवे तो वह अपराधी पूर्ण दण्ड पावे ।

द्रव्याणि हिंस्याद्यो यस्य ज्ञानतोऽज्ञानतोऽपि वा ।

स तस्योत्पादयेत्तुष्टिं राज्ञे दद्याच्च तत्समम् ॥२८८॥

(२८८) कोई मनुष्य यदि किसी अन्य के द्रव्य को जान कर अथवा अज्ञानता में नष्ट करे तो उसे प्रसन्न व आनन्दित करे और उस धन के तुल्य राजा को दण्ड स्वरूप देवे ।

चर्मचार्मिकभाण्डेषु काष्ठलोष्ठमयेषु च ।

मूल्यात्पञ्चगुणो दण्डः पुष्पमूलफलेषु च ॥ २८९ ॥

(२८९) चमड़ा चमड़े का बर्तन मिट्टी व काठ का पात्र फूल फल-मूल इनको नष्ट करने वाला मूल्य से (उस वस्तु से पचगुना) दण्ड स्वरूप देवे ।

यानस्य चैव यातुश्च यानस्वामिनएव च ।

दशातिवर्तनान्याहुः शेषे दण्डो विधीयते ॥ २९० ॥

(२९०) सवारी सारथी सवारी के स्वामी को दस स्थान पर दण्ड न देना चाहिये अन्य समय पर दण्ड देना उचित है ।

छिन्ननास्ये भग्नयुगे तिर्यक्प्रतिमुखागते।
अक्षभंगे च यानस्य चक्रभंगे तथैव च ॥ २९१ ॥

(२९१) नाथ व जुआ के टूटने, ऊंचे-नीचे मार्ग के कारण रथ आदि टेढा हो गया हो व सम्मुख कोई रुकावट आ गई, हो, धुरा टूट गया हो, पहिया टूट जाय।

छेदने चैव यन्त्राणां योक्त्ररश्म्योस्तथैव च।
आक्रन्दे चाप्युपैहीति न दण्डं मनुरब्रवीत् ॥२९२॥

(२९२) रथ के बन्धन टूट जावे, रास (जेवडा) टूट जाय, कोडा टूट जाय तथा सारथी बचो-हटो कह रहा हो, तो रथी, सारथी, रथ-स्वामी किसी को दण्ड न देना चाहिये।

यत्रोपवर्तते युग्यं वैगुण्यात्प्राजकस्य तु।
तत्र स्वामी भवेद्दण्ड्यो हिंसायां द्विशतं दमम्॥२९३॥

(२९३) जिस स्थान पर सारथी की मूर्खता से रथ इधर-उधर चले व उलट जावे, उसमे किसी की हानि होने पर रथ का स्वामी अशिक्षित सारथी नौकर रखने के कारण दो सौ पण दण्ड देवे।

प्राजकश्चेद्भवेदाप्तः प्राजको दण्डमर्हति।
युग्यस्थाः प्राजकेऽनाप्ते सर्वेदण्ड्याःशतं शतम् ॥२९४

(२९४) जो सारथी रथ हाँकने मे कुशल हो और किसी की मृत्यु हो जावे तो सारथी दो सौ पण दण्ड देवे। यदि सारथी कुशल न हो तो अशिक्षित सारथी को नौकर रखने के अपराध मे रथ का स्वामी सारथी तथा रथी (रथ का सवार) यह सब सौ सौ पण दण्ड देवें।

सचेषु पथि सरुद्ध पशुभिर्वा रथेन वा ।
प्रमापयत्प्र प्राणभृतस्तत्र दण्डोऽविचारित ॥ २६५ ॥

(२६५) यदि वह सारथी सामने अन्य रथ के आ जाने व पशुओं व अन्य से घिरे हुए मार्ग में रथ पीछे न हटा कर कोड़ा मार कर रथ को आगे बढाने के प्रयत्न में किसी की प्राण हानि हो जावे तो वह बिना विचारे दण्डनीय है अर्थात् राजा उसको अवश्य दण्ड देवे ।

मनुष्यमारणे क्षिप्रं चौरवत्किल्बिषं भवेत् ।
प्राणभृत्सु महत्स्वर्धं गोगजोष्ट्रहयादिषु ॥ २६६ ॥

(२६६) मनुष्य को हनन करने में एक चोर की नाईं घोड़ा हाथी ऊट आदि बड़े पशुओं के वध करने में पाप होता है और उत्तम साहस दण्ड पाने के योग्य है । गऊ, मध्यम साहस दण्ड देवे ।

क्षुद्रकाणां पशूनां तु हिंसायां द्विशतो दम ।
पञ्चाशत्तु भवेद्दण्ड शुभेषु मृगपक्षिषु ॥ २६७ ॥

(२६७) और छोटे-छोटे पशुओं की हिंसा करने में दो सौ पण दण्ड देवे । उत्तम मृग तथा पक्षियों की हिंसा करने में पचास पण दण्ड देवे ।

गर्दभाजाविकानां तु दंड स्यात्पञ्चमाषिक ।
माषिकस्तु भवेद्दण्ड श्वसूकरनिपातने ॥ २६८ ॥

(२६८) गधा बकरी भेड़ के मर जाने पर पाँच मासे चाँदी दण्ड दे तथा कुत्ता व सूअर के मर जाने में एक माशा दण्ड दे ।

भार्या पुत्रश्च दासश्च प्रेष्यो भ्राता च सोदरः ।
प्राप्तापराधास्ताड्या स्यु रज्ज्वा वेणुदलेन वा ।।२९९।।

(२९९) स्त्री, पुत्र, दास, भृत्य, छोटा सहोदर, भाई (अनुज), शिष्य, इनसे अपराध होने पर रस्सी व बास की लकडी (छडी) से ताडन करे ।

पृष्ठतस्तु शरीरस्य नोत्तमांगे कथञ्चन ।
अतोऽन्यथा तु प्रहरन्प्राप्तः स्याच्चौरकिल्विषम् ।।३००।।

(३००) परन्तु सिर को छोडकर पीठ की ओर मारे, इससे विपरीत प्रहार करने वाला चोर के पाप को पावे ।

एषोऽखिलेनाभिहितो दंड पारुष्यनिर्णये ।
स्तेनस्यातः प्रवक्ष्यामि विधिंदंडविनिर्णये ।। ३०१ ।।

(३०१) यह सब पूर्णतया मार-पीट के अपराध के दण्ड निर्णय को कहा, अब चोर के दण्ड-निर्णय-विधि वर्णन करेंगे ।

परमं यत्नमातिष्ठेत्स्तेनानां निग्रहे नृपः ।
स्तेनानां निग्रहादस्यशो राष्ट्रं च वर्धते ।। ३०२ ।।

(३०२) चोरो के पकडने और उनको दण्ड देने का वडा प्रयत्न करे क्योकि चोरी आदि दुष्कर्मों के निग्रह (रोकने) से राजा का यश और राज्य बढाता है ।

अभयस्य हि यो दाता स पूज्यः सततं नृपः ।
सत्रं हि वर्धते तस्य सदैवाभयदक्षिणम् ।। ३०३ ।।

(३०३) जो राजा उत्तम प्रबन्ध द्वारा प्रजा को अभय दान देता है, वह सदा पूज्य है क्योकि उसका (राज्य रूप) यज्ञ जिसकी दक्षिणा अभय दान ही वढता है ।

सर्वतो धर्मषड् भागो राज्ञो भवति रक्षतः ।
अधर्मादपि षड्भागो भवत्यस्य ह्यरक्षतः ॥ ३०४ ॥

(३०४) सब प्रकार प्रजा की रक्षा करने वाला राजा प्रजा के धर्म का छठा भाग पाता है और रक्षा न करने वाले राजा को प्रजा के अधर्म का छठा भाग मिलता है।

यदधीते यद्यजते यद्ददाति यदर्चति ।
तस्य षड् भागभाग्राजा सम्यग्भवति रक्षणात् ॥३०५॥

(३०५) प्रजा जो अध्ययन यज्ञ दान तथा अन्य धर्म करती है उसका पुण्य का छठा भाग सुरक्षक राजा को प्राप्त होता है।

रक्षन्धर्मेण भूतानि राजा वध्यांश्च घातयन् ।
यजतेऽहरहर्यज्ञैः सहस्रशतदक्षिणैः ॥ ३०६ ॥

(३०६) सब प्राणियों की धर्मानुकूल रक्षा करता हुआ और दण्डनीय अपराधियों को उचित दण्ड देता हुआ राजा लाखों लाख मुद्रा दक्षिणा वाले यज्ञ को प्रति दिन करता है।

योऽरक्षन्बलिमादत्ते करं शुल्कं च पार्थिवः ।
प्रतिभागं च दण्डं च स सद्यो नरकं व्रजेत् ॥ ३०७ ॥

(३०७) *जो राजा प्रजा की रक्षा न करता हुआ प्रजा से अन्न का छठा भाग कर तथा शुल्क (चुङ्गी) आदि और दण्ड के भाग को ग्रहण करता है वह राजा शीघ्र ही दुर्गति को प्राप्त हो नरक में जाता है।

---

* राजा का कर आदि सुप्रबन्ध व सुव्यवस्था के अर्थ है। जो राजा न्याय तथा रक्षा न करते हुए कर आदि ग्रहण करता है वह राजा नहीं वरन् दस्यु (डाकू) है।

अरक्षितारं राजानं बलिषड्भागहारिणम् ।
तमाहुः सर्वलोकस्य समग्रमलहारकम् ॥ ३०८ ॥

(३०८) यदि राजा प्रजा की रक्षा न करता हुआ कर आदि को ग्रहण करता रहे तो वह राजा सब लोगो के सब पापो को पाता है अर्थात् अपयश, अपमानादि दु ख भोगता है ।

अनपेक्षितमर्यादं नास्तिकं विप्रलुम्पकम् ।
अरक्षितारमत्तारं नृपं विद्यादधोगतिम् ॥ ३०९ ॥

(३०९) शास्त्र-मर्यादा का उल्लघन करने वाला, नास्तिक, प्रजा की रक्षा न करने वाला, प्रजा को पीडित करने वाला प्रजा की रक्षा न करके कर आदि को ग्रहण करने वाला राजा अधोगति को प्राप्त होता है ।

अधार्मिकं त्रिभिर्न्यायैर्निगृह्णीयात्प्रयत्नतः ।
निरोधनेन बधेन विविधेन वधेन च ॥ ३१० ॥

(३१०) पापियो को कारागार मे रखने, बेडी आदि डालकर वाधने तथा विविध प्रकार का शारीरिक व आर्थिक दण्ड देकर इन तीन उपायो से यत्नपूर्वक उनका निग्रह करे अर्थात् उक्त तीन उपायो द्वारा पापी पुरुषो का पाप छुडावे ।

निग्रहेणहि पापानां साधूनां संग्रहेण च ।
द्विजातय इवेज्याभिः पूयन्ते सततं नृपाः ॥ ३११ ॥

(३११) निश्चय करके पापियो (अपराधियो) को दण्ड देने तथा साधू-महात्माओ की रक्षा करने से राजा यज्ञ करनेवाले (अग्निहोत्री) ब्राह्मण,क्षत्रिय तथा वैश्यके समान पवित्र होता है ।

सन्तव्यं प्रभुणा नित्यं क्षिपतां कार्यिणां नृणाम् ।
बालवृद्धातुराणां च कुर्वता हितमात्मनः ॥ ३१२ ॥

(३१२) अपना हित चाहने वाला राजा वादी प्रतिवादी बालक वृद्ध आतुर (दुःखी) पुरुषों के वचन को जो वे कष्ट समय आक्षेप करते हुए भला-बुरा कहें उसे सहन कर क्षमा करे क्योंकि—

यः क्षिप्तो मर्षयत्यार्तैस्तेन स्वर्गे महीयते ।
यस्त्वैश्वर्यान्न क्षमते नरकं तेन गच्छति ॥ ३१३ ॥

(३१३) दुःखी पुरुषों (आतुरों) के कठोर आक्षेपों को सुनकर जो राजा सहन करता है वह स्वर्ग में जाता है और जो प्रभुता के मद में सहन नहीं करता है वह नरक में जाता है अर्थात् उस आचरण से दुर्गति पाता है।

राजा स्तेनेन गन्तव्यो मुक्तकेशेन धावता ।
आचक्षाणेन तत्स्तेयमेवंकर्मास्मि शाधि माम् ॥३१४॥

(३१४) ब्राह्मण का सोना चुराने वाला खुले सिर (नंगे मूंड) राजा के सम्मुख दौड़ कर आवे और अपराध को स्वीकार करे।

स्कन्धेनादाय मुसलं लगुडं वापि खादिरम् ।
शक्तिं चोभयतस्तीक्ष्णामायसं दण्डमेव वा ॥ ३१५ ॥

(३१५) मूसल लाठी व खैर का डण्डा दोनों ओर तीक्ष्ण धार वाली बरछी व लोहे का डण्डा कन्धे पर रख कर इस प्रकार कहें कि 'मैं ऐसा कर्म करने वाला हूँ मुझको इससे दण्ड दीजिये'।

शासनाद्वा विमोक्षाद्वा स्तेनः स्तेयाद्विमुच्यते ।
अशासित्वा तु तं राजा स्तेनस्याप्नोति किल्विषम्३१६॥

(३१६) राजा उसे दण्ड दे अथवा छोड़ दे तो वह पापी चोरी के पाप से छूट जाता है । और यदि राजा दयालुता के कारण उसे दण्ड न दे तो चोर के पाप को राजा पावे ।

अन्नादे भ्रूणहा मार्ष्टि पत्यौ भार्यापचारिणी ।
गुरौ शिष्यश्च याज्यश्च स्तेनो राजनि किल्विषम्।३१७॥

(३१७) भ्रूणहत्या (गर्भपात) करने वाला व्यभिचारिणी स्त्री, शिष्य यज्ञ करने वाला तथा चोर यह सब अपने पाप को यथाक्रम भोजन करने वाले, पति, गुरु, राजा इनमे धोते हैं अर्थात् इनको पाप लगता है ।

राजभिः कृतदण्डास्तु कृत्वा पापानि मानवाः ।
निर्मलाः स्वर्गमायान्ति सन्तः सुकृतिनो यथा॥३१८॥

(३१८) जिस प्रकार पुण्य कर्म करने वाले स्वर्ग मे जाते हैं, उसी प्रकार अपराधी व पापी राजा से दण्डित होने से पवित्र होकर स्वर्ग मे जाते हैं।

यस्तु रज्जुं घटं कूपाद्धरेद्भिद्याच्च यः प्रपाम् ।
स दण्डं प्राप्नुयान्माषं तच्च तस्मिन्समाहरेत् ॥३१९॥

(३१९) कूप पर से रस्सी व घडा चुराने वाला, देव शाला व धर्मशाला (प्याऊ) को तोडने वाला एक माशे सोने के दण्ड को प्राप्त हो । और वही घडा व रस्सी को उसी कुआ पर रख दे ।

धान्यं दशभ्यः कुम्भेभ्यो हरतोऽभ्यधिकं वधः ।
शेषेप्येकादशगुणं दाप्यस्तस्य च तद्धनम् ॥ ३२० ॥

(१२०) दश + कुम्भ से अधिक अन्न चुराने वाले को शारीरिक दण्ड देवे परन्तु चोर व स्वामी के मामादि दशा को देखकर दण्ड को देना चाहिये। यदि इस संख्या के न्यून अन्न की चोरी करे तो चोरी किये अन्न का ग्यारह गुना दण्ड स्वरूप देवे और चोरी जाने वाली वस्तु को उसका स्वामी पावे।

तथा धरिममेयानां शतादभ्यधिके वध ।
सुवर्णरजतादीनामुत्तमानां च वाससाम् ॥ ३२१ ॥

(१२१) सोना, चादी पट वस्त्र इन सबों की सौ गड्डे से ऊपर चुराने वाले को भी शारीरिक दण्ड देना चाहिये। देश काल चोर व स्वामी की जाति मानादि को देख दण्डाज्ञा देना चाहिये। इसी प्रकार उपरोक्त श्लोक में भी जानना।

पञ्चाशतस्त्वभ्यधिके हस्तच्छेदनमिष्यते।
शेषे त्वेकादशगुणं मूल्याद्दण्डं प्रकल्पयेत् ॥३२२॥

(१२२) पचास गड्डे (पल) से अधिक और सौ गड्डे (पल) से न्यून चुराने में हाथ काटना चाहिये। और यदि पचास पल से न्यून चुरावे तो वस्तु के मूल्य का ग्यारह गुना अधिक धन दण्ड देवे।

पुरुषाणां कुलीनानां नारीणां च विशेषतः।
मुख्यानां चैव रत्नानां हरणे वधमर्हति ॥ ३२४ ॥

(१२१) कुलीन पुरुष वा विशेष कर बड़े कुल की स्त्रियां तथा उत्तम उत्तम रत्नों म से किसी एक के चुराने व हरण कर गुप्त कर देने से वध करने योग्य होता है।

+ २० गड्डे पलों के तोल को द्रोण कहते हैं और २० द्रोण का एक कुम्भ होता है।

महापशूनां हरणे शस्त्रा णामौपधस्य च ।
कालमासाद्य कार्यं च दण्डं राजा प्रकल्पयेत् ॥३२४॥

(३२४) हाथी, घोडा, भैंस, गऊ आदि बडे-बडे पशु व शस्त्र और घृत आदि औपधिया इनमे से किसी एक को चुराने मे काल तथा कार्य को देखकर राजा तीनो दण्डो मे से उचित दण्ड को नियत करे ।

गोपु ब्राह्मणसंस्थासु छुरिकायाश्च भेदने ।
पशूनां हरणे चैव सद्यः कार्योऽर्धपादिकः ॥ ३२५ ॥

(३२५) ब्राह्मण की गऊ अपहरण कर लेने, सवारी के हेतु बांझ गऊ को छुरी छेदने तथा इसी प्रकार बकरा, भेड आदि पशुओ के चुराने मे तुरन्त आधा पाव काटने का दण्ड देना चाहिये ।

सूत्रकार्पासकिरावानां गोमयस्य गुडस्य च ।
दध्नः क्षीरस्य तक्रस्य पानीयस्य तृणस्य च ॥३२६॥

(३२६) सूत कपास (रुई), महुआ, गोबर, गुड, दही, दूध, मट्ठा, जल, तृण (घास) आदि ।

वेणुवैदलभांडानां लवणानां तथैव च ।
मृन्मयानां च हरणे मृदो भस्मन एव च ॥ ३२७ ॥

(३२७) मोटे बास के टुकडे से बना हुआ जल पात्र, मिट्टी का पात्र, राख, लवण (नमक) ।

मत्स्यानां पक्षिणां चैव तैलस्य च घृतस्य च ।
मांसस्य मधुनश्चैव यच्चान्यत्पशुसंभवम् ॥ ३२८ ॥

(३२८) मछली, पक्षी, तेल, घी, मास, मधु, विविध

मृग-चर्म बारहसिंगा के सींग आदि व अन्य पदार्थ जो व्यवहार में आते हैं।

अन्येषां चैवमादीनां मद्यानामोदनस्य च।
पक्वान्नानां च सर्वेषां तन्मूल्याद्द्विगुणो दमः॥३२६॥

(३२९) इसी प्रकार अन्य पदार्थ हैं अर्थात् मद्य मोदक (लड्डू) दाल भात आदि पकवानों में से किसी एक वस्तु के चुराने में उस वस्तु के मूल्य का दुगुना दण्ड होना चाहिये।

पुष्पेषु हरिते धान्ये गुल्मवल्लीनगेषु च।
अन्येष्वपरिपूतेषु दंडःस्यात्पञ्चकृष्णल ॥ ३३० ॥

(३३०) फूले हुए खेत में स्थित हरित धान्य और गुल्म लता वृक्ष आदि के फल व एक मनुष्य के ले जाने योग्य धान्य इनमें से किसी एक वस्तु के चुराने में देश काल को देखकर पाँच कृष्णल अर्थात् एक माशा सोना चाँदी दण्ड देवे।

परिपूतेषु धान्येषु शाकमूलफलेषु च।
निरन्वये शतं दंडः सान्वयेऽर्द्धशतंदमः॥ ३३१ ॥

(३३१) परिपक्व तथा शोधित धान्य शाक मूल व फल इनमें से किसी एक वस्तु के चुराने में यदि चोर स्वामी के वंश का हो अर्थात् स्वदेशवासी आदि सम्बन्ध रखता हो तो पचास पण दण्ड और सम्बन्धी व वंश का न हो तो सौ पण दण्ड देवे।

स्यात्साहसं त्वन्वयवत्प्रसभं कर्म यत्कृतम्।
निरन्वयं भवेत्स्तेयं हृत्वापव्ययते च यत् ॥ ३३२ ॥

(३३२) स्वामी के सम्मुख कुटुम्बियों के समान बल

पूर्वक वस्तु ले जावे तो वह साहस कहाता है और यदि स्वामी के पीठ पीछे सम्बन्धियो से भिन्न पुरुष ले जावे और चुरा कर मुकर जाये तो वह चोरी कहलाती है ।

यस्त्वेतान्युपक्लृप्तानि द्रव्याणि स्तेनयेन्नरः ।
तमाद्य दंडयेद्राजा यश्चाग्निं चोरयेद्गृहात् ॥३३३॥

(३३३) जो मनुष्य दूसरे की वस्तु चुरावे, यज्ञशाला से वा अग्निहोत्र की अग्नि तथा गृह की अग्नि चुरावे तो वह प्रथम साहस दण्ड पावे और अग्नि के द्वितीय बार स्थित करने मे जो कुछ व्यय हो वह अग्नि के स्वामी को देवे ।

येन येन यथाङ्गेन स्तेनो नृषु विचेष्टते ।
तत्तदेव हरेत्तस्य प्रत्यादेशाय पार्थिवः ॥ ३३४ ॥

(३३४) जिस-जिस अङ्ग से दूसरे-दूसरे की वस्तु को चुरावे उस अङ्ग को कटवा लेना चाहिये जिससे फिर ऐसा काम न करे ।

पिताचार्यः सुहृन्माता भार्या पुत्रः पुरोहितः ।
नादण्ड्यो नाम राज्ञोऽस्ति यः स्वधर्मेन तिष्ठति।३३५॥

(३३५) पिता, आचार्य, सुहृदय, माता, स्त्री, पुत्र और पुरोहित, इनमे से जो स्वधर्म मे स्थित न हो वह दण्डनीय है अर्थात् यह भी दण्ड योग्य है । राजा के समीप अपराधी होने की दशा मे सब मनुष्य दण्ड देने योग्य हैं ।

कार्षापणं भवेद्दण्ड्यो यत्रान्यः प्राकृतो जनः ।
तत्र राजा भवेद्दण्ड्यः सहस्रमिति धारणा ॥३३६॥

(३३६) जिस अपराध मे राजा के अतिरिक्त साधारण

लोम कर्षापण दण्ड के योग्य होते हैं उस अपराध में राजा सहस्र पण दण्ड पाने के योग्य है। ऐसी शास्त्र मर्यादा है।

अष्टापद्यं तु शूद्रस्य स्तेये भवति किल्बिषम्।
षोडशैव तु वैश्यस्य द्वात्रिंशत्क्षत्रियस्य च ॥३३७॥

(३३७) जो शूद्र, वैश्य क्षत्रिय तथा ब्राह्मण वस्तुओं के भले या बुरे गुणों से अनभिज्ञ हैं उनको चोरी में वैसा दण्ड कहा है उसका अठगुना सोलह गुना बत्तीस गुना।

ब्राह्मणस्य चतुःषष्टिः पूर्णं वापि शतं भवेत्।
द्विगुणा वा चतुःषष्टिस्तद्दोषगुणविद्धि सः ॥ ३३८ ॥

(३३८) चौसठ गुना सौ गुना एक सौ अट्ठाईस गुना दण्ड क्रमानुसार १–शूद्र २–वैश्य ३–क्षत्रिय ४–ब्राह्मण को देना चाहिये। जब वह वस्तुओं के दोष-गुण को जानते हों।

वानस्पत्यं मूलफलं दार्वग्न्यर्थं तथैव च।
तृणं च गोभ्यो ग्रासार्थमस्तेयं मनुरब्रवीत् ॥ ३३९ ॥

(३३९) जो वृक्ष आदि अरक्षक दशा में हैं उस वृक्ष का मूल फल फूल यज्ञ समिधा (हवन के लिए लकड़ी) तथा गऊ के हेतु तृण आदि इन सब को लेना वह अदण्डनीय है क्योंकि मनुजी के विचार से यह अधर्म नहीं है।

योऽदत्तादायिनो हस्ताल्लिप्सेत ब्राह्मणो धनम्।
याजनाध्यापनेनापि यथा स्तेनस्तथैव सः ॥ ३४० ॥

(३४) जो ब्राह्मण चोर को पढ़ा कर तथा उसके द्वारा यज्ञ कराके द्रव्य लेने की इच्छा रखता है। वह ब्राह्मण भी चोर के समान है।

द्विजोऽध्वगः क्षीणवृत्तिर्द्वाविक्षू द्वे च मूलके ।
आददानः परक्षेत्रान्न दण्डं दातुमर्हति ॥ ३४१ ॥

(३४१) ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, यह सब देश पर्यटन कर रहे हो और इनके पास भोजनार्थ कुछ न हो, यदि यह मार्ग के समीपी खेत के दो गन्ने, दो मूली ले लेवे टो अदण्डनीय है ।

असंदितानां संदाता संदितानां च मोक्षकः ।
दासाश्वरथहर्ता च प्राप्तः स्याच्चौरकिल्विषम् ॥३४२॥

(३४२) दूसरे के छूटे हुए घोढे को अहङ्कार वश बाधने वाला व घुडसाल मे बधे हुए घोडे आदि को छोडने वाला और दास, घोडा, रथ इनको हरने वाला चोर के पाप को पाता है ।

अनेन विधिना राजा कुर्वाणः स्तेननिग्रहम् ।
यशोऽस्मिन्प्राप्नुयाल्लोके प्रेत्य चानुत्तमं सुखम्।३४३॥

(३४३) इस विधि से चोरो को दण्ड देने वाला राजा इस लोक मे यश वा परलोक मे उत्तम सिद्धि को पाता है ।

ऐन्द्रं स्थानमभिप्रेप्सुर्यशश्चाक्षयमव्ययम् ।
नोपेक्षेत क्षणमपि राजा साहसिकं नरम् ॥ ३४४ ॥

(३४४) इन्द्र की पदवी प्राप्त करने का इच्छुक तथा अक्षय यश प्राप्त करने की अभिलाषा रखने वाला राजा पक्षपात से भी वलात्कार करने वाले मनुष्य की सहानुभूति न करे ।

वाग्दुष्टात्तस्कराच्चैव दंडेनैव च हिंसतः ।
साहसस्य नरः कर्त्ता विज्ञेयः पापकृत्तमः ॥ ३४५ ॥

(३४५) वाग्दुष्ट (अपशब्द कहने वाला) व चोर व डण्डे से मारने वाला, इन सभो से साहस (सन्सर्ग) करने वाला पापी है ।

साहसे वर्तमाने तु यो मर्षयति पार्थिवः ।
स विनाशं व्रजत्याशु विद्वेषं चाधिगच्छति ॥३४६॥

(३४६) जो राजा बलात्कार करने वाले मनुष्य के अपराध को सहन कर लेता है अर्थात् उसे दण्ड नहीं देता वह शीघ्र ही नाश व विद्वेष को पाता है ।

न मित्रकारणाद्राजा विपुलाद्वा धनागमात् ।
समुत्सृजेत्साहसिकान्सर्वभूतभयावहान् ॥ ३४७ ॥

(३४७) सब प्राणियों को भय देने वाले व बलात्कार करने वाले मनुष्यसे अधिक धन मिलने के कारण कभी उसे क्षमा न करे अर्थात् वह अधिक धन देवे तो भी उसे दण्ड देवे ।

शस्त्रं द्विजातिभिर्ग्राह्यं धर्मो यत्रोपरुध्यते ।
द्विजातीनां च वर्णानां विप्लवे कालकारिते ॥३४८॥

(३४८) धर्म नाश हो जाने की दशा में विप्लव काल में ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य तीनो वर्ण अस्त्र-शस्त्र धारण करें ।

आत्मनश्च परित्राणे दक्षिणानां च संगरे ।
स्त्रीविप्राभ्युपपत्तौ च घ्नन्धर्मेण न दुष्यति ॥ ३४९ ॥

(३४९) +आत्मा को परित्राणार्थ (कष्टसे बचने के हेतु) यज्ञ करने के हेतु सामग्री एकत्र करने तथा स्त्रियों व ब्राह्मणों को कष्ट-मुक्त के हेतु, किसी को मारने से पाप नहीं होता ।

+इस ३४९ वें श्लोक मे जो मारने की आज्ञा दी है उसका तात्पर्य यह है कि इन दशाओं मे जिनके विचार दूसरों की रक्षा करने के होते हैं किसी की हानि पहुँचाने के नहीं तथा जो अपेक्षा से सम्बन्ध नहीं रखते हैं अतः मनुजी ने इसको पाप नहीं माना ।

गुरुं वा बालवृद्धौ वा ब्राह्मणं वा बहुश्रुतम् ।
आततायिनमायान्तं हन्यादेवाविचारयन् ॥ ३५० ॥

(३५०) चाहे गुरू व बालक, वृद्ध ब्राह्मण व विद्वान् ही क्यो न होवे परन्तु*आतताई होने की दशा मे बिना सोचे उसको अवश्य वध करे। कुछ विचार न करना चाहिये।

नाततायिवधे दोषो हन्तुर्भवति कश्चन ।
प्रकाशं वा प्रकाशं वा मन्युस्तं मन्युमृच्छति ॥३५१॥

(३५१) आतताई के वध मे उसके मारने वाले को पाप नही होता, जो मनुष्य प्रकट व अप्रकट (गुप्त) दशा मे क्रोधोन्मत्त होकर मारता है उसको वैसा ही क्रोध का फल मिलता है।

परदाराभिमर्शेषु प्रवृत्तान्नृन्महीपतिः ।
उद्वेगजनकैर्दण्डैश्छिन्नयित्वा प्रवासयेत् ॥ ३५२ ॥

(३५२) जो मनुष्य परस्त्री-रमण (दूसरे की स्त्री से मैथुन) करने वाले हैं, उत्साह (उद्वेग) दिलाने वाले हैं, दण्ड द्वारा उनके शरीर को छिन्न (चिन्हित) करके देश से निकाल दे।

तत्समुत्थो हि लोकस्य जायते वर्णसंकरः ।
येनमूलहरोऽधर्मः -सर्वनाशाय कल्पते ॥ ६५३ ॥

(३५३) ससार मे स्त्रियो के व्यभिचार से वर्णसङ्कर उत्पन्न होते हैं और इस वर्णसङ्कर से मूल नाशक अधर्म उत्पन्न होता है जिससे सृष्टि का नाश होता है।

---

* आतताई के अर्थ विश्वासघाती व कृतघ्नी के हैं अर्थात् अग्नि लगाने वाला, विष देने वाला, धन सम्पत्ति, धान्य, खेत, स्त्री का अपहरण करने वाला आदि आतताई कहलाते हैं।

परस्य पत्न्या पुरुषः सम्भाषां योजयन्रहः ।
पूर्वमाक्षारितो दोषैः प्राप्नुयात्पूर्वसाहसम् ॥ ३५४ ॥

(३५४) परस्त्री से एकान्त में जो मनुष्य बातें करता है और प्रथम ही से उसका दोष प्रकट है उस मनुष्य को पूर्व साहस दण्ड देना चाहिये ।

यस्त्वनाक्षारितः पूर्वमभिभाषेत कारणात् ।
न दोषं प्राप्नुयात्किंचिन्न हि तस्य व्यतिक्रमः ॥३५५॥

(३५५) जिस मनुष्य का दोष प्रथम कभी ज्ञात नहीं हुआ यदि वह किसी विशेष कारण वश परस्त्री से एकान्त में परामर्श करता है तो वह अदण्डनीय है ।

परस्त्रियं योऽभिवदेत्तीर्थेऽरण्ये वनेऽपि वा ।
नदीनां वापि सम्भेदे स संग्रहणमाप्नुयात् ॥ ३५६ ॥

(३५६) जल के आने मार्ग तथा ग्राम पुर युक्त तथा मनुष्यों से विलग पर जो गांव के बाहर हो वन तथा नदी संगम इन स्थानों में परस्त्री से वार्तालाप व परामर्श करे तो संग्रहण का दण्ड पाने योग्य है ।

उपचारक्रिया केलिः स्पर्शो भूषणवाससाम् ।
सह खट्वासनं चैव सर्वं संग्रहणं स्मृतम् ॥ ३५७ ॥

(३५७) माला पहनना सुगन्धित वस्तु इत्र लगाना वस्त्र तथा आभूषण भेजना स्पर्श करना हास्य करना आलिंगन आदि करना एक शय्या पर बैठना यह सब संग्रहण कहलाता है । इसको मनु आदि ऋषियों ने कहा ।

स्त्रियं स्पृशेददेशे यः स्पृष्टो वा मर्षयेत्तया ।
परस्परस्यानुमते सर्वं संग्रहणं स्मृतम् ॥ ३५८ ॥

(३५८) जिस पुरुष ने स्त्री की जघादि को स्पर्श किया (छुआ) ग्रहण किया (पकडा) और पुरुष ने उस पर क्रोध न किया तो मनु आदि ऋषियो के विचार से यह पारस्परिक प्रीति सग्रहण कहलाती है ।

अब्राह्मणः संग्रहणे प्राणान्तं दण्डमर्हति ।
चतुर्णामपि वर्णानां दारा रक्ष्यतमाः सदा ॥ ३५९ ॥

(३५९) ब्राह्मणो के अतिरिक्त अन्य जाति वालो को सग्रहण के अपराधी होने पर प्राणदण्ड देना चाहिये, क्योकि चारो वर्ण की स्त्री रक्षणीय है ।

भिक्षुका बन्दिनश्चैव दीक्षिताः कारवस्तथा ।
संभाषणां सह स्त्रीभिः कुर्युरप्रतिवारिताः ॥ ३६० ॥

(३६०) भिक्षुक, वन्दी (भाट), दीक्षित (जिसने यज्ञार्थ दीक्षा ली है), पाचक (रसोई बनाने वाला) यह सब भिक्षा आदि अपने कर्मों के हेतु स्त्रियो से सम्भाषण (वार्तालाप) करें तो इनको न बर्जना चाहिये ।

न संभाषां परस्त्रीभिः प्रतिषिद्धिः समाचरेत् ।
निषिद्धो भाषमाणस्तु सुवर्णं दण्डमर्हति ॥ ३६१ ॥

(३६१) एक वार वर्जित करने पर भी यदि वह मनुष्य उस स्त्री से सम्भाषण करे तो एक स्वर्ण (१६ माशा) सोना दण्ड देवे ।

नैषु चारण दारेषु विधिर्नात्मोपजीविषु ।
सज्जयन्ति हि नारीर्निगूढाश्चारयन्ति च ॥ ३६२ ॥

(३६२) नट तथा चारण (गाने-बजाने वाले) की स्त्री

तथा जो पुरुष स्त्री के दुराचरण द्वारा ही निर्वाह करते हैं उनकी स्त्रियों के हेतु उपरोक्त नीति का नियम नहीं है। क्योंकि वह लोग स्वयं ही अपनी स्त्रियों को गुप्त रीति से सब स्थानों पर भेजते हैं।

किञ्चिदेव तु दाप्यः स्यात्संभाषां ताभिराचरन् ।
प्रैष्यासु चैकभक्तासु रहः प्रव्रजितासु च ॥ ३६३ ॥

(३६३) परन्तु तो भी वे परस्त्रियाँ हैं अतः उन्हींके साथ वार्तालाप करने से वह पुरुष किंचित दण्ड पावे। दासी तथा एक घर में जिस स्त्री का रोक रक्खा है वह सन्यासी की स्त्री इन्हीं के साथ सम्भाषण करने वाला किंचित् दण्ड पावे।

योऽकामां दूषयेत्कन्यां स सद्यो वधमर्हति ।
सकामां दूषयंस्तुल्यो न वधं प्राप्नुयान्नरः ॥ ३६४ ॥

(३६४) जो स्वजाति कन्या कामेच्छा नहीं करती और पुरुष उससे काम-क्रीड़ा करता है उसके मूत्रेन्द्रिय को तुरन्त ही छिन्न काट देना चाहिये । परन्तु * ब्राह्मण को यह दण्ड नहीं देना चाहिये क्योंकि उसे शारीरिक दण्ड देना वर्जित है। जो मनुष्य कामेच्छित स्वजाति कन्या से रति करे, उसे मूत्रेन्द्रिय छिन्न करने का दण्ड न देवे।

कन्यां भजन्तीमुत्कृष्टं न किञ्चिदपि दापयेत् ।
जघन्यं सेवमानां तु संयतां वासयेद्गृहे ॥ ३६५ ॥

(३६५) अपनी जाति से उच्च जाति की इच्छा करने वाली कन्या थोड़ा भी दण्ड नहीं पा सकती तथा अपनी जाति

---

* इसमें ब्राह्मण को जो दण्ड न देना लिखा है हमारे ख्याल में यह ठीक नहीं है न्याय सब के लिए एक सा होना चाहिये।

से नीच जाति की इच्छा करने वाली कन्या को घर मे बाध कर रखना चाहिये ।

उत्तमां सेवमानस्तु जघन्यो वधमर्हति ।
शुल्कं दद्यात्सेवमानःसमामिच्छेत्पिता यदि ॥ ६६६ ॥

(३६६) उच्च जाति की कन्या इच्छा रखती हो वा न रखती हो, उससे केलि आदि करने वाला नीच पुरुष अन्य जाति होने के कारण से मूत्रेन्द्रिय छिन्न करने वा बध करने योग्य होता है तथा कामेच्छुक स्वजाति कन्या को कुछ देकर उससे केलि-क्रीडा आदि करने वाला अदण्डनीय है वा उस कन्या का पिता सहमत हो तो कुछ शल्क (मुआवजा) देकर विवाह करले ।

अभिषह्य तु यः कन्यां कुर्याद्दर्पेण मानवः ।
तस्याशु कर्त्ये अंगुल्यौ दण्डं चार्हति पट्शतम् ॥३६७॥

(३६०) जो मनुष्य वलात् व अहकार वश स्वजाति की कन्या के गुप्तस्थान (मूत्रस्थान) मे जो केलि-क्रीडा के अयोग्य है, अगुली से काम-क्रीडा (केलि) करता है, उसकी वह अगुली काट लेनी चाहिये और छं सौ पण दण्ड लेना चाहिये ।

सकामां दूषयंस्तुल्यो नांगुलिच्छेद्रमाप्नुयात् ।
द्विशतं तु दमं दाप्यः प्रसंगविनिवृत्तये ॥ ६६८ ॥

(३६८) और यदि कामेच्छुक स्वजाति कन्या से उपरोक्त विधि से काम-क्रीडा करे, तो अगुली काटने का दण्ड न देना चाहिये, किन्तु कुछ दण्ड देने के हेतु दो सौ पण दण्ड लेना चाहिये ।

कन्यैव कन्यां या कुर्यात्तस्याः स्याद्द्विशतो दमः ।
शुल्कं च द्विगुणं दद्याच्छिफाश्चैवाप्नुयाद्दश ॥३६६॥

(३६९) जो कन्या अन्य कन्या के गुप्तस्थान (मूत्रस्थान) में अगुली डाल कर काम-क्रीड़ा करे तो उसको दो सौ पण दण्ड देना चाहिये और अगुली डालने वाली कन्या का पिता दूना शुल्क (मुआवजा) देवे। ऐसी लड़की को १० कोड़े लगावे।

या तु कन्यां प्रकुर्यात्स्त्री सा सद्यो मौण्ड्यमर्हति।
अ गुल्योरेव वा छेदं खरेणोद्वहनं तथा ॥ ३७० ॥

(३७०) जो स्त्री छोटी कन्या के गुप्तस्थान में अगुली डालकर काम-क्रीड़ा करे उसका मूड़ मुड़ाना व अगुलियां काटना व खर (गन्हा) पर चढ़ा कर नगर में राज-पथ पर घुमाना चाहिये। परन्तु अपराध की अवस्था ज्ञात कर योग्य दण्ड निश्चय करना उचित है।

भर्तारं लङ्घयेद्या तु स्त्री ज्ञातिगुणदर्पिता।
तां श्वभिः खादयेद्राजा संस्थाने बहुसंस्थिते ॥३७१॥

(३७१) जाति व गुण के दर्प (अहङ्कार) से अपने पति को त्याग देने वाली स्त्री को राजा बहुत मनुष्यो की उपस्थिति में कुत्तों से भोजन करावे अर्थात् नुचवावे।

पुमांसं दाहयेत्पापं शयने तप्त आयसे।
अभ्यादध्युश्च काष्ठानि तत्र दह्येत पापकृत् ॥३७२॥

(७२) उपरोक्त परस्त्री से (अर्थात् जाति व गुण के अहङ्कार से अपने पति को त्याग देने वाली स्त्री से) रति करने वाले मनुष्य को लोहे की तप्त (गरम) शय्या पर सुला कर चारो ओर लकड़ी रख कर अग्नि लगा दे जिससे वह पापी भस्म हो जावे।

संवत्सराभिशस्तस्य दुष्टस्य द्विगुणो दमः।
व्रात्यया सह संवासे चाण्डाल्या तावदेव तु ॥३७३॥

(३७३) यदि कोई पुरुष ऐसे मनुष्य को जिसका यज्ञोपवीत संस्कार नियत समय पर नहीं हुआ है, वह चाण्डाल की स्त्री से भोग करके एक बार छूट जावे तत्पश्चात् वह दूसरी बार भोग करे तो उसे दुगुना दण्ड देना चाहिये ।

शूद्रो गुप्तमगुप्तं वा द्वैजातं वर्णमावसन् ।
अगुप्तमंगसर्वस्वैर्गुप्तं सर्वेण हीयते ॥ ३७४ ॥

(३७४) * ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य की स्त्री पति आदि से सुरक्षित हो वा न हो, उससे भोग करने वाले शूद्र की मूत्रेन्द्रिय काट लेनी व सारी सम्पत्ति हरण कर (छीन) लेनी चाहिये व प्राणदण्ड देना चाहिये, परन्तु अरक्षित स्त्री से भोग करने में मूत्रेन्द्रिय छिन्न करना व सारी सम्पत्ति हरण कर लेना यही दण्ड देवे और सुरक्षित से भोग करने मे उपरोक्त तीनो दण्ड देवे ।

वैश्यः सर्वस्वदण्डः स्यात्संवत्सरनिरोधतः ।
सहस्रं क्षत्रियो दंड्यो मौण्ड्यं मूत्रेण चार्हति ॥३७५॥

(३७५) सुरक्षित ब्राह्मणी से भोग करने में वैश्यको एक वर्ष पर्यन्त कारागार मे रखना चाहिये तत्पश्चात् सारी सम्पत्ति हरण कर लेनी चाहिये और उसी अपराध मे क्षत्रिय को सहस्र पण दण्ड देवे तथा गधे के मूत्र से सिर मुंडवा देवे ।

ब्राह्मणीं यद्यगुप्तां तु गच्छेतां वैश्यपार्थिवौ ।
वैश्यं पञ्चशतं कुर्यात्क्षत्रियं तु सहस्रिणम् ॥ ३७६ ॥

(३७६) पति आदि से अरक्षित ब्राह्मणी से भोग करने वाले क्षत्रिय व वैश्य को यथाक्रम पांचसौ व सहस्रपण दण्ड देवे ।

---

* धर्मशास्त्रमे व्यभिचार प्रतिरोध का इतना ध्यान रक्खा गया है । अब जहां इसकी आज्ञा हो वह क्षेपक (सम्मिश्रण) समझना चाहिये ।

उभावपि तु तावेव ब्राह्मण्या गुप्तया सह ।
विप्लुतौ शूद्रवद्दण्ड्यौ दग्धव्यौ वा कटाग्निना॥३७७॥

(३७७) पति आदि द्वारा सुरक्षित ब्राह्मणी से भोग करने वाले क्षत्रिय वैश्य दोनों शूद्र के समान दण्डनीय हैं अर्थात् सब अङ्ग छिन्न करने चाहिये चाहे साम कुश से ढक कर वैश्य को और सरहरी से ढक कर क्षत्रिय को जलाना चाहिये। यह दण्ड पतिव्रता व सद्गुणी स्त्री से भोग करने में जानना चाहिये ।

सहस्रं ब्राह्मणो दण्ड्यो गुप्तां विप्रां बलाद् व्रजन् ।
शतानि पञ्च दण्ड्यः स्यादिच्छन्त्या सह सङ्गतः ॥३७८॥

(३७८) पति आदि से सुरक्षित ब्राह्मणी से बलात्कार करने वाले ब्राह्मण को सहस्र पण दण्ड देना चाहिये और उस ब्राह्मणी की इच्छा से भोग करने वाले ब्राह्मण को पांच सौ पण दण्ड देना चाहिये ।

मौण्ड्यं प्राणान्तिको दण्डो ब्राह्मणस्य विधीयते ।
इतरेषां तु वर्णानां दण्डः प्राणान्तिको भवेत् ॥३७९॥

(३७९) वध के स्थान पर ब्राह्मण का मूंड मुड़ाना ही दण्ड है तथा अन्य वर्णों का वध करना चाहिये ।

न जातु ब्राह्मणं हन्यात्सर्वपापेष्वपि स्थितम् ।
राष्ट्रादेनं बहिः कुर्यात्समग्रधनमक्षतम् ॥ ३८० ॥

(३८) यदि ब्राह्मण (अर्थात् विद्वान् पुरुष) बहुत पापों का अपराधी हो तो भी उसका वध न करे, बरन् शारीरिक दण्ड भी न देकर अपने राज्य से निकाल दे ।

न ब्राह्मणवधाद्भूयानऽधर्मो विद्यते भुवि ।
तस्मादस्य वधं राजा मनसापि न चिन्तयेत् ॥३८१॥

(३८१) ससार मे विद्वान अर्थात् ब्राह्मण के वध से अधिक कोई पाप नही, क्योकि इससे अध्ययन क्रम को हानि पहुँचती है । अत. राजा ब्राह्मण को वध करने का विचार मन मे भी न लावे ।

वैश्यश्चत्क्षत्रियां गुप्तां वैश्यां वा क्षत्रियो व्रजेत् ।
यो ब्राह्मण्यामगुप्तायां तावुभौ दंडमर्हतः ॥ ३८२ ॥

(३८२) पति आदि से सुरक्षित वैश्य की स्त्री से क्षत्रिय भोग करे व वैसी ही क्षत्राणी से वैश्य भोग करे तो जो दण्ड अरक्षित ब्राह्मणी से भोग करने वाले को कहा है वही दण्ड देना ।

सहस्रं ब्राह्मणो दण्डं दाप्यो गुप्ते तु ते व्रजन् ।
शूद्रायां क्षत्रियविशोः सहस्रो वै भवेद्दमः ॥३८३॥

(३८३) पति आदि से सुरक्षित क्षत्रिय व वैश्य की स्त्री पे भोग करने वाले ब्राह्मण को हजार पण दण्ड देना चाहिये । तथा पति आदि से सुरक्षित शूद्र की स्त्री से भोग करने वाले क्षत्रिय व वैश्य को भी सहस्र पण दण्ड देना चाहिये ।

क्षत्रियायामगुप्तायां वैश्ये पञ्चशतं दमः ।
मूत्रेण मौंड्यमिच्छेत्तु क्षत्रियो दण्डमेव वा ॥३८४॥

(३८४) पति आदि से अरक्षित क्षत्राणी से भोग करने मे वैश्य को पाच सौ पण दण्ड देना चाहिये । और उससे भोग करने वाले क्षत्रिय को गधे के मूत्र द्वारा मूड मुडवा देने का भी दण्ड यथेष्ट है ।

अगुप्ते क्षत्रियावैश्ये शूद्रां वा ब्राह्मणो व्रजन् ।
शतानि पञ्च दण्ड्यः स्यात्सहस्रं त्वन्त्यजस्त्रियम् ॥३८५॥

(३८५) पति आदि से अरक्षित क्षत्रिय वैश्य वा शूद्र की स्त्री से भोग करने वाले ब्राह्मण को पांच पण दण्ड देना चाहिये तथा चाण्डालादि की स्त्री से भोग करने वाले ब्राह्मण को सहस्र पण दण्ड देना चाहिये ।

यस्य स्तेनः पुरे नास्ति नान्यस्त्रीगो न दुष्टवाक् ।
न साहसिकदण्डघ्नौ स राजा शक्रलोकभाक् ॥३८६॥

(३८६) १—चोर २—अन्य की स्त्री से भोग करने वाला ३—खोटे वचन भाषी ४—बलात्कार करने वाला ५—दण्डे (लाठी) से आघात करने वाला यह सब जिस राजा के राज्य में नहीं है वह राजा इन्द्रलोक को पाता है ।

एतेषां निग्रहो राज्ञः पञ्चानां विषये स्वके ।
साम्राज्यकृत्सजात्येषु लोके चैव यशस्करः ॥ ३८७ ॥

(३८७) अपने राज्य में इन पांचों को दण्ड देने वाला राजा राजाओं मे सब से अधिक साम्राज्य की पदवी प्राप्त करता है और इस संसार मे यश पाता है ।

ऋत्विजं यस्त्यजेद्याज्यो याज्यं चर्त्विक्त्यजेद्यदि ।
शक्तं कर्मण्यदुष्टं च तयोर्दण्डः शतं शतम् ॥३८८॥

(३८८) अपने कर्म मे दक्ष तथा दुष्कर्मों से पृथक् ऋत्विज और यजमान इन दोनो मे से एक को परित्याग करे तो परित्याग करने वाले को सौ पण दण्ड देना चाहिये ।

न माता न पिता न स्त्री न पुत्रस्त्यागमर्हति ।
त्यजन्नपतितानेतान्राज्ञा दंडयः शतानि षट् ॥३८९॥

(३८९) माता, पिता व स्त्री और पुत्र जो अपने वर्ण से भ्रष्ट हो गये हो, उनमे से किसी एक को त्याग करे तो वह छ सौ पण दण्ड के योग्य होता है ।

आश्रमेषु द्विजातीनां कार्ये विवदतां मिथः ।
न विब्रूयान्नृपो धर्मं चिकीर्षन्हितमात्मनः ॥३९०॥

(३९०) गृहस्थादि आश्रम मे ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य की परस्पर मे शास्त्र के अर्थ व कार्य की बहस (अर्थात् शास्त्रार्थ) होती हो तो भला चाहने वाला राजा साहस करके ऐसा न बोले कि इस शास्त्र का यह अर्थ है ।

यथार्हमेतानभ्यर्च्य ब्राह्मणैः सह पार्थिवः ।
सान्त्वेत प्रशमय्यादौ स्वधर्मं प्रतिपादयेत् ॥ ३९१ ॥

(३९१) यथाविधि शास्त्रार्थ करने वालो की पूजा करके तथा ब्राह्मणो सहित उन्हे शात कर के राजा अपने धर्म को वर्णन करे ।

प्रातिवेश्यानुश्यौ च कल्याणे विंशतिद्विजे ।
अर्हावभोजयन्विप्रो दंडमर्हसि मापकम् ॥ ३९२ ॥

(३९२) यदि उत्तम कार्य मे शान्ति के हेतु २० ब्राह्मण भोजन कराना हो और वैश्य अपने घर के सामने वा एक घर छोडकर दूसरे घर मे रहने वाले ब्राह्मण को भोजन न करावे तो एक माशा चादी दण्ड देवे ।

श्रोत्रियः श्रोत्रियं साधुं भूतिकृत्येष्वभोजयन् ।
तदन्नं द्विगुणं दाप्यो हिरण्यं चैव मापकम् ॥३९३॥

(३११) विवाहादि आनन्दोत्सवों में अपने घर के सामने वा एक घर छोड़कर अन्य घरवासी वेदपाठी ब्राह्मण को भोजन न करावे तो एक माशा सोना और भोजन का दुगुना दण्ड स्वरूप देवे।

अन्धो जड़ः पीठसर्पी सप्तत्या स्थविरश्च यः ।
श्रोत्रियेषूपकुर्वंश्च न दाप्यो केनचित्करम् ॥ ३६४ ॥

(३६४) राजा को निम्नांकित (अधोलिखित) मनुष्यों से चाहे कोयमम पुरुष ही क्यों न हो कर न लेना चाहिये। अधा लंगड़ा सत्तर वर्ष का बूढ़ा अन्न व भोजन से वेदाध्ययनी पुरुषों की सेवा करने वाला।

श्रोत्रियं व्याधितार्तौ च बालवृद्धावकिञ्चनम् ।
महाकुलीनमार्यं च राजा सम्पूजयेत्सदा ॥ ३६५ ॥

(३६५) वेदज्ञाता व्याधि-पीड़ित बाल वृद्ध कंगाल महाकुलीन और दानी—इन लोगों की राजा को सदा पूजा करनी चाहिये।

शाल्मलीफलके श्लक्ष्णे नेनिज्यान्नेजकः शनैः ।
न च वासांसि वासोभिर्निर्हरेन्न च वासयेत् ॥ ३६६ ॥

(३६६) सेमर के चिकने पाटा पर धीरे से धोबी कपड़े धोवे और एक का वस्त्र दूसरे को न देवे तथा बहुत दिवसों तक अपने घर में न रक्खे।

तन्तुवायो दशपलं दद्यादेकपलाधिकम् ।
अतोऽन्यथा वर्तमानो दाप्यो द्वादशकं दमम् ॥३६७॥

(३६७) तन्तुकार (वस्त्र बुनने वाला) अपने परिश्रम (बुनाई) के हेतु दसपल (गड़े) के सूत लेवे तो ११ गड़े के

तौल कर नम्र देवे, उससे न्यून देवे तो बारह पण दण्ड के राजा को देखकर सूत के स्वामी को प्रसन्न करे ।

शुल्कस्थानेषु कुशलाः सवपनुयविलक्षणः ।
कुर्युरर्घं यथापल्ये ततो विंश नृपो हरेत् ॥ ३९८ ॥

(३९८) राज्य-कर का ज्ञाता तथा प्रत्येक पदार्थ के वेचने मे कुशल पुरुष जिस वस्तु को जो मूल्य निर्धारित करे उसमे जो लाभ हो उसका २०वां भाग राजा आय-कर (इनकमटैक्स) लेवे ।

राज्ञः प्रख्यात भाण्डानि प्रतिषिद्धानि यानि च ।
तानि निर्हरतो लोभात्सर्वहरे हारंन्नृपः ॥ ३९९ ॥

(३९९) रजा के योग्य जो वस्तु है वा जिस वस्तु को अन्य के हाथ वेचने को वर्जित किया है, उन वस्तुओ को लोभ वश दूसरे स्थान पर वेचे तो उसकी सारी सम्पत्ति राजा हरण कर लेवे ।

शुल्कस्थाने परिहरन्नकाले क्रयविक्रयी ।
मिथ्यावादी च संस्थाने दाप्योऽष्टगुणमत्ययम् ॥४००॥

(४००) जिस स्थान पर राज-कर लिया जाता है उस स्थान को त्यागने वाला, असमय वेचने व खरीदने वाला घटि-तौला (कम तोलने वाला) राज-कर का अठगुना दडस्वरूप देवे ।

आगमं निर्गमं स्थानं तथा वृद्धिक्षयावुभौ ।
विचार्य सर्वपण्यानां कारयेत्क्रयविक्रयौ ॥ ४०१ ॥

(४०१) प्रत्येक वस्तु के आय-व्यय तथा वृद्धि (वढी)

❀ गवर्नमेण्ट (सरकार) वत्तीसवा भाग इनकमटैक्स लेती है और मनुजी ने वीसवा भाग कहा है ।

क्षय (घटी) की दशा को देखकर बेचना व मोल लेना चाहिये क्योंकि तनिक सी अज्ञानता से हानि हो जाती है ।

पञ्चरात्रे पञ्चरात्रे पक्षे पक्षेऽथवा गते ।
कुर्वीत चैषां प्रत्यक्षमर्घसंस्थापनं नृपः ॥ ४०२ ॥

(४०२) वस्तुओं की दर प्रति सप्ताह व पाक्षिक में नियत होनी चाहिये और उसका अधिकार राजा के हाथ में होना चाहिये।

तुलामानं प्रतीमानं सर्वं च स्यात्सुलक्षितम् ।
षट्सु षट्सु च मासेषु पुनरेव परीक्षयेत् ॥ ४०३ ॥

(४०३) माशा तोला सेर पांचसेरी आदि व गस्य, द्रोण आदि के बाटों की न्यूनाधिकता (कमी-बेशी) को राजा देखे तत्पश्चात् छठे मास में इनकी परीक्षा करे और सब बांटादि पर राज-मुद्रा का चिन्ह अंकित कर दे ।

पणं यानं तरे दाप्यं पौरुषोऽर्धपणं तरे ।
पादं पशुश्च योषिच्च पादार्धं रिक्तकः पुमान्॥४०४॥

(४०४) नाव द्वारा नदी पार करने का कर इस प्रकार लेवे कि सवारी पर एक पण बोझ सहित मनुष्य पर आधा पण स्त्री तथा पशुओं पर चौथाई पण और बोझ ढोने वाले कुली से पण का आठवां भाग ।

भाण्डपूर्णानि यानानि तार्यं दाप्यानि सारतः ।
रिक्तभाण्डानि यत्किंचित्पुमांसश्चापरिच्छदः ॥४०५॥

(४०५) सामान से भरी हुई गाड़ियों का कर सामान के अनुसार होना चाहिये अर्थात् यदि गाड़ी में बहुमूल्य व अधिक तोल का भारी सामान हो तो उससे अधिक कर लेना

चाहिये और जिस गाडी मे अल्प व अल्प मूल्य तोल का सामान हो उससे अल्प कर लेना चाहिये तथा रिक्त (खाली) गाडियो वा ऐसे मनुष्यो से जिनके पास सामान न हो, अल्प (थोडा) कर लेना चाहिये ।

दीर्घाध्वनि यथादेशं यथाकालं तरो भवेत् ।
नदीतीरेषु तद्विद्यात्समुद्रे नास्ति लक्षणम् ॥ ४०६ ॥

(४०६) ❀ नदी मे नाव का कर नदी के वहाव व ऋतु कालादि के अनुसार निर्धारित (नियत) करना चाहिये और समुद्र मे पोयो (जहाजो मे) का चलना वायु के अधीन है अत समुद्र द्वारा यात्रा व व्यापार करने वालोंसे एकवार उचित कर निर्धारित कर देना चाहिये । उसमे वहाव व ऋतुकात का विचार नही होता ।

गर्भिणी तु द्विमासादिस्तथा प्रव्रजितो मुनिः ।
ब्राह्मणा लिंगिनश्चैव न दाप्यास्तारिकं तरे ॥४०७॥

(४०७) दो मास से अधिक की गर्भिणी स्त्री, सन्यासी, वानप्रस्थ, ब्राह्मण, ब्रह्मचारी, इन सबसे नदी पार करने का कर न लेना चाहिये ।

यन्नावि किंचिद्दासानां विशीर्येतापराधतः ।
तद्दासैरेव दातव्यं समागम्य स्वतोऽशतः ॥ ४०८ ॥

(४०८) यदि मल्लाहो के आलस्य से कोई वस्तु नष्ट हो जावे तो उस पदार्थ का मूल्य सब मल्लाहो को मिलकर देना चाहिये, क्योकि प्रत्येक मल्लाह नाव के अन्तर्गत पदार्थों का धर्मत रक्षक है तथा उत्तरदाता है ।

❀ श्लोक ४०६ से स्पष्ट विदित होता है कि मनु के समय मे समुद्र मे पोत (जहाज) चलते थे और उससे आर्य राजा अपना कर भी लेते थे ।

एष नौयायिनामुक्तो व्यवहारस्य निर्णयः ।
दाशापराधतस्तोये दैविके नास्ति निग्रहः ॥ ४०६ ॥

(४०६) दैवी विपत्ति (अर्थात् आंधी तूफान आदि) के आने से व चट्टानों मगर-मच्छ आदि से टकरा कर नाव भंग (टूट) हो जाने से जो हानि होती है उसके देनदार मल्लाह नहीं है, क्योंकि उनका कोई अपराध नहीं है ।

वाणिज्यं कारयेद्वैश्यं कुसीदं कृषिमेव च ।
पशूनां रक्षणं चैव दास्यं शूद्रं द्विजन्मनाम् ॥४१०॥

(४१) वैश्य का कर्म कृषि करना ब्याज लेना पशु पालना है । इन सब कर्मों को वैश्य से कराबे । ब्राह्मण क्षत्रिय तथा वैश्य की सेवा शूद्रों से करावे ।

क्षत्रियं चैव वैश्यं च ब्राह्मणो वृत्तिकर्शितौ ।
बिभृयादानृशंस्येन स्वानि कर्माणि कारयन् ॥४११॥

(४११) यदि कोई क्षत्रिय व वैश्य जीविका-विहीन व्याकुल हो तो ब्राह्मण को उचित है कि दया से काम कराके उसका पालन करे ।

दास्यं तु कारयंल्लोभाद्ब्राह्मणः संस्कृतान्द्विजान् ।
अनिच्छतः प्राभवत्याद्राज्ञा दण्ड्यः शतानि षट् ॥४१२॥

(४१२) जो ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य यथाविधि संस्कार के पश्चात् काम करना नहीं चाहते उनसे कोई ब्राह्मण लोभ वश अपने प्रभाव द्वारा कार्य करावे तो राजा उस ब्राह्मण पर छः सौ पण दण्ड करे ।

शूद्रं तु कारयेद्दास्यं क्रीतमक्रीतमेव वा ।
दास्यायैव हि सृष्टोऽसौ ब्राह्मणस्य स्वयम्भुवा॥४१३॥

(४१३) * ब्रह्मा ने शूद्र को ब्राह्मणो के सेवार्थ बनाया है इस हेतु शूद्र चाहे मोल लिया हुआ हो चाहे वेतनभोगी हो वा वेतनभोगी न हो, उससे बराबर कार्य लेना चाहिये ।

न स्वामिना निसृष्टोऽपि शूद्रो दास्याद्विमुच्यते ।
निसर्गजं हि तत्तस्य कस्तस्मात्तदुपोहति ॥ ४१४ ॥

(४१४) यदि स्वामी दास-कर्म से दास को मुक्त नही कराता तो वह दास दासकर्म से मुक्त नही होता, क्योकि दासकर्म शूद्र के स्वभाव से उत्पन्न है, इस सबध को कौन छुडा सकता है ।

ध्वजाहृतो भक्तदासो गृहजः क्रीतदत्रिमौ ।
पैत्रिको दंडदासश्च सप्तैते दासयोनयः ॥ ४१५ ॥

(४१६) युद्ध मे जय किया हुआ, भोजन पर सेवकाई करने वाला, किसी अपराध के पलटे मे सेवकाई करने वाला, गृह-दास से उत्पन्न, क्रीत (मोल लिया हुआ), दान मे मिला हुआ, पैत्रिक दास और भक्त, यह सब दास हैं ।

भार्या पुत्रश्चदासश्चत्रय एवाधनाःस्मृताः ।
यत्ते समधिगच्छन्ति यस्य ते तस्य तद्धनम् ॥४१६॥

(४१६) अपनी स्त्री के पुत्र व दास, यह सब जिस धन को एकत्र करें वह सब धन उनके स्वामी का है और वह स्वामी की जोवितावस्था मे उसके अधिकारी नही है ।

विस्रब्ध ब्राह्मणः शूद्राद्द्रव्योपादानमाहरेत् ।
नहि तस्यास्ति किञ्चित्स्वं भर्तृहार्यधनो हि सः॥४१७॥

---

*वेदमन्त्र तथा प्रकृति ने स्पष्ट बतला दिया है कि पाव केवल शरीर के ऊपरी भाग को उठाकर ले जाने के हेतु बनाये गये है और मुख सारे काम शरीर के अङ्गो से लेना ।

स्त्रिया परसित्तावस्था मे रहने से दोनों कुल (अर्थात् पतिकुल व पिताकुल) को शोचित करती हैं।

इमं हि सर्ववर्णानां पश्यन्तो धर्ममुत्तमम् ।
यतन्ते रक्षितुं भार्यां भर्तारो दुर्बला अपि ॥ ६ ॥

(६) सब वर्णों के उत्तम धर्म को देखते हुए निर्बल पति भी स्त्री की रक्षा के अर्थ परिश्रम तथा प्रयत्न करें।

स्वां प्रसूतिं चरित्रं च कुलमात्मानमेव च ।
स्वं च धर्मं प्रयत्नेन जायां रक्षन्हि रक्षति ॥ ७ ॥

(७) उचित रीति से स्त्री की रक्षा करने से अपने कुल, सन्तान आत्मा व धर्म की रक्षा होती है।

पतिर्भार्यां सम्प्रविश्य गर्भो भूत्वेह जायते ।
जायायास्तद्धि जायात्वं यदस्यां जायते पुनः ॥ ८ ॥

(८) पति का वीर्य अपनी स्त्री के गर्भ में प्रविष्ट होकर सन्तान रूप से संसार में उत्पन्न होता है। स्त्री में विशेष धर्म यही है कि उससे दूसरी बार सन्तान उत्पन्न होती है।

यादृशं भजते हि स्त्री सुतं सूते तथाविधम् ।
तस्मात्प्रजाविशुद्ध्यर्थं स्त्रियं रक्षेत्प्रयत्नतः ॥ ९ ॥

(९) स्त्री जैसे गुण वाले पुरुष से सम्बन्ध रखती है, उसी प्रकार की सन्तान उत्पन्न होती है। अतः उत्तम सन्तान उत्पन्न करने के हेतु स्त्री की रक्षा करनी चाहिये।

न कश्चिद्योषितः शक्तः प्रसह्य परिरक्षितुम् ।
एतैरुपाययोगैस्तु शक्यास्ताः परिरक्षितुम् ॥ १० ॥

(१) कोई मनुष्य शक्ति से दबाकर स्त्री को वश में नहीं

ख सकता, वरन् निम्नांकित विषयो स्त्री को अपने वश मे रख सकता है।

अर्थस्य संग्रहे चैनां व्यये चैव नियोजयेत् ।
शौचे धर्मेऽन्नपक्त्यां च पारिणाह्यस्य वेक्षणे ॥ ११ ॥

(११) एकत्रित धन को व्यय करने, गृहस्थी का सारा प्रबन्ध, खाने-पहनने, घर आदि के बनाने का अधिकार देने और शुद्ध व पवित्र रहने से स्त्री वश मे रहती है।

अरक्षिता गृहे रुद्धाः पुरुषैराप्तकारिभिः ।
आत्मानमात्मना यास्तु रक्षेयुस्ताः सुरक्षिताः ॥१२॥

(१२) आज्ञा पूवक यथार्थ कार्य्य करने वाले सेवक पुरुषो से गृह मे रोकी हुई स्त्रिया अरक्षित हैं, किन्तु जो अपनी रक्षा स्वय करती है वे ही सुरक्षित हैं।

पानं दुर्जनसंसर्गः पत्या च विरहोऽटनम् ।
स्वप्नोऽन्यगेहवासश्च नारीणांदूपणानि पट् ॥ १३ ॥

(१३) स्त्रियो के हेतु छ कर्म दूषित हैं—१–मद्यपान २–दुष्ट सग, ३–पति वियोग, ४–इधर-उधर घूमना, ५–असमय सोना, ६–दूसरे के घर मे वास करना।

नैपा रूपं परीक्षन्ते नासां वयसि संस्थितिः ।
सरूपं वा विरूपं वा पुमानित्येव भुञ्जते ॥ १४ ॥

(१४) स्त्रिया रूप व आयु का विचार नही करती वरन् पौरुष का विचार करती हैं—अर्थात् चाहे सुरूप हो चाहे कुरूप, जिसमे पौरुष है उससे ही भोग करती है।

पौंश्चल्याच्चलचित्ताच्च नैस्नेह्याच्च स्वभावतः ।
रक्षिता यत्नतोऽपीह भर्तृष्वेता विकुर्वते ॥ १५ ॥

(१५) पुरुषसे चपल चित्त वाली तथा स्नेह से शून्य (रहित) स्त्री अपने नष्ट स्वभाव से उत्तम रीति से सुरक्षितहोने पर भी अपनी कुटिलता से पति के चित्तको दोषित कर देती है।

एवं स्वभावं ज्ञात्वासां प्रजापतिनिसर्गजम् ।
परमं यत्नमातिष्ठेत्पुरुषो रक्षणं प्रति ॥ १६ ॥

(१६) स्त्रियों के इस स्वभाव को जान कर धर्मशास्त्र के बनाने वाले प्रजापति ने उनकी रक्षा को पुरुषों का प्रयत्नकरणीय कार्य नियत किया।

शय्यासनमलङ्कारं कामं क्रोधमनार्जवम् ।
द्रोहभावं कुचर्यां च स्त्रीभ्यो मनुरकल्पयत् ॥ १७ ॥

(१७) शयन की शय्या व बैठने का आसन शृङ्गार के हेतु आभूषण आदि काम,क्रोध प्राकृतिक (स्वाभाविक) कटुता पारस्परिक द्रोहभाव दुराचार मनुजी ने स्त्रियोके गुण कल्पित किये है।

नास्ति स्त्रीणां क्रिया मन्त्रैरिति धर्मे व्यवस्थितः ।
निरिन्द्रिया ह्यमन्त्राश्च स्त्रियोऽनृतमिति स्थितिः ॥१८॥

(१८) *स्त्रियो के संस्कार मन्त्रो के बिना होने चाहिये क्योकि स्त्रियों के लिए इन्द्रिय और मन्त्र का अधिकार नही है तथा मिथ्या भाषण करना स्त्रियों का स्वाभाविक गुण है।

तथा च श्रुतयो बह्वयो निगीता निगमेष्वपि ।
स्वालक्षण्यपरीक्षार्थं तासां शृणुत निष्कृतीः ॥ १९ ॥

(१९) उपनिषद् की श्रुतियो और वेद मन्त्रों में बहुतस्थल

* १८ वा श्लोक सम्मिलित किया हुआ है, क्योकि विवाहादि सब संस्कार मन्त्रो द्वारा होते है।

पर स्त्रियो के दुर्गुणो का वर्णन है, क्योकि उसकी वास्तविकता (यथार्थ) को जानना दुष्कर (कठिन) है । केवल वेद मे प्रायश्चित्त देखना चाहिये ।

यन्मे माता प्रलुलुभे विचरन्त्यपतिव्रता ।
तन्मे रेतः पिता वृक्तामित्यस्यैतन्निदर्शनम् ॥ २० ॥

(२०) अपनी माता का आन्तरिक दुराचार देखकर कहना चाहिये कि मेरी माता ने पतिव्रत भङ्ग करके अन्य पुरुष से सहवास (भोग) किया है, दो माता के रुचिरूप अन्य पुरुष को मेरा पिता पवित्र करे ।

ध्यायत्यनिष्टं यत्किञ्चित्पाणिग्राहस्य चेतसा ।
तस्यैष व्यभिचारस्य निह्नवः सम्यगुच्यते ॥ २१ ॥

(२१) *जो स्त्री मन मे अपने पति का अनिष्ट विचारती है, उस कुत्सित इच्छा का पवित्र करने वाला प्रथमोक्त मन्त्र है, मनु आदि ऋषियो ने कहा है—

यादृग्गुणेन भर्त्रा स्त्री संयुज्येत यथाविधि ।
तादृग्गुणा सा भवति समुद्रेणैव निम्नगा ॥ २२ ॥

(२२) जिस विधि से व जैसे पुरुष से स्त्री सम्भोग पाती है वैसो ही आप होती है जैसे समुद्र से नदी ।

अक्षमाला वसिष्ठेन संयुक्ताऽधमयोनिजा ।
शारङ्गी मन्दपालेन जगामाभ्यर्हणीयताम् ॥ २३ ॥

---

* श्लोक १९ से २१ तक वाममार्गियो के काल के मिलाये हुए हैं क्योकि वेद मे इस विषय का कही भी उल्लेख नही है ।

(२३) * अधम जाति से उत्पन्न अक्षमाला नाम की स्त्री से वसिष्ठ ऋषि ने सम्भोग किया तथा वह शारङ्गी और मन्दपाल से युक्त होकर पूज्यता को प्राप्त हुई।

एताश्चान्याश्च लोकेऽस्मिन्नपकृष्टप्रसूतयः ।
उत्कर्षं योषितः प्राप्ताः स्वैः स्वैर्भर्तृगुणैः शुभैः ॥२४॥

(२४) इनके अतिरिक्त अन्य सभी स्त्रियाँ अधम जाति से उत्पन्न होकर इस लोक में अपने पतियों की श्रेष्ठता से श्रेष्ठता को पहुँच गईं।

एषोदिता लोकयात्रा नित्यं स्त्रीपुंसयोः शुभा ।
प्रेत्येह च सुखोदर्कान्प्रजाधर्मान्निबोधत ॥ २५ ॥

(२५) स्त्री पुरुषों के प्राचीन सदाचार को कहा। अब इस लोक में तथा परलोक में व भविष्यत् में सुखदाई जो प्रजा का धर्म है उसको कहते हैं।

प्रजनार्थं महाभागाः पूजार्हा गृहदीप्तयः ।
स्त्रियः श्रियश्च गेहेषु न विशेषोऽस्ति कश्चन ॥२६॥

(२६) घर की उत्पत्ति के अर्थ महाभागा व पूजा योग्य घर की तेजवती स्त्री तथा लक्ष्मी है। इन दोनों में विशेषता कुछ नहीं है दोनों एक समान है।

उत्पादनमपत्यस्य जातस्य परिपालनम् ।
प्रत्यहं लोकयात्रायाः प्रत्यक्षं स्त्रीनिबन्धनम् ॥ २७ ॥

(२७) पुत्र व पुत्री की उत्पत्ति तत्पश्चात् उनका लालन

---

* २३ वाँ श्लोक भी संशयात्मक है क्योंकि वशिष्ठजी से पहले मनु हुए हैं।

पालन तथा प्राचीन लौकिक (सासारिक) नियम इन सवो का प्रत्यक्ष प्रमाण स्त्रिया ही हैं ।

अपत्यं धर्मकार्याणि शुश्रूषा रतिरुत्तमा ।
दाराधीनस्तथा स्वर्गः पितृणामात्मनश्च ह ॥ २८ ॥

(२८) सन्तानोत्पत्ति, धर्मकार्य, उत्तम सेवा तथा अपना व अपने वृद्धो का स्वर्ग यह सव स्त्रियो के आधीन हैं ।

पतिं या नाभिचरति मनोवाग्देहसंयुता ।
सा भर्तृलोकानाप्नोति सद्भिः साध्वीति चोच्यते ॥२६॥

(२६) जो स्त्री मन, वचन,कर्म के पापो से रहित होकर अपने भर्ता (पत) को छोड अन्य पुरुष से भोग नही करती है वह पतिलोक को पाती है और ससार मे उत्तम पुरुष (साधुजन) उसको साध्वी (सदाचारिणी) कहते हैं ।

व्यभिचारात्तु भर्तुः स्त्री लोके प्राप्नोति निन्द्यताम् ।
शृगालयोनिं चाप्नोति पापरोगैश्च पीड्यते ॥ ३० ॥

(३०) अन्य पुरुष से भोग करने से (व्यभिचार से) स्त्री ससार मे निन्दा के योग्य होती है और शृगाल (गीदड) की योनि पाती है तथा पाप रोगो से पीडित व क्लेशित होती है ।

पुत्रं प्रत्युदितं सद्भिः पूर्वजैश्च महर्षिभिः ।
विश्वजन्यमिमं पुण्यमुपन्यासं निबोधत ॥ ३१ ॥

(३१) साधु (उत्तम) पूर्वज महर्षियो मे पुत्र के विषय मे ससार के भले के हेतु जिस शुद्ध (पवित्र) धर्म को कहा है, उसको कहते हैं ।

भर्तुः पुत्रं विजानन्ति श्रुतिद्वैधं तु भर्तरि ।
आहुरुत्पादकं केचिदपरे क्षेत्रिणं विदुः ॥ ३२ ॥

(३२) पिता का पुत्र है ऐसा सब जानते हैं और पिता के विषय में दो प्रकार के गुण हैं । कोई कहता है कि वीर्यवान् का पुत्र है तथा कोई कहता है कि लक्ष्मी क्षेत्र) का पुत्र है ।

क्षेत्रभूता स्मृता नारी बीजभूतः स्मृतः पुमान् ।
क्षेत्रबीजसमायोगात्सम्भवः सर्वदेहिनाम् ॥ ३३ ॥

(३३) स्त्री क्षेत्र (लक्ष्मी) का पुत्र है और वीर्य पिताका रूप है लक्ष्मी तथा वीर्यके संयोग से सब शरीरधारियों की उत्पत्ति है ।

विशिष्टं कुत्रचिद्बीजं स्त्रीयोनिस्त्वेव कुत्रचित् ।
उभयं तु समं यत्र सा प्रसूतिः प्रशस्यते ॥ ३४ ॥

(३४) कहीं वीर्य विशिष्ट (उत्तम है कहीं क्षेत्र (लक्ष्मी) विशिष्ट है जहाँ दोनों की समानता है वह संतान अति उत्तम है ।

बीजस्य चैव योन्याश्च बीजमुत्कृष्टमुच्यते ।
सर्वभूतप्रसूतिर्हि बीजलक्षणलक्षिता ॥ ३५ ॥

(३५) बीज और क्षेत्र (लक्ष्मी) दोनों में से बीज उत्कृष्ट है । सब जीवों की उत्पत्ति वीर्य के लक्षण से जानी जाती है ।

यादृशं तूप्यते बीजं क्षेत्रे कालोपपादिते ।
तादृग्रोहति तत्तस्मिन्बीजं स्वैर्व्यञ्जितं गुणैः ॥ ३६ ॥

(३६) बीज रोपने के समय जैसा बीज खेत में रोपा (बोया) जाता है वैसा ही अपने गुणों सहित उत्पन्न होता है ।

इयं भूमिर्हि भूतानां शाश्वती योनिरुच्यते ।
न च योनिगुणान्कांश्चिद्बीजं पुष्यति पुष्टिषु ॥३७॥

(३७) जितने पंच भौतिक जीवधारी हैं उनकी उत्पत्ति का द्वार क्षेत्र (खेत लक्ष्मी) है, कोई वस्तु बोने तथा उपजने के

गुण के रिक्त वीज की कुछ परिपुष्टता नही करती है, अतएव वीज ही मुख्य तथा श्रेष्ठ है।

भूमावित्येककेदारे कालोप्तानि कृषीवलैः ।
नानारूपाणि जायन्ते वीजानीह स्वभावतः ॥ ३८ ॥

(३८) खेत मे किसान कृषि के समय गेहूँ आदि जैसा वीज बोता है वह अपने स्वभाव से भिन्न-भिन्न रूप का उपजता है पृथ्वी तो एक ही रूप की है, परन्तु वीज एक रूप का नही, अतएव वीज ही श्रेष्ठ है ।

व्रीहय शालयो मुद्गास्तिला मापास्तथा यवाः ।
यथा बीज प्ररोहन्ति लशुनानीक्षवस्तथा ॥ ३९ ॥

(३९) जैसे साठी, धान, मूग, तिल, माष (उडद), जौ, गेहूँ, ईख, लहसुन आदि वीज बोने के उपरान्त विभिन्न रूप मे उपजते हैं ।

अन्यदुप्तं जातमन्यदित्येतन्नोपपद्यते ।
उप्यते यद्धि यद्बीजं तत्तदेव प्ररोहति ॥ ४० ॥

(४०) एक वस्तु को बोया और दूसरी वस्तु उत्पन्न हुई ऐसा नही होता, वरन् जो बोते हैं वही उगता है।

तत्प्राज्ञेन विनीतेन ज्ञानविज्ञानवेदिना ।
आयुष्कामेन वप्तव्यं न जातु परयोषिति ॥ ४१ ॥

(४१) सहनशील, विनीत, बुद्धिमान, पूर्ण, ज्ञान-विज्ञान अर्थात् वेदशास्त्रो के ज्ञाता व दीर्घजीवी होने की अभिलाषा करने वाले जो पुरुष हैं वे परस्त्री मे अपने वीज को न डाले ।

अत्र गाथा वायुगीताः कीर्तयन्ति पुराविदः ।
यथा बीज न वप्तव्यं पुंसा परपरिग्रहे ॥ ४२ ॥

(४२) परस्त्री में बीज न डालना चाहिये इस अध्याय में पुराज्ञाता ऋषि का कहा हुआ वचन जो विशेष छन्द से सम्मिलित है वर्णन किया है वरन् इसको व्यवहार में भी लाये हैं।

नश्यतीपुर्यथा विद्ध' खे विद्धमनुविद्ध्यत' ।
तथा नश्यति वै क्षिप्रं बीज परपरिग्रहे ॥ ४३ ॥

(४३) किसी ने आकाश पर पक्षी को बाण मारा फिर दूसरे मनुष्य ने उसी पक्षी पर तीर मारा तो दूसरे पुरुष का तीर व्यर्थ गया क्योंकि आखेट तो प्रथम धनुर्धारी को मिलता है। उसी तरह परस्त्री में बीज निष्फल जाता है अर्थात् जिसकी स्त्री है उसी को सन्तान लाभ होता है।

पृथोरपीमां पृथिवीं भार्यां पूर्वविदो विदुः ।
स्थाणुच्छेदस्य केदारमाहु' शल्यवतो मृगम् ॥ ४४ ॥

(४४) * पूर्व में राजा पृथु ने इस पृथ्वी को लिया फिर बहुत से राजाओं ने लिया तो भी यह पृथ्वी राजा पृथु ही की स्त्री है और उसने ऊँची-नीची भूमि को सम किया उसी का खेत है जिसने प्रथम तीर से मारा उसी का आखेट है यह पूर्व कालज्ञानाओं ने कहा है।

एतावानेव पुरुषो यज्जायात्मा प्रजेति ह ।
विप्राः प्राहुस्तथा चैतद्यो भर्ता सा स्मृताङ्गना ॥४५॥

(४५) एक ही पुरुष नहीं होता वरन् अपना शरीर स्त्री व सन्तान यह सब सम्मिलित होने से पुरुष कहाता है। ब्राह्मणों ने कहा है कि जो पति है वही स्त्री है।

---

* ४४ वां श्लोक सम्मिलित किया हुआ है क्योंकि यह पुराण काल का इतिहास है।

न निष्क्रयविसर्गाभ्यां भर्तुर्भार्या विमुच्यते ।
एवं धर्मं विजानीमः प्राक्प्रजापतिनिर्मितम् ॥ ४६ ॥

(४६) स्त्री बेचने व त्यागने से स्त्री के धर्म से पृथक् नही होती प्रथम ही श्री ब्रह्माजी ने यह धर्म की व्यवस्था की यह सब हम जानते हैं ऐसा मनुजी ने कहा है ।

सकृदंशो निपतति सकृत्कन्या प्रदीयते ।
सकृदाह ददानीति त्रीण्येतानि सतां सकृत् ॥ ४७ ॥

(४७) अंश विभाग, कन्यादान, अन्य दान सत्पुरुष एक बार ही करते हैं, यदि दूसरी बार करें तो उनके वचनो का विश्वास नही रहता, क्योकि जिसकी प्रतिज्ञा भङ्ग हो जाती है वह झूटा है ।

यथा गोऽश्वोष्ट्रदासीषु महिष्यजाविकासु च ।
नोत्पादकः प्रजाभागी तथैवान्याङ्गनास्वपि ॥ ४८ ॥

(४८) जिस प्रकार गऊ, घोडा, ऊट, दासी, भैंस, बकरी, भेड, इनमे बच्चा उत्पन्न करने वाला बच्चे को नही पाता वैसे ही परस्त्री मे सन्तान उत्पन्न करने वाला सन्तान का स्वामी नही होता ।

येऽक्षेत्रिणो बीजवन्तः परक्षेत्रप्रवापिणः ।
ते वै सस्यस्य जातस्य न लभन्ते फलं क्वचित्॥४९॥

(४९) जो दूसरे के खेत मे बीज बोते हैं वह उसके फल के स्वामी नही हो सकते, वैसे ही परस्त्री मे सन्तान उत्पन्न करने वाला सन्तान का स्वामी नही होता ।

यदन्यगोषु वृषभो वत्सानां जनयेच्छतम् ।
गोमिनामेव ते वत्सा मोघं स्कन्दितमार्षभम् ॥ ५० ॥

(४२) परस्त्री में बीज न डालना चाहिये इस अध्याय में पुराज्ञाता ऋषि का कहा हुआ वचन जो विशेष रूप से सम्मिलित है वर्णन किया है वरन् इसको व्यवहार में भी लाये हैं।

नश्यतीपुर्यथा विद्धः खे विद्धमनुविध्यतः ।

तथा नश्यति वै क्षिप्रं बीजं परपरिग्रहे ॥ ४३ ॥

(४३) किसी ने आकाश पर पक्षी को बाण मारा फिर दूसरे मनुष्य ने उसी पक्षी पर तीर मारा तो दूसरे पुरुष का तीर व्यर्थ गया क्योंकि आखेट तो प्रथम धनुर्धारी को मिलता है। उसी तरह परस्त्री में बीज निष्फल जाता है अर्थात् जिसकी स्त्री है उसी को सन्तान लाभ होता है।

पृथोरपीमां पृथिवीं भार्यां पूर्वविदो विदुः ।

स्थाणुच्छेदस्य केदारमाहुः शल्यवतो मृगम् ॥ ४४ ॥

(४४) * पूर्व में राजा पृथु ने इस पृथ्वी को लिया फिर बहुत से राजाओं ने लिया तो भी यह पृथ्वी राजा पृथु ही की स्त्री है और उसने ऊंची-नीची भूमि को सम किया उसी का खेत है जिसने प्रथम तीर से मारा उसी का आखेट है यह पूर्व कालज्ञानाओं ने कहा है।

एतावानेव पुरुषो यज्जायात्मा प्रजेति ह ।

विप्राः प्राहुस्तथा चैतद्यो भर्ता सा स्मृताङ्गना ॥४५॥

(४५) एक ही पुरुष नहीं होता वरन् अपना शरीर स्त्री व सन्तान यह सब सम्मिलित होने से पुरुष कहाता है। ब्राह्मणों ने कहा है कि जो पति है वही स्त्री है।

---

* ४४ वां श्लोक सम्मिलित किया हुआ है क्योंकि यह पुराण काल का इतिहास है।

न निष्क्रयविसर्गाभ्यां भर्तुर्भार्या विमुच्यते ।
एवं धर्मं विजानीमः प्राक्प्रजापतिनिर्मितम् ॥ ४६ ॥

(४६) स्त्री वेचने व त्यागने से स्त्री के धर्म से पृथक् नही होती प्रथम ही श्री ब्रह्माजी ने यह धर्म की व्यवस्था की यह सव हम जानते हैं ऐसा मनुजी ने कहा है ।

सकृदंशो निपतति सकृत्कन्या प्रदीयते ।
सकृदाह ददानीति त्रीण्येतानि सतां सकृत् ॥ ४७ ॥

(४७) अश विभाग, कन्यादान, अन्य दान सत्पुरुष एक बार ही करते हैं, यदि दूसरी बार करें तो उनके वचनो का विश्वास नही रहता, क्योकि जिसकी प्रतिज्ञा भङ्ग हो जाती है वह झूटा है ।

यथा गोऽश्वोष्ट्रदासीषु महिष्यजाविकासु च ।
नोत्पादकः प्रजाभागी तथैवान्याङ्गनास्वपि ॥ ४८ ॥

(४८) जिस प्रकार गऊ, घोडा, ऊट, दासी, भैंस, वकरी, भेड, इनमे बच्चा उत्पन्न करने वाला बच्चे को नही पाता वैसे ही परस्त्री मे सन्तान उत्पन्न करने वाला सन्तान का स्वामी नही होता ।

येऽक्षेत्रिणो बीजवन्तः परक्षेत्रप्रवापिणः ।
ते वै सस्यस्य जातस्य न लभन्ते फलं क्वचित्॥४९॥

(४९) जो दूसरे के खेत मे वीज वोते हैं वह उसके फल के स्वामी नही हो सकते, वैसे ही परस्त्री मे सन्तान उत्पन्न करने वाला सन्तान का स्वामी नही होता ।

यदन्यगोषु वृषभो वत्सानां जनयेच्छतम् ।
गोमिनामेव ते वत्सा मोघं स्कन्दितमार्षभम् ॥ ५० ॥

(५०) दूसरे की गऊ में अन्य का बैल बछड़ा उत्पन्न करे तो गऊ का स्वामी उस बछड़े को पाता है और बैल का वीर्य निष्फल जाता है।

तथावाक्षेत्रिणो बीजं परक्षेत्रप्रवापिणः ।
कुर्वन्ति क्षेत्रिणामर्थं न बीजी लभते फलम् ॥ ५१ ॥

(५१) इसी तरह दूसरों के खेत में बीज डालने वाला खेत के स्वामी का कार्य करता है और उसके फल को नहीं प्राप्त कर सकता।

फलं त्वनभिसंधाय क्षेत्रिणां बीजिनां तथा ।
प्रत्यक्षं क्षेत्रिणामर्थो बीजाद्योनिर्गरीयसी ॥ ५२ ॥

(५२) इस स्त्री में जो उत्पन्न हो वह हमारा और तुम्हारा दोनों का हो ऐसे विचार को हृदय में न रखकर जो उत्पन्न किया पुत्र क्षेत्र वाली का होता है बीज से क्षेत्र बड़ा है।

क्रियाभ्युपगमात्त्वेतद्बीजार्थं यत्प्रदीयते ।
तस्येह भागिनौ दृष्टौ बीजी क्षेत्रिक एव च ॥५३॥

(५८) इस स्त्री में जो उत्पन्न हो वह हमारा और तुम्हारा दोनों का हो ऐसा चित्त में ठान कर जो उत्पन्न किया उसके भागी बीज वाला और खेत वाला दोनों होते हैं।

ओघवाताहृतं बीजं यस्य क्षेत्रे प्ररोहति ।
क्षेत्रिकस्यैव तद्बीजं न वप्ता लभते फलम् ॥ ५४ ॥

(५४) बीज जलप्रवाह वायु से उड़कर जिसके खेत में पड़ा उसका फल खेत वाला ही पाता है बीज वाला नहीं पाता।

एष धर्मो गवाश्वस्य दास्युष्ट्राजाविकस्य च ।
विहंगमहिषीणां च विज्ञेयः प्रसवं प्रति ॥ ५५ ॥

(५५) गऊ, घोड़ा, ऊँट, बकरी, भेड, पक्षी, भैंस तथा दासी इनकी उत्पत्ति मे इसी धर्म को जानना।

एतद्वः सारफल्गुत्वं बीजयोन्योः प्रकीर्तितम् ।
अतः परं प्रवक्ष्यामि योषितां धर्ममापदि ॥ ५६ ॥

(५६) भृगुजी कहते हैं कि आप लोगो से जीव व क्षेत्र (खेत) की श्रेष्ठता व अधमता को कहा। अब तदुपरान्त स्त्रियो का आपद् धर्म कहते हैं।

भ्रातुर्ज्येष्ठस्य भार्या या गुरुपत्न्यनुजस्य सा ।
यवीयसस्तु या भार्या स्नुषा ज्येष्ठस्य सा स्मृता॥५७॥

(५७) बडे भ्राता की स्त्री छोटे भाई की गुरुपत्नी कहाती है और छोटे भाई की स्त्री बड़े भाई की पतोहू कहलाती है।

ज्येष्ठो यवीयसो भार्यायवीयान्वाग्रजस्त्रियम् ।
पतितौ भवतो गत्वा नियुक्तावप्यनापदि ॥ ५८ ॥

(५८) आपत्काल न हो और पिता आदि की आज्ञा से भी यदि बडे भाई की स्त्री से छोटा भाई और छोटे भाई की स्त्री से बडा भाई भोग करे तो दोनो पतित होते हैं अर्थात् वर्णाश्रम की पदवी से गिर जाते हैं।

देवराद्वा सपिण्डाद्वा स्त्रिया सम्यङ् नियुक्तया ।
प्रजेप्सिताधिगन्तव्या संतानस्य परिक्षये ॥ ५९ ॥

(५९) यदि सन्तान न हो तो अपने कुल के वृद्धो की आज्ञा लेकर पति-कुल के सम्बन्धी वा देवर से पुत्र उत्पन्न करे।

विधवायां नियुक्तस्तु घृताक्तो वाग्यतो निशि ।
एकमुत्पादयेत्पुत्रं न द्वितीयं कथञ्चन ॥ ६० ॥

(६०) पिता की आज्ञा पाकर शरीर पर घी लगा कर

मूक होकर विधवा स्त्री में पुत्र उत्पन्न करे और एक पुत्र के अतिरिक्त दूसरा कभी उत्पन्न न करे।

द्वितीयमेके प्रजनं मन्यन्ते स्त्रीषु तद्विदः ।
अनिर्वृतं नियोगार्थं पश्यन्तो धर्मतस्तयोः ॥ ६१ ॥

(६१) बहुत से आचार्य विधवा स्त्री में दूसरी सन्तान को भी उचित जानते हैं और धर्म के अनुकूल समझते हैं क्योंकि एक सन्तान कतिपय दशा में शून्य तुल्य होती है परन्तु दूसरी सन्तान आदि के लिये भी कुल-वृद्धों की आज्ञा की आवश्यकता है।

विधवायां नियोगार्थे निर्वृत्ते तु यथाविधि ।
गुरुवच्च स्नुषावच्च वर्तेयातां परस्परम् ॥ ६२ ॥

(६२) जब गर्भस्थिति हो चुके तब बड़ा भाई गुरु समान और छोटे भाई की स्त्री पतोहू के समान इस तरह दोनों परस्पर रहें। परन्तु इस बात को उस समय जानना जब भाई की स्त्री में पिता आदि की आज्ञा हुई हो।

नियुक्तौ यौ विधिं हित्वा वर्तेयातां तु कामतः ।
तावुभौ पतितौ स्यातां स्नुषागगुरुतल्पगौ ॥ ६३ ॥

(६३) तुम के वृद्धों की आज्ञा से नियोग करने पर यदि कामासक्ति से नियोग करे तो वह व्यभिचार में परिगणित है क्योंकि नियोग केवल सन्तानोत्पत्ति के अर्थ है विषयभोग के हेतु नहीं ऐसा मनुष्य गुरुपत्नी से व्यभिचार करने वाला कहाता है।

नान्यस्मिन्विधवा नारी नियोक्तव्या द्विजातिभिः ।
अन्यस्मिन्हि नियुञ्जाना धर्मं हन्युः सनातनम् ॥६४॥

(६४) ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य देवर तथा सम्बन्धी को त्याग

कर अन्य से नियोग करने की आज्ञा न दें क्योंकि इससे वर्णसकर सन्तान उत्पन्न होती है और धर्म का नाश होता है।

नोद्वाहिकेषु मन्त्रेषु नियोगः कीर्त्यते क्वचित् ।
न विवाहविधावुक्तं विधवावेदनं पुनः ॥ ६५ ॥

(६५) विवाह के मन्त्र मे नियोग का वर्णन नही और न विधवा स्त्री के साथ भोग उचित है और जिस प्रकार विधवा अपने वर्ण मे स्थित है वैसे ही नियोग भी अपने वर्ण मे होना चाहिये, दूसरे वर्ण से विवाह और नियोग अयोग्य तथा अनुचित है।

अयं द्विजैर्हि विद्वद्भिः पशुधर्मो विगर्हितः ।
मनुष्याणामपि प्रोक्तो वेने राज्यं प्रशासति ॥ ६६ ॥

(६६) राजा वेन के राज्य मे प्रत्येक वर्णसे विवाह और नियोग की घोषणा की गई, चुंकि यह पशु के तुल्य कार्य है—यद्यपि राजा वेन ने इसे उचित समझा परन्तु ब्राह्मणो ने इसको अनुचित बतलाया।

स महीमखिलां भुञ्जन्राजर्षिप्रवरः पुरा ।
वर्णानां सङ्करं चक्रे कामोपहतचेतनः ॥ ६७ ॥

(६७) पूर्वकाल मे राजर्षियो मे श्रेष्ठ राजा वेन ने जिसकी बुद्धि कामाशक्ति के कारण विगड गई थी, सारी पृथिवी का स्वामी होकर वर्णों को सकर किया (मिलाया)।

ततः प्रभृति यो मोहात्प्रमीतपतिकां स्त्रियम् ।
नियोजयत्यपत्यार्थं तं विगर्हन्ति साधवः ॥ ६८ ॥

(६८) उस समय से जो मोहवश सन्तान की इच्छासे विधवा से भोग करने की आज्ञा देता है साधु लोग उसकी बुराई करते हैं।

यस्या म्रियेत कन्याया वाचा सत्ये कृते पतिः ।
तामनेन विधानेन निजो विन्देत देवरः ॥ ६९ ॥

(६९) विधवा स्त्री में पुत्रोत्पत्ति व धनुत्पत्ति का वर्णन किया अब उसकी दूसरी अवस्था वर्णन करते हैं कि जिसे कन्या को देने का वचन दे चुके हैं यदि वह पुरुष कन्या के विवाह के पूर्व मर जावे तो उसके सगे भाई उसका विवाह नीचे लिखी विधि से करे ।

यथाविध्यधिगम्यैनां शुक्लवस्त्रां शुचिव्रताम् ।
मिथो भजेताप्रसवात्सकृत्सकृदृतावृतौ ॥ ७० ॥

(७०) पवित्रतासे व्रत करनेवाली श्वेत वस्त्रधारिणी कन्या का विवाह शास्त्रकी रीति अनुसार करके रजोदर्शन पश्चात् गर्भ स्थित होने वाली रातों में एक एक बार उस समय तक भोग करे जब तक गर्भ न स्थित हो जाय उससे जो सन्तान होगी वह उसकी होगी जिसको वह कन्या वाग्दान पर प्रथम दी गई थी ।

न दत्त्वा कस्यचित्कन्यां पुनर्दद्याद्विचक्षणः ।
दत्त्वा पुनः प्रयच्छन्हि प्राप्नोति पुरुषानृतम् ॥ ७१ ॥

(७१) जिस कन्या को एक बार किसी को दे चुके हों तो उसको दूसरी बार किसी को न देना चाहिये जो पुरुष देता है वह बहुत बड़ा पापी अर्थात् झूठा हो जाता है फिर उसका विश्वास नहीं रहता क्योंकि दी हुई वस्तु पर अधिकार नहीं होता ।

विधिवत्प्रतिगृह्यापि त्यजेत्कन्यां विगर्हिताम् ।
व्याधितां विप्रदुष्टां वा छद्मना चोपपादिताम् ॥७२॥

(७२) घृणा योग्य व्याधियुक्त, दुष्ट प्रकृति और छल भेदा (कपटी) स्त्री का विवाह करके भी परित्याग करना चाहिये ।

यस्तु दोषवर्ती कन्यामनाख्य.योपपादयेत् ।
तस्य तद्वितथं कुर्यात्कन्यादातुर्दुरात्मनः ॥ ७३ ॥

(७३) जब कन्या के दोष को गुप्त रख छल से उसका विवाह कर दे तो वह कन्यादान अनुचित है और जो दुरात्मा अर्थात् दुष्ट प्रकृति मनुष्य कन्यादान करता है वह भी निष्फल है ।

विधाय वृत्तिं भार्यायाः प्रवसेत्कार्यवान्नरः ।
अवृत्तिकर्षिता हि स्त्री प्रदुष्येत्स्थितिमत्यपि ॥ ७४ ॥

(७४) जब परदेश को जाना हो तो अपनी स्त्री के भोजन वस्त्रका प्रवन्ध पहले करदे, तदनन्तर दूसरे देश को जावे क्योंकि क्षुधासे पीडित होकर निर्दोष स्त्री भी धर्मसे पतित हो सकती है ।

विधाय प्रोषिते वृत्तिं जीवेन्नियममास्थिदा ।
प्रोषिते त्वविधायेव जीवेच्छिल्पैरगर्हितैः ॥ ७५ ॥

(७५) भोजन-वस्त्र का प्रवन्ध करके विदेश जानेके अनतर उसकी स्त्री नियम से रह कर जीवन व्यतीत करे और पति के भोजन-वस्त्र का प्रवन्ध किये विना विदेश चले जाने पर सूत कातने से वा अन्य योग्य शिल्पकार्यों द्वारा जीवन व्यतीत करे ।

प्रोषितो धर्मकार्यार्थं प्रतीच्योऽष्टौ नरः समाः ।
विद्यार्थं षट् यशोऽर्थंवा कामार्थं त्रींस्तु वत्सरान् ॥७६॥

(७६) *धर्मकार्य सम्पादनार्थ स्त्री परदेश गये हुए पति की आज्ञा आठ वर्ष पर्यन्त माने, विद्याध्ययन के अर्थ गये हुए पति

---

* ७६ वें श्लोक मे लिखा है कि आठ वर्ष पर्यन्त पति की प्रतीक्षा करे तदनन्तर नियोग द्वारा सन्तान उत्पन्न करे, यदि स्त्री ब्रह्मचर्य से न रह सकती हो । व्यभिचार से सदैव घृणा करे ।

की आज्ञा छः वर्ष पर्यन्त माने और कामार्थ (व्यापारादि) व यथार्थ परदेश गये हुए स्वामी की आज्ञा तीन वर्ष पर्यन्त माने ❀।

संवत्सरं प्रतीक्षेत द्विषन्तीं योषितं पतिः ।

ऊर्ध्वं संवत्सरात्त्वेनां दायं हृत्वा न संवसेत् ॥ ७७ ॥

(७७) पुरुष एक वर्ष पर्यन्त लड़ाई झगड़ा व विवाद करने वाली स्त्री की प्रतीक्षा करे उसके पश्चात् भी यदि विवाद व विग्रह करती रहे तो आभूषणादि धन जो दिया है उनको हरण कर उससे भोग करना त्याग दे परन्तु भोजन-वस्त्र दिये जावें।

अतिक्रामेत्प्रमत्तं या मत्तं रोगार्तमेव वा ।

सा त्रीन्मासान्परित्याज्या विभूषणपरिच्छदा ॥७८॥

(७८) प्रमत्त (जुआरी) मत्त (नशेबाज) रोगी पति का अनादर जो स्त्री करती है उसको तीन मास पर्यन्त वस्त्र और आभूषण न देना चाहिये।

उन्मत्तं पतितं क्लीबमबीजं पापरोगिणम् ।

न त्यागोऽस्ति द्विषन्त्याश्च न च दायापवर्तनम्॥७९॥

(७९) उन्मत्त वर्णाश्रम से पतित क्लीब (नपुंसक) अबीज अर्थात् किसी पाप रोग के कारण वीर्यहीन पापरोगी ऐसे पति से विग्रह करने वाली स्त्री को त्याग करना परन्तु उसका धन अपहरण न करना।

मद्यपाऽसाधुवृत्ता च प्रतिकूला च या भवेत् ।

व्याधिता वाधिवेत्तव्या हिंस्रार्थघ्नी च सर्वदा ॥८०॥

❀ तदनन्तर क्या करना चाहिये इसका उल्लेख नारदस्मृति में मनुजी के मतानुसार आया है और इस स्थान पर भी ७७ व श्लोक से संयुक्त कर पढ़ना चाहिये।

(८०) मद्यपा (मद्य पीने वाली), साधुओं की सेवा न करने वाली, शत्रुता करने वाली, वहुत सी व्याधि वाली, घात करने वाली, नित्य धन अपव्यय व नाश करने वाली स्त्री होवे तो दूसरा विवाह करना चाहिये।

वन्ध्याष्टमेऽधिवेद्याब्दे दशमे तु मृतप्रजा ।
एकादशे स्त्रीजननी सद्यस्त्वप्रियवादिनी ।। ८१ ।।

(८१) १—वन्ध्या (वाझ स्त्री), २— मृतप्रजा (जिसकी सन्तान न जीती हो), कन्याजननी (पुत्री ही उत्पन्न करने वाली) ऐसी स्त्री होने पर यथाक्रम आठवें, दशवें व ३—ग्यारहवें वर्ष दूसरा विवाह करना चाहिये और अप्रियवादिनी (कटुभाषिणी) स्त्री के ऊपर तो तुरन्त ही दूसरा विवाह करना चाहिये ।

या रोगिणी स्यात्तु हिता संपन्ना चैव शीलतः ।
सानुज्ञाप्याधिवेत्तव्या नावमान्या च कर्हिचित् ।।८२।।

(८२) जो स्त्री रोगिणी हो परन्तु हितचिंतिका व शीलवती हो तो उसकी आज्ञा से दूसरा विवाह करना चाहिये, परन्तु उस को अपमानता (अनादर) कभी भी न करनी चाहिये ।

अधिविन्ना तु या नारी निर्गच्छेद्रुषिता गृहात् ।
सा सद्यमन्निरोद्धव्या त्याज्या वा कुलसन्निधौ ।।८३।।

(८३) जिस स्त्री पर पुरुष ने दूसरा विवाह किया वह स्त्री क्रोधित हो घर से निकल जाती है तो उसको रोक कर घर मे रखना व कुटुम्ब के समक्ष त्याग करना चाहिये ।

प्रतिषिद्धापि चेद्या तु मद्यमभ्युदयेष्वपि ।
प्रेक्षासमाजंगच्छेद्वा सा दण्डया कृष्णलानिषट् ।।८४।।

(८४) क्षत्रिय आदि की स्त्री पति आदि से रोकी जाने पर और विवाहादि उत्सव के कार्यों में भी वर्जित वस्तु (मद्य आदि) पान करे अथवा जन साधारण के समाज (नृत्य आदि) में चली जावे तो छ रत्ती सोना दण्ड देवे।

यदि स्वाश्चापराश्चैव विन्देरन्योषितो द्विजाः ।
तासां वर्णक्रमेण स्याज्ज्येष्ठ्यं पूजा च वेश्म च ॥८५॥

(८५) ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य यह सब अपने वर्ण की और अन्य वर्ण की स्त्रियों से पाणिग्रहण करें तो इन स्त्रियों की पदवी व ज्येष्ठता व घर यह सब बातें वर्ण क्रमानुसार उचित व योग्य होती हैं।

भर्तुः शरीरशुश्रूषां धर्मकार्यं च नैत्यिकम् ।
स्वा चैव कुर्यात्सर्वेषां नास्वजातिः कथंचन ॥ ८६ ॥

(८६) सब वर्णों में जो अपने वर्ण की स्त्री है वही पति की सेवा-शुश्रूषा तथा प्राचीन धर्म के कार्य करे, अन्य वर्ण की स्त्रियां न करें।

यस्तु तत्कारयेन्मोहात्सजात्या स्थितयान्यया ।
यथा ब्राह्मणचाण्डालः पूर्वदृष्टस्तथैव सः ॥ ८७ ॥

(८७) जो पुरुष अपने वर्ण की स्त्री के अभाव में इन दोनों कार्यों को मोहवश अन्य जाति (वर्ण) की स्त्री से कराता है तो जैसा ब्राह्मणी में शूद्र से चाण्डाल उत्पन्न होता है वैसा ही वह है यह ऋषियों ने कहा है।

उत्कृष्टायाभिरूपाय वराय सदृशाय च ।
अप्राप्तामपि तां तस्मै कन्यां दद्याद्यथाविधि ॥ ८८ ॥

(८८) अपने कुल में अति उत्तम आचार्य रूपवान(सुन्दर)

सवर्ण का पुत्र (लडका) मिले तब पुत्री छोटी भी हो अर्थात् विवाह योग्य न हुई हो, तो भी उसका विवाह शास्त्र के अनुसार कर देना चाहिये।

काममामरणात्तिष्ठैद् गृहे कन्यर्तुमत्यपि ।
न चैवैनां प्रयच्छेत्तु गुणहीनाय कर्हिचित् ॥ ८६ ॥

(८६) कन्या रजस्वला होने के उपरान्त भी मरण पर्यन्त घर मे रहे, परन्तु उस कन्या को कभी गुणहीन पुरुष को न देवे।

त्रीणि वर्षाण्युदीक्षेत कुमार्यर्तुमती सती ।
ऊर्ध्वं तु कालादेतस्माद्विन्देत सदृशं पतिम् ॥ ९० ॥

(९०) रजस्वला कन्या तीन वर्ष पर्यन्त उत्तम घर की प्रतीक्षा मे रहे तत्पश्चात् अपने ही सदृश पति को प्राप्त हो।

अदीयमाना भर्तारमधिगच्छेद्यदि स्वयम् ।
नैनः किंचिदवाप्नोति न च यं साधिगच्छति ॥९१॥

(९१) पिता आदि विवाह न करते हो और कन्या स्वयं वर को ग्रहण करे तो उस कन्या व वर को दोष नही।

अलंकारं नाददीत पित्र्यं कन्या स्वयंवरा ।
मातृकं भ्रातृदत्तं वा स्तेना स्याद्यदि तं हरेत् ॥ ९२ ॥

(९२) स्वय (अपनी ओर से) पति को वरने वाली कन्या माता, पिता, भ्राता आदि के दिये हुए आभूषणको न लेवे, यदि लेवे तो चोर कहाती है।

पित्रे न दद्याच्छुल्कं तु कन्यामृतुमती हरन् ।
स हि स्वाम्यादतिक्रामेदृतूनां प्रतिरोधनात् ॥ ९३ ॥

(९३) ऋतुमती (रजस्वला) कन्या से विवाह करने वाला पति कन्या के पिता को कुछ शुल्क (अर्थात् पलटा, बदला) न

देवे क्योंकि * सन्तान विलम्ब में उत्पन्न होने से पिताका प्रभुत्व नहीं रहता ।

त्रिंशद्वर्षोद्वहेत्कन्यां हृद्यां द्वादशवार्षिकम् ।
त्र्यष्टवर्षोऽष्टवर्षां वा धर्मे सीदति सत्वरः ॥ ९४ ॥

(९४) तीस वर्ष की आयु के वर से बारह वर्ष की प्रिय कन्या का विवाह करे वा चौबीस वर्ष का पुरुष और आठ वर्ष की कन्या का विवाह करे यह उचित समय दिखाया है नियम नहीं है। इतने काल में वेदाध्ययन समाप्त कर सकता है तदुपरान्त गृहस्थाश्रम में आने में भय न करे।

देवदत्तां पतिर्भार्यां विन्दते नेच्छयात्मनः ।
तां साध्वीं बिभृयान्नित्य देवानां प्रियमाचरन् ॥९५॥

(९५) पति देवताओं की दी हुई कन्या को पाता है अपनी इच्छा से नहीं इससे देवताओं का पूजन करता हुआ उस सदा चारणी स्त्री का नित्य पालन करे।

प्रजनार्थं स्त्रियः सृष्टाः सतानार्थं च मानवाः ।
तस्मात्साधारणो धर्मः श्रुतौ पत्न्या सहोदितः ॥९६॥

(९६) गर्भ धारण करने के हेतु स्त्री को और गर्भ स्थित करने के अर्थ पुरुष को उत्पन्न किया अतएव वेद में पत्नी प्रकाश का साधारण धर्म है अर्थात् पत्नी के सहित ही पुरुष अग्निहोत्र आदि धर्म कार्य करे।

कन्यायां दत्तशुल्कायां म्रियते यदि शुल्कदः ।
देवराय प्रदातव्या यदि कन्यानुमन्यते ॥ ९७ ॥

---

*अर्थात् यदि प्रथम ही से विवाह होता तो रजस्वला होने के उपरान्त गर्भस्थित हो जाता अत देरमे विवाह होने के कारण गर्भ न रह सका इस कारण पिता का स्वत्व जाता रहा।

(९७) कन्या का शुल्क देकर शुल्क देने वाला मरजावे तो उसके भाई के साथ उस कन्या का विवाह करे,यदि वह कन्या इसमे सहमत हो ।

आददीत न शूद्रोऽपि शुल्कं दुहितरं ददन् ।
शुल्कं हि गृहणन्कुरुते छन्नं दुहितृविक्रयम् ॥ ९८ ॥

(९८) शूद्र भी कन्या को देकर शुल्क (पलटा) न लेवे, उसके लेने से कन्या का गुप्त रूप से वेचने वाला कहाता है ।

एतत्तु न परे चक्रुर्नापरे जातु साधवः ।
यदन्यस्य प्रतिज्ञाय पुनरन्यस्य दीयते ॥ ९९ ॥

(९९) एक को कहकर दूसरे को देना, ऐसा कभी छोटे-वडे (उत्तम व नीच) ने नही किया ।

नानुशुश्रुम जात्वेतत्पूर्वेष्वपि हि जन्मसु ।
शुल्कसंज्ञेन मूल्येन छन्नं दुहितृविक्रयम् ॥ १०० ॥

(१००) चोरी (गुप्तरूप) से धन लेकर कन्या विक्रय करना (वेचना) कही नही सुना क्योकि यह सवसे वडा पाप है ।

अन्योन्यस्याव्यभीचारो भवेदामरणान्तिकः ।
एष धर्मः समासेन ज्ञेयः स्त्रीपुंसयोः परः ॥ १०१ ॥

(१०१) पति-पत्नि को परस्पर वियोग मृत्यु पर्यन्त न हो यह मनुष्यो मे साक्षियो द्वारा विवाह करने का अर्थ और स्त्री पुरुष का धर्म है ।

तथा नित्यं यतेयातां स्त्रीपुंसौ कृतक्रियौ ।
यथा नाभिचरेतां तौ वियुक्तावितरेतरम् ॥ १०२ ॥

(१०२) पति–पत्नी का इस विधि से जीवन व्यतीत

करना चाहिये जिसमें परस्पर नियोग न हो यह विधि केवल प्रेम और न्याय की है।

एष स्त्रीपुंसयोरुक्तो धर्मो वो रतिसंहितः ।
आपद्यपत्यप्राप्तिश्च दायभागं निबोधत ॥ १०३ ॥

(१ ३) मनुजी ने स्त्री–पुरुषों का धर्म पारस्परिक प्रेम विधियों सहित वर्णन करके आपत्तिकाल में नियोग द्वारा सन्तान उत्पन्न करने की विधियों को बतला कर अब विभाग को भी इस रीति पर वर्णन किया है।

ऊर्ध्वं पितुश्च मातुश्च समेत्य भ्रातरः समम् ।
भजेरन्पैतृकं रिक्थमनीशास्ते हि जीवतोः ॥ १०४ ॥

(१ ४) माता-पिता की मृत्यु के उपरान्त सब मिलकर पैतृक सम्पत्ति के समान भाग करें। माता पिता की जीवितावस्था में सब लड़के आसक्त हैं।

ज्येष्ठ एव तु गृह्णीयात्पित्र्यं धनमशेषतः ।
शेषास्तमुपजीवेयुर्यथैव पितरं तथा ॥ १०५ ॥

(१ ५) सारे पैतृक धन को बड़ा पुत्र ही लेवे और छोटा और मझला भाई सब ज्येष्ठ भ्राता के आधीन रहें, जिस प्रकार पिता के आधीन रहते हैं।

ज्येष्ठेन जातमात्रेण पुत्री भवति मानवः ।
पितृणामनृणश्चैव स तस्मात्सर्वमर्हति ॥ १०६ ॥

(१ ६) ज्येष्ठ उत्पन्न होने के कारण मनुष्य पुत्रवान् कहलाता है और पितृ-ऋण से मुक्त हो जाता है इससे बड़ा पुत्र सब धन लेने योग्य होता है।

यस्मिन्नृणं संनयति येन चानन्त्यमश्नुते ।
स एव धर्मजः पुत्रः कामजानितरान्विदुः ॥ १०७ ॥

(१०७) जिसकी उत्पत्ति से पिता ऋणसे मुक्त हो जाता है और मुक्ति पाता है वही पुत्र धर्मत उत्पन्न हुआ है और सव कामाशक्ति से उत्पन्न हुए हैं, ऋषियो ने कहा है।

पितेव पालयेत्पुत्राञ्ज्येष्ठो भ्रातॄन्यवीयसः।
पुत्रवच्चापि वर्तेज्ज्येष्ठे भ्रातरि धर्मतः॥ १०८॥

(१०८) पिता की नाई वडा पुत्र सव भाइयो का पालन पोषणकरे और वडे भाई के समीप सव छोटे भाई पुत्रकी नाई रहे।

ज्येष्ठः कुलं वर्धयति विनाशयति वा पुनः।
ज्येष्ठः पूज्यतमो लोके ज्येष्ठः सद्भिरगर्हितः ॥१०९॥

(१०९) वडा पुत्र ही कुल-वृद्धि करता है और नाश भी करता है, ससार मे वडे आदर के योग्य है. साधु लोगो ने उसकी बुराई नही की है।

यो ज्येष्ठो ज्येष्ठवृत्तिः स्यान्मातेव स पितेव सः।
अज्येष्ठवृत्तिर्यस्तु स्यात्स संपूज्यस्तु बन्धुवत्॥११०॥

(११०) जो ज्येष्ठता पाता है वह माता-पिता के तुल्य है और जो ज्येष्ठता नही पाता वह भाई की नाई आदरणीय है।

एवं सह वसेयुर्वा पृथग्वा धर्मकाम्यया।
पृथग्विवर्धते धर्मस्तस्माद्धर्म्या पृथक्क्रिया॥ १११ ॥

(१११) इस विधि से सव एकत्र होकर रहे व धर्म करने की अभिलाषा से पृथक् २ रहे क्योकि पृथक् २ रहने से धर्म मे वृद्धि होती है, अतएव पृथक् रहना धर्म मे सम्मिलित है।

ज्येष्ठस्य विंश उद्धारः सर्वद्रव्याच्च यद्वरम्।
ततोऽर्धं मध्यमस्य स्यात्तुरीयं तु यवीयसः॥११२॥

(११२) सारी सम्पत्ति मे से उत्तम द्रव्य और बीसवा

भाग बड़े को इसका आधा अर्थात् चालीसवां भाग मझले को और इसका आधा भाग छोटे को शप को समान भागों में कर देना चाहिये ।

ज्येष्ठश्चैव कनिष्ठश्च संहरेतां यथोदितम् ।
येऽन्ये ज्येष्ठकनिष्ठाभ्यां तेषां स्यान्मध्यमं धनम्॥११३॥

(११३) बड़े और छोटे को जैसा कहा है वैसा ही देना परन्तु मझले भाई को धन भी मध्य अवस्था का देना चाहिये ।

सर्वेषां धनजातानामाददीताग्र्यमग्रजः ।
यच्च सातिशयं किंचिद्दशतश्चाप्नुयाद्वरम् ॥११४॥

(११४) सारी सम्पत्ति में जो धन श्रेष्ठ है और समान पदार्थों में जो धन उत्तम है गऊ आदि पशुओं में प्रति दश में एक पशु इन दोनों वस्तुओं को बड़ा भाई लेवे । परन्तु इस प्रकार का विभाग इस समय जानना चाहिये जब बड़ा भाई गुणवान् हो और अन्य भाई गुणहीन हो ।

उद्धारो न दशस्वस्ति सम्पन्नानां स्वकर्मसु ।
यत्किंचिदेव देयं तु ज्यायसे मानवर्धनम् ॥ ११५ ॥

(११५) सब भाई अपने कर्म में संलग्न हो तो जो विभाग ऊपर कह आये हैं वह करना वरन् ज्येष्ठ का आदर स्थित रखने के अर्थ कुछेक छोटी वस्तु अधिक देना ।

एवं स मुद्धृतोद्धारे समानंशान्प्रकल्पयेत् ।
उद्धारेऽनुद्धृते त्वेषामियं स्यादंशकल्पना ॥ ११६ ॥

(११६) इस भांति बड़े पुत्र को उद्धार नाम भाग देकर शेष सम्पत्ति व धन के समान भाग करना और उक्त भाग न देवे तो आगामी जो भाग स्थित व नियत करेंगे वह करे ।

एकाधिकं हरेज्ज्येष्ठः पुत्रोऽध्यर्धं ततोऽनुजः ।
अंशमंशं यवीयांस इति धर्मो व्यवस्थितः ॥ ११७॥

(११७) वडा भ्राता दो भाग लेवे, मझला डेढ भाग लेवे, सबसे छोटा एक भाग लेवे, यह धर्म की व्यवस्था हैं ।

स्वेभ्योंऽशेभ्यस्तु कन्याभ्यः प्रदद्युर्भ्रातरः पृथक ।
स्वात्स्वादंशाच्चतुर्भागं पतिताः स्युरदित्सवः ॥११८॥

(११८) सब भाई पृथक्-पृथक् अपने भाग का चतुर्थांश भगिनी को देवें, न देवें तो पतित होते है ।

अजाविकं सैकशफं न जातु विषमं भहेत् ।
आजाविकं तु विषमं ज्येष्ठस्यैव विधीयते ॥ ११९ ॥

(११९) बकरी, भेड व खुर वाले (अर्थात् घोडा आदि) यह सब विषम हो (अर्थात् चार भाई पाच घोडे हो) तो विषम का भाग न करना चाहिये, जो शेष है वह बडा लेवे ।

यवीयाञ्ज्येष्ठभार्यायां पुत्रमुत्पादयेद्यदि ।
समस्तत्र विभागः स्यादिति धर्मो व्यवस्थितः ॥१२०॥

(१२०) छोटा भाई भ्रातृजाया भाभी मे पुत्र उत्पन्न करे तो उस पुत्र के साथ चचा लोग समान भाग विभक्त करे, उसको बडे भ्राता के समान भाग न देवे यह धर्म व्यवस्था है ।

उपसर्जनं प्रधानस्य धर्मतो नोपपद्यते ।
पिता प्रधानं प्रजने तस्माद्धर्मेण तं भजेत् ॥ १२१ ॥

(१२१) श्रेष्ठ को अधम करना धर्म-विरुद्ध है, उत्पत्ति मे पिता प्रधान (श्रेष्ठ) है अत धर्मत पिताकी सेवा-शुश्रूषा करे ।

पुत्रः कनिष्ठो ज्येष्ठायां कनिष्ठातां च पूर्वजः ।
कथं तत्र विभागः स्यादिति चेत्संशयो भवेत् ॥१२२॥

(१२२) एक के दो स्त्रियां हों तथा लघु स्त्री से प्रथम पुत्र उत्पन्न हो और ज्येष्ठ पत्नी के पीछे जन्मे तो अब इस स्थान पर विभाग किस प्रकार करना चाहिये ऐसी संशयात्मक अवस्था में न्याय विभाग को भविष्य में श्लोक कहेंगे।

एक वृषभमुद्धारं संहरेत स पूर्वजः ।
ततोऽपरे ज्येष्ठवृषास्तदूनानां स्वमातृतः ॥ १२३ ॥

(१२३) एवम् विवाह से जो पुत्र पीछे उत्पन्न हुआ है, वह एक अच्छा बैल उद्धार लेवे और शेष भाई उस उत्तम बैल से छोटा बैल उद्धार लेवें। माता के विवाह क्रम से पुत्र की ज्येष्ठता जानना चाहिये।

ज्येष्ठस्तु जातो ज्येष्ठायां हरेत वृषभषोडशाः ।
ततः स्वमातृतः शेषा भजेरन्निति धारणा ॥ १२४ ॥

(१२४) ज्येष्ठ स्त्री में प्रथम पुत्र उत्पन्न हुआ हो तो १५ गऊ और एक बैल लेवे तदनन्तर लघु पत्नी में जो पुत्र उत्पन्न हुए हैं वह अपनी माता के विवाह क्रम से ज्येष्ठता को पाकर सम्भक्त शेष गऊओं का भाग लेवें।

सदृशस्त्रीषु जातानां पुत्राणामविशेषतः ।
न मातृतो ज्येष्ठ्यमस्ति जन्मतो ज्येष्ठ्यमुच्यते ॥१२५॥

(१२५) अपने सदृश वर्ण की स्त्री से जितने पुत्र उत्पन्न हुए हैं उनमें माता के विवाह की गणना से ज्येष्ठता नहीं है वरन् उत्पत्ति की गणना ज्येष्ठता है।

जन्मज्येष्ठेन चाह्वानं सुब्रह्मण्यास्वपि स्मृतम् ।
यमयोश्चैव गर्भेषु जन्मतो ज्येष्ठता स्मृता ॥१२६॥

(१२६) ऐसा नहीं कि केवल धन विभाग ही में उत्पत्ति से

ज्येष्ठता हो, वरन् त्रिष्टोम यज्ञ मे इन्द्र को बुलाने के अर्थ स्व-
ब्राह्मण्य नाम मन्त्र प्रथमोत्पन्न पुत्र के नाम से कहा जाता है कि
अमुक बालक का पिता यज्ञ करता है, ऐसा ऋषियो ने कहा।
और जो दो यमज पुत्र एक साथ ही उत्पन्न होते हैं, इस स्थान
पर यद्यपि वीर्य से स्थापित गर्भस्थ बालक प्रथम उत्पन्न होगा
तो भी जो प्रथम जन्मेगा वही ज्येष्ठ कहलावेगा।

अपुत्रोऽनेन विधिना सुतां कुर्वीत पुत्रिकाम्।
यदपत्यं भवेदस्यां तन्मम स्यात्स्वधाकरम्॥ १२७॥

(१२७) कन्यादान के समय जामाता (दामाद) से ऐसा
परामर्श करे कि हमारे घर मे पुत्र नही है उस पुत्रिका से जो
प्रथम जन्मेगा वह हमारा श्राद्ध कर्म करने वाला हो, इस प्रकार
पुत्री के पुत्र को स्थानापन्न समझे।

अनेन तु विधानेन पुरा चक्रेऽथ पुत्रिकाः।
विवृद्ध्यर्थं स्ववंशस्य स्वयं दक्षः प्रजापतिः॥१२८॥

(१२८) पूर्व समय मे सन्तानोत्पत्तिके हेतु दक्ष प्रजापति
ने इसी प्रकार कन्या को पुत्र कर स्थानापन्न माना है।

ददौ स दश धर्माय कश्यपाय त्रयोदश।
सोमाय राज्ञे सत्कृत्य प्रीतात्मा सप्तविंशतिम्॥१२९॥

(१२९) प्रसन्नता व आदर सहित दक्ष प्रजापति ने इस
कन्या धर्म को व तेरह कन्या कश्यप ऋषि को और चन्द्रमा को
सत्ताईस कन्या दी।

यथैवात्मा तथा पुत्रः पुत्रेण दुहिता समा।
तस्यामात्मनि तिष्ठन्त्यां कथमन्यो धनं हरेत्॥१३०॥

(११०) अपनी आत्मा के समान पुत्र है और पुत्र समान कन्या है अतएव आत्मा समान कन्या उपस्थित होने पर किस प्रकार अन्य पुरुष धन को लेवे।

मातुस्तु यौतुकं यत्स्यात्कुमारीभाग एव सः।
दौहित्र एव च हरेदपुत्रस्याखिलं धनम् ॥ १३१ ॥

(१११) माता की मृत्यु के उपरान्त उसका यौतुक नाम धन जिसका आगे वर्णन करेंगे उसकी कुमारी कन्या पाती है और जिसके पुत्र न हो उसका सब धन नाती ले अर्थात् पुत्री का पुत्र पाता है।

दौहित्रो ह्यखिलं रिक्थमपुत्रस्य पितुर्हरेत्।
स एव दद्याद्द्वौ पिण्डौ पित्रे मातामहाय च ॥१३२॥

(१३२) जो मनुष्य पुत्र-हीन हो उसका सारा धन नाती (दौहित्र) पावे और वह दो पिण्ड देवे एक पिता को और दूसरा अपने नाना को।

पौत्रदौहित्रयोर्लोके न विशेषोऽस्ति धर्मतः।
तयोर्हि मातापितरौ सम्भूतौ तस्य देहतः ॥ १३३ ॥

(१३३) संसार में पौत्र और दौहित्र अर्थात् पोता और नाती में कोई विशेष अन्तर नहीं है दोनों एक समान हैं क्योंकि एक के पिता की और एक के माता की उत्पत्ति एक ही से है।

पुत्रिकायां कृतायां तु यदि पुत्रोऽनुजायते।
समस्तत्र विभागः स्याज्ज्येष्ठता नास्ति हि स्त्रियाः॥१३४॥

(१३४) पुत्रहीन पुरुष के पुत्रिका करने पश्चात् अर्थात् पुत्री को पुत्र का स्थानापन्न मान लेने के अनन्तर यदि पुत्र उत्पन्न हुआ हो तो उस स्थान पर उस पुत्री के साथ पुत्र का समान

भाग होता है, क्योकि स्त्रियो को ज्येष्ठता नही है इससे ज्येष्ठाश न पावेगी।

अपुत्रायां मृतायां तु पुत्रिकायां कथञ्चन।
धनं तत्पुत्रिकाभर्ता हरेतैवाऽविचारयन् ॥ १३५ ॥

(१३५) यदि पुत्रिका से पुत्र उत्पन्न न हुआ और पुत्रिका मर जावे तो उसके मरने के पश्चात् उसका पति उसके धन को लेवे इसमे कुछ विचार न करे।

अकृता वाकृता वापि या विन्देत्सदृशांत्सुताम्।
पौत्री मातामहस्तेन दद्यात्पिण्डं हरेद्धनम् ॥ १३६ ॥

(१३६) पुत्री को पुत्रिका करके माना हो वा न माना हो परन्तु वह पुत्री अपने सदृश वर्ण के पति से पुत्र उत्पन्न करती है तो वह पुत्र निस्सतान नाना के धन-सम्पत्ति को लेवे और नाना का पिण्ड देवे, उसके कारण नाना पुत्रवान कहलाता है।

पुत्रेण लोकाञ्जयति पौत्रेणानंत्यमश्नुते।
अथ पुत्रस्य पौत्रेण ब्रध्नस्याप्नोति विष्टपम् ॥१३७॥

(१३७) पुत्र के द्वारा इन्द्रलोक आदि को जीतता है और पोते के द्वारा अनन्त फल को पाता है और प्रपौत्र (परपोता) के द्वारा सूर्यलोक को पाता है।

पुन्नाम्नो नरकाद्यस्मात्त्रायते पितरं सुतः।
तस्मात्पुत्र इति प्रोक्तः स्वयमेव स्वयंभुवा ॥ १३८ ॥

(१३८) पुन्नाम नरक का है, उसके अर्थ रक्षा करने वाले के हैं क्योकि पुत्र पिता की नरक से रक्षा करता है इस कारण से पुत्र कहाता है। इस वात को श्री ब्रह्माजी ने कहा है।

पौत्रदौहित्रयोर्लोके विशेषो नोपपद्यते ।
दौहित्रोपि ह्यमुत्रैन सतारयति पौत्रवत् ॥ १३६ ॥

(१३६) ससार में पोता और नाती दोनों एक समान हैं। नाती भी न ना को परलोक में पोते की नाईं मुक्ति दिलाता है।

मातु प्रथमन' पिण्ड निर्व पेत्पुत्रिकासुत' ।
द्वितीय तु पितुस्तस्यास्तृतीय तत्पितुः पितु ॥१४०॥

(१४०) पुत्रिका का यह पुत्र पहिला पिण्ड माता को देवे दूसरा पिण्ड नाना को और तीसरा पिण्ड बाप को देवे ।

उपपन्नो गुणै' सर्वे पुत्रो यस्य तु दत्रिमः ।
स हरेतैव तद्रिक्थं संप्राप्तोऽप्यन्यगोत्रत' ॥ १४१ ॥

(१४१) दूसरे गोत्र से भी पुत्र आया हो और सर्वगुण सम्पन्न हो तो जिसका वह दत्तक हुआ है उसकी सारी सम्पत्ति धन को पाता है ।

गोत्ररिक्थे जनयितुर्न हरेद्दत्रिम क्वचित् ।
गोत्ररिक्थानुग' पिण्डो व्यपैति ददत स्वधा ॥१४२॥

(१४२) उत्पत्तिकर्ता के गोत्र और धन सम्पत्तिको दत्तक पुत्र नही पाता बरम् जिसका दत्तक पुत्र हुआ है उसके गोत्र तथा धन सम्पत्ति को पाता है और उसी को पिण्ड देता है, जिससे उत्पन्न हुआ है उसको पिण्ड नही देता ।

अनियुक्तासुतश्चैव पुत्रिण्याप्तश्च देवरात् ।
उभौ तौ नार्हतो भागं जारजातककामजौ ॥ १४३ ॥

(१४३) विधवा स्त्री ने पिता आदि की आज्ञा के बिना देवर आदि से जो पुत्र उत्पन्न किया और किसी स्त्री ने पुत्र की अनुपस्थिति म ससुर आदि की आज्ञा से देवर आदि से पुत्र

उत्पन्न किया, यह दोनो प्रकार के लडके भाग नही पाते क्योकि पहला पुत्र दूसरे पति से उत्पन्न हुआ है ।

नियुक्तायामपि पुमान्नार्यां जातोऽविधानतः ।
नैवार्हः पैतृकं रिक्थं पतितोत्पादितो हि सः ॥१४४॥

(१४४) ससुर आदि की आज्ञानुसार स्त्री अनुचित रीति से पुत्र उत्पन्न करे, तो वह पुत्र पिता के धन को नही पाता, क्योकि वह + पतित से उत्पन्न हुआ है ।

हरेत्तत्र नियुक्तायां जातः पुत्रो यथौरसः ।
क्षेत्रिकस्य तु तद्बीजं धर्मतः प्रसवश्च सः ॥ १४५ ॥

(१४५) जो पुत्र नियोग द्वारा उत्पन्न हुआ हो वह सत्य पुत्र से अर्थात् विवाह द्वारा उत्पन्न सन्तान के समान भागो का भागी है क्योकि वह वास्तविक स्वामी अर्थात् क्षेत्र वाले का बीज है और धर्मत उत्पन्न हुआ है ।

धनं यो बिभृयाद्भ्रातुर्मृतस्य स्त्रियमेव च ।
सोऽपत्यं भ्रातुरुत्पाद्य दद्यात्तस्यैव तद्धनम् ॥ १४६ ॥

(१०६) मृत भाई की स्त्री से नियोग करके पुत्र उत्पन्न करे और भ्राता का सारा धन उस पुत्र को देवे ।

या नियुक्ताऽन्यतः पुत्रं देवराद्वाऽप्यवाप्नुयात् ।
तं कामजमरिक्थीयं वृथोत्पन्नं प्रचक्षते ॥ १४७ ॥

(१४७)*स्त्री ससुर आदि की आज्ञानुसार देवर वा सपिण्ड

+ पतित उसको कहते हैं कि जो अपने व्यभिचार के कारण वर्ण की पदवी से गिर गया है ।

* १४७ वें श्लोक मे जो काम मे उत्पन्न होने वाले पुत्र को पैतृक धन का न मिलना लिखा है वहा काम से उत्पन्न होने से

अर्थात् सम्बन्धी से पुत्र उत्पन्न करे। कामासक्ति से उत्पन्न पुत्र पैतृक धन का उत्तराधिकारी नहीं। यह ऋषि लोग कहते हैं।

एतद्विधानं विज्ञेयं विभागस्यैकयोनिषु ।

बह्वीषु चैकजातानां नानास्त्रीषु निबोधत ॥ १४८ ॥

(१४८) यदि कोई पुरुष अपने सदृश वर्ण की कई स्त्रियों से विवाह करे तो धन विभाग की विधि उपरोक्त कथानुसार ही जाने। यदि भिन्न-भिन्न वर्णों की स्त्रियों से सन्तान उत्पन्न हो तो पैतृक धन का विभाग निम्नलिखित रीति पर करे।

ब्राह्मणस्यानुपूर्व्येण चतस्रस्तु यदि स्त्रियः ।

तासां पुत्रेषु जातेषु विभागेऽयं विधिः स्मृतो ॥१४६॥

(१४९) क्रमानुसार चारों वर्णों की स्त्रियाँ जब ब्राह्मण के घर हों और उन स्त्रियों से जो पुत्र उत्पन्न हों उनके धन विभाग को आगे कहेंगे।

कीनाशो गोवृषो यानमलङ्कारश्च वेश्म च ।

विप्रस्यौद्धारिकं देयमेकांशश्च प्रधानतः ॥ १५० ॥

(१५०) प्रत्येक द्रव्य तथा घोड़ा सांड़ रथ आदि सवारी उत्तम आभूषण व वस्त्र में जो सर्वोत्तम हों उनमें से एक-एक वस्तु ब्राह्मणी के पुत्र को देकर शेष को निम्नलिखित विधि से विभक्त करे।

त्र्यंशं दायाद्धरेद्विप्रो द्वावंशौ क्षत्रियासुतः ।

वैश्याजः सार्धमेवांशमंशं शूद्रासुतो हरेत् ॥१४१॥

यह तात्पर्य है कि विषय भोग की इच्छा से भोग किया जावे और सन्तानोत्पन्न करने का विचार ध्यानमें न लाकर केवल इन्द्रिय तृप्ति के प्राप्ति करने की रीतियां कार्यरूप में परिणित की जायें।

(१५१) ब्रह्माजी के पुत्रको तीन भाग, क्षत्राणी के पुत्र को दो भाग, वैश्य के पुत्र को डेढ भाग और शूद्र के पुत्र को एक भाग मिलना चाहिये अर्थात् ६-४-३-२ की निसवत होनी चाहिये।

सर्वं वा रिक्थजातं तद्दशधा परिकल्प्य च ।
धर्म्यं विभागं कुर्वीत विधिनानेन धर्मवित् ॥१५२॥

(१५२) अथवा जो विधि आगे कहेंगे उसके अनुसार धर्म ज्ञाता पुरुष सारी सम्पत्ति को दस भागो मे विभाजित करके धर्मानुसार अश विभाग करें।

चतुरोंऽशान्हरेद्विप्रस्त्रीनंशान्क्षत्रियासुतः ।
वैश्यपुत्रो हरेद्वयंशांमंशं शूद्र सुतो हरेत् ॥ १५३ ॥

(१५३) ब्रह्माजी का पुत्र चार भाग, क्षत्रिय का पुत्र तीन भाग, वैश्य का पुत्र दो भाग और शूद्रा का एक भाग लेवे।

यद्यपि स्यात्तु सत्पुत्रोऽप्यसत्पुत्रोऽपि वा भवेत् ।
नाधिकं दशमाद्दद्याच्छूद्रापुत्राय धर्मतः ॥ १५४ ॥

(१५४) ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य इन तीनो वर्णों की स्त्रियो मे ब्राह्मणी से पुत्र उत्पन्न हुआ हो परन्तु धर्मत शूद्रा के पुत्र को दश मास से अधिक न देवे।

ब्राह्मणक्षत्रियविशां शूद्रापुत्रो न रिक्थभाक् ।
यदेवास्य पिता दद्यात्तदेवास्य धनं भवेत् ॥१५५॥

(१५५) ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य इन तीनो वर्णों के धन को शूद्रा का पुत्र नही ले सकता। उसका पिता जो कुछ देवे वही उसका धन है।

समवर्णासु ये जाताः सर्वे पुत्रा द्विजन्मनः ।
उद्धारं ज्यायसे दत्त्वा भजेरन्नितरे समम् ॥ १५६ ॥

(१५६) ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य के पुत्र जो समवर्ण की स्त्री से उत्पन्न हुए हों वह बड़े को उद्धार नाम का स्वत्व देकर शेष को समान भागों में विभक्त कर लें।

शूद्रस्य तु सवर्णैव नान्या भार्या विधीयते।
तस्यां जाताः समांशाः स्युर्यदि पुत्रशतं भवेत् ॥१५७॥

(१५७) शूद्र के लिये केवल अपने वर्ण की स्त्री है अन्य वर्ण की नहीं है। इसीलिए यद्यपि सौ पुत्र होवें तो भी बराबर भाग पाते हैं।

पुत्रान्द्वादश यानाह नृणां स्वायम्भुवो मनुः।
तेषां षड्बन्धुदायादाः षडदायादबान्धवाः ॥ १५८ ॥

(१५८) ब्रह्माजी के पुत्र मनुजी ने मनुष्यों के जो बारह प्रकार के पुत्र कहे हैं उनमें से प्रथम के छः बन्धु और दायाद कहलाते हैं, और अन्य के छः इसके प्रतिकूल हैं अर्थात् न बन्धु हैं और न पैतृक धन भागी हैं।

औरसः क्षेत्रजश्चैव दत्तः कृत्रिम एव च।
गूढोत्पन्नोऽपविद्धश्च दायादा बान्धवाश्च षट् ॥१५९॥

(१५९) यह बारह यह हैं—औरस क्षेत्रज दत्तक कृत्रिम गूढोत्पन्न अपाविद्ध यह छः बान्धव वा दायाद कहलाते हैं।

कानीनश्च सहोढश्च क्रीतः पौनर्भवस्तथा।
स्वयंदत्तश्च शौद्रश्च षडदायादबान्धवाः ॥ १६० ॥

(१६) कानीन सहोढ क्रीत पौन भव स्वयम् दत्त शूद्र यह छः अदायाद बन्धु कहलाते हैं जिनको पैतृक धन का स्वामित्व प्राप्त नहीं।

यादृशं फलमाप्नोति कुप्लवैः संतरञ्जलम् ।
तादृशं फलमाप्नोति कुपुत्रैः संतरंस्तमः ॥ १६१ ॥

(१६१) निकृष्ट नाव पर चढ कर नदी के पार होने वाला जैसे कुफल को प्राप्त होता है वैसा ही कुफल कुपुत्र से वृद्धावस्था मे दोषो से बचने के समय प्राप्त होता है ।

यद्येकरिक्थिनौ स्यातामौरसक्षेत्रजौ सुतौ ।
यस्य यत्पैतृकं रिक्थं स तद्गृह्णीत नेतरः ॥ १६२ ॥

(१६२) जिस पुरुपका वीर्य रोग आदि के कारण क्षीण हो गया है, उसकी स्त्री से निस्सन्तान देवर ने पिता आदि की आज्ञा से पुत्र उत्पन्न किया तत्पश्चात् औषधोपचारादि से वीर्यकी होकर उस पुरुष ने अपनी स्त्री से पुत्र उत्पन्न किया, तब उसके धन के उत्तराधिकारी क्षेत्रज और औरस नाम के दो पुत्र हुए । उस पर मनुजी कहते हैं कि जिसके वीर्य से जो उत्पन्न हुआ हो वह उसके धन को पावे अर्थात् क्षेत्र को उस दशा मे अपने माता-पिता का भाग मिले और जिसकी स्त्री मे नियोग द्वारा उत्पन्न हुआ है उसको भाग न मिले ।

एक एवौरसः पुत्रः पित्र्यस्य वसुनः प्रभुः ।
शेषाणामानृशंस्यार्थं प्रदद्यात्तु प्रजीवनम् ॥ १६३ ॥

(१६३) एक ही ओरस नाम पुत्र अपने पिता की सारी सम्पत्ति का स्वामी है, वह अन्य भ्राताओ को दया से भोजन व वस्त्र देवे ।

षष्ठं तु क्षेत्रजस्यांशं प्रदद्यात्पैतृकाद्धनात् ।
औरसो विभजन्दायं पित्र्यं पञ्चममेव वा ॥ १६४ ॥

(१६४) पिता आदिकी आज्ञासे सन्तान उत्पन्न करनेवाला

पुत्रवान हो तो क्षेत्रज व औरस दोनों पुत्र अपने पिता के धन के ६ भाग या ५ भाग करें एक भाग को क्षेत्रज लेवे शेष धन को औरस लेवे। यदि क्षेत्रज गुणवान हो तो धन के ५ भाग करना चाहिये और यदि गुणहीन हो तो ६ भाग करना चाहिये।

औरसक्षेत्रजौ पुत्रौ पितृरिक्थस्य भागिनौ।
दशापरे तु क्रमशो गोत्ररिक्थांशभागिनः॥ १६५॥

(१६५) क्षेत्रज तथा औरस यह दोनों पिता से धन को ले सकते हैं शेष जो दस पुत्र हैं वह गोत्र तथा धन दोनों को यथाक्रम लेने वाले हैं।

स्वक्षेत्र संस्कृतायां तु स्वयमुत्पादयेद्धि यम्।
तमौरस विजानीयात्पुत्र प्रथमकल्पितम्॥ १६६॥

(१६६) जो पुत्र अपने पिता की विवाहित स्त्री से उत्पन्न हो वह औरस नाम पुत्र कहाता है और सब पुत्रों से श्रेष्ठ है।

यस्तल्पजः प्रमीतस्य क्लीबस्य व्याधितस्य वा।
स्वधर्मेण नियुक्तायां स पुत्र क्षेत्रजः स्मृत॥१६७॥

(१६७) जो सन्तान क्लीव (नपुंसक) व्याधि रोगी और मृतक की स्त्री से शास्त्र की आज्ञानुसार नियोग द्वारा उत्पन्न की जाती है वह क्षेत्रज सन्तान उस स्त्री कुल की कहलाती है।

माता पिता वा दद्यातां यमद्भिः पुत्रमापदि।
सदृशं प्रीतिसंयुक्तं स ज्ञेयो दत्रिम सुत॥ १६८॥

(१६८) जब माता-पिता आपत्ति काल में अपने सदृश वर्ण की स्त्री से उत्पन्न लड़के को अपने सजातीय को प्रीति पूर्वक देदे तो वह दत्तक पुत्र कहलाता है।

सदृशं तु प्रकुर्याद्यं गुणदोषविचक्षणम् ।
पुत्रं पुत्रगुणैर्युक्तं स विज्ञेयश्च कृत्रिमः ॥१६९॥

(१६९) जो अपने वर्ण वाला और गुण दोषो के जानने मे विद्वान् तथा बेटे के गुणो के अनुसार कृत्रिम नाम वाला पुत्र समझना चाहिये।

उत्पद्यते गृहे यस्य न च ज्ञायेत कस्य सः ।
स गृहे गूढ उत्पन्नस्तस्य स्याद्यस्य तल्पजः ॥१७०॥

(१७०) घर मे उत्पन्न हुआ परन्तु यह नही ज्ञात है कि किसके वीर्य से उत्पन्न हुआ, तो जिसकी स्त्री से जन्मा है उसका गूढोत्पन्न नाम कहाता है।

मातापितृभ्यामुत्सृष्टं तयोरन्यतरेण वा ।
यं पुत्रं परिगृह्णीयादपविद्धः स उच्यते ॥१७१॥

(१७१) माता-पिता दोनो ने अथवा एक ने जिस पुत्र का परित्याग कर दिया, उस पुत्र को दूसरे ने अपना पुत्र बनाया तो वह पुत्र लेने वाले का अपविद्ध नाम पुत्र कहाता है।

पितृवेश्मनि कन्या तु यं पुत्रं जनयेद्रहः ।
तं कानीनं वदेन्नाम्ना वोढुः कन्यासमुद्भवम् ॥१७२॥

(१७२) * विना विवाह हुए कन्या ने पिता ही के घर पर पुत्र उत्पन्न किया तब उस कन्या से पाणिग्रहण करने वाले पुरुष का कानीन नाम पुत्र कहाता है।

---

*१७२ वे श्लोक मे जिस कानीन पुत्र का वर्णन है वह पैतृक धर्म का उत्तराधिकारी नही है, वह १६० वें श्लोक मे बतला चुके हैं क्योकि यह अनुचित पुत्र है और धर्म विरुद्ध समझना चाहिये।

या गर्भिणी संस्क्रियते ज्ञाताज्ञातापि वा सती ।
वोढुः स गर्भो भवति सहोढ इति चोच्यते ॥ १७३ ॥

(१७३) × यदि कोई कन्या गर्भवती हो जावे चाहे लोग जानते हों व न जानते हों तत्पश्चात् उसका विवाह हो जावे और विवाहोपरान्त उस गर्भ से पुत्र उत्पन्न हो तो वह पुत्र पाणि ग्रहण करने व ले का सहोढ नाम पुत्र कहलाता है ।

क्रीणीयाद्यस्त्वपत्यार्थं मातापित्रोर्यमन्तिकात् ।
स क्रीतकः सुतस्तस्य सदृशोऽसदृशोऽपि वा ॥१७४॥

(१७४) जब माता-पिता किसी लड़के को पुत्र बनाने की इच्छा से धन लेकर मोल लेवें चाहे उस लड़के का पिता उसका समवर्ण समगुणी हो वा न हो तो वह लड़का मोल लेने वाले का क्रीत नाम (अर्थात् मोल लिया हुआ) पुत्र कहलाता है ।

या पत्या वा परित्यक्ता विधवा वा स्वयेच्छया ।
उत्पादयेत्पुनर्भूत्वा स पौनर्भव उच्यते ॥ १७५ ॥

(१७५) जो स्त्री पति से परित्यक्त की गई हो वह अथवा विधवा अपनी इच्छा से दूसरे की पत्नी होकर उस मनुष्य पुत्रोत्पन्न करे वह पुत्र उत्पन्न करने वाले का पौनर्भव नाम पुत्र कहलाता है ।

सा चेदक्षतयोनिः स्याद्गतप्रत्यागतापि वा ।
पौनर्भवेन भर्त्रा सा पुनः संस्कारमर्हति ॥ १७६ ॥

× १७३ व श्लोक मे जो सहोढ नाम पुत्र कहा है वह भी १६ वें श्लोक के अनुसार अनुचित सूत्र है और पैतृक धन का उत्तराधिकारी नहीं है ।

(१७६) ❀ अक्षत योनि स्त्री अर्थात् जिस स्त्री का विवाह तो हो गया है परन्तु उसमे भोग नही हुआ है, दूसरे पति की शरण में जावे तो वह पुन विवाह करने योग्य होती है अथवा कुमार पति को परित्याग कर दूसरे पति की शरण लेकर यदि भोग से बची रही हो और फिर कुमार पति की शरण मे आवे तो उसके साथ फिर विवाह करना चाहिये।

मातापितृविहीनो यस्त्यक्तो वा स्यादकारणात् ।
आत्मानं स्पर्शयेद्यस्मै स्वयंदत्तस्तु स स्मृतः ॥१७७॥

(१७७) माता–पिता ने अकारण जिस पुत्रको परित्याग कर दिया हो अथवा जिसके माता–पित्ता मर गये हो वह पुत्र अपने आप को दे देवे तो वह उस पुरुष का स्वय दत्त नाम पुत्र कहलाता है।

यं ब्राह्मणस्तु शूद्रायां कामादुत्पादयेत्सुतम् ।
स पारयन्नेव शवस्तस्मात्पारशवः स्मृतः ॥ १७८ ॥

(१७८) ब्राह्मण काम वश वा प्रेमवश होकर विवाह की हुई शूद्रा स्त्री मे जो पुत्र उत्पन्न हुआ वह जीवित ही मृतक समान है इस से वह पुत्र ब्राह्मण का शूद्र अथवा परासव नाम पुत्र कहाता है।

दास्यां वा दासदास्यां वा यः शूद्रस्य सुतो भवेत् ।
सोऽनुज्ञातो हरेदंशमिति धर्मो व्यवस्थितः ॥१७९॥

(१७९) दासी अथवा दासी की दासी मे शूद्र से जो पुत्र

❀ १७ - वें श्लोक मे मनुजी ने इसको स्पष्ट कर दिया है कि पाणिग्रहण होते ही विना भोग किये पति मर जावे तो उस स्त्री का दूसरी बार विवाह करना उचित है और यह स्त्री अक्षत योनि कहलाती है ।

हुमा है, वह पिता के आदेश से भाग पा सकता है, यह धर्मानुकूल है।

क्षेत्रजादीन्सुतानेतानेकादश यथोदितान ।

पुत्रप्रतिनिधीनाहु: क्रियालोपान्मनीषिण: ॥ १८० ॥

(१८०) जो ग्यारह प्रकार के पुत्र क्षेत्रज आदि हैं उनका पण्डितों ने कुल व वर्ण नाश न होनेके कारण पुत्र नाम लियाहै।

य एतोऽभिहिता पुत्राः प्रसङ्गादन्यबीजजा ।

यस्य ते बीजतो जातास्तस्य ते नेतरस्य तु ॥ १८१॥

(१८१) अन्य के वीर्य से जो पुत्र उत्पन्न हुए कहे हैं वह सब औरस नाम पुत्र के अभाव में हैं अन्यथा जो जिसके वीर्य से उत्पन्न हुआ है उसी का पुत्र कहलाता है दूसरे का नहीं।

भ्रातृणामेकजातानामकश्चेत्पुत्रवान्भवेत् ।

सर्वास्तांस्तेन पुत्रेण पुत्रिणो मनुरब्रवीत् ॥ १८२ ॥

(१८२) एक पिता से उत्पन्न चार वा पांच भ्राताओं में एक भ्राता भी पुत्रवान हो तो उसके होने से सब भ्राता पुत्रवान कहलाते हैं यह मनुजी ने कहा है।

सर्वा सामेक पत्नीनामक्का चेत्पुत्रिणी भवेत् ।

सर्वास्तास्तेन पुत्रेण प्राह पुत्रवतीर्मनु: ॥ १८३ ॥

(१८३) यदि एक पुरुषके चार या पाच स्त्रियां हों और उनमें एक पुत्रवती हो तो शेष स्त्रिया भी पुत्रवती होती हैं। यह मनुजी की आज्ञा है।

श्रेयस श्रेयसोऽलाभे पापीयान्रिक्थमर्हति ।

बहवश्चेत्तु सदृशा: सर्वे रिक्थस्य भागिन: ॥१८४॥

(१८४) बारह प्रकार के पुत्रो मे पूर्व पूर्व के अभाव मे उत्तर उत्तर (दूसरे-दूसरे) के पुत्र धन को पाते हैं। यदि बहुत पुत्र एक सदृश हो तो धन भी एक सदृश पाते हैं।

न भ्रातरो न पितरः पुत्रा रिक्थहराः पितुः ।
पिता हरेदपुत्रस्य रिक्थं भ्रातर एव च ॥ १८५ ॥

(१८५) सगे भाई या पिता, चचा आदि धन नहीं पाते हैं, पिता के धन का अधिकारी पुत्र ही है । पुत्र अभाव मे माता व भ्राता धन को पाते हैं ।

त्रयाणामुदकं कार्यं त्रिषु पिण्डः प्रवर्तते ।
चतुर्थः संप्रदातैषां पञ्चमो नोपपद्यते ॥ १८६ ॥

(१८६) पिता, पितामह (दादा) तथा प्रपितामह (परदादा) यह तीनो वृद्ध श्राद्ध अधिकारी हैं और चौथा देने वाला प्रपौत्र (परपोता) है पाचवा कोई नही । इससे स्पष्ट प्रकट है कि मनुजी की नीति के अनुसार तो वही पितृ जीवित रह सकते हैं ।

अनन्तरः सपिण्डाद्यस्तस्य तस्य धनं भवेत् ।
अत ऊर्ध्वं सकुल्यः स्यादाचार्यः शिष्य एव वा॥१८७॥

(१८७) सपिण्ड अर्थात् सात पीडी मे जो मृतक का समीपी हो वह धन को पाता है, यदि सपिण्ड न हो तो सकुल्य सन्तान धन को पाती है, यदि वह भी न हो तो आचार्य धन को पाता है, यदि आचार्य भी न हो तो शिष्य को पाता है ।

सर्वेषामप्यभावे तु ब्राह्मणा रिक्थभागिनः ।
त्रैविद्याः शुचयो दान्तास्तथा धर्मो न हीयते ॥१८८॥

(१८८) यह सब न हो तो वेदपाठी जितेन्द्रिय पुत्रवान् ब्राह्मण लोग धन पाते हैं, इस रीतिसे धर्म का नाश नही होता ।

अहार्य ब्राह्मणद्रव्यं राज्ञा नित्यमिति स्थितिः ।
इतरेषां तु वर्णानां सर्वाभावे हरेन्नृपः ॥ १८९ ॥

(१८९) निःसन्तान ब्राह्मण के धन को राजा कभी न लेवे और अन्य वर्णों के धन पर उपरोक्त उत्तराधिकारियों के अभाव में राजा का स्वत्व है।

संस्थितस्यानपत्यस्य सगोत्रात्पुत्रमाहरेत् ।
तत्र यद्रिक्थजातं स्यात्तत्तस्मिन्प्रतिपादयेत् ॥ १९० ॥

(१९०) निःसन्तान की मृत्यु के उपरान्त उसकी स्त्री गुरुजन आदि की आज्ञानुसार अपने सगोत्री मनुष्य से पुत्रोत्पन्न करे तो उस पुत्र को सब धन दे देवे।

द्वौ तु यौ विवदेयातां द्वाभ्यां जातौ स्त्रिया धने ।
तयोर्यद्यस्य पित्र्यं स्यात्तत्स गृह्णीत नेतरः ॥ १९१ ॥

(१९१) एक स्त्री के दो पुरुषों से दो पुत्र उत्पन्न हों और माता के धन के हित विवाद करते हों तो जिसके पिता ने जो धन उस स्त्री को दिया हो वह धन वही पावे।

जनन्यां संस्थितायां तु समं सर्वे सहोदराः ।
भजेरन्मातृकं रिक्थं भगिन्यश्च सनाभयः ॥ १९२ ॥

(१९२) माता की मृत्यु के उपरान्त सब सहोदर (सगे) भाई और कुमारी भगिनि समान भाग करके माता का धन विभक्त कर लेवे।

यास्तासां स्युर्दुहितरस्तासामपि यथार्हतः ।
मातामह्या धनात्किंचित्प्रदेयं प्रीतिपूर्वकम् ॥ १९३ ॥

(१९३) माता के धन को पुत्री पावे और पुत्री के पुत्र को भी कुछ धन नीति के कारण देना चाहिये।

अध्यग्न्यध्यावाहनिकं दत्तं च प्रतिकर्मणि ।
भ्रातृमातृपितृप्राप्तं षड्विधं स्त्रीधनं स्मृतम् ॥१९४॥

(१९४) पाणिग्रहण के समय अग्नि के समक्ष पिता आदि से जो धन आदि दिया हो, और विदा के समय जो धन आदि दिया जाता है, व प्रसन्नता पूर्वक जो पति देता, भ्राता ने जो दिया हो, पिता ने जो दिया हो, माता ने जो दिया, यह छ प्रकार के धन ऋषियो ने स्त्री-धन वर्णन किये हैं ।

अन्वाधेयं च यद्दत्तं पत्या प्रीतेन चैव यत् ।
पत्यौ जीवति वृत्तायाः प्रजायास्तद्धनं भवेत् ॥१९५॥

(१९५) जो धन प्रसन्नता पूर्वक पति ने दिया हो, जो धन उसके कुल से मिला हो, पति के जीवित अवस्था मे स्त्री मर जावे तो उस धन का अधिकारी पुत्र होता है।

ब्राह्म दैवार्षगान्धर्वप्राजापत्येषु यद्वसु ।
अप्रजायामतीतायां भर्तुरेव तदिष्यते ॥ १९६ ॥

(१९६) १–ब्राह्मण, २–दैव, ३–आर्ष, ४–गान्धर्व, ५–प्राजापत्य, इन पाच प्रकार के विवाहो मे जो धन स्त्री को मिला हो तो उस स्त्री के नि सन्तान मृत्यु हो जाने के पश्चात् उसका पति पाता है ।

यत्त्वस्याः स्याद्धनं दत्तं विवाहेष्वासुरादिषु ।
अप्रजायामतीतायां मातापित्रोस्तदिष्यते ॥ १९७ ॥

(१९७) *असुर, पिशाच और राक्षस इन तीन प्रकारके विवाह में जो धन स्त्री को मिला हो तो उस स्त्री के नि संतान मृत्यु हो जाने के बाद उसके माता-पिता उस धन को पाते हैं पति नहीं पाता।

स्त्रियां तु यद्भवेद्वित्तं पित्रा दत्तं कथञ्चन ।
ब्राह्मणी तद्धरेत्कन्या तदपत्यस्य वा भवेत् ॥ १९८ ॥

(१९८) ब्राह्मण के घर में चारों वर्ण की विवाहित स्त्रियां हों उनमें ब्राह्मणी कन्या रखती हो और अन्य वर्णों की स्त्रियां नि सन्तान विधवा हों और उनको किसी प्रकार पिता ने धन दियाहो तो उस धनको उन स्त्रियों की मृत्युके उपरान्त ब्राह्मणी की कन्या पावे यदि कन्या न हो तो कन्या का पुत्र पावे।

न निर्हारं स्त्रियः कुर्युः कुटुम्बाद्बहुमध्यगात् ।
स्वकादपि च वित्ताद्धि स्वस्य भर्तुरनाज्ञया ॥१९९॥

(१९९) भाई आदि कुटुम्बियों का जो साधारण धन है उसको स्त्री आदि आभूषण बनवाने को न लेवे और पति की आज्ञा के बिना पति के दिये हुए धन को भी न लेवे। इससे यह सिद्ध हुआ कि यह स्त्रियों के धन नहीं हैं।

पत्यौ जीवति यः स्त्रीभिरलङ्कारो धृतो भवेत् ।
न तं भजेरन्दायादा भजमानाः पतन्ति ते ॥ २०० ॥

(२००) जो अलङ्कार पति की जीवितावस्था में स्त्री ने धारण (पहिरा) किया हो यदि उत्तराधिकारी लोग उसको विभक्त करें तो वह सब धर्म के विरुद्ध करते हैं क्योंकि यह स्त्री-धन है।

---

* १९७व श्लोकसे स्पष्ट प्रगट होता है कि यह तीन प्रकार के विवाह अनुचित हैं क्योंकि इसमें स्त्री को पति का धर्मार्द्ध नहीं माना गया है अर्थात् पति की उत्तराधिकारिणी अथवा हकदार न होगा।

अनंशौ क्लीवपतितो जात्यन्धबधिरौ तथा ।
उन्मत्तजड़मूकाश्च ये च केचिन्निरिन्द्रियाः ॥२०१॥

(२०१) क्लीव (नपुंसक), पतित, जन्म अन्धा, वहिरा, व्याधि आदि से उत्पन्न हुआ, उन्मत्त जड, मूक (गूँगा) वा किसी अङ्ग वा इन्द्रिय हीन, जो ऐसे पुरुष हैं वह भाग नही पाते ।

सर्वेषामपि तु न्याय्यं दातुं शक्त्या मनीषिणा ।
ग्रासाच्छादनमत्यन्तं पतितो ह्यददद्भवत् ॥ २०२ ॥

(२०२) २०१ वें श्लोक मे वर्णित पुरुषो मे से प्रत्येक को भाग लेने वाला भोजन व वस्त्र जीवन पर्यन्त देवे, यदि न देवे तो सर्वथा पापी होता है ।

यद्यर्थिता तु दारैः स्यात्क्लीवादीनां कथञ्चन ।
तेषामुत्पन्नतन्तूनामपत्यं दायमर्हति ॥ २०३ ॥

(२०३) क्लीब आदि को विवाह करने की इच्छा हो तो विवाह करके योग्यतानुसार उस स्त्री मे पुत्रोत्पन्न कराके उस पुत्र को भाग देवे ।

यत्किंचित्पितरि प्रते धनं ज्येष्ठोऽधिगच्छति
भागो यवीयसां तत्र यदि विद्यानुपालितः ॥ २०४ ॥

(२०४) पिता की मृत्यु के उपरान्त वडे भाई ने धन विभक्त होने से पूर्व कुछ धन एकत्र किया तो उसमे से सव से छोटा विद्याभ्यासी भाई पावे ।

अविद्यानां तु सर्वेषामीहातश्चेद्धनं भवेत् ।
तमस्तत विभागः स्यादपित्र्य इति धारणा ॥ २०५ ॥

(२०५) सव मूर्ख भाइयो ने परिश्रम से धन संचित किया

हो तो उसमें समान भाग करना चाहिये । यह धन पैतृक धन नहीं है यह शास्त्र का निश्चय है ।

विद्याधनं तु यद्यस्य तत्तस्यैव धनं भवेत् ।
मैत्र्यमौद्वाहिकं चैव माधुपर्किकमेव च ॥ २०६ ॥

(२०६) जो धन विद्या मित्रता और विवाह आदि से प्राप्त हो वह जिसको मिले उसका है उसमें किसी भाई का भाग लेने वाले का भाग नहीं होता । जो संचित करे वही उसका स्वामी है ।

भ्रातृणां यस्तु नेहेत धनं शक्तः स्वकर्मणा ।
स निर्भाज्यः स्वकादंशात्किंचिद्दत्त्वोपजीवनम् ॥२०७॥

(२०७) सब भ्राताओं में जो भ्राता अपने कार्य में सबसे अधिक चतुर और पैतृक धन का अंश लेने की इच्छा नहीं करता है उसको अपने भाग से कुछ धन देकर अंश से अनाधिकारी कर देना चाहिये क्योंकि उसके पुत्र पीछे से विवाद करेंगे कि हमारे पिता ने अपना भाग नहीं लिया है हमको उसका भाग दो ।

अनुपघ्नन्पितृद्रव्यं श्रमेण यदुपार्जितम् ।
स्वयमीहितलब्धं तन्नाकामो दातुमर्हति ॥ २०८ ॥

(२०८) पैतृक धन व्यय न कर केवल अपने ही परिश्रम से जो धन संचित करे उसका यदि अपनी इच्छा न हो तो अपने भ्राताओं का न देवे अर्थात् इस धन में से भ्राताओं को भाग न देवे ।

पैतृकं तु पिता द्रव्यमनवाप्तं यदाप्नुयात् ।
न तत्पुत्रैर्भजेत्सार्धमकामः स्वयमर्जितम् ॥ २०९ ॥

(२०९) पिता के धन को किसी ने हरण कर लिया और

पिता ने पुन प्राप्त न कर पाया हो और पुत्र उस धन को अपने परिश्रम से प्राप्त न कर लेवे तो उसका भाग अपने पुत्रो को न देवे और इच्छा हो तो देवे क्योकि वह धन अपने प्रयत्न और परिश्रम से प्राप्त हुआ है, पिता का पैतृक धन नही है ।

विभक्ता सह जीवन्तो विभजेरन्पुनर्यदि ।

समस्तत्र विभागः स्याज्ज्यैष्ठ्यं तत्र न विद्यते ॥२१०॥

(२१०) एक बार धन विभक्त हो गया फिर स्वेच्छा पूर्वक एकत्र सम्मिलित होकर रहे और धन विभाजित करें तो बडे भाई का वह भाग न देवे, सो उसकी ज्येष्ठता के कारण से प्रथम अश विभाग मे दिया जाता है ।

येषां ज्येष्ठः कनिष्ठो वा हीयेतांशप्रदानतः ।

म्रियेतान्यतरो वापि तस्य भागो न लुप्यते ॥२११॥

(२११) भ्राताओ मे बडा वा छोटा भ्राता सन्यासी आदि हो जाने के कारण अश विभाग के समय अपना अश (हिस्सा) न ले अथवा मृत्युत हो गया हो तो उसका भाग लोप न करना चाहिये वरन् उसका भाग भी पृथक् करना उचित है ।

सोदर्या विभजेरंस्तं समेत्य सहिताः समम् ।

भ्रातरो ये च संसृष्टा भगिन्यश्च सनाभयः ॥२१२॥

(२१२) सब भ्राता व भगिनी जो उत्तराधिकारी हैं,उस सहोदर भाई के अश को बराबर बांट लें ।

---

२०९ वें श्लोक से स्पष्ट प्रकट होताहै कि मनुजी की आज्ञा है कि पैतृक धन मे तो सन्तान का स्वत्व है और स्वय उपार्जित धन मे पिता की इच्छा है, वह जिसे चाहे दे सकता है, सन्तान का कोई स्वत्व नही ।

यो ज्येष्ठो विनिकुर्वीत लोभाद्भ्रातॄन्यवीयसः ।
सोऽज्येष्ठः स्यादभागश्च नियन्तव्यश्च राजभिः ॥२१३॥

(२१३) जो बड़ा भ्राता लोभवश छोटे भ्राता को उसका भाग नहीं देता वह ज्येष्ठ भ्राता नहीं कहला सकता और राजा का धर्म है कि उसे दण्ड देवे ।

सर्वे एव विकर्मस्था नार्हन्ति भ्रातरो धनम् ।
न चादत्वा कनिष्ठेभ्यो ज्येष्ठः कुर्वीत यौतुकम् ॥२१४॥

(२१४) यदि सब भ्राता निरर्थक कार्यों में संलग्न रहें तो पैतृक धन के उत्तराधिकारी नहीं । बड़ा भाई छोटे भाई का भाग दिये बिना केवल अपने अधिकार में न करे ।

भ्रातॄणामविभक्तानां यद्युत्थानं भवेत्सह ।
न पुत्रभागं विषमं पिता दद्यात्कथञ्चन ॥ २१५ ॥

(२१५) सब भ्राता मिलकर धन संचित करें तो पिता को उचित है कि धन विभाजित करते समय सबको समान भाग देवे न्यूनाधिक न दे ।

ऊर्ध्वं विभागाज्जातस्तु पित्र्यमेव हरेद्धनम् ।
संसृष्टास्तेन वा ये स्युर्विभजेत स तैः सह ॥ २१६ ॥

(२१६) पिता ने पुत्रों से पृथक होकर फिर पुत्र उत्पन्न किया हो तो वह पुत्र केवल पिता ही का धन पाता है और उनके साथ प्रथम पृथक भाई सम्मिलित होकर रहे हों तो उसके साथ धन विभाजित होने के पश्चात् जो पुत्र उत्पन्न हुआहै वह भी भागलेवे ।

अनपत्यस्य पुत्रस्य माता दायमवाप्नुयात् ।
मातर्यपि च वृत्तायां पितुर्माता हरेद्धनम् ॥ २१७ ॥

यदि पुत्र नि सन्तान हो तो उसका धन उसकी माता लेवे। माता के अभाव मे वह धन उसकी दादी (पिता की मा) को मिलेगा।

ऋणे धने च सर्वस्मिन्प्रविभक्ते यथाविधि।
पश्चाद्दृश्येत यत्किंचित्तत्सर्वं समतां नयेत् ॥२१८॥

(२१८) ऋण धन के देने के पश्चात् जो कुछ धन या ऋण शेष रहे उसके समान भाग करें।

वस्त्रं पत्रमलंकारं कृतान्नमुदकं स्त्रियः।
योगक्षेमं प्रचारं च न विभाज्यं प्रचक्षते ॥ २१९ ॥

(२१९) वस्त्र, सवारी, अलकार,आभूषण, शीशा के पात्र आदि, कृतान्न (बना हुआ खाद्य अन्न), हानी का कुआ, घर के पुरोहित आदि सम्बन्धी पशुओ के आने-जाने का मार्ग, इनको विभाजित न करना चाहिये।

अयमुक्तो विभागो वः पुत्राणां च क्रियाविधिः।
क्रमशः क्षेत्रजादीनां द्यूतधर्मं निबोधत ॥ २२० ॥

(२२०) भृगुजी कहते हैं कि हे ऋषि लोगो ! क्षेत्र आदि पुत्रो के धन विभाग को आप लोगो से कहा। अब उसके अनतर द्यूत के विषय मे वर्णन करते हैं।

द्यूतं समाह्वयं चैव राजा राष्ट्रान्निवारयेत्।
राज्यान्तकरणावेतौ द्वौ दोषौ पृथिवीक्षिताम् ॥२२१॥

(२२१) द्यूत और (१) समाह्वय नाम द्यूत क्रीडा वाले (जुआरियो) को राजा अपने राज्य मे न होने दे क्योकि यह दोनो राज्य को नष्ट-भ्रष्ट करते हैं।

प्रकाशमेतत्तास्कर्यं यद्देवनसमाह्वयौ।
तयोर्नित्यं प्रतीघाते नृपतिर्यत्नवान्भवेत् ॥ २२२ ॥

(२२०) दोनों प्रकार के द्यूत गुप्त व प्रकट चोरी है और इसके कारण राजा कलंकित होता है और हानि पहुँचती है राजा का धर्म है कि दोनों प्रकार के जुआरियों का सत्यानाश करे।

अप्राणिभिर्यात्क्रियते तल्लोके द्यूतमुच्यते ।
प्राणिभिः क्रियते यस्तु स विज्ञेयः समाह्वयः ॥२२३॥

(२२१) पांसा कौड़ी आदि जड़ वस्तु से दांव लगा कर बाजी लगाना द्यूत कहलाता है और जीवधारी वस्तुओं जैसे घोड़ा बकरा भेड़ आदि से दांव लगा कर बाजी कर समाह्वय कहलाता है।

द्यूतं समाह्वयं चैव यः कुर्यात्कारयेत वा ।
तान्सर्वान्घातयेद्राजा शूद्रांश्च द्विजलिंगिनः ॥२२४॥

(२२४) * इन दोनो को जो करे और करावे उसको और जो शूद्र ब्राह्मण, क्षत्रियों के चिन्हों को धारण करने वाला है, उसका राजा सत्यानाश कर दे।

कितवान्कुशीलवान्क्रूरान्पाषण्डस्थांश्च मानवान् ।
विकर्मस्थाञ्छौण्डिकांश्च क्षिप्रंनिर्वासयेत्पुरात् ॥२२५॥

(२२५) जुआरी नर्तक गायक संसार से घृणा करने वाला पाखण्डी क्रूर गर्हित काम करने वाला मद्य बनाने वाला इन सबको राजा शीघ्र ही राज्य से बाहर निकाल दे।

---

२११ में श्लोक को देखो इसका अर्थ लिखा है।

* २२४ में श्लोक में शूद्र अर्थात् अनपढ़ जो विद्वानों का वेष धारण करके जन साधारण को ठगता देते हैं वह भी जुआरियों ही के तुल्य मनुजी बतलाते हैं।

एते राष्ट्रे वर्तमाना राज्ञः प्रच्छन्नतस्कराः ।
विकर्म क्रियया नित्यं बाधन्ते भद्रिकाः प्रजाः॥२२६॥

(२२६) यह सब गुप्त चोर हैं, खोटे कार्यों से उत्तम प्रजा को कष्ट व हानि पहुँचाते हैं ।

द्यूतमेतत्पुरा कल्पे दृष्टं वैरकरं महत ।
तस्माद्यूतं न सेवेत हास्यार्थमपि बुद्धिमान् ॥२२७॥

(२२७) बडी शत्रुता करने वाला जुआरी ही है, यह पूर्व काल मे अनुभव किया गया है । इससे बुद्धिमान पुरुष हंसी से भी इसका व्यवहार न करें ।

प्रच्छन्नं वा पकाशं वा तन्निषेवेत यो नरः ।
तस्य दण्डविकल्पः स्याद्यथेष्टं नृपतेस्तथा ॥२२८॥

(२२८) गुप्त वा प्रकट रीति से जुआरी पुरुषो को राजा जिस प्रकार का दण्ड देने की इच्छा करे वही दण्ड देवे ।

क्षत्रविट्शूद्रयोनिस्तु दण्डं दातुमशक्नुवन् ।
आनृण्यं कर्मणां गच्छेद्विप्रो दद्याच्छनैः शनैः॥२२९॥

(२२९) क्षत्रिय,वैश्य, शूद्र यह सब अर्थदण्ड के धनके देने की सामर्थ्य न रखते हो तो कार्य करके अर्थ दण्ड से ऋण की नाईं मुक्ति पावे और ब्राह्मण धीरे-धीरे देवे, कार्य न करे ।

स्त्री बालोन्मत्तवृद्धानां दरिद्राणां च रोगिणाम् ।
शिफाविदलरज्ज्वाद्यैर्विदध्यान्नृपतिर्दमम् ॥ २३० ॥

(२३०) स्त्री, बालक, वृद्ध, उन्मत्त, दरिद्री, रोगी, इनको बास आदि की छडी से ताडना करना और रस्सी से बाधना, इन दण्डो की सजा देवे ।

ये नियुक्तास्तु कार्येषु हन्युः कार्याणि कार्यिणाम् ।
धनोष्मणा पच्यमानास्तान्निस्स्वान्कारयेन्नृपः ॥२३१॥

(२३१) यदि कोई पुरुष कार्य के सम्पादन करने को नौकर रखा गया हो और वह उस कार्य को जान-बूझ कर नष्ट कर दे तो राजा उसका सब धन ले ले।

कूटशासनकर्तॄंश्च प्रकृतीनां च दूषकान् ।
स्त्रीबालब्राह्मणघ्नांश्च हन्याद्द्विट्सेविनस्तथा॥२३२॥

(२३२) राजाज्ञा उल्लंघन करने वाले राज कर को हानि व दोष देने वाले स्त्री व स्वामी व ब्राह्मण को ताड़ना (मारने) करने वाले शत्रु सेवा करने वाले जो पुरुष हैं राजा इन सबों को नष्ट कर दे।

तीरितं चानुशिष्टं च यत्र क्वचन यद्भवेत् ।
कृतं तद्धर्मतो विद्यान्न तद्भूयो निवर्तयेत् ॥ २३३ ॥

(२३३) जिस स्थान पर किसी विवाद में न्याय पूर्वक जो अन्तिम निर्णय न्यायाधीश ने कर दियाहै उसको मान्य समझे और फिर उसको दूसरे प्रकार न करे।

अमात्याः प्राड्विवाको वा यत्कुर्युः कार्यमन्यथा ।
तत्स्वयं नृपतिः कुर्यात्तान्सहस्रं च दण्डयेत् ॥२३४॥

(२३४) परन्तु अमात्य (मन्त्री) व न्यायाधीश जिस विवाद को न्याय प्रतिकूल निर्णय करे उसको राजा स्वयम् देखे और यदि राजा के निरीक्षण में उनका अन्तिम निर्णय नीति विरुद्ध जंचे तो राजा उनसे सहस्र पण दण्ड लेवे।

ब्रह्महा च सुरापश्च स्तेयी च गुरुतल्पगः ।
एते सर्वे पृथग्ज्ञेया महापातकिनो नराः ॥ २३५ ॥

(२३५) * ब्राह्मण को मारने वाला, मद्य पीने वाला, ब्राह्मण का सोना चुराने वाला, गुरुपत्नी वा माता से भोग करने वाला, यह चारो महापातकी कहलाते हैं।

चतुर्णामपि चैतेषां प्रायश्चित्तमकुर्वताम्।
शारीरं धनसंयुक्तं दण्डं धर्म्यं प्रकल्पयेत् ॥ २३६ ॥

(२३६) यह चारो प्रायश्चित्त न करें तो धन सयुक्त शारीरिक दण्ड निम्नलिखित विधान से देनी चाहिये।

गुरुतल्पे भगः कार्यः सुरापाने सुराध्वजः।
स्तेये च श्वपदं कार्यं ब्रह्महण्याशिरा पुमान् ॥२३७॥

(२३७) १-गुरुपत्नी से रमण करने वाला, २-मद्य पीने वाला, ३-ब्राह्मण का सोना चुराने वाला, ४-ब्रह्महत्या करने वाला, इन चारो के मस्तक पर यथाक्रम निम्नांकित चिन्ह अंकित करना चाहिये अर्थात् १-भग के आकार का चिन्ह, २-मद्य व मद्यपात्र (गिलास) के आकार का चिन्ह, ३-कुत्ते के पाव के आकार का चिन्ह, ४-सिरहीन पुरुष आकृति का चिन्ह करवा दें।

असंभोज्या ह्यसंयाज्या असंपाठ्याऽविवाहिनः।
चरेयुः पृथिवीं दीनाः सर्वधर्मवहिष्कृताः ॥ २३८ ॥

(२३८) उक्त चिन्हाकित पुरुषो के भोजन, यज्ञ, पाठ, विवाहादि कर्म न करना चाहिये, यह सब सारे धर्मों से पृथक् होकर दरिद्री (दीन) व चिन्तित व भयावह होकर पृथ्वी पर विचरें।

---

* २३५ श्लोक मे शराब पीना महापातक मे परिगणित किया है और क्षेपक श्लोको में मनुष्यो का भक्ष्य बतलाया है। इससे स्पष्ट प्रकट है कि जिस श्लोक मे मद्य व मास व व्यभिचार को दूषित नही बतलाया है। यह श्लोक मिलाया हुआ है।

ज्ञातिसम्बन्धिभिस्त्वेते त्यक्तव्या कृतलक्षणा ।
निर्दया निर्नमस्कारास्तन्मनोरनुशासनम् ॥ २३६ ।

(२३९) सजाती सम्बन्धी भ्राता आदि सब परित्या
कर दें उन पर दया न करें और नमस्कार करें यह मनु
महाराज की आज्ञा है कि यह लोग जाति बिरादरी से सर्व
अमय कर दिये जावें ।

प्रायश्चित्त तु कुर्वाणाः सर्ववर्णा यथोदितम् ।
नांक्या राज्ञा ललाटे स्युर्दाप्यास्तूत्तमसाहसम् ॥२४

(२४०) जो चारों वर्णों के महापापी प्रायश्चित्त कर
स्वीकार करे तो राजा उनके मस्तक पर चिन्ह अंकित न क
बरन् उससे सहस्र पण दण्ड स्वरूप ले ।

आगःसु ब्राह्मणस्यैव कार्यो मध्यमसाहसः ।
विवास्यो वा भवेद्राष्ट्रात्सद्रव्यः सपरिच्छदः ॥२४१

(२४१) अपराधी ब्राह्मण से मध्यम साहस दण्ड ले
अथवा अपराधी ब्राह्मण को खाद्य पदार्थों व धन सहित
अपने राज-सीमा से बाहर निकाल दे ।

इतरे कृतवन्तस्तु पापान्येतान्यकामतः ।
सर्वस्वहारमर्हन्ति कामतस्तु प्रवासनम् ॥ २४२

(२४२) क्षत्रिय आदि तीनों वर्णों अनिच्छा से इन पा
को करें तो उसकी सारी सम्पत्ति व धन को दण्ड स्वरूप हर
करे और यदि इच्छा के किया हो तो मूल त्रिम के छिन्न करने
प्राण दण्ड का विधान करना चाहिये ।

नाददीत नृपः साधुर्महापातकिनो धनम् ।
आददानस्तु तल्लोभात्तेन दोषेण लिप्यते ॥ २४३

(२४३) जो राजा साधु होवे वह महापापियो के धनको लोभ वश अपने लिये न लेवे।

अप्सु प्रवेश्य तं दण्डं वरुणायोपपादयेत् ।
श्रुतवृत्तोपपन्ने वा ब्राह्मणे प्रतिपादयेत् ॥ २४४ ॥

(२४४) दण्ड को धन का (अर्थात् दण्ड का द्रव्य व पदार्थ को) पानी मे डालकर वरुण देवता के आधीन करे अथवा उस ब्राह्मण को दे दे जो वेद शास्त्र का ज्ञाता हो और तदनुसार कर्म करने वाला हो।

ईशो दण्डस्य वरुणो राज्ञां दण्डधरो हि सः ।
ईशः सर्वस्य जगतो ब्राह्मणो वेदपारगः ॥ २४५ ॥

(२४५) क्योकि महापापी को दण्ड देने से जो धन प्राप्त है उस धन का स्वामी वरुण देवता है और वेद में पारङ्गत ब्राह्मण सारे जगत् का स्वामी है।

यत्र वर्जयते राजा पापकृद्भ्यो धनागमम् ।
तत्र कालेन जायन्ते मानवा दीर्घजीविनः ॥ २४६ ॥

(२४६) जिस देशका राजा पापियो के पाप द्वारा सचितधन को नही लेता उस देश के मनुष्यो की आयु अत्यधिक होजाती है।

निष्पद्यन्ते च सस्यानि यथोप्तानि विशां पृथक् ।
बालाश्च न प्रमीयन्ते विकृतं न च जायते ॥२४७॥

(२४७) जिस प्रकार वैश्य लोग जो अन्न बोते हैं वह पृथक् उपजता है, उसी प्रकार उस राजा के राज्य में बालक भी नही मरते और न कोई अङ्गहीन बालक उत्पन्न होता हैं।

ब्राह्मणान्बाधमानं तु कामादऽवरवर्णजम् ।
हन्याच्चित्रैर्वधोपायैरुद्वेजनकरैर्नृपः ॥ २४८ ॥

(२४८) जो क्षत्रिय व वैश्य व शूद्र व ब्राह्मण को जान बूझ कर हत्या करे उसको विविध प्रकार के कष्ट जिनमें उद्विग्नता व शोक संयुक्त हो राजा उसके द्वारा प्राणदण्ड देवे।

यावानऽवध्यस्य वधे तावान्वध्यस्य मोक्षणे।
अधर्मो नृपतेर्दृष्टो धर्मस्तु विनियच्छत: ॥ २४९ ॥

(२४९) जो प्राणदण्ड के अयोग्य है उसके वधमे जितना पाप होता है उतना ही पाप प्राणदण्ड के योग्य पुरुष को छोड़ देने से होता है।

उदितोऽयं विस्तरशो मिथो विवदमानयो:।
अष्टादशसु मार्गेषु व्यवहारस्य निर्णय: ॥ २५० ॥

(२५०) अब भृगुजी कहते हैं कि हे ऋषि लोगों! अठारह प्रकार के विवादों में पारस्परिक व्यवहार करने वालों के विवाद के दण्ड व निर्णय विषय को वर्णित किया।

एवं धर्म्याणि कार्याणि सम्यक्कुर्वन्महीपति:।
देशानलब्धांल्लिप्सेत लब्धांश्च परिपालयेत् ॥२५१॥

(२५१) राजा इस विधि से धर्मयुक्त सब कार्मों को भली भांति करता हुआ उन देशों को विजय करने की अभिलाषा करे जो जीते नहीं गये हैं और फिर जीते हुए प्रदेशों की रक्षा करने की अभिलाषा करे।

सम्यङ् निविष्टदेशस्तु कृतदुर्गश्च शास्त्रत:।
कण्टकोद्धरणे नित्यमातिष्ठेद्यत्नमुत्तमम् ॥ २५२ ॥

(२५२) देश में शास्त्रानुसार दुर्ग आदि बनाकर और उसमें निवास करके दूसरों को पीड़ित करने वाले मनुष्यों का नाश करे।

रक्षणादार्यवृत्तानां कण्टकानां च शोधनात् ।
नरेन्द्रास्त्रिदिवं यान्ति प्रजापालनतत्पराः ॥ २५३ ॥

(२५३) राजा प्रजा के पालन मे सलग्न व तत्पर होकर अच्छे लोगो की रक्षा करे और काटे निकालने से स्वर्ग को प्राप्त करता है ।

अशासंस्तस्करान्यस्तु बलिं गृह्णाति पार्थिवः ।
तस्य प्रक्षुभ्यते राष्ट्रं स्वर्गाच्च परिहीयते ॥ २५४ ॥

(२५४) जो राजा चोर आदिको को दण्ड न देकर देश की रक्षा नही करता और अपना राज-कर व अश बराबर ग्रहण करता है तो वह राजा अपनी प्रजा के शाप से धर्म से पतित होकर अवश्य नाश हो जाता है ।

निर्भयं तु भवेद्यस्य राष्ट्रं बाहुबलाश्रितम् ।
तस्य तद्वर्धते नित्यं सिच्यमान इव द्रुमः ॥ २५५ ॥

(२५५) जिस राजा का बाहुबल पाकर प्रजा अभय रहती है उसका राजा नित्य उन्नति पाता है जैसे सीचा हुआ वृक्ष ।

द्विविधांस्तस्करान्विद्यात्परद्रव्याऽपहारकान् ।
प्रकाशांश्चऽप्रकाशांश्चचारचक्षुर्महीपतिः ॥ २५६ ॥

(२५६) राजा गुप्त व प्रकट चोरी का उत्तम प्रबन्ध करे और भिन्न-भिन्न रीतियो द्वारा परीक्षा लेता रहे ।

प्रकाशवञ्चकास्तेषां नानापण्योपजीविनः ।
प्रच्छन्नवञ्चकास्त्वेते ये स्तेनाऽटविकादयः ॥ २५७ ॥

(२५७) भिन्न-भिन्न प्रकार के द्रव्यो को मिश्रित कर बेचने वाले स्पष्ट चोर हैं तथा जनशून्य स्थान में और मनुष्यो के सो जाने की दशा मे अन्य के धन को चुराने वाले गुप्त चोर हैं ।

उत्कोचकाश्चौपधिका वञ्चकाः कितवास्तथा।
मङ्गलादेशवृत्ताश्च भद्राश्च चक्षिकैः सह ॥ २५८ ॥

(२५८) आवश्यकता वाले मनुष्यों से धन अपहरण कर घृणित पापकर्म में लगाने वाला व भय देकर धन अपहरण करने वाला सोने आदि में मिश्रण द्वारा धन उपार्जित करने वाला द्यूत खेलने वाला स्त्री व धन व पुत्र आदि का मंगल दिखला धन हरण करने वाला कुकर्मी होने पर भी अपने शुभ कर्मों को प्रकट कर धन हरण करने वाला हस्त (हाथ) रेखा का भला बुरा बतलाने वाला।

असम्यक्कारिणश्चैव महामात्राश्चिकित्सकाः।
शिल्पोपचारयुक्ताश्च निपुणाः पण्ययोषितः ॥२५९॥

(२५९) हाथी के शिक्षण द्वारा जीवन निर्वाह करने वाला वैद्यक करने वाला दोनों उस अवस्था में जब कि अपने कार्य को भली भाँति सम्पादित न करे और धन लेवे चित्रकारी द्वारा कालयापन करने वाला बिना कहे चित्त लिखवाने की उत्सुकता दिखाकर दूसरे का धन अपहरण करने वाला और पर स्त्री यह सब दूसरे को अपने वश में कर लेने में चतुर हैं।

एवमादीन्विजानीयात्प्रकाशाँल्लोककण्टकान्।
निगूढचारिणश्चान्याननार्यानार्यलिङ्गिनः। २६० ॥

(२६) इन सबको और उनके समान दूसरों को प्रकट में लोक के काँटे जानना चाहिये और गुप्त मायाकर्ता (निगूढवादी) अन्य हैं जो कि भले मनुष्य नहीं हैं परन्तु भले मनुष्यों के रूप में रहते हैं।

तान्विदित्वा सुचरितैर्गूढैस्तत्कर्मकारिभिः।
चारैश्चानेकसंस्थानैः प्रोत्साद्य वशमानयेत् ॥ २६१ ॥

(२६१) इन सबको कापटिक आदि गुप्तचरो द्वारा (जो कि विविध स्थानोपर स्थितहैं और जिनका वर्णन सातवें अध्याय मे हुआ है। और उन मनुष्यो द्वारा जो गुप्त रीति से नाश कर्ता है, जान कर उनको कष्ट देकर अपने आधीन करे।

तेषां दोषांनभिख्याप्य स्वे स्वे कर्मणि तत्त्वतः ।
कुर्वीत शासनं राजा सम्यक्सारापराधतः ॥ २६२ ॥

(२६२) राजा प्रत्येक अपराधी के अपराध के दोष को पृथक्-पृथक् बतला कर उचित रीति से अपराध का दण्ड अपराधी को ऐसा देवे जिसमे किंचित् अन्याय न हो।

नहि दण्डादृते शक्यः कर्तुं पापविनिग्रहः ।
स्तेनानां पापबुद्धीनां निभृतं चरतां क्षितौ ॥ २६३ ॥

(२६३) चोर व अपराधी जो विनीत व प्रार्थी का रूप धारण किये ससार मे विचरते हैं, उनके अपराध का प्रतिरोध दण्ड बिना दिये असाध्य है, इससे दण्ड अवश्य देना चाहिये।

सभाप्रपापूपशालावेशमद्यान्नविक्रयः ।
चतुष्पथाश्चैत्यवृक्षाः समाजाः प्रेक्षणानि च ॥२६४॥

(२६४) चोरो के मूकत्रित होने के स्थान, कुवा, मिठाई बनने का स्थान, मद्य तथा अन्न विक्रय की दूकान, चौक, वेश्या का घर, वृक्षो की जड, उत्सव मेला आदि।

जीर्णोद्यानान्यरण्यानि कारुकावेशनानि च ।
शून्यानि चाप्यगाराणि वनान्युपवनानि च ॥२६५॥

(२६५) प्राचीन उद्यान (बाग) व अरण्य (जङ्गल), शिल्पियो के पुराने घर, जन-शून्य घर, ग्राम आदि का वन, तथा नवीन उपवन।

एवंविधान्नृपो देशान्गुल्मैः स्थावरजङ्गमैः ।
तस्करप्रतिषेधार्थं चारैश्चाप्यनुचारयेत् ॥ २६६ ॥

(२६६) ऐसे स्थानों पर सेना द्वारा राजा चोर आदि को पकड़े क्योंकि चोर आदि ऐसे स्थानोंपर खाद्य पदार्थों तथा विषय भोग की तृप्ति-साधनों की खोज में प्राय रहा करते हैं।

तत्सहायैरनुगतैर्नानाकर्मप्रवेदिभिः ।
विद्यादुत्सादयेच्चैव निपुणैः पूर्वतस्करैः ॥ २६७ ॥

(२६७) चोरों के रूप रंग व विचार से जानकर (अनुमवित) उनके प्राचीन मित्र तथा उनके छल से परित्राण पाने योग्य जो गुप्तचर के रूप में हैं उनके द्वारा चोरों का भेद ज्ञात कर चोरों को विनष्ट करना चाहिये।

भक्ष्यभोज्योपदेशैश्च ब्राह्मणानां च दर्शनैः ।
शौर्यकर्मापदेशैश्च कुर्युस्तेषां समागमम् ॥ २६८ ॥

(२६८) जो गुप्तचर नियोजित (स्थित,) किये हैं वह चोरी को अधोलिखित (नीचे लिखी) रीतियों द्वारा एकत्रित करके दण्ड देवे। १-आज हमारे घर में भोज है २-इस देश में एक ऐसा ब्राह्मण है कि जिसके दर्शन मात्र से सब इच्छायें पूर्ण होती हैं और वह सर्व ज्ञाता है १-एक ऐसा पुरुष है जो हजारों से युद्ध करेगा उसको देखिये।

ये तत्र नोपसर्पेयुर्मूलप्रणिहिताश्च ये ।
तान्प्रसह्य नृपो हन्यात्समित्रज्ञातिबान्धवान् ॥२६९॥

(२६९) जो चोर पकड़े जाने के भय से जाने-पीने के स्थानों पर जावे व चोरो व उक्त वेषधारी गुप्तचरों के समीप न जावे तो राजा उनको उसी प्रकार से पहिचान कर बलात् उनको

बुलाकर उनके जाति सम्बन्धी व बान्धवो सहित नष्ट कर दे, यह न विचारे कि उनको दुःख होगा।

न होढेन विना चौरं घातयेद्धार्मिको नृपः ।
सहोढं सोपकरणं घातयेदविचारयन् ॥ २७० ॥

(२७०) बिना चोरीकी वस्तु मिले राजा उन्हे दड न दे, किन्तु यदि माल और सब्बल समेत यदि पकडे जावें तो अवश्य दड देवे।

ग्रामेष्वपि च ये केचिच्चौराणां भक्तदायकाः ।
भाण्डावकाशदाश्चैव सर्वांस्तानपि घातयेत् ॥२७१॥

(२७१) गाव म जो कोई चोरो को भोजन, घर आदि सब प्रकार की सामग्री से सहायता करे, राजा इनको भी नाश करदे।

राष्ट्रेषु रक्षाधिकृतान्सामन्तांश्चैव चोदितान् ।
अभ्याघातेषु मध्यस्थाञ्छिष्याश्चौरानिव द्रुतम् ॥२७२॥

(२७२) राज मे रक्षा करने वाले सामन्त और गाव के चारों ओर के निवासी, यह दोनो प्रकार के मनुष्य आदि चोरो को चोरी करने का आदेश करें, तो राजा उनको भी चोरो के समान ही दण्ड देवे।

यश्चापि धर्म समयात्प्रच्युतो धर्मजीवनः ।
दण्डेनैव तमप्योषेत्स्वकाद्धर्माद्धि विच्युतम् ॥२७३॥

(२७३) जो ब्राह्मण अपने नित्य-नैमित्तिक कर्मों के स्थान पर दूसरो के हेतु जप-यज्ञादि कर्म करके जीवन निर्वाह करता हुआ अपने धर्म से प्रतिक्षण पृथक और च्युत रहता हो, राजा उस ब्राह्मण को भी दण्ड दवे।

ग्रामघाते हिताभंगे पथि योपाभिदर्शने ।
शक्तितो नाभिधावन्तो निर्वास्याः सपरिच्छदः ॥२७४॥

(२७४) जो पुरुष चोरों से गांव मङ्ग भ्रष्ट होने व कुल्प मङ्ग करने व पथ में चोरों के दिखलाई देने पर सामर्थ्यवान् व बलवाली होने पर उनके पकड़ने के हेतु प्रयत्न न करनेवाला हो।

राज्ञः कोशापहर्तृंश्च प्रतिकूलेषु च स्थितान् ।
घातयेद्विविधैर्दण्डैररीणां चोपजापकान् ॥ २७५ ॥

(२७५) राजकोष को हरने वाला राजाज्ञा के प्रतिकूल कार्य करने वाला और राजा के शत्रु से मित्रता करने वाला हो उनको आर्थिक व शारीरिक दोनों प्रकार के दण्ड देना चाहिये।

संधिं छित्वा तु ये चौर्यं रात्रौ कुर्वन्ति तस्कराः ।
तेषां छित्वा नृपो हस्तौ तीक्ष्णे शूले निवेशयेत्॥२७६॥

(२७६) जो चोर सन्धिछिन्न (नकबजनी) कर रात्रि में चोरी करते हैं उनके दोनों हाथ काटने के पश्चात् तीक्ष्ण शूली पर बैठावे।

अङ्गुलीर्ग्रन्थिभेदस्य छेदयेत्प्रथमे ग्रहे ।
द्वितीये हस्तचरणौ तृतीये वधमर्हति ॥ २७७ ॥

(२७७) जो चोर प्रथम बार ग्रन्थि भेदे (गिरह काटे) व प्रथम बार गृह में छिद्र करे (नकब लगावे) उसका अंगूठा तर्जनी अङ्गुली काटना चाहिये और दूसरी बार यही दोनों अपराध करे तो हाथ–पांव काटना चाहिये और तीसरी बार में वध करना उचित है।

अग्निदान्भक्तदांश्चैव तथा शस्त्रावकाशदान् ।
सन्निधातॄंश्च मोषस्य हन्याच्चौरमिवेश्वरः ॥ २७८ ॥

(२७८) जो पुरुष चोर को अग्नि व भात व शस्त्र व अवकाश देता है और जो चोरी की हुई वस्तुओं को रखने वाला है, उनको राजा चोर के समान हनन (नाश) करे।

तड़ागभेदकं हन्यादप्सु शुद्धवधेन वा ।
यद्वापि प्रतिसंस्कुर्याद्दाप्यस्तूत्तमसाहसम् ॥ २७९ ॥

(२७९) जब कोई पुरुष स्वच्छ व उत्तम तडाग (तालाब) को जिससे जन साधारण को स्नान करने व पशु आदि के पानी पिलाने का लाभ पहुँचता है, नाश करे वा विगाडे, तो राजा उसको वध करे और यदि वह तालाब को दूसरी बार वैसा ही बनवा दे तो एक सहस्रपण दण्ड स्वरूप लेकर छोड दे ।

कोष्ठागारायुधागारदेवतागारभेदकान् ।
हस्त्यश्वरथहंतृश्च हन्यादेवाऽविचारयन् ॥ २८० ॥

(२८०) राज कोष का गृह, शस्त्रागार (मेगजीन), मन्दिर को जो पुरुष छिन्न करे (तोडे), राजा तुरन्त बिना सोचे उसे वध कर डाले ।

यस्तु पूर्वनिविष्टस्य तड़ागस्योदकं हरेत् ।
आगमं वाप्यपां भिद्यात्सदाप्यः पूर्वसाहसम् ॥२८१॥

(२८१) किसी पुरुष ने प्रजा के हितार्थ तालाब बनवाया और अन्य पुरुष उसका जल लेवे और जल आने के मार्ग मे मेड लगा कर अवरुद्ध (बन्द) कर दे, तो वह पुरुष प्रथम साहस दण्ड के योग्य है ।

समुत्सृजेद्राजमार्गे यस्त्वऽमेध्यमनापदि ।
स द्वौ कार्षापणौ दद्यादमेध्यं चांशु शोधयेत् ॥२८२॥

(२८२) आपद समय के अतिरिक्त राज-भार्ग मे यदि अहित (अपवित्र) वस्तु डाले, तो दो कार्षापण दण्ड देवे और जिस अपवित्र वस्तु को राज-माग पर डाला है उसे शीघ्र ही वहाँ बाहर से ले जावे ।

आपद्गतोऽथवा वृद्धा गर्भिणी बाल एव वा ।
परिभाषणमर्हन्ति तच्च शोध्यमिति स्थितिः ॥२८३॥

